arithmometer *अरिथमोमीटर n.* a machine for calculatian. गणित-यन्त्र; हिसाब लगाने की मशीन।

ark *आर्क n.* chest; large boat; a coffer; Noah's ark or a toy like that. दराज; तिजोरी; पेटी; सन्दूक; एक बड़ी नाव; एक खिलौना जो प्राचीन 'नोह की नाव' का प्रतीक होता है।

arkose *आर्कोस n.* a granite stone. रेत का पत्थर जिसमें ग्रेनाइट होता है।

arm *आर्म n.* (1) limb from shoulder to hand. (2) weapon. (3) branch. (१) बाहु, (२) शस्त्र, अस्त्र, (३) शाखा।
v. t. (1) to take in arms. (2) to supply weapons to. (3) to give means of defence. (१) गोद में उठाना। (२) सशस्त्र करना; शस्त्र देना। (३) बचाव के लिये साधन उपलब्ध कराना या उपाय बताना।
bear arms : to put on arms. शस्त्र धारण करना।
coat of arms : a war sign. एक सैनिक चिन्ह।
fire arms : अग्न्यस्त्र; अग्नि छोड़ने वाले अस्त्र बन्दूक; अग्नि बाण; तोप आदि।
forearm : part of arm between elbow and hand. कोनी से कलाई तक का बहु भाग।
in arms : armed. सशस्त्र; हथियार बन्द; शस्त्रों से सुसज्जित।
infant in arms : baby. गोदी का बच्चा; शिशु।
keep at arm's length : to keep away. दूर ही दूर रहना; अधिक सम्बन्ध न रखना।
king of arms . एक सैनिक चिन्ह।
lay down one's arms : to surrender. आत्म-समर्पण करना।
of all arms : सब प्रकार की सेनाओं संबंधी।
one armed . एक हाथ वाला।
right arm : arm other than the left arm. सीधा हाथ; प्रधान सहायक।
secular arm : secular authority. लौकिक प्राधिकारी; (धार्मिक के विपरीत शासकीय के आशय से)।
small arms : छोटे शस्त्रास्त्र जो आसानी से स्थानान्तरित किये जा सकें।
take (up) arms : शस्त्र धारण करना; युद्ध के लिये तत्पर होना; कमर कसना; कटिबद्ध होना।
under arms : fully armed. पूर्णतः शस्त्र सुसज्जित।
up in arms : ready for arms. युद्ध के लिये तैयार; कटिबद्ध।
with open arms : to welcome warmly हृदय से (स्वागत करना); हाथ फैलाकर, प्रेमपूर्वक।

armada *आरमाडा n.* fleet of ships. सशस्त्र जल पोतों का बेड़ा।
Spanish Armada : स्पेन के राजा द्वारा १५८८ में इंगलिस्तान के विरुद्ध भेजा गया जंगी बेड़ा।

armadillo *आर्मडिलो n.* an American animal armed with bone coner. एक अमरीकी जानवर जो आक्रमण होने पर हड्डियों के ढांचे में सुकड़ कर गैंद के समान हो जाता है।

armageddon *आर्मगेडन n.* great war; final battle between forces of good and evil. महायुद्ध; पाप तथा धर्म के बीच अन्तिम युद्ध।

armament *आरमामेण्ट n.* war machinery; war equipment. सैनिक सामग्री; शस्त्र तथा सेना आदि; युद्ध उपकरण।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

armature *आर्मेचर n.* (1) armour (2) any equipment for defence. (3) iron piece joining poles of magnet. (4) a tool in electric generator and motor. (१) कवच। (२) रक्षा की सामग्री; शस्त्र। (३) चुम्बक के दो सिरे को जोड़ने वाला लोहे का टुकड़ा। (४) विद्युत उत्पातक यंत्र तथा मोटर का एक पुर्जा।

arm band *आर्मबैण्ड n.* cloth band worn on sleeves. बाहु पर पहनी जाने वाली कपड़े की पट्टी।

arm chair *आर्मचेयर n.* amateur; one who does not do field work but simply lectures. नौसिखया; ऐसा व्यक्ति जो काम तो करे नहीं और उपदेश देता रहे।

arme blanche *आर्मे ब्लॉङ्क n.* cavalry; cavalry sword. घुड़सवार सेना; घुड़सवार सैनिक या उनकी कृपाण।

armed *आर्म्ड adj.* (1) with arm. (2) with arms. (3) having means of defence (4) thorny. (5) with beak, claws etc. (१) हाथ वाला। (२) शस्त्रधारी; सशस्त्र। (३) रक्षा के साधनों से युक्त। (४) कांटेदार। (५) चोंच; पंजे आदि वाला।

armed chair *आर्म्डचेयर n.* a chair with arms. ऐसी कुर्सी जिसमें हाथ रखने के लिए डंडियां हों।

armed to the teeth *आर्म्ड टू दी टीथ adj.* fully armed. पूर्णतः सशस्त्र यथासम्भव शस्त्र सुसज्जित।

Armenian *आरमीनियम adj.* of Armenia. आरमीनिया का निवासी या भाषा।

Armenoid *आर्मीनॉइड n.* eastern branch of Alpine race अलपाइन मूल जाति की पूर्वी शाखा।

armet *आर्मिट n.* an iron helmet. लोहे की टोपी जो गर्दन के पिछले भाग तक होती है।

armiger *आर्मिजर n.* esquire; one who wears coat of arms. एक लार्ड; 'कोट आफ आर्म्स' का सैनिक चिह्न पहनने का अधिकारी व्यक्ति।

armilla *आर्मिला n.* a bracelet. बाजूबन्द।

armillary sphere *आर्मिलरी स्फीयर n.* a sphere to show the motion of stars etc. तारों आदि की गति दिखाने वाला गोलों से बना हुआ व्यूह।

arm in arm *आर्म इन आर्म adv.* with arm of the other person. हाथ में हाथ डालकर।

armipotent *आर्मिपोटेण्ट adj.* powerful in arms. शस्त्रों की दृष्टि से शक्ति शाली।

armistice *आर्मिस्टस n.* suspension of hostilities. युद्ध विराम, युद्ध-निलम्बन थोड़े समय के लिये युद्ध बन्द होना।

armless *आर्मलेस adj.* having no arms; without arms. शस्त्रहीन; बाहु हीन; निशस्त्र दुष्टा।

armlet *आर्मलेट n.* small arm; an ornament worn in arm. छोटा शस्त्र; छोटा हाथ; बाजूबन्द; बंगड़ी; छोटी शाखा।

arm of leaver *आर्मऑफलीवर n.* लीवर (सन्तोलन दंड) की डण्डी।

arm of balance *आर्मआफबैलेन्स n.* तराजू की डण्डी।

armorial *आरमोरियल n.* pertaining to heraldic arms. शस्त्र या युद्ध चिन्हों-सम्बन्धी।

armorial bearings *आरमोरियल बीयरिंग्स n.* designs on heraldic arms. शस्त्र चिह्नों या युद्ध चिह्नों पर की बनावट।

armory *आरमरी n.* heraldry. युद्ध चिह्नों की कला या विद्या।

armorist *आरमोरिस्ट n.* one skilled in heraldry. युद्ध चिह्नों की विद्या में निपुण व्यक्ति।

armour *आरमर n.* a protective dress used in battle; heraldic marks. कवच, युद्ध में पहनने के रक्षण-भूषा, युद्ध चिन्ह।

armour bearer. *आरमर बीयरर n.* one who carries the armour. कवच वाहक; वह जो योद्धाओं का कवच उठाकर ले जाता है।

armour clad *adj.* clad in armour. कवच धारी।
n. armoured ship. सशस्त्र जलपोत।

armoured *आरमर्ड adj.* covered with armour. कवच-रक्षित; कवचधारी।

armoured car *आर्मर्ड कार n.* लोहे के कवच वाली गाड़ी; वह सैनिक लारी जो इस्पात (फौलाद) की बनी हो।

armourer *आरमरर n.* manufacturer; repairer of arms and armour. शस्त्रास्त्र तथा कवच का निर्माता या मरम्मत करने वाला या संरक्षक।

armourless *आरमरलेस adj.* without armour. कवचहीन।

armour plate *आर्मरप्लेट n.* a steel plate fixed for protection of ships; etc. एक अभेद्य लोहे की तख्ती जो जलपोतों आदि के आगे लगी होती है तथा कवच का काम देती है।

armoury *आरमरी n.* place for keeping arms; arms collectively. शस्त्रास्त्र भंडार, शस्त्रास्त्र।

armozeen *आरमोज़ीन n.* (also *armozine*) a black cloth used by clerks. बाबू लोगों के पहनने का काले रंग का रेशम या टाफ्ता।

armpit *आर्मपिट n.* hollow under arms. बगल; कॉख।

arms *आर्म्स n.* weapons; hostilities; heraldic marks. शस्त्रास्त्र; युद्ध; सेना; युद्ध चिह्न।

arm's length *आर्म्सलेंग्थ adv.* away; not intimate. दूर; घनिष्ठता से परे।

arms' race *आर्म्स रेस n.* competition among nations in armaments. देशों के बीच शास्त्रास्त्र बढ़ाने की होड़।

army *आरमी.* military; a group; great number; land forces. सेना; थल सेना; समूह; अधिक संख्या में; सैनिक टुकड़ियां।

army corps *आरमी कोर n.* a group of armymen. सैनिक; टुकड़ी।

army list *आरमीलिस्ट n.* list af military officers. सेना के उच्च पदाधिकारियों की सूची।

army worm *आरमी वॉर्म n.* larva of cotton moth that multiplies very fast like the army. एक ऐसे कीड़े का प्रारम्भिक रूप जिसकी संख्या बहुत शीघ्र बढ़ती है।

arnaut *आरनाउट n.* (also *arnaout)* Albanian; a Turkish soldier of Albania. अलबानिया वासी, विशेषतः वह जो तुर्की सेना में हो।

arnica *आरनिका n.* a mountain tobacco used for healing wounds; flower tincture. एक पहाड़ी तम्बाकू जो घावों आदि पर लगाया जाता है; फूलों से निकलने वाला टिंकचर।

aroint *अरॉइण्ट interj. & v. t.* begone; to drive away. भाग जाओ; भागाना डराकर हटाना।

aroma *आरोमा n.* fragrance; charm sweet odour. सुगन्ध; सौंदर्य; सुवास।

aromatic *अरोमैटिक adj.* fragrant. सुगन्धित; सुवासित।

aromatise *v. t.* to make aromatic; to perfume. सुगन्धित बनाना; सुवासित करना।

arose *अरोज* past tense of arise. उठा; उदय हुआ; जागा।

around *अराउंड prep. & adv.* on all sides; near; round; about; in every direction. चारों ओर; निकट; आस-पास; सब दिशाओं में।

arouse *अराउज़ v. t. & v. i.* to awaken; to rouse; to shake up; to excite. जगाना; उठाना; जोश दिलाना; उभारना।
n. alarm. उठाने का संकेत।

arow *अरो adv.* in a row. पंक्ति में।

A. R. P. *ए० आर० पी० (abbre.)* Air Raid Precaution. वैमानिक आक्रमण से रक्षा।

arpeggio *आरपेडज्यो n.* a chord of which notes are in upward succession. साज का ऐसा तार जिसका सुर क्रमशः ऊंचा होता जाता है, एकसा नहीं रहता।

arpent *आरपण्ट n.* a French measure of area. फ्रांस का क्षेत्रफल का एक माप।

arquebus (e) *आरक्वीबुस n.* an antiquated rifle. पुराने तरीके की एक बन्दूक।

arquebusade *आरक्वीबुसेड n.* a lotion for healing shot wounds. गोली के लगने के घाओं की एक दवा।

arquebusier *आरक्वीबुसेर n.* soldier with arquebuse. उक्त बन्दूक वाला सैनिक।

arrack *अरक n.* corrupt form of Indian word 'Ark'. 'अर्क' शब्द का अंग्रेजी अपभ्रंश।

arrah *अर interj.* expression of wonder; emotion etc. अरे! आश्चर्य आदि का परिचायक शब्द।

arraign *अरेन v. t.* to accuse; to impeach. दोष लगाना; अभियोग लगाना; आक्षेप करना।

arrange *अरेंज v. t.* to put in order; to set according to system; to instruct; to settle, manage. क्रम से रखना; जमाना व्यवस्था बनाना; निर्देश देना; निटपारा करना;

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्रबन्ध करना।

arrangement अरेंजमॅण्ट *n.* settlement; order; classification. निबटारा; व्यवस्था; क्रम; प्रबन्ध; ठीक ठाक काम।

arrant ॲरण्ट *adj.* out and out; rascally; notorious. अत्यन्त; नितान्त; सर्वथा; दुष्ट; बदनाम।

arrantly ॲरण्टली *adv.* infamously; notoriously. बदनामी से; कुख्यात होकर।

arras ॲरस *n.* having tapestry. लटकने वाला कढ़ा हुआ परदा।

arrasene ॲरॅसीन *n.* embroidered silk or wood. कढ़ा हुआ रेशम या खुदाई के काम वाली लकड़ी।

array अरे *n.* order; militarised persons; dress. व्यवस्था; सैनिकों का समूह; वेष-भूषा।

v. t. & *v. i.* to dress; adorn; equip; to put in order. अलंकृत करना; कपड़े पहनना; सजना; प्रबन्ध करना; सजाना; सामान से सुसज्जित करना; क्रम से रखना।

arrear अरीअर (also *arrearage*) *n.* remaining work; unpaid debts; work, which is behind schedule; undone work. बकाया काम; बिना चुकाया ऋण; जो काम समय पर नहीं किया गया तथा बाकी रह गया; शेष वस्तु।

arrect ॲरॅक्ट *adj.* alert; upright. सीधा खड़ा हुआ; सावधान; चौकन्ना; सचेत।

arrest अरेस्ट *v. t.* to stop; to seize; to apprehend; to catch attention. रोकना; बन्दी बनाना; घेरना; पकड़ना; गिरफ्तार करना; ध्यान आकृष्ट करना।

n. stoppage; apprehension. गिरफ्तारी; रोक; बन्दीकरण।

arrestable अरेस्टेबल *adj.* fit or liable to be arrested. गिरफ्तार करने योग्य।

arrestation अरेस्टेशन *n.* act of arresting; arrest. गिरफ्तार करने की क्रिया; गिरफ्तारी।

arrestee अरेस्टी *n.* स्काटलैंड की विधि के अनुसार वह व्यक्ति जिसे किसी अन्य व्यक्ति को भुगतान करने से रोक दिया जाये।

arrester अरेस्टर *n.* one who arrests; one who gets order of arrestment. बन्दी बनाने वाला; किसी भुगतान को रुकवाने वाला।

arrestive अरेस्टिव *adj.* बन्दी बनाने के उद्देश्य वाला।

arrestment अरेस्टमेंट *n.* checking; detention; stoppage of payment. रोकना; बन्दी बनाना; भुगतान को रोकने की प्रक्रिया।

arret ॲरेट *n.* judgement; decision; award; order. निर्णय; विनिश्चय; पंचाट; आदेश।

arride अरिड *v. t.* to please; to gratify; to laugh at. प्रसन्न करना; सन्तुष्ट करना; समाधान करना; हंसी उड़ाना।

arriere-ban ॲरीॲर-बॅन (ॲरीॲरबान) *n.* summon to take up arms; army thus raised. सेना में आकर काम करने के लिये सामन्तों का बुलावा; इस प्रकार एकत्रित सेना।

arriere pensee ॲरियेर पेन्सी *n.* ulterior motive. mental reservation. परोक्ष उद्देश्य; मन में छिपाया हुआ कोई अभिप्राय।

arriero ॲरिआरो *n.* mule driver. खच्चर हाँकने वाला।

arris ॲरिस *n.* sharp edge by meeting of two surfaces. तीखी नोंक या कोना।

arrish ॲरश *n.* a stubble field. घास वाला मैदान।

arrival अराइवल *n.* act of reaching; that which or who arrives; appearance. पहुंच; आगमन; पहुँचने वाली वस्तु या पहुंचने वाला व्यक्ति; उपस्थिति।

arrivance अराइवॅन्स *n.* (also *arrivancy*) company; arriving. पहुंचने वाला; जन-समूह।

arrive अराइव *v. i.* to reach; to happen; to be successful. पहुंचना; होना; सफलता प्राप्त करना।

arriviste आरीवेस्ट *n.* a self seeker; a person on the make'. स्वार्थी; ऊंचा उठता हुआ व्यक्ति।

arroba आरोबा *n.* a weighing measure of 25 pounds. बारह तेरह सेर का तोल जो स्पेन पुर्तगाल में चलता है।

arrogance ॲरोगॅन्स *n.* (also *arrogancy*) pride; feeling of undue importance; haughtiness. अभिमान; बड़प्पन का मिथ्या-भाव; गर्व; उद्दण्डता।

arrogant ॲरोगॅण्ट *adj.* haughty; proud; thinking too much of oneself. घमंडी; अभिमानी; अपने आपको बड़ा समझने वाला।

arrogantly ॲरोगॅण्टली *adv.* haughtily. अभिमान पूर्वक; उद्दण्डता से।

arrogate ॲरोगेट *v. t.* to claim anything as one's own; to claim proudly. अनधिकार चेष्टा करना; मिथ्या अभिमान करना; किसी वस्तु पर झूठा दावा करना।

arrogation ॲरोगेशन *n.* undue claim or assumption. झूठा दावा या झूठा अभिमान।

arrondissement ॲरोंडिसमेंट *n.* a subdivision of French department. फ्रांस के विभाग का एक उपविभाग; शाखा।

arrow ॲरो *n.* pointed stick shot from a bow; branch of tree; flowering branch of sugar cane. बाण; तीर; पेड़ की बड़ी टहनी; गन्ने की फूलने वाली टहनी।

arrow-grass ॲरोग्रास *n.* बाण के समान नुकीली घास।

arrow-head ॲरोहॅड *n.* बाण का फन या नोक।

arrow-headed ॲरोहॅडेड *adj* बाण के फन के समान नोक वाला।

arrow-poison ॲरोपॉइजन *n.* बाण की नोक पर लगाने का विष।

arrow-root ॲरोरूट *n.* a nutricious plant; starchy plants; antiarrow poison plant. अरारोट (एक पौष्टिक खाद्य-पदार्थ); निशास्ते वाला पदार्थ; बाण-विष का नाशक पौधा।

arrow-shot ॲरोशॉट *n.* range of an arrow. बाण के पहुंचाने की दूरी।

arrowy ॲरोई *adj.* of or like arrow. बाण सम्बन्धी; बाण के समान।

arroyo आरोयो *n.* a dry water bed; rook gorge. जल के बहने का सूखा स्थान; सूखा नाला; पहाड़ी कंदरा।

arry ॲरी *n.* a vulgar cockney; harry. मसखरा तथा अशिष्ट नगर वासी (सौम्य ग्रामीण की तुलन में)।

arse आर्स *n.* animal buttocks. पशु का पिछला भाग; चूतड़।

arsenal आर्सनल, आर्सिनल *n.* armoury; ordnance depot; dockyard. शस्त्रागार; आयुधागार; शस्त्रास्त्र भंडार; जहाज घाट।

arsenic आर्सनिक *n.* element No. 33, a deadly poison. तत्व संख्या ३३, संखिया, एक विष।

white arsenic : (सफेद) संखिया नाम का विष।

arsenide आर्सेनाइड *n.* metalic compound of arsenic. संखिया का धातविक मिश्रण।

arsenical आरसेनिकल (also *arsenious*) *n.* & *adj.* संखिया की भस्में; विषयुक्त; विषाक्त।

arsenious acid आरसेनिअस एसिड *n.* संखिया का तेजाब।

arseno-pyrites आरसनोपाइरिटीज *n.* a mineral containing iron, arsenic and sulphur. एक खनिज जिसमें संखिया, गंधक तथा लोहा होते हैं।

arsheen आरशीन (also *arshin*, *arshine*) *n.* a measure of length in Russia and Turkey; 28 to 30 inches. रूस का २८ इंची पैमना; तुर्की का ३० इंची पैमाना।

arsine आरसीन, आरसिन, आरसाइन *n.* a compound of arsenic. संखिये का एक मिश्रण।

arsis आरसिस *n.* lift; raising voice, weak or strong position. ऊंचा उठाने की कल; सुर का बढ़ाना; कमजोर या मजबूत स्थिति या स्थान।

arsmetrick आर्जमैट्रिक *n.* arithmetic. गणित।

arson *n.* burning anything knowingly. किसी के जहाज, दुकान, घर आदि में जान बूझ कर आग लगाना; अग्निकांड का अपराध।

arsy versy आरसी वरसी *adv.* & *adj.* contrary, backside foremost. विपरीत; पीछे की ओर; उल्टा।

art आर्ट *v.* are (old form) है, हो।

n. practical skill, creative work of beauty; branch of knowledge; manner of doing things, cunning; craft. व्यवहारिक कौशल, सौंदर्य का रचनात्मक कार्य; ज्ञान की शाखा; कार्य करने की शैली; चालाकी; मक्कारी।

applied arts : हाथ का कार्य; शारीरिक कार्य कला।

black arts : magic. जादू मन्तर।

fine art : high type of art. ललित कला; मस्तिष्क सम्बन्धी कला-कौशल।

term of art : technical expression. पारिभाषिक शब्द; कला सम्बन्धी शब्द।

useful art : हाथ का कार्य; शारीरिक कार्य-कला।

art and part आर्ट एण्ड पार्ट *n.* to take part in design as well as execution. योजना

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

बनाने तथा कार्य करने दोनों में भागी।

artefact *आर्टिफैक्ट n.* product of human art (as apposed to natural) मानव की कलाकृति (प्रकृति सृष्टि की अपेक्षा)।

artel *आर्टेल n.* Russion Workers' Union रूसी श्रमिकों का संघ।

arterial *आरटेरियल adj.* pertaining to arteries. धमनी सम्बन्धी; हृदय से रक्त लेजाने सम्बन्धी; प्रधान; महत्वपूर्ण।

arterialise *आरटेरियलाइज़ v. t.* to make arterial; to convert venous blood into arterial blood by oxygen in lungs. फेफड़े में आक्सीजन गैस की सहायता से शिरा के रक्त को धमनी रक्त में बदलना।

arteriole *आरटीरियओल n.* a small artery. छोटी धमनी।

arteriosclerosis *आरटीरियोसक्लेरोसिसि n.* hardening of the arteries in old age. बुढ़ापे में धमनियों के कठोर बन जाने का रोग।

arteriotomy *आरटीरिऑटोमी n.* dissection of arteries for letting blood out. रक्त बाहर निकलने देने के लिये धमनियों को काटने की क्रिया।

arteritis *आरटेराइटिस n.* inflammation of arteries धमनियों का फूलना या सूजना।

artery *आरटरी n.* tube which carries blood from heart to other parts of body. धमनी; हृदय से रक्त लेकर शरीर के अन्य भागों में पहुँचाने वाली नली।

artesian well *आरटेज़ीयन वॅल n.* well in which water rises up itself. ऐसा कुआँ जिससे पानी स्वयं बाहर निकलता है।

artful *आर्टफुल adv.* full of art; clever; cunning; crafty. कला पूर्ण; चतुर; चालाक; धूत।

artfully *आर्टफुल्ली adv.* cunning; craftily. चतुरता से; धूर्तता से।

arthritis *आरथ्राइटिस n.* gout; inflammation of joints. जोड़ों की सूजन।

arthritic *आरथ्राइटिक adj.* of joints; of arthritis. जोड़ों सम्बन्धी; जोड़ों की सूजन सम्बन्धी; जोड़ों के निकट; जोड़ों की सूजन का रोगी।

arthromere *आरथ्रोमीयर n.* part of a joint animal. जुड़े हुए जन्तु का एक भाग।

arthropod *आरथ्रोपॉड n.* an animal with segmented body, ऐसा जीव जिसके शरीर के अंग जुड़े हुए हों।

arthropoda *आरथ्रोपोडा n.* class of arthropods उपरोक्त जीवों की श्रेणी।

arthrosis *आरथ्रसिस n.* articulation. जीव के अंगों का जोड़।

Arthurian *आरथूरियन adj.* relating to King Arthur. राजा आर्थर सम्बन्धी।

artichoke *आरटीचोक n.* an edible plant. हाथीचक जैसा एक खाने योग्य फलों का पौधा।

Jerusalem artichoke : अलखर शोफा; चुकन्दर जैसा एक पौधा जिसके सूरजमुखी जैसे फूल होते हैं।

article *आर्टिकल n.* (1) joint; segment. (2) critical moment, juncture. (3) separate substance or thing. (4) separate para etc. (5) item; subject. (6) clause. section. (7) literary composition. (8) 'the' 'a' 'and' 'an' in grammar (9) rules etc. (of companies) (10) importance. (१) अंग; भाग; खंड। (२) ठीक समय। (३) वस्तु; पृथक पदार्थ। (४) पृथक कंडिका। (५) मद; विषय। (६) अनुच्छेद (संविधान में)। (७) लेख; साहित्यिक रचना। (८) व्याकरण में 'the' 'a' तथा 'an' शब्द। (९) समवायों आदि के अंतर्नियम; नियम। (१०) महत्व।

v. t. to set forth in articles; to accuse. विषय या नियमों में निर्धारित करना या बांध देना अभियोग लगाना।

in the articles of death . at the point of death. मृत्यु के समय।

leading article : समाचार पत्रों का अग्रलेख या सम्पादकीय लेख।

Lords of the Articles : स्काटिश संसद की स्थायी समिति।

of great article : बड़े महत्व का।

Thirtynine Articles : इंगलिश गिरजे द्वारा निर्धारित धर्म के ३९ नियम।

articled *आर्टिकल्ड adj.* bound as an apprentice; accused. नौसिखुये के रूप में बांधा हुआ; नियम बद्ध; अभियुक्त।

articles of apprenticeship. काम सीखने का करार या शर्तें।

articles of Association. समवाय (कम्पनी) के अन्तर्नियम।

Articles of Constitution. संविधान के अनुच्छेद।

articles of faith. धर्म के बाध्यकारी सिद्धान्त।

articles of war. सेना के अनुशासन के नियमों की संहिता।

articulable *आरटीकुलेबल adj.* which can be joined. जो जोड़ा जा सके।

articular *आरटीकुलर adj.* of joints; near joints. जोड़ या ग्रन्थि का; जोड़ सम्बन्धी; जोड़ के निकट का।

articulata *आरटीकुलेटा n.* class of articulated animals. जोड़ों वाले जीवों की श्रेणी।

articulate *आरटीकुलेट adj.* joint; distinct; clear. संयुक्त; स्पष्ट; जुड़ा हुआ।

v. t; to joint; to speak clearly. जोड़ना; स्पष्ट बोलना; उच्चारण करना।

articulated *आरटिकुलेटेड ādj.* jointed; made clear. जोड़ा हुआ; स्पष्ट किया हुआ।

articulateness *आर्टिकुलेटनेस n.* distinctness; clearness. स्पष्टता; साफ-साफ उच्चारण।

articulation *आर्टिकुलेशन n.* clearness; joining of bones; distinct speech; consonant. स्पष्टता; हड्डियों का जोड़; स्पष्ट उच्चारण; व्यंजन।

articulator *आर्टिकुलेटर n.* one who joins bones; one who speaks clearly. हड्डियां जोड़ने वाला; स्पष्ट उच्चारण करने वाला।

articulatory *आर्टिकुलेटरी adj.* pertaining to articulation. हड्डियों के जोड़ने से सम्बन्धित; स्पष्ट उच्चारण सम्बन्धी।

artifact *आर्टिफैक्ट n.* product of human art as opposed to nature's. मनुष्य की कलाकृति (प्रकृति की अपेक्षा)।

artifice *आर्टिफिस n.* craft; fraud; skill; workmanship. धूर्तता; कपट; चतुरता।

artificer *आर्टिफिसर n.* skilled worker; trickster; mechanic; workman. कारीगर; मिस्त्री; शिल्पी; धूर्त; कर्मी; कर्मचारी।

artificial *आर्टिफिशल adj.* created not by nature but by art; not real. प्रकृति द्वारा न बनाई हुई; कृत्रिम; नकली।

artificialise *आरटिफिशयलाइज़ v. t.* (also *artificialize*) to make artificial. कृत्रिम बनाना।

artificiality *आर्टिफिशयलिटी n.* state of being artificial कृत्रिमता।

artificially *आर्टिफिशल्ली adv.* in artificial manner. कृत्रिम रूप से।

artificialness *आर्टिफिशलनेस n.* state of being artificial. कृत्रिमता।

artificial procelain. नरम चीनी मिट्टी।

artificial silk. नकली रेशम।

artificial sunlight. बिजली की सफेद सी बत्ती का प्रकाश जो सूर्य के प्रकाश के समान होता है।

artillery *आर्टिलरी n.* heavier machines for discharging missiles; the army unit in charge of these machines; gunnery. तोपखाना; तोपखाने की सैनिक टुकड़ी।

artillerist *आर्टिलरिस्ट n.* soldier skilled in gun firing. तोपची; तोप चलाने में चतुर।

artilleryman *आर्टिलरीमॅन n.* soldier of artillery. तोपखाने का कोई सैनिक।

artillery plant *आर्टिरी प्लाण्ट n.* a plant which discharges pollen by puffs. एक पौधा जो अपना पराग झटके के साथ झाड़ता है।

artiodactyl *आर्टियोडॅकटिल adj.* having even toes. जिसके पैरों की अंगुलियां बराबर हों

artiodactyla *आर्टियोडॅकटिला n.* family name of even-toed species. पैरों की बराबर उंगलियों वालों का पारिवारिक नाम।

artisan *आर्टीज़न n.* (also *artizan*) handicraftsman; mechanic. हस्तकला वाला; दस्तकारी वाला; मिस्त्री; कारीगर; शिल्पी।

artist *आरटिस्ट n.* one skilled in fine arts. ललितकला में प्रवीण; कलाकार।

artiste *आरटिस्टी n.* professional dancer and singer. नाच गाने का पेशा करने वाला।

artistic *आरटिस्टिक adj.* (also *artistical*) of art or artist; beautiful; artful. कला सम्बन्धी या कलाकार सम्बन्धी; कलापूर्ण; सुन्दर।

artistically *आर्टिस्टिकली adv.* in artistic manner. कलापूर्ण ढंग से; कारीगरी के साथ; सुन्दरता से।

artistry *आर्टिस्ट्री n.* artistic pursuits, genius or ability. कला की योग्यता या चाव; कला प्रतिभा।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

artless *आर्टलेस adj.* not crafty; simply earnest; uncultured. संस्कृति-विहीन; असभ्य; धूर्त नहीं; सीधासादा; निष्कपट; सच्चा; गंवार।

arts *आर्ट्स n.* branches of learning. विद्या की शाखाएं जैसे भूगोल; इतिहास; कलाएं आदि।

artsong *आर्टसॉङ्ग n.* song full of art. कला-पूर्ण संगीत (लोकगीत) की तुलना में।

arts-student *आर्ट्स-स्टूडेण्ट n.* student in faculties of art. विद्या की शाखा का विद्यार्थी जैसे इतिहास का छात्र।

art-student *आर्ट-स्टूडेण्ट n.* student of painting and other fine arts. चित्रकला; शिल्प-कला; वास्तु कला आदि ललित कलाओं का छात्र।

art-union *आर्ट-यूनियन n.* a union which promotes fine arts. ललित कला का प्रचार संघ।

arty *आर्टी adj.* pretending to be artistic. कलापूर्ण होने का आडम्बर करने वाला।

arval *अर्वल adj.* pertaining to cultivated land. कृषि भूमि सम्बन्धी।

Arval Brethren *आर्वल ब्रदरेन n.* ancient priests of Rome who made sacrifices to field deities; their college. प्राचीन रोम के पादरी जो कृषि देवताओं के लिये दिया करते थे; उनका एक विद्यालय।

ary *आरी (अरी) adj.* any. कोई।

Aryan *आर्यन (एरियन) adj. & n.* Indo-Germanic or Indo-European of which the main branch is Indo-Persian; Nazi interpreted it as non-Jewish German; one who speaks Aryan language. आर्य भाषाएं इन का नाम भारत-जर्मन या भारत-यूरोपीय भी है तथा इसकी मुख्य भाषा शाखा भारतीय-ईरानी कहलाती है; जर्मनी में हिटलर ने 'आर्य' शब्द में यहूदियों के अतिरिक्त अन्य जर्मनों को माना था; फारसी तथा भारतीय भाषाएं; आर्य-भाषा भाषी।

aryballos *अरीबैलॉस n.* globe-like flask with a neck for containing oil. सुराही जैसी तेल की कुप्पी।

arytaenoid *अरीटीनॉइड (also arytenoid) adj. & n.* pitcher shaped. घड़े जैसे आकार का।

as *अॅज adv.* for example; like; so far; however; to the extent; in the manner; in which; though. उदाहरणार्थ; यथा; जैसे; समान; परन्तु; यद्यपि; इस सीमा तक; इस प्रकार से।
conj. since; because; when. जब से; क्योंकि; जबे।
pronoun that. वह।
n. (1) a God. अॅज नमक देवता।
(2) a Roman coin. रोम का एक सिक्का।
(3) a Roman weight. रोम का एक तोल (छटाँक के लगभग)।
(4) esker. नदी की मिट्टी से बनी हुई चट्टान।
as also : and; likewise. और; इसी प्रकार।
as concerning : for the matter of. इस विषय में।
as for this : in respect of. इस विषय में।
as how :beginning a new theme. खैर; यह भी।
as if : as it would be of. मानो; जैसे कि।
as it were : as if it were so; so to speak. मानो यह ऐसा ही है; यदि यह भी मान लिया जाये।
as many as : all who. जितने भी।
as much : the same amount; just the amount. इतना ही; बस इतना।
as now : just at this time. इसी समय।
as regards this : with respect to this. इस विषय में।
as then : just at that time. उसी समय।
as though : as it would be if. मानो; जैसे कि।
as to this : for the matter of this. इस विषय में।
as well as : also; in addition. यह भी; और इसके अतिरिक्त।
as why : introducing a question. खैर; यह भी।
as yet : so far; upto this time. अभी तक; अभी भी।
so as to : with the object of. जिससे कि।
when as : at what time? कब?

asafetida *अॅसफेटिडा (also asafoetida) n.* a gum resin of bad odour used as medicine. हींग।

asarabacca *अॅसाराबॅका* a tree of the oak family. जैतून की प्रकार का एक वृक्ष।

asbestic *अॅजबस्टिक adj.* like or of asbestos. अॅस्बेसटोस जैसा या सम्बन्धी।

asbestiform *अॅजबेस्टिफॉर्म adj.* of the form of asbestos. अॅस्बेसटॉस के आकार या रूप का।

asbestine *अॅजबेस्टाइन adj.* of or like asbestos; which does not burn. अॅस्बसटॉस के समान या सम्बन्धी; न जलने वाला; अज्वलनशील।

asbestos *अॅजबस्टॉस n.* non-combustible fibrous mineral. न जलने वाला तन्तुमय खनिज।

asbestous *अॅजबस्टाउस adj.* like asbestos; made of asbestos. अॅजबेस्टॉस जैसा या उसका बना हुआ।

ascarid *अॅस्कैरिड (also ascaridae, ascaris)* a parasite worm which diseases the intestines. एक प्रकार का कीड़ा जो आंतों में पैदा होकर रोग उत्पन्न करता है।

ascend *अॅसेण्ड v. t. & v. i.* to rise; climb; go up; go back in time. चढ़ना; बढ़ना; चढ़ाना; पीछे की ओर हटना (वंश आदि के हिसाब से)।

ascendable *अॅसेण्डेबल adj.* measurable. नापने योग्य।

ascendance (also *ascendancy*) *n.* predominant power or influence. प्रभुत्व सत्ता; अधिकार; प्रधानता; प्रभुता; उत्थान।

ascendant *अॅसेण्डेण्ट n. & adj.* rising; predominant; ascendency; one who rises; governing star; ancestor. बढ़ता हुआ; प्रधान; प्रभुता; सत्ता; जन्म कुण्डली का प्रधान ग्रह; पूर्वज, प्रबल।

ascendency *अॅसेण्डेन्स* (also *arcendency*) *n.* superior power or influence; control; sway; predominance. प्रभुत्व; प्रधानता; सत्ता; अधिकार; उत्थान।

ascendent *अॅसेण्डेण्ट adj. & n.* rising predominant; ancestor; one who rises or mounts; governing planet; ascendency. बढ़ताहुआ; उदीयमान; प्रधान; प्रभुताधारी; प्रबल; उदयशील; भाग्य निर्माता, ग्रह जो जन्म कुण्डली में नियत होता है; उत्थान; सत्ता; प्रभुत्व; पूर्वज।

ascender *अॅसेण्डर n.* one who ascends. चढ़ने वाला; उदयशील।

ascendible *अॅसेण्डिबल adj.* measurable. नापने योग्य।

ascending *अॅसेण्डिंग adj.* rising. उदय होता हुआ; उठता हुआ।

Ascension *अॅसेन्शन n.* act of ascending; going up to heaven. अधिरोहण; उदय; उत्थान; स्वर्ग जाना (ईसा मसीह का)।

ascensional *अॅसेन्शनल adj.* relating to ascension. ईसा के स्वर्ग प्रयाण से सम्बन्धित।

Ascension-Day *अॅसेन्शन-डे n.* Day on which Christwent to heaven; Holy Thursday. ईसा के निर्वाण दिवस से दस दिन पूर्व पवित्र बृहस्पतिवार का त्योहार।

ascensiontide *अॅसेन्शनटाइड n.* दस दिन का वह समय जो ईसा के निर्वाण दिवस से पूर्व मनाया जाता है; पवित्र बृहस्पति से निर्वाण दिवस तक का समय।

ascensive *अॅसेन्सिव adj.* rising; improving. उठने वाला; उन्नति करने वाला; उदयोन्मुख; उर्ध्वमुख; उदय होने वाला।

ascent *अॅसेण्ट n.* upward movement; rise; upslope; upward in ancestry चढ़ाई; उन्नति; ऊपर चढ़ना; पूर्वजता की ओर का सम्बन्ध।

ascentional *अॅसेन्शनल adj.* relating to ascension, ईसा के निर्वाण सम्बन्धी; उन्नति सम्बन्धी।

ascertain *अॅसरटेन v. t.* to find out precisely; to determine; to prove. ठीक ठीक पता लगाना; निश्चय करना; सिद्ध करना।

ascertainable *अॅसरटेनेबल adj.* which can be ascertained. जांचनें योग्य; निर्धार्य्य; पता लगाने योग्य; निश्चित या सिद्ध करने योग्य।

ascertainment *अॅसरटेनमेंट n.* finding out. जांच पड़ताल; अन्वेषण, गवेषणा।

ascesis *अॅसीसिस n.* practice of self-control; asceticism. आत्म-निबंत्रण; संयम; तपस्या; तप; साधना।

ascetic *अॅसेटिक, अॅसेटिक n.* a hermit; one who leads life of self-denial. योगी; तपस्वी; संयमी; शरीर को कष्ट देकर तप करने वाला व्यक्ति।

ascetic (al) *अॅसेटिकल adj.* regarding asceticism; controlling oneself. तप सम्बन्धी; तपी; संयमी।

ascetically *अॅसेटिकली adv.* in ascetic way. तप या संयम के तरीके से।

asceticism *अॅसेटिसिज्म n.* austerity; mortification of flesh. वैराग्य; तप, योग; शरीर को कष्ट देने की साधना।

ascian *अॅशियन n.* one who lives near

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

the equator. भूमध्य रेखा के पास का निवासी

ascites *अॅसाइटीज n.* dropsy of belly. जलोदर; पेट में पानी भरने का रोग।

ascitic *अॅसाइटिक* (also *ascitical*) *adj.* pertaining to ascites. जलोदर सम्बन्धी।

ascititous *असाइटीटस adj.* additional; added or assumed. अतिरिक्त जोड़ा हुआ या माना हुआ।

Asclepius *अस्क्लीपियस n.* God of healing in Greek mythology. यूनानी धर्म शास्त्र में चिकित्सा का देवता।

ascribable *अॅस्किबेबल adj.* attributable; imputable. सम्बन्ध बताने योग्य; नाम लेने योग्य; आरोपण करने योग्य।

ascribe *अॅस्काइब v. t.* to attribute; to impute; to assign. कारण या सम्बन्ध बताना; आरोपण करना; देना; नाम लगाना।

ascription *अॅस्क्रिप्शन n.* act of ascribing; expression for ascribing. किसी को कारण बनाने या बताने का कार्य; स्तुति वाक्य जिसमें सबका कार्य ईश्वर को बताया जाये।

asdic *अॅजडिक* submarine detector. ध्वनि आभास द्वारा पनडुब्बी का पता लगाने वाला यन्त्र।

aseity *अॅसीइटी n.* self-origination. स्वयं-मोद्भव; स्वयं उत्पन्न होना।

asepalous *असेपलस adj.* sepalless. पंखुड़ियों के बिना।

asepsis *असेपसिस n.* making free from microbes, freedom from germs or blood poisoning. कीटाणुओं से मुक्त बनाना; रक्तदोष या कीटाणुओं से मुक्ति।

aseptic *असेपटिक adj.* which does not purify . जो सड़े नहीं; (फोड़ा) जो पके नहीं; कीटाणुनाशक औषधि से युक्त।
n. an antiseptic substance., कीटाणु नाशक वस्तु।

asepticise *असेप्टीसाइज v. t.* to make antiseptic. कीटाणु विहीन बनाना, पकने से रोकना; सड़ने न देना।

asepticism *असेप्टीसिज्म n.* antiseptic treatment. कीटाणु नाशक चिकित्सा; कीटाणुओं को नाश करने की क्रिया।

asexual *असेक्सुअल adj.* without sex; not relating to sex. लिंग हीन; मैथुन से सम्बन्धित नहीं; यौन से असम्बद्ध; नपुंसक; क्लीव; मैथुनहीन।

asexuality *असेक्सुअलिटी n.* लिंग हीनता, नपुंसकता; क्लीवत; मैथुन-विहीनता; यौन शक्ति का अभाव।

asexually *असेक्सुअल्ली adv.* लिंग हीनता से; नपुंसक के समान; क्लीवता से।

Asgard *आसगार्ड n.* a special heaven where twelve Gods and 26 Goddesses live. एक स्वर्ग विशेष जहां १२ देवता तथा २६ देवियों का वास है; और जहाँ वीर गति प्राप्त वाले भी जाते हैं।

ash *ॲश n.* residue left after burning; a timber tree; volcanic rock or dust; dead body. राख; अखरोट के समान एक जंगली वृक्ष; एक प्रकार की इमारती लकड़ी; ज्वालामुखी की राख या चट्टान; मृत शरीर।

ashake *अशेक adv.* in a shaking manner. कांपते हुए. कंपित रूप में।

ashame *अशेम v. i.* to feel shame. लज्जा अनुभव करना; लज्जित होना।
v. t. to put to shame. लज्जित करना; झेंपना।

ashamed *अशेम्ड adj.* affected with shame. लज्जित; झेंपा हुआ।

ashamedly *अशेमिडली adv.* in a shy manner. लज्जा के साथ; लज्जित होते हुए झेंप के साथ।

ashamedness *अशेमिडनेस adj.* shyness; shamefulness. लज्जा; झेंप; संकोच।

ashaming *अशेमिंग adj.* putting to shame: लज्जित करने वाली (बात); संकोचकारी।

ash-bin *अशबिन n.* (also *ash-bucket*) a tin or vessel in which ash is thrown. राख डालने का टीन या बर्तन; कूड़े का पीपा।

ashen *ॲशेन adj.* (1) ash coloured; pale. (2) made of ash wood. (१) राख के रंग का; मटियाला सा। (२) ॲश नामक लकड़ी का बना हुआ।

ashen grey *ॲशेन ग्रे adj.* of ash colour. राख के रंग का; मटियाला।

ashery *ॲशरी n.* place for making potash or pearl ash. पोटाश या मोती की भस्म बनाने का स्थान।

ashes *ॲशेस n.* ...; remains after cremation; buried body. राख, अवशेष, भस्म, भस्मी; मृत शरीर की राख; दफनाया हुआ शव।

ashet *ॲशिट n.* large meat plate. बड़ी भोजन की रकाबी।

ash-heap *ॲश-हीप n.* heap of ash and refuse. राख कूड़े का ढेर।

ash-hole *ॲश-होल n.* hole under the fireplace where ash falls. अंगीठी या चूल्हे आदि के नीचे राख जमा होने का स्थान।

ashine *ॲशाइन adv.* in a shining state. चमकते हुए।

ashiver *ॲशिवर adv.* with a shiver. कांपते हुए।

Ashkenazim *आशकनाजिम n.* Jews domiciled in Germany or Poland. जर्मनी या पोलैंड में रहने वाले यहुदी।

ashkey *ॲशकी n.* fruit of ash tree. अश नामक वृक्ष का फल।

ashlar *ॲशलर n.* square stone in front of wall. दीवार के सामने लगाया जाने वाला वर्गाकार पत्थर; थला; चौकी।

ashlaring *ॲशलरिङ्ग n.* ashlar masonary. दीवार के आगे चौकोर पत्थर की कारीगरी।

ash-leach *अश-लीच n.* (also *ashlar-work*) tub for mixing ashes in liquid. राख घोल कर अलकली बनाने का टब।

ashler *ॲशलर n.* stone infront of wall. चौकोर पत्थर।

ashlering *ॲशलरिंग n.* ashlar masonery. दीवार के आगे वर्ग; पत्थर की कारीगरी।

ashore *अशोर adv.* on the shore; to the shore. तट पर; किनारे पर।

ash-pan *ॲश पॅन n.* tray under grate. कोयले जलाने की जाली के नीचे राख के जमा होने का स्थान।

ash-pit *ॲश-पिट n.* pit under the fireplace for storing ash. अंगीठी आदि के नीचे राख जमा होने का स्थान।

ash-plant *ॲश-प्लांट n.* plant of ash tree. ॲश नामक वृक्ष का पौधा या शाखा।

ash-stand *ॲश-स्टेण्ड n.* (also *ashtray*) a receptable for cigarette ashes and for placing cigarette सिगरेट रखने तथा सिगरेट की राख झाड़ने का बर्तन; राखदानी।

Ash-Wednesday *ॲशवेडनेसडे n.* a Wednesday on which ashes are put on head, एक बुधवार का त्योहार जिस दिन सिर पर राख डाली जाती है।

ashy *ॲशी adj.* also (*ashy grey*) ash coloured. राख के रंग का मटियाला।

Asian *एशियन n.* people of Asia. एशिया के लोग; एशिया वासी एशियाई।
adj. belonging to Asia; flowery or ornamented (art or literature). एशिया का या सम्बन्धी; फूलों वाला या सुसज्जित; उच्च-कोटि का (साहित्य या कला)।

Asianic *एशियनिक adj.* Asian particularly not Aryans. एशियाई; विशेषतः अनार्य भाषा भाषी।

Asiacism *एशियसिज्म n.* love for Asia and things Asian. एशिया से तथा एशियाई संस्कृति, सभ्यता से प्रेम।

Asiatic *एशियटिक adj. & n.* of Asia; Asian *(obsolete)*. एशिया का या सम्बन्धी; एशियावासी (अब इस शब्द का प्रयोग नहीं होता)

aside *असाइड adv.* on one side; away; private. एक ओर; दूर; निजी स्वगत।
n. words spoken in undertone or by an actor to oneself. पात्र का नाटक में स्वयं ही मन में सोचना; धीरे बोलना।
set aside : to quash. न्यायालय के निर्णय को रद्द कर देना।
speak aside to speak to oneself or in privacy. एकान्त में कहना; स्वयं से ही कहना।

aside from *असाइड फ्रॉम adv.* apart from. दूर होकर।

asinico *ॲसीनीको n.* a fool. मूर्ख।

asinine *ॲसीनाइन adj.* pertaining to or like an ass; stupid. गधे जैसा या सम्बन्धी; मूर्ख।

asinity *असीनिटी n.* foolishness; state of being an ass. मूर्खता; गधापन।

ask *आस्क v.t.* enquire; demand; request. पूछना, मांगना; निवेदन करना।
v. i. invite. आमंत्रण देना; पूछताछ करना।
to ask for it : to invite trouble by one's behaviour. अपने ही व्यवहार से अपने लिये कठिनाई उत्पन्न करना।

askance *अस्कान्स adv.* sideways; in an indirect way; obliquely. किनारे की ओर;

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

परोक्ष रूप से; कनखियों से।
to eye, look or view askance : तिरछी निगाह से देखना; कनखियों से देखना; सन्देह के साथ देखना; पसन्द करना।

askant *असकाण्ट adv.* askance. किनारे की ओर; परोक्ष रूप में कनखियों से।

Askari *आसकारी n.* a soldier of East Africa. पूर्वीय अफ्रीका का सैनिक।

asker *आस्कार n.* one who asks. पूछने वाला; पता लगाने वाला; मांगने वाला; निवेदक; प्रार्थी।

askew *असक्यू adv.* in oblique manner. तिरछी दृष्टि से; कटाक्ष से।

asking *आसकिंग n.* request; demand. प्रार्थना; माँगना।

aslake *अस्लेक v. t.* to appease; to make mild. नरम बनाना; खुशामद करके क्रोध नष्ट करना; तुष्टि करना; कम करना।

aslant *अस्लाण्ट adv.* in slanting way. तिरछी दृष्टि से; झुकते हुए।

asleep *अस्लीप adv.* sleeping. सोता हुआ; सुप्त; निद्रा में।
adj. dead; numbed. मृत; मरा हुआ; शान्त; जो हिले जुले नहीं।

aslope *अस्लोप adv. & adj.* in sloping manner; with a slope. ढलान से; ढलान वाला।

asmear *अस्मीयर adj.* smeared over. पोता हुआ; लीपा हुआ; रोगन किया हुआ।

asmoulder *अस्मोल्डर adv.* in smouldering state. सुलगता हुआ।

asp *अॅस्प n.* aspen; a tiny snake. फन वाला एक छोटा सांप; हिलने वाले पत्तों वाला एक वृक्ष।

aspect *अॅस्पेक्ट n.* look; appearance; facing. रूप; आकार; रुख; पहलू; भाव; दृष्टिकोण।
v. t. to look at or for. (किसी वस्तु को) देखना या ढूंढना।

aspectable *अस्पेक्टेबल adj.* visible; worth seeing. दिखाई देने वाला; देखने योग्य।

aspen *अॅस्पेन n.* a tree with trembling leaves. एक वृक्ष विशेष जिसके पत्ते हिलते रहते हैं।
adj. trembling. कांपने वाला।

aspen-like *अॅस्पन-लाइक adj.* like aspen; trembling. कांपता हुआ; हिलते हुए पत्तों वाले वृक्ष जैसा।

asper *अॅस्पर n.* a Turkish coin made of silver. तुर्की का एक चांदी का सिक्का।
adj. rough; harsh. खुरदरा; रूखा; कठोर।

asperate *अस्परेट v. t.* to make rough. रूखा बनाना।

asperation *अॅस्परेशन n.* act of asperating. रूखा बनाने की क्रिया।

aspergation *अॅस्पर्गेशन n.* act of aspering. छिड़कने की क्रिया।

asperge *अॅस्पर्ज v. t.* to sprinkle. छिड़कना।
n. aspergillum. गुलाबपाश।

asperger *अॅस्पर्जर n.* छिड़कने वाला।

asperges *अॅस्पर्जेस n.* pre-mass ceremony. एक प्रार्थना।

aspergill *अॅस्पर्जिल* (also *aspergillum*) *n.* a holy water sprinkler. पवित्र जल आदि छिड़कने का पात्र; गुलाबपाश।

asperity *अॅस्पेरिटी n.* roughness; harshness bitter coldness. खुरदरापन; रूढ़ापन; कठोरता, तीखापन; रूक्षता; तीक्ष्णता।

asperous *अॅस्परस adj.* rough; having short hairs. रूखा; छोटे बालों वाला।

asperse *अॅपर्स v. t.* defame; slander. निन्दा करना; लांछन लगाना; अपमान करना; बदनाम करना।

aspersion *अॅस्पर्शन n.* slander; calumny. कलंक; लांछन; निन्दा; आक्षेप।

aspersive *अॅस्पर्सिव adj.* full of aspersion. कलंकपूर्ण; निन्दात्मक; लांछन रूप।

aspersoir *आस्परस्वार n.* aspergillum. गुलाबपाश; पवित्र जल छिड़कने का ब्रुश।

aspersorium *अॅस्पर्सोरियम n.* a vessel for holy water. पवित्र जल रखने का बर्तन।

aspersory *अॅस्पर्सरी adj.* defamatory. निन्दात्मक; लांछन के समान; आक्षेपकारी।
n. aspergillum. पवित्र जल छिड़कने का पात्र या ब्रुश; पवित्र जल रखने का बर्तन।

asphalt *अॅस्फ़ेल्ट n.* mixture of coaltar and sand. तारकोल (अलकतरा) तथा रेत का मिश्रण।
v. t. to pave with asphalt. तारकोल मिश्रित रेत बिछाना।

asphaltic *अॅस्फ़ाल्टिक adj.* pertaining to or covered with asphalt. अॅसफ़ॅल्ट संबंधी या अॅसफ़ॅल्ट से ढका हुआ।

asphaltum *अॅस्फ़ेल्टम n.* asphalt. तारकोल तथा रेत का मिश्रण।

aspheterise *अॅसफ़ेटराइज v. i.* to deny the right of private property. निजी सम्पत्ति के अधिकार को मान्यता न देना।

asphaterism *अॅसफ़टेरिज्म n.* denial of the right of private property. निजी सम्पत्ति के अधिकार को मान्यता न देने की क्रिया।

asphodel *अॅसफ़ोडेल n.* a kind of lily; plant of the dead in Greek mythology. एक प्रकार की कुमुदनी; यूनानी धर्मशास्त्रों में मृतकों का पौधा।

asophyxia *अॅसफ़िक्सिया n.* collapse due to choking; suffocation; stoppage of pulse. दम घुटना; नाड़ी बन्द होना।

asophyxiant *अॅसफ़िक्सियण्ट adj. & n.* which causes asphyxia. दम घोटने का प्रभाव उत्पन्न करने वाला (पदार्थ)।

asophyxiate *अॅसफ़िक्सियेट v. t.* to produce asophyxiatic effect, दम घोटना या नाड़ी बन्द करना।

asphyxiated *अॅसफ़िक्सियेटेड adj.* जिसका दम घुट रहा हो या नाड़ी बंद हो रही हो।

asophyxiation *अॅसफ़िक्सियेशन n.* act or state of asophyixation. दम घोटने या नाड़ी बंद करने का कार्य या ऐसी दशा।

asphyxiator *अॅसफ़िक्सियेटर n.* one who asophyxiates. दम घोटने वाला व्यक्ति।

asphyxy *अॅसफ़िक्सी n.* suffocation; stoppage of pulse. दम घुटना; सांस बंद होना; नाड़ी छुट जाना।

aspic *अॅस्पिक n.* (1) poisonous snake. एक विषैला सांप।
(2) a fish jelly containing egg. मछली तथा अंडे का मुरब्बा।
(3) lavender with wide leaves. चौड़े पत्तों वाला लेवेण्डर।

aspirant *अॅसपिरेण्ट n.* one who aspires for anything; candidate. आकांक्षी; अभ्यर्थी; उम्मेदवार।
adj. ambitious; rising. महत्वाकांक्षी; उदयशील।

aspirate *अॅसपिरेट v. t.* to pronounce with one breath; to exhale. एक श्वास से उच्चारण करना; सांस बाहर निकालना।
adj. pronounced with one breath. एक श्वास में बोला गया।
n. sound of 'h'. महाप्राण की ध्वनि।
to drop one's aspirates : 'h' की ध्वनि को न बोलना; महाप्राण ध्वनि को न बोलना; 'घ' को 'ग' बोलना आदि।

aspiration *अॅसपिरेशन n.* desire; exhaling; hopes; breathing. आकांक्षा; अभिलाषा; लालसा; सांस निकालने की क्रिया।

aspirator *अॅसपिरेटर n.* instrument for drawing liquids or air. द्रव या वायु खींचने का यन्त्र।

aspiratory *अॅसपिरेटरी adj.* pertaining to breathing. सांस सम्बन्धी।

aspire *अॅसपायर v. t.* to long; to desire; to strive. आकांक्षा करना; चाहना; प्रयत्न करना।

aspirin *अॅसपिरिन n.* a medicine for removing pain. एक दर्द नाशक औषधि।

aspiring *अॅसपायरिंग adj.* desireful; ambitious. आकांक्षी; अभिलाषी।

aspiringly *अॅसपायरिंगली adv.* in an aspiring manner. अभिलाषा के साथ; महत्वाकांक्षा लेकर।

aspiringness *अॅसपायरिंगनेस n.* महत्वाकांक्षा करने का स्वभाव या वृत्ति; आशा; अभिलाषा।

asport *अॅसपोर्ट v. t.* to abduct; kidnap. उड़ा ले जाना; भगा ले जाना।

asportation *अॅसपोर्टेशन n.* act of asporting. उड़ाने या भगाने की क्रिया।

aspout *असपाउट adv.* spoutingly. फव्वारे की तरह छूटते हुए; वेग से निकलते हुए; गम्भीरता से बोलते हुए।

asprawl *असप्राउल adv.* in a sprawl. टेढ़ा-मेढ़ा लेटे हुए या पड़े हुए; बेढंगे रूप में या बेढंगे प्रकार से।

aspread *असप्रेड adv.* in a spreading state. फैले हुए; विस्तृत रूप से।

asprout *असप्राउट adv.* in a sprouting state. उगते हुए; उत्पन्न होते हुए; जमते हुए; कोंपल फूटते हुए।

asquat *असक्वॉट adv.* in a squatting manner. अनधिकार कहीं बसने की स्थिति में।

asquint *असक्विण्ट adv.* looking askance. तिरछी दृष्टि से देखते हुए।

ass *आस n.* a donkey; a fool. गर्दभ; रासभ; गधा; मूर्ख; बुद्धि-हीन।

assafetida *अॅसफ़ेटिडा n.* asafetida. हींग।

assagai *अॅसेगाइ n.* a wooden spear with

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

iron end. लोहे के फन वाला लकड़ी का भाला। *v. t.* उक्त भाले से मारना।

assai *आसाई n.* a palm grown in South America and its fruit or drink made therefrom. दक्षिण अमरीका का एक खजूर के समान वृक्ष; उसका फल या उसकी बनी मदिरा।

assail *असेल v. t.* to attack;. हमला करना; आक्रमण करना।

assailable *असेलेबल adj.* which can be assailed. आक्रमण योग्य।

assailant *असेलॅण्ट n.* one who assails. आक्रमण करने वाला।

assailment *असेलमेण्ट n.* act of assailing. आक्रमण करने की क्रिया; आक्रमण।

assart *असार्ट v. t.* to reclaim the land; to bring under plough; to clear the forest. भूमि को कृषि योग्य बनाना; बेकार भूमि में हल चलाना; जंगलों को साफ करना।
n. act of assarting; assarted land. कृषि योग्य बनाने का कार्य; कृषि योग्य बनाई गई भूमि; साफ किया हुआ वन।

assassin *असॅसिन; असेसिन n.* one who kills secretly. हत्यारा; घातक; वधिक; चोरी छिपे से हत्या करने वाला; विशेषत. राजनैतिक कारणों से या रुपये लेकर।

assassinate *असॅसिनेट v. t.* to kill secretly to kill reputation. धोखे से मार डालना, हत्या करना; धोखा देकर बदनाम करना; विश्वासघात करना।
n. assassin हत्यारा।

assassination *अॅसिसिनेशन n.* secret murder; political murder. गुप्त या धोखे से की गई हत्या; राजनैतिक कारणों से की गई हत्या।

assassinator *अॅसॅसिनेटर n.* an assassin; murderer. हत्यारा; वधिक; घातक।

assault *असौल्ट v. t.* to assail; to attack; to attempt to attack. आक्रमण करना; आक्रमण करने का प्रयास करना।
n. an attack; storming any place. आक्रमण; किसी स्थान (नगर या गढ़) पर अकस्मात आक्रमण।

assault at arms *असौल्ट ॲट आर्म्स n.* show of attack and defence. आक्रमण तथा रक्षा करने का प्रदर्शन; सैनिक खेल आदि।

assaulter *असौल्टर n.* one who assaults, आक्रमण करने वाला।

assault of arms *असौल्ट ऑफ आर्म्स n.* assault at arms. आक्रमण तथा रक्षा का प्रदर्शन; सैनिक खेल आदि।

assay *असे (ॲसे) v. t.* attempt; test; to draw result. यत्न करना; परीक्षा करना; कसौटी पर चढ़ाना; परखना; परिणाम निकालना।
v. i. to adventure. साहस करना।
n. test; trial; experiment; quality; standard; proof. जांच; परीक्षा; परख; कसौटी; प्रयोग; किस्म; स्तर, मान; प्रमाण।
cup of assay : trial cup. चखने के लिये प्याला।

assayable *असेएबल adj.* which can be tried and tested. जिसकी परीक्षा की जा सके; जो कसौटी पर लगाया जा सके।

assayer *ॲसेयर n.* one who tests metals. धातुओं का पारखी; परीक्षक; कसौटी से धातु का पता लगाने वाला।

assaying *ॲसेइंग n.* the act of testing metals. धातु परखने की क्रिया।

assay master *ॲसे मास्टर n.* वह पदाधिकारी (अफसर) जो सोने चांदी की या सिक्कों की परख करता है; पारखी।

assay piece *ॲसे पीस n.* sample for testing; an excellent selected thing. परख करने के लिये लिया गया नमूना; बानगी; सर्वोत्तम वस्तु; छंटी हुई अच्छी चीज; योग्यतम व्यक्ति।

assegai *ॲसगाई n.* a wooden spear with iron tip. लोहे के फन वाला लकड़ी का भाला।
v. t. उस भाले से मारना।

assemblage *असेम्बलेज n.* collection; concourse of people. संग्रह; जन समूह; भीड़; सभा।

assemblance *असेम्ब्लॅन्स n.* collection. संग्रह; जन समूह।

assemble *असेम्बल v. i.* to gather: collect. इकट्ठा होना या करना।
v. t. to join the parts of machine. समवेत होना; संग्रह करना; मशीन के भागों को जोड़ना।

assembler *असम्बलर n.* one who assembles an assemblage. सभा करने वाला; संग्रहकर्ता; संग्रह; सभा।

assembly *असेम्बली n.* act of assembling; formal dance meeting; drum beat in army; religious mass. सभा; जन समूह; समाज; मंडली; विधान-सभा; नृत्य मंडली, सेना में ढोल बजाने की क्रिया; धार्मिक समारोह।
Constituent Assembly : संविधान सभा (शासन-प्रबन्ध के नियम बनाने वाली सभा)।
General Assembly : महासभा (बड़ी सभा)।
Legislative Assembly : विधान सभा; (कानून बनाने वाली सभा)।
House of Assembly : विधान सभा, (कानून बनाने वाली सभा)।
National Assembly : राष्ट्रीय सभा (सारे राष्ट्र की सभा जिसमें सभी उक्त सभाएं सम्मिलित होती हैं।

Assembly Man *असेम्बली मॅन n.* a member of assembly. सभासद; सभा का सदस्य।

Assembly Room *असेम्बली रूम n.* Assembly Chamber. सभा-भवन; सभाकक्ष।

assent *असेण्ट v. t.* to give consent; to agree. सम्मत होना; सहमत होना।
v. i. to concur; to allow.. अनुमति देना; स्वीकृति देना।
n. sanction concurrence. सम्मति; सहमति; अनुमति।
President's assent to Bills : विधेयकों पर राष्ट्रपति की अनुमति।
Royal assent : राजा की अनुमति।

assentaneous *असेण्टेनियस adj.* ready to assent. सहमत होने के लिये तत्पर; अनुमति देने के लिये तैयार।

assentation *असेण्टेशन n.* compliance. अनुमति; स्वीकृति।

assentator *असॅण्टेटर n.* (also *assenter*) one who assents. अनुमति देने वाला; सहमत होने वाला; सम्मत।

assentient *असेण्शयण्ट adj.* agreeing; assenting. सहमत होने वाला; अनुमति या स्वीकृति देने वाला; सम्मत।

assentingly *असेंण्टिंगली adv.* in an assenting way. सम्मत रूप से; सहमत होकर के; अनुमति देते हुए।

assentive *असण्टिव adj.* pertaining to assent. अनुमति; सम्बन्धी।

assert *ॲसर्ट v. t.* to urge; declare; affirm; to say forcefully; to defend by argument; to insist. आग्रह करना, घोषित करना, निष्ठा पूर्वक कहना, अनुरोध करना, स्वीकार करना, प्रतिज्ञान करना।

assertable *ॲसर्टेबल adj.* fit to be affirmed. स्वीकार करने योग्य; तर्क से आग्रह करने योग्य।

asserter *ॲसर्टर n.* one who asserts. आग्रह करने वाला; कहने वाला; घोषणा करने वाला।

assertion *ॲसर्शन n.* affirmation. प्रतिज्ञान; निश्चित कथन या घोषणा; निष्ठा वाक्य; तर्कपूर्ण कथन।

assertive *ॲसर्टिव adj,* dogmative; positive. कट्टर; निश्चित बात कहने वाला; अपनी बात पर दृढ़ रहने वाला; आत्मविश्वासी।

assertively *असर्टिवली adv.* in assertive manner. दृढ़ता के साथ; कट्टरता से।

assertiveness *असर्टिवनेस n.* दृढ़ता; आत्मविश्वास; अपनी ही बात पर अड़ने की वृत्ति; दूसरे की न चलने देने की आदत।
assert oneself : to vindicate one's rights or views. अपनी बात पर आग्रह करना; अपने अधिकारों या विचारों पर अड़ना।

assertor *ॲसर्टर n.* one who asserts. अड़ने वाला; दृढ़; कट्टर।

assertory *असरटरी adj.* affirmative. स्वीकारात्मक; हाँ।

asses' bridge *ॲसेस ब्रिज n.* difficult part of a book which people can not pass through. पुस्तक का कठिन भाग जिसमें आगे बढ़ना कठिन हो।

assess *असस v. t.* to valuate; to estimate; to determine the vaule of; to determine the amount of (property income or tax.) मूल्यांकन करना; अनुमान लगाना; मूल्य निर्धारित करना; (सम्पत्ति आय का कर) को निर्धारित करना; आंकना; कूतना; निर्धारण करना।

assessable *असेसेबल adj.* fit to be assessed or taxed. कर निर्धारण करने योग्य; निर्धार्य; मूल्यांकन योग्य।

assessee *असेसी n.* one who is assessed to tax. जिस पर कर लगाया जाय; कर-दाता।

assessment *ॲसॅसमेण्ट n.* valuation; determination; estimation; taxation. निर्धारण; मूल्य निर्धारण; अनुमान लगाना; करारोपण; प्राक्कलन।

assessor *असेसर n.* adviser of court; tax officer; helper in offce. कार्यालय

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सहायक; मूल्यांकन कर्ता; असेसर।

assessorial *असेसोस्यिल adj.* relating to assessors, office or work. असेसर के कार्य या पद से सम्बन्धित।

assessorship *असेसरशिप n.* post or work of assessor. असेसर का पद या कार्य।

asset *ॲसेट n.* property; beneficial or helpful. सम्पत्ति; लाभप्रद या सहायक।

assets *ॲसेट्स n.* entire property; estate; property of insolvent or deceased. आस्तियां; समूची सम्पत्ति; दिवालिये या मृतक की सम्पत्ति।

asserver *ॲसरवर* (also *asserverate*) *v. t.* to declare solemnly; to affirm. शपथ पूर्वक कहना; निष्ठा पूर्वक कहना।

asserverating *ॲसरवरेटिंग adj.* affirming. शपथ पूर्वक कहने वाला।

asserveratingly *ॲसरवरेटिङ्ग्ली adv.* in a affirmatory manner. निष्ठा पूर्वक कहते हुए; शपथ लेते हुए।

asserveration *ॲसरवरेशन n.* solemn affirmation. निष्ठा पूर्वक प्रतिज्ञान; शपथ; दृढ़ वचन।

assibilate *ॲसिबिलेट v. t.* to create hissing noise. सीसी शब्द करना सीत्कार करना।

assibilation *ॲसिबिलेशन n.* hissing sound. सीत्कार; सीसी ध्वनि।

assiduity *ॲसीडयूइटी n.* close attention. तत्परता; सावधानी।

assiduous *ॲसीड्यूअस adj.* persevering diligent attentive. तत्पर; सावधान; परिश्रमी; सतर्क।

assiduously *असीड्यूअसली adv.* attentively. परिश्रम से; सावधानी से।

assiege *ॲसीज v. t.* to besiege. घेर लेना।

assiento *असीॲण्टो n.* treaty between Britain and Spain for supply of Negroes for being sold as slaves. गुलामों के रूप में बेचने के लिये हब्शियों के लेन-देन की संधि जो ब्रिटेन ने स्पेन से की थी।

assign *असाइन v. t.* to give to; confer; allot; apportion; specify; put in the name of. अर्पण करना; काम देना बांट में देना; नाम करना, प्रदान करना; उल्लेख करना; निश्चत करना।

assignable *असाइनेबल adj.* which can be assigned. दिया या दी जाने योग्य; समर्पणीय सा।

assignation *असिगनेशन n.* (1) making over. (2) secret meeting between lovers. (१) समर्पण; प्रदान। (२) आशिक-माशूकों का गुप्त मिलन।

assignee *असाइनी n.* one to whom a work or property is assigned. जिसे कार्य दिया गया हो या सम्पति दी गई हो या नाम की गई हो।

assignment *असाइनमेण्ट n.* act of assigning; deed of conveyance; task given. समर्पण; कार्यारोपण; हस्तांतरण-पत्र।

assignor *असाइनर n.* one who assigns. देने वाला (कार्य या सम्पत्ति)।

assimilable *असीमिलेबल adj.* which can be assimilated. आत्मसात होने योग्य।

assimilate *असीमिलेट v. t.* to make alike; to absorb. सदृश करना, आत्मसात करना; पचाना।
v. i. to be absorbed. एक हो जाना; मिल जाना; पचना; एकीभूत या समीकृत हो जाना।

assimilation *ॲसीमिलेशन n.* absorption. समीकरण; आत्मसात करण।

assimilative *असीमिलेटिव adj.* with power or tendency to assimilate. पाचनशील; पचाने की शक्ति वाला; मिला सकने वाला।

assist *असिस्ट v. t.* to support; to help. सहायता करना।
v. i. to work as assistant of. सहारा देना; साथ काम करना।
adj. helping. सहायक।

assistance *असिस्टॅन्स n.* help; aid; support. सहायता; सहारा।

assistant *असिस्टॅण्ट n.* helper; junior associate. नीचे का पद धारण करने वाला; सहायक।
adj. helping. सहायक।

categorise *कटेगोराइज v. t.* to class; to enter in a list; to place in a category. वर्गीकरण करना; सूची में रखना; श्रेणी में रखना।

categorist *कैटेगोरिस्ट n.* one who arranges in different categories. जो विभिन्न श्रेणियों, वर्गों या कोटियों में रखना।

category *कैटेगरी n.* a class; order or division; a priori conception. वर्ग, व्यवस्था या श्रेणी; स्वतः सिद्ध धारणा; पदार्थ; जाति, नामरूप; कोटि, एक रूप वर्ग।

catena *कैटीना n.* a chain or connected series. शृङ्खला।

catena patrum *कैटीना पैट्रम* theological extracts arranged in a chronological order. पौराणिक और आध्यात्मिक उद्धरणों को तिथि अनुसार जमाना।

catenarian *कैटीनेरियन adj.* pertaining to a catenary. शृङ्खला सम्बन्धी।

catenary *कैटीनरी n.* curve formed by chain while hand attached to two points on each ends. जंजीर का दोनों ओर से बंध जाने पर तने न रह कर गोलाई (में लटकना)।
adj. like a chain. शृङ्खला जैसा।

catenate *कैटीनेट v. t.* to connect by a chain. शृङ्खला द्वारा सम्बन्ध स्थापित करना।

catenation *कैटीनेशन n.* the connection established thus. इस प्रकार (शृङ्खला द्वारा) स्थापित हुआ सम्बन्ध।

cater *केटर v. i.* to provide entertainment and refreshment. जलपान और मनोरंजन आदि का प्रबन्ध करना।

cateran *कैट्रन n.* a Highland robber. स्काटलैंड के आईलैंड प्रदेश का लुटेरा डाकू।

cater-cousin *केटर-कजन n.* a vague relation. दूर का सम्बन्धी (नाते रिश्तेदार)।

caterer *केट्रर n.* (also *cateress*) one who looks after refreshment and entertainment etc. जलपानगृह; होटल आदि का प्रबन्धकर्त्ता।

catering *केट्रिङ्ग n.* department specially devoted to caterer's work. वह विभाग जहां जलपान आदि का विशेष प्रबन्ध होता हो।

caterpillar *केटरपिलर n.* larvae of a butterfly or moth. तितली या कीट का डिंभ (लारवा)।

caterpiller tractor *केटरपिलर ट्रैक्टर* a tractor. मशीनी हल (ट्रैक्टर) का एक नाम।

caterwaul *केटरवॉल n.* the shriek of a cat. ताप से व्यथित बिल्ली की मिसियाहट।
v. i, to quarrel like cats. बिल्लियों की भांति नोंकझोंक।

catewauling *केटवालिङ्ग n.* the act of quarrelling or shrieking like cats. बिल्लियों की भांति मिसियाना या नोंकझोंक करना।

cat-eyed *कैट-आइड adj.* able to see in the art. अन्धकार में देखने में समर्थ होना।

cat-fish *कैट-फिश n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

cat-gut *कैट-गट n.* a kind of string. वाद्य आदि में काम आने वाली एक प्रकार की तांत।

cat-hammed *कैट-हैम्ड adj.* having thin thigh like a cat. बिल्ली की भांति पतली जांघों वाला।

cathari *कैथारी n. pl.* the Albigensians or a pure Manichaean sect. अलबीजैंसियन या मैनीचेयन नाम की एक पवित्र रक्त वाली जाति।

catharise *कैथेराइज v, t.* to make absolutely clean. पूर्णरूप से पवित्र करना।

catharism *कैथेरिज्म n.* (also *catharist*) the system of the manichaean sect. मैनीचेयन जाति की कार्य पद्धति।

catharsis *कैथारसिस n.* purification. पवित्रीकरण-शुद्ध करना; ऐसा प्रायः कर प्राचीन यूनानी दुखान्त नाटकों में होता था, क्योंकि दुखान्त होने से वे मन की सब मलिनता को हर लेते थे, यही यूनानी नाटककारों का नियम था।

cathartic *कैथार्टिक n.* a medicine that clears the bowels. रेचक औषधि।

cathartic *कैथार्टिक adj.* purgative. रेचक गुणवाली।

cathartical *कैथार्टिकल adv.* in a cathartic manner. रेचक गुणवाली औषधि के रूप में।

cathayan *कैथेयन n. & adj.* Chinese. चीनी।

cathead *कैट्हेड n.* a strong beam below the ship through which the rope suspending the anchor passes. जहाज के निचले भाग की भारी कड़ी (लट्ठा) जिससे लगकर लङ्गर वाला रस्सा गुजरता है।

cathedra *कैथेड्रा n.* a bishop's seat. बिशप पादरी का स्थान।

cathedral *कैथेड्रल n.* the principal church where diocese sits. मुख्य गिरजाघर; जहां पर बड़ा पादरी बैठता है।

cathedratic *कैथेड्रेटिक adj.* authoritative. गिरजाघर से सम्बन्धित-अधिकार पूर्वक।

catherine pear *कैथीरिन-पीयर* a pear of ancient type. प्राचीन किस्म के पीयर।

catherine-wheel *कैथीरिन व्हील n.* a wheel having teeth; a firework that rotates. दांते वाला पहिया; आतिशबाजी जिस पर घूमती है वह चर्खी।

catheter *कैथीटर n.* a tube inside the body that helps in passing gas and urine. वायू और मूत्र बाहर निकालने में सहायक शरीर की एक नली।

catheterism *कैथीट्रीज्म n.* use of a catheter. नली का प्रयोग।

cathetometer *कैथीटोमीटर n.* a small instrument that measures minute different levels of liquids in tubes. ऊर्ध्वतामापी, कई ट्यूबों में तरल पदार्थ के तल को मापने का यन्त्र।

cathetus *कैथीटस n.* a straight line perpendicular to another straight line. एक सीधी रेखा जो दूसरी सीधी सीधी रेखा पर ९०° का कोण बनाये।

cathexis *कैथिक्सिस n.* मनोविज्ञान शास्त्र का एक शब्द-किसी विशेष विचार या धारण पर व्यय होने वाली मेधाशक्ति।

cathisma *कैथिज्मा n.* short hymn. एक छोटा सा भजन।

cathodal *कैथॉडल adj.* pertaining to cathode. ऋणाग्र सम्बन्धी; कैथोड सम्बन्धी।

cathode *कैथॉड n.* opposite to anode:

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

negative pole of an electric battery. धनाग्र शब्द का विपरीत; ऋणाग्र ।

cathode rays कैथॉड रेज electrons coming out of the cathode of a vacuum tube. इलेक्ट्रान का निर्वात ट्यूब के ऋणाग्र में से आना; ऋणाग्र रश्मियां ।

cathode ray tube कैथॉड रे ट्यूब एक विशेष प्रकार की विद्युत ट्यूब ।

cathodic कैथॉडिक *adj.* pertaining to cathode. कैथोड सम्बन्धी या ऋणाग्र सम्बन्धी ।

cathodograph कैथॉडोग्राफ *n.* a skiagram by X-Ray. एक्स-रे द्वारा लिया गया चित्र ।

cathodographer कैथॉडॉग्राफर *n.* one who takes a cathodagraph. एक्स-रे द्वारा चित्र लेने वाला ।

cathodography कैथॉडॉग्राफी *n.* that part of electronic science which deals with the art of photographing by means of X-Ray. एक्स-रे द्वारा चित्र लेने का शास्त्र ।

cat-hole कैट-होल *n.* one of the two holes in a certain part of a ship meant for passing a large rope through it for checking its speed or for heaving the anchor. जहाज के एक पार्श्व में दो छिद्र जिनके द्वारा रस्से डालकर जहाज की गति को मन्दा किया जाता है या लङ्गर को उठाया जाता है ।

catholic कैथॉलिक *adj.* universal; orthodox; all embracing the Christians as such; tolerant. सार्व-भौमिक; पुराण पन्थी; सभी ईसाइयों को एक सूत्र में बांधने वाली; उदा-चित्त; सहिष्णु ।

n. a believer and an adherent to the Roman Catholic Church. रोमन कैथलिक चर्च में पूर्ण विश्वास करने वाला तथा उसके नियमों पर चलने वाला ।

German Catholics जर्मन कैथौलिक a body that separated from Roman Catholic Church in 1844 Germany. जर्मनी में एक शाखा जिसने सन् १८४४ में रोमन कैथोलिक चर्च से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये ।

Old Catholics ओल्ड कैथौलिक another body that broke from the Roman Catholic Church in 1870 in Germany जर्मनी में एक दूसरी शाखा जो १८७० में रोमन कैथलिक चर्च से अलग हो गई ।

Catholic Apostolic कैथौलिक अपोस्टॉलिक a member of this Catholic Apostolic-Church. कैथालिक अपोस्टालिक चर्च का सदस्य ।

catholic creditor कैथौलिक क्रेडिटर one whose debt is realised from many subjects of the debtor. वह साहूकार जिसका-उधार ऋणी की कई एक वस्तुओं से प्राप्त हो ।

Catholic emancipation कैथौलिक इमैन्सीपेशन a relief granted to Roman Catholics in 1829 from certain penal regulations. रोमन कैथलिक्स को सन् १८२६ में कुछ दंड विनि-यमों से दी गई छूट ।

catholic epistles कैथौलिक एपिसल्स certain letters addressed to the church. चर्च को संबोधन कर के लिखे गये पत्र ।

catholicise कैथौलीसाइज *v.t.* to make Catholic; to become Catholic. कैथलिक धर्म में प्रवेश की आज्ञा देना; कैथलिक बनजाना ।

catholicism कैथौलीसिज्म *n.* members of the Roman Catholic Church. रोमन-कैथलिक चर्च के अनुयायी ।

catholicity कैथौलीसिटी *n.* universality. विश्व बन्धुत्व की भावना; सहिष्णुता ।

catholic king कैथौलिक किंग the king to Spain. इस्पेन देश का राजा ।

catholicon कैथौलीकोन *n.* a Panacea. राम बाण औषधि; सर्वरोग नाशक औषधि ।

cat-hood कैट-हुड *n.* having the qualities or nature of a cat; state of being a cat. बिल्ली के गुणवाला या प्रकृति वाला; बिल्ली जैसी होने की स्थिति ।

catiline कैटीलाइन *n.* a daring conspirator. सिसीरियों के काल के (ईसा से ३३ वर्ष पूर्व) षडयंत्रकारी के नाम पर यह शब्द बना है- साहसी षडयंत्र रचने वाला ।

cation कैशियन *n.* ion that goes towards the cathode. धनायन ।

cat-kin कैट-किन *n.* a kind of unisexual flower. एक प्रकार का पुष्प ।

cat-lap कैट-लैप *n.* any thin drink. ऐसी शराब जिसमें शराब की मात्रा कम हो ।

cat-like कैट-लाइक *adj.* stealthy. दबे पांव ।

catling कैटलिङ्ग *n.* (1) Shakespearean usage— a string made of catgut. (2) surgeon's knife. (१) शेक्सपीयर का प्रयोग– तांत की बनी हुई डोरी । (२) शल्य चिकित्सक की छुरी ।

catmint, catnep, catnip कैटमिन्ट, कैटनप कैटनिप *n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा ।

catonian कैटोनियन *adj.* having unbending quality like Cato (234-149 B. C.) केटो (ईसा से २३४-१४६ पूर्व) जैसे गुण वाला; दृढ़ संकल्प वाला ।

catopric कैटोप्रिक *adj.* relating to reflection. परावर्तन (प्रति बिंब) सम्बन्धी ।

catoprics कैटोप्रिक्स *n. pl.* that part in the science of optics which treats of reflected light. परावर्तन विज्ञान शास्त्र ।

cat's-cradle कट्स-क्रेडल *n.* a kind of game. एक प्रकार का मनोरंजन का साधन ।

cat's-ear कैट्स-इयर *n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा ।

cat's-eye कैट्स-आई *n.* a kind of precious stone. लंहसुनियां ।

cat's-foot कैट्स-फुट *n.* ground ivy. एक प्रकार की लता (बेल) ।

cat-silver कैट-सिलवर *n.* a kind of mica. एक प्रकार की अभ्रक ।

cat's-meat कैट्स-मीट *n.* horse's meat given to cats. घोड़े का मांस जो बिल्ली को खाने को दिया जाता है ।

cat's-paw कैट्स-पॉ *n.* (१) जो दूसरे के हाथों में कठपुतली बना हुआ हो । (२) हल्की हल्की वायु (३) रस्सी के सिरे पर हुक बांधने की जगह ।

cat's-tail कैट्स-टेल *n.* a kind of grass. एक प्रकार की घास ।

cat's-whisker कैट्स-विस्कर *n.* a delicate wire used in crystal sets. बिना बिजली के प्रयोग चलने वाले क्रिस्टलसैट का एक बारीक तार ।

cattabu कैटैबू *n.* cross between cattle in general and zebu. साधारण पशुओं और जैबू से उत्पन्न पशु ।

cattalo कैटैलू *n.* cross between buffalo and cow. गाय और भैंस के संयोग से उत्पन्न (वर्णसंकर उत्पत्ति) ।

cattish कैटिश *adj.* similar to cat; spiteful. बिल्ली जैसा; शैतान ।

cattle कैटल *n. pl.* beasts such as cows, bulls and oxen and horses and sheep etc. गाय, बैल और सांड और घोड़ा और बकरी आदि पशु; ढोर ।

cattle-lifter कैटल-लिफ्टर *n.* one who steals cattles. जिसका पेशा ढोरों की चोरी करना ही हो ।

cattle-lifting कटल-लिफ्टिङ्ग *n.* the profession of lifting cattle. ढोर चुराने का पेशा ।

cattle-man कटल-मन *n.* one who tends cattles. ढोर पालने वाला ।

cattle-plague कटल-प्लेग *n.* a disease known as rinderpest found among cattles. रिंडर पैस्ट नाम का रोग जो ढोरों में पाया जाता है ।

cattle-show कटल-शो *n.* an exhibition of cattles. ढोर और दूसरे घरेलू पशुओं की प्रदर्शनी जिसमें जीतने वालों को बाद में इनाम बांटे जाते हैं ।

catty कैटी *adj.* like a cat; scornful; back-biting. बिल्ली जैसा; घृणा योग्य; चुगली खाना ।

n. a Chinese coin. चीन देश का सिक्का ।

cat-walk कैट-वॅक *n.* a narrow path on walk as provided on a bridge. सकड़ा मार्ग; रास्ता, पथ आदि; पुल के ऊपर होकर गुजरने वाली सड़क ।

cat-witted कैट-विटेड *adj.* narrow minded; loathsome; spiteful; conceited. संकुचित विचारों वाला, घृणा और अनादर के योग्य; घमण्डी; अभिमानी ।

Caucasian कॉकेजि (शि) यन *adj.* pertaining to Caucasus (a part of the U. S. S. R. at the country around it). काकेशिया का संयुक्तसोवियत समाजवादी गणराज्य का भाग का निवासी या उसके आस पास का क्षेत्र ।

caucus कॉकस *n.* (1) party organisation for fishing elections (in Britain.) (2) meeting of party members to nominate a candidate (in U. S. A.) (१) (ब्रिटेन में इस शब्द का अर्थ)चुनाव लड़ने के लिये दल का संगठन । (२) (अमरीका में इस शब्द का अर्थ) दल के सदस्यों की समिति जो अभ्यर्थी (उम्मीदवार) का नाम निर्देश करती है ।

caudal कॉडल *adj.* like tail; pertaining to the tail. पूँछ जैसी; पूँछ सम्बन्धी ।

caudate कॉडेट (also *caudated*) काडेटेड *adj.* tailed. पूँछ लगा हुआ ।

caudex कॉडेक्स *n.* stem of a tree (a botanical term.) (वनस्पति शास्त्र का शब्द) वृक्ष

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

का स्तम्भ (स्टेम)।

caudicle *कॉडीकल n.* stalk of certain trees. किन्हीं किन्हीं वृक्षों की टहनियां।

caudle *कॉडल n.* a special kind of drink made by mixing spice; sugar and wine, for invalids especially for ladies at the time of child birth. एक प्रकार का पात-हरीरा जो विशेषतया स्त्रियों को प्रसव काल में दिया जाता है। जच्चा के पीने के लिए अछवानी।

hempen candle : (शेक्सपीयर का रूढिगत-प्रयोग) जल्लाद की रस्सी की एक प्रकार की गांठ।

caught *कॉट p. t. & p. p.* of the word 'catch'.

cauk *कॉक n.* chalk. चाक; खड़िया मिट्टी इत्यादि।

caul *कॉल n.*(1) membrane that contains a child's head at the time of birth. (2) a kind of cap. (१) वह थैली जिसमें जन्म के समय बच्चे का सिर होता है। (२) एक प्रकार की टोपी।

cauld *कॉल्ड* (1) dam; weir etc. (2) cold. बांध; झाल; बंध; डाम आदि (स्काट का प्रयोग) ठंड; ठंडा।

cauldrife *कॉल्ड्रिफ adj.* chilling; vigourless; lifeless. सुन्न करने वाला; शौर्यहीन; कांतिहीन; निर्जीव।

cauldron *कॉल्ड्रेन n.* a large pot generally made of iron for boiling and heating liquids. कढ़ाही जिसको आग पर चढ़ाया जाता है और पूरी हलवा आदि बनाते हैं; कड़ाहा; दुकन्नी जिसमें दो कड़े लगे हुए होते हैं।

caulescent *कॉलीसेण्ट adj.* with visible stem rising above the ground. जो स्तम्भ जमीन से बाहर निकल आया हो।

caulicle *कॉलीकल n.* a tendril stem. तन्तु स्तम्भ (टैण्ड्रिल स्टेम)।

caulicolous *कॉलीकॉलस adj.* (also *cauliculate)* sprouting on a stem. स्तम्भ पर फूटने वाला।

cauliculus *कॉलीकुलस n.* tender stem. कन्द स्तम्भ।

cauliflory *कॉलीफ्लॉरी n.* production of flowers (from buds). कलियों से पुष्प उगना

cauliflower *कॉलीफ्लावर n.* a kind of edible cabbage. फूलगोभी।

cauliform *कॉलीफॉर्म adj.* having the shape of a stem. स्तम्भ के आकार प्रकार का; जिसका रूप स्तम्भ जैसा हो।

cauligenous *कॉलीजीनस adj.* which in taken on a stem. स्तम्भ पर लाया हुआ।

caulinary *कॅलीनरी adj.* pertaining to a stem. जिसका सम्बन्ध स्तम्भ से हो।

cauline *कॉलाइन adj.* belonging to a stem. जो स्तम्भ से सम्बन्धित हो।

caulk *कॉक v. t.* to watertight seams of a ship. जहाज की झिरी बन्द करना।

caulk-iron *कॉक-आयरन n.* an instrument for caulking. झिरी बन्द करने का औजार।

caulome *कॉलोम n.* inner and outer structure of a stem. स्तम्भ की भीतरी और बाहरी संरचना।

causal *कॉजल adj.* expressing cause. कारण; हेतु बतलाने वाला कारणात्मक।

causality *कॉजलिटी n.* the relation of cause and effect; the working of a cause (a doctrine). हेतु और परिणाम का पारस्परिक सम्बन्ध; हेतुत्व कारणता।

causally *कॉजली adv.* in a causal manner. हेतु रूप से।

causation *कॉजेशन n.* causality or the relation of cause and effect; act of causing. हेतु और परिणाम का पारस्परिक सम्बन्ध।

causationism *कॉजेशनीज्म n.* universal causation (a doctrine.) सार्वभौमिक हेतु और परिणाम का पारस्परिक सम्बन्ध।

causationist *कॉजेशनिस्ट n.* one who believes in causationism. जो इस वाद में विश्वास करता हो।

causative *कॉजेटिव adj.* (1) causal. (2) causative verb. (१) हेतु कारण; कारण बतलाने वाला। (२) प्रयोजक क्रियापद; हेतु सम्बन्धी क्रिया।

causatively *कॉजेटिवली adv.* in a causative manner. कारण रूप से।

cause *कॉज v. t.* to bring about; to produce. कोई कार्य करना; (कारण) उत्पन्न करना; स्थित करना।

n. which produces an effect; motive; inducement; law suit; sake. कारण, हेतु; आकर्षण; मुकदमा; कारण; वाद; वाद का कारण; मूल।

cause sui *कॉज सुइ* स्वकारण; जो निज कारण से उत्पन्न हुआ हो; स्वयम्भू।

efficient cause : the cause which lies in the root of any change that has its present form. मूलकारण।

final cause : ultimate cause for the disign of this universe. संसार के निर्माण का मूल कारण।

first cause : original cause or creator. मूलकारण या सृजनकर्ता (इस संसार का); ब्रह्मा

formal cause : idea of a thing. मूल विचार; परिभाषा।

hour of cause : (Scot's usage) hour of trial. परीक्षण का समय (स्काट का प्रयोग)।

make common cause : एक ही कारण से आपस में मिलकर बैठना।

material cause : is the cause out of which something is caused. उत्पत्ति कारण।

causeless *कॉजलस adj.* without a just cause. अकारण, निरर्थक।

causelessly *कॉजलॅसली adv.* in a causeless manner. अकारण ही; निष्प्रयोजन।

causelessness *कॉजलॅसनेस n.* निष्प्रयोजनता; अकारणता; निरर्थकता।

causer *कॉजर n.* one who stimulates a cause. जो कारण उत्पन्न करता हो।

causerie *कॉजरी n.* a short and informal talk or gossip or a piece of literature and art in a newspaper of magazine. समाचार पत्र या मासिक या पाक्षिक पत्र में मनोविनोद आदि का एक कालम।

causeway *कॉजवे n.* a raised way or road over a marshy ground. पैड़ा; बांध आदि।

v. t. to pave. रास्ता बनाना।

caustic *कॉस्टिक n.* (1) a substance. (2) *adj.* burning. (3) an envelope of rays. (4) biting; sarcastic. (१) कास्टिक पदार्थ। (२) दाह उत्पन्न करने वाली। (३) रश्मि जाल; वक्र-किरण। (४) तीखा; कडुआ हास्य।

common caustic कॉमन कॉस्टिक potash. पोटाश; सिल्वर नाइट्रेट।

lunar caustic लूनर कॅस्टिक small bars made of silver nitrate to help in surgical operations. शल्य चिकित्सकों के काम आने वाली सिल्वर नाइट्रेट की छोटी छोटी बत्तियें।

caustically *कॉस्टीकली adv.* in a caustic manner. कास्टिक पदार्थ के रूप में।

caustic ammonia *कॉस्टिक अमोनिया* अमोनिया की गैस आदि।

causticity *कॉस्टीसिटी n.* quality of being caustic. कास्टिक के गुण वाली।

caustic lime *कॉस्टिक लाइम* a special kind of lime. एक विशेष प्रकार का चूना।

caustic potash *कॉस्टिक पोटाश* a kind of potassium hydroxide. एक विशेष प्रकार का पोटाशियम हाइड्रोआक्साइड।

caustic soda *कॉस्टिक सोडा* a kind of sodium hydroxide. एक प्रकार का सोडियम हाइड्रोआक्साइड।

cautel *कॉटल n.* craft; wariness etc. चालाकी; कला आदि।

cautelous *कॉटिलस adj.* artful; cautions. खबरदार; होशियार; समझदार।

cauter *कॉटर n.* a burning with the help of a hot iron. गरम लोहे की छड़ से दागना।

cauterisation *कॉटराइजेशन n.* the act of burning. दागने की क्रिया।

cauterise *कॉटराइज v. t.* to burn with hot iron bar. गरम लोहे की छड़ से दागना

cauterism *कॉटरीज्म n.* the art of burning with hot iron bar. गरम लोहे की छड़ से दागने की कला।

cautery *कॉट्री n.* the hot iron bar used for this purpose. लोहे की गरम छड़।

caution *कॉशन n.* heedfulness, avoidance of rashness. सावधानी; चौकसी; जल्दबाजी से बचना।

v. t. to sound to take care. सावधानी के लिए आगाही करना।

cautionary *कॉशनरी adj.* the act of giving security. सुरक्षा का कार्य।

cautioner *कॉशनर n.* given in the form of a pledge. वचन रूप में।

caution money *कॉशन मनी* money which is paid in advance as security. जमानत का रुपया।

cautionry *कॉशनरी n.* one who gives advice. सलाहकार।

cautious *कॉशस adj.* watchful. जागरूक।

cautiously *कॉशसली adj.* in a cautious

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

manner. सजग रूप से।

cautiousness *कॉशसनेस n.* the quality of being cautious. सजगता; जागरूकता।

cavalcade *कैवलकेड n.* a train of persons on horse back. अश्वारोहियों का दल।

cavalier *कैवलियर n.* a gallant; a knight; a horseman. घुड़सवार; अश्वारोही।
adj. gay; haughty. प्रमुदितमन; अभिमानी।

cavalierish *कैवलियरइश adj.* war-like. युद्ध के लिये प्रस्तुत रहे, ऐसे गुण वाला।

cavalierism *कैवलियरइजम n.* the art of being a cavalier. वीरत्व; शौरत्व।

cavalierly *कैवेलियरली adv.* in a cavalier manner. घुड़सवार की रीति से।

cavaliero *कैवलियरो n.* one who is cavalier. अश्वारोही।

cavally *कैवली n.* a kind of fish of the scad family. स्कैड वर्ग की मछली।

cavalry *कैवलरी n.* a troop of horsemen. अश्वारोहियों का दल या सेना।

cavatina *कैवॅाटीना n.* a melody. सुर और राग; सुरीली ध्वनि; (गीत)।

cavation *कैवेशन n.* digging for lying the foundation. नींव के लिए खुदाई गई भूमि।

cave *केव n.* (1) a hollow cavity in a rock. (2) beware. (1) खोह; गफा; कन्दरा; (२) होशियार (रहना)।
v. t. to live in a cave. कन्दरा में वास करना।

caveat *कैवीट n.* a warning. सूचना।

cave-bear *केव-बियर n.* fossils of bears found in excavation. प्राचीनकाल के रीछों के पिंजर।

cave-dweller *केव-ड्वॅलर n.* (of pre-historic) one who dwells in a cave. प्रागैतिहासिक काल से सम्बन्धित); कन्दरा में रहनेवाला।

cave-earth *केव-अर्थ n.* कन्दराओं की तह में पाई जाने वाली धातुएँ आदि।

cave-in *केव-इन* a give way to out side pressure. हार मान जाना, (दबाव में आकर)।

cavel *कैवल n.* a kind of piece of wood. एक प्रकार का लकड़ी का टुकड़ा।

cave-man *केव-मैन n.* a cave-dweller. कन्दरा-वासी।

cavendish *कैवनडिश n.* a cake of tobacco. एक प्रकार की तम्बाकू की पिंडी।

cavern *कैवर्न n.* a deep and hollow place in a rock. खन्दक; बहुत गहरी कन्दरा।
v. t. to hollow out. खोद-खोद कर गहरा करना।

caverned *कैवर्नड adj.* full of caverns, जहां बहुत सी खन्दकें हों।

cavernous *कैवर्नस adj.* hollow. खोखला।

cavernously *कैवर्नसली adv.* in a cavernous manner. खोखले रूप में।

cavernulous *कैवर्नुलस adj.* full of cavities. छोटे-छोटे छिद्रों से भरपूर।

cavesson *कैवीजन n.* a nail in the horse's neck. घोड़े के नाक की कील।

cavetto *कैवीटो n.* a kind of implement. एक प्रकार का औजार जो चतुर्थ चन्द्रकार डङ्क का बना होता है।

caviare *कैवीयार n.* something whose flavour is too tempting for the low taste. निकृष्ट स्वाद वाले के लिए, जो सुगन्ध बहुत आकर्षक हो।

cavicorn *कैवीकार्न adj.* hollowed-horn. खोखला सींग।

cavie *कैवी n.* a cage. पिंजरा।

cavil *कैविल v. t.* to make false charges. झूठी निन्दा करना; झूठा दोष लगाना।

cavillation *कैविलेशन n.* (also *caviller & cavilling)* the act of cavilling. झूठी निन्दा करने का कार्य।

cavitation *कैवीटेशन n.* the formation of cavities. छिद्रों के बनाने का कार्य।

cavitied *कैवीटीड adj.* full of cavities. जिसमें छिद्र ही छिद्र अधिक हों।

cavity *कैवीटी n.* an opening; a hollow. दराड़; फटाव; छिद्र।

cavo-rilievo *कावो-रिलियावो n.* a kind of relief work in masonry. सङ्गतराशी का काम।

cavort *कैवोर्ट v. i.* to bound. पुश्ता बंधवाना।

cavy *कैवी n.* a kind of fig. एक प्रकार का सूअर।

caw *कॉ v. i.* to cry like a crow. कौवे की भांति कांव कांव करना।
n. the cry of a crow. कौवे की कांव कांव।

cawing *कॉइङ्ग n.* the sound that a crow make. कांव कांव की आवाज।

caxon *कैक्सन n.* a kind of hair-cap worn by baldheaded person. गंजों के पहनने की टोपी।

Caxton *कैक्सटन n.* the first English printer William Caxton. (1422-91). विलियम कैक्सटन (१४२२-९१) ब्रिटेन में सबसे पहिले छापे का कार्य आरम्भ किया।

cay *के n.* another word for key. चाबी (की) के लिये दूसरा शब्द।

cayenne *केएन n.* a kind of pungent red-pepper. एक प्रकार की तेज लाल मिर्च।

cayenned *केएन्ड adj.* seasoned with cayenne. लाल मिर्च में छुकी हुई।

cayman *केमैन n.* a crocodile of South American kind. एक प्रकार का दक्षिणी अमरीका का घड़ियाल।

cayuse *कीयस n.* a weak; poor horse or pony. मरियल घोड़ा या टट्टू।

cease *सीस v. t. & v. i.* to stop to end, to give over. समाप्त करना या होना; रोकना या रुकना; दे देना।
n. end, conclusion. समाप्ति, अन्त; अवसान

cease-fire *n.* end of war or battle, conclusion of hostilities. युद्ध-बन्दी; लड़ाई बन्द करना; युद्ध-विराम का करार या समझौता।

ceaseless *सीसलेस adj.* continuous; without break, incessant. निरंतर; लगातार; अनवरत, अनन्त, अविरल।

ceaselessly *सीसलेसली adv.* continuously निरंतर, लगातार।

ceasing *सीसिंग n.* pause; stoppage. अंत: थेला, रुकावट; समाप्ति; अन्त।

ceaze *सीज v. t.* ancient spelling of seize; to take possession. कब्जा करना; घेरना आदि (देखिये seize)।

cebadilla *सेबडिल्ला n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा।

cebidae *सेबिडी n. (pl.)* **cebus** *सीबस n. (sin.)* particular type of monkey found in American. अमरीका में पाये जाने वाले विशेष प्रकार के बन्दर।

cecidomyia *सेसीडो माइया n.* a special type of insects resembling flies which destroy the vegetation. हरियाली को हानि पहुंचाने वाली एक मक्खी के समान कीड़ा।

cecils *सेसिल्ज, सीसिल्ज n. (pl.)* fried balls of minced meat, bread pieces and onions etc. कबाब, रोटी के टुकड़ों और प्याज आदि की बाटियां; जो उनके पेड़े बनाकर भून कर बनाते हैं।

cecity *सीसिटी n.* loss of sight, blindness. अंधापन, अन्धता, दृष्टि न रहने की स्थिति।

cecropia *सीक्रोपिया n.* an American tree whose stems are hollow in which ants breed and also get food. एक अमरीकी पेड़ जिसकी टहनियां पोली होती हैं और उनमें चींटियां रहती हैं तथा भोजन पाती हैं।

cecutiency *सिकूश्यनसी n.* a disease which finally leads to loss of sight. एक ऐसा रोग जिससे धीरे धीरे मनुष्य अन्धा हो जाता है।

cedant arma togae : *(l.)* let arms yield to gown; i. e. army to civil. सेना असैनिक शक्ति के अधीन रहे; तलवार से कलम बड़ी रहे।

ceder *सीडर, सेडॅर n.* a kind of tree which remains ever green and its wood is durable and fragrant particularly use in furniture. देवदार के समान एक वृक्ष जो सदा हरा रहता है और उसकी लकड़ी बहुत चलाऊ होने के कारण इमारती सामान में प्रयुक्त होती है और उसमें सुगन्ध सी आती है।

cedar-bird *सीडर बर्ड n.* an American bird with beautiful smooth wings. सुन्दर चिकने परों वाला एक अमरीकी पक्षी।

cedard *सी डर्ड adj.* coverd with cedars. देवदारं के से वृक्षों से आच्छादित।

cedarn *सेडार्न adj.* made of cedar. देवदार का बना हुआ।

cedar-nut *सीडरनट n.* seed of cembra pine which is common in Switzerland. सीमब्रापाइन नामक वृक्ष का बीज जो स्विटजरलैण्ड में बहुत होता है।

cedrine *सीड्राइन adj.* of the cedar-tree. देवदार के वृक्ष का।

cede *सीड v. t. & v. i.* to yield; give up; submit; surrender. परित्याग करना; सौंपना; देना; झुक जाना, आत्म-समर्पण करना; अर्पण करना।

cedilla *सेडिला n.* a mark placed below 'c' to give it the sound of z or s. z या s की ध्वनि का संकेत करने के लिए c के नीचे लगाया जाने वाला चिह्न।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

cedrate *सीड्रेट n.* citron; a large type of lemon like fruit. चकोतरे के समान बड़ा खट्टा फल; जंभीरी नीबू; खट्टा, गलगल।

cedula *सेड्यूला n.* promissory note or land mortgage bond in South America. ऋण-पत्र या भूमि का रहनपत्र जो दक्षिणी अमरीका में प्रयुक्त होता है; बन्धक-पत्र; रुक्का।

cee-spring *सी-स्प्रिंग n.* a spring shaped like c which is fixed under the frame of carriage. गाड़ी के नीचे लगी हुई धनुषाकार लोहे की पत्ती जिस पर गाड़ी का भार रहता है

ceil *सील v. t.* to cover the inner roof of a room with plaster etc. कमरे की निचली छत का पलस्तर बनवाना।

ceiling *सीलिङ्ग n.* inner roof of a room; upper limit. कमरे की छत का निचला भाग; आच्छादन; ऊपरी सीमा।
adj. maximum. अधिकतम; उच्चतम।

ceiling price *सीलिङ्ग प्राइस n.* highest price that is fixed by Government for a commodity. किसी वस्तु का सरकार द्वारा निश्चित उच्चतम मूल्य।

ceinture (*Fr.*) belt. कमरबन्द; पेटी।

celadon *सीलडन n.* a greenish colour. हरा जैसा एक रङ्ग।

celandine *सेलनडाइन n.* a tree which floweres in swallow-season and withers when swallows depart. एक वृक्ष जो गर्मी में आने वाली चिड़िया के आगमन पर फूल देता है और उसके चले जाने पर मुरझा जाता है।

cela va sans dire (*Fr.*) that goes without saying. यह बात तो है ही।

cela viendra (*Fr.*) that will come. ऐसा ही होगा।

celebrant *सेलिब्रॅण्ट n.* one who celebrates; man officiant at a ceremony. उत्सव मनाने वाला; किसी उत्सव या संस्कार में प्रधान पुरोहित।

celebrate *सेलिब्रेट v. t.* to perform religious ceremony; to make famous; to give publicity; to admire; to ceremonise. धार्मिक उत्सव करना; प्रसिद्ध करना; प्रचलित या प्रकाशित करना; प्रशंसा करना; उत्सव के रूप में मानना; समारोह करना; संस्कार करना।

celebrated *सेलिब्रेटेड adj.* famous; renowned. प्रसिद्ध; सुविख्यात माना हुआ।

celebration *सेलिब्रेशन n.* religious ceremony; any ceremony to mark an occasion, praise; act of celebrating. उत्सव; समारोह; प्रशंसा; धार्मिक उत्सव; कीर्तन; अनुष्ठान; उत्सव मनाना; उछाह।

celebrator *सेलिब्रेटर n.* one who celebrates any occasion. खुशी मनाने वाला; उत्सव करने वाला।

celebrity *सेलिब्रिटी, सिलेब्रिटी n.* fame; renown; notoriety; praise; a renowned person. कीर्ति; यश; प्रसिद्धि; बदनामी; ख्याति; ऊंचा नाम; प्रशंसा, प्रसिद्ध व्यक्ति।

celerity *सिलेरिटी n.* quickness, swiftness; speed; rapidity of motion. शीघ्रता; तीव्र गति; वेग।

celery *सेलरी n.* a plant whose leaves are used as vegetable—raw or cooked. एक पौधा जिसके पत्ते खाने में काम आते हैं—कच्चे भी और पका कर भी।

celesta *सिलेस्टा n.* a kind of ringing instrument having steel plates against which hammers strike. एक बाजा जिसमें लोहे की तश्तरी पर हथौड़े के लगने से ध्वनि निकलती है।

celeste *सिलेस्ट adj.* of sky blue colour. आसमानी रंग का; आकाश के समान नीला।
n. dweller of heaven; Chinese. स्वर्ग का निवासी; चीन का निवासी।

celestial *सेलेश्यल, सिलेस्ट्यॅल adj.* pertaining to heaven; divine; handsome; as opposed to temporal; Chinese. स्वर्गीय अलौकिक; दिव्य; सुन्दर; लौकिकता से परे; चीनी

celestial, damsel *सिलेश्यल, डॅमसेल n.* a nymph; a very beautiful girl. स्वर्गीय अप्सरा; अतीव; सुन्दर रमणी; हूर की परी।

celestial, Empire *सिलेस्ट्यल, अॅम्पायर n.* China. चीन देश।

celestially *सिलेस्ट्यली adv.* in heavenly manner. स्वर्गीय रूप में।

celestial world *सेलेश्यल वर्ल्ड n.* heaven; world beyond this nature. स्वर्ग; सुरलोक; परलोक।

celestine *सेलिस्टाइन, सिलेस्टिन n.* a sky—blue mineral; strontium sulphate. एक आसमानी धातु; स्ट्रोनियम सल्फेट।

celiac *सीलियक adj.* relating to the belly. पेट सम्बन्धी।

cellbacy *सेलीबेसी n.* unmarried life particularly chaste life; abstinance. अविवाहित जीवन; ब्रह्मचर्य; वासना में संयम।

celibatarian *सेलीबटेरियन adj.* favouring a life of celibacy. सदाचार की जीवन पसन्द करने वाला; सदाचार-वादी।

celibate *सेलीबेट adj.* unmarried and chaste; of chastity; chaste. अविवाहित; ब्रह्मचारी या ब्रह्मचारिणी; ब्रह्मचर्य का।
n. unmarried and chaste person one who does not want to be married. अविवाहित व्यक्ति; ब्रह्मचारी या ब्रह्मचारिणी; विवाह-विरोधी।

cell *सॅल n.* (1) small room in a monastry. (2) prison hole. (3) compartment in bee-hive. (4) small electric apparatus. (5) under ground room. (6) any small room. (7) smallest living particle many of which exist in organs. (8) a group. (9) cavity. (10) one roomed house. (१) मठ या गिरजे की कोठरी। (२) जेल की कोठरी। (३) मधु मक्खी के छत्ते का एक कमरा या खाना। (४) बिजली की बेटरी का एक अङ्ग। (५) तहखाना; भूमिगति कोठरी। (६) छोटा कमरा; कोठरी। (७) छोटे से छोटा जीवित तत्व जो प्राणियों में बड़ी संख्या में विद्यमान है, पुद्गल। (८) टोली; मण्डली। (९) गड्ढा। (१०) एक कमरे का मकान।

cella *सेला n.* inner apartment of a temple. मन्दिर का अन्दर का कमरा।

cellar *सेलर n.* a table vessel for holding salt; underground room; a room for storing wine; coal etc; a stock of beer or wine. छोटा सा नमक-दान जो मेज पर रखा रहता है; भूमि के नीचे बना हुआ कमरा तहखाना; मदिरा कोयला आदि का गोदाम; मदिरा का भन्डार।
v. t. to store cellar. भन्डार में स्थान देना;

cellarage *सेलरेज n.* charges for keeping wine in cellar. भन्डार में रखने का किराया।

cellar-book *सेलर-बुक n.* register containing the account of wines stored in cellar. भन्डार में रखी गई मदिराओं के लेखे की बही।

cellarer *सेलरर n.* one who is incharge of a wine-store. मदिरा भन्डार की देख रेख करने वाला व्यक्ति।

cellaret *सेलॅरेट n.* a box made of wood for keeping bottles. मदिरा की बोतलें रखने की पेटी।

cellar-flap *सेलर-फ्लॅप* a plate at the entrance of the cellar to act as barrier. मदिरा-भन्डार के द्वार पर लगाई गई आड़।

cellarist *सेलरिस्ट n.* one who has charge of the wine store; one who looks after the provisions in a monastry. मदिरा-भन्डार की देख रेख करने वाला; पादरियों के रहने के स्थान पर भोजन-व्यवस्था करने वाला।

cellar-man *सेलरमॅन n.* one who looks after a cellar. मदिरा-भन्डार की देख भाल करने वाला।

cellarous *सेलरस adj.* belonging to cellar; sunken, excavated. मदिरा-भन्डार का; खुदा हुआ; खोदा हुआ।

celled *सेल्ड adj.* having cells. कोठरियों या कोष्ठकों वाला।

celliferous *सेलीफरस adj.* producing cells; celled. पुद्गल या जीवित तत्व उत्पन्न करने वाला कोठरियों वाला।

cello *सेलो* a type of violin. वायोलिन के समान एक बाजा।

cellular *सेल्यूलर adj.* having small cavities; consisting of cells; having cells; porous. छोटे छोटे छिद्रों वाला, पुद्गलों से बना हुआ, कोष्ठकों वाला; खानों वाला।

cellulated *सेल्यूलेटेड adj.* with cells कोठरी या खाने वाला।

cellule *सेल्यूल n.* a small cell छोटी कोठरी।

celluliferous *सेल्यूलिफेरस* havingsmall cells producing cellules. कोष्ठकों वाला; पुद्गल उत्पन्न करने वाला।

cellulitis *सेलुलिटिस n.* an infectious disease due to bacteria. रोगाणुओं द्वारा फैलने वाला एक छूत का रोग।

celluloid *सेल्यूलॅइड n.* an artificial substance resembling ivory. hard and elastic. हाथी दांत के समान कृत्रिम पदार्थ; कचकड़ा।

cellulose *सेल्यूलोज adj.* containing cells; a substance forming the walls of plant cells; compounds used in manufacture of rayon सूक्ष्म कोष्ठकों वाला; पुद्गलों

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वाला: पौधों के पुद्गलों की दीवारों का पदार्थ; नकली रेशम बनाने में प्रयुक्त सिश्रित पदार्थ।

celsitude *सेलसीट्यूड n.* loftiness उच्चता।

celsius *सेलसियस n.* inventor of centigrade thermometer. शतांश तापमापक का आविष्कर्ता।

celt *सेल्ट n.* a kind of axe used in ancient days. पूर्व ऐतिहासिक काल में प्रयुक्त एक प्रकार की कुल्हाड़ी।

Celt *केल्ट सेल्ट n.* people who are Celtic speaking a branch of Indo-Germanic family of languages. भारत-जर्मन भाषा परिवार की एक पाश्चात्य शाखा केल्ट या सेल्ट के बोलने वाले लोग; वह भाषा परिवार।

Celtic *सेल्टिक केल्टिक adj.* pertaining to Celto of Celt languages. सेल्टभाषा परिवार संबंधी।

Celtic cross *सेल्टिकक्रॉस' केल्टिक,क्रास n.* crosses and monuments drawn or carved by Celts. केल्ट लोगों द्वारा बनायी गई स्वतिक जैसी बनावटें।

Celticism *केल्टिसिज्म, सेल्टिसिज्म n.* idiom or custom of the Celts. केल्ट लोगों की रीति-रूढियां या भाषा के मुहावरे।

celui qui vent, pent (Fr.) one who has the will, can do anything. जिसमें संकल्प है उसमें शक्ति है।

cembalist *चेम्बालिस्ट n.* one who is a specialist in cembalo playing. चेम्बालो नामक बाजा बजाने वाला।

cembalo *चेम्बालो n.* a musical instrument of West. पाश्चात्य देशों का एक बाजा।

cembra (pine) *सेम्ब्रा [पाइन] n.* a stone pine of Switzerland. स्विटजरलैण्ड का एक वृक्ष।

cement *सिमेण्ट, सीमेंट n.* sticking material, particularly containing lime and clay; bond of union. सिमेंट, भवन निर्माण में काम आने वाला पदार्थ जिसमें चूना और मिट्टी होती है; संगठन के बन्धन।

v.t. to unite, to join with cement or cover with cement. संबंध जोड़ना; सीमेंट से चिपकाना या पक्का करना।

cementation *सिमेंटेशन n.* act of cementing, act of uniting. सीमेंट से पक्का करने की क्रिया; संभोग या सम्बन्ध जोड़ने का कार्य।

cementatory *सिमेंटेटरी adj.* having a quality of uniting. संयोजन-शील जोड़ने वाला।

cement-concrete *सिमेंट कंक्रीट* cement with small broken stone pieces. सीमेंट और रोड़ियों का मिश्रण जो आंगन आदि बनाने में काम आता है।

cement-copper *सिमेंट कॉपर n.* copper obtained by the method of precipitation. विशेष रासायनिक प्रणाली से प्राप्त तांबा।

cementite *सिमेंटाइट n.* iron carbide. एक लौह-मिश्रण।

cementitious *सिमेंटीटे्यस adj.* having the quality of uniting. संयोजन-शील जोड़ने की शक्ति या गुण वाला।

cement-stone *सिमेंट स्टोन n.* a stone used for making cement. एक पत्थर जिसे पीसकर सिमेंट बनाते हैं।

cement-water *सिमेंट वाटर n.* water in copper mines which contains copper salts. तांबे की खानों का पानी जिसमें तांबा-मिश्रण मिला होता है।

cementery *सीमेंटरी n.* a place for burials; grave-yard. कब्रिस्तान, कबर स्थान, शव गाड़ने का स्थान।

cemitare *सिमिटर n.* (Spenser) a kind of sword used by Turks and Persian. ईरानियों तथा तुर्कों द्वारा प्रयुक्त शमशीर।

ce monde est plein de fous (Fr.) world is full of mad men. संसार पागलों से भरा है।

cenacle *सेनकल n.* room where supper is taken. रात के भोजन का कमरा।

cen' est que lepremier pas qui coute (Fr.) only the first step is difficult. आरम्भ में ही कठिनाई होती है।

cenobite *केनोबाइट n.* a monk living in community. सम्प्रदाय के बीच में रहने वाला पादरी।

cenotaph *सेनोटाफ, सेनोटॅफ n.* monument raised in the memory of a person who is buried elsewhere. समाधि, किसी व्यक्ति का स्मारक जो वास्तव में कहीं अन्यत्र दफनाया गया हो।

Cenozoic *सीनोजोइक adj. & n.* tertiary; of third division of geological record and time. तीसरे विभाग सम्बन्धी; भूतत्वीय अभिलेख या समय का तीसरा खंड।

cense *सेन्स v. t.* (1) to perfume with incense (2) to think; to assess. धूप देना; धूपबत्ती या अगर बत्ती जलाकर सुगन्धित करना। (२) सोचना; निर्धारण करना।

n. tax, rate, condition, rank. कर; दर; दशा; स्थिति।

censer *सेन्सर n.* a small stand or vessel in which incense is burnt धूप जलाने का पात्र, धूपदानी।

censor *सेन्सर, सेन्सॉर n,* an officer who examines paper or films before giving permission to publish them; licensing authority; one who censures; a harsh critic; one who keeps watch over public morals. विवाचक; गुण-दोष-निरीक्षक, सरकारी अधिकारी जो गुण-दोष देखकर प्रकाशन की आज्ञा देता है, कठोर आलोचक; लाइसेंस देने वाला अधिकारी; लोगों के सदाचार की देख भाल करने वाला अधिकारी।

v. t. to condemn; to examine for considering whether to give authority to publish, to criticise. निन्दा करना, प्रकाशन की आज्ञा दी जाये या नहीं यह देखने के लिये परीक्षण करना; आलोचना करना।

censorial *सेन्सारियल* (also *censorian*) *adj.* critical; containing censor; pertaining or belonging to censor. आलोचनात्मक; निन्दात्मक; निरीक्षण-सम्बन्धी; विवाचन-सम्बन्धी।

censorious *सेन्सोरियस adj.* fault finding; expressing censure. दोषनिकालने वाला; निन्दक; दोषों को व्यक्त करने वाला।

censoriously *सेन्सोरियसली adv.* in a censorious way; in a fault finding manner निन्दा करने के ढंग से, निन्दात्मक रूप में।

censoriousness *सेन्सोरियसनेस n.* state of being censorious, fault finding nature. निन्दा करने की प्रवृत्ति, दोषनिकालना।

censor morum : (*l.*) censor of morals. आचार का निरीक्षण करने वाला।

censorship *सेन्सरशिप n.* office of a censor or his period of office. लाइसेंस देने वाले पदाधिकारी का पद, विवाचक का पद या अवधि।

censual *सेन्सुअल adj.* pertaining to census of or containing census. गणना सम्बन्धी; जन गणना सम्बन्धी; जन गणना का; जिसमें जन गणना हो।

censurable *सेन्सरेबल adj.* deserving to be censured; blamable; deplorable. निन्दनीय, दोष देने योग्य।

censurableness. *सेन्शरेबलनेस* state of being censurable. निन्दनीयता; निन्दा-योग्य होने की स्थिति या अवस्था।

censuably *सेन्शरेबली adv.* in a blamable manner. निन्दनीय ढंग से; अनुचित रूप में।

censure *सेन्शर n.* expression of disapproval; deprecation, reproof; a judgement which is unfavourable. निन्दा की अभिव्यक्ति; दोष निकालना; किसी के विपक्ष में निर्णय।

v. t. to blame; to disapporove; to reprimand; to criticise. दोष देना, निन्दा करना; अनुमोदन न करना; डाटना डपटना; आलोचना करना।

census *सेन्सस n.* official numbering of population or any other thing; counting. जनगणना; किसी वस्तु का गणना; गिनती करना।

cent *सेण्ट n.* one hundred; one hundredth part of a dollar; hundredth part. सौ, शत, डालर का सौवां भाग; शतमांश।

cent per cent *सेण्ट पर सेण्ट adj.* सौ फीसदी; शतप्रतिशत; पूरा; सम्पूर्ण।

per cent : per hundred. प्रतिशत; फीसदी।

centage *सेन्टेज n.* rate per hundred. प्रतिशत दर; सैंकड़े की दर।

cental *सेण्टल n.* weight equal to one hundred pounds. सौ पौंड का तोल; लगभग १ मन ३ सेर।

centaur *सेण्टॉर n.* a figure in western mythology half man and half horse. यूरोपीय धर्मशास्त्रों में वर्णित एक राक्षस जिसका ऊपरी भाग मनुष्य का सा था और नीचे का अङ्ग घोड़े का सा था; नराश्व।

centaurian *सेण्टॉरियन n.* pertaining to or like Centaur; who was half man and half horse. आधे घोड़े और आधे नर शरीर वाले राक्षस सम्बन्धी या जैसा।

centavo *सेण्टावो n.* a money coin of Brazil and also Portugal; another coin in Spanish America. ब्राजील और पुर्तगाल

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

में प्रचलित एक सिक्का; स्पेनी अमरीका का एक अन्य सिक्का ।

centenarian *सेण्टीनेरियन n.* one who is hundred years old or more. ऐसा व्यक्ति जो सौ वर्ष का हो चुका हो; शतवर्षीय ।

centenarianism *सेन्टीनेरियनिज्म n.* state of being a centinarian. सौ वर्ष का होने की स्थिति या अवस्था ।

centenary *सेण्टीनरी n.* celebration on the completion of one hundred years; on century. सौ वर्ष पूरे होने पर किया गया उत्सव; शताब्दी-समारोह; शताब्दी; सौ वर्ष ।

centenier *सेण्टेनीर n.* centurian; a police officer having a jersy on; one who makes a century of runs. सौ दौड़ें बनाने वाला; सौ सिपाहियों पर बड़ा जमादार; जरसी पहिने हुए पुलिस अधिकारी ।

centennial *सेण्टनियल adj.* happening once in a hundred years; having lived or lasted for one hundred years. सौ वर्ष में होने वाला; जिसके जीवन के सौ वर्ष बीत चुके हैं ।
n. hundredth anniversary. शताब्दी समारोह ।

center *सेन्टर n.* American spelling of centre; centre (केन्द्र) शब्द का अमरीकी रूप; मध्य; केन्द्र ।
(Shakespeare) waist belt or cincture. कमर की पेटी (शेक्सपीयर काल की भाषा में प्रयुक्त) ।

centering *सेण्टरिङ्ग n.* a frame work for supporting an arch or vault during building. महराब या छज्जा बनाते समय उसको सहारा देने का ठेका ।

centesimal *सेण्टीसीमल n.* one hundredth part. शतमांश; सौवां भाग ।
adj. counted by hundreds. सौ-सौ करके गिना हुआ ।

centesimally *सेण्टसीमली adv.* in a centesimal manner; by hundreds. सौ-सौ करके ।

centiare *सेण्टियार n.* a measure of area equal to 1.196 square yard. क्षेत्रफल का एक पैमाना जो १.१९६ वर्ग गज के बराबर होता है ।

centigrade *सेण्टीग्रेड adj.* divided into hundred. सौ भागों में विभाजित ।

centigrade thermometer *सेण्टीग्रेड थरमॉमीटर n.* a thermometer in which the freezing point of water is 0 degree and boiling point is 100 degrees. एक ऐसा तापमापक जिसमें जल के जमने का अंश शून्य होता है और उबलने का अंश १०० होता है ।

centigram (me) *सेण्टीग्राम n.* a weight which is equal to hundredth part of a gram. एक ग्राम के सौवें भाग के बराबर की तोल ।

centilitre *सेण्टीलीटर n.* one hundredth part of a litre i. e. 10 cubic centimetres. घनफल का एक पैमाना जो १० घनफुट के बराबर होता है ।

centillion *सेण्टीलियन n.* a million raised to one hundredth power; in U. S. and France it is equal to hundredth power of one thousand. दस लाख को दस लाख से सौ बार गुणा करने पर बनने वाली संख्या जिसमें ६०० शून्य हो जाते हैं। फ्रांस तथा अमरीका में उस संख्या को सेण्टीलियन कहते हैं जो एक हजार को सौ बार गुणा करने से आये अर्थात जिसमें ३०० शून्य हों ।

centime *सान्टीम n.* hundredth part of franc or anything generally. फ्रैंक नामक सिक्के का सौवां भाग या साधारणतः किसी वस्तु का सौवां भाग ।

centimetre *सेण्टीमीटर n.* one hundredth part of a metre. मीटर का सौवां अंश ।

centimetre-grame (me) second system (C. G. S. system). दशमलव पर आधारित सेंटमीटर-ग्राम सेकंड प्रणाली जो विज्ञान में प्रयुक्त होती है । इसके विपरीत इंगलिस्तान में फुट पाउन्ड सैकिन्ड प्रणाली है जो वैज्ञानिक नहीं है ।

centinel (l) *सेण्टीनल n.* ancient spelling of sentinel; sentry; guard. संतरी; रक्षक; प्रहरी ।

centipede *सेण्टीपीड n.* a poisonous insect having many feet and many joints. कई पैरों वाला एक विषैला कीड़ा; कनखजूरा ।

centner *सेण्टनर n.* a hundredth weight; half a kilogram. किसी तोल का सौवां भाग; आधा किलोग्राम ।

cento *सेण्टो n.* a poem or other composition derived mostly from pieces of other authors and not original. अन्य लेखकों आदि की रचनाओं से जोड़-तोड़ कर तैयार की गई रचना–भानमती के कुनबे के समान; बेहूदा सङ्कलन ।

centoist *सेण्टोइस्ट n.* one who makes centos. इधर उधर की रचनाओं से जोड़ तोड़ कर बेहूदे सङ्कलन तैयार करने वाला ।

centonate *सेंटटोनेट adj.* decolorised plants; blotched. पौधों के ऐसे रोग सम्बन्धी जिससे उनका रंग उड़ जाता है ।

centonist *सेण्टोनिस्ट n.* one who has no originality and manufactures centos. ऐसा सङ्कलन-कर्त्ता जिसमें मौलिकता न हो और जो इधर उधर से रचनाएं लेता हो ।

centos *सेण्टोज n. pl.* of 'cento'.

centonel (l) *सेण्टोनल n.* (*Spens.*) sentinel. संतरी; रक्षक; प्रहरी ।

central *सेण्ट्रल n.* pertaining to centre; principal; leading; main; near the centre. केन्द्रीय; मध्यवर्ती; प्रधान; केन्द्र के निकट का ।

central-conic *सेण्ट्रल-कॉनिक n.* a conic figure with a centre like hyperbola or ellipse. कोण वाली आकृति जिसके केन्द्र हों जैसे अण्डाकार रेखा ।

central-fire *सेण्ट्रल-फायर n.* a kind of catridge. एक प्रकार का कारतूस ।

central-forces *सेण्ट्रल-फोर्सेस n.* forces having a centre in respect of which the move. ऐसी शक्तियां जिनका कोई केन्द्र-बिन्दु के प्रतिगति शील आकर्षण हो ।

central government *सेण्ट्रल गवर्नमेण्ट n.* Union Govt. or the Govt. of India (in India). (भारत में) भारत सरकार; सङ्घ सरकार; केन्द्रीय सरकार ।

central heating *सेण्ट्रल हीटिङ्ग n.* heating of the room from central boiler. किसी केन्द्रवर्ती हमाम आदि से समूचे कमरे को गरम रखने की क्रिया ।

Central Intelligence Bureau *सेण्ट्रल इण्टेलीजेन्स ब्यूरो n.* केन्द्रीय गुप्तवार्ता विभाग ।

centralisation *सेण्ट्रलाइजेशन n.* act of bringing under central authority. केन्द्रीकरण; केन्द्रीय शक्ति या प्राधिकारी के अधीन लाना ।

centralise *सेण्ट्रलाइज v. i.* to bring to or under centre; to focus. केन्द्रीकरण करना; केन्द्रित करना ।

centralism *सेण्ट्रलिज्म n.* tendencing to take more powers for central authority and give less to the units. केन्द्रीयकरण की प्रवृत्ति, केन्द्रीय सरकार या प्राधिकारी को अधिक शक्तियां देने की प्रवृत्ति ।

centrality *सेण्ट्रलिटी n.* position at the centre, principal domination. केन्द्रीय स्थिति; प्रधानता ।

centrally *सेण्ट्रली adj.* in a central position केन्द्रीय स्थिति में या केन्द्र में ।

centrally administered areas *सेण्ट्रली-ॲडमिनिस्टर्ड एरियाज n.* केन्द्र प्रशासित क्षेत्र ।

central nervous system *सेण्ट्रल नरवस सिस्टम n.* main nerve of the nervous system and its branches. धमनी व्यवस्था की प्रधान धमनी और उसकी शाखायें ।

central powers *सेण्ट्रल पावर्स n.* Germany and its allies in first world war. प्रथम विश्व युद्ध में जर्मनी तथा उसके अन्य साथी केन्द्रीय शक्तियां ।

central subjects *सेण्ट्रल सब्जेक्ट्स n.* subjects administered by Central Government केन्द्रीय विषय जिन पर केन्द्रीय सरकार का नियंत्रण हो ।

centre *सेण्टर n.* pivot; middle; point; axis; leader; source, organiser. केन्द्र; मध्य बिन्दु; धुरी; स्रोत; उद्गम; नेता; संगठन-कर्त्ता ।
v. t. to place in centre. केन्द्र में रखना; केन्द्रित करना ।
v. i. to have a centre; to lie or be laid in centre. केन्द्रवान होना; केन्द्र में रहना या रखे जाना ।

centre bit *सेण्टर-बिट n.* a boring instrument; a tool of burglar. गरमा छेद करने का उपकरण; चोरों का औजार ।

centre board *सेण्टर बोर्ड n.* a plate in the centre of a boat but which is movable. नाव के केन्द्र में का एक तख्ता जो सरकता रहता है ।

centre forward *सेण्टर फार्वर्ड n.* central player among the forwards in games of hockey or football. हॉकी या फुटबाल के खेलों में आगे के खिलाड़ियों में भी केन्द्र में रहने वाले खिलाड़ी ।

centre-half (back) *सेण्टर हाफ [बैक] n.* central player among half-back having

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

no centre. आधे पीछे रहने वालों में मध्यवर्ती खिलाड़ी।

centreless *सेण्टर लेस adj.* having no centre. केन्द्रहीन; जिसका केन्द्र या मध्य न हो।

centre of attraction *सेण्टर आफ अट्रैक्शन n.* point to which everything is attracted, very attractive person or thing. वह केन्द्र-बिन्दु जिसकी ओर सभी वस्तुएं खिचती हैं; आकर्षण-केन्द्र; बहुत मनोहर वस्तु या व्यक्ति।

centre of buoyancy *सेण्टर आफ बॉयंती n.* (also *centre of displacement*) centre of gravity of the liquid displaced by immersion of an object. किसी वस्तु के तरल पदार्थ में डुबाने पर जो तरल द्रव हटता है उसका भार-केन्द्र-बिन्दु।

centre of gravity *सेण्टर आफ ग्रेविटी n.* centre at which the weight of a body acts. किसी वस्तु के भार का केन्द्र-बिन्दु।

centre of inertia *सेण्टर आफ इनर्शिया* (also *centre of mass*) *n.* a point through which a body can be divided into two portions of equal mass. वह बिन्दु जिसमें से किसी वस्तु की विभाजन रेखा या तल गुजरेगा जिससे उसके दो बराबर भाग हो सकें।

centre of pressure *सेण्टर आफ प्रेशर n.* the point on an immersed surface or which the pressure is supposed to act. द्रव पदार्थ में डुबाई गई वस्तु पर वह बिन्दु जहां दबाव का केन्द्र होता है।

centre of symmetry *सेण्टर आफ सिमिट्री n.* a point through which the central lines in a symmetrical figure pass. ऐसा बिन्दु जिसमें से दोनों ओर से समान बनी हुई आकृति की केन्द्र रेखाएं गुजरें।

centre-piece *सेण्टर-पीस n.* ornament for centre of table. मेज के बीच में सजावट के लिए रखी जाने वाली सुन्दर वस्तु।

centre-rail *सेण्टर-रेल n.* a rail sometimes laid between the two ordinary rails of a train line. रेल की दोनों लीकों के बीच में बनाई गई एक तीसरी लीक; केन्द्रीय लीक या पटरी।

centri *सेण्ट्री prefix.* centre; in composition. किसी शब्द से पहले लगने पर 'केन्द्र' का अर्थ देने वाला उपसर्ग।

centric *सेण्ट्रिक adj.* (also *centrical*) relating to centre; placed in centre; having a centre. केन्द्र सम्बन्धी; केन्द्र में स्थित; केन्द्र वाला।

centrically *सेण्ट्रीकली adv.* in a centric way or position. केन्द्रीय स्थिति में; मध्य स्थान पर।

centricalness *सेण्ट्रीकलनेस n.* state of being centrical. केन्द्रवर्ती होने की स्थिति।

centricity *सेण्ट्रीसिटी n.* central position. केन्द्र या मध्य की स्थिति।

centrifugal *सेण्ट्रीफ्यूगल adj.* tending to go away from centre; fissiparous. केन्द्र से हटने की प्रवृत्ति वाली; विघटनशील।

centrifugal force *सेण्ट्रीफ्यूगल फोर्स n.* a force taking away from centre. केन्द्र से दूर की ओर ले जाने वाली शक्ति।

centrifugalise *सेण्ट्रीफ्यूगलाइज v. t.* to apply centrifugal force to. केन्द्र से दूर ले जाने के लिये बल लगाना।

centrifugally *सेण्ट्रीफ्यूगल्ली adv.* in a centrifugal manner. केन्द्र से दूर जाने की प्रवृत्ति के साथ।

centrifugal machine *सेण्ट्रीफ्यूगल मशीन n.* centrifuge. एक यन्त्र जिससे भिन्न भिन्न घनता के पदार्थ अलग अलग किये जाते हैं।

centrifugal tendency *सेण्ट्रीफ्यूगल टेंडेन्सी n.* tendency to weaken the centre. केन्द्र के निर्बल बनाने की प्रवृत्ति या प्रयत्न; विकेन्द्रण-शील प्रवृत्ति।

centrifugation *सेण्ट्रीफ्यूगेशन n.* act of centrifugalising; whirling. केन्द्र से दूर लेजाने की क्रिया; भिन्न भिन्न पदार्थों के प्रथक करने की क्रिया।

centrifuge *सेण्ट्रीफ्यूज n.* a machine which separates different substances by rotating them. बिलोकर पदार्थों को अलग करने का यंत्र जैसे घी को छाछ से अलग करते हैं।

centring *सेण्ट्रिंग n.* a frame work for supporting an arch while building it. महराब बनाते समय लगाने का सहारा।

centripetal *सेण्ट्रीपीटल adj.* tending towards centre; uniting. केन्द्र की ओर आने की प्रवृत्ति वाली; संयोजनशील।

centripetalism *सेण्ट्रीपीटलिज्म n.* tendency towards the centre; principle of centralisation. केन्द्र की ओर आने की प्रवृत्ति केन्द्रीकरण का सिद्धान्त।

centro *सेण्ट्रो prefix.* meaning centre in composition. संयुक्त होने पर 'केन्द्र' का अर्थ देने वाला उपसर्ग।

centrobaric *सेण्ट्रोबैरिक adj.* relating to the centre of gravity. भार; केन्द्र बिन्दु से सम्बन्धित।

centroclinal *सेण्ट्रोक्लीनल adj.* leaning towards the centre from all directions. सब दिशाओं से केन्द्र की ओर झुकते हुए।

centroid *सेण्ट्रॉइड n.* the central point in the triangle where all its meridians cut each other. एक त्रिभुज का वह केन्द्र बिन्दु जहां उसके कोणों से सामने की रेखाओं के मध्य बिन्दु तक खींची गई सभी रेखाएँ मिलती हैं।

centrosome *सेण्ट्रोसोम n.* a small body in the protoplasm of a cell. जीवित पुद्गल के हरित तत्वों में पाया जाने वाला एक अणु।

centrum *सेण्ट्रम n.* central joint of the back bone. कमर की हड्डी के पीछे का केन्द्रीय जोड़।

centry *सेण्ट्री n.* sentry (old spelling) सन्तरी।

centum (*L.*) one hundred. सौ, शत।

centumvir *सेण्टुमवीर n.* annually chosen judge in Rome for trying civil suits. रोम में दीवानी दावों को सुनने वाला न्यायाधीश जो प्रतिवर्ष चुना जाता है।

centuple *सेण्ट्यूपल v. t.* to multiply or increase a hundred times. सौ बार गुणा करना या बढ़ाना।
adj. hundred fold. सौ गुना।
n. hundred times. सौ बार।

centuplicate *सेण्ट्यूप्लिकेट adj. & v. t.* centuple. सौ गुना; सौबार गुणा करना या बढ़ाना।
adj. one of the hundred copies. सौ प्रतिमा में से एक।

centuplication *सेण्ट्यूप्लिकेशन n.* multiplication by hundred. सौ से गुणा करने की क्रिया।

centurial *सेण्ट्यूरियल adj.* pertaining to century. सैकड़े की या सम्बन्धी।

centuriator *सेण्ट्यूरियेटर n.* one of the authors of the big church; history in 13 volumes each for one century. ईसाई मत के १३ खंडीय इतिहास के लेखकों में से प्रत्येक यह इतिहास प्रत्येक शताब्दी के लिये एक खंड के क्रम से बनाया गया था।

cicerone सिसरोन *n.* (*pl. ciceroni*) a guide who shows the strange things or places to outsiders. पथ-प्रदर्शक जो बाहर से आने वालों को अद्भुत वस्तुएं तथा अद्भुत स्थान दिखाता है।
v. i. to act as a cicerone or guide. किसी को अद्भुत वस्तुएं दिखाने का काम करना।

Ciceronian सिसरोनियन *adj.* pertaining to the style of the famous Roman orator Cicero. रोम के प्रसिद्ध वक्ता सिसरो की शैली से सम्बन्धित।

Ciceronianism सिसरोनियनिज्म *n.* the style of Cicero; and the character of his Latin style. सिसरो की शैली और उसकी लैटिन शैली की विशेषता।

Ciceronic सिसरोनिक *adj.* of Cicero; the great Roman orator. महान रोमन वक्ता सिसरो का या उससे सम्बन्ध।

cichlid सिक्लिड *n.* a fish of the angle-fish and amazon families. कांटे वाली एक प्रकार की बड़ी मछली।

cichloid सिक्लाइड *adj.* pertaining to cichlid fish. सिकसिड मछली सम्बन्धी।

cichoraceous सिकरेशस *adj.* pertaining to cichorium. काफी से मिलते जुलते पौधे सिकोरियम सम्बन्धी।

cichorium सिकोरियम *n.* particular type of plants used to adulterate coffee. एक प्रकार का पौधा जिसकी जड़ को पीस कर कॉफी में मिलाते है।

cicindela सिसिनडीला *n.* a kind of beetles which feed on insects. कीड़े मकोड़े खाने वाले एक प्रकार के गोबरैले।

cicindelidae सिसिनडीलीडी *n.* more dangerous beetles called tiger-beetles. मांस-भक्षी गोबरैले कीड़े जो बहुत भयानक होते हैं

cicisbeism चीचीजबीइज्म *n.* the system in Italy of married woman keeping a gallant servant for their company. इटली का एक रिवाज जिसके अनुसार विवाहित स्त्रियां अपने साथ सदा एक नौकर रखती हैं।

cicisbeo चीचीजबेओ *n.* (*pl. cicisbei*) (*Italian*) a married woman's servant. विवाहित महिला के साथ साथ रहने वाला नौकर जो उसकी देख भाल करता है।

ciclaton सिक्लटन *n.* (also *ciclatoun*) a cloth having embroidery of gold stiff or similar rich material. कमखाब; सोने के तारों से कढ़ा हुआ वस्त्र; जरी।

cicuta सिकूटा *n.* a family name of poisonous plants growing under water. पानी में उगने वाले एक प्रकार के पौधे जो विषाक्त होते हैं।

cid सिड *n.* a chief; hero; captain. मुखिया; प्रधान; नेता या कप्तान।

cidaris सिडरिस *n.* a kind of plant found in Persia. फारस या ईरान में पाया जाने वाला एक पौधा।

cide साइड *v. t.* decide; adjudge. (*Shak.*) (शेक्सपीयर की भाषा में) निर्णय करना; विनिश्चय करना।

cider साइडर *n.* liquor prepared by fermenting the juice of apples. सेव के रस में खमीर से बनाई जाने वाली मदिरा।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

cider-and *साइडर-एण्ड n.* a kind of drink prepared from combination of various spirits including cider. साइडर तथा अन्य कई प्रकार की मदिराओं को मिलाकर तैयार किया गया एक स्वादिष्ट पेय।

cider-cup *साइडर-कप n.* a drink containing cider and some sweet substances. साइडर तथा कुछ अन्य मीठी वस्तुओं से बनने वाला मधुर पेय।

ciderkin *साइडर किन n.* a kind of inferior cider prepared form bad quality apples. बुरी किस्म के सेव से बनने वाली एक प्रकार की घटिया मदिरा।

cidery *साइडरी adj.* containing cider or resembling cider in taste. जिसमें साइडर मिला हो; स्वाद में साइडर के समान।

ciel *सील v. t.* to lay the ceiling of a room etc. कमरे पर छत बनवाना।

cierge *सीर्ज n.* a large wax candle burnt before the alter. गिरजे में वेदी पर जलने वाली एक बड़ी मोमबत्ती।

cigar *सिगार n.* roll of tobacco leaf containing tobacco used for smoking like cheroot. चुरुट के समान तम्बाकू का एक बड़ा सिगरेट; सिगार।

cigarette *सिगरेट n.* tobacco rolled in fine paper in small sizes for smoking. कागज में तम्बाकू भर कर बनाई हुई बीड़ी; सिगरेट।

cigarette-card *सिगरेट कार्ड n.* a card having a picture given with a packet of cigarettes the customer. एक चित्रित कार्ड जो सिगरेट का पैकेट खरीदने वाले को मुफ्त दिया जाता है।

cigarette-holder *सिगरेट होल्डर n.* a small tube in which cigarette is fixed while smoking. एक छोटी सी नली जिसमें लगा कर सिगरेट पी जाती है।

cigarette-lighter *सिगरेट लाइटर n.* a small device for lighting cigarettes. सिगरेट जलाने का एक छोटा सा यंत्र।

cigarette-paper *सिगरेट पेपर n.* the paper used in the manufacture of cigarettes. सिगरेट बनाने में काम आने वाला एक पतला कागज।

cigar-tree *सिगर-ट्री n.* a kind of tree with buds like cigars. एक पेड़ जिस की कलियां सिगरेट के समान होती हैं।

cilia *सिलिया n.* the eye-lashes. आंख की बरौनी।

ciliary *सिलियरी adj.* pertaining to eye-lids. बिरौनी सम्बन्धी।

cilice *सिलिस, साइलिस n.* a garment made of hair cloth; hair cloth itself. बालों का कपड़ा; या उस कपड़े से सिला हुआ पहनने का वस्त्र।

cilicious *सिलिसियस adj.* pertaining to cilice or hair cloth. बालों के बने हुए कपड़े सम्बन्धी।

cilium *सिलियम n.* a lash resembling hair surrounding a cell. जीवाणु के चारों ओर का बालों जैसा आवरण।

cimar *सिमार n.* an undergarment generally worn by women which is not tight like bodice. स्त्रियों के पहनने का एक बनियान जो अंगिया से ढीला होता है।

cimelia *साइमीलिया n.* (*plural.*) treasures. खजाने; निधियां।

cimex *साइमेक्स n.* a kind of bug which is found in bed. एक प्रकार का खटमल।

cimier *सीम्या n.* (*French.*) the edge of an iron hat. लोहे के टोप का किनारा।

Cimmerian *सिमीरियन adj.* extremely dark; relating to a tribe mentioned in old books which lived in darkness. बिल्कुल अन्धकारपूर्ण; प्राचीन पुस्तकों में उल्लिखित एक आदिम जाति सम्बन्धी जो सदा अंधेरे में रहती थी।

cimolite *सिमोलाइट n.* a kind of clay or earth used for making toys. एक प्रकार की बढ़िया मिट्टी जिसके खिलौने बनते हैं।

cinch *सिन्च n.* (U. S.) girth of saddle; a certainty. जीन की रस्सी; निश्चय बात।
v. i. to fasten the girth on the saddle. जीन की रस्सी बांधना।

cinchona *सिङ्कोना n.* a kind of tree from whose bark anti-malaria drugs like quinine are extracted. एक प्रकार का वृक्ष जिसकी छाल से जूड़ी ज्वर की औषधियां–कुनेन आदि बनती हैं।

cinchonaceous *सिंकनेशस adj.* (also *cinchonic*) pertaining to cinchona. सिन्कोना से सम्बन्धित।

cinchonine *सिङ्कोनाइन n.* an alkali obtained from cinchona bark. सिन्कोना से बनने वाला एक क्षार।

cinchoninic *सिङ्कोनाइनिक adj.* relating to the alkali obtained from cinchona. सिन्कोना से बनने वाले क्षार से सम्बन्ध।

cinchonisation *सिङ्कोनाइजेशन n.* the effect produced due to the use of cinchona. सिन्कोना के कारण उत्पन्न प्रभाव।

cinchonise *सिङ्कोनाइज v. t.* to give cinchona and produce its effect. सिन्कोना देकर उसका प्रभाव उत्पन्न करना।

cinchonism *सिङ्कोनिज्म n.* the state of being under the effect of cinchona. सिन्कोने के प्रभाव के अधीन होने की स्थिति।

cincinnate *सिसिनेट adj.* like a curl. मुड़ी हुई; छल्ले के समान।

cincinnus *सिसिनस n.* a curl; state of being not straight. छल्ला सीधा न होने की स्थिति।

cinct *सिंक्ट adj.* surrounded- घिरी हुई।

cincture *सिंक्ट्यर n.* girdle; border; belt round the back; कमर की पेटी; किनारा; घेरा।
v. t. to encircle; to put a belt round. घेरना; लपेटना; पेटी बांधना।

cinctured *सिंक्ट्यर्ड adj.* having a cincture घेरे वाला; किनारे वाला।

cinder *सिंडर n.* ash; remaining portion of coal after burning; a chemical mixed with tea and soda to make it strong. राख; अंगारा; चाय तथा सोडे में मिलाने का एक मसाला जिससे वह तेज बन जाता है।

cinder-cone *सिंडर कोन n.* a hill having volcanoic effect. एक प्रकार की पहाड़ी जिसमें ज्वालामुखी का सा प्रभाव होता है।

cinderella *सिंड्रेला n.* a neglected maid out of so many maids; one who cleans utensils. कई नौकरानियों में से वह नौकरानी जो उपेक्षित हो; बर्तन मांजने वाली।

cinderella-dance *सिंड्रेला डॉस n.* a kind of dance lasting up to midnignt. एक प्रकार का नाच जो आधी रात तक चलता है।

cinder-path *सिंडर-पाथ n.* a path with cinders lying on it. ऐसा मार्ग जिसमें राख और अधजले कोयले बिछे हों।

cinders *सिंडर्स n. pl.* ashes. भस्म।

cindery *सिंडरी adj.* composed of cinders; pertaining to cinders; like or resembling cinders. राख या भस्म का बना हुआ; भस्म संबंधी; भस्म जैसा।

cine *साइन. सिनी prefix.* in composition it means cinema. उपसर्ग रूप में चलचित्र का अर्थ देने वाला शब्द।

cine-biology *सिनी-बायोलॉजी n.* study of biology with the help of cinematographic films. सिनेमा की चलती तस्वीरें बना कर जीव-विज्ञान का अध्ययन।

cinema *सिनेमा n.* a play of moving pictures; a moving film. चलचित्र (संविधान) चलती फिरती तस्वीरें।

cinema-organ *सिनेमा-ऑर्गन n.* a kind of organ used in cinemas and theatres. चलचित्रों तथा नाटकों में काम आने वाला एक बड़ा बाजा।

cinematic *सिनेमैटिक adj.* pertaining to cinema. चलचित्र सम्बन्धी।

cinematograph *सिनेमैटोग्राफ n.* apparatus for projecting film; film itself. चलचित्र (संविधान) चलचित्र दिखाने की कल।

cinematograph camera *सिनेमैटोग्राफ कैमेरा n.* चलचित्र निर्माण करने का कमरा।

cinematographer *सिनेमैटोग्राफर n.* one who prepares or shows films. सिनेमा के चित्र तैयार करने वाला या दिखाने वाला।

cinematographic *सिनेमैटोग्राफिक adj.* pertaining to cinemagraph. चलचित्र से सम्बन्धित।

cinematographist *सिनेमैटोग्राफिस्ट n.* one who carries on the business of cinematographs. चलचित्र सम्बन्धी व्यापार करने वाला।

cinematography *सिनेमटोग्राफी n.* art and science of preparing cinematograph films. चल चित्र तैयार करनें की कला तथा विज्ञान।

cinaol *सिनिऑल n.* (also *cineole*) a liquid used for killing germs and has a smell like camphor. कीटाणुओं को नष्ट करनें के काम आने वाला एक द्रव पदार्थ जो कपूर के समान सुगन्ध देता है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

cineraria *सिनीरेरिया n.* a kind of plant grown in south Africa having ash coloured leaves. दक्षिण अफ्रीका में उगने वाला एक पौधा जिसके पत्ते मटियाले होते हैं।

cinerary *सिनेरेरी adj.* pertaining to ashes cindery; containing ashes of dead. भस्म सम्बन्धी; राख का; मृतक व्यक्ति की भस्म रखने का (पात्र)।

cineration *सिनरेशन n.* the state of being cinerary. राख वाला होने की स्थिति।

cinerator *सिनरेटर n.* one who keeps the ashes of the dead. मृतक व्यक्तियों की राख रखने वाला।

cinerea *सिनीरिया n.* a grey matter found in the nerves of animals.प शुओं आदि की धमनियों में मिलने वाला एक मटियाला पदार्थ।

cinereal *सिनीरियल n.* having the colour of ash; containing ashes. राख के रंग वाला; जिसमें राख हो।

cinereous *सिनीरियस adj.* of the colour of ash i. e. greyish. राख के समान भूरे रंग का

cineritious *सिनीरिटस adj.* pertaining to cinerea. नसों में पाये जाने वाले मटियाले पदार्थ सम्बन्धी।

Cingalese *सिंगैलीज adj.* belonging to Ceylon. श्री लङ्का वाला।
n. inhabitant of Ceylon. श्री लङ्का निवासी

cingulum *सिंग्यूलम n.* a kind of girdle. एक प्रकार की पेटी या कमरबन्द।

cinnabar *सिनॅबार n.* vermilion. सिन्दूर; सिंगरफ।
n. of the colour of cinnabar. सिंदूर जैसा रंग वाला।

cinnabaric *सिनबॅरिक adj.* like vermilion. सिन्दूर के समान।

cinnabarine *सिनॅबॅरीन n.* a compound of cinnabar. सिंदूर का बना हुआ एक पदार्थ।

cinnabar-moth *सिनॅबॅर-मॉथ n.* a kind of moth having cinnabaric colour. एक प्रकार का कीड़ा जिसका रंग सिंदूर के समान होता है।

cinnamon *सिनमन n.* aromatic bark of a tree used as spice; the tree itself. दालचीनी; दारूसिला; दालचीनी का पेड़।

cinnamon-bear *सिनमन बेयर n.* a black bear of America. अमरीका का एक काला भालू।

cinnamonic *सिनमॉनिक adj.* (also (*cinnamic*) containing cinnamon; made of cinnamon. दालचीनी से बनने वाला।

cinnamon-stone *सिनमॅन-स्टोन n.* a kind of stone of cinnamon colour used in construction. मटियाला पत्थर जो मकान बनाने में काम आता है।

cinque *सिङ्क n.* number five in cards; number five in dice. ताश में पञ्जी; पासों में पञ्जा।

cinque-cento *सिङ्क-सेन्टो n.* the sixteenth century. सोलहवीं शताब्दी।

cinque-foil *सिङ्क-फॉइल n.* a plant having five leaves. पांच पत्तों वाला पौधा।

cinque ports *सिङ्क पोर्ट्स n.* five important ports of England. इङ्गलिस्तान की पांच प्रसिद्ध बन्दरगाहें।

cinque-pace *सिङ्क पेस n.* (also *cinque a pace*) a dance having five beats. एक प्रकार का नाच जो पांच ताल पर नाचा जाता है।

cinque spotted *सिङ्क स्पॉटेड adj.* (*Shak.*) having five spots. पांच चिह्नों वाला, जिसके पांच धब्बे हों।

cion *सियन* (U. S. spelling; in England it is spelt as *scion*) an offshoot; a descendant. किसी परिवार की शाखा; किसी व्यक्ति के परिवार की शाखा का कोई व्यक्ति।

cipher *साइफर n.* (1) zero. (2) person who is nil in importance or brains. (3) a code of secret writing in numbers. (१) शून्य; बिन्दु। (२) ऐसा व्यक्ति जो बुद्धि से शून्य हो; ऐसा व्यक्ति जिसकी महत्ता कुछ न हो। (३) संख्याओं के द्वारा लिखने की एक गुप्त प्रणाली।
v. t. to calculate; to write in cipher; to decipher. हिसाब लगाना, गुप्त भाषा में लिखना या उसे पढ़ना।
v. i. to do arithmetical sums. हिसाब के सवाल निकालना।

ciphering *साइफरिङ्ग n.* act of writing in cipher language. गुप्त भाषा में लिखना।

cipher-key *साइफर-की n.* a book or key containing the secret language. गुप्त भाषा लिखने या पढ़ने में सहायक पुस्तक।

cipollino *चीपोलीनो n.* (also *cipolin*) a kind of greyish marble. एक प्रकार का भूरे से रंग का चिकना मजबूत पत्थर।

cippus *सिप्स n.* (*pl. cippi*) a pillar specially one constructed as a monument. एक खंभा विशेषत: जो कि स्मारक रूप में बना हो।

circa *सरका prep.* about; something like, लगभग।
adv. round about. चारों ओर।

circaean *सरसीयन adj.* (also *circean*) degrading; pertaining to a goddess who made men into swines by magic. पतित करने वाला; एक देवी सम्बन्धी जो आदमियों को जादू से सुअर बना दिया करती थी।

circassian *सिरकॅसियन* n. a kind of light fabric resembling the one manufactured in Kashmir. कश्मीरे के समान एक प्रकार का हल्का कपड़ा।

circensian *सरसेशियन adj. & n.* place for holding games and contests. खेलों का मैदान; अखाड़ा जहां कुश्ती होती है।

circinate *सिरसिनेट adj.* having shake like a ring. पहिये जैसे आकार वाला।

circle *सर्कल n.* (1) a figure on plane surface bounded by on line and having centre; (2) a round body; (3) complete series; (4) orbit of round things; (5) group or association; (6) a wheel as on flag. (१) समतल पर बनी हुई आकृति जिसमें एक ही रेखा हो तथा एक केन्द्र हो, वृत; (२) गोल वस्तु; (३) पूरा चक्र या वस्तु-माला (४) गोल वस्तुओं का घेरा, (५) मंडल या संस्था; (६) झंडे का चक्र।
v. i. to stand in a circle; to move in a circle. चक्र या वृत्त में खड़ा होना; घेरे में घूमना।
v. t. (1) to move round. (2) to circumscribe. (3) to encircle or enclose in a circle. (१) चारों ओर चक्कर काटना। (२) घेर लेना। (३) घेरे में बन्द करना; चारों ओर घेरा बनाना।
dress circle : a special place in cinema सिनेमा में एक विशेष बैठने का स्थान।
reasoning in a circle : assuming in an argument something as true which is to be proved. जो बात सिद्ध करनी है उसे ही प्रमाण मान कर तर्क करना जो कुतर्क बनजाता है।
study circle स्टडी सर्कल n. a circle for propaganda. प्रचारक-मण्डल।

circled *सर्कल्ड adj.* circular; enclosed in a circle. गोलाकार; घेरे में बन्द किया हुआ।

circler *सर्क्लर n.* one who makes a circle घेरा बनाने वाला।

circle-rider *सर्कल-राइडर n.* one who rides in a circle to round up cattle. ढोरों को घेरने के लिये घेरे में घूमने वाला व्यक्ति।

circle-riding *सर्कल राइडिङ्ग n.* act of riding in circle to round up cattle. घेरे में घूम कर ढोरों को घेरने की क्रिया।

circlet *सर्क्लेट n.* a small circle. छोटा वृत्त; छोटा मण्डल।

circs *सर्कस n.* meaning circumstances. (*slang.*) परिस्थितियां।

circuit *सर्किट n.* (1) a line enclosing a circle. (2) journey. (3) path of electric current. (4) branch. (5) tour. (१) वृत्त घेरा। (२) यात्रा। (३) बिजली का मार्ग (४) शाखा। (५) दौरा।
v. t. to go around. घूमना; चक्कर लगाना; दौरे पर जाना।
adj. coming for short time; branch. थोड़े समय के लिए आना वाला; शाखा।
short circuit : connection of electric wires in the way. मार्ग में बिजली के तारों का मिल जाना।

circuit-bench *सर्किट बेंच n.* High Court judges going out from head quarters. मुख्यालय से दूर जाकर काम करने वाले न्यायाधीश।

circuit breaker *सर्किट ब्रेकर n.* a switch for interrupting electric current. बिजली की धारा बन्द करने की कल।

circuit-court *सर्किट कोर्ट n.* branch of a High Court. उच्च न्यायालय की शाखा।

circuiteer *सर्किटियर n.* a judge goes on a circuit. शाखा में दौरे पर जाने वाला न्यायाधीश।

circuitous *सर्क्यूइटस adj.* (1) roundabout. (2) having a circular path. (3) indirect. (१) गोल माल तरीके वाला; (२) परिक्रमा के मार्ग वाला; (३) अप्रत्यक्ष।

circuitously *सर्क्यूइटली adv.* in a roundabout manner; indirectly. गोलमाल तरीके से; अप्रत्यक्ष रूप में।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

circuitousness *सक्यूटसनेस n.* state of being circuitous. गोलमाल की स्थिति; अप्रत्यक्ष रीति।

circuit-rider *सर्किट-राइडर n.* a preacher who goes to preach on tour. ऐसा उपदेशक जो उपदेश करने के लिये दौरा करे।

circuity *सर्क्यूइटी n.* motion in a circle; an indirect course. घेरे या गोलाई में घूमना; अप्रत्यक्ष तरीका।

circulable *सर्कुलेबल adj.* which can be circulated. जिसको घुमाया या प्रचारित किया जा सके।

circular *सर्कुलर adj.* (1) having the shape of a circle. (2) round. (3) sent to several persons. (१) वृत्ताकार वाला; (२) गोल; (३) बहुत से लोगों को भेजा गया; परिचालित।

n. a written communication sent to many persons or bodies. परिपत्र (जो पत्र बहुत से लोगों को भेजा जाये।

circularise *सर्कुलराइज v. t.* to issue in the form of circular; to popularise by circulating. परिपत्र के रूप में घुमाना; परिचालित करके लोकप्रिय बनाना।

circularity *सर्कुलरिटी n.* a roundity; state of being circular. गोलाई; गोल होने की अवस्था।

circular letter *सर्कुलर लेटर n.* a letter issued in the form of circular. ऐसा पत्र जो कई व्यक्तियों को एक साथ भेजा जाये।

circularly *सर्कुलर्ली adv.* in a circular manner. चक्रवत; चक्कर के तरीके से।

circular note *सर्कुलर नोट n.* a letter of bank credit for the use of a traveller; a kind of bearer bill. यात्री को बैंक द्वारा दी गई एक हुन्डी जिसके आधार पर वह मार्ग में रुपया ले सकता है।

circulate *सर्कुलेट v. t.* to send in the form of circular or with a circular; to spread; to give currency to. परिपत्र के रूप में या परिपत्र के साथ परिचालित करना; घुमाना; प्रचार करना; फैलाना।

v. i. to move round: to go round in circle. घूमना; परिक्रमा करना; चक्कर लगाना।

circulating *सर्कुलेटिंग adj.* moving in a circle. चक्कर खाता हुआ।

circulating library *सर्कुलेटिंग लायब्रेरी n.* a library which circulates books to its subscribers. ऐसा पुस्तकालय जो अपने ग्राहकों को पुस्तकें परिचालित करता है।

circulation *सर्कुलेशन n.* state or act of circulating. किसी वस्तु को परिचालित करने की दशा या क्रिया।

circulative *सर्कुलेटिव adj.* producing circulation- चक्कर देने वाली।

circulator *सर्कुलेटर n.* one who spreads news. खबर फैलाने वाला।

circulatory *सर्कुलेटरी adj.* pertaining to circulation. परिचालन संबंधी।

circum *सर्कम prefix.* when in composition it gives the sense of 'round' or 'about' एक उपसर्ग जिससे 'चारों ओर' का अर्थ निकलता है।

circumambages *सरकॅमबेजीज n.* a speech in which nothing is said direct but in a round about manner. ऐसा भाषण जिसमें कोई बात स्पष्ट रूप से न कहकर गोलमाल तरीके से कही जाय।

circumambagious *सरकॅमबेजस adj.* speaking in a round about manner. गोलमाल तरीके से बोलने वाला।

circumambience *सरकॅमबियंस n.* (also *circumambiency*). घेरने की स्थिति; परिक्रमा देने की क्रिया।

circumambient *सरकमबियंट adj.* surrounding or going about. घेरने वाला; चारों ओर से घेरे हुए।

circumambulate *सरकॅम्बुलेट v. i. & v. t.* to walk around. परिदक्षिणा या परिक्रमा करना।

circumambulation *सरकॅम्बुलेशन n.* act of walking around. परिक्रमा; परिदक्षिणा।

circumambulatory *सरकॅम्बुलेटरी adj.* circular. चक्करदार; चक्कर खाने वाला।

circumbendibus *सरकमबडिबस n.* round about method. गोलमाल का तरीका।

circumcentre *सर्कम सेंटर n.* centre of a circle which circumscribes anything. किसी के चारों ओर खैंचे गये वृत का केन्द्र विन्दु।

circumcise *सर्कम साइज n.* to cut skin of the front portion of male organ or penis. (as is done muslims). पुरुष के लिंग के परदे का अगला भाग काट देना; सुन्नत करना। ऐसा मुसलमान तथा यहूदी करते हैं।

circumciser *सर्कमसाइजर n.* one who circumcises or is circumcised. सुन्नत करने वाला; लिंग कटा; यहूदी या मुसलमान।

circumcision *सर्कमसिजन n.* act of cutting the skin over the front portion of penis. लिंग के परदे के अगले भाग को काटने की क्रिया; सुन्नत।

circumdenudation *सर्कमडेन्यूडेशन n.* erosion of surroundings. चारों तरफ से मिट्टी कट जाना।

circumduce *सर्कमड्यूस v. i.* (*Scot*) to declar eat an end· समाप्ति की घोषणा कर देना।

circumduct *सर्कमडक्ट v. t.* to lead round or about. चारों ओर घुमाना।

circumduction *सर्कमडक्सन n.* state or act of leading round or about चारों ओर घुमाने की क्रिया या स्थिति।

circumductory *सर्कमडक्टरी adj.* pertaining to circumduction. चारों ओर घुमाने से सम्बद्ध।

circumference *सर्कमफरेंस n.* the lime which encloses a circle in it; the lenght of the line. वृत का घेरा या घेरे की रेखा; उक्त रेखा का माप, परिधि।

circumferential *सर्कमफरेंशल adj.* pertaining to circumference. वृत्त की परिधि से सम्बद्ध।

circumferentor *सर्कमफरेंटर n.* an instrument for measuring cirumference and angles. घेरा तथा कोण आदि नापने का एक उपकरण।

circumflect *सर्कमफ्लेक्ट v. t.* to bend around. चारों ओर झुकना।

circumflex *सर्कमफ्लेक्स n.* state of bending round, the mark (ʌ) सब ओर झुकाव; (ʌ) का चिह्न।

circumflexion *सर्कमफ्लेक्सन n.* going up or down of voice in a syllable. किसी ध्वनि वर्ग में ध्वनि का नीचे ऊपर चढ़ना उतरना।

circumfluence *सर्कमफ्लुअन्स n.* the act of flowing on all sides. चारों ओर बहाव।

circumfluent *सर्कमफ्लूएण्ट adf.* flowing on all sides. सब ओर बहने वाला।

circumfluous *सर्कमफ्लुअस adj.* surrounded. by water. जल से घिरा हुआ।

circumforanean *सर्कमफोरेनियन adj.* (also *circumforaneous सर्कमफोरेनियस*) wandering from place to place or market to market vagrant. स्थान स्थान पर घूमने वाला; बाजार से बाजार में घूमने वाला; घुमक्कड़; बंजारा।

circumfuse *सर्कमफ्यूज v.t.* to pour around; wetten. चारों ओर कोई द्रव बखेरना; गीला करना।

circumfused *सर्कमफ्यूज्ड adj.* something around which a liquid has been poured जिसके चारों ओर कोई द्रव पदार्थ डाला गया हो।

circumfusile *सर्कमफ्यूजाइल adj.* molten. पिघलाया हुआ।

circumfusion *सर्कमफ्यूजन n.* act of pouring around; melting. चारों ओर द्रव डालने की क्रिया; पिघलाने की क्रिया।

circumgyrate *सर्कमजिरेट v. t.* to whirl around. चारों ओर भंवर के समान घूमना।

circumgyration *सर्कमजिरेशन n.* act of whirling around. चारों ओर भंवर के समान घूमने की क्रिया।

circumgyratory *सर्कमजिरेटरी adj.* round which whirling has been done. जिसके चारों ओर घूमा जाये।

circumjacency *सर्कमजेंसन्सी n.* state or act of lying round bordering on every side. चारों ओर सीमाओं पर स्थित होने या पड़े रहने की क्रिया या स्थिति।

circumjacent *सर्कमजेंसेण्ट n.* which is lying round; bordering on every side. चारों ओर स्थित; प्रत्येक सीमा पर लगा हुआ।

circumlittoral *सर्कमलिटोरल adj.* adjacent to the shore-line. समुद्र तटीय सीमा पर लगा हुआ।

circumlocute *सर्कमलोक्यूट v. i.* to use round about language. सीधी बात न कह कर घुमा फिरा कर बात कहना।

circumlocution *सर्कमलोक्युशन n.* round about expression by using many words instead of one. एक के स्थान पर कई शब्द कह कर कोई बात अभिव्यक्त करना; व्यञ्जना तथा लक्षणा।

circumlocutionist *सर्कमलोक्युशनिस्ट n.* one who indulges in circumlocution. घुमा फिरा कर बात कहने वाला व्यक्ति; व्यञ्जना भाषी;

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

लक्षणा का प्रयोग करने वाला।

circumlocution office *सर्कमलोक्युशन ऑफिस n.* a Government Department dilatory in attending to business. ऐसा सरकारी विभाग जो हर कार्य में विलम्ब करे।

circumlocutory *सर्कमलोक्युटरी adj.* involving circumlocution. लक्षणा या व्यञ्जना वाली अभिव्यक्ति फेरफार वाली।

circummure *सर्कम्यूर v. t.* (*Shak.*) to build a wall round. चारों ओर दीवार बना देना।

circumnavigable *सर्कमनॅवीगेबल adj.* round which ships can sail. जिसके चारों ओर जहाज चल सकें।

circumnavigability *सर्कमनॅवीगेबिलिटी n.* the state of being circumnavigable. ऐसी स्थिति कि चारों ओर जहाज घूम सके।

circumnavigate *सर्कमनॅवीगेट v. t.* to sail round the globe or anything else. विश्व के चारों ओर जलयात्रा करना; किसी स्थान के चारों ओर नाव या जहाज से घूमना।

circumnavigation *सर्कमनॅवीगेशन n.* act of going around in ship. जहाज से चक्कर लगाने की क्रिया।

circumnavigator *सर्कमनॅवीगेटर n.* one who sails around a land or around the world. किसी भूमि के या विश्व के चारों ओर जलयात्रा करने वाला।

circumnutate *सर्कमनोटेट v. t.* to rotate in nodding manner. सिर हिलाने के समान घूमना।

circumnutation *सर्कमन्युटेशन n.* act of rotating in a nodding manner. सिर हिलाने के समान घूमने की क्रिया।

circumnutatory *सर्कमन्युटेटरी adj.* one who rotates in a nodding manner. सिर हिलाने के समान घूमने वाला।

circumoral *सर्कमॉरल adj.* placed round the mouth. मुख के चारों ओर रखा हुआ।

circumpolar *सर्कमपोलर adj.* situated near the pole. ध्रुव के पास स्थित।

circumpolar stars *सर्कमपोलर स्टार्स n.* stars so near the poles that they never set there. तारे जो ध्रुव के इतने निकट हैं कि वहां सारे साल दिखाई देते है।

circumpose *सर्कमपोज v. t.* to place around. चारों ओर रखना।

circumposition *सर्कमपोजीशन n.* act of placing around. चारों ओर रखने की स्थित या क्रिया।

circumrotation *सर्कमरोटेशन n.* act of rotating around. चक्कर खाने की क्रिया।

cirumscissible *सर्कमसिसिबल adj.* which can be opened in a round about manner. जो गोलमाल तरीके से खोला जा सके

circumscribable *सर्कम्सक्राइबेबल adj.* which can be circumscribed. जो घेरा जा सके; जो प्रतिबन्धित या संकुचित किया जा सके।

circumscribe *सर्कम्सक्राइब v. t.* to enclose in a line drawn around; to curtail; restrict; confine. चारों ओर रेखा बना कर उसमें बन्द करना; कम करना; प्रतिबन्धित करना; संकुचित करना; सीमित करना।

circumscriber *सर्कम्सक्राइबर n.* one who circumscribes. प्रतिबन्धित करने वाला; घेरने वाला; सीमित करने वाला।

circumscription *सर्कम्सक्रिप्शोन n.* marking of the limits; definition. सीमा निश्चित करना; परिभाषा।

circumscriptive *सर्कॅम्सक्रिपटिव adj.* limiting. सीमित करने वाला; परिधि बनाने वाला।

circumsolar *सर्कम्सोलर adj.* revoling round the sun. सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने वाला।

circumspect *सर्कम्सपेक्ट adj.* wary; cautious; looking around. सावधान; चारों ओर देखने वाला।

circumspection *सर्कम्सपक्शन n.* caution before hand; thoughtfulness. सावधानी, दूरदर्शिता; विचार शीलता।

circumspective *सर्कम्सपेक्टिव adj.* prudent; looking around on all sides. चारों ओर देखने वाला; दूरदर्शी।

circumspectly *सर्कम्सपक्टिवली adv.* cautiously; in a thoughtful maner. सावधानी पूर्वक; विचार शील तरीके से।

circumspectness *सर्कम्सपक्टनेस n.* state or act of being cautious. सावधान होने की दशा या क्रिया।

circumstance *सर्कम्स्टान्स n.* (*sing.*) event; occurrence; situation; incident. परिस्थिति; घटना; दशा; अवस्था।

v. t. to place in particular circumstances. विशेष परिस्थितियों में फंसा देना।

circumstances *सर्कम्स्टान्सस n.* (*pl.*) state of things; conditions as a series. परिस्थितियां (संविधान) घटना-क्रम।

in good circumstances: in these prosperous state. अच्छी परिस्थितियों में।

in the circumstances: in these conditions. इस हालत में; इन परिस्थितियों में।

not a circumstance to: (U. S.) nothing to. कुछ नहीं; महत्वहीन है।

circumstantial *सर्कम्स्टॅन्शयल adj.* relating to circumstances; detailed; minute, incidental; not essential; not direct. परिस्थितियों सम्बन्धी; विस्तृत; ब्यौरेवार; घटनात्मक; अप्रत्यक्ष।

circumstantial evidence *सर्कम्स्टॅन्श्यल एवीडॅन्स n.* indirect evidence. अप्रत्यक्ष प्रमाण।

circumstantiality *सर्कम्स्टॉन्श्यलिटी n.* minuteness details; state of being circumstantial. ब्योरेवार होने की स्थिति; विस्तृतता; बारीकी।

circumstantially *सर्कम्स्टॅन्श्यली adv.* in a detailed manner; in a circumstantial. manner. परिस्थितियों के अनुसार; ब्यौरे से;

circumstantials *सर्कम्स्टॅन्श्यल्स n.* details. विस्तृत बातें; ब्यौरा।

circumstantiate *सर्कम्स्टॅन्शियेट v. t.* to prove by circumstances to describe exactly. परिस्थितियों से सिद्ध करना; ठीक ठीक वर्णन करना।

circumvallate *सर्कमवॅलेट v. t.* to surround with a wall. दीवार से घेर देना।

circumvallation *सर्कमवॅलेशन n.* act of surrounding with a wall. दीवार से घेरने की क्रिया।

circumvent *सर्कमवेन्ट v. t.* to entrap; to cheat. जाल में फंसाना; धोखा देना।

circumvention *सर्कम्वन्शन n.* deception, छल कपट; ठगी।

circumventive *सर्कमवेंशिटव adj.* deceiving. धोखा देने वाला।

circumvolution *सर्कमवॉल्यूशन n.* act of rolling round; a coil. चारों ओर चक्कर काटना; घुमाव; चक्कर।

circumvolve *सर्कमवॉल्व v. t.* to roll round लुढ़कना।

v. i. to revolve. चारों ओर घूमना।

circus *सर्कस n.* (1) a circular space. (2) play ground. (3) place for exhibiting. (4) open space at street junction. (१) गोल स्थान या चौक। (२) खेल का मैदान। (३) पशुओं के खेल दिखाने का स्थान। (४) सड़क के चौराहे पर खुला स्थान; चौक।

circusy *सर्कसी adj.* (also *circussy*) pertaining to a circus. सर्कस सम्बन्धी।

cirque *n.* (*Fr.*) a circus; a ring. सर्कस: गोल चकर।

cirrhosis *सिरोसिस n.* a disease of the lever. जिगर का रोग।

cirrus *सर्रस n.* (*pl. cirri*) cloud resembling in form the distended lock of hair. बिखरे हुए बालों की आकृति का बादल।

cisalpine *सिसलपाइन adj.* on this side of Alps. एल्प्स के इस ओर।

cis-atlantic *सिस-एटलांटिक adj.* on this side of Atlantic. अतलांतिक महा-सागर के इस ओर।

ciseleur *सीजलर n.* one who does the work of engraving. शिल्पकार; खुदाई का काम करने वाला।

ciselure *सीजलूर n.* art of engraving. खुदाई का काम।

cis-montane *सिस-मॉण्टेन adj.* on this side of mountain. पर्वत के इस ओर।

cispontine *सिस-पॉण्टाइन adj.* on this side of bridge. पुल के इस ओर।

cissy *सिसी n. & adj.* a man having habits of a woman. जनाना आदमी; औरतों की सी आदतों वाला पुरुष।

cist *सिस्ट n.* a chest made of stones; an old grave of prehistoric period resembling a chest or a tomb. पत्थर का बना सन्दूक; बहुत पुराने समय की कोई कबर या समाधि।

cisted *सिस्टेड adj.* containing stone of chests. पत्थर के सन्दूक वाला।

cistercian *सिस्टर सियन adj. & .n* one belonging to an order of the monks having certain principles. विशेष सिद्धान्तों वाले कुछ पादरियों की एक श्रेणी विशेष का सदस्य।

cistern *सिस्टर्न n.* a reservoir for storing water, a water-tank. जलाशय; जल की टङ्की जलागार; जल-कुण्ड: पानी का हौज।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

cistic *सिस्टक adj.* like a cist. पत्थर के सन्दूक के समान।

cit *सिट n.* (*fem. citess.*) (Slang) a city man (called so in contempt); a rogue. नगरवासी (धूर्त के अर्थ में घृणा-स्पद प्रयोग)। (also *cits*) (*American slang*) civilian clothes. असैनिक वस्त्र।

citable *साइटेबल n.* which is fit be cited. दृष्टान्त देने योग्य।

citadel *सिटडॅल n.* a small fort near a city. नगर का दुर्ग या गढ़।

cital *सिटल n.* summons to appear. पेश होने के समान।

citation *साइटेशन n.* quotation; reference. दृष्टान्त; निर्देश।

citatory *सिटेटरी adj.* addicted to citation. जिसे उद्धरण करने का शौक हो।

cite *साइट v. t.* to quote; to mention as example; to summon उद्धरण देना; उदाहरण के रूप में उल्लेख करना, आह्वानकरना; बुलाना।

cithara *सिथरा n.* an ancient musical instrument of Greece. यूनान का एक प्राचीन वाद्य साज।

citharist *सिथरिस्ट n.* a player on the cithara. सिथरा बजाने वाला।

citharistic *सिथरिस्टिक adj* pertaining to sithara. सिथरा संबंधी।

cither *साइथर n.* (also *cithern*; *cittern*) an instrument of different kind from sithara. सिथरा से भिन्न एक अन्य प्रकार का वाद्य साज।

citigrade *सिटिग्रेड adj* having quick steps. तेज चाल वाला।

citizen *सिटिजन n.* belonging to a state; a townman; (U. S.) a civilian (female *citizeness*) नागरिक (*संविधान*);पौर; जानपद; पुरवासी।

citizenise *सिटिजनाइज v. t.* to make a citizen. नगरिक बनाना।

citizenry *सिटिजनरी n.* the general body of citizens. नागरिकों का समाज या समुदाय।

citizenship *सिटिजनशिप n.* state of being a citizen; rights of citizen. नागरिकता (*संविधान*; नागरिक के अधिकार।

citole *सिटोल n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का वाद्य- साज।

citrange *सिट्रेंज n.* a hybrid between citron and orange. शंतरे तथा मालटे के मेल से बना फल।

citrate *सिट्रेट n.* a salt of citric acid. साइट्रिक तेजाब का एक लवण।

citreous *सिट्रिअस adj.* dark and greenish yellow. गहरा हरा रंग।

citric *साइट्रिक adj.* pertaining to citron or lemon. नीबू की खटाई सम्बन्धी।

citric acid *साइट्रिक एसिड n.* an acid of citron. निंबू का तेजाब।

citrine *साइट्रीन n.* dark green colour. गहरा हरा रंग।

citron *साइट्रॉन n.* a large lemon like fruit. नीबू के समान बड़े आकार का फल; चकोतरा।

citronella *सट्रोनेला n.* a kind of grass grown in Ceylon. श्री लंका में पैदा होने वाली एक प्रकार की घास।

citronella oil *सिट्रोनेला ऑइल n.* oil of the citronella grass used in perfumery. सिट्रोनेला घास का तेल जो इत्र बनाने के काम आता है।

citron-tree, citron-wood *n.* a kind of tree and its wood used in making furniture. एक प्रकार का वृक्ष और उसकी लकड़ी जिसके मेज कुर्सी बनते हैं।

citrus *साइट्रस n.* the citron tree. साइट्रोन नामक वृक्ष।

citrus fruits *साइट्रस फ्रूट्स n.* fruits of acidic taste like lemon, orange etc. खट्टे रस वाले फल जैसे नीबू खट्टा, शंतरा आदि।

citrus-wood *साइट्रस वुड n.* the wood of citron used in furniture. साइट्रोन वृक्ष की लकड़ी जिसका सामान बनता है।

city *सिटी n.* (*pl. cities*) a large town. नगर (*संविधान*) शहर।

Eternal city *एटर्नल सिटी* Rome. रोम नामक नगर।

Holy city : a city held holy like Jerusalem or Prayag. तीर्थ (जैसे ईसाइयों का यीरुशलेम या हिन्दुओं का प्रयाग)।

heavenly city : *हेवनली सिटी n.* an ideal city of Christ. ईसा मसीह का आदर्श भव्य नगर।

city article *सिटी आर्टिकल n.* an article on commerce etc. in newspaper. पत्रों में वाणिज्य सम्बन्धी लेख आदि।

city company *सिटी कम्पनी n.* a company incorporated in city. नगर में निगमित समवाय।

city editor *सिटी ॲडीटर n.* the editor dealing with commercial news. वाणिज्य आदि से सम्बन्धित समाचार।

city fathers *सिटी फादर्स n.* the Municipal Commissioners. नगर की नगर पालिका के सदस्य; नगर पिता।

city man *सिटी मॅन n.* a man working in city and doing business act; a civilised person. नगर का व्यापारी; लाला; सेठ; बनिया; सभ्य व्यक्ति।

city manager *सिटी मॅनेजर n.* one who manages the offices of a city like Municipal President. नगर का प्रबन्ध करने वाला व्यक्ति जैसे नगरपालिका का प्रधान।

city mission *सिटी मिशन n.* a body to help the poor people in city. नगर में निर्धनों की सहायता करने वाली संस्था।

city of God *सिटी ऑफ गॉड n.* heaven. स्वर्ग; ईशपुरी।

city of refuge *सिटी ऑफ रिफ्यूज n.* a city which is a sanctuary for criminals. एक नगर जो अपराधियों का शरण स्थल माना जाता हो।

city state *सिटी स्टेट n.* a sovereign state having one city only & some villages. ऐसा स्वतन्त्र राज्य जिसमें एक ही नगर और कुछ देहात हों।

cive *साइव n.* (also spelt *chive.*) a kind of herb like onion एक प्रकार की जड़ी जिस में से प्याज की सी बदबू आती है।

civet *सिविट n.* a kind of perfume. एक प्रकार का इत्र।

civic *सिविक adj.* of city; municipal; civil; proper or befitting the citizens. नगर का; नगर पालिका सम्बन्धी; असैनिक; व्यवहार सम्बन्धी; नगरीय; नागरिकों के योग्य।

civic centre *सिविक सेंटर n.* the centre of a city where main municipal buildings are situated. नगर का केन्द्र भाग जहां नगरपालिका भवन आदि हों।

civic guard *सिविक गार्ड n.* the guards for maintaining peace in city. नगर-रक्षक दल जो नगर में शान्ति रखते हैं।

civics *सिविक्स n.* science of municipal administration; subject of citizenship. नागरिकता-शास्त्र; नगरपालिका-प्रशासन कला।

civic sense *सिविक सेन्स n.* the sense of living as a good citizen. अच्छे नागरिक की भांति रहने की भावना।

civil *सिविल adj.* (1) not military. (2) not criminal (court). (3) relating to people. (4) polite. (5) political. (6) becoming a citizen. (१) असैनिक (*संविधान*)। (२) व्यवहार (*संविधान*)। (३) लोगों से सम्बन्धित। (४) शिष्ट; सभ्य। (५) राजनैतिक। (६) नागरिक के योग्य।

civil case *n.* a case about property etc. between individuals. नागरिकों के बीच व्यवहारवाद; दीवानी दावा।

civil code *सिविल कोड n.* code relating to the personal relations of citizens. व्यवहार संहिता (*संविधान*)।

civil court *सिविल कोर्ट n.* court dealing with civil cases. व्यवहार न्यायालय (*संविधान*)

civil day *सिविल डे n.* the date used for business purposes. व्यापार में प्रयुक्त तारीख

civil death *सिविल डेथ n.* loss of civil rights; becoming; a *sanyasi* with legal consequences. नागरिक अधिकारों से वंचित होना; संन्यासी बनने का वैध परिणाम।

civil engineer *सिविल एंजिनियर n.* engineer dealing with construction work. भवन; पुल आदि निर्माण करने वाला इञ्जीनियर।

civilian *सिविलियन n.* a civil officer. असैनिक पदाधिकारी।

civilisable *सिविलाइजेबल adj.* who can be civilised. जिसका सुधार हो सके।

civilisation *सिविलाइजेशन n.* state of being civilised; culture. सभ्यता; शिष्टता; संस्कृति।

civilise *सिविलाइज v. t.* to enlighten and refine; to teach city manners; to bring out of barbarism. सभ्य बनाना; सुधारना; नगर का शिष्टाचार सिखाना।

civilised *सिविलाइज्ड adj.* refined; enlightened; cultured; accomodating. शिष्ट; सभ्य; विनीत।

civiliser *सिविलाइजर n.* one who teaches civilisation. सभ्यता सिखाने वाला।

civilist *सिविलिस्ट adj.* expert in civil law. व्यवहार विधि में विशेषज्ञ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

civility *सिविलिटी n* politeness; good manners. शिष्टता; सज्जनता; आदर सत्कार, भलमनसाहत ।

civil law *सिविल लॉ n.* law relating to citizens as opposed to martial law. असैनिक विधि; नागरिकों से आपसी संबंधों की विधि; व्यवहार विधि ।

civil lawyer *सिविल लॉयर n.* dealing with civil suits. व्यवहार-वादों का वकील ।

civil list *सिविल लिस्ट n.* a list of big officers of state. पदाधिकारियों की सूची ।

civilly *सिविलली adv.* in a civil manner. व्यवहारिक रूप में; सभ्य रूप में ।

civil power *सिविल पावर n.* power other than military. असैनिक शक्ति (*संविधान*) ।

civil procedure *सिविलप्रॉसीजरn.* the procedure in civil case. व्यवहारवादों की प्रक्रिया

civil procedure code *सिविल प्रॉसीजर कोड n.* (*C. P. C.*) व्यवहार प्रक्रिया संहिता (*संविधान*)

civil service *सिविल सर्विस n.* the cadre of non-military officers. असैनिक सेवा (*संविधान*) के अधिकारियों की पदावली ।

civil suit *सिविल सूट n.* a case in court under civil law. व्यवहार वाद; दीवानी दावा ।

civil-suited *सिविल- सूटेड adj* (Milton) well dressed. तड़कभड़क की वेष-भूषा वाला ।

civil war *सिविल वार n.* war between the citizens of the same state. एक ही राज्य के नागरिकों के बीच गृह युद्ध ।

civism *सिविज्म n.* good citizenship. अच्छी नागरिकता ।

civvy *सिव्वी n.* (slang) civilian. (*pl.*) *civvies* meaning civilian clothes.) नगर वासी; नागरिक वस्त्र ।

cizers *सिज़र्स n.* Shakespearean spelling of scissors. कैंची ।

clabber *क्लेबर n.* (1) mud. (2) milk curdled by souring. (१) कीचड़ । (२) दूध फाड़ कर जमाया हुआ ।

v. t. to curdle as milk. खट्टा करके या फाड़ कर जमाया हुआ जैसे दूध ।

clachan *क्लेखन n.* (*Scot.*) a small village; a village inn or hut. एक छोटा गांव; गांव की सराय या झोंपड़ी ।

clack *क्लेक v. i.* (1) to clap; rattle; chatter. (2) to cackle as a hen. (3) to utter heedlessly. (१) ताली बजाना; खटाक का शब्द होना; चहचहाना । (२) मुर्गी की तरह बोलना । (३) व्यर्थ ही बोलना ।

n. (1) a sharp short clapping sound. (2) continued or confused talk. (3) the tongue; a gossip. (१) कर्कश शब्द या आवाज; खटका । (२) बिना आशय की बेकार बात । (३) जबान; गप्प ।

clack-box *क्लेक-बॉक्स n.* the box containing the clack-valve of an engine. एंजिन का वह डिब्बा जिसमें वाल्व बन्द होता है ।

clack-dish *क्लेक-डिश n.* a wooden dish with a cover with which a clacking sound was made. एक प्रकार की लकड़ी की गोल तश्तरी जिसके साथ एक और लकड़ी लगी होती है और पहले जिनको आपस में बजाकर गाना गाया जाता था ।

clack-goose *क्लेक-गूज n.* the barnacle. goose. एक प्रकार की मुर्गी की तरह आवाज करने वाली बत्तख ।

clack-valve *क्लेक-वाल्व n.* a valve consisting of a hinged flap which falls back with a clacking noise. एक प्रकार का वाल्व जिसका एक सिरा कब्जे की तरह लगा होता है और खुलने या बन्द होने पर आवाज देता है ।

clad *क्लेड* (*p. t. & p. p.*) *pt.* of 'clothe' वस्त्र पहने हुए ।

cladode *क्लेडोड् n.* a branch taking the functions of a leaf. पौधों की ऐसी शाखएं जो पत्तियों का काम देती हैं ।

claes *क्लाज* (*pl. Scot.*) for clothes. वस्त्र ।

clag *क्लेग v. i.* to stick. सट जाना ।

v. t. to bedaub. अधिक रङ्ग लगाना ।

n. a clot. तरल पदार्थ का जमा हुआ ठेला ।

claggy *क्लेगी adj.* tenacious. चटपटा ।

claim *क्लेम v. t.* (1) to demand as a matter of right. (2) to maintain as a fact or truth. (3) to contend; assert. (4) to require or deserve. (5) to take up and occupy as public land. (१) दावे के साथ मांगना । (२) सच्चाई पर अड़े रहना । (३) दृढ़तापूर्वक कहना । (४) तलब करना; योग्यता होना । (५) तलब की हुई चीज; सार्वजनिक जमीन पर अधिकार करना; स्वत्व का दावा ।

n. (1) to demand something as due. (2) an assertion; as of a fact. (3) the things claimed as a piece of land appropriated by a minor or other. (4) a tract of Government land petitioned for and claimed by a settler. (१) अधिकारपूर्वक मांगने का कार्य । (२) दृढ़तापूर्वक कहना जैसे सच बात को सच ही मानना । (३) स्वतत्व का दावा जैसे नाबालिग अपने हक का दावा जमीन के लिए करता है । (४) किसी सरकारी जमीन पर अधिकार करने के लिए दावा करना ।

day claim to : to assert a right to. स्वत्व का दावा करना ।

claimable *क्लेमेबल adj.* that can be claimed. जिसे अधिकारपूर्वक मांगा जा सके ।

claimant *क्लेमेन्ट n.* (also *claimer*) one who makes a claim. तलब करने वाला; स्वत्व का दावा करने वाला ।

claim-jumper *क्लेम-जम्पर n.* one who takes possession of another's mining claim. वह व्यक्ति जो दूसरे के खान के ठेके पर अधिकार जमाए जिस पर किसी दूसरे ने इस बात का दावा किया हो कि उस पर उसका हक है ।

clairaudience *क्लेयर ऑडियन्स n.* the power of bearing things not present to the senses. ऐसी घ्राण शक्ति जो इन्द्रियों में भी नहीं होती ।

clairaudient *क्लेयरऑडियन्ट adj.* pertaining to clairaudience. उपरोक्त घ्राण शक्ति से सम्बन्धित ।

clair de lune *क्लेयर डे लून n.* (*Fr.*) literally moon light; a greyish blue glaze applied to certain; varieties of Chinese procelain. चन्दा की चांदनी; एक प्रकार की नीली चमक जो विभिन्न चीनी के बर्तनों में होती है ।

clair-obscure *क्लेयर-ऑब्सक्योर n.* (also *clare-obscure*) (1) the black and white drawing. (2) the distribution of lights and shade in a picture. (१) श्वेत और काले रङ्ग का हाथ से बनाया चित्र । (२) चित्र में सफेद और काले का अनुपात अनुसार ठीक तरह चित्रण करना ।

clairschach *क्लेयर-शॅक n.* an ancient Irish harp with 29 to 58 strings. एक प्रकार का आयरलैण्ड का २६ से ५८ तारों वाला गिटार (वाद्य यन्त्र) ।

clairvoyance *क्लेयर वोयन्स् n.* (1) the ability to see things not visible to the normal human eye. (2) mind reading. (१) ऐसी वस्तुएं देखने की क्षमता जो आमतौर पर मनुष्य की आंखें नहीं देख सकतीं । (२) दूसरे के देख कर ही उसके भाव जान लेना ।

claise *क्लेज n.*(*Scot.*) clothes. पहनने के वस्त्र

claith *क्लेथ n.* (*Scot.*) cloth. बिना सिले वस्त्र; कपड़ा ।

claithing *क्लेदिंग n.* (*Scot.*) clothing. कपड़े; वस्त्र ।

clam *क्लॉम n.* (1) a clamp as of bricks. (2) a gripping of instruments. (3) an uncommunicative person. (4) an edible shellfish of various kinds in America (5) a noise made by ringing two or more bells together. (6) dampness. (१) चिनाई करना या जोड़ना जैसे ईंटों की चूने से चिनाई की जाती है । (२) यन्त्रों को हाथ से पकड़ने का दस्ता; (३) सदा चुप रहने वाला व्यक्ति; जिससे कोई बात मालूम करनी कठिन हो; (४) सीपी; सतुही और सितुआ जो अमरीका में पाई जाती हैं और खाने के काम आती हैं । (५) दो या अधिक घण्टियां या घण्टे बजाने की आवाज सीड़ापन; सिमसिमाहट ।

v. t. (1) to clog. (2) to smear. (१) जम कर बन्द करना । (२) पोतना ।

long or soft clam : edible soft shellfish found in America. एक प्रकार का खाने वाला सीप जो अमरीका में पाया जाता है ।

giant clam : a huge shellfish whose shell may be over 3 feet. एक प्रकार का अमरीका में पाया जाने वाला बड़ा सीप जिसकी लम्बाई तीन फिट से भी अधिक होती है ।

clamant *क्लमेण्ट adj.* (1) insistent calling for help or remedy. (2) clamourous resounding. सहायता के लिये चीत्कार प्रार्थी । शोर; कोलाहल; चिल्ला चिल्ला कर मांगना ।

clamatorial *क्लॅमेटोरियल adv.* relating to order of raucous-voiced birds. एक प्रकार के पक्षियों से सम्बन्धित जो बहुत चीत्कार करते है जैसे चील इत्यादि ।

clam-back *क्लॅम-बेक n.* (1) a picnic at the seashore of New England where roasted clams are the principal dish (2) a radio broad cast that breaks down due to mistakes. (3) an informal gathring of musicians to impro-

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

vise music for their own enjoyment. (१) एक न्यू इंगलैंड में समुद्र तट पर सैर सपाटे का स्थान जहां बैठ कर मुख्यत: सीप का भोजन ही खाया जाता है; त्रुटियों और गलतियों के कारण रेडियो प्रोग्राम का ठीक ठीक प्रसार न होना। (३) संझीतज्ञों की एक ऐसी सभा जिसमें वह अपना मन बहलाने के लिए एकत्र होकर गाने का आनन्द लेते हैं।

clambe *क्लॅम v. p. t.* of climb. ऊपर चढ़ते हुए; ऊपर चढ़ा हुआ।

clamber *क्लॅम्बर v. t.* to climb with difficulty; grasping with hands or feet. मुश्किल से चढ़ना; हाथ या पांव की सहायता से चढ़ना;।

n. the act of clambering. कठिनता से चढ़ने का कार्य।

clamjamfery *क्लॅमजेम्फ़री n.* (Scot.) (also) *clamjamphrie*) rubbish बेमतलब की बात; बेहूदगी।

clamminess *क्लॅमीनेस n.* the quality of being clammy. चटपटापन; लसलसापन।

clammy *क्लॅमी adj.* (1) damp or cold. (2) soft and sticky. ठंडातर और सिमसिमा नर्म और चटचटा जो सट्जाए अथवा चिपक जाए।

clamorous *क्लॅमरस adj.* noisy; bosterous. कोलाहल करते हुए; शोरगुल मचाते हुए।

clamorously *क्लॅमरसली adv.* in a clamorous manner. शोरगुल की स्थिति में।

clamorousness *क्लॅमरसनेस n.* the quality of being clamorous. हल्ला गुल्ला; कोलाहल।

clamour *क्लॅमर n.* (1) any loud repeated outcry; noisy confusion of loud voices. (2) a continuous vehement objecting or demanding; public outcry. (१) भीषण चीत्कार; कोलाहल; रटन। (२) किसी बात को मनमनाने के लिये हल्ला गुल्ला कोलाहल; जनता की पुकार; चिल्ला कर मांग करना।

v. t. (Shak.) to silence; to stop the noise of; to cry loud in demand; to make a loud outcry. चुप करना; आवाज बन्द करना (शेक्सपीयर ने इस शब्द का यह अर्थ लगाया था)।

v. i. to cry loud in demand; to make a loud outcry. शोरगुल मचाकर या चिल्लाकर मांग करना।

to clamour down : to silence. चुप करना।

clamp *क्लॅम्प n.* brick-kiln with impervious walls. (2) a pile or heap as of an ore. (3) a heavy tread. (4) a device for compressing or binding together two or more parts. एक प्रकार का ईंटों का भट्टा जिसकी दिवालें ऐसे पदार्थ की बनी होती है जो जल्दी गरम नहीं होती; (२) किसी वस्तु का ढेर जैसे कच्चे धातुओं का ढेर। (३) पैर पर बोझ डालकर चलने का कार्य। (४) दो या इससे अधिक वस्तुओं को बांधने या जोड़ने के लिए कील कांटा; याहू; कोनिया।

v. i. to walk heavily. पैरों पर जोर देकर चलना।

v. t. to join or bind with; as with a clamp. दो या अधिक चीजों को जोड़ना; जैसे कील इत्यादि लगाकर एक तख्तेपर दूसरा तख्ता जोड़ देता है।

clamper *क्लॅम्पर n.* an attachment to prevent slipping on the ice. एक प्रकार का लोहे का टुकड़ा जिसे बर्फ पर फिसलने से बचने के लिये पैर में बांधा जाता है।

v. t. to blotch up. पैबन्द लगाना।

clampers *क्लॅम्परस n.* (*pl.*) pliers. पेच कस।

clam-shell *क्लॅम शेल n.* the shell of a clam. एक प्रकार की सीपी।

clan *क्लॅन n.* (1) a united group of families or relatives having a common ancestor; one hereditory chieftain. (2) an exogamous subdivision of a tribe which do not intermarry. (3) a clique or sect of persons; a club; a fraternity. वंश या ऐसे खानदान जिनके कुजुर्ग लोग एक ही पिता की संतान हों; आदिम जाति का मुखिया। (२) आदिम जाति का वह भाग जो आपस में विवाह नहीं करते; सगोत्र। (३) दल; मंडली; सभा।

clandestine *क्लॅनडेस्टाइन adj.* concealed or hidden; private; sly. गुप्त; छिपा हुआ; धूर्त।

clang *क्लॅङ्ग n.* (1) a ringing sound as of a metal struck. (2) in music; a tone with its overtones. (3) the ringing call of cranes or geese. (१) घनघनाना; छनछनाना; किसी धातु के ऊपर चोट करने पर जो शब्द निकलता है। (२) संगीत में वह आवाज जो अति झनझनाहट लिये हो। (३) सारस या बत्तख की आवाज।

v. i. to send forth a loud metalic sound. झनझनाहट की आवाज करना।

v. t. to cause a sharp ringing voice. घनघनाहट की आवाज उत्पन्न करना।

clangrous *क्लॅङ्गरस adj.* (also *clanging*) pertaining to clang. झनझनाहट की आवाज की आवाज से सम्बन्धित।

clangorously *क्लॅङ्गरसली adv.* in a clangorous manner. झनझनाहट की आवाज करते हुए।

clangour *क्लॅङ्गर n.* a noisy ringing; repeated clanging. तेज घनघनाहट; बारबार घनघनाहट की आवाज।

clank *क्लंक n.* a short harsh metalic sound. झनझनाहट का शब्द।

v. t. & v. i. to cause such sound. झनझनाहट या टनटन करना या टनटनाना।

clannish *क्लॅनिश adj.* like a clan; disposed to cling together; round by family tradition. वंश के समान; साथ साथ रहने वाले; वंश की परम्परा से बंधे हुए।

clannishly *क्लॅनिशली adv.* in a clannish manner. वंश के समान अवस्था में।

clanship *क्लॅन शिप n.* union under a chief. आदिम जाति के मुखिये के आधीन संघ।

clansman *क्लॅन्समेन n.* a member of a clan. आदिम जाति का सदस्य।

clap *क्लॅप n.* (1) a sharp sudden noise as of two hard flat objects coming together. (2) the act of striking together as with hands. (3) a sudden, but slight blow with the flat of the hands; a step; a thunder. (१) एकाएक दो चपटी चीजों के आपस में टकराने से उत्पन्न आवाज। (२) दो चीजों को आपस में टकराने का कार्य जैसे ताली बजाना। (३) हाथ से थपथपाना या शाबासी देना; गरज।

v. t. to strike together so as to make noise; to drive together suddenly; to put (*Scot.*); to put suddenly as in prison. आपस में टकराकर आवाज उत्पन्न करना; अचानक मिलाना; (स्काटलैंड में) शाबासी देना; अचानक कहीं भेज देना या डाल देना जैसे जेल में।

v. i. to strike the hands together; to slam with noise; to applaud; to come or go suddenly. हाथ से ताली बजाना; आवाज के साथ बंद करना; शाबासी देना; अचानक आना या जाना।

the clap. Gonorrhea सूजाक; आतशक।

to clap eyes on. to see. देखना।

to clap a bargain. to make a bargain hastily. जल्दी में सौदा लेना।

to clap hands. to make an agreement. रजामंद होना; समझौता करना।

to clap hold of. seize roughly. भद्देपन से पकड़ना।

to clap up. to finish suddenly. अचानक समाप्त करना।

clap-board *क्लॅप-बोर्ड n.* a lapping weather board with one edge thicker than the other. एक प्रकार की मजबूत लकड़ी का तख्ता जो एक तरफ से मोटा होता है और छत पर डालने के काम आता है।

clap-bread *क्लॅप-ब्रेड n.* a kind of oatmeal cake. एक प्रकार की जई का बना केक (टिकिया)।

clap-dish *क्लॅप-डिश n.* a wooden dish carried by beggers with a metal cover with which they make clacking sound for drawing attention. एक प्रकार की लकड़ी की बनी तश्तरी जिस पर धातु का टुकड़ा लगा होता है जिसे बजाकर भिखारी भीख मांगते हैं।

clap-net *क्लॅप-नेट n.* a net made to clap together by pulling a string. एक प्रकार का जाल जो एक रस्सी खींचने पर एकदम बन्द हो जाता है।

clapper *क्लॅपर n.* (1) one who claps (2) an instrument for making noise as a rattle (3) a glib tongue (4) a kind of noisy wind mill to scare birds (5) a rough bridge made of planks and supports (6) a raised foot path. (१) ताली बजाने वाला। (२) खटखट शब्द करने वाला एक वाद्य यन्त्र। (३) घण्टी की लर। (४) एक प्रकार का हवा से चलने वाला पंखा जो बहुत चर चर की अवाज करता है जिससे पक्षी डर कर खेत को खराब करने नहीं आते। (५) एक भद्दा पुल जो लकड़ी के तख्तों का बना होता है और नीचे बल्लियां गड़ी होती है। (६) एक जमीन से ऊंचा बना हुआ चलने का रास्ता। खरगोश का बिल।

clapper-claw *क्लॅपर-क्लॉ v. t.* (*Shak*) to scratch; to scold. नोंचना; गालीदेना।

clapping *क्लॅपिङ्ग n.* (1) noise of strick-

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ing. (2) applause. (१) किसी वस्तु को दूसरी वस्तु से मारने की आवाज़। (२) ताली बजा कर किसी को शाबाशी देना।

clap-sill *क्लॉप-सिल n.* the bottom part of the frame on which the lock-gates shut. ताला लगने वाले लोहे के दरवाजे का नीचे का भाग जिस पर वह बन्द होते हैं।

clap-trap *क्लॉप-ट्रैप n.* a trick to win favour or catch applause. चापलूसी; प्रसन्न करने के लिए शब्दों का प्रयोग।

clap-trappery *क्लॉप-ट्रैपरी n.* the art of claptrappering. दूसरे को प्रसन्न करने का तरीका।

clap-trappish *क्लॉप-ट्रैपिश adj.* pertaining to clap-trap. दूसरे को बनावटी बातें करके खुश करने से सम्बन्धित।

confiscatory *कन्फिस्केटरी adj.* of the nature of confiscation. जब्ती के समान ।

confit *कन्फिट n.* (also spelt as *comfit*) sweetmeat; almond or any seed on which sugar has been coated. मिठाई; बादाम आदि किसी वस्तु पर चीनी चढ़ाई गई गोलियां ।

confiteor *कॉन्फीटियर n.* a kind of prayer of Christians; a type of confession of Latin church. ईसाइयों की एक प्रकार की प्रार्थना; लेटिन चर्च नामक ईसाई सम्प्रदाय में पाप स्वीकृति की एक प्रथा ।

confiture *कन्फीट्योर n.* (also *confiture*) conserve. संरक्षित पदार्थ ।

confix *कन्फिक्स v. t.* Shakespeare) to fix firmly. मजबूती से जमाना ।

conflagrant *कॉन्फ्लग्रेन्ट adj.* burning (*Milton.*) जलता हुआ; सुलगता हुआ ।

conflagrate *कॉन्फ्लेग्रेट v. i. & v. t.* to burn. जल जाना; जला देना ।

conflagration *कॉन्फ्लेग्रेशन n.* bonfire; a great fire or burning. बड़ी आग; होली, अग्निकाण्ड ।

conflate *कन्फ्लेट v. t.* to confuse and confound; to mix two different things into one; to blow together. मिलाकर गड़बड़ घोटाला करदेना; भिन्न प्रकार की दो वस्तुओं को मिलाना; एक साथ फूंक मारना ।

conflation *कन्फ्लेशन n.* act of mixing. मिलाने की क्रिया ।

conflict *कॉन्फ्लिक्ट n.* a struggle of ideas in the mind; a big collision; a contest; a battle. विचारों का मानसिक अन्तर्द्वन्द्व; बड़ी भारी टक्कर; लड़ाई; सङ्घर्ष; झगड़ेबाजी । *v. i.* to fight; to contend or clash; to oppose. लड़ना; झगड़ना; टक्कर लेना; विरोध करना ।

conflicting *कॉन्फ्लिक्टिङ्ग adj.* creating conflict; going against; contradicting; clashing. झगड़ा करने वाला; विरुद्ध चलने वाला; विपरीत; प्रतिकूल ।

confliction *कॉन्फ्लिक्शन n.* act or state of conflict; contradiction. झगड़े की स्थिति; सङ्घर्ष की हालत; वैपरीत्य; प्रतिकूलता ।

conflictive *कॉन्फ्लिक्टिव adj.* having a tendency to create conflict. विरोधी प्रवृत्ति वाला ।

confluence *कॉन्फ्लूयेन्स n.* act of meeting together; a meeting place of river; act of flowing side by side; a place where two different varieties unite and form a uniform thing. मिलाप; नदियों का सङ्गम; साथ साथ बहना; भिन्न भिन्न धाराओं का सङ्गम स्थल ।

confluent *कॉन्फ्लूअेन्ट adj.* flowing together; running into one and combining; uniting. साथ बहने वाला; एक दूसरे में मिलकर एक वर्ण हो जाने वाले; एकताशील । *n.* a stream uniting with another or flowing along with that. एक धारा जो दूसरी धारा में मिल जाये या उसके साथ साथ बहे ।

confluently *कॉन्फ्लूअेन्टली adj.* in confluent manner. साथ बहते हुए ।

confiux *कॉन्फ्लक्स n.* a confluence; flowing together; meeting of rivers. सङ्गम; मिलने का स्थान; साथ बहना; नदियों का मिलाप

conform *कन्फार्म v. i. & v. t.* to adopt similar form; to adapt; to assume a particular shape; to resemble; to obey; to comply with; to make like; to agree. अनुरूप बनना या बनाना; समान रूप धारण करना; वैसे ही आकार का बना देना, आज्ञा पालन करना; सहमत होना ।

conformability *कन्फार्मेबिलिटी n.* state of being in conformity with or conformable with. अनुरूप या सदृश होने की स्थिति; आज्ञापालन की योग्यता; साम्यता ।

conformable *कन्फॉर्मेबल adj.* of the same form; suitable; resembling. एक से रूप या आकार वाला; उपयुक्त; मिलता जुलता; सदृश; अनुरूप; समान ।

conformably *कन्फॉर्मेब्ली adv.* in a resembling manner; in a complying way. मिलते जुलते ढङ्ग से; आज्ञाकारी तरीके से ।

conformation *कन्फॉर्मेशन n.* adaptation; a particular form or shape; a structure of special type. आकार; बनावट रचना; रूप; शकल; आकृति; विशेष प्रकार की बनावट ।

conformer *कन्फॉर्मर n.* (also *conformist*) one who conforms; a firm believer in the traditional method of worship in church. आकार बदलने वाला; गिरजे की परम्परागत पूजा व्यवस्था में विश्वास करने वाला ।

conformity *कन्फॉर्मिटी n.* act of compliance; similarity; resemblance; likeness; the state of being comformable; consistency; congruity. अनुसरण (*संविधान*); अनुरूपता; सदृशता; समान होने का भाव; एकरूप होने की स्थिति; अनुकूलता ।

in conformity with : according to; in accordance with. अनुसार; अनुरूप; अनुसरण में ।

confound *कन्फाउंड v. t.* to defeat; overthrow; to puzzle; to perplex; to mix up; confuse; throw in disorder; fail to distinguish; defeat in argument. हराना; गिरा देना; चकित कर देना; घबरा देना; मिला देना; अव्यवस्थित कर देना; पहचान न सकना; तर्क में हार जाना ।

confounded *कन्फाउन्डेड adj.* आश्चर्य चकित; घबराया हुआ ।

confoundedly *कन्फाउन्डेडली adv.* घबराये हुए तरीके से; आश्चर्यमय रूप में; घृणित रूप में; लज्जाजनक तरीके से ।

confounding *कन्फाउन्डिङ्ग adj.* गड़बड़ पैदा करने वाला; चकराने वाला ।

confoundingly *कन्फाउडिङ्गली adv.* आश्चर्यजनक ढंग से ।

confound you *कन्फाउन्ड यू* एक प्रकार की गाली;

confraternity *कॉन्फ्रटरनिटी n.* a brotherhood; clan; friendship in a brotherly manner. भ्रातृत्व; भाई चारा; भाई के समान प्रेमभाव; प्रगाढ मैत्री ।

confrere *कॉनफ्रेर n.* a fellow member; a friend and associate; a colleague. सहयोगी; मित्र; साथ काम करने वाला; सहकारी

confront *कन्फ्रॅन्ट v. t.* to meet face to face; to flung to one's face; to compare; to oppose; to cross one's evidence by document etc. सामने होना; मुंह दर मुंह होना; किसी को साक्षी के रूप में कोई पत्र मंजूर करवा कर काट देना; विरोध करना; सामना करना; मुकाबला करना; तुलना करना ।

confrontation *कन्फ्रन्टेशन n.*(also *confrontment*). सामने लाना; मुंह दर मुंह खड़ा करना; दस्तावेज से साक्ष्य को काट देना ।

confronte *कन्फ्रन्टे adj.* सामने; मुंह दर मुंह ।

Confucian *कन्फ्यूसियन adj.* of or pertaining to the great Chinese philosopher Confucius. चीन के महान दार्शनिक कन्फ्यूशस

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सम्बन्धी या उसके सिद्धांतों सम्बन्धी।

confucianism *कन्फ्यूसियनिज्म n.* चीन के दार्शनिक कन्फ्यूशस के सिद्धान्तों पर आधारित धर्म।

confucianist *कन्फ्यूसियनिस्ट* चीन के दार्शनिक कन्फ्यूसियस के धर्म को मानने वाला व्यक्ति।

confuse *कन्फ्यूज v.t.* to mix up; to create disorder; to perplex; not to be able to distinguish. मिला देना; अव्यवस्थित कर देना; गड़बड़ घोटाला कर देना; पहचान न सकना; घबरा देना; चकरा देना।

v. i. to become perplexed; to be lost in confusion. घबरा जाना; व्याकुल होना; चकरा जाना।

confused *कन्फ्यूज्ड adj.* अव्यवस्थित; ऐसा मिला जुला कि कोई वस्तु पहचानी न जा सके; घबराया हुआ; असमंजस में पड़ा हुआ; चकराया हुआ।

confusedly *कन्फ्यूसेडली adv.* घबराये हुए तरीके से; चकराये हुए ढंग से; अव्यवस्थित रूप में।

confusedness *कन्फ्यूसेडनेस n.* घबराहट; चकराने की स्थिति; अव्यवस्था।

confusion *कन्फ्यूजन n.* confusedness; disorder; perplexion; shame; turmoil; embarrassment; overthrow. घबराहट; व्याकुलता; आश्चर्य; शोर गुल; घृणा; पतन; गिरावट; लज्जा; गड़बड़ी।

confutable *कन्फ्यूटेबल adj.* जो गलत सिद्ध किया जा सके।

confutation *कन्फ्यूटेशन n.* गलत सिद्ध करने का कार्य।

confutative *कन्फ्यूटेटिव adj.* गलत सिद्ध करने की प्रवृत्ति वाला।

confute *कन्फ्यूट v. t.* to prove to be false; to show to be wrong, to disprove; to refute; to bring to naught. झूठा सिद्ध करना; गलत करके दिखाना; शून्य कर देना; नगण्य बना देना।

confutement *कन्फ्यूटमेन्ट n.* proving wrong गलत सिद्ध करना।

conge *कॉन्जे n.* (also *congee कॉन्जी*) bowing; dismissal; permission to go away. नमस्कार; पदच्युत करना; जाते समय अनुमति लेने की क्रिया।

v. t. to salute and go away; to ask for permission to leave. नमस्कार करके चले जाना; विदाई मांगना।

conge d'elire *कॉन्जे डे-लीर n. (French)* permission to elect granted by crown. चुनने के लिए राजा की ओर से अनुमति।

congeal *कन्जील v. t.* to make solid by application of cold; to freeze. जमाना; सर्दी से द्रव पदार्थ को जमा कर ठोस पदार्थ बनाना।

v. i. to become solid from liquid due to effect of cold; to become stiff. सर्दी के प्रभाव से जम कर द्रव का ठोस बन जाना; कठोर बनना।

congealable *कन्जीलेबल adj.* जमने योग्य जो जम सके।

congealableness *कन्जीलेबलनेस n.* जमने योग्य होने की स्थिति।

congealation *कन्जीलेशन n.* (also *congealment*) जमाने की क्रिया; जमी हुई कोई वस्तु; ठंड द्वारा द्रव का ठोस बनने की क्रिया।

congee *कॉन्जी n.* bowing; salutation; asking for leave to depart. विदाई के समय का नमस्कार; जाने के समय विदा-मांगना।

v. t. to salute; to ask for leave. नमस्कार करना; विदा मांगना।

congener *कान्जिनर n.* one of the same genus; person or thing of the same class or kind; one having similar nature. एक ही श्रेणी की वस्तु या व्यक्ति; एक प्रकार की चीज; एक सी प्रवृत्ति वाला व्यक्ति; सजाति।

congeneric *कॉन्जिनरिक adj.* (also *congenerical*) एक ही प्रकार या श्रेणी का; समान स्वभाव वाला; एक ही उद्भव का।

congenerous *कॉन्जिनरस adj.* एक ही जाति या वंश का; एक ही परिवार का; सजातीय।

congenetic *कॉन्जिनटिक adj.* एक ही उद्भव का; समान उद्भव का।

congenial *कन्जीनियल adj.* एक ही प्रकार का; सहधर्मी; सदृश; सहानुभूति रखने वाला; पसन्द के अनुसार; उपयुक्त; एक ही आत्मीयता वाला या स्वाद वाला।

congeniality *कन्जीनियलटी n.* सधर्मता; अनुरूपता; उपयुक्तता; उपादेयता।

congenially *कन्जीनियल्ली adv.* सदृशतापूर्वक; अनुरूप प्रकार से; उपयुक्तता सहित।

congenial to health *कन्जीनियल टू हैल्थ n.* useful for health; suiting the health. स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त; स्वास्थ्य वर्धक।

congenital *कन्जेनीटल adj.* dating from the birth; born with a person; innate. जन्म से साथ रहने वाला; जन्मदाता; पैदा होने पर ही आरम्भ हो जाने वाला; वंशगत।

congenitally *कन्जेनीटल्ली adj.* in a congenital. जन्मदाता के रूप में।

conger *कॉन्गर n.* (1) a big fish found in deep seas and of eel type (also called *conger-eel*). (2) a company of booksellers formed on co-operative basis. in old days but not in vogue now (१) एक प्रकार की बड़ी मछली जो गहरे समुद्र में रहती है (२) पुस्तक-विक्रेताओं का एक सङ्गठन जो सहकारी ढङ्ग पर चलता था और जिसका पहले बहुत रिवाज था पर अब नहीं रहा।

congeries *कॉन्जरीज n.* (*sing. & pl.* both) a collection; a gathering. (sing. *congery* rarely used). समूह; पुञ्ज; भीड़।

congest *कन्जेस्ट v. i. & v. t.* to collect in excess; to accumulation of blood; having excessive population; packed closely; overcrowded. अत्यधिक मात्रा में एकत्रित होना या करना; भीड़ करना; अधिक इकट्ठा होकर कठिनाई उत्पन्न करना -

congested *कन्जेस्टेड adj.* having excessive accumulation of blood; having excessive population; packed closely; overcrowded. जिसमें आवश्यकता से अधिक रक्त जमा हो जाए; (ऐसा नगर) जिसकी जनसंख्या अत्यधिक हो।

congestible *कन्जेस्टिबल adj.* जहां भीड होने की सम्भावना।

congestion *कन्जस्शन n.* state of being congested; a disease in which blood accumulates in excess in any part of body. बहुत भीड़ होने की स्थिति; घिचपिच; एक रोग जिसमें रक्त की अत्यधिक मात्रा शरीर के किसी भाग में एकत्र हो जाती है।

congestive *कन्जेस्टिव adj.* indicating congestion; having a tendency of congesting. भीड़ होने का सूचक; भीड़ होने की सम्भावना वाला।

congiary *कॉन्जियरी n.* अंग्रेजों आदि अधीनस्थ लोगों से रोमन लोगों द्वारा वसूल किया गया कर जो पहले वस्तुओं के रूप में लिया जाता था और बाद में नकद के रूप में।

conglobate *कॉन्ग्लोबेट adj.* formed into a globe. गोलाकार बनाया हुआ।

v. t. to give the shape of a ball. गैंद का रूप देना।

v. i. to adopt the form of a globe. गैंद का रूप धारण करना।

conglobation *कांग्लोबेशन n.* formation into a globe like shape. गैंद के जैसे रूप के धारण करने की क्रिया।

conglobe *कंग्लोब v. t. & v. i.* to collect together in a round mass. गैंद के समान ठोस रूप या आकार का बनना या बनाना।

conglobulate *कांग्लोबूलेट v. i.* to be formed into a small globule. गोली बनना।

conglomerate *कंग्लोमरेट adj.* composed of pebbles cemented and formed into a mass or bunch. कङ्करों आदि को सीमेण्ट में जमा कर बनाया हुआ; कोई भी जमी हुई (वस्तु)।

n. a rock composed of miscellaneous mass. तरह तरह के पत्थरों आदि की बनी हुई चट्टान।

v. t. to gather into a mass. ठोस वस्तु के रूप में जमाना।

v. i. to take the shape of a block. ठोस आकार धारण करना।

conglomeratic *कंग्लोमेरेटिक adj.* of the nature of kind of conglomeration. चीजों को जोड़ कर बनाये हुए गुच्छे के समान।

conglomeration *कंग्लोमेरेशन n.* a collection of things jumbled together. एक साथ इकट्ठी करके जमाई हुई वस्तुओं का समूह।

conglutinant *कन्ग्लूटीनेन्ट adj.* glued or united together. एक साथ जोड़ा हुआ या चिपकाया हुआ।

conglutinate *कन्ग्लूटीनेट v.t. & v. i.* to glue together; to unite into one. एक साथ चिपकाना; जोड़ कर बनाना।

conglutination *कन्ग्लूटीनेशन n.* sticking together by means of glue, healing, union. गोंद से चिपकाने की क्रिया; घाव भरने की क्रिया; जोड़ना; चिपकाना।

conglutinative *कन्ग्लूटीनेटिव n.* चिपकाने की प्रवृत्ति वाला; जोड़ने की शक्ति वाला; घाव भरने प्रवृत्ति का।

conglutinator *कन्ग्लूटीनेटर n.* ऐसा पदार्थ जो चिपकने में सहायक हो; ऐसा व्यक्ति जो मेल कराये।

congou *कॉगू n. (Chinese)* (also *congo*) चीन में पैदा होने वाली एक प्रकार की चाय जो

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

काले रंग की होती है ।

congratuable *कन्ग्रैचुएबल adj.* fit for congratulating. जिसे बधाई दी जानी चाहिए; बधाई योग्य ।

congratulant *कन्ग्रैटूलॅन्ट adj.* बधाई देने वाला; प्रसन्नता प्रकट करने वाला; अभिवादन करने वाला ।

congratulate *कन्ग्रैटूलेट v. t.* to felicitate; to express joy at somebody's gain. बधाई देना; किसी के लाभ पर प्रसन्नता प्रकट करना ।

congratulation *कॉन्ग्रैटूलेशन n.* बधाई देने की क्रिया; प्रसन्नता की अभिव्यक्ति अभिवादन ।

congratulator *कॉन्ग्रेटूलेटर n.* one who congratulates or expresses happiness on somebody's success or gain. बधाई देने वाला व्यक्ति किसी की सफलता या लाभ पर प्रसन्नता प्रकट करने वाला व्यक्ति; अभिवादन कर्ता ।

congratulatory *कॉन्ग्रेटूलेटरी adj.* बधाई सम्बन्धी; किसी की सफलता पर प्रसन्नता प्रकट करने से सम्बन्धित; अभिवादन सम्बन्धी ।

congree *कन्ग्री v. t.* (*Shak*) to agree among each other; to accord; to have or keep mutual good will. आपस में सहमत होना; प्रेमभाव रखना; सद्भाव बना कर रखना ।

congreet *कन्ग्रीट v. t.* (*Shak*) to greet each other; to salute mutually. एक दूसरे को आपस में अभिवादन करना ।

congregate *कॉन्ग्रीगेट v. t.* to collect together; to assemble. एकत्र करना; इकट्ठा करना ।
v. i. to flock together; to come to one place. इकट्ठा होना; समवेत होना; एक स्थान पर जमा होना ।

congregation *कॉन्ग्रेगेशन n.* act of congregating; a general assembly of persons; an assemblage for the purpose of religious worship; people going to a particular church daily; a board. एकत्र होने की क्रिया; लोगों की सार्वजनिक सभा; धार्मिक पूजा के लिये एकत्र जन-समूह; विशेष गिरजे में जाने वाले लोगों की समाज; मंडली ।

congregational *कान्ग्रेगेशनल adj* सभा संबंधी, मंडली संबंधी; धार्मिक-पूजा-समूह संबंधी ।

congregationalism *कांग्रेगेशनलिज्म a.* एक प्रकार की गिरजों की प्रशासन व्यवस्था ।

congregationalist *कांग्रेगेशनलिस्ट n.* स्वतन्त्र धर्म-समाज का सदस्य ।

congress *कॉंग्रेस n.*act of meeting together; an assembly of delegates; a political party in India; the legislative bodies of U. S. A. Federal Government. समवेत होना; प्रतिनिधियों की सभा; भारत में एक राजनैतिक दल; अमरीका में संघ सरकार का विधान मंडल ।
v. t. to meet in congress. सभा करना ।

congressional *कॉंग्रेसनल adj* सभा संबंधी; कांग्रेस से सम्बद्ध ।

Congressite *कांग्रेसाइट n.* (also*Congressman*)'अमरीका के विधान-मंडल का सदस्य;भारतीय राष्ट्रसभा कांग्रेस का सदस्य ।

congreve *कॅन्ग्रीव n.* a kind of rocket invented by sir William Congreve. सर विलियम कान्ग्रीव द्वारा आविष्कृत एक प्रकार का रॉकेट बम जो बहुत ऊंचा जाता है ।

congreve match *कांग्रीव मॅच n.* a kind of match lighted by friction. एक प्रकार की माचिस जो रगड़ से जलती है ।

congrue *कॉन्ग्रू v. i.* to agree (used by *Shakespeare.*) सहमत होना (शेक्सपीयर द्वारा प्रयुक्त शब्द ।

congruence *कॉन्ग्रूअन्स n.* (also *congruency*) अनुरूपता, सादृश्य, एकरुपता, एक समान होने की अवस्था; उपयुक्तता ।

congruent *कॉन्ग्रूएन्ट adj.* योग्य; उपयुक्त; अनुरूप; फिटबैठने वाला; एक दूसरे जैसा ।

congruity *कॉन्ग्रूइटि* (also *congruousness*) fitness; consistency; agreement between two things. अनुरूपता; उपयुक्तता; समानता; दो वस्तुओं में सादृश्य; सङ्गीत ।

congruous *कॉन्ग्रूअस adj.* suitable; consistent; fit. अनुरूप; उपयुक्त; सदृश; योग्य; संगत ।

congruously *कॉन्ग्रुअसली* उपयुक्त प्रकार से; संगत रूप में ।

conia *कॉनिया n.* (also *coniine and conine*) a liquid poison bitter in taste. एक कड़वे रंग का विषैला द्रव पदार्थ ।

conic *कॉनिक adj.* (also *conical*) pertaining to a cone i. e. a figure with point at top and flat round base; at the bottom. शंकु सम्बन्धी; ऐसी आकृति सम्बन्धी जिसके ऊपर एक नोक हो और नीचे गोल पैंदा हो

conically *कॉनीकल्सी adv.* like a cone; in a conical manner. शुल्क के समान; सूच्याकार रूप में ।

coniform *कोनीफॉर्म adj.* having the form of a cone. सूच्याकार आकृति या रूप वाला ।

conima *कॉनिमा n.* a kind of resin of an American tree giving fragrance. एक सुगन्धित गाढ़ा पदार्थ जो अमरीका के एक वृक्ष से गोंद के समान निकलता है ।

conirostral *कोनीरोस्ट्रल adj.* having a strong beak of conical shape. शंकु के समान दृढ़ चौंच वाला (एक पक्षी) ।

conject *कन्जेक्ट v. t.* used in the sense of conjecture by Shakespeare. 'अनुमान लगाने' के अर्थ में शेक्सपीयर द्वारा प्रयुक्त ।

conjecturable *कन्जेक्टरेबल adj.* which can be conjectured; that may be guessed जिसका अनुमान लगाया जा सके; अन्दाज लगाने योग्य ।

conjectural *कन्जेक्टरल adj.* without proof involving conjecture; whoever is in the habit of conjecture. जिसका कोई प्रमाण न हो; जो अनुमान पर ही आधारित हो; जिसे अनुमान पर ही चलने की आदत हो ।

conjecturally *कन्जेक्टरल्ली adv.* in a conjural manner; in a way which is not definite but dependent on conjectures अनुमान पर आधारित तरीके से; ऐसे प्रकार से जो निश्चितता के आधार पर न हो व अंदाज पर ही आधारित हो ।

conjecture *कन्जेक्टर n.* a forecast; idea or opinion without definite proof; guess, a surmise. अनुमान; अन्दाजा; अटकल; बिना प्रमाण की बात; कल्पना ।
v. t. to guess; to infer on indefinite evidence; to imagine without proof. अनुमान लगाना; अनिश्चित साक्ष्य के निष्कर्ष निकालना; बिना प्रमाण से मान लेना; कल्पना करना ।

conjee *कॉन्जी n.* (also *congee*) water in which rice has been boiled; तामिल शब्द; 'कंजी' का अपभ्रंश; चावल का मांड़ ।
v. i. to starch with conjee. मांड से कलप कलप देना ।

conjoin *कन्जॉइन vt t.* to join together; to combine and make one. संयुक्त करना; जोड़ना; मिलाकर एक कर देना ।
v. i. to enter into unity. मिलना; जुड़ना; एक हो जाना ।

conjoined *कन्जाइन्ड adj.* (also *conjoint*) united; joined together; in conjunction; associated. जुड़ा हुआ; जोड़ा हुआ; संयुक्त, मिला हुआ ।

conjointly *कन्जॉइटली adv.* in a joint way; in united manner. संयुक्त रूप में परस्पर मिल जुल कर; जुड़े हुए तरीके से ।

conjugal *कॉन्जुगल adj.* pertaining to marriage relating to hushand and wife. विवाह सम्बन्धी; दाम्पत्य सम्बन्धी ।

conjugal fidelity *कॉन्जुगल फाइडेलिटी n.*faithfulness to husband or wife. पति या पत्नी के प्रति वफादारी; सतीत्व; पतिव्रत धर्म ।

conjugality *कॉन्जुगैलिटी n.* relationship between husband and wife. पति तथा पत्नी का पारस्परिक सम्बन्ध ।

conjugal love *कॉन्जुगल लव n.* love between husband and wife. पति और पत्नी का पारस्परिक प्रेम; प्रणय ।

conjugally *कॉन्जुगॅल्ली adv.* in a conjugal manner. दाम्पत्य सम्बन्धों के तरीके से ।

conjugate *कॉन्जुगेट v. t.* to mix and unite मिलाकर एक करना ।
v. i. to become united. मिलकर संयुक्त होना ।
*adj.*connected; joined; coupled;occurring in pairs. मिला हुआ; संयुक्त; जुड़ा हुआ; जोड़े में होने वाला ।
n. anything conjugate with another. दूसरी वस्तु से जुड़ी हुई चीज ।

conjugated *कॉन्जुगेटेड adj.* combind; united. जुड़ा हुआ; संयुक्त ।

conjugating *कॉन्जुगेटिंग n.* and *adj.* combining; uniting. जुड़ता हुआ; मिलने वाला ।

conjugation *कॉन्जुगेशन n.* union; connection; act of joining. सम्बन्ध; जोड़ने की क्रिया ।

conjugational *कॉन्जुगेशनल adj.* (also *conjugative*) combined; united. संयुक्त; जुड़ा हुआ ।

conjunct *कन्जंक्ट adj.* joint; conjoined. साथ जुड़ा हुआ; संयुक्त ।

conjunction *कन्जंक्शन n.* union; combination; word joining sentences, phrases;

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

assembly. संयोग; मेल; वाक्यों को जोड़ने वाला शब्द; सम्बन्ध सूचक अव्यय; संगम; सभा।

conjunctional *कन्जंक्शनल adj.* pertaining to conjunction संगम सम्बन्धी, समुच्चय बोधक अव्यय सम्बन्धी।

conjunctionally *कन्जंक्शनल्ली adv.* in a conjunctional manner. संगम या संयोग से सम्बद्ध तरीके से।

conjunctiva *कंजंक्टिवा n.* the inner membraine of the outer eyelid. आंख के परदे की भीतरी झिल्ली।

conjunctival *कंजंक्टिवल adj.* pertaining to the conjunctiva. आंख के परदे की भीतरी झिल्ली से सम्बन्धित।

conjuctive *कंजंक्टिव adj.* closely united; serving to unite; of conjunction. अच्छी तरह जुड़ा हुआ; जोड़ने वाला, सम्बन्ध सूचक।

conjunctively *कंजंक्टिवली adv.* in a united manner. संयुक्त रूप में।

conjunctiveness *कंजंक्टिवनेस n.* the state of being conjunctive. संयुक्त होने की स्थिति।

conjunctivitis *कंजंक्टिवीटीज n.* the disease caused by inflammation of conjunctiva. आंख के परदे की भीतरी झिल्ली के फूल जाने का रोग।

conjunctly *कंजंक्टली adv.* in union; jointly. संयुक्त रूप से।

conjuncture *कंजंक्चर n.* combination of circumstances; important occasion; crisis. संयोग; घटना; अवसर; परिस्थितियों का विशेष मिलन।

conjuration *कंजुरेशन n.* (1) enhancement; increase; (2) conspiracy (3) act of summoning solemnly in a sacred ceremony. (4) magic; spell. (5) incantation (6) solemn affirmation. (१) वृद्धि; विस्तार (२) षडयन्त्र; (३) धार्मिक संस्कार में आह्वान (४) जादू मन्तर; इन्द्रजाल (५) देवताओं की स्तुति के लिए मन्त्र (६) शपथपूर्वक वचन।

conjurator *कन्जुरेटर n.* one who conjures; a conspirator; a magician. मन्त्र शक्ति का जादूगर; षडयन्त्र करने वाला व्यक्ति।

conjure *कुंजर, कन्ज्योर, कंजुर v. i. & v. t.* (1) to appeal in a solemn manner. (2) to practise magic. (3) to conspire. (4) to invoke. (5) to summon in a religious ceremony. (6) to compel by incantation a spirit to obedience. (7) to imagine. (8) to enchant. (१) निष्ठा पूर्वक अनुरोध करना। (२) जादू खेलना। (३) षड्यन्त्र करना। (४) स्तुति करना। (५) धार्मिक समारोह में आवाहन करना। (६) किसी आत्मा को मंत्र के बल से बुला कर आज्ञा पालन करवाना। (७) कल्पना करना। (८) मंत्र द्वारा वश में करना।

conjurement *कुंजरमेन्ट n* act of conjuring; magic. जादू, मंत्र; आत्मा को बुलाने की क्रिया; वशीकरण।

conjurer *कुंजरर, कंजोरर n.* (also *conjuror*) one who conjures; a magician; enchanter. जादूगर; इन्द्र जाली; मंत्र शक्ति वाला; मदारी; आत्मा को बुलाने का आडम्बर करने वाला।

conjuring *कुंजरिङ्ग n.* act of magic; unnatural effects being shown by trick. जादू मंतर का काम; अप्राकृतिक काम का ढोंग करने की क्रिया।

conjury *कंजरी n.* magic as an art. जादू की कला।

conk *कॉङ्क n.* (U. S.) a kind of parasite of trees and wood; timber disease caused by the parasite; (in *slang* language) nose. पेड़ पर उगने वाली एक फफूंदी जैसी वनस्पति उस फफूंदी के कारण उत्पन्न लकड़ी का एक रोग, (बोल चाल की भाषा में) नाक।

v. i. to fail; to become out of order. असफल होना।

conky *कॉङ्की n.* (*slang*) a person with a long nose. लम्बी नाक वाला व्यक्ति।

connascent *कनॅसंट adj.* produced at the same time; born together. साथ साथ बनाये गये; एक साथ उत्पन्न।

connascence *कनॅसंस n.* (also *connascency*) state of being produced at the same time. एक साथ उत्पादन होने की स्थिति।

connate *कॉनेट adj.* allied; congenial; innate; inborn; united in growth. लाभप्रद; सम्बन्धित; मैत्री पूर्ण; जन्मजात; आरम्भ से जुड़ा हुआ; संयुक्त; सहजात; एक साथ उत्पन्न।

connation *कॉनेशन n.* union of like parts or union generally. एक समान अंगों का सम्बन्ध या संयुक्त होना; सामान्यतः सम्बन्धित या संयुक्त होने का भाव।

connatural *कॉनॅटूरल adj.* of the same nature as another. दूसरे के समान स्वभाव वाला या एक सी ही प्रवृति वाला।

connaturalise *कॉनॅटूरलाइज v. t.* to make of the same nature as another. एक स्वभाव का बनाना; प्रकृति में एकरूपता लाना।

connaturality *कॉनॅटयरलिटी n.* the state of being connatural. एक ही स्वभाव का होने की स्थिति या अवस्था।

connaturally *कॉनॅटयरल्ली n. adv.* in a connatural manner. एक ही स्वभाव से।

connaturalness *कॉनॅटयरलनेस n.* the state of being connatural. सम-स्वभाव की स्थिति एक सी प्रकृति।

connature *कोनेट्यर n.* the nature of things similar. एक समान वस्तुओं की प्रकृति; समान स्वभाव।

conne *कॉन v. t.* (also *con* and *kon*) to know; to learn; to study; to remember by heart; (used by *Spenser*). सीखना; पढ़ना; अध्ययन करना; जबानी रट कर याद करना।

connect *कॉनक्ट v. t.* to join; to relate with anything; to tie to fasten together; to create a link between; to establish association between. संबन्ध स्थापित करना; जोड़ना; साथ बांधना; सम्पर्क बनाना; दो वस्तुओं का मेल कराना; संयुक्त करना; मिलाना।

connectable *कनेक्टेबल aaj.* (also *connectible*) capable of being connected. आपस में सम्बन्ध जोड़ने योग्य।

connected *कनेक्टेड adj.* related; associated; having some link; joined; coherent. सम्बद्ध; संयुक्त; जुड़ा हुआ; निहित; संपर्क-युक्त।

connectedly *कनेक्टेडली adv.* in a connected manner. जुड़े हुए रूप के; सम्बन्धित होने के प्रकार से।

connecter *कनेक्टर n.* (also *connector*) one who connects; something which serves as a link, middleman. संयोग स्थापित करने वाला; जोड़ने वाला; बीच का बिचौलिया।

connecting *कनेक्टिङ्ग adj.* tending to connect. संयुक्त करने वाला; जोड़ने वाला।

connection *कनेक्शन n.* (also *connexion*) act of connecting; something which connects; relation; intimacy; intercourse; a relative; context; a place where trains; buses etc. meet. मिलाने या जोड़ने की क्रिया; सम्बन्ध स्थापित करने वाली कड़ी या वस्तु; सम्बन्ध (संविधान) सम्पर्क; प्रगाढ़ मैत्री; समागम; रिश्तेदार; प्रसङ्ग; बसो या रेलों आदि का मिलने की जगह।

hot water connection. किसी के व्यक्तिगत सम्बन्ध।

connective *कनक्टिव adj.* (also *connexive*) rarely used binding together. सम्बन्ध स्थापित करने वाला; साथ बांधने या जोड़ने वाला *n.* a conjunction, word connecting sentences or words etc. शब्दों तथा वाक्यों को जोड़ने वाला समुच्चयबोधक अव्यय।

connectively *कनक्टिवली adv.* in binding manner. बाध्यकारी ढंग से।

conned *कॉन्ड* (also *cond* used by *Spenser*) *p. t.* and *p. p.* of con. पढ़ा; सीखा; जबानी याद किया।

conner *कॉनर n.* one who learns; studies or remembers by heart; one who directs steering; a signaller; inspector; or tester; a kind of fish. सीखने वाला; पढ़ने वाला; रटने वाला; चालक; निर्देशक; संकेत देने वाला; दरोगा; निरीक्षक; एक प्रकार की मछली।

conning *कॉनिङ्ग n.* (also *conning tower*) a pilot house of a warship or a submarine. किसी जलपोत या किसी पनडुब्बी के चालक का कमरा।

connivance *कनाइवॅन्स n.* (also *connivence* or *connivancy* or *connivency*) act of conniving; private understanding indirect or secret support or sanction; collusion. आंख मिचकाना; मिली भगत होना; अन्दर अन्दर से समर्थन करना; किसी के दोष पर आंख मीच लेना; आनाकानी।

connive *कनाइव v. t.* to wink; to take no notice; to allow a wrong to be done by ignoring it; to have a private understanding. आँख मारना; अवहेलना या आनाकानी करना; किसी दोष के होते रहने पर चुपचाप रहना या आंख मीच लेना; मिली-भगत

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

बनाकर दोष करवाना।

connivent *कनाइवेंट adj.* conniving; winking. दोषों की उपेक्षा करने वाला; आंख मारने वाला।

conniver *कनाइवर n.* one who connives; a person who winks (at some fault.) ऐसा व्यक्ति जो किसी दोष के होने पर उसकी अवहेलना करदे।

connoisseur *कॉनेसर n.* (*Fr.*) a judge in the arts who is very well informed. कला का निर्णायक जो उस कला का पारङ्गत हो।

connoisseurship *कानेसरशिप n.* skill of a connoisseur. किसी कला में पारङ्गतता।

connotate *कॉनोटेट v. t.* (also *connote*) to signify as a secondary sense; to give out as implied meaning; to include; to imply as inherent quality. गौण अर्थ के रूप को अभिव्यक्त करना; किसी वस्तु के विशेष गुण को प्रकट करना; निहित या सम्मिलित करना।

connotation *कॉनोटेशन n.* an implication which is not clear on the face but is inherent; secondary sense. आशय जो देखने पर स्पष्ट न हो पर गौण अर्थ में प्रकट हो।

connotative *कॉनोटेटिव adj.* (also *connotive*) pertaining to connotation; implied; secondary. गौण अर्थ सम्बन्धी; आशय में निहित; गौण (मुख्य नहीं); अप्रधान।

connubial *कन्युबियल adj.* pertaining to marriage; conjugal. विवाह सम्बन्धी दाम्पत्य सम्बन्धी।

connubiality *कन्युबियलिटी n.* relationship arising out of marriage. विवाह से उत्पन्न सम्बन्ध।

connubially *कन्युबियल्ली adv.* conjugally; like husband and wife. पति-पत्नी की रीति से; वैवाहिक ढङ्ग से।

connumerate *कन्युमरेट v. t.* to count together. एक साथ गिनना।

connumeration *कन्युमरेशन n.* act of counting together. एक साथ गिनने की क्रिया।

conoid *कोनॉइड n.* anything resembling a cone in form. शंकु के समान आकार वाली कोई वस्तु।

conoidal *कोनॉइडल adj.* resembling a cone. शंकु के समान।

conquer *कॉङ्कर v. t.* to win; to gain by force; to obtain by effort; to defeat; to subjugate. जीतना; बल से प्राप्त करना; प्रयत्न करके पाना; हराना; अपने बश में करना; अधीन करना।

v. i. to be victorious. विजय प्राप्त करना।

conquerable *कॉङ्करेबल adj.* which can be conquered. जीतने योग्य; जिसे जीता जा सके

conquerableness *कॉङ्करेबलनेस n.* the state of being conquerable. जीतने योग्य होने की स्थिति।

conqueress *कॉङ्करेस n.* a woman who conquers or is victorious. जीतने वाली महिला।

conquering *कॉङ्करिङ्ग adj.* having power to conquer; winning जीतने वाला; विजयी; विजेता।

conqueringly *कॉङ्करिङ्गली adv.* in a conquering manner. जीतते हुए।

conqueror *कॉङ्करर n.* (*mas.*) a man who conquers; a victor (*fem.* see conqueress.) जीतने वाला; विजयी पुरुष (पुलिङ्ग शब्द); विजेता।

the Conquerer : William I of England. इङ्गलिस्तान का राजा विलियम प्रथम।

conquest *कॉन्क्वेस्ट n.* act of conquering; that which is acquired by force; act of winning somebody's love & heart; acquisition. विजय; जीता हुआ प्रदेश; बल पूर्वक कब्जा करना; दिल पर विजय प्राप्त करना; प्रेम में फंसाना, अर्जन।

the conquest : the conquest on England of William. विलियम द्वारा इङ्गलिस्तान पर विजय प्राप्त करना।

conquistadors *कॉङ्कीस्टेडोर्स n.* the conquerers of Mexico and Peru. मैक्सिको तथा पेरू पर विजय प्राप्त करने वाले वीर।

consanguine *कॉन्सन्विन adj.* (also *consanguineous*) related by blood and not merely marriage; of the same blood. विवाह के द्वारा न होकर रक्त द्वारा सम्बन्धित; सपिण्ड; सगोत्र; वंशज।

consanguinity *कॉन्सेन्विनिटी n.* relationship by blood. रक्त सम्बन्ध; एक ही वंश का होना; सगोत्रता।

conscience *कॉन्शन्स n.* inmost thought; moral sense of right and wrong; scrupulousness; good sense. अंतरात्मा; सदाचार की भावना; अच्छे विचार; सच्चा विवेक; ईमानदारी; अंतः करण (*संविधान*)।

interj. (*Scot*) an expression of surprise. आश्चर्यसूचक शब्द।

bad conscience a reproving conscience धिक्कारने वाली अन्तरात्मा!

case of conscience a question in which there is conflict of duties. मानसिकअन्तर्द्वन्द्व।

in all conscience certainly. निश्चय से।

make a matter of conscience to have scrupules about. सिद्ध का प्रश्न बना लेना।

my conscience expression of surprise आश्चर्य सूचक अभिव्यक्ति।

speak one's conscience (Shak) to give one's views frankly. अपने विचारों को स्पष्टतः प्रकट करना।

upon one's conscience truly. सिचाई के साथ।

on my conscience truly. सचाई के साथ।

conscience clause *कॉन्शन्स क्लॉज n.* a provision in law to save the people in matter of conscience e. g. religious teaching. विधि में ऐसा उपबन्ध जिससे धार्मिक आधार पर आपत्ति करने वालों को छूट दी जाती है।

conscience money *कॉन्शन्स मनी n.* money given to clear the conscience in lieu of some paymant evaded previously or money taken by deceit. कभी धोखा देकर किसी से वसूल किये रुपये को अपनी आत्मा का भार हटाने के लिये वापस दिया जाये तो वह रुपया।

conscience-proof *कॉन्शन्स-प्रूफ adj* one who does not bother about his conscience. जो अपनी आत्मा की आवाज की परवाह न करे।

conscience-smitten *कॉन्शन्सस्मिटन adj* one who is stung by his conscience. अपने आत्मा से प्रताड़ित।

conscientious *कॉन्शेन्शस adj* who follows his conscience; scrupulous; one who obeys the rules of good conduct. अपनी अंतरात्मा का अनुसरण करने वाला; सदाचारी; पुण्यात्मा।

conscientiously *कॉन्शेन्शसली adv.* in a conscientious mannner; according to the dictates of conscience. शुद्ध अंतःकरण से (*संविधान*) सदाचारी तरीके से; अन्तरात्मा की आवाज के अनुसार।

conscientiousness *कॉन्शेन्शसनेस n.* regard for the dictates of conscience scrupulousness. आत्मा के अनुसार कार्य करना; पुण्यशीलता; सद्व्यवहार।

conscientious objector *कॉन्शंशस ऑब्जेक्टर n.* one who objects to anything on the basis of his conscience. ऐसा व्यक्ति जो किसी बात पर आत्मा के आधार पर आपत्ति करे।

conscionable *कॉन्शनेबल apj.* governed by conscience. आत्मा के आदेश पर चलना।

conscionableness *कॉन्शनेबलनेस n.* the act of being regulated by dictates of conscience. आत्मा के आदेश का पालन या पालन करने की क्रिया।

conscionably *कॉन्शनेबली adv.* in a coscionable manner. आत्मा के आदेश पर चलते हुए।

conscious *कॉन्शस adj.* in senses; aware; knowing; having power to feel and understand. सचेत; चेतना में; होश में; जानता हुआ; समझने तथा स्पर्श की शक्ति से पूर्ण।

consciously *कॉन्शसली adv.* knowingly; with full understanding and sense. होश हवास में; पूरी चेतना के साथ; समझते बूझते हुए।

consciousness *कॉन्शसनेस n.* the state of being conscious; thought; understanding. सचेत होने की स्थिति; चेतना; ज्ञान; बोध।

conscribe *कन्सक्राइब v. t.* to enlist unvoluntarily in armed forces by compulsion. जबरदस्ती फौज में भरती करना; अनिच्छा से सेना में लेना।

conscript *कन्सक्रिप्ट n. & adj.* enrolled in army by conscription; new recruitment. सेना में बलात भर्ती किया हुआ व्यक्ति; नई भर्ती।

v. t. to enlist compulsorily in military service. बलात भर्ती करना।

conscript fathers *कन्स्क्रिप्ट फादर्स n.* the senators of Rome in ancient days. प्राचीनकाल में रोम की परिषद के सदस्य।

conscription *कन्सक्रिप्शन n.* compulsory

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

enrollment for military service. सेना में बलात भर्ती करने की क्रिया।

conscriptional *कंसक्रिप्शनल adj.* pertaining to conscription. बलात भर्ती से सम्बद्ध।

conscriptionist *कंसक्रिप्शनिस्ट n.* one who enrolls people by conscription. बलात भर्ती के रूप में रंगरूटों को भर्ती करने वाला।

consecrate *कंसिक्रेट v. t.* to set apart as sacred; to sanctify; to create hallow round; to devote. धर्म के कार्य के लिये रखना पवित्र करना; प्रतिष्ठित करना; संस्कार करना; अर्पित करना।
adj. denoted; sanctified. पवित्र बनाया हुआ; अर्पित किया हुआ।

consecratedness *कंसिक्रेटेडनेस n.* the state of being consecrated. पवित्र होने की स्थिति

consecration *कंसिक्रेशन n.* dedication; act of sanctifying. अर्पण; संस्करण; पवित्र बनाने की क्रिया।

consecrator *कंसिक्रेटर n.* one who sanctifies. अर्पण करने वाला; पवित्र बनाने वाला व्यक्ति।

consecratory *कंसिक्रेटरी adj.* making sacred. पवित्र बनाने वाला।

consectaneous *कॉन्सेक्टेनियस adj.* following as a deduction or corollary in a natural secrence. तर्क संगत रूप में स्वाभाविक प्रकार से निकलने वाला (निष्कर्ष या परिणाम आदि)।

consectary *कॉन्सेक्टरी n.* a natural deduction; a corollary. निष्कर्ष; परिणाम।

consecution *कॉन्सीक्यूशन n.* क्रम के अनुसार एक दूसरे के बाद होने वाली वस्तुएं; क्रमों का समूह क्रममाला।

consecutive *कंसेक्युटिव adj.* नियमित रूप से एक दूसरे के पीछे चलने वाले; क्रम से आने वाले; क्रम-दर्शक निरंतर (संविधान)।

consecutively *कंसेक्युटिवली adv.* एक दूसरे के पीछे क्रम से आते हुए।

consecutiveness *कंसेक्युटिवनेस n.* क्रम के अनुसार एक के पीछे एक होने की स्थिति।

consenescence *कॉन्सनेसन्स n.* a general decay; growing old. (also *consenescency*) व्यापक रूप से सड़ना गलना; पुराना पड़ना; बुढापा।

consension *कंन्सेशन n.* mutual consent. पारस्परिक सहमति।

consensual *कंसेन्सुअल adj.* relating to consent; involving voluntary action. सहमति सम्बन्धी; स्वेच्छापूर्वक कार्य करने से सम्बन्धित।

consensual contract *कंसेन्सुअल कंट्रैक्ट n.* ऐसा संविदा या करार जिसमें पक्षों की सहमति मात्र ही आवश्यक होती है।

consensually *कन्सेन्सुअल्ली adv.* स्वेच्छापूर्वक; अपनी स्वयं की सम्मति से।

consensus *कंसेन्सस n.* oneness; agreement of parts; unanimity in opinion trend of opinion. एकता; भागों की एक रूपता विचारों में मतैक्य; विचारधारा का रुख या झुकाव; अनुकूलता।

consent *कंसेन्ट v. i.* to agree, to comply; to yield; to concur. सहमत होना; स्वीकार करना; मानलेना; झुक जाना।
v. t. to allow (Milton) अनुमति देना।
n. permission; agreement; compliance reply in affirmative; concurrent. अनुमति; सहमति; सम्मति (संविधान); 'हां' में अभिव्यक्ति।
age of consent : age at which a girl can give consent for intercourse with her. ऐसी आयु जिस पर लड़की को यह हक हो जाता है कि किसी को संभोग करने दे।
be of consent : to be helpful (Shakespeare) सहायक होना।
silence is consent : चुप रहना सहमति का सूचक होता है।
with one consent : with unanimity. मतैक्य से।

consentaneous *कॉन्सेंटेनियस adj.* unanimous; with accord; consistent; agreeable. एकमत; संगत; सहमति योग्य।

consentaneously *कॉसेंटनियसली adv.* संगत रूप में, सहमति के साथ, एक मत से।

consentaneousness *कॉन्सेंटेनियसनेस* (also *consentaneity*) मतैक्य; संगति।

consentience *कन्सेन्शन्स n.* agreement; imperfect consciousness i. e. impressions below the level of consciousness. सहमत; पूर्ण चेतनता के अभाव में उत्पन्न धारणाएं।

consentient *कन्सेन्शियेण्ट adj.* सहमति देने वाला; एक ही मत रखने वाला; पूर्ण चेतना के बिना धारणाएं रखने वाला।

consentingly *कन्सेन्टिङ्ग्ली adv.* सम्मतिपूर्वक, सहमत होते हुए।

consequence *कॉन्सिक्वेन्स n.* (1) result. (2) rank. (3) importance. (4) effect. (5) social standing. (१) परिणाम; (२) पद; (३) महत्व; (४) प्रभाव; असर; (५) समाज में स्थिति या प्रतिष्ठा।
v. i. to infer (Milton) निष्कर्ष निकालना।
in consequence of : as a result of. इसके फलस्वरूप; इस कारण से।
of no consequence : useless; of no value. निष्फल; महत्वहीन।

consequent *कॉन्सिक्वेण्ट adj.* आनुषंगिक; (संविधान); अनुवर्ती; परिणाम-स्वरूप; फल के रूप में उत्पन्न।
n. event that follows as a result of same thing; natural effect. किसी घटना के फलस्वरूप होने वाली अनुवर्ती घटना; स्वाभाविक परिणाम।

consequential *कॉन्सिक्वेन्शल adj.* आनुषंगिक (संविधान) प्रभाव रूप में उत्पन्न; स्वयमेव महत्वपूर्ण।

consequentiality *कॉन्सिक्वेंशलिटी n.* an inference. निष्कर्ष; अनुगमन।

consequentially *कॉन्सिक्वेन्शल्ली adv.* निष्कर्ष या प्रभाव के रूप में।

consequently *कॉन्सिक्वेन्टली adv.* अतएव; इसके फलस्वरूप; तदनुसार; इस हेतु; इसलिये।

conservable *कंसर्वेबल adj.* fit to be conserved. परिरक्षण करने योग्य।

conservancy *कंसर्वेन्सी n.* preservation on official level of rivers, fisheries etc. संरक्षण; पालन; परिरक्षित रखने का कार्य; सरकारी तौर पर नदियों तथा मीन-क्षेत्रों का रक्षण।

conservant *कंसर्वेण्ट adj.* doing the work of conservation. परिरक्षण करने वाला।

conservation *कन्सर्वेशन n.* preservation from decay. सुरक्षित रखने का कार्य परिरक्षण

conservational *कन्सर्वेशनल adj.* परिरक्षण सम्बन्धी।

conservatism *कन्सरवेटिज्म* रूढ़िवादियों की विचार धारा; नई वस्तुओं से घृणा और प्राचीन बातों से प्रेम; पुरातनवाद।

conservative *कन्सर्वेटिव adj.* having tendency to preserve; not changing; not liking new things. यथा स्थिति बनाए रखने की प्रवृत्ति वाला; परिवर्तन का विरोधी; नई धाराओं को पसन्द न करने वाला।
n. one who tries to maintain old systems; orthodox. रूढ़िवादी; प्राचीन पद्धति का रक्षक; सनातनी।

conservativeness *कन्सर्वेटिवनेस* रूढ़िवादी होने की स्थिति; पुरातनवादिता; "बाबा वाक्यम् प्रमाणम्"।

conservatoire *कान्सरवाट्वार n.* (also *conservatorium*) a school of music. संगीत की एक प्रणाली।

conservator *कन्जरवेटर n. feminine conservatrix*) one who preserves a thing from injury; guardian. संरक्षक; किसी वस्तु को क्षति से बचाने वाला; पालक।

conservatorship *कन्सरवेटरशिप n.* post of a conservator. संरक्षक का पद।

conservatory *कन्सरवेटरी adj.* preservative परिरक्षक।
n. a place for conserving green plants and trees; a green-house. हरी वनस्पतियां; पौधों आदि के लिए रक्षा-स्थान।

conserve *कन्जर्व v. i.* to save from injury; to preserve; keep fruits sugar. क्षति से बचना रक्षा करना; परिरक्षित रखना; फलों का मुरब्बा बनाना।
n. a jam or other such fruit preserve. परिरक्षित फलादि जैसे मुरब्बा।

conserver *कन्सर्वर n.* मुरब्बा बना कर फलों का परिरक्षण करने वाला।

consider *कंसिडर v. t.* to ponder over; to be of opinion; think; to regard; to contemplate; to weigh the merits of; to make allowance for. सोचना विचारना निरूपण करना; जानना; समझना; विशेष मत का होना विवेचना करना।

considerable *कंसिडरेबल adj.* great; important; notable; remarkable; worth considering; much. मान्य; बड़ा; अधिक: बहुत; विचारणीय।

considerableness *कन्सिडरेबलनेस n.* महत्ता; अधिकाई; बड़ा परिमाण।

considerably *कन्सीडरेबली adv.* अत्यन्त; काफी हद तक; बहुत प्रकार से।

considerance *कन्सीडरेन्स n.* विचार के लिये शेक्सपीयर द्वारा प्रयुक्त शब्द।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

considerate *कन्सिडरेट adj.* lenient; having regard; over the difficulties of a person; prudent. विचारवान; नर्म; उदार; लिहाज करने वाला; दूसरे की कठिनाइयों का ख्याल करने वाला।

considerately *कन्सिडरेटली adv.* सावधानी से; विचारशीलता से उदारता से।

considerateness *कन्सिडरेटनेस n.* दूरदर्शिता; विचारशीलता।

consideration *कन्सिडरेशन n.* thoughtfulness; meditation; deliberation; payment or compensation for a thing acquired; reward. विचार; (संविधान) ध्यान; सोचना, किसी वस्तु के बदले में दिया गया शुल्क या मूल्य; पुरस्कार।

to take into consideration: to take over. विचार करना।

in consideraton of: in return for. बदले में।

considerative *कंसिडरेटिव adj.* दूसरे के लिये लिहाज वाला विचारशील व्यक्ति।

considering *कंसिडरिंग prep.* taking into account; keeping in view. विचार करते हुए; ध्यान में रखते हुए।

adv. everything considered. सब बातों पर विचार करके।

consideringly *कंसिडरिङ्गली adv.* विचार के साथ।

consign *कंसाइन v. t.* to sign; to denote; to transfer; to entrust; to commit; to deliver; to send at the address of to hand over; to transmit. हस्ताक्षर करना हस्तांतरित करना; सौंपना; अर्पण करना; प्रेषित करना; भेजना; रवाना करना।

consignable *कंसाइनेबल adj.* भेजने योग्य; हस्तांतरण के योग्य।

consignation *कंसिगनेशन n.* payment of money to authorised person. नियुक्त व्यक्ति को रुपये का भुगतान।

consignatory *कंसिगनेटरी n.* one who signs along with another. जो किसी अन्य व्यक्ति के साथ हस्ताक्षर करता है।

consigned *कंसाइण्ड adj.* given in trust. विश्वास पर दिया हुआ न्यस्त।

consignee *कांसाइनी n.* one to whom goods are transmitted by consignor. ऐसा व्यक्ति जिसे माल भेजा जाये।

consigner *कंसाइनर n.* (also *consignor*) a person who sends good to consignee. माल भेजने वाला या रवाना करने वाला व्यक्ति।

consignification *कांसिगनिफिकेशन n.* meaning when taken along with something else. किसी विशेष प्रकरण के साथ निकलने वाला अर्थ।

consignificative *कांसिगनिफिकेटिव adj.* pertaining to the meaning. प्रकरण के निकलने वाले अर्थ से सम्बद्ध।

consignify *कॉंसिगनिफाई v. t.* to give a meaning when taken along with something else. विशेष प्रकरण के साथ लेने पर विशेष अर्थ देना।

consignment *कंसाइनमेण्ट n.* the goods which are sent or consigned; act of consigning. वह माल जो रेल-आदि द्वारा भेजा जाता है; माल भेजने की क्रिया; अर्पण।

consignor *कांसाइनर n.* (also *consigner*) one who sends goods to the consignee माल भेजने वाला या रवाना करने वाला व्यक्ति।

consilience *कन्सिलियन्स n.* coincidence; concurrence. एकरूपता; सहमति।

consilient *कन्सीसिलिएण्ट adj.* accordant; agreeing. अनुरूप।

consimilar *कन्सिमिलर adj.* like each other. एक दूसरे के समान।

consimilarity *कन्सिमिलॅरिटी n.* (also *consimilitude* and *consimility*) alikeness to each other. एक दूसरे के समान होने की स्थिति।

consist *कन्सिस्ट adj.* to be composed of; to be comprised in; to exist; to insist (Shak.) to agree; to hold together. होना; मिलना; रहना; अस्तित्व में होना; (शेक्सपीयर की भाषा में) हठ करना; सहमत होना; साथ रखना।

consistence *कन्सिस्टेन्स n.* (also *consistency*) uniformity; firmness; solidity; degree of density; substance; agreement; self consistency. एकरूपता; दृढ़ता; घनता; गाढ़ापन; घनफल का माप; सार; सहमति, अपने बात का स्वयं विरोध न करने का भाव।

consistent *कन्सिस्टेण्ट adj.* compatible; uniform; firm; true to one's principles; fixed; not contradicting oneself. योग्य; एकरूप; सङ्गत (संविधान); दृढ़ अपने सिद्धान्तों को न छोड़ने वाला; अपनी बात को स्वयं न काटने वाला।

consistently *कन्सिस्टेण्टली adv.* एकरूप तरीके से; अपनी बात पर दृढ़ रहते हुए।

consist in *कन्सिस्ट इन v. t.* अपने में समाविष्ट करना।

consist of *कन्सिस्ट ऑफ़ v. t.* (अमुक वस्तुओं) का बना होना।

consistorial *कन्सिस्टोरियल adj.* एकरूपता सम्बन्धी।

consistorian *कन्सिस्टोरियन n.* एकरूपता में विश्वास करने वाला।

consistory *कन्सिस्टोरी n.* सभास्थल; परिषद; धार्मिक परिषद या पञ्चायत।

consociate *कन्सोशियेट v. t.* to associate. परस्पर मिलना।

adj. associated. मिलने वाला मित्र।

consociated *कन्सोसियेटेड adj.* एक दूसरे से संयुक्त; संबन्धित या सङ्गठित।

consociation *कन्सोशियेशन n.* मेल-मिलाप; मैत्री; गिरजों या धर्म समाजों का सङ्गठन।

consolable *कन्सोलेबल adj.* that may be consoled. सान्त्वना देने योग्य।

consolate *कॉन्सलेट v. t.* (*Shak.*) to comfort. सान्त्वना देना (शेक्सपीयर द्वारा प्रयुक्त शब्द)।

consolation *कन्सोलेशन n.* solace; act of consoling; comfort; a comforting circumstance. सान्त्वना; ढाढ़स देने की क्रिया; धैर्य बंधाना; सांत्वना देने वाली परिस्थिति या घटना।

consolation match *कन्सोलेशन मॅच n.* मैचों में हारने वाले की तसल्ली के लिए खेला गया अतिरिक्त मैच।

consolation prize *कन्सोलेशन प्राइज n.* प्रतियोगिता में थोड़े से अन्तर से हार जाने वाले को दिया गया इनाम।

consolatory *कन्सोलेटरी adj.* tending to comfort. सांत्वनामय; धैर्य बंधाने वाला।

n. a message of comfort. सान्त्वना का सन्देश।

consolatrix *कन्सोलेट्रिक्स n.* a woman who consoles. सान्त्वना देने वाली स्त्री।

console *कन्सोल v. t.* to give comfort; to soothe; to cheer up a person in difficult circumstances. सान्त्वना देना; साहस दिलाना; दिलासा देना; कठिन परिस्थितियों में ढाढ़स बढ़ाना।

n. a bracket for keeping things; a big radio set. खूंटी; बड़ा रेडियो सेट; अलमारी।

consolement *कन्सोलमेण्ट n.* act of consoling; comfort. सान्त्वना देने की क्रिया; ढाढ़स

consoler *कन्सोलर n.* (*fem.* consolatrix) one who consoles. सांत्वना देने वाला पुरुष

console-table *कन्सोल-टेबल n.* a table fixed to a wall by bracket. एक मेज जो दीवार के साथ ब्रेकिटों आदि से लगी हो।

consolidate *कन्सॉलिडेट v. t.* to combine and forge a union; to make one out to many; to solidify and strengthen. इकट्ठा करके एक बनाना; मिलाकर एकीकरण करना; ठोस बनाना; दृढ़ बनाना; सञ्चित करना।

v. i. to grow strong; to be united. दृढ़ बनाना, एक होना।

adj. united; made firm. संयुक्त; दृढ़ बना हुआ।

consolidated *कन्सॉलिडेटेड adj.* collected and made one. संचित (संविधान)।

consolidated annuities *कन्सॉलिडेटेड ॲनुइटीज n.* संचित वार्षिकी।

consolidated fund *कन्सॉलिडेटेड फंड n.* all the revenues collected in one place in a budget. संचित निधि (संविधान) जो राजस्व को एकत्र करने से बनती है।

consolidation *कन्सॉलिडेशन n.* the act of uniting the different things to forge them into one whole. बहुत सी विभिन्न वस्तुओं को मिलाकर एकीकृत करना; चकबन्दी।

consolidation acts *कन्सालिडेशन ॲक्ट्स n.* acts of parliament to combine several statutes into one comprehensive legislation. संसद द्वारा बनाया गया व्यापक अधिनियम जिनमें कई विधियां सम्मिलित हों।

consolidative *कन्सालिडेटिव adj.* tending to consolidate; having power to heal. संचित करने की प्रवृत्ति वाला; उपचारात्मक।

consolidator *कन्सॉलिडेटर n.* one who consolidates. एकीकरण करने वाला।

consolidatory *कन्सॉलिडेटरी adj.* pertaining to consolidation; unifying and making one. एकीकरण करने सम्बन्धी या वाला।

consols *कॉन्सॉल्ज n.* (*pl.*) short form of consolidated annuities. संचित वार्षिकी।

consomme *कॉंसोमे n.* a soup made by

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

boiling meat on slow temperature. धीमी आग में मांस को उबाल करके बनाया जाने वाला शोरवा।

consonance *कॉन्सोनॅन्स n.* agreement; harmony; uniformity; concord of sounds. एक रूपता; लय; मेल; सामंजस्य; ध्वनि साम्य।

consonancy *कॉन्सोनॅन्सी n.* harmony. एक रूपता।

consonant *कॉन्सोनॅन्ट adj.* full of harmony; having same sound; suitable. लय वाला; सामंजस्य पूर्ण; समान सुर वाला; उचित।

n. a letter which needs the help of a vowel to pronounce it. व्यंजन अक्षर जो स्वर की सहायता के बिना नहीं बोला जा सकता।

consonantal *कान्सोनॅन्टल adj.* व्यञ्जन अक्षर सम्बन्धी।

consonantly *कन्सोनेन्टली adj.* उचित रूप में; उपयुक्त प्रकार से।

consonous *कॉन्सोनस adj.* एकरूपता वाला।

consort *कॉन्सर्ट, का न्सॉर्ट n.* a husband or wife; a companion; a spouse; partnership; company; agreement; concert. पति या पत्नी; साथी; दम्पति; साझेदारी समवाय; करार; संगीत गोष्ठी।

v. t. to bring together; to join; to harmonise. मिलाना; जोड़ना; एक रूप बनाना मेल कराना; करार करना।

v. i. to associate, to agree; to accompany. मिलना, समागम करना; सहमत होना; साथ जाना।

King consort: husband of a queen where the queen occupies the throne. रानी का पति जब कि गद्दी पर रानी हो।

in consort: in company; in harmony. साथ मेल से।

consorted *कन्सॉर्टेड adj.* associated. संयुक्त किया हुआ।

consorter *कन्सॉर्टर n.* one who consorts. संयुक्त करने वाला या होने वाला; साथ रहने वाला।

consortism *कन्सॉर्टिज्म n.* a partnership in nature between different organism विविध जीवतत्वों में प्राकृतिक संसर्ग।

consortium *कॉन्सॉर्शियम n. (p. l. consortia)* an international banking combine; an association. अन्तर्राष्ट्रीय बैङ्किङ्ग संगठन; कोई संस्था।

consortship *कन्सॉर्टशिप* fellow ship. मैत्री, साथ; मेल।

conspecific *कॉन्स्पेसिफिक adj.* of the same specie. एक ही जाति का।

conspectuity *कॉन्सपेक्टुइटी n.* sight (used by *Shakespeare*). दृश्य; नजारा।

conspectus *कन्सपेक्टस n.* a synopsis; a wide survey; a full fledged view. गोष्ठी; व्यापक, सर्वेक्षण; सामान्य तथा पूर्ण दृश्य।

conspicuity *कॉन्सपीकुइटी n.* prominence; clearness. स्पष्टता; सबके बीच विशेषत: दिखाई देने का गुण।

conspicuous *कंस्पीकुअस adj.* clear prominent; having some speciality; particularly visible. notable; catching the eye. स्पष्ट तथा विशेषत: दिखाई देने वाला, कोई खास गुण वाला; उत्कृष्ट; जिस पर आंख जमे।

conspicuously *कन्स्पीकुअसली adv.* विशेष रूप से; उत्कृष्टतता के साथ।

conspicuousness *कन्स्पीकुअसनेस n.* विशेषत: दृष्टिगोचर होने का गुण।

conspiracy *कन्सपिरेसी n.* a plot hatched to harm some one; a group of people united for a bad purpose. षडयन्त्र; किसी को हानि पहुँचाने के लिए व्यवस्था या गुट्ट।

conspirant *कन्सपिरॅण्ट adj.* conspiring. षड़यन्त्र करने वाला।

conspiration *कन्स्पिरेशन n.* the act of conspiring. षड़यन्त्र करने की क्रिया।

conspirator *कन्साइरेटर n. (Feminine* conspiratress). राजद्रोही।

n. one who is a member of a group to hatch a plot; specially against Govt. षड़यन्त्र करने वाले गुट का सदस्य; षडयन्त्रकारी।

conspiratorial *कॉन्सिपिरेटोरियल adj.* षड़यन्त्र से सम्बन्धित।

conspire *कंसपायर v. t.* गुट बनाकर षड़यन्त्र करना बुरे काम के लिये संगठित होना।

conspirer *कन्सपाइरर n.* षड़यन्त्र करने वाला व्यक्ति।

conspiring *कन्सपायरिंग adj.* doing conspiracy. षड़यन्त्रकारी।

conspiringly *कॉन्सपायरिंगली adv.* in a conspiring manner. षड़यन्त्र करते हुए।

conspue *कॉन्स्पयू v. t.* to express hatred; to show contempt. घृणा प्रकट करना।

conspurcation *कॉन्सपरकेशन n.* defilement (old usage) अपवित्र करने की क्रिया।

constable *कॉन्स्टेबल n.* a police officer of lower rank. नीची श्रेणी का पुलिस जन।

to outrun the constable : to run into debt. ऋणी हो जाना।

constableship *कांन्स्टेबलशिप n.* district of a constable. पुलिस के कांस्टेबल का अधिकारक्षेत्र

constabulary *कॉन्स्टेबुलरी n.* पुलिस वाले सिपाहियों का समूह।

constancy *कॉन्सटेन्सी n.* firmness, the state or quality of being constant; faithfulness; changelessness; endurance. दृढता; स्थिर रहने का गुण या दशा; निश्चल स्थिति परिवर्तन हीनता; सहनशीलता।

constant *कॉन्सटॅन्ट adj.* firm; faithful; not undergoing change; permament without any break; regular. दृढ़; वफादार; जो परिवर्तनशील न हो; स्थिर; स्थायी; नित्य निरन्तर; अचल।

constantia *कन्सटॅन्शिया n.* दक्षिणी अफ्रीका की एक मीठी शराब (वहां शराब बहुत पी जाती है)।

crescendo *क्रीशॅन्डो adj. & adv.* संगीत का शब्द; धीरे धीरे ध्वनि का चढ़ना जैसे–अन्तरा आदि।

n. ध्वनि का ऊंचा होते जाना।

crescent *क्रीसॅन्ट adj.*(1) shaped like a moon. (2) increasing. (१) चन्द्रमा की शक्ल का; (२) बढ़ोतरी पर। (1) a shape like a waxing moon. (2) reduced or increasing state and shake of moon. (3) the faith of moslem. (4) a kind of bun. (5) the Turkish power or emblem. (१) चन्द्रिका; (२) अर्द्ध चन्द्राकार चिह्न जो चन्द्रमा की कलाओं के घटने बढ़ने से होता है; मुसलमानों का अर्ध चिह्न; (४) एक प्रकार का बिस्कुट; (५) तुर्की राजसत्ता और धर्म का चिह्न।

crescentade *क्रीसॅण्टेड n.* जहाद; एक प्रकार का मुसलमानों का धर्मिकयुद्ध जिसमें 'अल्लाहो अकबर' के नारे लगाकर शत्रु पर आक्रमण किया जाता है।

crescentic *क्रीसॅण्टिक adj.* (also *crescented*) shaped like a crescent. अर्धचन्द्र के रूप जैसा।

crescive *क्रेसिव adj.* Shakespearean usage–increasing. बढ़ते हुए, शेक्सपीयर का प्रयोग।

cresol *क्रेसोल n.* a kind of product made after distillation of coal–tar. कोलतार से बनाया हुआ एक प्रकार का तरल पदार्थ।

cress *क्रेस n.* (1) name of a plant of three kinds known as (garden cress; water cress and rock cress). (१) एक प्रकार का पौधा जो तीन रूपों में पाया जाता है जैसे उद्यान में बोये जाने वाली किस्म का; जलशैवाल जैसा और पहाड़ों में पाया जाने वाला।

cresset *क्रेसेट n.* a kind of pot made of iron or earthenware for lighting purposes; beacon. दीपक; दीप; दिया; चिराग प्रायः यह मिट्टी अथवा लोहे के बनाये जाते थे आकाशदीप।

crest *क्रेस्ट n.*(1) a tuft on animal's head as cock and a kind of sparrow etc. (2) summit of anything. (3) mane of a horse.(4)a plume of feathers on the top of a crown (5) anatomically it stands for a part of the bone having a ridge along it. (१) मुर्गे और चिड़ियों आदि के सिर की कलगी। (२) किसी चीज की चोटी; सबसे ऊंची चोटी; तुर्रा; शिखा; शृङ्ग; घोड़े की गरदन के बाल। (४) मुकुट के ऊपर पक्षी के लगे हुए पर। शल्यशास्त्र के अनुसार एक विशेष भाग की हड्डी जो ऊपर को उभरी हुई हो।

v. t. to surmount. चोटीदार; चोटी वाला; शिखा सहित।

crested *क्रस्टेड adj.* वनस्पति आदि में पाया जाने वाला एक उभरा हुआ हिस्सा।

crestfallen *क्रेस्टफालन adj.* निरुत्साहित; हताश जिसका दर्प चूर्ण हुआ हो; गिरा हुआ; हारा हुआ; उदास।

crestless *क्रेस्टलॅस adv.* जिसकी उत्पत्ति उच्चकुल आदि से न हुई हो; शिखारहित।

cretacious *क्रिटेशस adj.* चाक जैसा या चाक का बना हुआ। लेटिन भाषा के क्रीट—चाक शब्द से बना हुआ। ब्रिटिश द्वीपों के भिन्न भिन्न भागों में पाई जाने वाली एक प्रकार की मैसोजोइक किस्म का खनिज।

Cretic *क्रेटिक adj.* belonging to Crete Island; Cretan. क्रीट देशों से सम्बन्धित; क्रीटन।

n. metrical foot in poetry of two long syllables and one short in between. अंग्रेजी कविता में एक प्रकार का छन्द जिसमें दो बड़े और एक छोटा सिलेबल होता है।

cretin *क्रेटिन n.* one suffering from a serious disease of the mind known as cretinism. एक विशेष प्रकार की चित्त भ्रांति से पीड़ित रोगी।

cretinism *क्रेटिनिज्म* इसी प्रकार का एक रोग जिसके कारण से; जो गिलटी के कारण उत्पन्न होता है; मानसिक और शारीरिक उन्नति में बाधा पड़ जाती है।

cretinous *क्रेटिनस adj.* (also *cretinised; cretinoid*) pertaining to such a disease इसी प्रकार के रोग से सम्बन्धित।

cretonne *क्रेटोन n.* after the name of a country Creton in Normandy in which it is printed; a printed a cloth. छापा हुआ सूती कपड़ा; छपाई किया हुआ सूती कपड़ा।

crevasse *क्रेवास n.* cleft in a glacier; any cleft; a breach in a canal or a river bank; ग्लैशियर आदि का फटाव; कोई भी फटाव; नदी या नहर के किनारे के पुरते की टूट।

creve–coeur (*Fr. word*) deep and heavy sorrow. महा दुख; घोर दुख; हृदय विदारक; दारुण दुःख।

crew *क्रू n.* (1) *pq. t.* of the word crow. (2) a ship's company or crew. (3) often in bad sense; a squad; company or gang. (१) क्रो शब्द का पास्टटैन्स में प्रयोग; (२) मांझी या जलपोत चलाने वाले; मल्लाह; (३) बुरे अर्थों में प्रयोग होता है, समुदाय; ठट्ठ; गिरोह; समूह आदि।

crewe *क्रू n.*Spenser's usage–a pot. The word has originated from the Old French *Crue.* स्पैन्सर का प्रयोग–बर्तन।

crewel *क्रूअल n.* a kind of fine worsted thread mostly used in embroidery and tapestry work; embroidery work done in this fashion. एक प्रकार का मजबूत तागा जो प्रायः कशीदे के काम में आता है; कशीदे का काम।

v. t. to work in crewels. कशीदे का काम।

crewels *क्रूअल्स n. pl.* scrofula; or the king's evil; Scot's usage. स्काट का प्रयोग एक प्रकार का गिल्टी का रोग जो बहुत क्षयकारी होता है; राजयक्ष्मा।

crewman *क्रूमॅन* one who works in the gang of workmen. मजदूरों के समुदाय का काम करने वाला मजदूर।

crib *क्रिब n.* (1) a receptacle for storing fodder for the cattle. (2) a manger (3) a place or stall for the oxen. (4) a crate. (5) a bin. (6) a fortified place (7) a hut. (8) a cabin. (9) a house (used as a slang). (10) a hovel. (11) a small bed for children. (12) a kind of salmon-trap.(13)a cowshed.(14)service (15) a frame work of timber. (16) lining shaft of mine. (17) pilfering (18) a plagiarism. (19) a translation for the students. (20) discarded cards at cribbage. *v. t.* (21) enclose or confine in a small place or to overcrowd (22) to pilfer. (23) to plagiarise. (१) एक बरतन या सूखी चर जिसमें ढोरों के लिये चारा आदि डाला जाता है (२) खोर (३) बैल बांधने का स्थान या जगह (४) टोकरा (५) ढोल-कूड़ा आदि जमा करने का ढोल (६) सुरक्षित स्थान (७) झोंपड़ी; कुटिया; कुटीर; कुटी या घास फूंस से बनी झोंपड़ी (८) कमरा; कोठरी; कोष्ठ आदि (९) (असाहित्यिक प्रयोग) घर (१०) दरिद्र बस्ती का घर जहां सिर्फ सिर छिपाने भर का स्थान हो (११) बच्चों की पालनेनुमा खाट (१२) सालमून मछली पकड़ने का जाल (१३) गौ स्थान (१४) नौकरी (पद) टहल (१५) लकड़ी का चौखटा (१६) कानों में काम आने वाली कुदाल (१७) उचक्कापन चोरी (१८) साहित्य चोरी का कार्य (१९) विद्या-

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

थियों के)पाप दण्ड) काम का अनुवाद (२०) एक प्रकार के तास के खेल में अलहदा जमा किये हुए पत्ते (२१) छोटे या तङ्ग स्थानों में बन्द करना या घेरना; या ज्यादा भीड़भाड़ करना (२२) उच्चकापन करना; चोरी करना (२३) साहित्य की चोरी करना (उसकी नकल करना; रूप बदलना और फिर उसे अपने नाम से प्रकाशित करना।

cribbage *क्रिब्बेज n.* ताश का एक प्रकार का खेल जिसमें जूआ भी लगाया जाता है और इसको दो तीन या चार साथी एक साथ खेल सकते हैं।

cribbage-board *क्रिबेज बोर्ड n.* इस प्रकार के खेल में प्रयोग में आने वाला एक प्रकार का बोर्ड जिस पर खेल का हिसाब रखा जाता है।

crib-biting *क्रिब बाइटिंग n.* a vicious habit of horses to bite the crib, the intake of air by the horse. घोड़ों की एक बुरी आदत जबकि वह अपनी खोर (खड़का) को चबाते हैं; घोड़े द्वारा जोर जोर से अन्दर की ओर सांस लेना।

cribble *क्रिबल n.* (1) a coarse sieve (2) a screen of wire (3) a sieve for sand; gravel or corn. (१) भद्दी सीवन (२) तारों की जाली (३) अनाज; मिट्टी; रेता आदि छानने की जाली।

v. t. to sift सीवन डालकर अलग अलग करना

cribellar *क्रीबलर adj* (also *crible क्रिबल*) dotted बुंदकी दार; निशान वाला; चिन्हयुक्त।

cribellum *क्रिबलम n.* मकड़ियों का एक प्रकार का शारीरिक यन्त्र जिसके द्वारा वे जाला बनाती हैं।

cribrate *क्रिब्रेट adj* (also **cribrose** *क्रिब्रोज*) छिद्रयुक्त ढ़ोरों की एक प्रकार की खोर।

cribration *क्रिब्रेशन n.* अनाज को फटकना; छानना इत्यादि।

cribrifom *क्रिब्रीफार्म n.* छोटे छोटे छिद्रों से युक्त छेद वाला।

crib-work *क्रिब-वर्क* खोरों ही का कार्य।

Cricetus *क्रिसेटस n.* एक प्रकार का पौधा।

crick *क्रिक n.* a cramping of muscles especially of the neck; a sudden stiffness. गर्दन के स्नायुओं का एकदम तन जाना (वायु दूषित आदि से ऐसा होता है)।

v. t. to produce a crick. आकस्मिक कठोरता।

cricket *क्रिकेट n.* (1) a kind of grasshopper or an insect (2) a kind of outdoor game played with the wickets on both ends; and bats and ball between two rides of players11 on each side(3)fair on sporting (4) a kind of low stool.(१) एक प्रकार का टिड्डे के आकार का कीट (२) एक प्रकार का बाहर खेलने का खेल (३) खेल में रुचि रखने वाला (४) एक प्रकार का नीचा स्टूल।

cricketer *क्रिकेटर n.* one who is an expert in the game of cricket क्रीकेट का खिलाड़ी।

cricketing *क्रिकेटिङ्ग adj* क्रीकेट के खेल सम्बन्धी।

cricoid *क्रिक्वाएड adj* cartilage of larynx) ring-shaped. छल्लाकार।

cried *क्राइड pa. p.* of the word cry. क्राई शब्द का रूप।

crier *क्रायर n* an official who makes proclamations; one who cries. एलान करने वाला अफसर; चिल्लाने वाला।

cries *क्राइज* third person plural of the word cry. क्राई शब्द का रूप।

crikey *क्रीकी interj.* (also *cricky*, also *crickỳ* an expression of surprise. आश्चर्य का भाव।

crime *क्राइम n.* 1. a serious violation of law. 2. an act of criminal nature which may be punished by an Act of law. 3. criminal act. 4. sin. 5. evil act. 6. accusation. 7. intention of harming or wounding. १. नियम भंग करने का काम। २. विधि द्वारा आपराधिक कार्यों का नियमों में आना। ३. आपराधिक कार्य। ४. पाप। ५. बुरा कर्म। ६. गाली गुफ्तार; जवानदराजी। ७. चोट पहुंचाने का इरादा।

v. i. to convict on breaking a law. नियम भंग करने पर सजा।

crimeful *क्राइमफुल adj.* दोषसहित।

crimeless *क्राइमलॅस adj.* निर्दोश; अपराध रहित; हिंसा करने के विचार या कार्य से मुक्त।

crimen false *L.* विश्वासघात; धोखा; फरेब; मिलकर घात।

crime sheet *क्राइमशीट n.* अपराधों की सूची या रजिस्टर।

criminal *क्रिमनल adj.* pertaining to crime *n.* one guilty of crime. अपराध सम्बन्धी; अपराधी।

criminal conversion *क्रिमनल कनवर्शन n.* adultry. परस्त्री गमन विधि अर्थों में।

criminalist *क्रिमनलिस्ट n.* अपराधिक कानून में पारगंत।

criminality *क्रिमिनलिटी n.*दोष की भावना; दोष और पाप से परिपूर्णता।

ciriminally *क्रिमनली adv.* दोषी रूप में; दोष या अपराध सहित।

criminate *क्रिमनेट v. t.* to accuse, to call names. गाली गलौज देना; दोष रोपण करना; बुरा भला कहना।

crimination *क्रिमनेशन n.* accusation; an act of accusation or criminating. गालियां; गाली देना; अपशब्द कहना।

criminative *क्रिमनेटिव adj.* also *crimintry* वह कर्म या कार्य विचार जिसमें हिंसा का भाव छिपा हो।

crimine *क्रिमिनी interj.* also *crimini* अशान्ति और विस्मय का भाव।

criminologist *क्रमिनोलॉजिस्ट n.* अपराध विज्ञान का विशेषज्ञ।

criminology *क्रिमिनोलॉजी n.* प्राणकीय शास्त्र का एक अङ्ग जिसमें अपराधों और अपराधियों का अध्ययन होता है।

criminous *क्रिमिनस adj.* १. दोष या अपराध की सीमा। २. पादरी का एक पद "गिरजाघर का लिपिक" इस शब्द के यही अर्थ अब प्रचलित हैं।

crimp *क्रिम्प adj.* (1) made crisp. (2) corrugated. (3) brittled. (१) करारा (तला हुआ) (२) नालीदार जैसे टीन; सायबान आदि; (३) मुरमुरा; कुरमुर होने वाला।

v. t. (4) to corrugate. (5) to wrinkle. (6) to turn crisp. (7) to seize. (४) नाली दार बनाना। (५) सिकुड़न या झुर्रीदार बनाना। (६) तलना या करारा बनाना। (७) पकड़ना।

n. (8) a plait. (9) a man who entraps [sailors, soldiers etc.] (८) तह; जैसे कपड़े आदि को मोड़ कर करते हैं; कपड़े का निशान। (९) फौजी भर्ती या जहाजी नौकरी आदि के लिए रंगरूटों को फंसाने वाला।

crimpage *क्रिम्पेज n.* act of crimping. तलने; भुरभुरा करने या फौजी भर्ती आदि के लिए फंसाने का कार्य।

crimper *क्रिम्पर n.* one who corrugates. जो लोहे जस्त या सीमेन्ट आदि की चादरों को नालीदार बनाता है।

crimping-iron *क्रिम्पिङ्ग-आयरन n.* बालों में घूंगरू डालने वाली मशीन; घुंघराले बाल [बोब्ड हेयर] बनाने का यन्त्र।

crimping machine *क्रिम्पिङ्ग मॅशीन n.* एक प्रकार का छोटा सा यन्त्र जिससे कपड़ों पर चुनट डाली जाता है। जैसे मलमल के कुर्ते की चीये से चुना जाता है।

crimple *क्रिम्पल v. t.* to curl; to plait घुंघराला बनाना; चुन्नट (कपड़ों आदि पर) डालना।

crimson *क्रिमजन n.* a red colour in general; a special type of deep red colour having a blue tinge. साधारणतया रक्तावर्ण; लाल रंग; एक विशेष प्रकार का गहरा लाल रंग जो नीले रंग की झलक लिये हुए हो।

crinal *क्रीनल adj.* belonging to the hair. केश अथवा बाल सम्बन्धी।

crinate *क्रीनेट adj.* also *crinated क्रीनेटेड* having hair. बालदार; बालों वाला या वाली।

crine *क्राइन v. i.* Scot's usage—1. to shrivel. 2. to shrink. स्कॉट का प्रयोग–१. सुकड़ जाना; मुर्झा जाना; मुड़ जाना; २. सिकुड़ना; झुर्री पड़ना।

cringe *क्रिन्ज v. i.* to submit; to fawn; to bow servilely; to bend. प्रस्तुत करना; प्रेम या भक्ति प्रदर्शित करना जैसे पशु आदि दुम और सिर हिला कर करते हैं; आदाब बजाना; झुकना।

n. an act of flattery. खुशामद; चापलूसी; ठकुरसुहाती; राम लगती बात।

cringer *क्रिञ्जर n.* जो प्रस्तुत करता हो या फर्शी सलाम करता हो; फर्शी सलाम करने वाला; आदाब बजा लाने वाला; झुकने वाला।

cringing *क्रिञ्जिङ्ग adj.* an act of bending, submitting or flattery. झुकने का दबने का (दब्बु बनने का) निवेदन करने का खुशामद करने का, तलवे चाटने का कार्य।

cringingly *क्रिञ्जिङ्गली adv.* in a cringing manner. चापलूसी से; खुशामद से।

cringle *क्रिङ्गल n.* a small rope with an eye at the end to let the other one pass through it. रस्सी के एक सिरे पर गोल ढीली गांठ जिसमें से दूसरी रस्सी को निकाल कर दोनों को मिलाकर मजबूत गांठ बांधी जा सके।

crinicultural *क्रीनीकल्चरल adj.* relating or pertaining to the culture and growth of hair. केशों के वर्धन अथवा विन्यास सम्बन्धी

crinigerous *क्रीनीगीरस adj.* hairy. रोयेदार; बालदार (बालों वाली); केशयुक्त।

crinite *क्रीनाइट adj.* hairy; having thickly

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

populated hair, in botany it means like a tuft of hair. केशयुक्त; रीछ के समान बाल यानी घने बाल होना; वनस्पति शास्त्र में इसका अर्थ होता है बालों से मिलता जुलता या जैसा।

crinkle *क्रिङ्कल v. t. & v. i.* to twist; wrinkle; to curl. ऐंठना; तोड़ना मरोड़ना; झुर्री डालना; घुंघराला बनाना।
n. a wrinkle. झुर्री; सिकुड़न।

crinkly *क्रिङ्कली adj.* झुर्रीदार; सिकुड़न से भरा हुआ।

crinkum-crankum *क्रिंकम-क्रैंकम adj.* intricate things or full of twists and turns. पेचीदा या उलझे हुए मामले या चीजें।

crinoid *क्रिनायड n.* also *crinite*) of the shape of a lily. (१) एक प्रकार का तारा (२) कुमुदिनी के आकार या रूप जैसा।

crinoidal *क्रिनायडल adj.* (also *crinoidean*) इस नाम राशि के तारे सम्बन्धी।

crinolette *क्रिनलट n.* a device to keep the ladies dress behind only. स्त्रियों की एक विदेशी पोशाक जो घाघरे (लहंगे) नुमा होती है उसको चारों ओर फैलाये रखने की तरकीब।

crinoline *क्रिनोलिन n.* a kind of device to keep the cloth stiff; a basket to keep the skirt hooped all round; a device to guard ships. कपड़े को सख्त कलफ देने का ढङ्ग; चारीक तार की एक जाली जिससे स्त्रियों की घाघरेनुमा पोशाक फूली हुई रहती है; जलपोत आदि की रक्षा करने के यन्त्र आदि।

crinose *क्रीनोज adj.* hairy. केशयुक्त; रोएंदार।

crio-sphinx *क्रियो-स्फिंक्स n.* a pyramidal structure of ram head. लाहौल; मेष (बकरे) के सिर के आकार का पिरामिड।

cripple *क्रिपल n.* a goat-footed or lame person. लङ्गड़ा (आदमी); पंगु।
adj. lame. लङ्गड़ा (विशेषण शब्द)।

crippledom *क्रिपलडम n.* (also *crippling*) भवन आदि की रोक (उड़ीक) के लिए कोई चीज जिससे मकान को रोक रहे।

crisis *क्राइसिस n.* (also *n. pl. crises*) turning or decisive point especially of a disease; moment of suspense or danger. भयङ्कर रोग आदि के समय निर्णायक क्षण (तालावेली का क्षण); ऐसा समय या क्षण जब भय हो (किसी अशुभ का) या ऊपर का दम ऊपर और नीचे का नीचे हो।

crisp *क्रिस्प adj.* fragile; curling; having corrugated surface; brittle; bracing. चटखने वाला; मुड़ने वाला; करारा; जिसके तल पर सिकुड़ने हों; फूटने टूटने वाला; खींचने वाली; कुरमुरा; घुंघराला; कड़कीला; भंगुर।
v. t. to ripple; to crisp. लहरें डालना; कल्लोल करना; तलना; तोड़ना मोड़ना।
n. a piece of bread fried and made of brown colour and crisp. तलकर बनाया हुआ सुनहरी रङ्ग का करारा रोटी का टुकड़ा

crispate *क्रिस्पेट adj.* (also *crispated*) रङ्गत और सूरत का करारा (मुरमुरा)।

crispation *क्रिस्पेशन n.* (also *crispature*; *crisper*) a curling. घुंघराला; मुड़ातुड़ा; सर्पाकार; सुकड़ना।

crispin *क्रिस्पिन n.* a shoe-maker चर्मकार; मोची; जूता बनाने वाला; चमार; जूते बनाना या मरम्मत करना जिसका काम हो; मोचिन।

crisping-iron *क्रिस्पिङ्ग आयरन n.* (also *crisping-pin* a curling pin used for curling the hair. बालों को घुंघराला बनाने के लिये बालों में लगाया जाने वाला पिन।

crisply *क्रिस्पली adv.* घुँघराले या सर्पाकार रूपसे

crispness *क्रिस्पनॅस n.* कुरमुरापन; करारापन; कड़ाकेदार; कुरमुरा (जैसे मुरमुरा; मठरी आदि)।

criss-cross *क्रिस्क्रॉस n.* (१) इस प्रकार का चिह्न (×) जिसे दो सीधी रेखाओं को एक दूसरे के ऊपर ठीक मध्य से काट कर बनाया जाता है (२) वाममार्ग पर चलकर कार्य सिद्धि; बुरी नीयत (३) एक प्रकार का मनोरंजन का खेल।

crista *क्रिस्टा n.* crest चोटी; शिखर; मकान; वृक्ष आदि का सबसे ऊपरी भाग।

cristate *क्रिस्टेट adj.* (also *cristiform क्रिस्टीफॉर्म*) crested; having a crest. चोटी दार; जिस पर चोटी हो।

criterion *क्राइटेरियन n.* (*pl. criteria क्राइटेरिया*) principle standard or means of judging a thing, a standard; a canon. सिद्धान्त; उसूल; नियम; किसी वस्तु के विवेचन; गुणांकन; टीका आदि का स्तर; मापदण्ड; स्तर; प्रमाण; स्थापितमत; वाद; तत्व।

crithomancy *क्रिथोमॅन्सी n.* एक धार्मिक समारोह; जिसमें त्याग अथवा आत्मार्पित करने वाले व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के प्रति; जौ और दूसरी समिधा और उपकरण अर्पित करके श्रद्धा का प्रदर्शन किया जाता है।

critic *क्रिटिक n.* judge of artistic on literary things; a reviewer by profession; a fault-finder; one expert in textual appreciation; one who evaluates literary things. टीकाकार; समालोचक साहित्यिक और कलाकृत्तियों पर अनन्य मत (टीका) प्रकट करने वाला; व्याख्याकार; किसी पुस्तक अथवा ग्रन्थ का अर्थ अथवा आशय बनाने के निमित्त उसकी टीका करने वाला; नुकताचीनी करने वाला; जो मूल ग्रन्थ पर टीका लिखता है; साहित्यिक लेख; ग्रन्थ (जैसे गद्य; पद्य; नाटक; कहानी; आदि का मूल्यांकन करता है।
historical criticism उच्चस्तर या ऐतिहासिक समालोचना में और मूलग्रन्थ या मौखिक समालोचना में अन्तर होता है यानी ऐसी समालोचना का कार्य बइबिल अथवा दूसरी पुस्तकों की लेखन (सङ्कलन) तिथि; मूल; बनावट, रचना; प्रमाणिकता आदि की खोज करने से होता है।

critical *क्रिटीकल adj* निर्धारणयक; प्रतिरोधायक छिद्रांवेशी; आतङ्क सम्बन्धी।

critical-angle *क्रिटीकल-एंगल n.* वह कोण जिस पर रश्मि (किरण) प्रतिबिम्बित हो; क्रांतिक कोण।

critically *क्रिटीकली adv.* सूक्ष्म अथवा गुण दोष मूल्यांकन रूप मे।

criticalness *क्रिटीकलनॅस n.* व्याख्याकर के गुण; व्याख्या का स्तर; नुकताचीनी करने वाला; छिद्रांवेशी।

critical-philosophy *क्रिटीकल-फिलॉसफी* critical examination of the faculty of knowledge (Kant's philosophy.) जर्मनी के दार्शनिक कान्ट के अनुसार ज्ञान के आन्तरिक प्रभाव का विवेचनात्मक अध्ययन या परीक्षा।

critical-point *क्रिटीकल-प्वाइंट* क्रांतिक बिन्दु।

critical temperature *क्रिटीकल टॅम्प्रॅचर* क्रांतिक ताप; तापमान का वह बिन्दु जब गैस आदि का तरलीकरण सिर्फ दबाव के कारण न हो।

critique *क्रिटीक n.* a review or a critical examination of any thing. मीमांसक; चिकित्सक; किसी वस्तु अथवा लेख साहित्य कृति पर अपना समालोचनात्मक मत अथवा सूक्ष्म परीक्षा

croak *क्रोक v. t.* 1. to grumble. 2. to foretell evil. 3. to cry like a frog. १. बुड़बुड़ाना; बुदबुदाना; शिकायत करना; बड़बड़ाना। २. किसी आने वाली विपत्ति की सूचना देना। ३. टर्राना जैसे मेंढ़क करता है।

croaker *क्रोकर n.* also *croaking* one who grumbles or croakes. जो बुड़बुड़ाता हो अथवा टर्राता हो।

croaky *क्रोकी adj.* the sound made thus. टर टर की ध्वनि।

croche *क्रोच n.* a thick portion at the top of a deer's horn. हिरन के सींग का उच्चतम मोटा भाग।

crochet *क्रोशाट n.* an ornamental work done with a small instrument. सुनहरा खुदाई का काम करने का एक छोटा औजार।

crocidolite *क्रॉसीडोलिट n.* दक्षिणी अफ्रीका में पायी जाने वाली एक प्रकार का रेशेदार धातु।

crock *क्रॉक n.* 1. an earthenware. 2. a jar. 3. a pot. 4. a smut (soot) 5. an old horse. 6. a man of loose character. 7. an aged ewe. १. मिट्टी का बर्तन। २. अमृतबान। ३. पात्र; बरतन जैसा प्याला; प्याली; गिलास आदि। ४. काजल; धूम्र; धुआं; गर्द; मैल; ५. बूढ़ा घोड़ा। ६. दुष्टचरित्र; ऐसा मनुष्य जिसका चाल चलन अच्छा न हो। ७. बूढ़ा बकरा बो।

crockery *क्रॉकरी n.* vessels made of baked clay; an earthenware. आवे में पके हुए बर्तन; मिट्टी के बर्तन; विशेषतया चीनी मिट्टी के बर्तन जैसे प्याला; प्याली; अमृतबान कूंडी आदि

crocket *क्रॉकेट n.* in architecture a chisel work in the stone. पत्थर पर संग तराश का काम शिल्पशास्त्र के अनुसार।

crocodile *क्रॉकेडायल n.* a kind of large water reptile; alligator or gavial known technically as Loricta. घड़ियाल; मगर; नक्र; जल का एक वृहत्त आकार का पशु जिसकी खाल बड़ी सख्त होती है।

crocodile-bird *क्रॉकेडाइल-बर्ड n.* a kind of bird with a long back; who cleans crocodiles teeth and throat. एक प्रकार का पक्षी विशेषतया कौआ जो घडियाल के खुले मुख में प्रवेश करके उसके दांत और हलक गला साफ करता है।

crocodile-tears *क्रॉकेडाइल-टीयर्स n.* hypocritical tears shed by crocodile to allure itsvictims. थूक के आंसू; झूठमूठ का

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

रो कर दिखाना।

crocodility क्रकेडाइलिटी *adj.* heated argument. गरमागरम बहस।

crocus क्रोकस *n.* 1. a kind of plant having various colours of flowers; 2. a quack. १. एक प्रकार का पौधा जिस पर विविध रंग के पुष्प आते हैं। २. जिसको अपने काम में पूरी महारथ पूर्णता प्राप्त न हो; नीम हकीम; नीम मुल्लाह।

croesus क्रीसस *n.* 1. saffron coloured. 2. a wealthy person. १. जोगिया रंग का; केसरी रंग का; कुम्कुमी रंग का। २. रईस; अमीर; धनवान; पैसेवाला; पूजीपति; धनाढ्य; लखपती।

croft क्रोफ्ट *n.* a small farm. कृषि के योग्य छोटा सा खेत; छोटा फार्म; जोतने बोने का खेत।

crofter क्रोफ्टर *n.* also *crofting* क्रोफ्टिङ्ग one who works on a small farm. छोटे खेत पर काम करने वाला किसान; कृषिकार; कृषक।

crossant क्रोसांट *n.* a roll of a crescent shape. चन्द्राकार रूप का गोल घेरा।

Cro-Magnon क्रो-मागनोन *n.* लम्बी खोपड़ी तथा छोटे मुँह वाला आदमी जो कि प्राचीन काल में आरीगनेशियन काल का प्रतीक माना जाता है।

crome क्रोम *n.* also *cromb* क्रूम 1. a crook 2. a hook or an instrument. १. झुकाव या कमान। २. हुक या ऐसी शक्ल का औजार।

cromlech क्रामलॅह *n.* a full circle made of stone. चकला; गोल कटावदार पत्थर।

cromorna क्रोमार्ना *n.* also *cromorne* क्रोमोर्न a clarinet type of instrument. एक क्लैरिनेट के ढंग का वाद्य बाजा।

crone क्रोन *n.* an old hog or an old woman; an expression of contempt. बूढ़ी खूसट; वृद्धा; बुड्ढी भेड़, गाली; द्वेष का भाव।

cronet क्रोनॅट *n.* hair found on the top of a horse's hoof. घोड़े की सूम के आस पास उगने वाले बाल।

crony क्रोनी *n.* an intimate and old chum. हार्दिक मित्र; लंगोटियायार; मित्र; दोस्त; सखा; साथी; हमझोली।

croodle क्रूडल *v. t.* to cry like dove. बत्तख या कपोत की भांति शब्द करना; जैसे गुटर गूँ गुटर गूँ का शब्द।

crook क्रुक *n. n.* 1. bend. 2. bowing of one's body out of reverence. 3. artifice. 4. a trick. 5. hooked staff used either by a shepherd or a bishop. 6. curved. 7. in slang a rogue or a swindler. १. मोड़; झुकाव; खम; घुमाव; कमानाकार २. श्रद्धा और भक्ति से नत होना; दंडोत; पालागन; ३. हाथ की सफाई; जादू; ४. चाल; चालाकी; चकमा; ५. गडरिये का सोटा या पादरी की छड़ी; ६. मुड़ा हुआ; बल खाया हुआ; झुका हुआ, ७. असाहित्यिक भाषा में बदमाश; शरारती; हरामी; शैतान; लफंगा; गुंडा; कुटिल; बक।

a crook in the lot : trial in one's experience. निजी अनुभावों में बाधा पड़ना।

crook-back क्रुक-बॅक *n.* Shakespeare's usage–a hunch back. शेक्सपीयर का प्रयोग कुबड़ा; कूब निकली हुई पीठ वाला आदमी।

crook-backed क्रुक-बॅक्ड *adj.* bent as a hunchback. कुबरे की तरह झुका हुआ।

crooked क्रुकेड *adj.* perverse. विकृत चित्त वाला; हठधर्मी होना।

crookedly क्रुकेडली *adv.* in a crooked manner. कुटिलता से; टेढ़ेपन से।

crookedness क्रुकेडनॅस *n.* perverseness. हठधर्मिता; कुटिलता; वक्रता; चित्त विकृति।

crook-kneed क्रुकनीड *adj.* टेढ़ी या झुकी हुई टांगों वाला।

crook-shouldered क्रुक-शोल्डर्ड *adj.* झुके हुए कन्धों वाला।

croon क्रून *v. i.* Scot's usage–cry of a bull; to express grief in a lamenting manner; to hum; to sing slowly. स्काट का प्रयोग–सांड़ की सी डकार लेना; अपने दुःख का व्यथित रूप से व्यक्त (प्रकट) करना; भिनभिनाना; धीरे धीरे (दबी आवाज) में गीत गाना; या गुनगुनाना।

v. t. & v. i. to sing to ease. आराम से गाना; इत्मीनान से गाना।

crooner क्रूनर *n.* (also *crooning*) one who hums. गुनगुनाने वाला; भिनभिनाने वाला

crop क्रॉप *n.* a gullet of birds for storing food for digestion; a whip; a handle; style of having short hair; the total quantity of harvest; total yield of a season; a sprout; cut off; chalk off tops of plants; an entire hide of an animal; the craw. पक्षियों की एक विशिष्ट प्रकार की थैली जिसमें पचाया जाने वाला अन्न जमा होता है; चाबुक; हैन्डल; छोटे बालों के रखने का ढङ्ग; फसल; उपज; कृषि की हुई कुल कमाई (फसल के रूप में); वर्ष की कुल उपज: डन्ठल; बीज का फूटा हुआ भाग; काटना; छांटना; तराशना; पौधों की फुलगनों की कटाई; जानवरों की पूरी पूरी खाल; पशु और पक्षियों का उदर।

v. t. to cut at the top; to mow or reap a harvest; to dress and cut the hair of. फुलगन पर से काटना; हँसीये से फसल काटना; बटोरना; बालों को बनाना और काटना।

v. i. to yield a harvest. पैदावार करना; फसल लेना।

come a cropper कम ए क्रापर from the pharse neck and crop; the term means to be defeated. हार मानना; परास्त होना; गिरना; पतन की ओर अग्रसर होना।

crop-bound क्रा प-बाउन्ड *adj.* एक प्रकार का रोग

crop-comb क्रॉप-कूम्ब *n.* एक प्रकार का चन्द्राकार कङ्घा जिसका प्रयोग लड़कियों बाल संवारे रखने के लिये करती हैं।

crop-ear क्रॉप-इअर *n.* ऐसा मनुष्य; कुत्ता या घोड़ा जिसके उठे हुए कान हो।

crop-eared क्रॉप-इअर्ड *adj.* उठे हुए कानों वाला

cropful क्रॉप-फुल *n.* (also *n. pl. crop fuls*) as much as the field can hold. जितनी उपज हो सके।

cropfull क्रॉपफुल *adj.* Milton's usage–satiated. मिल्टन कवि का प्रयोग–तृप्त; भरापूरा; शान्त।

cropper क्रॉपर *n.* one who crops; a thing that crops, birds; especially pigeons having large pouters; a small printing press; one who raises crop for sharing purposes. बोने जोतने वाला; किसान उगने वाला एक प्रकार का पक्षी विशेषतया कपोत जो अधिक परों वाला हो; छोटा सा कारखाना; बटाई पर काम करने वाले कृषि मजदूर।

cropping क्रॉपिङ्ग *n.* an act of chopping off. कटाने व कलम करने का कार्य।

croppy क्रॉपी *n.* फ्रान्सीसी क्रान्तिकारियों की देखा देखी १७९८ में छोटे बाल रखने वाला एक आयरलैंड देश का वासी।

crop-sick क्रॉप-सिक *adj* मन उचाट; ऊब; मन भरना; मत का भारी होना।

croquet क्रोकेट *n.* a kind of game played with the help of large wooden sticks and wooden balls; by parsing them through a number of arches. एक प्रकार का खेल जिसको लकड़ियों की गेंद और बल्लों से खेला जाता है और गेंद को कई छोटे छोटे महरावों में से गुजारा जाता है।

croquette क्रोकेट *n.* seasoned and fried cake of meat. मांस की धीमी धीमा आंच में तली और सेकी हुई केक।

crosier क्रोजियर *n.* (also *crozier*) a staff used by bishop or an abbot. दो श्रेणियों के पादरियों द्वारा प्रयुक्त की जाने वाली झड़ी।

cross क्रॉस *n.* (1) a gibbet or a stake one placed transversely over the other;used by Romans to punish the criminals; particularly that one on which Christ was crucified; a religious emblem of the Christians; atonement; a Christian doctrine; a stick surmounted with a cross; a medal of cross shape; a crossing; part of an anchor anything that thwarts; adversity; to be enemical for each other different types of crosses made in many forms Maltese; Greek and Latin etc. (१) रोमन अपराधियों को दण्ड देने का क्रास; विशेषतया वह क्रास जिस पर ईसामसीह को लटकाया (कीलों से ठोका) गया था; पवित्र क्रास; प्रायश्चित; ईसाइयों का एक सिद्धान्त क्रास लगी हुई छड़ी; क्रास की शकल का पदक (मैडल); चौराहा; लंगर का एक भांग; धकेलने वाली चीज; विपत्ति एक दूसरे के प्रति शत्रुता का भाव होना; नाना प्रकार के क्रास;जैसे मालतीज से कलाकार बनाये हुए; लातैनी और यूनानी देशों के

(2) *adj.* transverse; peevish; hybrid; dishonest; neutralising. (२) विपरीत; सहमा हुआ; दोगला; बेईमान; तटस्थ।

(3) *adv.* across. आरपार।

v. t. to make with a cross sign. to draw a line across; to keep crosswise; to cancel by marking crossline over the whole surface; to make a cross cheque by drawing two parallel lines in the left hand corner and writing '& Co' between them to restrict payment; to thwart. to confront. क्रास का चिह्न लगाना; मध्य से काटती हुई रेखा खींचना; क्रास जैसा बनाना; क्रास बना कर रद्द

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

करना; क्रास जैसा बनाना; धकेलना; मुकाबला करना।
cross as two sticks : विशेषतया चित्तभ्रांत।
cross one's mind : मन में विचार आना; जागृत होना; कौंधना।
cross one's palm : किसी की मुट्ठी में पैसा रखना।
cross one's path : रास्ते में जोड़ा या अड़चन बनाना।
on the cross : चतुर्भुज में एक कोने से दूसरे कोने तक।

cross-action क्रॉस-एक्शन *n.* विधि की भाषा में मुद्दई का मुद्दालय के विरुद्ध कार्य वाही।

cross and pile क्रॉस-एण्ड-पाइल *n.* सिक्के को उछाल कर उल्टा सीधा देखना (टास करना)।

cross-armed क्रॉस आर्मड *adj.* बगल में हाथ मिले हुए।

cross-band क्रॉस-बैण्ड *n.* जलपोत में लगाया जाने वाला शहतीर जिससे उसका वजन (भार) ठीक ठीक रहता है।

cross-banded क्रॉस-बैंडेड *n.* सीढ़ियों पर पकड़ कर चढ़ने की छड़ी।

cross-bar क्रॉस-बार *n.* एक प्रकार का नरजा; ढेकली; टेक।

cross-beam क्रॉस-बीम *n.* शहतीर।

cross-bearer क्रॉस-बियरर *n.* क्रास हाथ में पकड़ कर, जलूस में ले चलने वाला।

cross-belt क्रॉस-बेल्ट *n.* बंदूकची की कारतूसों की पेटी जो कंधे से कोक तक पहनी जाती है।

cross-bench क्रॉस-बेन्च *n.* संसद् की सभाओं में कुछ ऐसी बैंचें जिसपर स्वतन्त्र सदस्य बैठते हैं।

cross-bencher क्रॉस बेन्चर संसद का स्वतन्त्र सदस्य।

cross-bill क्रॉस-बिल मुद्दायलय द्वारा लाया गया पत्र।

cross-birth क्रॉस-बर्थ *n.* जनन क्रिया के समय बच्चे का अन्दर टेढ़ा होना।

crossbite क्रॉस बाइट *v. t.* to cheat; to entrap; to outwit. धोका देना; फंसाना; परास्त करना (ठठोली में)।

cross-bones क्रॉस-बोन्स *n. pl.* an emblem of death or piracy by layingthe thigh bones across each other and keeping the skull upon it. जलदस्युता; दस्युता अथवा मृत्यु का चिन्ह; जैसे जांघों की दोनों हड्डियों के ऊपर खोपड़ी रख कर बनता है।

cross-bow क्रॉस-बो *n.* a semicircular instrument with a string for shooting arrows. कमान; धनुष; लोहे या बांस की छड़ को लचकदार बनाकर दोनों सिरों पर डोरी बांधकर बनाया हुआ अस्त्र जिससे बाण चलाते हैं।

cross-breed क्रॉस-ब्रीड *n.* वर्णसंकर उत्पत्ति (जैसे पशुओं में कराई जाती है; दोगले; (जैसे खच्चर)।

cross-bun क्रॉस-बन गुड फ्राइडे नामक ईसाइयों के त्यौहार पर प्रयोग में आने वाली एक विशेष प्रकार की केक।

cross-buttock क्रॉस-बटक *n.* मल्लयुद्ध (कुश्ती) में काम आने वाला एक दाव पेंच (अड़ङ्गा), कूल्हा मारना।

cross-correspondence क्रॉस-कॉरेसपोंडेंस *n.* arrangement of letters and correspondence to give it a continuity and meaning. पत्रों और पत्र व्यवहार को एक सुव्यवस्थित ढंग से लगाना जिससे उनमें एक तारतम्यता और व्यवस्था आजाये।

cross-counter क्रॉस-काउंटर *n.* in the game of boxing; to hit at the head. बाक्सिंग नामक खेल में; सिर पर घूंसे (मुक्के) की मार।

cross-country क्रॉस-कंट्री *adv.* across the fieldrather than by the road. पथ (सड़क) छोड़कर खेत में से होकर (गुजरकर)।

cross-crosslet क्रॉस्लेट *n.* एक विशिष्ट प्रकार का क्रास।

cross-cut क्रॉस-कट *n.* a short cut; a cross cutting. पगडण्डी का मार्ग; बीच का रास्ता; बीच में से काटना।
v. t. to cut across. बीच में से काटना।

cross-cut-saw क्रॉस-कट-सॉ *n.* शहतीर या मोटा तख्ता काटने का एक लम्बा आरा जिसे दो आदमी चलाते हैं।

cross-division क्रॉसडिवीजन *n.* वर्ग और श्रेणियों का ऐसा विभाजन कि जिससे वे आपस में गड्डवड़ाते रहें।

crosse क्रॉसी *n.* a kind of racquet-like implement. एक प्रकार का औजार।

crossed क्रॉस्ड *adj.* that has been transversed. बीच से काटा हुआ।

cross-examination क्रॉसइग्जामिनेशन *n.* a detailed and minute examination. जिरह।

cross-examine क्रॉस इग्जामिन *v. t.* to examine minutely. जिरह करना।

cross-eyed क्रॉस-आइड *adj.* squint-eyed. ढेरने वाली दृष्टि या आंख।

cross-fall क्रॉस-फॉल *n.* आड़ी सलामी।

cross-fertilisation क्रॉस-फर्टीलाइजेशन *n.* in botany a system of fecundation of a plant by the pollen of another plant. वनस्पतिशास्त्र के अनुसार एक पौधे का (विशेषतया मादा पौधे का) दूसरे (नर पौधे) पौधे से पराग लेकर फलना फूलना।

coss-fire क्रॉस-फायर *n.* crossing of fire from many points. आग की पंक्ति को कोई एक स्थलों से फांदना।

cross fish क्रॉस-फिश *n.* एक प्रकार की मछली।

cross-garnet क्रॉस-गार्नेट *n.* a hinge of 'T' shape. 'T' टी आकार का किवाड़ का कब्जा या छपका।

cross-gartered क्रॉस-गार्टर्ड *adj.* Shakespeare's usage– a dress worn across the legs. शेक्सपीयर का प्रयोग–पैरों में पहिने जाने वाली पोशाक।

cross-grain क्रॉस-ग्रेन *n.* one grain running across the other grain. वनस्पति आदि में दाने पर चढ़ा हुआ दाना।

cross-grained क्रॉस-ग्रेन्ड *adj.* विकृत चित्त; संभ्रान्त।

cross-guard क्रॉस-गार्ड *n.* एक प्रकार की तलवार; खड्ग।

cross-hatching क्रॉस-हॅचिङ्ग *n.* समानान्तर रेखाओं में रङ्ग की भराई।

cross-head क्रॉस-हॅड *n.* a beam or plank across anything. शहतीर।

crossing क्रॉसिङ्ग *n.* (1) cross-breeding. (2) place where roads meet. (3) act of going across. (4) an act by which a sign of the cross is made. (१) वर्णसङ्कर उत्पत्ति। (२) चौराहा; चौरस्ता; (३) पार जाने का कार्य; (४) क्रास चिह्न बनाने का कार्य।

crossing-over क्रॉसिङ्ग-ओवर *n.* an inner natural intersection of the body. शरीर के आन्तरिक भाग का स्वाभाविक विभाजन

crossing-sweeper क्रॉसिङ्ग-स्वीपर *n.* चौराहे की सफाई करने वाला महतर (भङ्गी, जमादार)।

crossish क्रॉशिस *adj.* चित्त भ्रांति सम्बन्धी।

cross-jack क्रॉस-जॅक *n.* तीन पाल (मस्तूलों) वाला जलपोत।

cross-leaved क्रॉस-लीवड *adj.* चार पंक्तियों में टेढे तौर से लगाये हुए सूखे पत्ते (वनस्पतिशास्त्र में)।

cross-legged क्रॉस-लैग्ड *adj.* having the legs crossed. एक प्रकार से पद्मासन; आलती-पालती लगाये हुए।

cross-let क्रॉस-लॅट *n.* a light and small cross. हल्का और छोटा क्रास।

cross-light क्रॉस लाइट *n.* lights thrown in a manner to make a cross sign. प्रकाशधारा का इस प्रकार फैंकना जिससे क्रास का चिह्न बने।

crossly क्रॉसली *adv.* काटते हुए ढङ्ग से।

cross-patch क्रॉस पॅच *n.* बुरी प्रकृति वाला; फूहड़।

crors-piece क्रॉस-पीस *n.* एक दूसरे को काटती हुई वस्तु।

cross-pollination क्रॉस-पॉलीनेशन *n.* carrying of pollen from one flower to another. पराग का एक पुष्प से दूसरे पुष्प तक जाना; परपरागण; क्रौस पौलिनेशन।

cross-purpose क्रॉस पर्पज *n.* action of misunderstanding; confusion in talks; different purpose; a kind of game. गलतफहमी; वार्तालाप (बातचीत) से भ्रान्ति; भिन्न भिन्न कार्य; एक प्रकार का खेल।

cross-quarters क्रॉस क्वार्टर्स *n.* a quatre foil. एक प्रकार की गढ़कर बनाई हुई वस्तु।

cross-question क्रॉस-क्वश्चंस *n.* a cross-examination. जिरह के प्रश्न (सवाल)।

cross-ratio क्रॉस रेशो *n.* एक बार में चार बिन्दु

cross-reference क्रॉस-रॅफरेन्स *n.* एक पुस्तक में दूसरे अध्याय या कन्डिका के सन्दर्भ।

cross-road क्रॉस-रोड *n.* a place where roads meet each other. चौराहा; चौरस्ता; वह स्थान जहां सड़क एक दूसरे को काटे।
n. pl. a stage when decisive conclusions are to be made. वह क्षण अथवा समय जब निर्णायक परिणाम निकलने वाले हों।

cross-row क्रॉस रो *n.* क्राइस्ट-क्रॉस-रॉ के अर्थों वाला शब्द।

cross-ruff क्रॉस-रफ *n.* one by one ruffing by the partners. साझे की हंडिया वाली दुर्गति होना।

cross-saddle क्रॉस-सैडल *n.* एक विशेष प्रकार की काठी।

cross-sea क्रॉस-सी *n.* tides of the sea set in a particular direction. समुद्र की लहरों का किसी विशेष सीमा की ओर चलना।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

cross-section क्रॉस-सॅक्शन *n.* a comprehensive section (horizontal and vertical.) पूर्ण-विभाग; काट; अनुप्रस्थ तराश; (१) क्षैतिजकाट; खड़ी तराश या अनुप्रस्थ काट। (२) खड़ी तराश; ऊर्ध्वकाट।

cross-sill क्रॉस-सिल *n.* रेल की पटरी के नीचे बिछा हुआ लकड़ी का सलीपर जिस पर पटरी को कीलों से ठोका जाता है।

cross-springer क्रॉस-स्प्रिङ्गर *n.* cross-rib. एक प्रकार की पसली।

cross-staff क्रॉस-स्टाफ *n;* भूमि की माप (पैमाइश) करने का यन्त्र।

cross-stitch क्रास-स्टिच *n.* a kind of needlework. सूई का काम (कढ़ाई)।

cross-stone क्रॉस-स्टोन *n.* स्पेन के एण्डेलूसिहन प्रदेश से सम्बन्धित किस्म का पत्थर जिस पर क्रास का काला चिन्ह अंकित होता है।

cross-talk क्रॉस-टॉक *n.* interference on telepone due to various interconnections; behind the scene talk. टेलीफोन (दूर भाष) पर गड़गड़; गुरड़ गुरड़ की और हैलो हैलो; हाँ, हाँ; हुँ,हुँ; की नाना प्रकार की ध्वनियें जो यन्त्र के बिगड़ने से उत्पन्न होती है; पटके पीछे की वार्ता जैसे गुप्त रूप से या अदृष्य रूप से होती हैं।

cross-tie क्रॉस-टाई *n.* रेलवे लाइन के नीचे लकड़ी या लोहे का बिछा हुआ स्लीपर।

cross-tining क्रॉस-टाइनिङ्ग *n.* कृषि (खेतीहारी) में जोतने बोने की एक पद्धति।

cross-tree क्रॉस-ट्री *n.* पाल या मस्तिूल के ऊपरी भाग में लकड़ी का शहतीर या लट्ठा रखने का स्थान।

cross-vaulting क्रॉस-वाल्टिङ्ग *n.* महराब की किस्म की बनावट का।

cross-way क्रॉस-वे *n.* a way that links or crosses the other one. वह पथ जो दूसरे से जुड़ता हो या जोड़ता हो या दूसरे पथ को काटता हो (चौराहे के रूप में)।

cross-wind क्रॉस-विन्ड *n.* an unfavourable wind. विपरीत आँधी; मुखालिफ हवा।

cross-wise क्रॉस-वाइज *n.* across; in the shape of a cross. क्रास; आड़े बल; आरपार क्रास के रूप में।

cross-word *n.* a cross word puzzle in which left out squares are to be filled with the help of clues given separately. शब्द-वर्ग पहेली जिसमें खाली कोष्ठकों को अलग हुए व्याख्या किये हुए वाक्यों (या अतेपते) की सहायता से पूर्ण किया जाता है।

cross-wort क्रॉस-वर्ट *n.* एक प्रकार का वृक्ष जिस के पत्ते कटवा ढंग से उगते हैं।

crotal क्रोटॅल *n.* (1) a lichen. (2) a crotalum. (१) काई। (२) पुराने किस्सों में वर्णित एक पात्र।

crotalaria क्रोटॅलेरिया *n.* (also *n. pl. crotalidae*) a kind of sunnhemp. एक विशेष प्रकार का सनी का रेशा (जो रस्सी, बोरी आदि बनाने के काम आता है)।

crotaline क्रोटॅलाइस *adj.* resembling a rattlesnake. एक विशेष प्रकार के विषैले (जहरीले) सर्प से मिलता जुलता।

crotlism क्रोटॅलिज्म *n.* एक विशिष्ट प्रकार के सर्प से काटे जाने पर विष घातक हो जाना।

crotalum क्रोटॅलम *n.* a character used in ancient mystry writings. प्राचीन (पौराणिक) जासूसी गाथाओं (किस्सों) में वर्णित एक पात्र।

crotalus क्रोटलस *n.* a kind of rattlesnake. एक प्रकार का विषैला सर्प (प्राय कर विषेले सर्प तीन प्रकार के होते हैं; (१) कोबरा (२) रमलवाईपर (३) रैटलस्नेक)।

crotch क्रॉच *n.* a bifurcation of the human body for anatomical or other medical purposes. शल्य क्रिया या जर्रा ही क्रिया के लिए शरीर को काटना, छांटना, खोलना और उसका अधययन करना।

crochet क्रॉचेट *n.* a hook; a whim; a crooked fancy. संगीत में प्रयोग आने वाला एक चिन्ह; वहक; झक; नीयत, तबीयत लालसा।

crocheted क्रॉचेटेड *adj.* (also *crochety*) having peculiarities; whimsical. जिस में वैचित्र्यता का समावेश हो; झक्कपूर्ण; अफीमची पना।

crocheteer क्रॉचेटियर *n.* a perverse person; a crochety. भ्रांत पुरुष; झक्की।

crosse क्रॉस *n.* एक प्रकार की मुड़ी हुई छड़ी जो एक खेल में काम आती है।

crossette क्रॉसेट *n.* वास्तु कला में महराब में दूरतम एक ओर पत्थर ठूंसने की कला।

crossopterygii क्रॉसऑपटरीजीआई *n. pl.* एक प्रकार की मछली जिसका अब कोई चिन्ह विशेष नहीं मिलता है।

croton क्रोटेन *n.* a kind of plant of the spurge genus. एक प्रकार के पौधे जिनके पत्ते अनेक प्रकार के होते हैं यह सुन्दरता के कारण गमलों में उगा कर घर में सजाये जाते हैं; क्रोटन

croton-oil क्रीटेन-आयल रेचक औषधि के रूप में काम आने वाला करोटन के पौधे का तेल।

crouch क्राच *v. i.* (1) to bend low on all the four legs; to cringe; to fawn. (१) चारों हाथ पांव के बल झुकना; झुकना; पशुओं की तरह दुम सिर हिलाना; चापलूसी करना।

n. (2) a cringe position. (२) चारों हाथ पांव के बल झुकी हुई स्थिति।

crouch-ware क्राच-वेयर *n.* वर्सलैम प्रदेश में तैयार किया गया एक प्रकार का पात्र (बर्तन)।

croup क्रूप *n.* (1) a kind of disease of the children known as diptheria. (2) place on the back position of the saddle. (3) a hind part of the horse. (१) बच्चों का कण्ठ रोग (डिप्थीरिया) यह एक द्यूत की बिमारी और इससे घुट घुट कर श्वास आता है और अन्त में मृत्यु हो जाती है। (२) काठी के पिछले भाग में बैठने का रिक्त स्थान; पुट्ठा। (३) घोड़े का पिछला (पूँछ) के ऊपर का भाग।

croupade क्रूपेड *n.* a horse's leap in which it presses forward its legs towards the belly. घोड़े की एक चाल जिसमें उसके पांव पेट की ओर झुके हुए रहते हैं।

crouper क्रूपर *n.* an old and obsolete form of the word spelt as crupper. क्रूपर शब्द का प्राचीन शब्द विन्यास।

croupeir क्रूपियर *n.* (1) vice president. (2) a man who officiates at the table where game is played. (१) उप-सभापति; (२) खेल आदि की देख भाल करने और अपना अन्तिम मत देने वाला निर्णायक (रैफरी)।

croupon क्रूपन *n.* the buttocks of the human beings. चूतड़; नितंब।

crouse क्रूस *adj.* happily confident; brisk; lively; gay. सहज आत्मा विश्वास; तुष्ट; संतुष्ट; प्रफूल्ल चित्त; प्रसन्न वदन; खुश; हराभरा; आल्हादित; हर्षित।

croustade क्रूसटड *n.* a box of fried bread crarare बिस्कुटों का डिब्बा।

croute क्रूट *n.* a slice of bread thick in size and fried crisp. रोटी का एक टुकड़ा जो मोटे दल का होता है और तल कर भुरभुरा बनाया जाता है।

crouton क्रूटन *n.* a piece of croute bread. रोटी का करारा टुकड़ा।

crow क्रो *n.* (1) rook as known in Scotland. (2) a large black bird of the Corvus genus. (3) a kind of raven. (4) birds of the same family. (5) coal of inferior quality. 6. victorious cry of a cock. (7) a crow bar. (8) child's cry of joy. (१) एक प्रकार का स्कॉटलैण्ड में पाया जाने वाला पक्षी। (२) एक बृहद्काय काला पक्षी। (३) एक प्रकार का जंगली कौवा। (४) इसी वर्ग के दूसरे काले रंग के पक्षी। (५) घटिया किस्म का कोयला। (६) विजयी मुर्गे की बांग का शब्द। (७) पैर्लल-बार या क्रो-बार (एक प्रकार की खेलने की चीज)। (८) बच्चे का खिलखिलाने का स्वर।

v. t. to boast. शेखी मारना; शान मारना; डींग मारना।

eat crow or eat boiled crow : to humilate oneself or to do a thing perforce in which a man himself does not believe. अपने को आत्महीन (स्वाभिमान रहित) बनाना या अपनी इच्छा के विरुद्ध शक्ति के बल पर (जोर जबर) कोई कार्य करना।

have a crow to pluck with : to have some point or points to settle with someone. कुछ बातों का निर्णय या निपटारा करना; दोष निकालना।

as the crow flies : in a straight line. सीधी रेखा में; नाक सी सीध में।

Royston crow : a kind of crow with a hood known as Corvus Cornix. एक प्रकार का कार्वस कार्निक्स नामक कौवा।

crow-bar क्रो-बार. काठ अथवा लोहे का एक मोटा और मजबूत मूसल या डंडा जो मूसल के तौरपर काम आता है।

crow-berry क्रो-बेरी एक प्रकार का छोटा काले रंग का बेरनुमा फल या पपोटन (जामुन)।

crow-bill क्रो बिल घाव में से गोली निकालने का एक प्रकार का औजार।

crowd क्रॉड *n.* (1) a musical instrument; crwth. (2) a crowd without any order closely pressed together (3) multitude or rabble. (१) संगीत में एक प्रकार का बजाने का बाजा (वाद्य यन्त्र)। (२) ठट्ट; जमघट; भीड़; समूह; समुदाय। (३) भीड़भाड़; भीड़भड़क्का; जनसमूह।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

v. i. to gather into a crowd. भीड़भड़क्का; एकत्रित करना।
v. t. to swarm. जमघट इकट्ठा होना।

crowdie क्रॉडी *n.* पनीर; दही से खाने के योग्य बनाई हुई पनीर; क्रीम; छाछ आदि। चारा ढोरों के लिए।

crow-flower क्रो फ्लाव्वर *n.* एक प्रकार का पौधा; कौवे का पंजा।

crow-foot क्रो फुट *n.* कौवे का पंजा; एक प्रकार का पौधा।
n. pl. crow's foot, i. e. wrinlkes due to age spreading from the corners of the eyes. आंखों के कौने में से फैलकर कनपटी के ओर फैलती हुई झुर्रियां।

crow-keeper क्रो कीपर *n.* a scarecrow. खेत में से जानवरों को डराने का आदमी का चिह्न।

crown क्राउन *n.* (1) the diadem. (2) the royal cap of honour worn by kings & emperors. (3) a head dress worn by heads of the state semicircular in shape studded with jewels and generally made of silver and gold. (4) the sovereign. (5) kingship. (6) honour. (7) the apex of anything, as a pillar house, head, tree, arch, gate etc. (8) visible part of the tooth as that of an elephant. (9) a metal cap of a bottle (as of a Coca-Cola bottle.) (10) major ornament. (11) a coin, a 5 s. piece. (12) size of a sheet of paper (15×20 ins.) and in U. S. A. (15×19 ins.) (१) किरीट; मुकुट, ताज; एक प्रकार का शिरोभूषण; सम्राट। (२) एक प्रकार का शिरोभूषण जिसे राजा, महाराजा और सम्राट् पहिनते हैं। (३) एक प्रसिद्ध शिरोभूषण जो अर्धचन्द्राकार या अर्धवृत्त जैसा होता है और जिसमें रत्न और माणिक मोती आदि जड़े होते है प्रायः कर सुवर्ण और चांदी का होता है जिसे प्राचीन काल में राजा आदि धारण करते थे। (४) सम्पूर्ण प्रभुत्व संम्पन्न सम्राट्। (५) राजपद, राजत्व। (६) सम्मान। (७) खम्बे; गृह, सिर, वृत्त, या महराब, तारण आदि का शिखर या चोटी शिखर; नोक। (८) बाहर की ओर निकला हुआ दांत जैसे हाथी आदि का। (९) बोतलों का ढक्कन (जैसे कोका कोला आदि की बोतल का)। (१०) मुख्याभूषण। (११) पांच शिलिंग का सिक्का। (१२) कागज की लम्बाई चौड़ाई की माप (१५×२० इंच) परन्तु अमरीका में (१५×१६ इंच) होती है।
v. t. 1. to invest with a crown. to cap. 2. to authorise with royal honour and dignity. 3. to fill with beaded bubbles of wine etc. 4. to convert into a crown in the game of draughts by placing one draught upon another. 5. to end happily. 6. to dress or adorn. 7. to dignify. १. राज्याभिषेक करना; मुकुट पहिनना; पारितोषिक। टोपी पहनना। २. राज्य के सम्मान और गरिमा के विभूषित करना, राज्य सम्मान देना ३. शराब उंडेलते समय पात्र में बुदबुदे। ४. जमा होना। ५. ड्राट के एक प्रकार के खेल में एक ड्राट के ऊपर ड्राट रख कर सावरन बनाना। ६. सुखान्त होना। ७. विभूषित करना अथवा पोशाक पहिनना। गरिमायुक्त करना।

crown-agent क्राउन एजॅट *n.* स्काटलैण्ड का सॉलीसीटर जो राज्य की ओर से अपराधियों की दण्ड के बारे में पैरवी करता है।

crown-antler काउन ॲण्टलर *n.* the uppermost part of a stag's horn. हरिण के सींग का सब से ऊपरी भाग।

crown-bark क्राउन बार्क *n.* a kind of bark known as cinchona bark. सिकोना नामक छाल।

crown-colony क्राउन कॉलोनी *n.* अंग्रेजी संविधान के अनुसार किसी साम्राज्य का सीधे रूप में सम्राट् अधीन होना।

crowned क्राउंड *adj.* invested with a crown राजमुकुट धारण किये हुए।

crowned-head क्राउंड हॅड *n.* a monarch. सम्राट्।

crowner क्राउनर *n.* corner Shakspearean usage. राज्य प्रतिनिधि शेक्सपीयर का प्रयोग।

crownet क्राउनॅट *n.* राज्य प्रतिनिधि; सरकारी वकील।

crown-gall क्राउन गॉल *n.* पौधों वनस्पति आदि का एक प्रकार का रोग जिसमें छाल पर गांठे सी हो जाती हैं।

crown-glass क्राउन ग्लास *n.* एक प्रकार के वृत्ताकार खिड़कियों के शीशे।

crown-graft क्राउन ग्राफट *n.* insertion of offshoot plant between the outer layer of a tree and the inner wood. वृक्ष की छाल हटा कर लगाई गई पौध।

crown-green क्राउन ग्रीन *n.* bowling-green colour with a crown. एक प्रकार का हरा रंग

crown-head क्राउन हॅड *n.* the game of draughts. एक प्रकार का खेल।

crown-imperial क्राउन इम्पीरियल *n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा।

crowning क्राउनिंग *n.* the investing of a crown or authority. राज्याभिषेक अथवा राज्यपद से विभूषित।

crown-jewel क्राउन ज्युॲल *n.* a jewel of the crown, as is *Kohnoor* in the crown of the British kings. किरीट का हीरा जैसे ब्रिटिश राजमुकुट में कोहनूर नाम का हीरा जड़ा है।

crown-land क्राउन-लॅण्ड *n.* unclaimed land under a sovereign on belonging to the crown. सम्राट की भूमि यानी भूमि का वह भाग जिसका कोई स्वामी न हो; मालसी जमीन।

crown-lawyer क्राउन-लाइयर *n.* the lawyer who acts for the sovereign in criminal cases. अपराध के मामलों में कार्य करने वाला सरकारी वकील।

crownless क्राउनलॅस *adj.* मुकुटहीन; किरीटरहित।

crownlet क्राउनलॅट *n.* एक प्रकार का छोटा मुकुट

crown-living क्राउन-लिविङ्ग जो गिरजाघर में रहता हो और सरकारी पैसे पर पलता हो।

crown-piece क्राउन-पीस *n.* a coin of 5 (five shillings.) पांच शिलिङ्ग का सिक्का; क्राउन (चार क्राउन का एक पौण्ड)।

crown-post क्राउन-पोस्ट *n.* a king-post. प्रहरी का वह निश्चित स्थान जो राज की ओर से नियुक्त हो।

crown-prince क्राउन-प्रिन्स *n.* the heir apparent to the crown. युवराज; राजा का वह सबसे ज्येष्ठ पुत्र जो राज्य का उत्तराधिकारी हो।

crown-saw क्राउन-सॉ *n.* एक प्रकार का गोल वृत्ताकार आरा जिसमें चारों ओर तेज दांते लगे होते हैं।

crown-wheel क्राउन-व्हील *n.* किरीटाकार पहिया

crown-witness क्राउन-विटनॅस *n.* a government witness in criminal and other cases. दण्डिक (आपराधिक) और दूसरे मामलों में सरकारी साक्षी।

crown-work क्राउन-वर्क *n.* एक प्रकार का परकोट और चिनाई का काम।

crow-quill क्रो-क्विल *n.* एक प्रकार की परदार लेखनी (कलम) जो लिखने और चित्रण के काम आता है।

crow's-bill क्रोज-बिल *n.* (also *crow-bill*) a kind of forceps for extracting bullet etc. from the wound. एक प्रकार की चिमटी जो घाव आदि में से गोली निकालने के काम आती है।

crow's-foot क्रोज-फुट *n.* आंखों के कोनों में से कनपटी के चारों ओर फैलने वाली झुर्रियां जो वधिक्य के कारण उत्पन्न होती हैं।

crow-shrike क्रो-श्राइक *n.* piping crow; a kind of Australian bird. एक प्रकार का आस्ट्रेलियन पक्षी।

crow's-nest क्रोज-नॅस्ट *n.* a raised box on the ship and torpedo etc, for keeping an eye on the enemy ships. जलपोत और तारपीडो आदि के ऊपरी भाग में एक छोटा सा कक्ष जिसमें से शत्रु के जहाजों और दूसरी सामरिक स्थिति का पता लगता है।

crow-steps क्रो-स्टॅप्स *n.* एक प्रकार का वास्तुकला का नमूना।

crow-toe क्रो-टो *n.* crowfoot. कौवे का पंजा अथवा एक प्रकार का फूल।

croze क्रोज *n.* एक बड़े पौधे में छिद्रदार नली जिसमें टोंटी आदि फंसाई जाती है।

crucial क्रूशियल *adj.* crosswise; of the type of a finger-post on the cross-road. आरपार; सड़कों आदि पर लगे संकेत बोर्ड

crucian क्रूशियन *n.* a kind of German raven. एक प्रकार का कौवा जो जर्मनी में पाया जाता है।

crucible क्रूसीबल *n.* a kind of pot made of hard earth for melting iron and other ore metals. एक प्रकार का मिट्टी का भारी पात्र (बर्तन) जिसमें लोहा और दूसरी धातुएं पिघलाई जाती हैं; लोहा।

crucifer क्रूसीफर *n.* a member of the cruciferae organisation and does the work of a cross bearer in the procession. क्रूसीफरी संघ का सदस्य जिसका मुख्य कार्य जुलूस आदि में क्रास को अपने हाथ में लेकर चलने का होता है।
n. pl. Cruciferae; a kind of cross-shaped flower. क्रूसीफरी संघ; एक प्रकार का क्रास की शकल का पुष्प।

cruciferous क्रूसीफरस *adj.* of the cruciferae. क्रूसीफरी संघ सम्बन्धी।

crucifix क्रूसीफिक्स *n.* a picture or figure of the Christ showing क्रास पर कीलों द्वारा

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

लगाई गई प्रभु ईसा की मूर्ति या चित्र।

cruciform *क्रूसी फॉर्म adj.* of the shape and form of a cross. क्रास की सूरत शक्ल का, स्वस्तिकाकार; क्रूसीफॉर्म।

crucify *क्रूसीफाई v. t.* (1) to punish. (2) to torment. (3) to bind behind a cart and draw (as a military punishment) (4) to subdue in full, (5) to put to death by nailing on the cross. (6) to mortify. (१) दण्ड देना; (२) सताना; यातना पहुँचाना; पीड़ा देना; (३) (जैसा सैनिक दण्डों में होता है) गाड़ी के पीछे बांध कर खींचना; (४) पूर्ण रूप से आत्मार्पित करना; (५) क्रास पर कीलों पर ठोक कर मृत्यु दण्ड देना; (६) वध करना; मारना।

cruck *क्रक n.* a semicircular timber supporting a roof or a roughbuilding एक कमानाकार लकड़ी का टुकड़ा जिस पर छत टिकी हुई हो।

crud *क्रड n.* an old spelling of curd; now no more in use. अंग्रेजी के कर्ड शब्द का प्राचीन शब्द विन्यास; दही।

cruddle *क्रडल v. i.* curdle; to thicken रही घुमाना, चलना; चक्कर देना; नवनीत बनाना, गाढ़ा करना।

cruddy *क्रडी adv.* Spenser usage–curdy. स्पैंसर का प्रयोग–दही जैसा।

crude *क्रूड adj.* raw; unrefined; unprepared; not hewn and shaped; unfinished; inartistic; in natural state; immature; unripe; blunt; action; speech; manner etc; कच्चा; रुक्ष; बिना साफ किया हुआ; जो तैयार न हो; गढ़ कर और तराश कर ठीक न किया हुआ (जैसे पत्थर आदि;) अपूर्ण; अधूरा; अकलात्मक प्राकृतिक दशा में; अपक; कच्चा; अपक्व, अपरिपुष्ट; अदृढ़; कार्य का वार्ता (बातचीत) का और ढंग का उजबक या लट्ठ; उजड्डपन; असभ्य।

crudely *क्रूडली adv.* in a crude manner. देहाती; असभ्य या मूर्ख रूप से; बेढंगे; भद्दे रूप से।

crudeness *क्रूडनेस n.* अपक्वता; अपरिपुष्टता वह स्थिति जब अदृढ़ता अत्याधिक हो।

crudity *क्रूडिटी n.* जो कच्चा या असभ्य हो।

crudy *क्रूडी adj.* Shakespeare's usage–crude and raw. शेक्सपीयर का प्रयोग–अधूरा; अपक्व, कच्चा और अपूर्ण।

crue *क्रू n.* (Milton) crew मिल्टन कवि का क्रियु शब्द का वर्ण विन्यास।

cruel *क्रूइल adj.* savage; severe; merciless; delighting in other's pain; not careful of others pain, void of sympathy or pity; painful. निष्ठुर; क्रूर; तीव्र तीक्ष्ण; उग्र, कठोर; दयाहीन; निर्दय; नृशंस; बेरहम; संगदिल; कठोर हृदय; शूलदायक; दुखदायक।

cruel-hearted *क्रूअलहार्टेड adj.* hard-hearted; delighting in other's pain. तंगदिल संगदिल; जो दूसरों के दुख: में सुखानुभव करता हो: निष्ठुर।

cruelly *क्रूअली adv.* in a cruel manner. कठोरता से; क्रूरता से; उग्रता से; निर्दयता से।

cruelty *क्रूअल्टी n.* (also *cruelness*) hard heartiness towards others; mercilessness of action. दूसरों के प्रति निष्ठुरता का प्रदर्शन; बेरहमी; क्रूरता; कठोरता।

free spoken -स्पोकन *adj.* स्पष्ट कहने वाला; मुंह फट।

free stone -स्टोन *n.* मजबूत बना हुआ मकान।

free swimming स्विमिङ्ग *adj.* स्वच्छन्द; बिना लगाव वाला।

free thinker -थिंकर *n.* धार्मिक रूढ़ियों की परवाह न करने वाला।

free thought -थॉट *n.* ज्ञान।

free tongued -टङ्ड *adj.* स्पष्टवादी।

free trade -ट्रेड *n.* मुक्त व्यापार; बिना संरक्षण के व्यावसायिक सामग्रियों का स्वच्छन्द विनिमय।

free trader -ट्रेडर *n.* स्वच्छन्द व्यापार का समर्थक; महसूल लगने वाले माल को चोरी से बाहर भेजने वाला।

free verser -वर्सर *n.* तुकबन्दी करने वाला।

free wheel -व्हील *n.* साइकिल के पिछले पहिए में लगा एक छोटा यन्त्र जिसके द्वारा ढालान पर साइकल चलाने पर पैडल न चलाने पर भी पहिए के साथ साथ चलता है।

free will -विल *n.* विचार स्वातन्त्र्य।

freezable -जेबल *adj.* that can be freezed. बरफ की तरह जमाने योग्य।

freeze फ्रीज़ *v. t. & v. i.* to become ice or cold; to cause to shiver; to harden into ice. जम जाना; बर्फ हो जाना; कंपकंपाना जैसे भय से या ठण्ड से; जमाकर बर्फ बनना। *n.* a frost. पाला।
to freezeone's blood : डराना।
to freeze out : समाजच्युत करना।

freeze drying -ड्राइंग *n.* हवा में रखकर सुखाना

freezer फ्रीज़र *n.* जमने वाला पदार्थ।

freezing mixture -मिक्सचर *n.* नमक और बर्फ के चूरे का मिश्रण जिससे बरफ जमाई जाती है।

freezing-point -पॉइन्ट *n.* हिमांक; वह तापमान जिस पर पानी जमना आरम्भ होता है।

freight फ्रेट *n.* a cargo of a ship; the charge of transporting of goods through land or water. जलपोत का माल या बोझ; पानी के या स्थल के रास्ते माल एक जगह से दूसरी जगह लेजाने का भाड़ा; *v. i.* to load a ship. जलपोत में माल लादना।

freightage -एज *n.* लदौनी; भाड़ा।

freight-car -कार माल गाड़ी।

freight-shed -शॅड *n.* माल गोदाम।

freit, freet फ्रीट *n.* an omen. शकुन।

freity -ई *adj.* superstitious. वहमी।

frem, fremd फ्रम *adj.* foreign. विदेशी; अजनबी।

fremescence -सेन्स *n.* a growl; a muttering. बड़बड़ाहट; फुसफुसाहट।

fremescent -सेन्ट *adj.* बड़बड़ाने वाला; फुसफुसाने वाला।

fremitus -ईटस *n.* a vibration as of chest. धड़कन जैसी छाती की।

French फ्रॅन्च *adj.* belonging to France. फ्रांस सम्बन्धी; फ्रांस का; *n.* the people and language of Franch. फ्रांस देश के लोग और वहां की भाषा।
to take French leave : बिना सूचना दिए चले जाना।

French-berry -बॅरी *n.* एक प्रकार का पीले रंग बनाने में काम आने वाला फल।

French-chalk -चॉट *n.* सेलखड़ी।

Frenchery -री *n.* फ्रांस के रिवाज तथा फैशन।

Frenchification -ईफिकेशन *n.* फ्रांसीसी लोगों

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

नकल ।

Frenchify -ईफाई *v. t.* फ्रांसीसी की तरह बनना तथा उन की आदतों को अपनाना ।

French man फ्रान्चमैन *n.* फ्रांस देश का निवासी ।

French pitch -पिच *n.* गान विद्या में लय की तीव्रता ।

French polish -पॉलिश *n.* एक प्रकार लकड़ी के सामान की पौलिश ।

French pox -पॉक्स *n.* आतशक; सूजाक ।

French roof-रूफ *n.* एक प्रकार की मोटी तहवाली छत ।

French sash -सैश *n.* दरवाजे के आकार की खिड़की ।

French woman -वोमन *n.* फ्रांस देश की रहने वाली ।

frenetic फ्रनेटिक *adj.* (also *phrenetic*) delirious. वाय में बोलने वाला; अतिक्षुब्ध ।

frenne फ्रन *n.* a stranger.दूसरे देश का; अजनबी ।

frenum फ्रनम *n.* (also *fraenum*) किसी अंग को हिलाने में रुकावट डालने वाली सूजन ।

frengieal फ्रन्जीकल *adj.* (also *frengial*) excited. उन्मादपूर्ण; पागलपन ।

frenzy फ्रन्जी *n.* delirium; mania. उन्माद पागलपन ।

frequence फ्रीक्वेंस *n.* (also *frquency*) repeated occurance of anything. किसी घटना का बारबार संघटन ।

frequent -न्ट *adj.* occuring often; addicted. *v. t.* to visit often; to associate with. बारबार संघटित होने वाली; बुरी आदत डालने वाली; बारबार जाना; साथ करना ।

frequentation -न्टेशन *n.* बारबार भेंट करने का अभ्यास या आदत ।

frequentative -न्टेटिव *adj.* व्याकरण में यङन्त रूप ।

frequenter -न्टर *n.* बहुधा भेंट करने वाला ।

frequently -न्टली *adv.* बहुधा बारम्बार ।

frescade फ्रेस्केड *n.* a cool walk. ठन्ड में चलना ।

freco-को *n.* a mode of painting on walks दीवार पर रंगों पर बनाया हुआ चित्र ।

fresh फ्रश *adj.* healthy; new; additional different; raw; in experienced; pure; bright. दीवार पर रंगों से बनाया हुआ चित्र; स्वस्थ; नया; सद्यः; प्राप्त; अतिरिक्त भिन्न; कच्चा; अनुभव हीन; स्वच्छ; चमकीला; अभिनव; ताजा ।

to break fresh ground : नया कार्य आरम्भ करना ।

fresh blown फ्रश ब्लोन *adj.* हाल ही में उत्पन्न जैसे फूल ।

freshen फ्रेशन *v. t.* to make fresh; to remove saltness from. ताजा करना; खारीपन हटाना; *v. i.* to grow fresh. हरा हो जाना; ताजा होना ।

freshener -नर *n.* (also fresher) नवीन व्यक्ति; पहली कक्षा का विद्यार्थी ।

fresherdom -रडम *n.* नवीन व्यक्तित्व; अल्हड़पन

freshet -शएट *n.* बहिया ताजे पानी का झरना; बाढ़ ।

freshish फ्रेशिश *adj.* बाढ़ से सम्बन्धित ।

freshly फ्रशली *adv.* नवीनता से; नई विधि से ।

fresh man -मैन *n.* विश्वविद्यालय का प्रथम वर्ष का विद्यार्थी; अल्पज्ञान वाला व्यक्ति ।

freshness -नेस *n.* नवीनता; ताजापन ।

fresh new -न्यू *adj.* बिलकुल नई; नवीन ।

fresh run -रन *adj.* समुद्र से ताजी निकाली हुई जैसे मछली ।

fresh water -वाटर *adj.* मीठे पानी का अनुभव हीन; अल्पज्ञानी ।

freshwater college -कॉलिज *n.* एक छोटा महाविद्यालय ।

fret फ्रेट *v. t. & v. i.* to worry; to be in a state of anxiety or sadness; to be discontented, to be difficult to please; to decorate with a net like pattern. दिक करना; चिड़चिड़ा होना; उद्विग्न करना; उत्तेजित करना; नक्काशी के काम से सजाना । *n.* agitation on the surface of the water; irritation; the worn side of a river; the stays in the stringed instruments; a piece; a interlaced ornamental work. उबाल; उद्वेग; व्यथा; चिड़चिड़ापन; अरार; सितार इत्यादि के परदे; जालीदार नक्काशी ।

to fret and fume : क्रोध के कारण अधीरता दिखाना ।

fretful फ्रेटफुल *adj.* चिड़चिड़ा; शीघ्र कुपित होने वाला ।

fret fully -फुली *adj.* चिड़चिड़े पन से ।

fretfulness -नेस चिड़चिड़ापन ।

fret saw -सॉ *n.* जालीदार नक्काशी बनाने की पतली दांतेदार आरी ।

frette फ्रेटि *n.* बन्दूक के हत्थे की तरफ मजबूती के लिए चढ़ा हुआ छल्ला ।

fretted फ्रेटेट *adj.* (also fretty) जालीदार काम किया हुआ ।

fretwork -वर्क *n.* जालीदार काम ।

freudian फ्रॉडियन *adj.* श्री सिगमन फ्रॉयड के सिद्धान्त को मानने वाला जिसमें स्वप्नों के महत्व बताया गया है ।

friable फ्राइएबल *adj.* easily crumbed or pulverised. आसानी से बुकनी या चूर्ण होना

friableness -नेस *n.* (also friability)बुकनीपन ।

friar फ्राइअर *n.* a monk. सन्यासी, विशेषतः ईसाई मत का ।

friar-bird -बर्ड *n.* एक प्रकार का आस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला बिना बालों के सिरवाला पक्षी ।

friarly -ली *adj.* सन्यासी के समान ।

friar's-cap सैकेप *n.* कुचला ।

friary -ई ईसाईयों का मठ ।

fribble फ्रिबल *v. i.* to triffle. हंसी उड़ाना ; *adj.* a triffling. तुच्छ ।

fribbledom -डम (also fribbleism) तुच्छता

fribbler -र *n.* हंसी उड़ाने वाला ।

fribblish -इश *adj.* तुच्छ ।

fricandeau फ्रीकॅनडू *n.* बछड़े के मांस का टुकड़ा

fricassee फ्रिकसी *n.* a dish of foul. मुर्गी का शोरुआ; *v. t.* to dress as a fricassee. शोरुआ बनाना ।

fricative फ्रिकेटिव *adj.* produced by friction. रगड़ से उत्पन्त; संघर्ष से उत्पन्न ।

friction फ्रिक्शन *n.* the rubbing of one against another; difference of opinion; disagreement; difficulty.दो वस्तुओं की आपस की रगड़; संघर्षण; मतभेद; मनमुटाव कठिनता ।

friction wheel : रगड़ कम करने के लिए पहिये ।

friction gearing : एक दांत दार चक्र को दूसरे चक्र के संसर्ग में रखकर गति पहुंचाना ।

frictional -ल संघर्ष सम्बन्धी; संघर्ष से सन्चालित; संघर्ष से उत्पन्न ।

frictionless फ्रिक्शनलेस *adj.* संघर्ष हीन ।

Friday फ्राइडे *n.* the day before Saturday शुक्रवार ।

Good Friday : ईसा के सूली पर चढ़ाए जाने के उपलक्ष में बनाया जाने वाला शुक्रवार ।

Black Friday : वह शुक्रवार जिस दिन कोई अनर्थ अथवा दुःखद घटना हुई हो ।

fridge फ्रिज *v. t.* to rub. रगड़ना ।

fried फ्राइड *adj.* cooked in oil or fat; *pre. & p. t.* of fry. घी या तेल में भुना हुआ

friend फ्रन्ड *n.* one who is attached to another by affection; one who loves his society, one of the same nation; one who looks with favour. मित्र; सहायक; संरक्षक; जान पहचान; पक्षपात करने वाला; एक ही जाति अथवा राष्ट्र का व्यक्ति; कृपा करने वाला व्यक्ति ।

v. t. to be friend; to aid. साथी बनाना; कृपा करना; मदद करना ।

friendly lead सहायतार्थ किया गया तमाशा ।

friendly society पूर्वपायी कोष से सहायता करने वाली संस्था ।

to be friends with मित्रता रखना ।

to have a friend at court ऐसा मित्र रखना जो उच्च अधिकारी हो और जिसके प्रभाव से कोई काम बने ।

society of friends ईसाई मत का एक पन्थ ।

friendly dispute प्रीति-कलह ।

on friendly terms मित्र भाव से ।

friendly powers मित्रराष्ट्र ।

friended फ्रन्डेड *adj.* अनेक मित्र वाला ।

friending फ्रन्डिङ्ग *n.* मित्रता; दोस्ती ।

friendless फ्रेन्डलेस *n.* मित्र हीन, निसहाय ।

friendlessness -नेस *n.* मित्रहीनता; निसहायता

friendlily -लीली *adv.* मित्रता के भाव से ।

friendliness -लीनेस *n.* मित्रत्व ।

friendly -ली *adj.* दयालु, कल्याण कारी; मित्रवत

friendship -शिप दोस्ती; मित्रता ।

frier फ्रायर *n.* friar. सन्यासी ।

Friesian फ्रीजियन *n.* a native of Friesland. फ्रीजलैण्ड का निवासी ।

adj. of a heavy breed. मजबूत नस्ल का विशेषत गाय बैल ।

frieze फ्रीज *n.* a course wollen cloth; decorated part between the cornice and architrave. मोटा ऊनी रुएंदार कपड़ा; छत के नीचे दीवारों पर बेल बूटे का काम; कार्निस के नीचे दीवार का सजावटी भाग ।

friezed फ्रीज्ड *adj.* रुंएदार ।

frig फ्रिग *n.*abbreviated form of refrigerater. ठन्डा करने का यन्त्र रेफ्रीजेरेटर का सूक्ष्मरूप

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

frigate फ्रिगेट *n.* a warship; a cruiser. युद्धपोत; लड़ाई का जलपोत।

frigate-bird फ्रिगेटबर्ड *n.* समुद्र पर उड़ने वाली चील।

frigatoon -फ्रिगेटून *n.* एक प्रकार का छोटा जल पोत जिसके दो मस्तूल होते है और जिस में २८ से ६० तक तोपें लगी होती हैं।

fright -फ्राइट *n.* a sudden fear; terror; a rediculous appearance causing terror; alarm. आकस्मिक भय; डराने वाली सूरत; खतरा; शंका।

frighten -टन *vt.* to fill with terror; to alarm. डराना भयातुर करना; शंकित करना।

frightening -निङ्ग *adj.* भयत्रस्त; डरा हुआ।

frighteningly -निङ्गली *adv.* भय से।

frightful -फुल *adj.* डरा हुआ; भयत्रस्त, व्याकुल

frightfully -फुली *adv.* भयानक।

frightfulness -फुलनॅस *n.* भयानकता।

frightless -लेस *adj.* निर्भीक।

frightsome -सम *adj.* डरा हुआ; भयानक।

frigid -फ्रिजिड *adj.* cold; wanting heat; wanting affection. ठन्डा; शीत; निरूत्साह; उदासीन।

frigidity -डिटी *n.* शीतलता; ठण्डापन; उदासीनता।

frigidly -डलीadv. शीतलता से।

frigid zones -जोन्स *n.* ध्रुव के निकट का शीतल भूभाग।

frigorific फ्रिगोरिफिक *adj.* causing cold. ठण्डक पहुँचाने वाला।

frigorifico -फ्रिको *n.* an establishment for slaughtering and meat preservation. काट कर मांस बनाने तथा उस को सुरक्षित रखने का कारखाना।

frigot फ्रिगेट *n.* a small warship. एक छोटा युद्ध पोत।

frill फ्रिल *v.t.* to ruffle. *vt.* to adorn with ruffle. *n.* a ruffle. कंप कंपाना; डुलाना। चूनन या हाशिया लगाना। झालर; मगजी।

frilled-lizard -लिज़र्ड *n.* एक प्रकार की आस्ट्रेलिया में पाई जाने वाली छिपकली जिसकी गरदन पर खाल झालर जैसी होती है।

frilling -लिङ्ग *n.* झालर लगाना।

frilly फ्रिल्ली *adv.* झालर लगे रूप में; कंपाते हुए रूप में।

Frimaire फ्रीमार *n.* the third month of French. Revolutionary Calendar; Nov. 21 to December 20. फ्रांस की क्रांति की जन्त्री का तीसरा माह जो २१ नवम्बर से २० दिसम्बर तक होता है।

fringe फ्रिंज *n.* a border; loose threads forming a border; edging. *v. t.* to adorn with fringe. किनारा; झालर; आंचल; झालर लगाना।

fringed फ्रिंजड *adj.* (also fringy) झालरदार

fringeless -लेस *adj.* बिना झालर का।

fripper फ्रिपर *n.* (fripperer) an old clothes dealer. पुराने कपड़ों का व्योपारी।

frippery -री *n.* old clothes, waste matter useless things; an old clothes shop. पुराने फटे हुए कपड़े; बेकार वस्तु, निःप्रयोजन पदार्थ; पुराने कपड़ों की दुकान।

frisette फ्रिजेट) *n.* artificial curls. काकुल गेसू; ललाट पर बालों के कृत्रिम गुच्छे।

frisk फ्रिस्क *v. t.* to gambol; to keep; playfully. *n.* a gambol. नाचना; कूदना; उछलना; नाच।

frisker -र *n.* नाचने वाला व्यक्ति

frisket -ट *n.* छापने से पहले मशीन पर कागज रखने का स्थान।

friskful -फुल *adj.* (also frisky) प्रफुल्ल।

friskly फ्रिस्कीली *adv.* आनन्द से।

friskiness नेस *n.* प्रफुल्लता।

frist फ्रिस्ट *n.* delay; rest. *v. t.* to postpone. विलम्ब; विश्राम; टालना; कुछ समय के लिये टाल देना।

frit फ्रिट *n.* (1) the matter of which glass is made after it has been baked in a furnace. (2) a fly destructive to wheat (१) बालू चकमक पत्थर इत्यादि जिनको पकाकर शीशा बनाया जाता है। (२) गेहूं का कीड़ा।

frith, firth फ्रिथ फर्थ *n.* (1) a narrow inlet of the sea. (2) peace; sanctuary. (3) a wooded country. (१) समुद्र की पतली खाड़ी; शान्त; पूजागृह; (३) अधिक जङ्गलों वाला देश।

frith gild -गिल्ड *n.* पड़ौसी राष्ट्रों की संस्था जो शान्ति बनाए रखने के लिए बनाई जाती है।

frith soken -सोकन *n.* पूजागृह।

frith stool -स्टूल *n.* गिर्जे में पूजा स्थान के पास रखने की कुर्सी।

frisson फ्रिसन *n.* (fr.) a shudder; a shiver कंपकपाहट।

fritillary फ्रिटिलरी *n.* a genus of lily कुमुदनी के पौधों की एक श्रेणी।

fritter फ्रिटर *n.* a fragment; a slice of apple or other fruit cooked by frying in milk, egg and flour *v. t.* to waste; to break into fragments. फांक; टिकिया, सेब या किसी अन्य फल की टिकिया जिसे दूध, आटे और अण्डे से तय्यार किया गया हो नष्ट करना; छोटेछोटे टुकड़े करना।

fritterer -रर *n.* समय व्यर्थ नष्ट करने वाला व्यक्ति

friture फ्रिचर *n.* (fr.) a dish of dried fruit. मेवे से भरी हुई तश्तरी।

frivol फ्रिवल *v. t.* to trifle. क्रीड़ा करना; नष्ट करना।

frivolity फ्रिवॉलिटी *n.* foolish thoughts; a foolish action. मूर्खतापूर्ण विचार; मूर्खता का कार्य्य निरर्थक व्यापार।

frivolous फ्रिवलस *adj.* तुच्छ; ओछा; अनर्थक

frivolously -ली *adv.* ओछे पन से।

frivolousness -नेस *n.* ओछापन; चपलता।

frizz, friz फ्रिज *v. t.* to curl; to make tangled or rough. लच्छे बनाना; फंसाना अथवा रुखड़ा करना।

frizzed फ्रिज्ड *n.* a curl. लच्छे।

frizzle फ्रिजल *adj.* लच्छेदार *v. t.* to make into curls *v. i.* to grow into curls. घुँघराला बनाना। धुंघराला बनाना।

fro फ्रो *adv.* from; back; backward. से; पीछे; पीछे की ओर।

frock फ्रॉक *n.* a woman's dress or gown, a long robe worn by monks; a loose garment worn by workmen. महिलाओं के पहनने का ढीला वस्त्र; साधा ईसाई साधुओं के पहनने का नीचा चोगा; कर्मचारियों के काम करने के समय पहनने का कपड़ा।

v. t. to provide with frock. साधा पहनना; फ्राक पहनना।

frock-coat -फोट *n.* प्रातःकाल के समय पहनने का लम्बा कोट।

frocked फ्रॉक्ड *adj.* साधा पहने हुए।

frocking फ्रॉकिङ्ग *n.* साधा पहनने के उपयुक्त कपड़ा

frockless फ्रॉकलस *adj.* बिना साधे के।

frog फ्रॉग *n.* a small tailless animal able to live both on earth and water; a swelling in throat; band of horn on the underside of a horse's hoof; a railway track where one rail crosses another; an ornamental fastening on a coat; the attachment in a belt for supporting sword. मेंढक; गले की सूजन; घोड़े के खुर के बीच का मुलायम भाग; रेल की पटरियों का वह भाग जहां एक पटरी दूसरी पटरी से मिलती है; कोट में लगाने के आभूषित बटन; तलवार लटकाने की पेटी का खलीता।

a frog in one's throat : गला बैठ जाना।

frog-bit -बिट *n.* पुष्प वाला कीचड़ में आने वाला पौधा।

frog-eater -ईटर *n.* मेंढक खाने वाला।

frog-fish -फिश *n.* एक प्रकार की छोटी मछली।

frogged फ्रॉग्ड *adj.* सुन्दर बटनों से सुसज्जित।

froggery फ्रॉगरी *n.* मेंढक पालने का तालाब।

froggy फ्रॉगी *n.* मेंढक; फ्रांस में घृणा से लिया जाने वाला नाम।

froggy-hopper -हॉपर *n.* गौवरैला।

frogling फ्रॉगलिंग *n.* एक छोटा मेंढक।

frogman -मॅन *n.* गोताखोर जिसके पैरों पर तैरने के आकरण लगे होते हैं।

frog (s) march (ज़)-मार्च *n.* शराबी बन्दी को डण्डा डोली करके ले जाना।

froise फ्रॉज *n.* (also spelled fraise) cake; with slices of bacon. मांस मिश्रित बड़ा केक।

frolic फ्रॉलिक *n.* gaiety a merry making. प्रसन्नता; आनन्द, उल्लास; क्रीड़ा।

adj. merry; franky. प्रसन्न चित्त; खिलाड़ी।

v. t. to play merry tricks. क्रीड़ा करना, कल्लोल करना।

frolicsome फ्रॉलिकसम *adj* प्रहृष्ट; खेलवाड़ी।

frolicsomely -समली *adv.* खेलवाड़ से क्रीड़ा से

frolicsomeness -नेस *n.* प्रहृष्टता; खेलवाड़; क्रीड़ा; कल्लोल।

from फ्रॉम *prep.* out of; away; at a distance; by reason of. से; दूर; दूरस्थ; कारण

from day to day : प्रतिदिन।

from hence : अब से।

from within : अन्तःकरण से।

painted from nature : प्राकृतिक पदार्थ को देखकर खींचा हुआ चित्र।

frond फ्रॉण्ड *n.* a leaf-like part of a palm tree. ताड़ के पेड़ में पत्तियों के आकार का एक अङ्ग।

frondage फ्रॉण्डेज *n.* पत्तियों के आकार के पौधों में अङ्ग।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

fronded फ्रान्डेड *adj.* उपरोक्त अङ्गों से सम्बन्धित
frondent -डेन्ट *adj.* पत्तियों वाला।
frondescence -सेन्स *n.* पत्तियों का बढ़ना या उगना।
frondescent -सेन्ट *adj.* पत्तियों के समान।
frondiferous -फरस *adj.* पत्तियों के समान अंगों वाला।
frondose -फ्रान्डोज *adj.* पत्तियों के समान।
front फ्रन्ट *n.* the forehead; the face; the fore part of anything; the scene of hostility; the most conspicuous part; boldness; impudence. माथा; मुखड़ा; किसी वस्तु के सामने का भाग रणक्षेत्र; सबसे उन्नत भाग; साहस; धृष्टता। *v.t. & v.i.* to stand opposite; to; to confront. सामने खड़ा होना; प्रतिरोध करना; *adj.* सामने का।
in front of : सामने का।
to go to the front : सेना में सम्मिलित होना
to come to the front : विशिष्ट होना।
frontage फ्रन्टेज *n.* घर का अग्रभाग।
frontal फ्रॅन्टल *adj. & n.* सामने का; ललाट पर पहनने का कोई आभूषण।
front bench -बॅन्च *n.* आगे की पंक्ति पर बैठना।
front beucher -बॅन्चर *n.* आगे की पंक्ति में बैठने वाला जैसे कोई मन्त्री या विरोधी दल का नेता।
front door -डोर *n.* मुख्य द्वार।
fronted फ्रॅन्टेड *aaj.* सामनेदार।
frontier फ्रॅन्टियर *n.* a boundry of a territory. किसी देश की सीमा; सीमान्त।
frontiers man फ्रंटियर्स मॅन *n.* सीमान्त प्रदेश का निवासी।
frontis nulla fides फ्रन्टिशनलाफाइडस *n.* (*L.*) no reliance on face. विश्वास पूर्ण आकृति का न होना।
frontispiece -पीस *n.* a picture or design facing the front page of a book; the principal face of building. पुस्तक के मुख पत्र पर लगाया हुआ चित्र भवन का सामान।
frontless -लेस *adj.* बेशर्म; निर्लज्ज; बेहया।
front lessly -लसली *adv.* निर्लज्जता से।
frontlet -लेट *n.* माथे पर बांधने का फीता।
fronton -न (also frontoon) a triangular structure over window. खिड़की के ऊपर तिकोनी सजावट।
front page -पेज *n.* समाचार पत्र का पहला पृष्ठ।
front rank -रॅन्क *adj.* उच्चपद का।
front ranker -रॅन्कर *n.* उच्च पदाधिकारी।
front word (s) -वर्ड (स) *adv.* सामने की ओर।
front ways -वेज *adv.* (also frontwise) सामने की ओर मुख किए हुए।
frore फ्रोर *adj.* (also froren & frorn) frozen. डन्ड से जमा हुआ।
frory फ्रोरी *adj.* जमा हुआ।
frost फ्रॉस्ट *n.* a state of freezing; frozen vapour; a failure; a cheat. *v.t.* to cover with frost. शीतलता से जमने की अवस्था; पाला; असफलता; ठग; पाले से ढक देना।
frost bite -बाइट *n.* डंड के कारण किसी अंग का बेकार हो जाना।
frost bitter -बिटर *adj.* डण्ड से बाहर किया हुआ।
frost bound -बाउण्ड *adj.* पाले से आच्छादित
frosted फ्रास्टेड *adj.* महीन चूर्ण से ढका हुआ; पाले से ढका हुआ।
frostily -ली *adv.* डण्डेपन से।
frostiness फ्रॉस्टिनेस *n.* (also frosting) ठन्डा पन; पालापन।
frostless फ्रास्टलेस *adj.* तुषार रहित।
frost nail -नेल *n.* घोड़े की एक विशेष प्रकार की नाल जिसमें बर्फ पर चलने के लिये बाहर कील निकली हुई होती है।
frost smoke -स्मोक *n.* धुंए के समान पाला।
frost work -वर्क *n.* पाला पड़ने के बाद खिड़कियों पर बर्फ की पतली परत।
frosty फ्रास्टी *adj.* ठन्डा; पाले दार।
froth फ्राथ *n.* a foam; a chatter. फेन; झाग बकवाद; *v. i.* to throw up froth. झाग उड़ाना; *v. t.* to cause froth on. फफाना।
forth blower -ब्लोअर *n.* जौ की मदिरा पीने वाला।
frothery -री *n.* केवल वृथा बकवास।
froth fly -फ्लाई *n.* (also froth hopper) वह कीटाणु जिनके अन्डे पेड़ों पर दिए जाते हैं।
froth fomy -फोमी *adj.* फेनदार।
frothily फ्रायीली *adv.* फेनिल रूप में।
frothiness -नेस *n.* फेनपन।
frothless फ्राथलेस *adj.* बिना फेन का।
frothy फ्राथी *adj.* सारहीन; खाली; फेन युक्त।
frou-frou फ्राउ-फ्राउ *n.* (*Fr.*) the rustling of silk cloth. रेशमी कपड़े के हिलने पर सरसराहट की आवाज।
froughy फ्राफी *adj.* (also frowy) musty; rancid. सड़ी हुई; गली हुई।
frounce फ्राउन्स *v. t. & v. i.* to curl; to wrinkle; to frown. घुंघरीला बनाना; सलवटें पड़ना; क्रोधित होना।
n. a wrinkle, a curl. सलवट; घुंघरीले बाल।
frow फ्राउ *n.* a Dutch-woman. हालेण्ड देश की स्त्री।
froward फ्रोवर्ड *adj.* perverse; unreasonable. ढीठ; हठी।
frowardly -ली *adv.* हठीले पन से।
frowardness -नॅस *n.* ढीठता; हठीलापन।
frown फ्राउन *v. i.* to contract brow in anger; to drive away with a frown. त्योरी चढ़ाना; भृकुटी सिकोड़ना; त्योरी चढ़ा कर भगा देना।
n. a wrinkling of the brow in displeasure. क्रोध से त्योरी चढ़ाना।
frowning -निङ्ग *adj.* क्रोधित; उदास।
frowningly -निङ्गली *adj.* क्रोध से त्योरी चढ़ाये हुए रूप में।
frowst -स्ट *n.* hot stuffy fustiness. तेज सड़ान।
v. t. to luxuriate in hot stuffiness गर्मी से सड़ाना।
frowster -स्टर *n.* गर्मी से सड़ने वाला।
frowstness -नेस दुर्गन्ध; सड़ान।
frowsty -स्टी *adj.* दुर्गन्धित; सड़ा हुआ।
frowy, froughy -वी फ्राफी *adj.* musty; rancid. सड़ा हुआ; गला हुआ।
frowzy, frowsy फ्राउजी *adj.* illsmelling. दुर्गन्ध का; उग्र गन्ध का; बदबूदार।
frozen फ्रोजन *v. p. t.* of freeze. जमा हुआ।
Fructidor फ्रक्टीडर *n.* the twelfth month in the French revolutionary calendar about Aug. 18 to Sept. 16. फ्रांस की क्रान्ति की सृष्टि में बनाई हुई जन्त्री का बारहवां मास जो १८ अगस्त से १६ सितम्बर तक का होता है।
fructed फ्रक्टिड *adj.* having fruit. फलयुक्त।
fructiferous -फरस *adj.* फलवाला; बीजयुक्त
fructification -फिकेशन *n.* फल उगाने का कार्य या विधि।
fructify -फाई *v. t.* to make fruitful. फलित करना।
v. i. to bear fruits. फलना।
fructuous फ्रिक्टुअस *adj.* सफल; फलों से भरा हुआ।
frugal फ्रूगल *adj.* economical; spare; thrifty. अल्पव्ययी; किफायत; मितव्ययी।
frugality -लिटी *n.* मितव्ययिता।
frugally -ली *adv.* किफायत से।
fruges consumere nati फ्रूजस कन्जूमेयर नटी *adj.* born to consume the fruits of the soil. पृथ्वी पर आनन्द भोगने वाला।
frugiferous फ्रूजिफरस *adj.* fruit bearing. फलित; फलयुक्त।
frugivorous -वरस *adj.* feeding on fruits. फलभक्षक।
fruit फ्रूट *n.* a product of a tree, product; effect; result; profit; produce. फल; उत्पत्ति; प्रभाव; परिणाम; लाभ; उपज।
v. t. to produce fruit. फल उगाना।
fruitage फ्रूटेज *n.* फल समुदाय।
fruitarian फ्रूटेरियन *n.* फलाहारी।
fruit bud -बॅड *n.* वह कली जिससे फल बनता है
fruit cake -केक *n.* लेसदार पदार्थ युक्त टिकिया
fruiterer -रर *n.* (also fruiter) फलों का व्यापारी।
fruitery -री *n.* फलों को रखने का स्थान या दुकान।
fruitful -फुल *adj.* फलदायक; लाभदायक; उर्वर
fruitfully -फुली *adv.* फलदायक रूप में।
fruitfulness -फुलनेस *n.* (also fruiting) उपजाऊपन; परिपूर्णता।
fruition -शन *n. n.* enjoyment; attainment. आनन्द; सुख; स्वाद।
fruitive -टिव *adj.* सुखी; आनन्दमय; स्वादिष्ट।
fruit knife -नाईफ *n.* चादी के फलका फल काटने का चाकू।
fruitless -लेस *adj.* बिना फल का; फलहीन; निष्फल।
fruitlessly -लेसली *adj.* निष्फलता से।
fruity फ्रूटी *adj.* फल के समान; फल जैसे स्वाद का।
frumentaceous फ्रूमन्टेशियस *adj.* resembling wheat or other cereals. गेहूं तथा अनाज से मिलता जुलता।
frumentation -शन *n.* प्राचीन रोम में अकाल से पीदित लोगों में बांटा गया अनाज।
frumentarious -रियस *adj.* अनाज तथा गेहू से सम्बन्धित।
frumenty फ्रूमन्टी *n.* a preparation of hul-

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

led wheat boiled in milk and seasoned. दूध में पका हुआ और सुखाया हुआ गेहू. दलिया ।

frump फ्रम्प *n.* a bad tempered; old fashioned female. एक चिड़चिड़े मिजाज वाली बूढ़ी औरत ।

frumple -ल *v. t.* to wrinkle. झुर्रियां पड़ना ।

frush फ्रश *adj.* easily broken; brittle *n.* noise of objects coming into collision and breaking. तुरन्त टूटने वाली; फोकी आपस में टकरा कर टूट जाने का शब्द ।

frust फ्रस्ट *n.* a fragment. अन्श ; टुकड़ा ।

frustrate फ्रस्ट्रेट *v. t.* to make fruitless; to defeat; to balk. निष्फल करना; परास्त करना ।

frustration -शन *n.* पराजय; नैराश्य ।

frustrative -टिव *adv.* पराजय कारी ।

frustum फ्रस्टेम *n.* the part of a solid left by cutting off the top portion of a plane. किसी ठोस पदार्थ का आधार से समानान्तर काटा हुआ भाग ।

frutescent फ्रूटीसेन्ट *adj.* of the nature of a shrub. झाड़ी के समान ।

frutex फ्रूटेक्स *n.* a shrub. झाड़ी ।

fruticose फ्रूटीकोज *adj.* झाड़ीदार; झाड़ी से सम्बन्धित ।

fry फ्राई *v. t. &v. i.* to cook into butter by roasting in a pan over fire; to simmer; to be agitated in feelings. *n.* that which is fried; state of mental agitation; small fishes; a collections of small things. घी या तेल में भूनना तथा तलना; सनसन करते हुए उबलना; चिढ़ना, अति चिन्तित होना; जलना, । किसी चीज की भुजिया, जलन; छोटी छोटी मछलियां, छोटी वस्तुओं का समूह ।

out of frying-pan into the fire एक आपत्ति से निकल कर दूसरी आपत्ति में पड़ना ।

frying फ्राइङ्ग *n.* तलना; भूनना ।

frying-pan -पॅन *n.* तवा या कढ़ाई ।

fub फॅब *v. t.* to put off. टालना ।

fub off: कपट से या झूठ बोल कर टाल देना ।

fubbery फबरी *n.* a deception. धोखा ।

fubby फबी *adj.* (also fubry) having fat. चरबीयुक्त; चिकनाईयुक्त; चर्बीदार ।

fuchsite फूक्सिट *n.* a brilliant green mica चमकदार हरे रंग की अभरक ।

fucoid फ्यूकॉइड *adj.* like seaweed. समुद्री शैवाल जैसा ।

fucoidal -ल *adj.* रंग किया हुआ; चित्रित ।

fucus फ्यूक्स *n.* (*pl.* fuce) paint of face; cosmetic. सौन्दर्य वर्धक मुख पर लगाने की वस्तुएं ।

fud फड *v.* a rabbit's tail. खरगोश की दुम ।

fuddle फडेल *v. t.* to intoxicate; to confuse *n.* intoxicating drink. मदोन्मत्त करना घबड़ाना । मदिरा; मदोन्मत्त करनेवाला पेय पदार्थ

fuddler फडेलर *n.* शराबी; मद्यपान करने वाला ।

fuddling फडलिङ्ग *adj.* शराब पीना; मद्यपान करना ।

fudge फज *n.* nonsense, humbug. *v. t.* to patch up; to cheat. अनर्थक बात, मूर्खतापूर्ण बात । पैबन्द लगाना; धोखा देना ।

fudgy फजी *adj.* चिड़चिड़ा ।

fuel फ्यूअल *n.* that which is used to feed fire. *v. t.* to feed with fuel. ईंधन, लकड़ी कोयला इत्यादि । ईंधन लगाना ।

fueller फ्यूअलर *n.* ईंधन डालने वाला ।

fuero फ्वारो *n.* a constitution. संविधान ।

fuff फफ *v. t.* to puff. फुलाना ।

fuffy फफी *adj.* फूला हुआ ।

fug फग *n.* a musty smell in a room. कमरे में दुर्गन्ध; गुमस । *v.i.* to sit in a fug. गुमस में बैठना ।

fugacious फ्यूगेशस *adj.* volatile; fleeting; difficult. उड़नशील; पलायनशील भागने वाला; कठिन ।

fugacity फ्यूगेसिटी *n.* (also fugaciousness) पलायनशीलता; कठिनता; उड़नशीलता ।

fugal फ्यूगल *adj.* containing repetitions or immitations of a given theme. दोगाने युक्त किसी लय या वार्तालाप को बनाने से सम्बन्धित ।

fugally फ्यूगली *adv.* (also fugato) दोगाने के रूप में ।

fugie फ्यूजी *n.* a cock that will not fight; a runaway न लड़ने वाला मुर्गा; भगोड़; कायर ।

fugie warrant -वारन्ट *n.* कर्जा न चुकाने पर भागे हुए व्यक्ति को पकड़ने का अधिपत्र ।

fugitation -टेशन *n.* कानून से बचकर भागना ।

fugit hora फ्यूजिट होरा *n.* the hour flies. समय उड़ा जाता है ।

fugitive -टिव *adj.* apt to flee away; violate; not certain. भागने के लिए तत्पर; पलायन पर; उड़नशील; अनियमित; *n.* one who has fled away from his place. अपने स्थान को छोड़कर भागा हुआ व्यक्ति ।

fugitively -टिवली *adv.* उड़नशीलता से ।

fugitiveness -नेस *n.* पलायनशीलता; उड़नशीलता

fugle फ्यूगल *v. t.* to act as a ring leader. बलय नेता बनना ।

fugleman -मॅन *n.* बलय नेता; सेना में सिपाहियों को कवायद सिखाने वाला ।

fughetta फुघेटा *n.* एक छोटा दोगाना ।

fugue फ्यूग *n.* सङ्गीत में दोगाना बनाना ।

fuguist फ्यूगिस्ट *n.* दोगाना बनाने वाला व्यक्ति ।

Fuhrer फ्यूरेर *n.* the title taken by Hitler as dictator of Nazi Germany. हिटलर की नात्सी जर्मनी का एकाधिपति बनने पर घोषित उपाधि ।

fulcrate फलक्रेट *adj.* having fulcrum. आधारयुक्त ।

fulcrum फुलक्रम *n.* the support on which a lever moves. आधार; आश्रय; आलम्ब ।

fulfil फुलफिल *v.t.* to complete; to accomplish. परिपूर्ण करना; सफल करना; समाप्त करना

fulfilment -मॅन्ट *n.* सिद्धि; समाप्ति ।

fulgency फलजेन्सी *n.* brightness; glitter. उज्ज्वलता; चमक ।

fulgent -जेन्ट *adj.* उज्ज्वलता; चमकता हुआ; दीप्तिमान ।

fulgently -जेन्टली *adv.* चमक से ।

fulgid -जिड *adj.* चमकदार; बिजली की तरह चमक वाला ।

fulgor -गर *n.* (also fulgour) splendour. कान्ति; चमक ।

fulgorous -गोरस *adj.* कान्तियुक्त; बिजली के समान ।

fulgural -गुरल *adj.* बिजली की चमक के समान

fulgurant -गुरेन्ट *adj.* बिजली के समान चमक वाला ।

fulgurate फलग्यूरेट *v. t.* to flash as lighting. बिजली के समान चमक उठना ।

fulguration -शन *n.* बिजली के समान चमक ।

fulgurite -राइट *n.* बिजली गिरने पर जो पदार्थ पृथ्वी पर रह जाता है ।

fulgurous -रस *adj.* उपरोक्त पदार्थ से सम्बन्धित

fulham फूलम *n.* (also fullam; fullah) a die loaded at the corner. किनारे पर भरा हुआ सांचा ।

fuliginosity फ्यूलिजिनासिटी *n.* dusk; soot. धुंधलापन; धूएं का काजल ।

fuliginous फ्यूलीजिनस *adj.* धुंधला; काजल की तरह काला ।

fuliginously -ली *adv.* धुंधले रूप में ।

full फुल *adj.* filled up; having on abundant supply; perfect; drunk. भरा हुआ; परिपूर्ण; सम्पूर्ण; पूरा; मद्य पिये हुए; *adv.* completely; to the full extent. पूर्णरूप से; पूरे तौर से; *n.* a complete measure. पूरा परिमाण, *v. t. & v. i.* to make or become ful. इकट्ठा या पूरा होना या करना ।

at full length : लम्बा पड़ा हुआ ।

to the full : पूर्णरूप से ।

in full swing : परकाष्ठा पर ।

in the fullness of time : ठीक समय पर ।

in full cry : पीछे चीखते चिल्लाते दौड़ते हुए ।

full cousin : चाचा या मामा का लड़का या लड़की ।

full of years . वृद्ध अवस्था में ।

full acorned -अकार्न्ड *adj.* ओक के फल खाकर तृप्त ।

fullage फुलेज *n.* कपड़ा कूटने की मुंगरी ।

full aged -एज्ड *adj.* वयस्क, बालिग ।

full back -बॅक *n.* पीछे की पंक्ति में खेलने वाला खिलाड़ी ।

full blast -ब्लास्ट *n.* पूरा कार्य ।

full blood फुल ब्लड *n.* अच्छे खानदान का व्यक्ति ।

full blooded -ब्लडेड *adj.* दोनों मां बाप से सम्बन्धित; सहृदय ।

full blown फुल ब्लोन *adj.* पूर्ण रूप से विकसित

full bodied -बॉडीड *adj.* हृष्ट पुष्ट ।

full bottom फुल-बॉटम *n.* पूरे आधार वाली कलगी ।

full bottomed बॉटम्ड *adj.* कलगी के समान ।

full bound -बाउन्ड *adj.* चारों तरफ तख्ते लगा हुआ ।

full brother -ब्रदर *n.* सगा भाई ।

full charged फुल चार्ज्ड *adj.* पूर्ण रूप से भरा हुआ ।

full circle -सर्कल *n.* एक पूरा चक्कर ।

full cock -कॉक *n.* बन्दूक के घोड़े का पूरा उठा होना ।

full-dress -ड्रेस *n.* राष्ट्र उत्सव के समय का परिधान ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

full-dress debate *n.* एक ऐसा वाद विवाद्य जो जिसका पहले प्रबन्ध किया हो और जिसमें नेतागण भाग लें।
fuller *फुलर n.* a bleecher or cleaner of cloth. कपड़ा साफ करने वाला अथवा धोने वाला रजक; धोबी।
fuller's earth *फुलर्स अर्थ n.* तेल इत्यादि सोखने वाली मिट्टी, रेह।
full eyed *-आइड adj.* बड़ी आंखों वाला।
full fashioned *-फैशन्ड adj.* (also fully fashioned) पोशाक के रंग के मोजे पहने हुए।
full fed *-फैड adj.* हृष्ट पुष्ट।
full fledged *-फ्लेज्ड adj.* पूर्ण सदस्यता पाने वाला।
full fraught *-फ्रॉट adj.* पूर्ण रूप से सुसज्जित।
full grown *-ग्रोन* पूरे कद का।
full hand *हैण्ड n.* (also full house) ताश के खेल में तीन एक प्रकार के पत्ते और एक बादशाह बेगम।
full handed *-हैंडेड adj.* कीमती वस्तु प्राप्त।
full hearted *हॉर्टेड adj.* उमंग से भरा हुआ।
full hot *-हॉट adj.* तेज गर्म किया हुआ।
fulling mill *फुलिंग मिल n.* वह स्थान जहां गर्म कपड़ों को धोया जाता है।
fullish *फुल्लिश adj.* परिपूर्णता की क्षमता रखने वाला।
full length *फुल लेंथ adj.* बहुत लम्बा।
full manned *-मैण्ड adj.* पूरे कर्मचारियों से युक्त
full moon *-मून n.* पूर्णचन्द्र।
full mouth *फुल माउथ्ड adj.* पूरे दांतों वाला; धनाढ्य।
fullness *-नेस* (also fulness) पूर्णता; प्राचुर्य।
full orbed *-ऑर्बड adj.* गोल।
full page *-पेज adj.* सारे पृष्ठ के आने वाली।
full pelt *-पेल्ट adv.* (also fullspeed, full split & full tilt) अति शीघ्र रफ्तार से।
full sail *फुल सेल adv.* सारे बादबान खोले हुए रूप में।
full sailed *सेल्ड adj.* बादबानों से युक्त।
full stop *-स्टॉप n.* period(.) used in punctuation. पूर्ण विराम।
full summed *-सम्ड adj.* अंग प्रतिअंगों में परिपूर्ण।
full throated *-थ्रोटेड* (also full-voiced) सारी शक्ति लगाकर गाने गाना।
full timer *-टाइमर adj.* एक दिन के काम करने के समय में काम पर लगा हुआ।
full timer *-टाइमर n.* एक दिन काम करने के समय में पूरा काम करने वाला व्यक्ति।
full winged *-विंग्ड n.* मजबूत पंखों वाला।
fully *फुलली adv.* पूर्ण रूप से।
fulmar *-मर n.* a gall like bird. समुद्री चील के समान एक पक्षी।
fulmen bruntum *-मनब्रन्टम n.* (*L.*) a harmless thunder bolt. बिजली की साधारण गरज।
fulminant *-मीनेन्ट adj.* thundering; developing suddenly. गरजने वाला; एकाएक बढ़ने वाला।
fulminate *-मिनेट v. t. & v. i.* to explode; to thunder. फटना; गरजना।
fulminating *-मीनेटिंग adj.* विस्फोटक।
fulmination *-मीनेशन n.* विस्फोट; गरज; तड़कना।
fulminatory *-नेटरी adj.* उमड़ने वाला।
fulmine *फलमिन v.t.* to make a loud voice. गरजना; फटना।
fulmineous *-स adj.* (also fulminous) बिजली से सम्बन्धित।
fulness *फुलनस n.* fullness. पूर्णता; प्राचुर्य।
fulsome *फुलसम adj.* nauseous; disgusting excessive. अति; घृणित; घृणास्पद।
fulsomely *-ली adv.* घृणित रूप में।
fulsomeness *-नेस n.* घृणा; अति; प्राचुर्य्यता।
fulvous *फलवस adj.* (also fulvid) reddish-yellow; tawny. धूसर वर्ण का; भूरा।
fum *फम n.* a kind of Chinese bird. चीन देश का एक प्रकार का पक्षी।
fumage *फ्यूमेज n.* hearth-money; a place for fuming. चूल्हे के नीचे गढ़ा हुआ धन; चूल्हे तथा धुवां करने का स्थान।
fumarole *-रोल n.* a small hole from which volcanic vapours issue. एक छोटा छिद्र जिसमें से लावा का धुंआ निकलता है।
fumatory *-मेटरी adj.* pertaining to smoking. धूम पान से सम्बन्धित।
fumble *फम्बल v.t.* to handle clumsily; to fail to catch a ball; to grope about. फूहड़पन से काम करना; लपक न पाना जैसे गेंद; टटोलना।
fumbler *-र n.* फूहड़पन से कार्य करने वाला।
fumbling *-इंग n.* फूहड़ पन से कार्य करता।
fume *फ्यूम n.* smoke; any odorous smoke or vapour; mental heat; rage. धूवां; गन्धयुक्त; धूवां या भाप्य; क्रोध का आवेग; क्रोध। *v. t.* to be in anger; to throw or make vapours. क्रोधित होना; भाप बनाना या निकालना।
fume-chamber *-चैम्बर n.* भाप इकट्ठा करने का कोष।
fumet, fewmet *फ्यूमिट n.* the dung of deer hares etc. मृग तथा खरगोश इत्यादि का गोबर या पायखाना।
fumet, fumette *फ्यूमट n.* the odour of long kept game. बहुत दूर रखे हुए शिकार की दुर्गन्ध।
fumigant *फ्यूमिगेन्ट n.* a substance used for fumigation. धुवां देने के लिए काम में लिया गया पदार्थ।
fumigate *-ट v.t.* to subject to smoke or fumes; to perfume. धुवां देना; सुवासित करना; सुगन्धित करना।
fumigation *-गेशन n.* सुगन्धित करना।
fumigator *-गेटर n.* धुवां देने का यन्त्र; धूप देने वाला।
fumigatory *-गेटरी adj.* धुवां देने से सम्बन्धित
fumosity *फ्यूमोसिटी n.* धुवां की अवस्था; गले में गस्सा अटकना।
fumos *फ्यूमस adj.* (also foamy) धुवां युक्त
fun *फन n.* frolic; amusement; sport; a joke. उल्लास; तमाशा; आमोद-प्रमोद; खेल; मजाक *v.i.* to make sport; to jest. खिलवाड़ करना; हंसी उड़ाना।
to be great fun : अत्यन्त आमोदप्रद होना।
like fun : शीघ्रता से।
to make fun of, to poke fun at : किसी की हंसी उड़ाने के लिए दूसरे को उभाड़ना।
in fun : हंसी में।
to do a thing in fun : हंसी में कोई कार्य कर बैठना।
funambulate *फ्यूनेम्बुलेट v. t.* to walk on rope. रस्सी पर चढ़ना; नट के करतब दिखाना
funambulation *-शन* रस्सों पर चलने का करतब
funambulist *-इस्ट n.* रस्सी पर चलने वाला, नट
function *फन्कशन n.* performance; activity assigned duty; employment; a public or official formal entertainment or ceremony; a quantity whose value is depended on the value of some other quantity. कार्य सम्पादन; तत्परता; कर्तव्य पालन; कार्य; जनता सरकार द्वारा मनाया गया समारोह तथा सम्मेलन; वह राशि जिसका मूल्य किसी दूसरी राशि के मूल्य पर आधारित हो *v. t.* to operate; to act. कार्य सम्पादन करना; पूर्ण करना।
functional *-ल adj.* इन्द्रियों के कार्य से सम्बन्धित अधिकारी सम्बन्धी।
functionally *-ली adv.* पूर्ण रूप से।
functionary *-री n.* a public officer. अधिकारी; कृत्यकारी।
functionate *-एट v. i.* to perform a function. कार्य सम्पादन करना; समारोह मनाना।
functionless *-नेस adj.* व्यापार शून्य।
fund *फण्ड n.* a stock; stock or supply always ready for use; a sum of money put aside for a special purpose; *pl.* resources in the form of money. माल जिसे कभी भी काम में लाया जा सके; किसी विशेष कार्य के लिए संचित धन; व० व० आय के साधन; भण्डार; मूसधन; सरमाया। *v. t.* to convert into a long-term debt; to provide a fund for payment of interest. लम्बे समय के लिए कर्जा देना; सूद देने केलिए विशेष राशि अलग रखना; लागत लगाना।
fundable *-एबल adj.* जिसे मूलधन में परिवर्तित किया जा सके।
fundament *-डामेन्ट n.* the lower part of the body; the anus. नितम्ब; चूतड़; गुदा द्वार।
fundamental *-डामेन्टल adj.* basal; essential; primary; important. बुनयादी, सारभूत; प्रारम्भिक; प्रधान। *n.* an essential. सिद्धान्त; नींव; मूलाधार; मौलिक।
fundamentalism *-डामेन्टेलिज्म n.* मूलता; प्रधानता; प्रारम्भिकता।
fundamentalist *-डामेन्टेलिस्ट n.* सिद्धान्तवादी
fundamentally *-डामेन्टली adv.* मूल रूप से।
funded *फण्डेड adj.* सरकारी बांड में लगाया हुआ।
fund-holder *-होल्डर n.* वह व्यक्ति जिसने सरकारी बांड खरीद रखेहों।
fundus *फण्डस n.* the bottom of anything किसी वस्तु का तला या पैंदा।
funebral *फ्यूनीबल adj.* (also funebrial) pertaining to a funeral. श्रद्धा कर्म सम्बन्धी
funeral *फनरल n.* the burial or burning of the dead; death; tomb. *adj.* pertaining to disposals of the dead. अन्त्येष्टि क्रिया; मृतक क्रिया; श्राद्ध कर्म, मृत्यु, मकबरा; अन्त्येष्टि क्रिया सम्बन्धी।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

funeral-pile -पाइल *n.* चिता।
funereal *adj.* अन्त्येष्टि क्रिया सम्बन्धी;उदासीन; शोकाकुल।
funest फ्यूनस्ट *adj.* deadly; lamentable. प्राणघातक; शोकजनक।
fung, fum फङ्ग,फम *n.*Chinese bird.एक प्रकार की चीन देश में पाया जाने वाला पक्षी।
fungibles फञ्जाइबल्ज *n.* (*pl.*) the move able effects which perish by being used and estimated by weight, number or measure. वह नष्ट होने वाले पदार्थ जो काम में लाने से नष्ट हो जाते हैं और जिन का अन्दाजा वजन, संख्या तथा आकार में लगाया जाता है।
fungal फङ्गल *adj.* pertaining to fungus. कुकुरमुत्ता से सम्बन्धित।
fungicide -साइड *adj.* बेक्टेरिया कीटाणु को नष्ट करने वाला।
fungiform -फॉर्म *adj.* कुकुरमुत्ता या बेक्टेरिया कीटाणु के समान आकार का।
fungoid फूगाइड *adj.* कुकुरमुत्ता के समान।
fungosity -सिटी *n.* कुकुरमुत्ता के गुण।
fungous फंगस *adj.*soft; spongy, like fungus. मुलायम; इस्पंज की तरह सोखने वाला कुकुरमुत्ता के समान।
fungus *n.* (*pl.* fungi) any mush-room growth; a plant without green leaves getting its food from decayed vegatable material. एक प्रकार का पौदा जिस के हरे पत्ते नहीं होते और अपनी खुराक सड़े गले पदार्थों से लेता है; कुकुरमुत्ता; मधुरिका; खुम्मी।
funicle -नीकल *n.* a small chord. एक छोटी डोरी; रेशा; तन्तु। *funicle railway* : वह लोहे के मोटे रस्से द्वारा खींची गई रेलगाड़ी।
funicular -क्यूलर (also funiculate) रस्सी से चलाया जानेवाला।
funk फंक *n.*panic; shrinking from courage; a spark; an offensive smell. *v.t.* to stiffle with smoke; to shirk from fear. *v.i.* to flinch. भय; भीरुता; चिन्गारी, दुर्गन्ध। धुंवे से दम घुटना; भय खाना। डर कर पीछे हट जाना।
funk-hole -होल *n.* पनाह लेने का स्थान; रक्षा का स्थान।
funkiness -कीनेस *n.* भीरुता।
funky फंकी *adj.* डरा हुआ।
funnel फनल *n.* a mouthed conical vessel terminating in a tube for filling closed neck vessels; a smoke pipe; the offspring of a she-ass. टीप; चोंगा; तंग मुंह के बर्तन में तेल डालने की चोंगी; जल पोत का धूएं वाला चोंगा; धुवांकश; गधी का छोटा बच्चा।
funnelled फनल्ड *adj.* टीपदार।
funnel-net -नेट *n.* टीप के समान बना हुआ जाल।
funniness -नेस *n.* queerness; अनोखापन; खिलवाड़।
funnily फनीली *adj.* खिलवाड़ रूप में।
funny फनी *adj.*(*comp.* funnier, *sup.* funniest) full of fun; queer; in *pl.*, the comic section of a news paper; a kind of pleasure boat. खिलवाड़ी; अजीब; (ब. व.) किसी समाचार पत्र का वह भाग जिस में चुटकले इत्यादि दिए गए होते हैं; सैर करने की एक प्रकार की नांव।
funny-bone -बोन *n.* कोहनी की हड्डी के पास की नस जिस पर चोट लगने से उंगलियों तक झटका सा लगता है।
fur फर *n.* the soft fine hairy coat covering the skin of many animals; (*pl.*) skins of fur bearing animals; coating on parel made on them; a piece of wood nailed under a bent rafter to straighten it. बहुत से जानवरों की खाल पर महीन रोवें; (ब० व०) रोवेंदार जानवरों की खाल; कोट पर कालर पर लगाने की रोवेंदार खाल; टेढ़े डण्डे को सीधा करने के लिए लगाई गई कीलें। *v. t.* to cover with fur; to nail strips as for lathing. रोवें लगाना; खराद करने के लिए कीलें लगाना।
to make the fur fly : लड़ना; हमला करना।
furacious फरेशियस *adj.* thievish. चोरी सम्बन्धी; गुप्त।
furaciousness -नेस *n.* (also furacity) ठगी; चोरी की आदत।
furbelow फरबिलू *n.* a plaited border; a superfluous ornament. प्लेटदार कालर, अनावश्यक आभूषण; *v. t.* to furnish with a hanging strip sewed to a skirt by its upper edge. लटकने वाली पट्टी जिसे किसी वस्त्र से ऊपर की ओर सी दिया जाता है।
furbish फरबिश *v. t.* to polish; to renovate. चमकाना; नवीन के समान बनाया।
furbisher -बिशर *n.* चमकाने वाला।
furcate, furcated फरकेट, फरकेटड *adj.* forked. फटे कोर का; *v. t.* to fork. दो मुंहा करना।
furcal फर्कल *adj.* खाना खाने के कांटे के आकार का बना हुआ।
furcation फरकेशन *n.* a forking or branching. दो भागों में विभक्त हो जाना।
furciferous फरसीफरस *adj.* having a forked appendage. दो भागों में विभक्त अङ्गयुक्त
furcula -क्यूला *n.* the forked bone formed by the union of collar bones in many birds. पक्षियों में हंसुली की हड्डियों के जोड़ से बनी हुई उभरी हुई हड्डी।
furcular -लर *adj.* shaped like a fork. कांटे के आकार का।
furfur फरफर *n.* dandruff; scurf. रूसी; सिर की रूसी।
furfuraceous -फरेशियस *adj.* (also furfurous) बालों की रूसीयुक्त।
furfural -फरल *adj.* चोकरयुक्त।
furibund फ्यूरीबण्ड *adj.* raging. क्रोधित।
furiosity फ्यूरियसिटी *n.* madness. पागलपन; उन्माद।
furious फ्यूरियस *adj.*full of rage; frantic; fierce. कोपान्वित; क्रोधोन्मत्त; उग्र।
furiously -ली *adv.* उद्वेग से।
furiousness -नेस *n.* उग्रता; तीव्रता; प्रचण्डता।
furioso फूरिओसो *n.* a furious person; a madman. क्रोधोन्मत्त व्यक्ति; पागल व्यक्ति।
furl फर्ल *v. t.* to roll up. लपेटना।
furlana फूरलाना *n.* a kind of Venetican dance. वेनिस का एक प्रकार का नृत्य।
furlong फर्लाङ्ग *n.* one eighth of a mile. फर्लाङ्ग; एक मील का आठवां भाग।
furlough फर्लो *n.* leave; absence. छुट्टी; गैरहाजरी; अवकाश; फरलो। *v. t.* to grant leave. छुट्टी की मन्जूरी देना।
furmenty फर्मन्टी (also furmety; furmity)
furnace फरनिस *n.* a closed fire place in which a very hot fire may be made; an oven. a severe test. भट्टी; अग्नि कुण्ड; कठिन परीक्षा। *v. t.* to subject to the heat of a furnace. भट्टी पर गरम करना।
furniment फरनीमेन्ट *n.* furnishing. उपस्कृत करना; परिकल्पित करना; सजावट।
furnish फरनिश *v.t.* to supply or provide; to store; to equip with necessary things. जुटाना; पहुँचाना; इकट्ठा करना; आवश्यक वस्तुओं से सुसज्जित करना।
furnished फरनिशड *adj.* जुटाया हुआ; एकत्रित किया हुआ; सुसज्जित किया हुआ।
furnisher फरनिशर *n.* पहुँचाने वाला; जुटाने वाला व्यक्ति; दुकानदार।
furnishings फरनिशिङ्गस (also furnishment) articles of furniture. मेज, कुर्सी इत्यादि उपकरण।
furniture फर्नीचर, फर्नीट्यूर *n.* the movables with which a house is equipped; equipment; decorations. मेज कुर्सी इत्यादि उपकरण जिनसे घर को सजाया जाता है; सामग्री; असबाब; सजाने की सामग्री।
furniture of one's mind : ज्ञान विद्या।
furor फ्युरर *n.* excitement; rage. उत्तेजना; क्रोध।
furore फूरोरा *n.* a craze; wild enthusiasm सनक; पागलपन; महती उत्तेजना।
furred फर्ड *adj.* covered with fur. रोम युक्त।
furrier फरियर *n.* a dealer in furs. पशुओं के नरम रोंवे विक्रेता।
furriery फरियरी *n.* trade in furs in general. पशुओं के नरम रोंवों का व्यापार; पशुओं के रोंवे।
furring फरिङ्ग *n.* fur trimmings; a coating on the tongue. पशुओं के नरम रोवें उतारना; जीभ पर उभरी हुई तह।
furrow फरो *n.* a narrow trench made by ploughing; a groove; a tract. हलाई; हलकी लीख; झुर्री; एक तङ्ग रास्ता।
furrow weed -वीड *n.* हलाई किए हुए खेत का बीज।
furrowy -ई *adj.* हलाई किया हुआ।
furry फरी *adj.* consisting of fur. पशुओं की खाल के नरम रोवें युक्त।
furth फर्थ *adv.* forth; outside of. आगे बाहर की ओर।
further फर्दर *adv.* at a great distance. in addition. *adj.* more distant; additional. *v. t.* to help forward; to promote. अधिक दूर; दूर पर; आगे; अतिरिक्त; दूर का; अधिकतर; उन्नति देना; बढ़ाना।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

furtherance *-रेन्स n.* a helping forward. सहायता; मदद; उन्नति; बढ़ती।
furtherer *फर्दरर n.* उन्नति देने वाला व्यक्ति; मददगार।
furthermore *-मोर adv.* more over; besides. अलावा; अपेक्षा इसके अतिरिक्त।
further most *-मोस्ट adj.* most distant. सबसे अधिक दूर।
furthersome *-सम adj.* helpful; advantageous. सहायक; लाभ दायक; हितकारी।
furtherest *फर्दरस्ट adv.* at the greatest distance. सबसे अधिक दूरी पर।
furtive *फर्टिव adj.* secret; stealthy. गुप्त; चोरी किया हुआ; चोरी का।
furtively *-ली adv.* चोरी से।
furtiveness *-नेस n.* चोरी।
furuncle *फ्रर्कल n.* a boil or tumour. फोड़ा जहरवाद।
furuncular *-रadj.* (also furunculous) फोड़े के समान।
fury *फ्यूरी n.* rage; violent passion; madness. a passionate woman. तीव्र कोप; क्रोध; सनक; कामुक स्त्री।
furze *फर्ज n.* thorny evergreen flower पीले फूल का एक पौधा भटकटैया युक्त।
furzy *फर्जी adj.* भटकटैया युक्त।
fusain *फ्यूजेन n.* artist's fine charcoal. चित्रकारों द्वारा काम में लाया जाने वाला विशुद्ध कोयला (काला रंग)।
fusarole, fusarol *फ्यूसेरोल n.* a kind of moulding used in pillars. स्तम्भ बनाने का ढालने का काम।
fuscous *फस्कस adj.* (also fuse) brown; dengy. भूरा: मटियारा।
fuse *फ्यूज v. t.* to melt; to change into liquid by beat; to join two metals by heating; *v.i.* to melt; to unite into one. *n.* a piece of fusible metal with its cover; inserted as a safe guard in an electric circuit. पिघलाना; गरम करके तरल पदार्थ में बदलना; दो धातुओं को गर्म करके आपस में जोड़ना; पिघलाना; एकीभूत करना। वैद्युतिक परिक्रमा के बचाव के लिए आसानी से जल जाने वाला धातु का तार तथा उसका आवरण।
fusee, fuzee *फ्यूजी n.* the spindle in a watch or clock on which the chain is wound. घड़ी या घन्टे की धुर जिप पर चाबी भरी जाती है।
fuselage *फ्यूजिलेज n.* the frame work of an aeroplane. वायुयान का ढांचा।
fusel-oil *फ्यूजल-ऑयल n.* a nauseous oil in spirits distilled from grain; potatoes etc. जौ; गेहूं, आलू इत्यादि से बनी मदिरा में चक्कर लाने वाला तेल।
fushion, fusion *फ्यूशन, फ्यूजन n.* abundance; plenty. प्रचुरता।
fusibility *फ्यूजिबिलिटी n.* पिघलने का गुण; द्रव शीलता।
fusible *फ्यूजिबल adj.* पिघलने के योग्य।
fusil *फ्यूसिल n.* (also fusile, fusion) a light musket बन्दूक।
fussilade *-लेड n.* a continuous fire of ammunition. तोपों या बन्दूकों की गोली का लगातार चलना।
fusilier; fusileer *-लियर n.* सिपाही।
fusion *फ्यूजन n.* the act of melting by heat. द्रवण; पिघलाव; धातुओं को पिघला कर मिलाना।
fusionism *-निज्म n.* a policy that favours union. एकता बनाये रखने की नीति।
fusionest *-स्ट n.* उपरोक्त सिद्धान्त पर विश्वास करने वाला व्यक्ति।
fuss *फस n.* a bustle; commotion; haste *v. t.* to make a fuss. आडम्बर; कोलाहल; खलबली; शीघ्रता। हलचलगुल्ला करना; गोलमाल करना।
fusser *-र n.* खलबली करने वाला व्यक्ति।
fussily *फसीली adv.* आडम्बर से; गड़बड़ी से।
fussiness *-नेस n.* आडम्बर; गड़बड़ी; कोलाहल
fuss-pot *फस-पॉट n.* गोलमाल करने वाला व्यक्ति
fussy *फसी adj.* उपद्रवी।
fust *फस्ट n.* a musty smell; the shaft of a column *v. i.* to become musty. सील की दुर्गन्ध; स्तम्भ का धुरा सील युक्त होना।
fustanella *फस्टेनेला n.* a white kilt worn by Greek men. यूनानियों का पहनने का श्वेत चोगा।
fustet *फस्टेट n.* the wood of an American tropical tree. अमरीका के गर्म प्रदेश में पाए जाने वाले पेड़ की लकड़ी।
fustian *फस्टयन n.* a kind of thick cotton cloth; empty high sounding language *adj.* worthless; exaggerative. एक प्रकार का मोटा सूती कपड़ा; निरर्थक भड़कीली भाषा निरर्थक, अतिशयोक्ति का।
fustianise *-यानाइज v. t.* to write bombastically. लिखने में कठिन शब्द प्रयोग करना
fustianist *-निस्ट n.* one who writes bombast. अतिशयोक्ति-लेखक।
fustigate *फस्टीगेट v. t.* to beat with a stick. लकड़ी से पीटना।
fustigation *-गेशन n.* लकड़ी से पीटने का कार्य
fustilarian *-रेरियन n.* (also fustillirian) a term of abuse. एक प्रकार की गाली।
fustilugs *-लग्स n.* a fat woman. मोटी स्त्री
fustiness *नेस n.* सील की दुर्गन्ध।
fusty *फस्टी adj.* सीलयुक्त; दुर्गन्धयुक्त।
futchel *फुचल n.* a piece of timber length wise of a carriage. गाड़ी में लगाने की लम्बी लकड़ी।
futhork, futhorc, futhark *फूथॉर्क n.* the Runic alphabet. स्केन्डेविया तथा उत्तरी योरुप की भाषा की वर्णमाला।
futile *फ्यूटाइल adj.* of no avail; done in vain; frivilous; trifle. निरर्थक; व्यर्थ किया हुआ; निष्प्रभाव; नि:सार।
futilely *-ली adv.* निरर्थक रूप में।
futilitarian *-इटेरियन adj.* convinced of the futility of the human enterprise. मानव कार्य के निरर्थक होने में विश्वास करने वाला *n.* one who is so convinced. उपरोक्त में विश्वास करने वाला व्यक्ति।
futility *-टी n.* worthlessness. असारता; निरर्थकता।
futtock *फटॅक n.* one of the curved timber in the rib of the ship. जलपोत के बाहर की मुड़ी हुई लकड़ी।
futtock-plate *-प्लेट n.* an iron plate on topmost. जलपोत के बड़े मस्तूल के ऊपर लगी लोहे की टुकड़ी।
futtock-shrouds *-श्राउडस n.* ropes or chain extending from the futtock plates to the to a band in the mast below. बड़े मस्तूल के ऊपर लगे लोहे की टुकड़ों से छोटे मस्तूल तक बंधी रस्सी या लोहे की जंजीर।
future *फ्यूचर, फ्यूच्यूर n.* the time yet to come; prospect or outlook; speculation in trade. भविष्यकाल; आगामीकाल; व्यापार में आगामी काल के लिए किया गया सट्टा *adj.* pertaining time to come; that is to happen hereafter. आगामी; भविष्यत्।
futureless *-लस adj.* without prospects. बिना आशाओं का; निराश।
future-perfect *n.* भविष्य में पूर्ण किया जाने वाला कार्य।
futurism *-रिज्म n.* भविष्य में रूढ़ियों को कोई भी नहीं मानेगा; इस मत पर विश्वास करने वाले लोग
futurist *-रिस्ट n.* उपरोक्त सिद्धान्त पर विश्वास करने वाला।
futuristic *-रिस्टिक adj.* उपरोक्त सिद्धान्त से सम्बन्धित।
futurition *-रीशन n.* आगामीकाल; भविष्य; कार्य की पूर्णता।
futurity *-रिटी n.* भविष्य; आगामीकाल।
fuze *फ्यज n.* a tube or string attached to explosive material to cause it to explode. विस्फोटक पदार्थों के साथ लगाई गई लम्बी रस्सी या नली जिससे विस्फोट होता है।
fuzz *फज n.* fine particles as dust. कण जैसे रेत के कण। *v. i.* to fluff; to fly; off in minute particulars. कण होकर उड़ जाना।
fuzz ball *-बॉल n.* (also fuss ball) a puff-ball. हवा भरा हुआ गुब्बारा।
fuzzily *फजिली adv.* स्पष्ट रूप में।
fuzziness *-नेस n.* सूक्ष्मता।
fuzzle *फजल v. t.* to drink in excess. अधिक मदिरा पीना अथवा पीने की आदत।
fuzzy *फजी adj.* अस्पष्ट; कणयुक्त।
fy *फाई interj.* denoting disgust. निराशा का अर्थ देने वाला अन्तर्गतकरण; छी: छी:।
fyke *फाइक n.* uneasiness; a bag net. घबराहट; मछली पकड़ने का बड़ा जाल।
fyle *फाइल n.* a pick-pocket. जेबकट।
fylfot, filfot *फिलफॉट n.* the swastika. स्वास्तिक; सतिया।
fyrd *फर्ड n.* the armed forces of a country. किसी देश का सैन्यबल।
fytte *फिट n.* a song; a division of a poem. गाना; कविता का अंश।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

G

G *जी* seventh letter of English alphabet; fifth note of the Western music. अंग्रेजी वर्णमाला का सातवां अक्षर; पाश्चात्य सङ्गीत का पांचवां सरगम।

gab *गॅब v. t.* to talk uselessly. बकवास करना; *n.* idle talk. बकवास; गपशप।

gabardine *गॅबरडीन n.* a kind of cloth of fine wool. बढ़िया ऊनी वस्त्र।

gabhart, gabbard *गॅबार्ट या गॅबार्ड n.* a kind of small boat. एक प्रकार की छोटी नाव।

gabber *गॅबर n.* गप्पें मारने वाला व्यक्ति।

gabble *गॅबल v. i.* to talk quickly, to talk uselessly. बकबक करना; व्यर्थ बोलना; *n.* meaningless and loud talk. तेज बकवास; व्यर्थ शोर।

gabblement *-मॅरट n.* बकबक; शोरशार।

gabbler *गैबलर n.* बकवास करने वाला व्यक्ति।

gabbling *गॅबलिंग n.* बकवास; बकबक।

gabbro *गॅब्रो n.* a kind of rock. एक प्रकार की चट्टान।

gabbroitic *गॅब्रोइटिक adj.* 'गॅब्रो' नामक चट्टान सम्बन्धी।

gabby *गॅबी adj.* बकवासी; बातूनी; वाचाल।

gabelle *गॅबेल n.* a duty imposed as a tax specially on salt. कर; चुंगी; शुल्क; विशेषतः नमक का शुल्क।

gabelier *गॅबलर n.* नमक का शुल्क इकट्ठा करने वाला अधिकारी।

gaberdine *गॅबरडीन n.* a kind of woolen cloth used for suiting. सूट बनाने का एक बढ़िया ऊनी कपड़ा।

gaberlunzie *-लुंजी n.* (Scot.) a beggar. भिखारी।

gabion *गॅबियन n.* a cylindrical basket of earth used in fortification. किलेबन्दी में प्रयुक्त होने वाली मिट्टी की भरी खंचिया।

gabionade *गबियोनेड n.* मिट्टी की खंचिया का बना ढांचा।

gabionage *-नेज n.* मिट्टी की खंचियाओं का समूह

gabioned *गेबियन्ड adj.* जिसकी मिट्टी की खंचियाएं लगी हों।

gable *गेबल n.* end of a wall on the top of house ending in triangular shape. मकान की छत पर दीवार का सिरा जो तिकोना सा होता है।

gabled *गेबल्ड adj.* pointed at the end. सिरे पर नुकीले प्रकार का।

gable end *गेबल एण्ड n.* सिरे का नुकीला भाग

gablet *गेब्लेट n.* सिरे का छोटा तिकोना भाग।

gable window *गेबल विन्डो n.* ऐसी खिड़की जिसका ऊपरी भाग तिकोना हो।

gabnash *गॅबनाश n.* a talkative fellow. बातूनी; वाचाल।

gaby *गॅबी n.* a foolish simple fellow. सीधा सादा मूर्ख व्यक्ति।

gad *गॅड n.* the front point of a spear. भाले की आगे की नोक। *v. i.* to wander in idle manner; to wander here and there. बेकार घूमना फिरना; इधर उधर घूमना फिरना।

upon the gad adj. in motion. चलता हुआ

gad about *-अबाउट n.* (also gadder) ऐसा व्यक्ति जो एक स्थान पर न टिके तथा स्थान स्थान पर घूमता फिरे।

gadfly *-फ्लाइ n.* a fly which bites the cattle; similarly a troublesome person. ढोरों को काटने वाला डांस; कष्ट दायक मनुष्य।

gadge *गॅज n.* an instrument used in ancient days for torture of rebels. प्राचीन काल में विद्रोहियों को यातनाएं देने का एक यन्त्र।

gadget *गॅडजट n.* a small machine. छोटा सा कोई भी यन्त्र।

Gadhel *गॅडल n.* an European race. यूरोप की एक प्राचीन जाति।

gadling *गॅडलिङ्ग n.* घूमने फिरने का शौकीन मनुष्य; घुमक्कड़।

gadoid *गॅडॉइड adj.* like a cod fish. काड मछली के समान।

gadolinite *गॅडोलिनाइट n.* a metal compound containing iron etc. एक धातुयोग जिसमें लोहा भी होता है।

gadolinium *-लिनियम n.* an element of metalic properties. धातुकीय गुणों का एक तत्व।

gadroon *गडरून n.* a kind of ornament. एक प्रकार का आभूषण।

gadrooned *गडरून्ड adj.* उक्त आभूषण से सुसज्जित।

gadrooning *-निङ्ग n.* उक्त आभूषण से सजाने की क्रिया।

gadsman *गडसमॅन n.* one who drives horses at the plough. हल चलाने वाले घोड़ों को हांकने वाला व्यक्ति।

gadso *गॅडसो interj.* an expression of surprise. आश्चर्य की अभिव्यक्ति का शब्द।

gadwall *गॅडस्वॉल n.* a kind of duck living in fresh water. ताजा पानी में रहने वाला एक प्रकार का हंस।

gae *गे v. t.* go according to Scottish Sccent. जाना (स्काटलैंड में प्रयुक्त)

gael *गेल n.* a scottish highlander race. स्काटलैंड की एक पहाड़ी जाति।

gaelic *गेलिक adj.* गेलिक जाति सम्बन्धी या उस जाति का।

gaelicise *-साइज v.t.* गेल जाति की सभ्यता में रंगना।

gaelicism *-सिज्म n.* गेल जाती की सभ्यता तथा साहित्य।

gaff *गॅफ n.* 1 a fair or low theatre. 2 a blunder 3 a spear used for fishing and having barbs, 4 nonsense. *v.t.* to catch fish with a gaff. *v. i.* to gamble १ मेला; खेल तमाशा; २भूल; चूक; मछली पकड़ने का एक भाला जिस के काटे लगे होते हैं। बकवास कांटेदार भाले से मछली पकड़ना। जुआ खेलना।

to blow the gaff to disclose a secret कोई भेद खोल देना।

gaffe *गेफ़ n.* a blunder एक भारी भूल।

gaffer *-गॅफर n.* an old rustic or any old fellow, the head of a gang. बुड्ढा आदमी गांव का बुड्ढा व्यक्ति चौधरी।

gaffer-top sail *गफ़ॅर-टापसेल n.* a kind of sail. एक प्रकार का नाव का पाल।

gag *गॅग n.* some thing inserted in mouth to make silent. *v.i.* to close the mouth by force. *v.t.* to deceive चुप करने के लिए मुँह में ठूँसा गया; कपड़ा या डाट। बलपूर्वक मुंह बंद कर देना; धोखा देना। (slang)

gaga *गॅगा adj.* (french) silly, foolish मूरख; गधा।

gage *गेज n.* a promise or pledge, a symbol of fight or challange. *v. t.* to give as a pledge. प्रतिज्ञा; करना। ललकार; चुनौती का प्रतीक; बीड़ा; प्रतिज्ञा करना।

gagger *गॅगर n.* बल पूर्वक मुंह बन्द करने वाला।

gaggle *गॅगल v. i.* to make sound like a geese. *n.* a group of geese. बत्तख के समान के शब्द करना; बत्तखों का झुंड या समूह।

gaggling *गॅगल n.* बत्तखों के सामान; कल कल शब्द। *adj.* अधिक बोलने वाला, वाचाल।

gag-tooth *गॅग-टूथ adj. n.* a tooth coming out of mouth मुंह से बाहर निकला हुआ दांत

gag-toothed *गेगटूथ्ड adj.* जिस का दांत बाहर निकला हो, दांतुआ।

gahnite *-नाइट n.* a zink spinel. जस्ते की बनी हुई नली।

gaiety *गेटी n.* act of being gay, merry making. आनन्द करने की क्रिया, आनन्दोत्सव।

gaily *-गेली adv.* in a fine manner, with gaiety. आनन्द के साथ, हर्ष के रूप में।

gain *गेन n.* (1) some thing which is obtained as addition. (2) improvement (3) advance; (4) increase in amount *v. t.* to obtain as profit; to get as earning. (१) अधिक प्राप्ति अर्थात लाभ; (२)

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सुधार या उन्नति, (३) बढ़ती; (४) धन की वृद्धि लाभ प्राप्त करना; कमाई करना।

gainable *गेनेबल adj.* जिसे प्राप्त किया जा सके।

gainer *-र n.* लाभ प्राप्त करने वाला व्यक्ति।

gainful *गेनफुल adj.* लाभ देने वाला; फायदे मन्द।

gainfully *-फुल्ली adj.* लाभदायक रूप में।

gainfulness *फुलनेस n.* लाभ दायक होने की अवस्था।

gaingiving *-गिविंग n.* misgiving (Shakespeareanarean usage) गलत फहमी।

gainings *-निग्स n.* वे वस्तुएं जो किसी ने प्राप्त की हैं।

gainless *-लेस adj.* जिससे कोई लाभ न हो; अलाभप्रद।

gainlessness *-लेसनेस n.* लाभप्रद न होने की अवस्था।

gainly *-ली adv.* in a convenient manner सुविधा जनक तरीके से।

gain on *-ऑन v. t.* छा जाना; कब्जा कर लेना; हावी होना।

gain say *-से v. t.* to deny a thing; to oppose; or contradict. किसी वस्तु को गलत बनाना; विरोध करना; खण्डन करना।

gainsayer *-सेयर n.* विरोध या खण्डन करने वाला व्यक्ति; विवादी।

gainsaying *-इंग n.* खण्डन करने की आदत या अवस्था; विरोध; विवाद।

gainst *गेन्स्ट* poetic abbreviation of against. *v. i.* to resist. विरुद्ध प्रयत्न करना; अवरोध करना।

gair *गेयर n.* (Scot.) a piece of land or cloth भूमि या कपड़े का टुकड़ा।

gair fowl *-फाउल n.* a big sized bird बड़े आकार का एक पक्षी।

gait *गेट n.* manner of walking. चाल चलने का ढंग।

gaited *गेटडn. adj.* विशेष चाल वाला; खास ढंग का।

gaiter *गेटर n.* something used to cover legs. पैर ढकने की पट्टी।

gal *गॅलn.* a slang spelling of girl. लड़की; बाला।

gala *गैला n.* on occasion of festivity; pomp and show. उत्सव समारोह का उपलक्ष

galactagogue *गॅलॅक्टॅगॉग n.* medicine for bringing out milk in breasts. स्तनों में दूध बन्द होने पर उसे फिर से जारी करने की औषधि।

galactic *-क्टिक n.* pertaining to milk; of the milky way. दूध सम्बन्धी; आकाश गङ्गा का या सम्बन्धी।

galactometer *क्टोमीटर n.* दूध के गाढेपन के मापने का एक यन्त्र।

galactophorous *गॅलॅक्टोफोरस adj.* जिसमें दूध हो।

galactopoietic *-पॉइटिक adj.* दूध की उत्पत्ति करने वाला।

galactorrhoea *-रोहिया n.* दूध का अधिक मात्रा में बहने का रोग।

galactose *-क्टोस n.* एक प्रकार की खांड़ जो दूध से बनती है।

galage *गॅलेज n.* a kind of cover on the shoe. जूते के ऊपर का खोल।

galam butter *गालाम बटर n.* shea butter. एक प्रकार का वनस्पति मक्खन।

galangal *गॅलन्गॅल n.* a plant of ginger family. अदरक के समान एक पौधा।

galantine *-न्टाइन n.* a kind of poultry dish एक प्रकार का मुर्गे का शोरवा।

galanty show *-एंटीशो n.* a shadow play. छाया चित्र।

galaxy *-क्सी n.* a group of stars; a company of famous people. तारों का समूह; आकाश गङ्गा; प्रसिद्ध व्यक्तियों का समाज।

galbanum *-बॅनम n.* a gum resin. गोंद के समान एक प्रकार की राल।

galdragon *-ड्रैगन n.* a kind of witch. एक प्रकार की जादू गरनी।

gale *गेल n.* very severe wind; mild breeze. तेज हवा का तूफान; मंद समीर।

galea *गेलिया n.* structure resembling a hat. टोप के आकार का ढांचा।

galeat *-येट n. adj.* टोप की आकृति वाला।

galena *गॅलेना* (also galenite) a sulphide of lead. सीसे का गन्धक युक्त मिश्रण।

galenoid *गॅलॅनॉइड adj.* pertaining to galena. गॅलेना नामक सीसे के मिश्रण से सम्बन्धित।

Galenic *गॅलॅनिक n.* pertaining to Galen or his method of treatment. यूनान के हकीम गैलन की चिकित्सा प्रणाली सम्बन्धी।

Galenical *-ल n.* a remedy of the Galenic nature. गॅलन की चिकित्सा प्रणाली के समान कोई भी औषधि।

Galenist *-स्ट* गैलन की यूनानी चिकित्सा प्रणाली में विश्वास रखने वाला हकीम।

Galilean *गॅलिलीयन adj.* pertaining to Galileo or Galilee. इटली के महान गणितज्ञ गैलीलियों सम्बन्धी; फिलिस्तीन के एक खंड गैलिली सम्बन्धी।

galilee *गॅलीलीn.* a place in church where priests meet women. गिरजे में एक स्थान जहां पादरी लोग महिलाओं से मिलते हैं।

galilee porch *-पोर्च n.* गॅलिली का वह भाग जिसका बाहर की ओर मार्ग हो।

galimatias *-मेटियास n.* useless talk. वृथा; बकवास।

galingale *इंगेल n.* an aromatic root like ginger. अदरक के समान एक सुगन्धित मूल।

galiongee *-न्जी n.* a sailor in Turkey. तुर्की का नौसैनिक।

galipot *-पॉट n.* a kind of resin made from turpentine. जमे हुए तारपीन से बनी हुए एक प्रकार की राल।

gall *गल n.* bile; harding; swelling. पित्त; कठोरता; सूजन। *v.t.* to injure by rubbing to annoy. घिस कर नष्ट करना; कष्ट देना।

gallant *गॅलॅन्ट adj.* brave; showy; great *n.* a fop. शूरवीर; तड़क भड़क वाला व्यक्ति; महान; छैला।

gallantly *-ली adv.* तड़क भड़क के ढंग से; वीरतापूर्ण तरीके से।

gallantness *-नॅस n.* (also gallantry) show foppishness; bravery. दिखावा; छैलापन; वीरता।

gall-bladder *गैल-ब्लैडर n.* a membrane sack in the lever containing bile. जिगर के अन्दर पित्त की एक थैली; पित्ताशय।

gall-duct *गॅल-डक्ट n.* a tube of bile. पित्त की नली।

galleass *गॅलीॲस n.* a heavier type of vessel. एक प्रकार का भारी जलयान।

galleon *गॅलियन n.* a big vessel for carrying treasures. खजाना लेजाने का बड़ा जलयान

galleried *गॅलॅरीड adj.* गॅलरी या बरामदे वाला; बरामदे के समान *v. t.* to provide or furnish with gallery. बरामदा लगाना।

gallery *गॅलॅरी n.* balcony with rails; a long narrow passage; place for sitting of visitors in cinemas or parliament; room for exhibition of paintings. बरामदा; छज्जा गलियारा, सिनेमा या संसद में दर्शकों के लिये स्थान, चित्रकारी का प्रदर्शन-कक्ष।

galley *गॅली n.*a(1) flat sea going vessel low in height (2) a tray for composing printing matter. एक लम्बी नाव या जलयान जो ऊंचा कम होता है (२) छपाई के लिए कम्पोज करके मैटर रखनेकी नाव जैसी वस्तु।

galley-foist *-फॉइस्ट n.* a state barge. सरकारी नाव।

galley-proof *-प्रूफ n.* proof taken from a galley of printing type. गैली में मैटर को कम्पोज करके उतारा गया प्रूफ।

galley-slave *-स्लेव n.* ऐसा व्यक्ति जिसे नाव पर दास के रूप में काम करने का दण्ड दिया गया हो।

galley-west *-वेस्ट adv.* in confusion (slang of U. S.) घबराहट में।

gall-fly *गॅल-फ्लाई n.* a kind of insect. एक प्रकार का कीड़ा।

galliambic *गलियम्बिक n.* a kind of meter एक प्रकार का काव्य-छन्द।

galliard *-याई n.* a person who always remains gay. सदा आनन्द मग्न रहने वाला व्यक्ति।

gallic *-क adj.* pertaining to France. फ्रांस से सम्बद्ध।

Gallican *गॅलीकन n.* फ्रांस का समर्थक *adj.* फ्रांस का, फ्रांस सम्बन्धी।

Gallicanism *गॅलिकनिज्म n.* फ्रांस का उप राष्ट्रीयतावाद जो गिरजे में पाया जाता है।

Gallice *-स adv.* फ्रांस में।

Gallicise *-साइज v. t. & v. i.* फ्रांसीसी संस्कृत में रङ्गना।

gallicism--*सिज्म n,* अन्य भाषा में फ्रांसीसी मुहावरों का प्रयोग।

galligaskins *गॅलिकिन्स n.* leggings. ऊंचे जूते; जूतों पर का खेल।

gallimaufry *मोफ्राइ n.* a miscellaneous gathering. मिली जुली सभा।

gallinaceous *-नेशस adj* pertaining to domestic fowls. पालतू मुर्गियों सम्बन्धी।

gallinazo *-नाजो n.* a kind of vulture. एक प्रकार का गीध या बाज।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

galling -*इंग adj.* giving trouble; causing annoyance. कष्ट देने वाला; तंग करने वाला।
gallingly -*इंगली adv.* कष्ट देते हुए; तंग करने के ढंग से।
gallinule -*न्यूल n.* a hen lives in water. जल में रहने वाली एक मुर्गी।
gallio -*योn.* a carefree person by nature मनमौजी; मस्तमौला।
galliot -*यटn.* an old type of cargo boat. पुराने जमाने की एक माल ढोने की नाव।
gallipot -*पॉट n.* a small cup for keeping medicines. दवा खाने की छोटी सी प्याली।
gallise -*स v. t.* to dilute the wine to bring it to standard. मदिरा में जल डाल कर उसे नियत स्तर पर ले आना।
gallium -*यम n.* an element of mentallic nature. एक रासायनिक तत्व जो धातिक प्रकार का होता है।
gallivant -*वॅण्ट v.t.* to waste in wandering घूमने फिरने में समय व्यर्थ खोना।
gallivat -*वॅट n.* a kind of masted boat. दो मस्तूलों वाली एक प्रकार की नाव।
galliwasp -*वास्प n.* a kind of insect. एक प्रकार का कीड़ा।
gall-less -*लॅस adj.* having no rancour. जिसमें कोई झगड़ा टंटा न हो।
gall nut -*नट n.* a nut from which ink is made. माजूफल के समान एक गुठली जिससे स्याही बनती है।
galloglass *गॅलोग्लास n.* a soldier of Ireland. आयरलैण्ड का सैनिक।
gallomania -*मॅनिया n.* a mania in French culture. फ्रान्सीसी संस्कृति का शौक या धुन।
gallon *गॅलन n.* a measure for liquids. द्रव पदार्थों का एक माप।
galloon *गॅलून n.* a kind of lace woven in narrow fashion. बुना हुआ संकरा सा फीता।
gallooned *गॅलूण्ड adj.* जिस पर संकरा बुना हुआ फीता लगा हुआ हो।
gallop *गॅलप n.* fast speed of horse. घोड़े की तेज चाल; *v. t.* to run as if in gallop. घोड़े की तरह तेज चाल से दौड़ना।
gallopade *गॅलोपेड n.* a kind of dance. एक प्रकार का नाच।
galloper *गॅलपर n.* तेज चाल से चलने वाला; तेज दौड़ने वाला।
galloping -*पिङ्ग n.* तेज भागने या चलने की क्रिया; सरपट चाल; *adj.* तेज दौड़ता हुआ।
Gallophile *गॅलोफाइल n.* one who is friendly to France. ऐसा व्यक्ति जो फ्रान्स का प्रशंसक हो।
Gallophobe *गॅलोफोब n.* one who is not friendly to France. ऐसा व्यक्ति जो फ्रान्स का विरोधी हो।
Gallophobia *गॅलोफोबिया n.* फ्रान्स देश तथा उसकी संस्कृति के प्रति विरोध भावना।
gallow *गॅलो v. t.* to frighten (used by Shakespeare.) डराना; भय उत्पन्न करना।
Galloway *गॅलोवे n.* a ponny horse of small size. छोटे कद का घोड़ा; टट्टू।
gallows *गॅलोज n.* a structure on which criminals are hanged. अपराधियों को फांसी देने का तख्ता।
gallows bird -*बर्ड n.* फांसी देने के योग्य व्यक्ति
gallows free -*फ्री adj.* जो फांसी पाने के आतङ्क से मुक्त हो।
gallows lee -*ली n.* वह स्थान जहां अपराधियों को फांसी दी जाती है।
gallows maker -*मेकर n.* फांसी का चौखटा बनाने वाला।
gallowsness -*नेस n.* reckless nature. निडरता का स्वभाव; असावधानी।
gallows ripe -*राइप adj.* जिसे फांसी दी जाने वाली हो।
gallows tree -*ट्री n.* फांसी देने का चौखटा।
gall stone *गॅल स्टोन n.* concretion in gall bladder. पित्ताशय की पथरी।
gall wasp *गॅलवास्प n.* a kind of insect. एक प्रकार का कीड़ा।
gally *गॅली v. i.* to scare; to doze. घूरकर देखना; विस्मित होना।
gally baggar *गॅली बगर n.* a scare crow. पक्षियों को डराने के लिए खेत में लगाया पुतला।
galoot *गलूट n.* (1) a clumsy fellow. (2) a soldier. (१) भद्दे आकार का व्यक्ति; (२) सैनिक।
galop *गॅलप n.* a kind of dance in rounds. एक प्रकार का चक्कर वाला नाच। *v.i.* to dance in galop fashion. उक्त नाच को करना।
galopin *गॅलपिन* (French) *n.* a petty servant; a cook. छोटा नौकर; रसोइया।
galore *गॅलेर n.* plenty of anything. किसी वस्तु की बहुतायत। *adv.* बहुतायत के साथ।
galosh -*श n.* a rubber covering for the shoes in rains. वर्षा ऋतु में जूते को सुरक्षित रखने का रबड़ का खोल।
galravage *गॅलरवेज n.* a merry making in noisy manner. उपद्रवी ढंग से आनन्द समारोह। *v. i.* to enjoy like this. इस प्रकार आनन्द करना।
galumph -*म्फ v. i.* to march in exulting manner. शान के साथ चलना।
galvanic -*वॅनिक adj.* बिजली की शक्ति के उत्पादन सम्बन्धी।
galvanisation -*नाइजेशन n.* coating with metal with the help of electric method. बिजली की सहायता से धातु का पानी चढ़ाने की प्रणाली।
galvanise -*नाइज v. t.* बिजली की सहायता से धातु को पानी चढ़ाना।
galvanised -*नाइज्ड adj.* coated with zink जिस पर जस्ता चढ़ा हो।
galvaniser -*नाइजर n.* बिजली का करंट नापने का एक यन्त्र।
galvanism -*निज्म n.* electricity produced by chemical method. रासायनिक क्रिया से उत्पन्न बिजली।
galvanometer-*नोमीटर n.* बिजली के करंट को नापने का यन्त्र।
galvanometry -*मीट्री n.* बिजली का करंट नापने की विद्या।
galvanoplastic -*प्लास्टिक adj.* बिजली के द्वारा चढ़ाई गई धातु।
galvanoplasty -*प्लास्टी n. adj.* बिजली के द्वारा धातु चढ़ाना।
galvanoscope -*स्कोप n.* बिजली के करंट का पता लगाने का एक अत्यन्त सूक्ष्म यन्त्र।
gam *गॅम n.* a group of whales. व्हेल मछलियों का जत्था।
gamash -*श n.* a kind of legging. एक प्रकार के घुटनों तक के जूते।
gamb *गॅम्ब n.* fore legs of a beast. पशु की टांग की अगली पिंडली।
gamba *गॅम्बा n.* an organ. एक प्रकार का बाजा।
gambado *गॅम्बडो n.* leap of a horse; fantastic movement. घोड़े की छलांग; जोर की छलांग।
gambeson *गम्बेसन n.* a leather coat. चमड़े का कोट।
gambet *गम्बेट n.* a sand piper. सैण्ड पाइपर नामक बाजा बजाने वाला व्यक्ति।
gambir *गॅम्बीर n.* a substance used in tanning and dying. चमड़ा तैयार करने और रङ्गने में प्रयुक्त एक विशेष पदार्थ।
gambit *गॅम्बिट n.* an initial move with trickery (specially in chess.) चाल बाजी के साथ की गई कोई पहल (विशेषत: शतरंज में)
gambit pawn -*पॉन n.* चालाकी से पहल करने में जान बूझ कर मरवाया गया शतरंज का मोहरा
gamble *गॅम्बल v. t.* to play games of chance by staking money. रुपये को दांव पर लगा कर जूआ खेलना।
gambler -*लर n.* जुआरी।
gambling house -*हाउस n.* जुआ खेलने का स्थान; जुआघर।
gamboge *गॅमबोज n.* a yellow kind of gum pigment. पीला रोगन जो गोंद के समान चिपकता है।
gambol *गॅम्बोल n.* a dance; a leaping. नाच; खेल कूद, उछाल। *v. i.* नाचना; उछलना; कूदना।
gambrel *गॅम्ब्रेल n.* (1) angle of horse's hind leg. (2) hooked stick. (१) घोड़े के पिछले पैर की गुमटी; (२) मुड़ी हुई लकड़ी।
gambrel roof -*रूफ n.* मुड़ी हुई लकड़ियों को अटका कर बनाई गई छत।
gambroon *गॅम्ब्रून n.* a kind of cloth. एक विशेष प्रकार का कपड़ा।
game *गेम n.* (1) sport. (2) joke. (3) trick. (4) hunting. (5) hunted animal. (१) खेल; क्रीड़ा, (२) मजाक; हास्य; (३) चाल; छल; (४) शिकार; (५) शिकार किया हुआ पशु।
big game : बड़ा शिकार या पशु।
die game : to keep coverage upto end. अन्त तक साहस रखना।
make game of : हंसी उड़ाना।
play a waiting game : जहां तक हो अन्त तक कार्यवाही को टालना।
play a game : to act in fair manner. ईमानदारी से व्यवहार करना।
red game grouse : शिकायत तथा असन्तोष की भावना से काम।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

round game : a game in which number of players is not fixed. ऐसा खेल जिसमें खिलाड़ियों की संख्या निश्चित न हो।
the game is not worth the candle : इस पर इतना व्यय या परिश्रम करना व्यर्थ है।
the game is up : scheme has failed. योजना असफल रही।

game bag *गेम बैग n.* शिकार रखकर लाने का थैला।
game chicken *-चिकन n.* ऐसे मुर्गे जो लड़वाने के लिए पाले जाते हैं।
game dealer *-डीलर n.* शिकार बेचने वाला।
game fish *-फिश n.* ऐसी मछलियां जिनको कांटे से पकड़ा जाता है।
game keeper *-कीपर n.* शिकार वाले पशु रखने वाला।
game laws *-लॉज n.* शिकार सम्बन्धी कानून।
game licence *-लाइसेंस n.* शिकार करने का लाइसेंस।
gamly *-ली adv.* खेल या शिकार के रूप में।
game ness *गेम नेस n.* खेल या शिकार की भावना।
game preserve *-प्रिजर्व n.* शिकार के लिए पशुओं को रखने का स्थान।
game preserver *-प्रिजर्वर n.* शिकार के पशुओं को रखने वाला।
game some *गेम सम adj.* जिसे खेल का शौक हो।
game someness *-समनेस n.* खेल का शौक।
gamester *-स्टर n.* one fond of gambling जुआ खेलने का शौकीन व्यक्ति।
gametal *गमेटल n.* मैथुन से उत्पन्न रजाणु या वीर्याणु से सम्बन्ध।
gamete *गमेट n.* a sexual reproductive cell. मैथुन से उत्पन्न वीर्याणु या रजाणु जिससे जीवोत्पत्ति होती है।
game tenant *-टेनेंट n.* जिसने कोई क्षेत्र शिकार के लिए किराये पर लिया हो।
gametic *-टिक adj.* बीर्याणु या जीवाणु सम्बन्धी
gamic *गैमिक adj.* sexual. लैंगिक; यौन सम्बन्धी; मैथुन सम्बन्धी; मैथुन से उत्पन्न।
gamin *गैमिन n.* a mischievous imp. शरारती भूत या राक्षस।
gaming *गेमिंग n.* gambling. जुआ; धून।
gaming house *-हाउस n.* जुआ खेलने वालों का अड्डा।
gaming table *-टेबल n.* जुआ खेलने के लिए प्रयुक्त मेज।
gamma *गम्मा n.* third letter of Greek alphabet. यूनानी वर्णमाला का तीसरा अक्षर।
gammadion *गॅमडियन n.* (also gammation) a figure containing gammas as for example swastika. गैमा की आकृतियों से बनी हुई बड़ी आकृति जैसे स्वास्तिक।
gamma rays *गॅमारेज n.* a kind of x-rays. एक्स-रे के समान किरणें।
gammer *गॅमर n.* an old woman. वृद्धि स्त्री; बुढिया।
gammerstang *गॅमर्सटन्ग n.* a tall ugly woman. लम्बी चौड़ी भद्दी औरत।
gammaxane *गॅमक्सन n.* a strong germ-killer. बहुत तेज दवा जो कीटाणुओं को नष्ट करने के काम आती है।
gammock *गॅमाक n.* fun and frolick. हंसी ठट्ठा; आमोद प्रमोद। *v. t.* हंसी ठट्ठा करना; आमोद प्रमोद करना।
gammon *गॅमन n.* (1) the thigh of the hog. (2) deception. (3) a kind of play (4) nonsense. (१) सुअर की जांघ (२) छल कपट (३) एक प्रकार का खेल (४) बकवास। *v.t.* to win the game of gammon. गैमन नामक खेल को जीतना।
gammoner *-नर n.* गॅमन का खेल खेलने वाला व्यक्ति।
gammoning *-निङ्ग n.* गॅमन के खेल को खेलने की क्रिया।
gamo *गॅमो prefix.* united or uniting in composition. उपसर्ग के रूप में 'संयुक्त' का अर्थ देता है।
gamogenesis *गॅमोजनसिस n.* reproduction by sexual union. मैथुन द्वारा उत्पत्ति।
gamopetalous *-पीटलस adj.* having united petals (flowers etc. in biology) (ऐसे पुष्प आदि) जिनकी पंखुड़ियां जुड़ी हुई हों।
gamp *गॅम्प n.* an umbrella (in slang) बोलचाल की भाषा में छाता या छत्र।
gampish *गम्पिश adj.* छाते के समान उभरा हुआ।
gamut *गॅमट n.* the whole series of the notes of music; the whole scope of anything. संगीत का पूरा सरगम; किसी वस्तु का पूरा क्षेत्र विस्तार।
ganch *गॅन्च v. t.* (also gaunch) to impale. सूली पर चढ़ाना।
gander *गॅण्डर n.* male of goose; a fool in slang; husband living away from wife. हंस; मूर्ख व्यक्ति; पत्नी से पृथक रहने वाला पति।
ganderism *-रिज्म n.* पुरुष-भाव; स्त्री से दूर रहने की क्रिया।
gandermonth *-रमन्थ* (also gandermoon) वह मास जिसमें पत्नी जापे के कार पति से दूर रहे
gander mooner *-मूनर n.* जिसकी पत्नी जापे के कारण बीमार हो।
gang *गॅन्ग n.* a group of persons engaged on a certain act *v. t.* & *v. i.* to associate in a gang; to form a gang; to go; to walk. जत्था; गिरोह; टोली; संघटन; जत्था या टोली बनाना या उसमें सम्मिलित होना; जाना; चलना।
gang-board *-बोर्ड n.* चलने का एक तख्ता।
gang-bye *-बाई n.* good bye. नमस्ते।
ganger *गॅर n.* a fast horse. तेज घोड़ा।
Gangetic *गॅन्जेटिक adj.* pertaining to Ganges. गंगा नदी सम्बन्धी।
gangliar *गॅन्गलियर adj.* (also ganglionic) pertaining to nerve centre. नाड़ी-केन्द्र से सम्बन्धित।
gangliate *-येट adj.* नाड़ी-केन्द्र से सूजन वाला; नाड़ी ग्रन्थि वाला।
gangliform *गॅन्गलीफॉर्म adj.* जो नाड़ियों के रूप वाला हो।
ganglion *गॅग्लियन n.* (*pl.* ganglia or ganglions) enlargement or knot of a nerve नाड़ी या नाली का सूज जाना; नाड़ी-ग्रन्थि।
gangmill *-मिल n.* saw-mill having a gangsaw. आरा मशीन जिसमें कई आरियां जुड़ी हुई हों।
gangrel *-रेल n.* a vagrant; a child who begins walking. आवारागिर्द; नया चलने वाला बच्चा।
gangrene *गॅन्ग्रीन n.* decomposition of flesh. मांस के सड़ने की क्रिया।
gangsaw *गॅन्गसॉ n.* a saw which has two or more blades. दो या दो से अधिक धारों वाली आरी।
gangsman *गॅन्गसमॅन n.* किसी कार्य करने वाली टोली का मुखिया; जमादार।
gangster *-स्टर n.* अपराधियों या गुण्डों की टोली का सदस्य।
gangsterism *-रिज्म n.* गिरोह या टोली बनाने का कार्य।
gang-there-out *गॅन्ग देयर आउट n.* a vagrant आवारा गिर्द घूमने वाला।
gangue *गॅन्ग n.* (also gang) a kind of rock. एक प्रकार की चट्टान।
gangway *-वे n.* a narrow passage on a ship. जहाज संकरा गलियारा।
ganister *गॅनिस्टर n.* (also gannister) a kind of stone. एक प्रकार का सख्त पत्थर।
gant *गॅन्ट* (also gaunt) *n.* yawn *v i.* to yawn. उबासी; जंभाई उबासी लेना; मुह फाड़ना
gantlet *गॅन्टलेट n.* (also gauntlet. हाथ पर पहनने का लोहे का दस्ताना।
gantlope *गॅन्टलोप n.* punishment of running given in military. सेना में दौड़ने की सजा।
gantry *गॅन्ट्री n.* (plural gantrise) a four footed stand on which barrels are kept, Railway signal. पीपों आदि के रखने का चार पायों वाला आधार; रेल का सिग्नल।
ganymede *गॅनीमीड n.* a cup bearer; a pot boy. प्याला या घड़ा लेजाने वाला।
gaol *जेल n.* a prison; a jail. कारागार; कैदखाना।
gaoler *जेलर n.* जेल या बन्दी गृह का बड़ा अधिकारी।
gap *गॅप n.* a gorge; a cleft *v. t.* छोटा सा छेद; दरार; दरार डालना।
gape *गेप v.i.* to open the mouth widely; to stare in surprise; to split. जंभाई लेना मुह बाह कर आश्चर्य से देखना; फाड़ना।
gaper *-र n.* जंभाई लेने वाला; आश्चर्य चकित व्यक्ति।
gape-seed *-सीड n.* वह व्यक्ति जिसकी ओर आश्चर्य चकित व्यक्ति देखता है।
gaping *गेपिङ्ग n.* जंभाई लेने की क्रिया; आश्चर्य की स्थिति।
gapingly *-ली adv.* जंभाई लेते हुए; आश्चर्य के साथ।
gapo *गॅपो n.* river side forest flooded sometimes. नदी के पास का वन जिसमें कभी कभी बाढ़ आती है।
gappy *गॅपी adj.* full of gaps. जिसमें बहुत सी दरारें हैं।
gap-toothed *-टूथ्ड adj.* जिसमें दांतों के बीच में

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जगह छुटी हो ।

gar *गार v. t.* to compel; to cause. बाध्य करना; कारण बनना ।

garage *गैरिज, गराज n.* a place where motors etc. are kept. गैराज या तबेला ।

garamond *गेरामॅान्ड n.* a kind of type face. एक प्रकार का छापने का टाइप ।

garb *गार्ब n.* dress; custumes. *v. t.* to put on clothes पहनने के वस्त्र; पहिनावा । कपड़े पहनाना ।

garbage *-बेज n.* refuse; filth, offal. मल आदि; गंदगी ।

garbage-man *-मन n.* dustman. मिट्टी कूड़ा ढोने वाला ।

garble *गॅबल v. t.* to select the best. सब से अच्छी वस्तु छांटना ।

garbler *गार्बलर n.* छांट कर बढ़िया वस्तु निकालने वाला व्यक्ति ।

garbler-ship *-शिप n.* छंटा हुआ जहाज ।

garbling *-लिंग n.* छांट कर बढ़िया वस्तु का निकालना ।

garboard *-बोर्ड n.* (also garboard-strake) planks on a ship. जहाज पर लगे हुए तख्ते

garboil *गारबॅाइल n.* uproar; disorder. शोरगुल, कोलाहल ।

gardant *-डैंट n.* a guard; protector. संरक्षक ।

garden *गार्डन n.* a piece of land for growing flowers, vegetable and fruit etc. फूल फल, और सब्जियां उगाने का उद्यान; बाग-फुलवारी ।

garden-city *-सिटी n.* ऐसा आदर्श नगर जहां हरियाली बहुत हो (जैसे नई दिल्ली है) ।

gardener *गार्डनर n.* बाग लगाने का शौकीन; माली; बागवान ।

garden-glass *-ग्लास n.* बाग में फूलों पर ढकने का शीशे का ढक्कना ।

garden-house *-हाउस n.* बाग में बना हुआ मकान; इन्द्रिय सम्भोग के लिये अलग बनाया हुआ मकान ।

gardening *-निंग n.* उद्यान लगाने की कला; माली का काम; बागवानी ।

garden-party *-पार्टी n.* बाग में दिया गया प्रीति भोज जिस में प्रायः चायपान होता है ।

garden stuff *-स्टफ n.* बाग की वह उपज जो भोजन के काम में आती है ।

garderobe *-रोब n.* an armour; a private room; a wardrobe. बारूदखाना ; कमरा ; बैठक; वस्त्र रखने की अलमारी ।

gardyloo *गारडीलू interj.* warning before throwing slops out of window. खिड़की से कोई वस्तु बाहर फैंकते समय की चेतावनी ।

gare *गेयर adj.* greedy; miserly. लालची ; कंजूस; लोभी ।

gargantuan *गॉरगॅन्टयूअन adj.* enormous ; eating very much like a giant. वृहद ; बड़ा; पेटू, राक्षस के समान ।

gargantuism *-इस्म n.* बहुत खाने का सिद्धान्त पेटूपन ।

gargantuist *-यूइस्ट adj.* बहुत खाने के सिद्धान्त में विश्वास रखने वाला ।

gargarise *गारगराइज v.i.* to make gargles. गरारे करना; कुल्ले करना । *v.t.* to cause to make gargles. गरारे करवाना ।

gargarism *-गरिज्म n.* a gargle. गरारा; कुल्ला

garget *-गेट n.* inflammation of throat in man or animals. मनुष्य या पशु के गले का पकना ।

gargle *-गल v.t.* to wash the throat with a liquid. गले को साफ करने के लिए गरारे करना । *n.* liquid used for the purpose. गरारे करने के लिए प्रयुक्त द्रव औषधि ।

gargoyle *-गोएल n.* a beautiful spout projecting from gutter for throwing rain water. बरसाती पानी के लिए परनाले के साथ लगी हुई सुन्दर आकृति ।

garial *गरियाल n.* an Indian crocodile. 'घड़ियाल' शब्द का अपभ्रंश ।

garibaldi *-बाल्डी n.* women's loose blouse स्त्रियों का ढीला ब्लाउस ।

garish *-श adj.* showy; pleasing in appearance. दिखावे में अच्छा; चमक दमक वाला ।

garishly *-शली adv.* दिखावा करने के ढंग से; चमक दमक के साथ ।

garjan *गर्जन n.* an Indian tree whose liqiud extract is used in cure of leprosy. भारत का पेड़ गर्जन जिसके काढ़े से कोढ़ का उपचार होता है ।

garland *गारलॅंड v. t.* to adorn with flowers. फूलों से सजाना; माला पहनाना । *n.* a wreath of flowers. फूलों का गजरा ; फूलों की माला ।

garlandage *-एज n.* मालाओं से बनाई गयी सजावट ।

garlandless *-लैंस adj.* जिसने माला न पहनी हुई हो ।

garlandry *-री n.* मालाओं का समूह ; 'मालाए' समूह रूप में ।

garlic *गार्लिक n.* a bulbous plant having strong smell and taste. लहसुन ।

garlic-mustard *-मस्टर्ड n.* लहसुन जैसी दुर्गन्द का एक पौधा ।

garlicky *-इं adj.* लहसुन के समान दुर्गन्ध या स्वाद वाला ।

garment *गार्मेन्ट n.* an article of dress ; outward clothing. पहनने का वस्त्र; पोशाक;

garmented *-ड adj.* जिसने पोशाक पहनी हुई हो

garmentless *-लेस adj.* नंगा; पोशाक न पहने हुए

garmenture *-र n.* clothing. वस्त्र ; पोशाक ।

garner *गार्नर n.* a godown for storing corn. खत्ती; अनाज का गोदाम *v.t.* to store in a garner. अन्न को खत्ती में भरना ।

garnet *गारनेट n.* a red mineral of which gems are made. एक लाल खनिज जो रत्न में होता है ।

garnetic *-नेटिक adj.* लाल खनिज रत्न के समान ।

garnierite *-नीयराइट n.* a compound containing silica; nickel. सिलिका तथा निकल वाला योग ।

garnish *-निश v. t.* to adorn; to decorate. सुसज्जित करना ।

garnishee *-निशी n.* a person warned not to pay money to another person who is indebted. ऐसा व्यक्ति जिसे यह चेतावनी दी गई हो कि वह अन्य व्यक्ति को धन न दे ।

garnisheement *-निशीमेंस्ट n.* धन न देने की चेतावनी ।

garnisher *-निशर n.* विभूषित करने वाला ; सजाने वाला ।

garnishing *-निशिंग n.* सजावट की क्रिया; सजाने का समान ।

garnishment *-निशिमेन्ट n.* अलंकार, सजावट के लिए पहनने का आभूषण ।

garnishry *-निशरी n.* सजावट; अलंकार ।

garniture *-निटयूर n.* dress; things of adorning; accessories. वेषभूषा; सजावट की वस्तु, सामान ।

garotte *गॅरोट n.* (also garrotte a method of executing. गला घोंट कर मार डालने का एक ढंग ।

garret *गॅरेट n.* a room on the top floor attick. *v. t.* to insert small pieces of stones for joining. छोटे छोटे पत्थर के टुकड़ों से जोड़ लगाना ।

garreted *गेरेटेड adj.* जिसके ऊपर एक छोटा सा चौबारा बना हो ।

garreteer *-टीयर n.* सबसे ऊपर की मंजिल के चौबारे में रहने वाला व्यक्ति ।

garret master *-मास्टर n.* a lock. master cabinet maker. ताले बनाने वाला; सन्दूक बनाने वाला ।

garrison *गॅरीसन n.* troops kept for defence of a fortress or town. किसी दुर्ग या नगर की रक्षा के लिये रखी गई सेना । *v. t.* to appoint soldiers for defence. रक्षा के लिए सिपाही रखना ।

garrison town *-टाउन n.* ऐसा नगर जहां फौज टुकड़ी स्थित हो ।

garron *गॅरन* (also garran) a small horse छोटा घोड़ा ।

garrot *-ट n.* a kind of duck living on sea. समुद्र पर रहने वाली विशेष प्रकार की बत्तख ।

garrotte *गॅरॉट* (also garotte) the punishment of strangling a convict till he dies. अपराधी को दण्ड के रूप में गला घोट कर मारने का कार्य स्पेन की प्रथा *v. t.* गला घोंट कर मार डालना या लूटने के लिए बेहोश कर देना ।

garrotter *गॅराटर n.* गला घोंटकर मार डालने वाला; जल्लाद ।

garrotting *गॅरोटिंग n.* गला घोंट कर मार डालने की क्रिया ।

garrulity *गॅरूलिटी n.* the habit of talking too much. बकवास करने की आदत; वाचालता ।

garrulous *-लस adj.* talking too much. वाचाल; बहुत बोलने वाला ।

garrulously *-लसली adv.* बहुत बकवास करते हुए

garrulousness *-लसनेस n.* बड़बड़ाहट; बहुत अधिक बकवास ।

garter *गार्टर n.* band worn near the knee for festening stockings. मोजे बांधने का घुटने के पास का फीता ।

garter king of arms *गार्टर किंग आफ आर्म्स n.* chief hearald of British Rule. अंग्रेजी साम्राज्य में एक बड़ा पदक ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

garter snake *-स्नेक n.* अमरीका में एक विष हीन सांप; अमरीका में एक विषैला नाग ।

garter stich *गार्टर स्टिच n.* सादी बुनाई या सिलाई ।

garth *गार्थ n.* a garden; a court yard. उद्यान; घर के आने का सहन या बरामदा ।

garvie *गार्वी n.* a small fish found in (Scotland.) स्काटलैंड में पाई जाने वाली एक छोटी मछली ।

gas *गॅस n.* a fluid of the form of air; an empty boasting. वायु के समान रूप वाला पदार्थ; हवाई बातें; बकवास; *v. t.* to talk boastfully; to poison with help of gas. शान मारना, डींग हांकना; गैस की सहायता से विष देना ।

natural gas : पर्वतों की चट्टानों में पाई जाने वाली एक प्रकार की वायु जिसमें कई गैसें सम्मिलित होती हैं ।

step on the gas : मोटर कार की चाल को बढ़ाना ।

gasalier *गॅसेलियर n.* गैस की नलियों का एक झाड़

gas bag *गॅस बॅग n.* गैस भरने का गुब्बारा; बातूनी आदमी ।

gas bottle *-बॉटल n.* गैस भरने का एक इस्पात का बर्तन ।

gas bracket *-ब्रॅकेट n.* गैस की नली जो दीवार से निकली हुई हो तथा प्रकाश करने के लिये प्रयुक्त होती हो ।

gas buoy *-बॉय n.* जल पर तैरने वाला एक गुब्बारा जिसमें थोड़ी सी गैस होती है जिससे एक दीपक सा जलता रहता है ।

gas burner *-बर्नर n.* गैस की बत्ती में गैस के निकलकर जलने का छोटासा छिद्र ।

gas carbon *-कार्बन n.* गैस के जलने से पैदा होने वाले धुंए से जमने वाला कठोर पदार्थ ।

gas coal *-कोल n.* वह कोयला जिससे गैस बनती है ।

gas coke *-कोक n.* गैस के भट्टे में बनने वाला कोक ।

Gascon *गॅस्कन n.* a boaster. शेखी बघारने वाला व्यक्ति ।

Gasconade *गॅस्कोनेड n.* the act of boasting. आत्मश्लाघा; शेखी; *v. i* to boast. शेखी मारना; आत्मश्लाघा करना ।

gasconader *-नेडर n.* शेखी मारने वाला ।

gascondenser *गॅसकन्डेन्सर n.* कोयले की गैस को तारकोल से अलग करने के लिए प्रयुक्त मशीन ।

gasconism *गॅस्कोनिज्म n.* शेखी मारने की आदत; आत्मश्लाघा ।

gas cooker *गॅसकुकर n.* गैस से भोजन बनाने की एक अंगीठी ।

gaseity *गॅसिइटी n.* गैस के समान होने का गुण ।

gas engine *-एन्जिन n.* गैस के द्वारा चलने वाला इंजन ।

gaseous *गॅसियस adj.* गैस के रूप में; द्रव या ठोस रूप में नहीं ।

gaseousness *गॅस n.* गैस के रूप में होने की स्थिति

gas escape *-एस्केप n.* गैस के निकलने का छिद्र

gas field *-फील्ड n.* ऐसा स्थान जहां प्रकृति से ही गैस होती है ।

gas filled *-फिल्ड adj.* गैस से भरा हुआ: वायु-पूरित ।

gas fire *-फायर n.* गैस से जलने वाली आग का चूल्हा ।

gas fired *-फायर्ड n.* गैस द्वारा नर्म किया हुआ या जलाया हुआ ।

gas fitter *-फिटर n.* गैस द्वारा प्रकाश के लिये जो फिटिंग करता है ।

gas fittings *-फिटिङ्ग n.* रोशनी के लिये लगाये गये गैस के नल ।

gas furnace *-फरनेस n.* गैस की शक्ति से जलने वाली भट्टी ।

gas globe *-ग्लोब n.* गैस की रोशनी पर लगाया जाने वाला बल्ब जो शीशे का बना होता है ।

gash *गॅश n.* a long cleft; a deep and long cut. लम्बी दरार; गहरा और लम्बा घाव । *v. t.* to make a deep wound. गहरा घाव करना; सख्त चोट पहुँचाना ।

gas heater *-हीटर n.* गैस से जलने वाला हीटर या अंगीठी ।

gas helmet *-हैमलेट n.* जहरीली गैस के प्रभाव से बचने के लिये पहनने का एक लोहे का नकाब या टोप ।

gashful *गॅशफुल adj.* frightful; dismal. भयानक; उदास ।

gashliness *-नेस n.* भयानकता; उदासी ।

gashly *ली adv.* भयानक रूप में; उदास ढङ्ग से ।

gas holder *-होल्डर n.* गैस भरने का एक बर्तन; गैस की टङ्की ।

gasification *गॅसीफिकेशन n.* वायु के रूप में परिणत करने की क्रिया ।

gasify *-फाइ v. i.* वायु के रूप में परिणत करना; गैस बनाना ।

gas jar *गॅस जार n.* रासायनिक प्रयोगों में गैस इकट्ठी करने का एक कांच का जार ।

gas jet *-जेट n.* गैस की एक शीशे की नली जिस के अन्त में आग की लौ जलती है ।

gasket *गॅस्केट n.* a small cord for tying the sails. पाल आदि बांधने की छोटी सी रस्सी ।

gaskins *गॅसकिन्स n.* breeches; wide hose; leggings. ब्रिरजिस; टागों पर बांधने की पट्टी ।

gas lamp *-लैम्प n.* गैस से जलने वाली बत्ती ।

gas light *-लाइट n.* गैस से की गई रोशनी ।

gas lime *-लाइम n.* गैस को साफ करने में प्रयुक्त होने वाला चूना ।

gas liquor *-लिकर n.* गैस के बनाने का द्रव मिश्रण जिसमें अमोनिआकी वस्तुएं प्रधान होती है

gas lit *-लिट adj.* गैस के प्रकाश से चमचमाता हुआ ।

gas main *-मेन n.* गैस को ले जाने वाला प्रधान नल ।

gas man *-मॅन n.* गैस की कम्पनी में काम करने वाला ।

gas mantle *-मैन्टल n.* गैस के बल्ब में लगी हुई एक जाली ।

gas mask *-मास्क n.* विषाक्त गैस से बचने के लिए मुख पर पहनने का एक टोप ।

gas meter *-मीटर n.* कितनी गैस काम आई यह नापने का एक यन्त्र ।

gas motor *-मोटर n.* गैस बनाने का एक यन्त्र ।

gasogene *गॅसोजीन n.* गैस से चलने वाला एक इञ्जन या यन्त्र ।

gasolene *गॅसलीन n.* (also gasoline) an inflammable liquid obtained from petroleum. पैट्रोलियम से निकलने वाला एक द्रव जो बहुत शीघ्र जलता है ।

gasometer *गॅसोमीटर n.* गैस के भरने या इकट्ठा करके रखने का बर्तन ।

gasometric *-मीट्रिक adj.* (also gasometrical) गैस नापने से सम्बद्ध ।

gasometry *-मीटरी* गैस के खर्च को नापने की कला या विद्या ।

gasp *गॅस्प v. t.* to catch breath with mouth kept open. मुख फाड़ कर सांस खींचना; हांफना । *n.* act of catching breath with open mouth. हांफने की क्रिया

gasper *गॅस्पर n.* a cheap cigarettee. सस्ती सिगरेट ।

gaspiness *गॅस्पीनेस n.* हांपने की स्थिति; घबराहट

gasping *गॅस्पिङ्ग adj.* हांफता हुआ: मुंह खोलकर सांस लेता हुआ ।

gaspingly *-ली adv.* हांफते हुए ढंग से; हांफने के रूप में ।

gas plant *-प्लाट n.* गैस बनाने का बड़ा यन्त्र ।

gas poker *-पोकर n.* आग जलाने के लिये प्रयुक्त गैस की एक नली ।

gaspy *गॅस्पी adj.* हांपता हुआ ।

gas retort *गॅस रिटार्ट n.* गैस बनाने के लिये गर्म कमरा ।

gas ring *-रिङ्ग n.* एक बड़ा छल्ला या घेरा जिसके बीच में गैस के निकलने के लिये छिद्र बने होते हैं

gas shell *-शॅल n.* एक प्रकार की वस्तु जो जलने पर विषाक्त धुआं देती है ।

gassing *गॅसिङ्ग n.* गैस द्वारा विष का विस्तार, गपशप ।

gas stove *-स्टोव n.* गैस से जलने वाली अङ्गीठी

gassy *गॅसी adj.* जिसमें गैस भरी हुई हो, गुब्बारे के समान फूला हुआ ।

gast *गॅस्ट v. t.* to frighten. डराना; अन्तकित करना ।

gas tank *-टेङ्क n.* गैस भरने की लोहे की टङ्की ।

gas tap *-टैप n.* गैस निकालने का नल जो घरों में लगा होता है ।

gas tar *-टार n.* कोलतार ।

gastero *गॅस्टरो prefix.* belly (in composition) उपसर्ग के रूप में पेट का अर्थ देने वाला शब्द ।

gastfull *-फुल adj.* frightening. डरावना; भयानक ।

gas tight *-टाइट n.* ऐसा सख्त कि उसमें से गैस न निकल सके ।

gastness *गॅस्टनेस n.* डर; भय; आन्तक ।

gastraeum *गॅस्ट्रेयम n.* under surface of body. शरीर की नीचे की तह ।

gastralgia *-ल्जिया n.* pain in belly. पेट का दर्द ।

gastralgic *गॅस्ट्रेलजिक adj.* पेट के दर्द से सम्बन्धित ।

gas-trap *-ट्रॅप n.* गन्दी हवा के निकलने का रास्ता ।

gastrectomy *गॅस्ट्रेक्टोमी n.* पेट के अंश का चीर फाड़ द्वारा निकाल देना ।

gastric *गॅस्ट्रिक adj.* pertaining to the mach. जठर संबंधी; पेट संबंधी ।

gastric-fever *-फीवर n.* typhoid. मि बुखार ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

gastritis गॅस्ट्राइटिस *n.* पेट के भीतरी भाग में सूजन का रोग।
gastrocnemius -मियस *n.* टांग का एक भाग।
gastrologer -लॉजर *n.* a cook. भोजन पकाने वाला रसोइया।
gastrological -जिकल *n. adj.* भोजन पकाने की विद्या से सम्बन्धित।
gastrology -लॉजी *n.* science of cookery. भोजन पकाने की विद्या।
gastronome -नोम *n.* judge of cookery. पकाने की विद्या का न्यायाधीश।
gastronomer -नोमर *n.* one who eats too much. बहुत खाने वाला; पेटू।
gastronomic -नॉमिक *adj.* अच्छे भोजन की कला सम्बन्धी।
gastronomist -नॉमिस्ट *n.* अच्छे भोजन की कला जानने वाला।
gastronomy -नॉमी *n.* art of good eating अच्छी प्रकार भोजन करने की कला।
gastrosoph -सॉफ *n.* भोजन करने की कला में निपुण व्यक्ति।
gastrosopher -सॉफर *n.* भोजन करने की कला का शास्त्र विशेषज्ञ।
gastrosophy -सोफी *n.* भोजन करने की कला या विज्ञान।
gastrotomy -टोमी *n.* making of opening to introduce food in stomach. पेट में भोजन डालने के लिये मार्ग बनाना।
gastrotomy-टोमी *n.* operation of cutting open the stomach. पेट चीरने की क्रिया।
gastrula -ट्रूला *n.* a stage of embryo. भ्रूण की गर्भ में एक स्थिति।
gastrulation -लेशन *n.* भ्रूण के बनने की विशेष क्रिया।
gas-turbine -बाइन *n.* गैस के जलने की एक मशीन।
gas water गॅस वाटर *n.* ऐसा जल जिसमें से गैस गुजारी गई हो।
gas well -वैल *n.* ऐसा कुआ जिसमें से प्राकृतिक गैस निकलती हो।
gas works -वर्क्स *n.* जलाने की गैस बनाने का कारखाना।
gat गॅट *n.* opening between banks· किनारों के बीच की खाड़ी।
gate गेट *n.* an opening for entrance or exit; a mountain pass; a way or passage. द्वार; फाटक; मार्ग; पहाड़ी दर्रा।
break gates : समय के बाद आकर प्रवेश करना।
ivory gate : यूनानी धर्म में वर्णित एक द्वार जिसमें से स्वप्न आते है।
stand in the gate : रक्षा करने का काम करना
gate crash गेटक्रॅश *v. t.* बिना बुलाए आकर घुस जाना।
gate crasher -र *n.* बुलाए बिना आया हुआ अतिथि।
gateau गाट् *n.* cake of special type. विशेष प्रकार की एक केक।
gated गेटेड *adj.* जिसमें द्वार लगा हो।
gate fine गेट फाइन *n.* समय पर कालेज में न पहुंचने पर लगाया गया जुर्माना।
gate house -हाउस *n.* द्वार के पास बनी हुई छोटी सी इमारत।
gate keeper -कीपर *n.* द्वारपाल; दरबाजे पर रहने वाला पहरे दार।
gate legged -लॅग्ड *adj.* ऐसी मेज जिसका एक पाया मुड़ जाता हो।
gate less -लेस*adj.* जिसमें दरवाजा न लगा हुआ हो; द्वारहीन।
gate man -मॅन*n.* द्वारपाल; आने वालों का स्वागत करने वाला।
gate post -पोस्ट *n.* द्वार के किवाड़ों को लटकाने का खम्भा।
gate tower -टावर *n.* द्वार पर बनी हुई छोटी सी मीनार।
gate vein -वेन *n.* पेट की बड़ी नाली।
gate way -वे *n.* द्वार; पथ; तोरण।
gather गॅदर *v.i.* & *v.t.* to collect or bring together; to pick up; to develop. इकट्ठा करना या एकत्रित होना; संग्रह करना; निष्कर्ष निकालना; चुनना; उन्नति करना।
gather breath -ब्रैथ *v. t.* थकावट के बाद दम लेना।
gatherer गॅदरर *n.* संग्रह करने वाला; चुनने वाला
gather ground -ग्राउण्ड *n.* सफलता प्राप्त करना।
gathering गॅदरिंग *n.* भीड़; सभा; जन समूह; फोड़ा।
gathering coal -कोल *n.* वह कोयला जो शाम को अंगीठी में डाला जाता है जिससे कि वह सवेरे तक सुलगती रहे।
gathering cry -क्राइ *n.* युद्ध के लिए इकट्ठे होने की घोषणा।
gathering ground *n.* सागर के तट का क्षेत्र।
gather one self together *v. t.* अपनी पूरी शक्ति बटोरना, जैसे कूदने से पहले करते हैं।
gather to a head *n.* पूरी तरह पक जाना या काम के लिए तैयार हो जाना।
gather way गॅदर वे *v. t.* जल पर प्रस्थान करना विशेषत: नली के ऊपर की ओर।
gating गेटिंग *n.* देर में आने पर दिया गया डण्ड।
gatling gun -लिंगगन *n.* a kind of regularly firing machine gun. एक प्रकार की बन्दूक जो लगातार गोलियां छोड़ती है।
gau गौ *n.* a district. जिला।
gauche गोश *adj.* clumsy; tactless. भद्दा; फूहड़।
gaucherie -री *n.* clumsiness; odd behaviour from social point of view. फूहड़ तरीके का वर्ताव।
gaucho गॉचो *n.*. a cow boy (Spanish word) गोपाल; ग्वाला।
gaucie गॉसी *adj.* (also gaucy; gawcy or gausy) jolly. खुश मिजाज; प्रसन्न।
gaud गॉड *n.* something showy; an ornament; *adj.* showy; brilliant in appearance. दिखावट की वस्तु आभूषण; दिखावे का; तड़क भड़क वाला।
gaudeamus गॉडेमास*n.* 'आओ आनन्द करें' का नारा।
gaudery गॉडरी *n.* an ornament. आभूषण सजावट का गहना।
gaudily गॅडीली *adv.* सजावट के साथ; दिखावे के ढंग से।
gaudiness गॉडीनेस *n.* तड़क भड़क; दिखावा, बाहरी शोभा।
gaudy गॉडी (*com.* gaudier and *super.* gaudiest) दिखावा करने वाला; भड़कीला।
gaudy day -डे *n.* आनन्द का दिन।
gaudy green -ग्रीन *n.* पीलापन लिये हुए हरियाली
gaudy night -नाइट *n.* आनन्द की रात, रंगीली रात।
gauge गेज *n.* a measure; capacity, extent; distance between the rails. एक माप; क्षमता; सामर्थ्य; विस्तार; रेल की पटरी का फासला; *v. t.* to measure with instrument. पैमाने से नापना।
gaugeable गेजेबल *adj.* जिसे नापा जा सके; नापने योग्य।
gauge glass गॉज ग्लास *n.* पानी की ऊंचाई बनाने की नली।
gauger गेजर *n.* नापने वाला।
gauging -जिङ्ग *n.* शराब आदि के पीपों का अधिकारियों द्वारा नापा जाना।
gauging rod -रॉड *n.* पीपों के अन्दर की वस्तु को नापने का एक यन्त्र।
Gaul गॉल *n.* ancient name for France. फ्रान्स का प्राचीन नाम।
gauleiter गॉलीटर *n.* district organisation of Nazi Party. नात्सी पार्टी का जिला सङ्गठन।
Gaulish गॉलिश *adj.* गॉल लोगों (प्राचीन फ्रांसवासी) की भाषा।
gault गॉल्ट *n.* ऐसी मिट्टी जिससे ईंटें बनती हैं।
gaulter गॉल्टर *n.* ईंटों की मिट्टी खोदने वाला मजदूर।
gaum गॉम *v.t.* to smear; to daub. चाटना; गन्दा करना।
gaumy गॉमी *adj.* गन्दा।
gaun गॉन *n.* Scot's form of going. जारहा
gaunt गॉन्ट *adj.* lean and haggard, thin. दुबला; पतला; कमजोर; कृशकाय; क्षीण बदन।
gauntlet -लेट *n.* a kind of punishment in army, a kind of iron glove used as armour. सेना में एक प्रकार का दण्ड; लोहे का दस्ताना जो कवच के रूप में पहना जाता है।
take up the gauntlet : किसी की चुनौती स्वीकार करना।
throw the gauntlet : किसी को चुनौती देना; ललकारना।
gauntleted गॉन्टलेटेड *adj.* लोहे का दस्ताना पहने हुए।
gauntlet guard गॉन्टलेट गार्ड *n.* तलवार का हत्था जिससे हाथ की रक्षा होती रहे।
gauntness -नेट *n.* state of being. दुबला पतला होना।
gauntry गॉन्ट्री *n.* a stand for barrels. पीपे आदि रखने की तिपाई।
gaup गॉप *v. t.* आश्चर्य के साथ मुहं फाड़कर देखना।
gaupus -स *n.* a silly person. मूर्ख व्यक्ति; बुद्धू।
gauss गॉस *n.* a measure of magnetic power. चुम्बक शक्ति को मापने का पैमाना।
gauze गॉज *n.* a thin fabric of cloth or yarn or even wire. महीन वस्त्र या धागों

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

की या तार की जाली ।

gauze winged *-विन्ड adj.* जिसके पंख जाली के समान हों ।

gauzy *गॉजी adj.* जो जाली के समान पतला हो जालीदार ।

gauage *गॉवेज n.* feeding by stomach tube. पेट की नली से भोजन कराना ।

gave *गेव n. p. t.* of 'give'. दिया प्रदान किया

gavel *-ल n.* the hammer used by auctioneer for striking when bid is accepted. नीलाम करने वाले की मुगरी जो बोली स्वीकार करने पर बजाई जाती है ।

gavel-kind *-काइंड n.* स्कॉटलैंड की प्रथा जिसके अनुसार भूमि का उत्तराधिकार बड़े पुत्र को ही न मिलकर सब पुत्रों को मिलता है ।

gavel-man *-मॅन n.* उक्त प्रकार के उत्तराधिकार से भूमि प्राप्त पुत्र ।

gavelock *गेवलॉक n.* a crow bar. पक्षियों को डराने का पुतला ।

gavial *गावियल aaj.* Indian crocodile. घड़ियाल का अपभ्रन्श ।

gavotte *गॅवोट n.* a kind of country dance एक प्रकार का देहाती नाच ।

gawd *गौड n.* an ornament (Shakespearean use). आभूषण ।

gawk *गॉक n.* a foolish person; one having awkward habits causing laughter. मूर्ख व्यक्ति; भद्दी तथा अजीब आदतों वाला व्यक्ति जिसे देखकर हंसी आये ।

gawkihood *गॉकीहुड n.* भद्दापन; मूर्खता; स्वभाव की विचित्रता ।

gawkiness *-नेस n.* भद्दा होने की स्थिति या भाव

gawky *गॉकी adj.* भद्दे आकार का; मूर्ख; ठिठोलिया; मसखरा ।

gawsy *गौसी adj.* jolly; happy. खुश; मिजाज मस्त ।

gay *गे adj.* light-hearted;merry-making प्रफुल्ल चित्त; आनन्दी स्वभाव वाला ।

gayal *-यल n.* a kind of ox. मुड़े सींगों का बैल 'गयेल' का अपभ्रंश ।

gayness *-नेस n.* आनन्द; प्रसन्नता ।

gay science *-साइन्स n.* art of poetry. कविता ।

gaysome *-सम adj.* आनन्दमग्न; प्रसन्नचित्त ।

gay-you *-यू n.* a small boat. एक छोटी सी नाव ।

gaze *-ज v.t.* to stare steady at one thing किसी वस्तु की ओर टकटकी लगा कर देखना; घूमना । *n.* a fixed look. टकटकी; दृष्टि टिकाने की क्रिया ।

gazebo *-जीबो n.* structure for seeing far off things. दूर की वस्तुएं देखने के लिए बनाया गया मचान ।

gazeful *-जफुल adj.* बहुत ध्यान से देखने वाला

gazehound *-जहाउंड n.* कुत्ता जो घूरता हुआ शिकार करता है ।

gazelle *-जेल n.* a small beautiful antilope. छोटा सुन्दर बारहसींगा ।

gazer *-जर n.* one who sees steadily. घूरने वाला ।

gazette *-जेट n.* an official news-sheet containing notices etc. सरकारी सूचनालय; गजट; राज-पत्र । *v.t.* to publish in gazette सरकारी गजट में छापना ।

gazetted *-जेटेड adj.* जिसका नाम गजट में छपा हो ।

gazetteer *-जेटियर n.* a geographical dictionary. भूगोल सम्बन्धी शब्द कोष।

gazogene *-जॉजीन n.* a machine for making soda water, lemon etc. सोडा, लैमन आदि बनाने की मशीन ।

gazon (gazoon) *-जन n.* fortifying people रक्षा करने वाले व्यक्ति।

gazy *-जी adj.* सुन्दर दृश्य; घूरने के योग्य; घूरने की आदत वाला ।

geal *जील v. t.* to freeze by cold. सर्दी से जम जाना ।

gealous *-स adj.* jealous. ईर्षा करने वाला; प्रतिद्वन्द्वी ।

gean *गीन n.* a kind of cherry जंगल में उगने वाला चैरी फल ।

geanticlinal *जीन्टीक्लिनल adj.* एक ओर झुकाव सम्बन्धी ।

geanticline *-क्लाइन n.* an anticline on large scale. बड़े पैमाने पर झुकाव ।

gear *गीयर n.* equipment;tools; machine parts; motor's connection for opearatating it. सामान , पुरजे; उपकरण ; मशीन के इंजन का अन्य पुरजों से सम्बन्ध । *v.t.* to start the machinery. मशीन को चलाना ।
to put out of gear : मशीन को खराब कर देना ।

gear-box *-बाक्स n.* गीयर बदलने की मशीन का डिब्बा ।

gear-case *-केस n.* बाइसिकल के गीयर के ऊपर का खोल ।

gear down *-डाउन v.t.* चाल कम करना ।

geare *-रे n.* same as 'gear.' सामान; पुरजा आदि ।

geared *-र्ड adj.* गीयर लगी हुई ।

gearing *-रिंग n.* दांतेदार पहियों का क्रम;सामान; बर्तन भांडा ।

gearless *-रलस adj.* जिसमें गीयर न लगा हो ।

gear wheel *-व्हील n.* मशीन को चलाने वाला दांतेदार पहिया ।

geason *गीसन adj.* rare; out of the way; extraordinary; wonderful. बहुत कम प्राप्त होने वाला; असाधारण; जो अधिक प्रचलित न हो; आश्चर्यजनक ।

geat *गीट n.* a hole in the mould for pouring metal in the process of casting. ढालने के समय सांचे में पिघली हुई धातु डालने का छिद्र ।

gebur *गेबूर, येबूर n.* a former who is tenant of landlord. ऐसा कृषक जो दूसरे जमीदार की भूमि को जोतता है ।

geck *गैक n.* a cheat; object of scorn. धोखेबाज; हास्य के योग्य व्यक्ति ।

gecko *गेको n.* lizard living in houses.घरों में रहने वाली छिपकली ।

ged *गैड n* the pike; the luce. भाला ; बर्छी

gee *जी n.* a horse; 'G' fit of perversity. घोड़ा; 'जी' अक्षर; पागलपन । *interj.* order to horse to go. घोड़े को चलने का आदेश देने का शब्द ।

geebung *-बंग n.* an Australian tree.आस्ट्रेलिया का वृक्ष ।

gee-gee *जी-जी n.* child's word for horse. घोड़े के लिए बच्चों का शब्द ।

gee-hup *-हप v. i.* (also gee-up) to go faster. तेज चलना ।

geese *गीज n.pl.* of goose.'बत्तख' का बहुवचन

gee-string *जी-स्ट्रिंग n.* (also G-string) अमरीका के आदिवासियों द्वारा कमर तथा टांगों के बीच में लंगोट के समान पहनने की रस्सी या पट्टी ।

Geez *गीज n.* the ancient language of Ethiopia. ईथोपिया की प्राचीन भाषा ।

geezer *-र n.* old and strange type of fellow. विचित्र प्रकार का बुड्ढा व्यक्ति ।

gegenschein *गॅगनशाइन n.* (german word) light seen opposite. the sun.सूर्य के सामने की दिशा में दिखाई देने वाला प्रकाश ।

gehenna *गिहेना n.* hell, place of torment. नर्क; यातना देने का स्थान ।

geiger-muller-counter *-काउन्टर n.* an instrument for detecting radio-activity. रेडियो प्रभाव का पता लगाने का यंत्र ।

geisha *गेशा n.* a Japanese dancing girl जापान की नर्तकी या वेश्या ।

geist *जाइस्ट n.* spirit, a dominating principle. भावना; आत्मा; प्रधान सिद्धान्त जो जीवन में अटल रहे ।

geitonogamy *जीटनोगमी n.* pollunation of flower. फूल का पराग प्रवाह ।

gel *जेल n.* a kind of jelly. एक प्रकार की चटनी ।

gelastic *जेलेस्टिक adj.* causing laughter. हास्यास्पद; हंसीयोग्य ।

gelatin *-टिन n.* (also gelatine) transparent animal substance prepared from skins. पशुओं के चमड़े से तैयार की गई सरेस ।

gelatinate *-नेट v. t.* (also gelatinies) आचार; चटनी बनाना; सरेस बनाना ।

gelatination *-नेशन n.* (also gelativise) आचार मुरब्बे चटनी तथा सरेस आदि बनाने की क्रिया या विधि ।

gelatinous *-टिनस adj.* सरेस के समान चिपचिपा ।

gelation *-शन n.* act of making a thing solid by pressing. किसी वस्तु को ठंडा करके ठोस बनाने की क्रिया ।

geld *गेल्ड v. t.* to emasculate. बधिया करना; नपुंसक बनाना ।

gelded *-डेड adj* वह पशु जिस से बधिया या नपुंसक बना दिया गया ।

gelder *-डर n.* बधिया बनाने वाला; नपुंसक करने वाला ।

gelding *-डग n.* बधिया बनाने की क्रिया; नपुंसकीकरण ।

gelidge *-लिड adj.* chilly; cold, ठंडा; शीतल; ठिठुराने वाला ।

gelidity *-डिटी n.* कड़ाके का जाड़ा; ठिठुराने वाली सर्दी ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

gelidly *-डली adv.* बहुत सर्दी की हालत में; अत्यंत शीत से ।
gelidness *-नॅस n.* अत्यंत कड़ी सर्दी; कड़ाके का जाड़ा ।
geligmite *गेलिग्नाइट n.* an explosive used in mining. खानों को खोदने में प्रयुक्त होनेवाला एक विस्फोटक पदार्थ ।
gelly *जेली adj.* (Spens.) चटनी के समान पिसा हुआ ।
gelosy *जेलेसी n.* old spelling of jealousy. ईर्षा; द्वेष; जलन ।
gelt *गेल्ट n.* a madman; money; profit; pay. पागल आदमी; धन; लाभ; वेतन ।
gem *जेम n.* a jewel or precious stone; anything of great value; best part. रत्न; मणि, हीरा; बहुमूल्य पदार्थ; श्रेष्ठ अंश । *v. t.* to adorn with jewels. हीरों से सजाना
gematria *गेमेट्रिया n.* a method of interpreting Hebrew scriptures. इब्रानी धर्म शास्त्रों के निर्वाचन की एक प्रणाली विशेष ।
gem cutting *जेम कटिङ्ग n.* रत्नों को काटने और चमकाने की कला ।
gemel *जेमेल n.* a twin जोड़ला बच्चा जो किसी अन्य बालक के साथ माता के पेट में रहा हो ।
gem engraving *जेम एन्ग्रेविङ्ग n.* रत्न पर खुदाई करने की कला ।
geminate *जेमीनेट v. t.* to repeat; to arrange in pairs. दोहराना; जोड़े के रूप में जमाना ।
gemination *-शन n.* दोहराव; दुगना करने की क्रिया ।
geminous *-नस adj.* जो वस्तु सदा जोड़े में रहे (ऐसी कली) ।
gemini (geminy) *जेमिनी n.* third sign of the Zodiac. मिथुन राशि ।
hacklet *-लेट n.* समुद्री चिड़िया।

hackmatack *-मटाक* an American larch. एक प्रकार का अमरीका का बबूल का वृक्ष।

hackney *-नी n.* a horse for general use esp. for hire; a prostitute. घुड़सवारी का टट्टू; रण्डी। *adj.* let out for hire; much used; mean. भाड़े पर दिया हुआ; बहुत इस्तमाल में लाया हुआ; नीच। *v. t.* to carry in a hackney coach;to use over much to make commonplace. बहुत इस्तमाल करना; साधारण स्थान देना।

hackneyed *-नीड adj.* devoted to common use; trite; dulled by over much use. सामान्य प्रयोग के लिए; सामान्य; जीर्ण।

hackney carriage, - coach *n.* भाड़े की गाड़ी।

hackney coachman *n.* भाड़े की गाड़ी चलाने वाला।

hackneyman *n.* घोड़ा या गाड़ी भाड़े पर देने वाला व्यक्ति।

hac lege (L.) इस अवस्था में।

had *हैड p.t. & p.p.* of have ; a Scot's form of hold.

haddock *-क n.* a kind of sea fish.एक प्रकार की मछली।

hades *हैडीज n.* the abode of the dead ; the underworld; hell.मृतात्माओं का निवास स्थान; पाताल; नरक; पाताल लोक।

had-i-wist *हैड-इ-विस्ट n.* vain regret; remorse. असफल पछतावा; पश्चाताप।

hadj, hajj *हज n.* a Mohammedan pilgrimage to Meca. मक्का के लिये मुसलमानों की तीर्थ यात्रा; हज।

hadji hajji *हाजी n.* हज करने वाला; हाजी; जैरुसमल की यात्रा करने वाला इसाई।

hadrome *हैड्रोम n.* (bot.) xylem. दारू; जाइलम।

hadrosaurus *-सॉरस n.* a thick lizard. एक मोटी छिपकली।

hae है a form of have. 'have' का रूप।

haecceitas *हैकसीटास n.* hereness and nowness. इन्दता; वस्तुता।

haem *हीम n.* the pigment combind with (also hem, heme) the protein in haemoglobin. हीमोग्लोबीन में प्रोटीन के साथ रङ्ग

haema *हीमा pref.* blood. 'रक्त' उपसर्ग रूप में

haemacyte *-साइट n.* a blood corpuscle. रक्ताणु।

haemadynamometer *-डाइनमोमीटर n.* an instrument for determining blood pressure. रक्तचापमापक यन्त्र।

haemal, hemal *हीमल adj.* of the blood or blood vessels. रक्त व रक्त नलिकाओं का

haemanthus *हीमनथस n.* a blood flower. रक्त पुष्प।

haematemesis *हीमाटेमेसिस n.* vomiting of blood from the stomach. आमाशय से रक्त वमन।

haematic *-टिक adj.* pertaining to blood. a medicine which acts on the blood. रक्त सम्बन्धी; रक्त युक्त; रक्त पर प्रभाव डालने वाली औषधि।

haematin *-टिन n.* (also hematin) the colouring principle in blood. रक्त में रक्तवर्ण का मुख्य पदार्थ।

haematite *-टाइट n.* (also hematite) a valuable iron ore often blood-red. बहुमूल्य लौह धातु; प्राय रक्त रङ्ग का; अयोरूचा

haemato *-टो pref.* 'रक्त युक्त' अर्थ में उपसर्ग

haematoblast *-टोब्लास्ट n.* a blood platelet. रक्त कृत; रक्तघट।

haematoid *-टॉइड adj.* blood like. रक्त समान; रक्त के वर्ण या आकृति का।

haematocele *-टॉसिल n.* (also hematocele) a cavity containing blood. रक्त गुहा; शोण गुहा।

haematogenesis *हीमाटॉजेनेसिस n.* blood formation. रक्त की बनावट; रक्त रचना।

haematology *-लॉजी n.* the science of blood. रुधिर विद्या।

haematolysis *-लाइसिस n.* (also haemolysis) breaking up of red blood corpuscles. लाल रक्ताणुओं का टूटना।

haematosis *-सिस n.* the formation of blood; conversion of venous into arterial blood. रक्त रचना; शिरा के रक्त का धमनी के रक्त में परिवर्तन होना।

haematoxylon *-जाइलॉन n.* दारू नामक वृक्ष।

haematoxylin *-जाइलिन n.* दारू वृक्ष से प्राप्त रङ्ग।

haematuria *-च्यूरिया n.* presence of blood in the urine; haemorrhagic discharge from the urinary organs. मूत्र में रक्त की उपस्थिति; मूत्र ग्रन्थियों से रक्त का निकलना।

haemin *हीमिन n.* हीमाटिन का क्लोराइड।

haemoconia *हीमाकोनिया n.* small colourless granules in the blood. रक्त में छोटे वर्णहीन कणिकाएँ।

haemoglobin *-ग्लाबिन n.* (also haemochrome) colouring matter of red corpuscles of blood. रक्त के कणों में के लाल परमाणु; वह पदार्थ जिसकी उपस्थिति से रक्त लाल वर्ण का होता है; आप्य-रक्तिमा।

haemophilia *-फिलिया n.* an hereditary disease marked by a tendency to excessive haemorrhage. एक पैतृक रोग जिस में बहुत ही रक्तस्राव की प्रवृत्ति होती है।

haemophiliac *-फिलियक n.* रक्त स्राव जिस व्यक्ति को होता है।

haemophthalia *-फथेलिया n.* effusion of blood in the eye. आंख में से रक्त का चूना; आंखे लाल रङ्ग की होना।

haemoptysis *-प्टाइसिस n.* spitting of blood from the lungs. फुफुसों में से थूक के द्वारा रक्त आना।

haemorrhage *-रेज n.* discharge of blood

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

from the blood vessels. रक्त नलिकाओं से रक्त का स्राव; रक्त स्राव।

haemorrhagic *-रैजिक adj.* रक्त स्राव सम्बन्धी

haemorrhoid *-राइड n.*(also hemorrhoid) a pile of the rectal mucous membrane. रक्त बवासीर; खूनी बवासीर।

haemorrhoidal *-राइडल adj.* रक्त बवासीर सम्बन्धी।

haemostat *-स्टेट n.* an instrument for stopping bleeding. रक्त को बन्द करने का यन्त्र।

haet, hait *हेट, हीट n.* (Scot.) a whit. लेश अणु; बिन्दु।

haffet *हैफ्ट n.* (Scot.) the side of the head; the temple; locks of hair on the temple. सिर का भाग; कनपटी; कनपटी के बालों की लटें।

haffle *हैफ़ल v. i.* to speak unintelligibly. अस्पष्ट बोलना; अबोद्धतया से बोलना।

haflin *-लिन n.* a half grown person; between boy and man. बच्चे और पुरुष के बीच की अवस्था।

halfnium *हाफ्नियम n.* (chem.) an element. एक तत्व; गाबातु।

haft *हैफ्ट n.* the handle of an instrument. मूठ; दस्ता। *v. t.* to set in a half मूठ लगाना।

hag *हैग n.* an ugly old woman; a witch. कुरूप वृद्धा स्त्री; डाइन।

haggard *हैगर्ड adj.* lean; hollow-eyed; wild-looking. *n.* an untamed hawk; a hag. दुबला-पतला; रूक्ष आकृति का। अनाड़ी बाज; वृद्ध कुरूपा; स्त्री।

haggardly *-ली adv.* कुरूपता से।

hagged *-ड adj.* डाइन के समान; कुरूप वृद्धा स्त्री के सदृश्य; रूक्ष आकृति का।

haggis *-गिस n.* भेड़ के हृदय, फुफ्फुस, यकृत से बनी तश्तरी।

haggish *हैगिश adj.* भद्दा।

haggish *हैगिश adj.* ugly; dirty. कुरूप; मलिन।

haggishly *-ली adv.* कुरूपता से; मलिनता से

haggriden *हैगरिड्न adj.* दुस्वप्न द्वारा सताया जाना; भूत ग्रसित।

hag ride *-राइड v. t.* डाइन से डरना।

hag seed *-सीड n.* डाइन की सन्तान।

hag taper *-टेपर n.* एक प्रकार का पौधा।

hag weed *-वीड n.* एक प्रकार का वृक्ष; इस वृक्ष का बांस।

haggle *-गल v. t.* to cut unskilfully, to mangle. वादविवाद करना, काटना, टुकड़े टुकड़े करना; झगड़ना। *v. i.* to be slow or hard in bargaining; to stick at trifles. सौदा खरीदने मेंदेर करना या खिचरिखिच करना; मामूली सी बात पर चिपकना।

haggler *-लर n.* मोल तोल करने वाला।

hagi *-हैगि*(sometimes हाजी) in composition holy; saint रचना में, पवित्र; धार्मिक; पुण्य।

hagiarchy *-आर्की n.* government by saints; the order of saints. सन्तों की सरकार; सन्तों का आदेश, हुक्म की आज्ञा।

hagio *-ओ* pref. holy, sacred. 'पवित्र'; 'धार्मिक' अर्थों में उपसर्ग।

hagiographa *याफा n.* बाइबिल की वे प्राचीन पुस्तकें जिन्हें कानून तथा नबी केअन्तर्गत सम्मिलित नहीं किया गया।

hagiographer *याफर n.* धर्म की पुस्तकें लिखने वाला; धर्म ग्रन्थ का लेखक; सन्त-चरित्र लिखनेवाला

hagiographic *-याफ़िक*; hagiographical *हैगिओग्राफिकल adjs* धर्मग्रन्थि सम्बन्धी।

hagiographist *हैगिओग्राफिस्ट n.* सन्तचरित्र वादी; सन्तों का चरित्रअध्यपन करने वाला।

hagiography *-याफी n.* सन्तों के चरित्रका अध्ययन; सन्तों का जीवन चरित्र तथा उन के विचार

hagiolater *हैगिओलेटर n.* सन्तों की पूजा करने वाला।

hagiolatery *-लेटरी n.* सन्तों की पूजा करने वाला; सन्तों में श्रद्धा रखने वाला।

hagiologic *-लॉजिक*, **hagiological** *लोजिकल adjs.* भक्त-चरित्रों से सम्बन्धित; सन्त-चरित्र सम्बन्धी।

hagiologist *-लॉजिस्ट n.* सन्त चरित्र लिखने वाला।

hagiology *-लॉजी n.* भक्त-माल; भक्त-चरित्र; सन्त चरित्र।

hagioscope *-स्कोप n.* पूजा की सामग्री के दर्शनार्थ गिरजा की दीवार तोड़कर बनाया मार्ग।

hag ridden *हैग रिड्न n.* दुःस्वप्न से ग्रसित; पिशाच से ग्रसित।

hah *हा intej.* विस्मय; दुःख; हास्य सूचक शब्द।

haha *हा interj.* representing laughter; an exclamation of surprise triumph or effort. हंसी का शब्द; आश्चर्यसूचक शब्द। *n.* the sound of laughter. हंसी की आवाज *v. i.* to laugh. हंसना।

haha *हाहा* haw haw. हॉ हॉ *n.* a sunk fence. तारों की कम गहरी बाड़।

haiduk, heyduck *हैडक n.* a brigand; a guerrilla warrior; a liveried servant. लुटेरा; डाकू; गुरिल्ला लड़ाई का वीर; पोशाक पहना हुआ नोकर।

haik, haick, haique, byk *हैक n.* an oblong cloth worn by Arabs on head and body. एक लम्बा कपड़ा जिसे अरब के लोग शिर और शरीर पर पहनते हैं।

haik *हैक n.* ईंट सुखाने का लकड़ी का ढांचा।

Haikh *हेक n. & adj.* an Armenian. आरमेनिया सम्बन्धी, का; आरमेनिया के निवासी, उनकी भाषा।

hail *हेल n.* frozen drops of rain or vapour; a call; greeting. ओला, शिलावृष्टि; पुकार; नमस्कार।(in a ball-game, a goal. गेंद के खेल में, गोल) *v.i.* to shower hail; to rain vigorously or abundantly. ओले पड़ना; लगातार बरसना। *v. t.* to score a goal; to salute. गोल करना; नमस्कार करना; अभिवादन करना। *interj.* of greeting or salutation. नमस्कार तथा आदर सूचक शब्द जयजयकार! शाबाश!

hail-fellow *adj. & n.* शीघ्र ही मित्रता करने वाला।

hail-from दूर से आने वाला।

hail-shot *n.* ओले की तरह की गोली लगाना।

hail-stone *n.* ओले की गेंद।

hail-storm *n.* शिलावृष्टि सहित आंधी।

haily *हेली adj.* ओलों से युक्त।

hain *हेन v. t.* (Scot.) to save, preserve; to spare. बचाना, सुरक्षित रखना; रक्षा करना, बचाना।

hained *हेन्ड adj.* रक्षा किया हुआ; बचाया हुआ

haining *हेनिंग n.* an enclosure. घेरा।

hainch *हेन्च n.* haunch. जंघा; नितम्ब।

hair *हेअर n.* one of the many fine, threadlike filaments that grow from the skin of an animal or human being, केश; बाल; रोआं; रोम।

hair-ball *n.*आमाशय में बालों का ठोस पन।

hair-bell *n.* एक प्रकार का फूल।

hair-bulb *n.*रोम-कूप।

hair-breadth *n.* एक बाल की चौड़ाई; बहुत थोड़ी दूरी; एक इंच का अड़तालिसवां भाग; अति अल्प अन्तर।

hair-breadth escape बाल बाल बच जाना।

hair-brush *n.* बालों के लिए ब्रुश।

hair-cell रोम-कोष।

hair-cloth *n.* बालों से बना हुआ कपड़ा।

hair-cut *n.* बालों की काट, छांट।

hair do *n.* बालों को सजाने का कार्य या ढंग।

hair dresser *n.* नाई; बालों को काटने, छांटने, के पेशे वाला व्यक्ति।

hair dressing *n.* बालों की सजावट।

hair eel *n.* जूं hair-follicle रोम-कूप।

hair grass *n.* एक प्रकार की बहुत ही नरम घास।

hairiness *हेअरीनेस n.* केशाच्छादितता।

hairless *लैस adj.* बिना बालों का गंजा; विकेश।

hairtine *n.* बालों की पंक्ति; लेस की बहुत ही उत्तम पंक्ति; बहुत ही नरम धारी वाला कपड़ा।

hair net *n.* औरतों के बालों के लिये जाल।

hair oil *n.* बालों के लिये खुशबुदार तैल।

hair pencil *n.* चित्रादि में प्रयुक्त बालों की छोटी सी ब्रुश।

hair pin *n.* बालों में लगाने की पिन। *adj.* सड़क के मोड़ का संकेत करने वाला 'U' की आकृति का चिन्ह।

hair powder *n.* बालों में छिड़कने वाला पावडर

hair raiser *n.* डरावनी कहानी।

hair restorer *n.* बालों को उगाने वाली औषधि गंजापन दूर करने वाली दवा।

hair seal *n.* रोमश जल व्याघ्र।

hair sensibility *n.* केशसंवेदन; रोम संवेदन।

hair shirt *n.* बालों का बना हुआ वस्त्र; गुप्तव्यथा

hair space *n.* छापे में कम्पोजीटरों द्वारा प्रयुक्त धातु की 'स्पेस' जो पतली होती है।

hair splitting *n.* बाल की खाल खींचना।

hair spring *n.* छोटी घड़ी की बालकमानी।

hair streak *n.* तितली विशेष।

hair tail *n.* मछली विशेष।

hair trigger *n.* बन्दूक आदि का घोड़ा जो बन्दूक के कुन्दे को छोड़ता है।

hair work *n.* बालों का काम, बालों से बनाया हुआ काम।

hair worm *n.* बालों का कीड़ा।

hairy *हेअरी adj.* of or like hair. केशाच्छा-

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

दित; बाल के समान; रोंवेदार ।
against the hair : स्वभाव के विरुद्ध; दाने के प्रतिकूल ।
a hair of the dog that bit him : थोड़ी सी मार से कष्ट उत्पन्न होना; रात की विलासता के बाद प्रातःकालीन गिलास; होम्योपैथिक दवा की मात्रा ।
to keep one's hair on : शान्त रहना ।
to lose one's hair on : क्रुद्ध होना ।
to make one's hair stand on डराना; आश्चर्य चकित करना ।
not to turn a hair : घबड़ाहट न दिखाना शान्त चित्त रहना ।
to put up the hair : बालों का सिर पर सजाना (लटकाना नहीं); कुमारित्व की अवस्था से सतीत्व की अवस्था पर पहुँचाना ।
to split hairs : बाल की खाल निकालना ।
to a hair, to the turn of a hair : पूर्ण रूप से; यथार्थरूपेण ।

hairst हेअर्स्ट *n.* harvest. फसल; लावनी ।
hairst rig *n.* खेत; फसल से पूर्ण खेत ।
haith हेथ *interj.* (Scot.) by my faith. 'विश्वास' सूचक अर्थ में अव्यय ।
hajj हज *n.* मक्का की यात्रा; हज ।
haggi -जी *n.* मक्का की यात्रा किया हुआ व्यक्ति; हाजी ।
hake हेक *n.* एक प्रकार की मछली; a wooden frame for drying bricks. ईंट सुखाने का लकड़ी का ढांचा ।
haken krewz हेकनक्रूज *n.* the swastika. स्वस्तिका ।
hakim *हकीम n.* a unani plysician. यूनानी हकीम; चिकित्सक ।
hakim*हाकिम n.* a judge or an official जज अधिकारी; हाकिम ।
Halachah, Halakha, Halacha *हलाहा,-का, n.* the legal element in the Midrash. मिदरास का कानूनी तत्व ।
halal *हलाल v. t.* to slaughter according to Mohammedan law. हलाल करना; मुस्लिम कानून के अनुसार हलाल करना ।*n.* हलाल किया हुआ पशु ।
halberd -बर्ड (also helbert) *n.* a weapon consisting of an axe and dagger fixed on a pole. एक प्रकार का गडांसा ।
halberdier -अर *n.* ऐसा गडांसा धारण करने वाला ।
halcyon -सीन *n.* एक कल्पित पक्षी जिस के विषय में यह प्रसिद्ध है कि वह समुद्र के तल पर घोंसला बनाती थी । *adj.* calm; peaceful; शान्त; शान्तचित; happy प्रसन्न ।
halcyon days शान्ति और प्रसन्नता का समय ।
hale हेल् *adj.* healthy; robust; sound of body, whole स्वस्थ; पुष्ट; हट्टा कट्टा; सम्पूर्ण *n.* welfare, सुधार ।
haleness -नैस *n.* स्वास्थ्यदायक; पुष्टता । *v.t.* to drag. घसीटना; खींचना ।
half हाफ *n.* (pl. halves) one of two equal parts of a thing; a half year term; a half-back; a halved hole in golf. आधा; छःमाही; अर्ध; खेल के बल्ले का आधा छोर; क्रिकेट के खेल में (हाफ-बैक) अर्ध-घुमाव । *adj.* having one of the two equal parts in complete, being in part *adv.* to the extent of one half; in part; imperfectly अर्द्धांशयुक्त; अपूर्ण; भाग में अर्द्ध रूप से; भाग में; अपूर्ण रूप से ।
half and half *n.* समान; समानानुपात *adj.* & *adv.* समान रूप में, समानुपात से ।
half ape *n.* एक प्रकार का बन्दर के समान पशु ।
half back *n.* फुटबाल में एक निश्चित स्थान व उस स्थान से खेलने वाला ।
half baked *adj.* अपूर्ण; अर्धविकसित; अर्ध बुद्धि
half-baptise *v.t.* गुप्त रूप से कम शीघ्रता से इसाईमत में प्रविष्ट (दीक्षित) करना ।
half-beak *n.* (zool) अर्ध-चंचु मछली ।
half-binding *n.* पुस्तक का पिछला भाग तथा कोनों की, जिल्द ।
half-blood *n.* सौतेला; भिन्नगर्भ; वैमातृक ।
half-blooded *adj.* भिन्न गर्भ वाला ।
half-board *n.* वायु के विरुद्ध जहाज चलाने के एक प्रकार की व्यवस्था ।
half-boot *n.* टखने के आधेभाग तक का जूता ।
half-bound *n.* जिस का आधा भाग चमड़े का हो
half bred *n.* अर्ध शिक्षित; दोगला; असभ्य ।
half-breed *n.* वर्ण संकर ।
half-brother *n.* सौतेला भाई ।
half-cap *n.* अर्ध-टोपी; एक प्रकार का अभिवादन
half-caste *n.* वर्ण संकर ।
half-cooked *adj.* आधा पका हुआ ।
half-crown *n.* 15×10 के आकार का कागज; आधा क्राउन मूल्य का सिक्का; ढाई शिलिंग ।
half-dead *adj.* मृतप्राय ।
half-dollar *n.* अमरीका का आधा डालर ।
half-done *adj.* अर्ध कृत; आधा पकाहुआ ।
half-door *n.* अर्धकपाट; आधा दरवाजा ।
half-dozen *n.e adj.* आधा दर्जन, छः ।
halfe-horsy *adj.* अर्ध रूप में घोड़े की आकृतिका
halfen *हाफन adj.* आधा; अर्ध ।
halfendeale *adv.* अर्ध रूप में ।
half-face *n.* पार्श्व दृश्य; अर्ध-मुख ।
half-faced *adj.* मुख का कुछ भाग दिखाई देना
half-hardy *adj.* शरद ऋतु को छोड़ कर खुली हवा में उगने वाला ।
half-hearted *adj.* निरुत्साह; उत्साह हीन ।
half-heartedly *adv.* निरुत्साह से ।
half-heartedness *n.* उत्साह हीनता ।
half–holiday *n.* अर्धछुट्टी ।
half-kertle *n.* एक प्रकार की औरतों की जाकेट ।
half length *n.* एक चित्र जिसमें शरीर का ऊपर का आधा भाग दिखाया गया हो ।
half life *n.* अर्ध जीवन ।
halfling, halflin *n.*अर्ध विकसित मनुष्य; बचपन तथा युवावस्था की आयु का पुरुष; चांदी का आधा पेन्स । *adj.* अर्ध-विकसित ।
halfings *adv.* आधा अपूर्ण रूप से; अर्ध रूपमें ।
half-grown *adj.* अर्ध विकसित ।
half imperial size 15इञ्च×22 इञ्च आकार का कागज ।
half loaf *n.* अर्ध माप का टुकड़ा ।
half mast *n.* आधा लहराता हुआ झण्डा जो मृत व्यक्ति के प्रति श्रद्धा रखने के लिए किया जाता है । *v. t.* झण्डे को आधा लहराना । *adv.* आधे लहराते हुए झण्डे की आकृति में ।
half measure *n.* अर्ध कार्यवाही; किसी कार्य की सिद्धि में अर्ध कार्यवाही ।
half moon *n.* अर्धचन्द्रमान; अर्धचन्द्र आकृति की वस्तु ।
half mourning *n.* अर्ध-शोक ।
half nelson *n.* कुश्ती में एक स्थिति; एक हाथ हाथ में हो और दूसरा हाथ गर्दन में हो ।
half note *n.* अर्ध-स्वर (संगीत में) ।
half one *n.* अर्ध-एक ।
half pay *n.* अर्ध-वेतन पर ।
half penny *n.* आधे पेनी का एक सिक्का; आधा पेनी । बहुत ही लघु ।
half pence *n.* आधा पेन्स (मूल्य में) ।
half pennyworth (also hap'orth) *n.* आधा पेन्स मूल्य; आधे पेन्स के मूल्य का सौदा ।
half plate *n.* अर्ध-तख्ती ।
half pound *n.* आधा पौंड (मूल्य में) । *adj.* आधा पौंड वजन ।
half pounder *n.* आधा पौंड की वस्तु या मछली; आधा पौंड का गोला फेंकने वाली बन्दूक ।
half price *n.* अर्ध-मूल्य । *adj.* अर्ध-मूल्य का । *adv.* अर्ध-मूल्य में ।
half rate scholar *n.* अर्ध-शुल्क छात्र ।
half round *n.* अर्ध–वृत्त आधा चक्कर ।
half royal *n.* एक प्रकार का मिल का तख्ता ।
half seas over *adj.* & *adv.* मध्य मार्ग से समुद्र का पार करना; अर्ध शराबी ।
half shell *n.* अर्ध-कठोर वस्तु ।
half shift *n.* गायन में हाथ का अर्ध स्थिति में होना ।
half silvered *n.* अर्ध-रजति ।
half sister सौतेली बहन ।
half speed shaft *n.* अर्ध-गति धुरा-दण्ड ।
half sovereign *n.* दस शिलिङ्ग की स्वर्ण-मुद्रा ।
half starved *adj.* अर्ध-भूखा; अपूर्ण-शक्ति का भोजन ।
half sword *n.* समीप से लड़ना; तलवार के आधे माप के फासले से लड़ना ।
half term *adj.* अर्ध-काल; कार्य के मध्य में ।
half text *n.* (also *adj.*) ग्रन्थ को आधे आकार में लिखना ।
half tide *n.* ज्वार भाटे की मध्य की स्थिति ।
half timber construction *n.* ऐसा मकान जिस में आधा काम लकड़ी का हो ।
half timbered *adj.* आधा लकड़ी का बना हुआ
half time *n.* मध्यान्तर; मध्य; समस्त समय का मध्य भाग । *adj.* मध्यान्तर में; मध्य में; आधे समय के लिए ।
half timer *n.* आधे समय काम करने वाला व्यक्ति ।
half-tint *n.* मध्य रङ्ग का ।
half-title *n.* पुस्तक के मुख्य पृष्ठ से पहले का छोटा पृष्ठ ।
half-tone *adj.* दानेदार ब्लाकों के द्वारा छापी गई तसवीर; ब्लाक बनाने की एक रीति जिसमें चित्र बिन्दुओं से बना देख पड़ता है; आधी आकृति ऐसे चित्रों में असली चित्र की सारी खूबियां आ जाती हैं । *n.* (गायन में) अर्ध-स्वर ।
half-transparent *n.* अर्ध-पारदर्श ।
half-truth *n.* यह विश्वास कि तत्व में सचाई है;

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ऐसा वक्तव्य जिसमें (कुछ) आंशिक सचाई हो।
half-volley *n.* अर्ध-शास्त्र वर्षा।
half-wave *n.* अर्ध-तरंग।
half-way *adv.* आधे रास्ते में; अपूर्ण रूप से। *adj.* मध्य मार्ग।
half-wit *n.* मूर्ख मनुष्य; मूर्ख व्यक्ति।
half-witted *adj.* मानसिक विकृति; मूर्ख बनाया हुआ।
half-year *n.* छः मास; अर्ध-वर्ष।
half-yearly *adj.* अर्ध-वार्षिक; षाण्मासिक। *adv.* वर्ष में दो बार।
n. अर्ध वार्षिक संस्करण; षाण्मासिक संस्करण।
cry halves : आधा मांगना; आधे पर अधिकार की मांग।
go halves : बराबर का भाग बांट लेना।
not half : आधा भी नहीं; कुछ भी नहीं।
halfa, alfa *अल्फा n.* a kind of North African grass. एक प्रकार की उत्तरी अफरीका की घास।
halfpace *n.* a landing step; a raised part of floor. सीढ़ियां; चबूतरा।
halibut *हेलिबट n.* (also holibut) a large flat fish. महापृथुमीन; एक बहुत बड़ी मछली विशेष।
halicoid *-कॉइड n.* (math) सर्पिलज।
halicore *-कार n.* the dugong. एक पशु विशेष
halide *हेलाइड n.* (chem.) a compound of a halogen with a metal. लवणेय।
halidom-इम *n.* holiness; a holy place or thing. पवित्रता; पवित्र स्थान या वस्तु।
halieutic *हेलि-यू-टिक adj.* pertaining to fishing. मछली पकड़ने के कार्य से सम्बन्धित।
halieutics *हेलि-यू-टिक्स n.* मछली पकड़ने के कार्य की कला।
haliography *हेलिऑग्राफी n.* a description of the sea. समुद्र का वर्णन।
haliotis *हेलि-यू-टिस n.* कर्ण सदृश्य शंख।
halite *हेलाइट n.* लवण की चट्टान।
halitosis *हेलिटॉसिस n.* दुर्गन्ध पूर्ण श्वास।
halitus *हेलिटस n.* वाष्प।
halitous *हेलिटॉस adj.* वाष्पीय।
hall *हाल n.* any large and spacious chamber or room the main building of a college; a public building with a big room, for meetings; a college dining room. बड़ा कमरा; शाला (संस्कृत) प्रशाला; सभा करने के लिए बहुत बड़ा कमरा; शाल; सभा स्थान; कॉलेज के भोजन का कमरा; सभा भवन।
hall-bed room *n.* प्रवेश द्वार के पास का सोने का कमरा।
hall door *n.* सामने का दरवाजा; सम्मुख द्वार।
hall of audience *n.* सभा भवन; सभामण्डप; दीवानखाना।
hall-mark *n.* प्रमाणांक; सोना या चांदी को प्रामाणित करने का चिह्न।
v. t. प्रामाणिक चिह्न लगाना।
hall, public सार्वजनिक भवन।
hall-moot *n.* जागीरदार की कचहरी।
hall way *n.* भवन का प्रवेश द्वार।
a hall a hall : नाच घर में स्थान न मिलने पर लोगों की पुकार; 'हाल' चाहिये। भवन में स्थान प्राप्ति के लिये उच्चारित शब्द विशेष।
bachelor's hall : स्त्रियों से रहित भवन।
library hall : सार्वजनिक भवन जहां हर व्यक्ति बिना किसी रोक टोक के आ जा सकता है।
hallal *हलाल n.* हलाल।
hallali *हलाली n.* बिगुल बजा कर बुलाने का संकेत करना।
hallaloo *हैल लूँ n.* halloo; a call to invite attention. ध्यान आकर्षित करने के लिए पुकार *interj.* an exclamation denoting encouragement; surprise. शाबास, आश्चर्य-सूचक अव्यय; अरे! अहो।
hallan *हेलन n.* (Scot.) a partition or screen between the door and fireplace in a cottage. किसी मकान के द्वार तथा अंगीठी के बीच पर्दा या विभाजन-पाट।
hallan shaker *n.* हृष्ट पुष्ट भिखारी।
halleflinta *हेल -फ्लिण्टा n.* चट्टान विशेष।
hallelujah, halleluiah *हेललूया* (also alleluia) *n. & interj.* आश्चर्यसूचक अव्यय जिसमें जय जयकार हो; ईश्वर स्तुति का गीत; इस शब्द पर आधारित सङ्गीत।
haller's tunica vasculosa अक्षावरण।
halliard *-यार्ड n.* झण्डे को लहराने या गिराने में प्रयुक्त रस्सी।
halling *हेलिङ्ग n.* नार्वे देश का नृत्य विशेष।
hallion, hallian, hallyon *हेलिअन n.* a lout, a lazy rascal. ग्रामीण मनुष्य; भद्दा आदमी; सुस्त दुर्जन व्यक्ति।
hallo, halloa *हलो* (also hullo) *interj.* an exclamation denoting encouragement; surprise. शाबास; आश्चर्यसूचक अव्यय; अरे! अहो! an exclamation for greeting. आदर सूचक अव्यय; *n.* a call to invite attention. आकर्षित करने के लिये पुकार; शब्द विशेष; *v. i.* to cry after dog; to raise an outcry. कुत्तों के पीछे चिल्लाना; चिल्ला उठना; *v. t.* to encourage with shouts; to call. ललकारना; पुकारना।
don't halloo till you're out of the wood जब तक तुम सुरक्षित हो तब तक चुपचाप रहो।
hallow *हैलो v.t.* to make holy; to sanctify; to consecrate; to reverence as holy. पवित्र करना; पूज्य मानना; पूजना; धार्मिक कार्य के लिये अलग रख छोड़ना। *n.* a saint. ऋषि; साधु।
halloysite *हेलोजाइट n.* खनिज धातु विशेष।
Hallstatt *हालस्टाट adj.* कांस्ययुग से लौह युग तक के समय का।
hallucinate *हैल्यूसिनेट v. t.* to produce a false impression on the mind. चित्त पर मिथ्या प्रभाव डालना; भ्रमित करना; माया जाल में फंसाना।
hallucination *-शन n.* दृग-विभ्रम; विभ्रम; भ्रान्ति; मरुमरीचिका; माया; इन्द्रजाल; मतिभ्रम;
hallucinative *-टिव*, **hullucinatory** *-टरी adj.* भ्रान्ति वाला; मायायुक्त; इन्द्रजाल; विभ्रमीय
hullucinosis *-सिनासिस n.* भ्रमोत्पादक विकृति।
hallux *-क्स n.* (*pl.* halluces) भेड़ी या पक्षी के पिछले पांव का अगला भाग।
halm *हाम n.* a straw. तृण; घास।
halma *हैलमा n.* लम्बी कुदाई; ५२६ वर्गों का एक प्रकार का खेल।
halo *हालो n.* (*pl.* halo(e)s) a luminous circle surrounding the sun or moon; a ring of light or a white; gold or silver disk encircling the head of christ; a saint etc.; any luminous circle. प्रभामण्डल; तेजोमण्डल; परिवेष; सूर्य तथा चन्द्रमा के चारों का ज्योतिर्मण्डल; क्राइस्ट या किसी साधु के सिर के ताज का मण्डल (क्रीट) जो सोने या चांदी का होता है; *v. t.* to surround with a halo. प्रभामण्डल से आवृत्त करना।
halo effect प्रभावशीलता।
halogen *हैलोजन n.* (chem.) one of the chemical elements allied to chlorine. लवणजन।
halogenate *हैलॉजनेट v. t.* to combine with a halogen. लवणजन युक्त करना।
halogenous *हैलजेनस adj.* लवणजनीय।
haloid *हैलॉइड n.* (chem.) a halide. **लवणेय** *adj.* resembling salt लवणाभ।
haloid acid *n.* लवणाभ-अम्ल।
halophile *हैलॉफिल* **halophilous** *-स adjs.* tolerant of salt; capable of living in salt. लवण को सहन करने वाला; लवण में जीवित रहने योग्य।
halophyte *हैलॉफाइट n.* (bot.) a plant living in salt soil or salt water. **लवणोद्भिद्**; लवणप्रिय।
halophytic *-टिक adj.* लवणोद्भिद्नीय।
halse *हॉल्स* (also hause; hawse) *n.* (obs) the neck; the throat; a connecting ridge. गर्दन; गला; पहाड़ों की श्रेणी को मिलाना *v. t.* to embrace; to salute; greet. छाती से लगाना अभिवादन करना।
halse-bone *n.* कण्ठास्थि।
halse-lock *n.* भेड़ की गर्दन की ऊन।
halser *हॉल्सर n.* लपेटने की तार या रस्सी।
halt *हाल्ट v. i.* to stop; to limp; to hesitate to come to a standstill; to be at fault. ठहराना; लंगड़ाना; आगा पीछा करना; उसी स्थान पर आना; दोषी होना *v. t.* to cause to stop. ठहराना *n.* a standstill; a stopping place; a railway station; not fully equipped; act of limping; an impediment in speech. विश्राम; पड़ाव विराम; स्थान; ठहरने की जगह; विश्राम स्थान; ऐसा रेल्वे स्टेशन; जो पूरा न हो, पर जहां गाड़ी ठहरती हो; लंगड़ाहट; भाषा में विराम *adj.* lame crippled. लंगड़ा।
halter *हाल्टर n.* ठहरने वाला; घोड़े को बांधने की रस्सी; अपराधियों को फांसी देने की रस्सी। *v. t.* घोड़े को रस्सी से बांधना; अपराधी को रस्सी से लटकाना।
halteres *-रस n. pl.* मक्खियों के पिछले पर।
halting *हाल्टिंग n. & adj.* hesitating आगा-पीछा करने वाला।
halting allowance विराम-भत्ता; रुकने का भत्ता।
haltingly *हाल्टिङ्गली adv.* रुकावट के साथ; विराम से।
halve *हाव v. t.* to divide into two equal

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

parts; in carpentary; to join by cutting away half the thickness of each. दो समान भागों को विभक्त करना; बढई के काम में; दो भागों का समान भाग छीलकर मिलाना।

halver हावर *n.* समान करने वाला, अर्ध-भाग।

to halve a hole or match : समान रूप से छिद्र को बन्द करना।

to go halve : समान भाग प्राप्त करना या बांटना।

halyard, halliard हैलयर्ड *n.* a rope for hoisting or lowering; a flag; sail or yard. पाल व झण्डा लहराने या उतारने की रस्सी

ham हैम *n.* the back of the thigh; the thigh of an animal; an actor who overacts; overacting. जांघ का पिछला भाग; किसी पशु की जांघ; वह पात्र जो अधिक अभिनय करता है; अभिनय में आधिक्य।

hamadryad -ड्रयर्ड *n.* a wood-nymph believed to live in a tree and die with it; (zool.) the Indian king cobra; a large baboon of Abyssinia. एक जङ्गल की अप्सरा जो; विश्वास किया जाता है; एक वृक्ष में रहती थी और उसी के साथ मर गई; भारतीय सांपों का राजा; नागराज; अबीसीनिया का एक बड़ा बन्दर।

Hamamelis -मेलिस *n.* एक प्रकार का अमरीका का वृक्ष।

hamarthritis -आर्थराइटिस *n.* सभी सन्धियों में गठिया; सन्धि-शोथ।

hamartiology -आर्टियॉलाजी *n.* a section of theology which treats of sins. ईश्वर-विद्या का वह भाग जो पापों को दूर करने की व्यवस्था करता है।

hamate -मेट *adj.* hooked. टेढा।

hamble -म्बल *v. t.* to mutilate; make useless for hunting. कुत्ते के पांव की गेंद काट कर शिकार के अयोग करना। अङ्ग-भङ्ग करना।

Hamburg, Hamburgh -बर्ग *n.* a kind of black grape; a small blue legged domestic fowl. एक प्रकार का काला अंगूर; एक छोटी नीले पांव वाली घरेलू मुर्गी।

humburg (h) er -गर *n.* मुर्गी के मांस के बारीक टुकड़े; एक प्रकार की चटनी।

hame हेम *n.* घोड़े के मुँह के वक्र में से एक। (Scot.) home. घर।

hamewith -विथ *adv.* home wards. घर की ओर।

hamesucken -सुकन *n.* (Scots law) the assaulting of a man in his own house. मनुष्य के अपने घर पर आक्रमण करके पीटना।

hamfatter -फैटर *n.* तीसरे दर्जे का अभिनायक *v. t.* दोषित रूप में अभिनय करना।

Hamiltonian -ल्टनियन *adj.* हैमिल्टन सम्बन्धी अथवा इसका व्याकरण के बिना पढ़ाने का तरीका

Hamite -इट *n.* नो आह के पुत्र हैम की सन्तान; उत्तरी पूर्वी अफ्रीका की जाति का सदस्य और उत्तरी अफ्रीका के निवासियों की भाषा।

hamlet -लेट *n.* a small village. छोटा गांव छोटी बस्ती पुरवा।

hammal, hamal *hamāl n.* an Eastern porter. पूर्वी प्रतिहारी (द्वारपाल) कुली।

hammam *hamām n.* (also humam; hummaum, hummum) an oriental bathing establishment. नहाने का पात्र; हमाम।

hammer हैमर *n.* an iron instrument with a wood used for driving nails; heating metals etc; a device somewhat resembling hammer in shape; which strikes the ball in a clock; device worked by levers which strikes string of piano; wooden mallet used by auctioner to annouce that lot is sold; striking part gun-lock; heavy striking part of large machine raised and lowered by steam; used in metal work on a large scale; a small bone of the ear; the malleus. हथौड़ा; घन; हथौड़ी; मारतूल; मुग्दर; अयोघन: नीलाम करने की मुगरी; घण्टे की हथौड़ी जिससे समय की घण्टी लगती है; पियानो को बजाने के लिये साधन; बड़ी मशीनों के हथौड़े। *v. t.* to strike with a hammer; to form with a hammer; to strike with fists; to defeat in any contest by vigorous effort and attack; to work in the mind; to declare a stock exchange member; a defaulter. हथौड़े से ठोकना; हथौड़े से गढ़ना; मुक्के मारना; पूरे परिश्रम तथा आक्रमण द्वारा हराना; स्टाक-एक्सचेंज के सदस्य को प्रमादी घोषित करना; *v.i.* to wield a hammer; to make a noise as of a hammer. हथौड़े को काम में लेना; हथौड़े के समान शब्द करना।

hammer and tongs *adv.* भारी शोर तथा प्रचण्डता से।

hammer beam *n.* अयोघन-धरन।

hammer brace *n.* अयोघन-बन्धन।

hammer head *n.* अयोघन-शिर; ग्राह।

hammer headed *adj.* अयोघन शिर का; मूर्ख

hamering हैमरिंग *n.* & *adj.* हथौड़े की चोट।

hamerer हैमर-र *n,* लुहार।

hammerless -लैस *adj* हथौड़े के बिना; अयोघन रहित।

hammer man -मैन *n.* हथौड़ा चलाने वाला; लुहार।

knight of the hammer, लोहार।

to bring to the hammer: to come under the hammer बोली द्वारा बेचना। नीलाम करना।

ta go at hammer and tongs: बड़े परिश्रम से कार्य करना।

to hammer into: बार बार विचार करके तय करना।

to hammer out: परिश्रम से रचना करना।

hammock हैमक *n.* a kind of hanging bed for sailors. जहाजियों के लिये झूलने वाला पलंग।

hammose हैमॉस (also hamous) *adj.* hooked. टेढ़ा।

hamular -लर *adj.* like a small hook. टेढ़ा छोटे कांटे के समान (हुक)।

hamulus -लस *n.* हुक; कांटा।

hamper हैम्पर *v. t.* to impede; to derange to give a hamper to, रोकना; बेड़ी डालना विघ्न करना; झञ्झट में डालना। *n.*a shackle; a large basket, that which impedes. बेड़ी; बड़ी टोकरी; बाधा।

hampered हैम्पर्ड *adj.* प्रतिबद्ध; रोका हुआ।

hampering of growth उन्नति में बाधक।

hamshackle -शैकल *v.t.* to fasten a cow or horse by a rope joined to the head and forelegs. to fetter, गाय या घोड़े की अगली टांग को उस के सिर में रस्सी से बांधना, बेड़ी लगाना।

hamster -मस्टर *n.* एक प्रकार का चुहा।

hamstring -रिंग *n.* one of the tendons at the back of knee. मंदिर शिरा; घुटने के भीतर नस।

han हैन, 'have' का प्राचीन बहुवचन का रूप।

hanap हैनाप *n.* a large drinking cup. पीने का बड़ा प्याला।

hanaper -पर प्याले का वक्स।

hance हांस *n.* a curved rise from a lower to a higher part, an ore of smaller radius. वक्र जो नीचे से ऊपर को उठा हुआ हो; लघु त्रिज्य की चाप।

hanc veniam petimusque damusque vicissim (*L.*) स्वाधीनता हम चाहते हैं और बदले में स्वाधीनता प्रदान करते हैं।

hand हैण्ड *n.* the extremity of the arm below the wrist, a pointer of index; index of a clock; a measure of four inches; a division of a bunch of bananas; side; direction; a worker in a ship or factory; a performer; a doer; author; or producer; instrumentality; influence; style; skill; handiwork; touch; stroke; control; keeping; custody; possession; style of handwriting; sign-manual; pledge; consent to or promise of marriage; a game of cards; a round of applause. हस्त; हाथ; पाणि; कर; सूचक; सूची; सूई; चार इञ्च की माप; केले का डण्ड; ओर; तरफ; दिशा; जहाज या कारखाने में काम करने वाले; काम करने वाले; उत्पन्न करने वाला; लेखक; कारणत्व; प्रभाव पद्धति; कौशल; अधिकार; लेखनशैलि; हस्तलिपि; प्रतिज्ञा; स्वीकृति; ताश का खेल; ताली। *v. t.* to give with the hand; to join hands with; to pass with the hand; to escort; to transfer or deliver. हाथ मिलाना; हाथ से देना; पथ प्रदर्शित करना; रक्षा करना; बदलना या सौंपना।

at any hand : हर प्रकार से; किसी भी तरह।

at first hand : उद्गम (स्थान) से।

at hand : समीप; प्रारम्भ में।

at the hand of : कार्य से, हाथ से।

an old hand : अनुभवी व्यक्ति।

bear a hand : भाग लेना, सहायता प्रदान करना।

bloody hand : खूनी हाथ।

by hand : हाथ से; हाथ के द्वारा काम करना।

by the strong hand : शक्ति से; ताकत से।

change hands : दूसरे के अधिकार में देना।

come to hand : पहुँचना; स्वागत करना।

come to one's hand सरल पाना; समीप आना; सम्पर्क में आना।

for one's own hand अपने कारण से।

from hand to mouth बड़ी मुश्किल से; व्यय

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

के लिये पूर्व व्यवस्था न किये हुए जो कमाना सो खाजाना ।
get one's hand in अधिकार में लेना जिससे लाभ उठाया जा सके; अधिकार जमाना ।
good hands विश्वासनिय उद्गम; अच्छी तरह रखना; सम्हाल कर रखना; अच्छे हाथों में ।
hand and foot पूर्णरूप से; पूरी सावधानी से ।
hand and glove मित्रभाव से; पूरे सहयोग से; गहरी मित्रता ।
hand in hand साथ साथ ।
hand it to one दूसरे की योग्यता स्वीकार करना
hand of God ईश्वर के हाथ; दैवी; अदृश्य तथा अत्याज्य घटना ।
hand over hand एक हाथ से दूसरे हाथ देना; क्रम से बिना विचारे ।
hand over head लापरवाही से ।
hands down सरलता से ।
hand to hand हाथों हाथ; एक साथ; मुठभेड़ ।
in hand प्रस्तुत विषय; अधिकार में; तैयारी में ।
in any hand हर प्रकार से; किसी भी तरह ।
hollow of the hand हथेली ।
just to hand अभी मिला, अभी प्राप्त हुआ ।
lay hands on जप्त करना; प्राप्त करना; बुरा व्यवहार करना; अधिकार में करना ।
lay on hands जप्त करना; बुरा व्यवहार करना जप्त करना अधिकार में करना ।
laying on of hands आशीर्वाद ।
lend a hand सहायता देना ।
off one's and अधिकार में न रहना ।
off hand बिना विचारे, तुरन्त ।
old hand अनुभवी ।
on all hands : चारों ओर प्रत्येक व्यक्ति द्वारा; हर ओर से ।
on hand : तैयार; प्राप्त; अधिकार में ।
on one's hand : जिम्मेदारी ।
on the one hand , on the other hand : एक ओर, दूसरी ओर ।
out of hand : एकदम । अधिकार से बाहर ।
poor hand : अनाड़ी ।
red hand : खूनी हाथ ।
set one's hand to : नियुक्त करना; हस्ताक्षर करना; हाथ में लेना ।
show of hands : हाथ खड़े करके मत देना ।
show one's hand: दूसरे के उद्देश्य को खोलना नङ्गा करना ।
stand one's hand : दूसरे व्यक्ति की शराब के मूल्य का भुगतान करना ।
strike hands : अनुबद्ध करना ।
take in hand : हाथ में लेना ।
take off one's hands : मुक्त करना ।
to one's hand : तैयारी में; तैयार ।
to be handed down : परम्परा से आना ।
to come to hand : प्राप्त करना ।
to get the upper hand : विजयी होना ।
to hand : (हाथों में प्रस्तुत) ।
to have a hand in : सहायक होना ।
to have clean hands : निर्दोषी होना ।
to lay hand on : आरम्भ करना ।
to lend a hand : सहायता करना ।
to feed out of one's hand : आज्ञा मानना ।
to get out of hand : नियन्त्रण से बाहर होना; अधिकार से बाहर होना ।
to have in hand . जमा रखना; सुरक्षित रखना
to win hands down : आसानी से जीतना ।
to hand over : दूसरे के अधिकार में देना । सौंपना ।
to hand it to some : दूसरे को श्रेय देना ।
under one's hand : हस्ताक्षरों सहित अनुलग्न
wash one's hand : जिम्मेदारी से भागना ।
under hand : निन्दित; कपटी ।
to be on the mending hand : नीरोग होना
to clean hands : सहायता पहुँचाना ।
with clean hands : दोष रहित ।
under one's hand : हस्तगत ।
to play into another's hand : दूसरों के हाथों में खेलना; समर्पित करना ।
to take a hand : दूसरे के साथ मिल जाना ।

handbag *n.* हैण्ड बैग; हाथ में रखने का छोटा थैला या बैग ।
handball *n.* खेल में,गेंद का फेंकना और लपकना
hand-barrow *n.* हाथ से ढकेले जाने वाली ठेला गाड़ी ।
hand-bell *n.* हाथ से बजाने की घण्टी ।
hand-bill *n.* विज्ञापन पत्र; हस्त विज्ञप्ति; विज्ञापन ।
hand-book *n.* हस्थपुस्तिका ; पुस्तिका ; छोटी पुस्तक ।
hand(s)-breadth *n.* हाथ भर; हाथ के जितना फासला ।
hand-car *n.* रेल की पटरी पर हाथ से चलाने वाली गाड़ी ।
hand cart *n.* हाथ गाड़ी; हस्त शटक; रेढ़ी ।
hand craft *n.* हस्तशिल्प; दस्तकारी; शिल्पकारी; शिल्पकर्म ।
hand cuff *n.* हथकड़ी; हस्त निगड़ । *v. t.* हाथों में हथकड़ी डालना ।
hand-cuff be applied हथकड़ी लग जाय ।
handed *-ड adj.* हाथ का; हाथ सम्बन्धी; परस्पर
handedness *-डनैस n.* कारीगर ।
hander *–र* हाथों वाला; हाथ पर घूंसा लगना ।
handfast *n.* सगाई; चौकसी; संरक्षण; हैण्डल । *adj.* बद्ध; बन्धा हुआ; ब्याहा हुआ ।
handfasting *n.* सगाई; गुप्त विवाह ।
handfeeding *n.* हाथ से पशुओं को खिलाना ।
handful *n.* (*pl.* handfuls)मुट्ठी भर;थोड़ा सा; इनेगिने; बहुत कम ।
hand gallop *n.* साधारण सरपट दौड़ ।
hand glass *n.*पौधों की रक्षा करने वाला कांच का गिलास; हस्त कीच; हाथ का शीशा ।
hand-grenade *n.* हथबम; दस्ती अनार बम; हाथ से फेंकने वाला बम ।
hand'grip *n.* मुट; पंजा; पकड़; चंगुल ।(in *pl.*) समीप का संघर्ष ।
hand hold *n.* हाथ से पकड़ना; हाथ से पकड़ी हुई जगह या भाग ।
handicuffs *n. pl.* मुक्की लड़ना ।
hand-in-hand *adv.* सम्पर्क में; हाथ में हाथ, आपस में; साथ साथ ।
handicap हैंडीकैप *v.t.* to impose special disadvantages or impediments upon. विशेष प्रकार की असुविधा अथवा प्रतिबन्ध स्थापित करना ।*n.*a race competitionin which equal chances are given to competitors. एक प्रकार की घुड़दौड़ जिस में प्रत्येक प्रतिस्पर्धी को समान सुविधा दी जाती है; बाधा; रुकावट; अवरोध; रोड़ा; कमी ।
handicraft *-क्राफ्ट n.* शिल्प;दस्तकारी;हस्तशिल्प
handi craftsman *n.* शिल्पकार; दस्तकार;हस्तशिल्पकार ।
handily *adv.* तुरन्त; चतुराई से ।
handiness *n.* निपुणता; तत्परता ।
handiwork *n.* हाथ से किया हुआ काम ।
handkerchief हाथ का रुमाल; रुमाल ।
handle *-ल n.* हस्तक; दस्त; दस्ता; मुठिया । *v.t.* हाथ से पकड़ना; प्रबन्ध करना; अभ्यास करना ; बहस करना ।
handle-bar बाइसिकल का हैण्डल (मूठ) ।
handled *adj.* मूठवाला ।
handler *n.* मूठ पकड़ने वाला ।
handless *-लैस adj.* बिना हाथ का; हस्त रहित ; भद्दा ।
handling *n.* हाथ का कार्य; व्यवहार ; हाथ की क्रिया या चातुरी ।
a handle to one's name : उपाधि ।
hand-labour *n.* हस्त श्रम ।
hand lens *n.* हस्त वीक्षा ।
hand line *n.* छड़रहित मछली फंसाने की डोरी ।
handlist *n.* विस्तार रहित सूची ।
hand-level *n.* हस्त सम्तल ।
hand-loom *n.* हस्तवेम; हाथ से चलाने का करघा
handmade *adj.* हाथ का बना हुआ; हस्त-कृत ।
handmaid, handmaiden *n.* दासी; नौकरानी; चाकरिन ।
hand-me-down *adj.* तैयार किया हुआ; पुराना; पूर्व-निष्पन्न *n.*तैयार किया हुआ या पुराना कपड़ा
hand microphone *n.* हस्तग्राह्य अणु भाप; हस्तग्राह्य सूक्ष्म-ध्वनि उत्प्रसारक ।
hand mill *n.* हाथ से चलाने वाली पक्की; हस्तचक्की ।
hand off *n.* हाथ से फेकने का कार्य ।
hand organ *n.* a hurdy-gurdy. एक प्रकार का सारंगी नुमा बाजा ।
hand out *n.* सौपंना; संस्करण; तैयार किये हुये वक्तव्य का प्रेस में भेजना ।
hand paper *n.* हाथ का बना हुआ काग़ज ।
hand pick *v.t.* हाथ से उठाना; एक एक कर के चुनना ।
hand play *n.* मुक्के बाजी ।
hand post *n.* सड़क पर मार्ग दिखाने का चिन्ह ।
hand press *n.* हाथ से चलाने की छापे की कल; हस्त-प्रेस ।
hand promise *n.* सगाई के लिये बचन देना ।
hand rail *n.* पकड़ने का सीढ़ी का डण्डा ।
hand railer सीढ़ी के डन्डे का सहारा देने वाली वस्तु ।
hand receipt *n.* दस्ती रसीद ।
hand running *adv.* यथा क्रम, क्रम से ।
hand saw *n.* हस्त क्रकच; हाथ से चलाने वाली आरी ।
hand screen *n.* हाथ में पकड़ने वाला परदा ।
hand screw *n.* क्लेम्प; संधर; पाहूकोनिया, वजन उठाने वाला यन्त्र (जैक) ।
hand shake, handshaking *n.* हाथ मिलाना
hands *n.* व्यक्ति; उम्मीदवार ।
handsel हैण्डसेल *n.* (also hansel) a present of the new year; earnest money; the first sale; the first use of a thing. नववर्ष की भेंट; नववर्षोपहार; बयाना; साई का

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

रुपया; बोहनी; किसी वस्तु प्रथम व्यवहार। *v. t.* to do a thing for the first time; to inaugurate; to make a beginning on. किसी कार्य को पहली बार करना; उद्घाटन करना; प्रारम्भ करना।

Handsel Monday *n.* the first monday after new years day when presents are given. नव वर्ष का प्रथम सोमवार जिसे भेंट दी जाती है।

handsome *हैन्सम adj.* fine; graceful; generous beautiful; liberal; ample. मनोहर; सुन्दर; दयालु; खूबसूरत; उदार; यथेष्ट।

handsomely *-ली adv.* सुन्दरता से; यथेष्ट रूपसे

handsomeness *-नेस n.* रूप; शोभा; सुन्दरता; मनोहरता, उदारता; खूबसूरती।

hand spike *हैण्डस्पाइक n.* हस्त शंकु।

handspring *n.* गाड़ी के पहिये।

hand staff *n.* गेहूँ की बालें साफ करने वाले यन्त्र का मूठ; भाला या बर्छी; तलवार की मूठ।

handsturn *n.* कार्य का थोड़ा सा कार्य।

hands up *v. t.* हाथ उठाओ; आत्मसमर्पण करो।

hand to hand *adj. & adv.* मुठभेड़; समीप से

hand to mouth *adj. & adv.* जो कमाना सो सब खा डालना; केवल अत्यन्त आवश्यक आवश्यकता के लिये।

hand work *n.* हाथ से किया हुआ कार्य।

hand worked *adj.* हाथ से किया हुआ।

hand wrought *adj.* हाथ से किया हुआ; हस्तकृत

hand writing *n.* हस्त लेख; हस्तलिपि; हाथ की लिखावट; हस्तलेखन।

hand writing expert *n.* हस्तलिपि; विशेषज्ञ।

hand writing scale *n.* हस्तलिपि-परिमाण।

hand writing system *n.* हस्त-लिपि-पद्धति।

handy *हैंण्डि adj.* dexterous; convenient; ready to hand near. निपुण; दक्ष; सुविधाजनक; हाथ में का; सुविधा से प्रयोग करने योग्य; काम का; समीपवर्ती; सम्य का; निकट का।

handy-dandy *n.* बच्चों का एक खेल; कोड़ा जमाल शाही; भूले चूके मार खाई जिस में एक बच्चा गोल दायरे में बैठे हुए बच्चों के चारों ओर घूमता है और कोड़े को किसी एक बच्चे की पीठ के पीछे घुमा देता है और फिर कहता है वह कहां है। *interj* इस खेल में प्रयुक्त नियम।

handily *हैंण्डिली adv.* समीप से; निपुणता से; सुविधापूर्वक।

handiness *-नैस n.* निपुणता; दक्षता; सुविधा; समीप।

handyman *n.* अनुभवी व्यक्ति; नाविक; सभी काम में हाथ डालने वाला; नीली जेकेट (सदरी)।

hang *हैङ्ग v. t.* to suspend, to put to death by suspending and choking; to decorate a wall with pictures. लटकाना; फांसी पर लटकाना; टांगना *v.i.* to be suspended; to put to death on gallows; to drag; to be insuspense; to linger; to hold back; to depend; to remain in close attention. लटकाना; फांसी पर झूलना; ढकेलना; अनिश्चित रहना; असमंजस में रहना; वापिस लेना; निर्भर करना; सम्पर्क में रहना *n.* action of hanging: a declivity; a damn. लटकाव; फांसी; झुकाव; उतार, ढाल; अभिशाप।

to hang about or around सुस्ती से धीरे धीरे चलना; टालमटोल करना; मटरगश्ती करना; मारे मारे फिरना।

to hang back पीछे को ठमकना; विमुखता दिखाना; अनिच्छा प्रगट करना।

to hang fire विलम्ब करना; कार्य करने में देरी करना।

to hang heavy धीरे धीरे समय बिताना।

to hang in balance अनिश्चित अवस्था में रहना।

to hang off जाने दो

to hang on (upon) आश्रित करना; लीन होना; निर्भर करना।

to hang one's head लज्जित होना।

to hang out प्रदर्शित करना; वास करना।

to hang over बाहर की ओर झुकना या लटकना

to hang to gether साथ देना; सम्बद्ध होना।

to hang up देर करना; स्थगित करना; दूरभाष आदाता का बदलना; पत्र व्यवहार बन्द करना।

to hang up one's hat दूसरे के निवास स्थान पर अधिकार करना।

to hang upon some one's words आराधना में लीन होना; सत्कार भाव में लीन होना; श्रद्धा प्रगट करना।

to hang the head : शर्म से सिर नीचा होना; लज्जा से सिर झुकना; पानी पानी होना।

to let go hang : गर्व से उपेक्षा करना; आडम्बर के साथ उदासीनता दिखाना।

hangability *हैंगएबिलिटी n.* फांसी के योग्य व्यक्ति।

hangable *-एबल adj.* फांसी के योग्य; फांसी के द्वारा सजा पाने योग्य।

hangdog *-डॉग* अधम पुरुष; नीच मनुष्य। *adj.* अभागा, उदासीन; भयानक।

hang bird *-बर्ड n.* एक पक्षी विशेष वया।

hangar *हैंगर n.* a shed for housing aircraft. वायुयानशाला; हवाई जहाज रखने का घर; विमानशाला; हवाई जहाजों को सुरक्षित रखने का स्थान।

hanger *-हैंगर n.* one who hangs; that on which anything is hung; a wood on a hillside, a short sword. वधिक; जल्लाद; खूँटी; अर्गनी; जिस पर कोई चीज लटकाई जाये; एक छोटी तलवार; पहाड़ी पर की एक लकड़ी।

hanger-on *n.* आश्रित व्यक्ति; पिछलग्गू; अनुचर दास।

hang fire *n.* विस्फोटन में विलम्ब।

hanging *हैंगिंग adj.* suspending; suspended; drooping; downcast; deserving or involving death by hanging. लटकाया हुआ; स्थगित कियाहुआ; शिथिल; म्लान; खिन्न; फांसी लगने योग्य। *n.* drapery; display; death by the halter.यवनिका; पर्दा; दिखावा आडम्बर; फांसी; फांसी देने का काम।

hangman *-मेन n.* वधिक; जल्लाद; घातक; *adj.* अधम दुष्ट।

hang nest *-नैस्ट n.* बया नामक पक्षी।

hang over *-ओवर n.* अनुजीवन; मनुष्य का दूसरे की मृत्यु के बाद का जीवन; मद्यपान के बाद का प्रभाव।

hank *हैंक n.* a circular loop or coil of thread. लच्छा; पेचक। *v.t.* पेचक के समान, पकड़ना। *v.i.* फंसाना।

hanker *-कर v.i.* to linger about; to long for a keen desire; अभिलाषा करना; उत्कण्ठा करना; लालसा करना; इच्छा करना; किसी चीज के पाने की प्रचण्ड लालसा रखना।

hankering *हैंकरिंग n.* तीव्रअभिलाषा या इच्छा।

hankeringly *-ग्ली adv.* तीव्रअभिलाषा या इच्छा से।

hanky-panky *n.* छल कपट; जाल; जादू, बाजीगरी।

Hanoverian *-वेरिन adj.* pertaining to Hanover, of the dynasty that come thence to the British throne in 1714. हैनोवर से सम्बन्धित या का; इस राज वंश का जिसने ब्रिटिश राज्य शासन 1714. में प्राप्त किया। *n.* हैनोवर देश का निवासी।

hansard *-सार्ड n.* हसार्ड; संसद् का छपा हुआ कार्य विवरण।

hansardise *v.t.* पूर्व लिखित विचारों का विरोध करना।

hanse *हैंस n.* a league or association. समिति, सभा, संघ।

Hanseatic *-टिक adj.* हैंसं नगरों से सम्बन्धित।

hanse towns *n.* जर्मनी के कुछ नगर जो, अपने व्यापार के हितों की रक्षा के लिये सभाओं में संगठित थे।

hansel *-सल n.* बोहनी; साई का रुपया; नववर्ष की भेंट।

hansom *-सम n.* (also hansom-cab) दो पहियों वाली एक हल्की सी गाड़ी जो व्यक्तियों के बैठने के काम आती है और इस का कोचवान पीछे ऊंची उठी हुई जगह पर बैठता है; बग्गी।

ha'n't *हान्ट* 'have not' या 'has not' का संक्षिप्त रूप।

hantle *हैण्टल n.* (Scot.) a good many, a good deal. अधिक संख्या; प्रचुर; बहुत।

Hanuman *हनुमान n.* an Indian Hindu monkey god. हनुमान।

hap *हैप n.* chance; fortune; accident. दैवयोग; संयोग; भाग्य; घटना। *v.t.* to chance; happen. भाग्यवश होना; घटना होना।

hapax legomenon *हैप्क्स लेगॉमेनन n.* (*pl.* hapax legomena) (philology) a word; form; idiom etc. which apparently occurs only once. वह शब्द; आकार; मुहावरा आदि; जो केवल एक बार ही प्रयुक्त हों; अकेला उदाहरण।

haphazard *हैपहजर्ड adj.* determined by chance; accidental. दैवायत्त; दैवगति; आकस्मिक; ऊलजलूल। *n.* chance; accident; random. दैवयोग; अकस्मात्; अक्रम। *adv.* at random. अक्रमेण; जल्दबाजी।

haphazard legislation ऊलजलूल व्यवस्थापन

haphazardness *हैपहजर्डनेस n.* दैवायत्तता; आकस्मिकता।

hapless *हैपलेस adj.* अभागा; दुखिया।

haplessly *-ली adv.* अभाग्यवश; दुखियापन से।

haplessness *-नेस n.* अभाग्य; दुखियापन।

haplo *हैपलो pref.* 'simple', 'single'; 'once' ('सरल'; 'केवल एक' 'एक बार') अर्थों में प्रयुक्त उपसर्ग।

haplography *-ग्राफी n.* a copyist's error

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

consisting of writing only once letter or letters which should be written twice; as petion for petition; reading arising from such error. नकल करने वाले की भूल जिसमें अक्षर या अक्षरों को दो बार लिखने के स्थान पर एक बार ही लिखता है जैसे petition के स्थान पर petion लिख जाता है।

haplology *-लॉलॉजी n.* omission in utterance of a sound resembling a neighbouring sound. अक्षर लोप; सरूपाक्षर नाश; ध्वनि का सम्पूर्ण लोप।

haploid *हैप्लाइड adj.* (biol.) with half the number of chromosomes. अर्धन्यष्टि; अर्धसांख्यिक; ऊनन्यष्टि; कम संख्या।

haploidy *-इडी n.* अर्धन्यष्ट; ऊनन्यष्ट।

haplosporidia *-स्पोरिडिया n.* एकलबीजाणुगण; सरल बीजाणु गण; एकल बीजाणु वर्ग।

haplostemonous *-स्टेमानसadj.* (bot.) with one whorl of stamens. एकल कोशीय पराग केशर; एकलावर्तीय पुंकोश।

haply *हैपली adv.* by chance; perhaps; it may be. दैवात; संयोगवश; सम्भवतः, शायद; कदाचित; हो सकता।

hap'orth *-र्थ n.* 'halfpenny worth' का संक्षिप्त रूप; अर्धपैन्स मूल्य।

happen *-न v. i.* to come off; to take place; to fall out, to come to pass; to chance. होना; घटना; टूट पड़ना; आपड़ना; संयोगवश होना।

happening *-निङ्ग n.* event. घटना; (phenomenon) वृत्त।

to happen on संयोगवश होना।

to happen to घटित होना।

if anything should happen मृत्यु की अवस्था में।

happily *हैपिली adv.* in a happy manner; luckily; fortunately. सौभाग्यवश; सुखपूर्वक; प्रसन्नता से।

happiness *-नैस n.* सुख; आनन्द; प्रसन्नता; सौभाग्य; समृद्धि; कृतकार्यता।

happy *हैपि adj.* lucky; successful; felicitous; glad; fortunate; apt. भाग्यवान; सफल; धन्य; कृतार्थ; सुखी; प्रसन्न; खुश; योग्य; उपयुक्त।

happy-go-lucky *adj.* प्रसन्नचित; सरल प्रकृति का *adv.* सरल प्रकृति से; प्रसन्नतापूर्वक।

happy dispatch आत्महत्या (जापानी) के लिये मङ्गलभाषित।

hapteron *हैप्ट्रौन n.* a hold fast organ of a plant thallus. संधारिणी।

haptic *हैप्टिक adj.* स्पर्शेन्द्रिय सम्बन्धी।

haptics *-क्स n.* स्पर्शेन्द्रिय-विज्ञान; स्पर्शविद्या; स्पर्शज्ञान।

hapto meter *हेप्टॉमीटर n.* संवेदन मापक यन्त्र

haptotropic *-ट्रॉपिक adj.* curving in response to touch. स्पर्शानुवर्तीय।

haptotropism *-ट्रापिज्म n.* स्पर्शानुवर्तित्व।

haqueton *हैकटन n.* action. कार्य; क्रिया।

hara-kiri *हारे-किरि* honourable suicide committed by Japanese. जापानियों द्वारा आत्महत्या जिन्हें वे प्रतिष्ठित समझते हैं।

harangue *-ङ्ग n.* a loud popular oration, declamation. जोरदार भाषण; जन साधारण में सिंह गर्जना; अलंकृत भाषण। *v. i.* to deliver such a speech. जोरदार भाषण करना

haranguer *-ङ्गर n.* जोरदार भाषण करने वाला।

harass *-स v. t.* to distress; to annoy; to trouble; to worry. क्लेश देना; पीड़ा देना; दिक करना; थकाना; तंग करना, विरक्त करना; उद्विग्न करना; तहस नहस करना; परेशान करना।

harassed *-सड adj.* क्लेश पाया हुआ; पीड़ित; तङ्ग आया हुआ।

harassedly *-सडली adv.* क्लेशित रूपमें; विरक्तावस्था में।

harasser *-सर n.* पीड़ा देने वाला।

harassing *-सिंग n. & adj.* पीड़ाकर।

harassingly *-सिंगली adv.* पीड़ा से।

harassment *-समेन्ट n.* क्लेश; दुःख; पीड़ा, परेशानी; उद्वेग।

harbinger *हार्बिन्जर n.* a forerunner; a pioneer. अगुआ; हरकारा; सन्देश पहुंचाने वाला *v. t.* to proceed as a harbinger सन्देश पहुँचाने का काम करना।

harbour *-बर n.* shelter for ships; a haven; a place of shelter; loding. जहाजों का स्थान; बन्दरगाह; उदतीर्थ; पत्तन; शरण लेने की जगह; मकान; शरण स्थान।

v. t. to lodge; to shelter, to entertain to protect. आश्रय देना; पोषण करना; रक्षा करना; *v. i.* to take shelter. आश्रय लेना।

harbourage *-बरैज n.* place of shelter; entertainment. आश्रय; स्थान; पोषण; उदतीर्थावतार।

harbour bar *हारबर-बार* बन्दरगाह के मुख पर बालू का ढेर।

harbour dues *n.* बन्दर शुल्क; बन्दर-कर; पत्तन शुल्क।

harbourer *हारबरर n.* आश्रय देने वाला; आश्रयदाता।

harbourless *हारबरलैस n.* निराश्रय; बिना ठौर ठिकाने।

harbour light *n.* बन्दरगाह में पथ प्रदर्शक रोशनी पत्तन प्रकाश।

harbour master *n.* उदतीर्थाधिकारी; बन्दरगाह का मुख्याधिकारी।

harbour of refuge *n.* जहाजों के आश्रय के लिए बनाया गया बन्दरगाह; अति क्लेश में रक्षा करना।

harbour watch *n.* बन्दरगाह का पहरा।

harbouring of offenders अपराधियों को आश्रय देना।

hard *हार्ड n.* hardship, hard state, hard ground; hard labour; a firm beach or foreshore. दुःसहावस्था; क्लेश; दुख; कठिनावस्था ठोस भूमि; कठिन परिश्रम; अति परिश्रम; समुद्र का दृढ़ किनारा। *adv.* with difficulty; severely; earnestly; uneasily, to the full extent. कठिनता से; कष्ट पूर्वक; कड़ाई से; आग्रह पूर्वक; पूर्ण रूप से; *adj.* firm; solid; difficult; unyielding to touch, harsh; strenuous; labourous, vigorous; coarse and scanty; difficult to bear; difficult to understand; difficult to please; unfeeling; incensitive; severe; rigorous; stiff; constrained; intractable; obdurate; harsh; brilliant and glaring (of silk) retaining the natural gum, (of news) definite; substantiated; (of letters) representing a guttural not a sibilant: sound, (obs. phone) voiceless (of radiation penetrating. दृढ़ ठोस; कठिन; छूने में कड़ा; कठोर; रूखा; दुर्भेद्य; कर्कश; कष्टकारक; क्रियाशील; उद्यमी, रूक्ष तथा अपूर्ण; दुःसह; दुष्कर दुर्वोध्य; क्लेशकर; निर्मम; निर्दय; तीव्र; उत्तेजक; प्रेरक; कड़ा; सख्त; बाधित; ढीठ, निठुर; (पानी के लिए) कठोर; दीप्तिमान; (रेशम के लिए) प्राकृतिक निर्यास का प्रतिधारण चमकीला; (समाचार के लिए) यथार्थ; प्रमाणित; (वर्णों के लिए) कठोर उच्चारण, (स्वर विज्ञान में) स्व रहित (किरण के लिए) तीक्ष्ण

hard put to it : अधिक विपत्ति में; कठिनाई में

hard swearing: झूठी बात के लिए कसम खाना झूठी गवाही देना।

hard words : कठिन शब्द; रूक्ष शब्द।

hard hard : बाधा।

Mohs's scale of hardness : धातुओं की क्रीमक श्रेणी जिसमें एक धातु दूसरे धातु को खरोंचता है। इसके द्वारा धातु की कठोरता जांच की जाती है। धातु की कठोरता का क्रम।

it will go hard : गाम्भीरीय। गम्भीरवात।

hard and fast *adj.* दृढ़बद्ध; स्थाई, कठोर; बन्धक।

hard and fast rule *n.* दृढबद्ध नियम, कठोर बन्धक नियम; स्थाई नियम।

hard and fastness दृढ़बद्धता, कठोर बन्धक नियम; स्थाईत्त्व।

hard case *n.* कठिन कार्य; सुधारना कठिन है।

hard cash *n.* नकद रुपया सद्योरोक।

hard cold *n.* (med.) तीव्र प्रतिश्याय; सख्त जुकाम।

hard by *adv.* अति समीप।

hard drinker *n.* अधिक मदिरा पीने वाला, अधिक-मद्यपी।

hard earned *n.* परिश्रम से कमाया हुआ।
liberty-man *-मॅन n.* नाविक; जहाजी मल्लाह।
libidinal *लिबिडिनल adj.* कामुक; व्यभिचार से सम्बन्धित।
libidinist *-निस्ट n.* व्यभिचार करने वाला; कामी पुरुष।
libidinosity *-नोसिटी* **libidinousness** *n.* कामुकता की स्थिति; व्यभिचार की अवस्था।
libidinous *-नस adj.* कामी; व्यभिचारी।
libidinously *-ली adv.* कामुकता से; व्यभिचार से
libido *लिबिडो n.* vital urge; either of general or sexual. योनेन्द्रिय सम्बन्धी; विशेष चेष्टा; इच्छा।
libken *लिबकन n.* a place of abode. विश्रामग्रह; आराम करने की जगह।
libra *लिब्रा n.* English measurement of weight (pound); 7th sign of the zodac. पौण्ड वजन वा सिक्का; तुला राशि।
librarian *लाइब्रेरिअन n.* incharge of library. लाइब्रेरी का अध्यक्ष।
liabrarianship *-शिप n.* the post of a librarian. पुस्तकालय अध्यक्ष का पद।
library *लाइब्रेरी n.* पुस्तकालय; ऐसा स्थान जहां सार्वजनिक प्रयोग के लिए पुस्तकें एकत्रित हों।
librate *-ब्रेट v.i.* to oscillate; to balance. तोलना; कांपना; हिलाना।
libration of the moon : चांद की ऊपर नीचे की घटत बढ़त जिसमें हर बार आधे से अधिक भाग दृष्टिगोचर रहता है।
libration *-ब्रेशन n.* कम्पन; हिलाव।
libratory *-ब्रेटरी adj.* कम्पायमान; हिलने वाला।
libretti *लिब्रेटी n.* (*pl.* also librettos) संगीत संकेतों व शब्दों की पुस्तकें।
librettist *-ब्रेटिस्ट n.* संगीत शब्दों की पुस्तक लिखने वाला।
libretto *-रेटो n.* ऐसी पुस्तक जिसमें सङ्गीत

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

नाटकों के शब्द एकत्रित हों।
libyan *लिबिअॅन n.* लीबिया के निवासी।
lice *लाइश n. pl.* जूएं; सिर में पड़ जाने वाले कीड़े
licence *-शेन्स n.* (also license (U. S.) permission; leave. अधिकार; आज्ञा; दुराचार, व्याकरण आदि में लेखक का अनियम।
licenced victualler : ऐसा दुकानदार जिसे शराब बेचने की अनुमति हो।
special license: विवाह की अनुमति जो कैन्टरबरी के पादरी द्वारा किसी दो व्यक्तियों को दी गई हो।
license *-शेन्ज v.t.* (also licence) to authorise, to allow freedom for action. आज्ञा देना; अधिकार प्रदान करना; अनुमति देना
licensable *-शेन्सेबल adj.* आज्ञा वा अनुमति देने योग्य।
licensed *-शेन्सड adj.* अनुमति दिया हुआ, आज्ञा दिया हुआ।
licensee *-शेन्सी n.* लाइसेन्सदार; आज्ञाप्राप्त पुरुष
licenser *-शेन्सर n.* आज्ञा देने वाला; लाइसेन्स देने वाला।
licensure *-शेन्स्योर n.* लाइसेन्स देने का कार्य।
licentiate *-सेन्शिएट n.* विश्वविद्यालय से सनद या प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ मनुष्य।
licentious *-यस adj.* व्यभिचारी; कामी; लम्पट; दुराचारी; पातकी।
licentiously *-ली adv.* व्यभिचार से; लम्पटता से
licentiousness *-नेस n.* लम्पटता की स्थिति।
lich *लिश n.* a dead body. मृत शरीर; प्राणहीन शरीर शव; *adj.* a southern form of like. दक्षिणी प्रदेश में बोले जाने वाले 'लाइक' शब्द की एक प्रकार।
lichanos *लिचानॅस n.* the note struck by the fore fingers. अगली अंगुलियों से बजाये जाने वाला स्वर।
lichen *लाइकॅन n.* an eruption on the skin; a type of fungus growing on stone, trees. एक प्रकार का पत्थरों में उगने वाला पौधा; एक चर्म रोग।
lichened *-कण्ड adj.* पौधों से घिरा हुआ; ढका हुआ।
lichenin *लिकैनिन n.* a starch got for Iceland mess. एक प्रकार का अनाज का सत्व; मांड
lichenism *-निज्म n.* समुद्री घास व पत्थर पर उगने वाली घास का सम्बन्धीकरण।
lichenist *-निस्ट n.* (also lichenologist) वह जो वनस्पति के सम्बन्धीकरण का ज्ञाता हो।
lichonology *-नोलोजी n.* वनस्पति सम्बन्धी विज्ञान।
lichenous *-नस adj.* pertaining to or abounding in lichens. वनस्पतियुक्त या वनस्पति सम्बन्धित।
lichgate *लिचगेट n.* a roofed church yardgate under which bier is placed. गिरजाघर का छतयुक्त दरवाजा।
lichowl *-ओवल n.* a sereech of owl. उल्लू की आवाज; विशेषकर मृत्यु सकेत देने वाली।
lichwake *-वेक n.* शव के ऊपर जो पहरा दिया जाता है।
lichway *-वे n.* मुर्दघाट का जाने का मार्ग।
licht *लिह्ट* the Scots. form of light स्काट-प्रदेश के रहने वालों द्वारा 'लाइट' शब्द के लिये प्रयोग किया जाता है।
licit *लिसिट adj.* lawful; allowable. कानूनी; अनुमति दिये जाने योग्य।
licitly *-टिली adv.* कानून से।
lick *लिक v. t.* to pass the tongue over; to take in by the tongue. चाटना; जीभ से चीजों का खाना; *v. i.* पूरी रफ्तार से भागना; *n.* चाटने का कार्य।
a lick and a promise : केवल कर्तव्य समझ कर किया जाने वाला कार्य।
lick into shape : किसी कार्य का ठीक बनाकर ठीक करना।
lick one's boots हार मानना; दीनतादिखानी
lick the dust : जमीन पर हार कर गिर जाना; हार मान लेना।
licker *लिक्कर n.* (also lickerin) दांतों वाला सिलैण्डर।
licking *लिकिंग n.* the act of licking. चाटना; बेंत से पिटाई।
lickpenny *लिक्पेनी n.* one that licks or is drain on one's money. वह जो किसी की आय में कमी करे।
lickplatter *-प्लैटर n.* (also licktrencher) आवारा जो दूसरों की आय पर ही रहता है; निकम्मा।
lickspittle *-स्पिटल n.* a toady. घृणित पशु व मनुष्य।
lickerish *लिकॅरिश adj.* (also liquorish) greedy. चटोरा; लालची।
lickerishly *-ली adv.* चटोरेपन से लालच से।
lickerishness *-नेस n.* चटोरापन, लालच; अधिक की इच्छा।
licorice *लिकोराइश n.* sweet root of a certain plant. मुलैठी एक मीठी प्रकार की पीले रङ्ग की जड़ जो खांसी के काम में आती है और बहुधा पान में खाई जाती है।
lictor *लिक्टर n.* an officer who attended a Roman magistrate. रोमन न्यायाधीश का अफसर।
lid *लिड n.* a cover; movable or hinged; the upper and lower covers of eye. ढकना; आंख की पलकें।
put the lid on it : to end a matter–to be a culminating misfortune. किसी बात का खत्म कर देना–भयानक दुर्भाग्य।
lidded *लिडिड adj.* ढकने सहित; ढकने वाला।
lidger *लिजर n.* ledger. बहीखाता।
lidless *लिडलॅस adj.* coverless. बिना ढकने का; खुला हुआ।
lido *लिडो n.* a bathing beach. नहाने का घाट
lie *लाई n.* a false statement; any statement devoid of truth. झूठ; मिथ्या भाषण; असत्य।
give one the lie (*in one's throat*) : to change one to one's face of lying. मुंह पर मुंह किसी को झूठा बताना।
give the lie to : झूठ बोलने का आरोप लगाना
lie in one's throat : निर्लज्जता से झूठ बोलना
white lie : सफेद झूठ; अविश्वसनीय बात।
lie *v. i.* चित्त लेटना; झूठ बोलना; झुकना; स्थिर रहना; भरोसा करना।
lie at one's door : किसी के द्वार पर पड़ा रहना; किसी का सामीप्य प्राप्त करना।
lie at one's heart किसी का प्रेम भाजन होना
lie by to keep out of way. मार्ग से अलग रहना।
lie by the heels : to be in fusion. डोल जाना।
lie hard or heavy on or upon, to : किसी पर बोझ डालना; दबाव डालना।
lie in : हिंडोले में लेटना।
lie in one : अपनी शक्ति के अन्दर होना; बस की बात।
lie in the way : राह में या पास में होना; मार्ग में रुकावट बनना।
lie in wait : शिकार की खोज में छिपे रहना।
lie low : to keep one's intention's hidden, to keep quiet. चुप रहना अपने विचारों को गुप्त रखना।
lie on upon : किसी पर आवश्यक होना।
lie on one's hand : to remain unclaimed. बिना मांगा हुआ रहना; बेकार पड़े रहना।
lie on the oares : to take things easily. पतवार पर हाथ रक्खे चुप बैठे रहना, किसी चीज को आसानी से ग्रहण करना।
lie out of : to remain without the good of without payment of. बिना वेतन के रहना।
lie over : to be deferred to a future date. अनिश्चित भविष्य के लिये छोड़ देना।
lie to : becoming stationary with head towards. हवा की ओर सिर किये स्थिर खड़े रहना।
lie under to be subject to oppression. किसी के दबाव में रहना।
lie up : बिस्तर में पड़े रहना; काम का छोड़ देना
lie with : to lodge or sleep with. किसी के साथ रहना या शयन करना।
lying in hospital : a maternity hospital. जच्चा केन्द्र औषधालय।
take it lying down : to endure tamely. किसी चीज का चुपचाप सहन करना।
liebig *लाइबिग n.* गाय या भैंस के मांस से बनाया तत्व जो पहले पहल एक जर्मन वैज्ञानिक ने तैयार किया था।
lied *लीड n.* एक जर्मनी गीत।
lieder *लीडर n. pl.* जर्मनी गीतों का संग्रह विशेषतया कला से सम्बन्धित।
lief *लीफ n.* beloved. प्रेमिका; *adj.* प्रिय; *adv.* प्रेम से; प्रसन्नतापूर्वक।
had as lief : should like as well to. उसी भांति पसन्द करना चाहिये।
leeze me : an expression of affection. प्रेम का एक उद्गार।
liefer *लीफर n.* (also liever) प्रेम करने वाला
liefest *लीफैस्ट*(*super.* lievest)अत्यधिक प्यार।
liege *लीज adj.* स्वतन्त्र; केवल नाम मात्र के आधिपत्य में; स्वामिभक्त।
liegedom *-डम n.* स्वामिभक्ति।
liegeless *-लैस adj.* किसी अन्य के आधीन न होना।
liegelord *-लोर्ड n.* स्वामी; प्रभु।
liegeman *-मॅन n.* a subject vassal. प्रजा; रियाया।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

lien लिअन *n.* (1) the right to own another's property till he pays the debt. (2) the spleen. (१) किसी को जायदाद पर हक; (२) तिल्ली। lien *p.a. p.* of lie.

lienal -अनल *adj.* तिल्ली सम्बन्धी।

lientary -टॅरी *n.* a form of diarrhoea आंव दस्त आना।

lierne लिअर्न *n.* cross rib or branch rib in vaulting. गुम्बद की कड़ियां।

lieu ल्यू *n.* स्थान या जगह।

in lieu of किसी की जगह या स्थान पर।

lieutenant लैफ्टीनेंट *n.* an officer holding the place of an other or assisting another person. सहायक; एक फौजी अफसर जो कप्तान से नीचे होता है।

lord lieutinant आइरलैण्डके गवर्नर की उपाधि किसी प्रादेशिक विभाग का गवर्नर।

lieutenant-colonel -करनल *n.* एक फौजी अफसर जो करनल से नीचे व मेजर से ऊंचे पद का होता है।

lieutenant-colonelcy -करनलसी लैफ्टीनेंट करनल का पद, ऐसे फौजी अफसर का पद जो करनल से नीचे पद का हो।

lieutenant-commander -कमांडर *n.* नाविक बेड़े का अफसर जो कमांडर से छोटे पद का हो।

lieutenant-commandership -शिप *n.* नाविक बेड़े के अफसर का पद जो कमांडर से छोटे पद पर हो।

lieutenant-general -जनरल *n.* एक फौजी अफसर जो जनरल से छोटे तथा मेजर जनरल से ऊंचे पद वाला हो।

lieutenant-generalship -शिप लैफ्टीनेंट जनरल का पद।

lieutenant-governor -गवरनर *n.*उप राज्यपाल।

lieutenant-governorship -शिप *n.* उप राज्यपाल का पद।

lieutenantship -शिप *n.* (also lieutenancy and lieutenantry.) सहायक का पद।

life लाइफ *n.* state of being alive; conscious existence; continued existence; manner of living; a living thing; social state; a quickening process. जीवन जीवित अवस्था; कोई जीवित वस्तु; पशु मानव; वनस्पति की जीवितावस्था।

bring to life जीवित करना; जीवन प्रदान करना।

come to life जीवित हो जाना; जीवन का प्राप्त होना।

for the life of him किसी के प्राण रक्षा के लिए किया कार्य।

high life फैशनेबल सोसाइटी या उनका रहन सहन।

life guards घुड़सवार फौज जो बर्तानियामें पहले पहल १६६० में बनाई गई।

line of life हथेली में पड़ी रेखा; जीवन रेखा।

see life दूसरों के जीवन का निरीक्षण।

take one's life किसी की हत्या करना।

to the life बिल्कुल मिलता जुलता हुआ; एक समानें।

*life and death- adj.*जीवन मृत्यु का।

life annuity -एन्युइटी *n.* किसी को दिया जाने वाला वार्षिक कर।

life-assurance -एस्योरेंश *n* (also life insurance.) जीवन बीमा।

life-belt -बैल्ट *n.* पानी में डूबने से बचाने वाली पेटी।

life-blood -ब्लड *n.* रक्त जो जीवित रहने के लिए आवश्यक है जीवन की रक्त बूंद; आंख की खुजली।

life-boat -बोट *n.* एसी नाव जो डूबे हुए जहाज के मुसाफिरों को बचाने में काम आती है।

life-buoy बोई *n.* एक हवा भरी रबड़ की नली जो पानी में डूबने से बचाने के काम आती है।

life-cycle -साकिल *n.* पीढ़ी दर पीढ़ी में होने वाले परिवर्त्तन।

life-estate -एस्टेट *n.* जीवित रहने तक ही अधिकार में रहने वाली जायदाद।

life-force -फोर्स *n.* जीवन शक्ति; ऐसी शक्ति जो मानव की चेष्टाओं कार्यों को प्रकृति के अनुरूप बनाती है।

life-full -फुल *adj.* (also lifull & lyfull) शक्ति पूर्ण।

life-giving -गिविङ्ग *adj.* invigourating. जीवनदायक; स्फूर्तिदायक।

life-guard -गार्ड *n.* शरीर रक्षक।

life-history -हिस्टरी *n.* जीवन का हाल; जीवन का इतिहास विवरण।

life-hold -होल्ड *adj.* heed for life. जीवन पर्यन्त।

life-interest -इन्टरैस्ट *n.* an interest lasting during a life.जीवन पर्यन्त चलने वाला लगाव

life-jacket -जैकेट *n.* जीवन रक्षक पेटी या बनिआन।

life-less -लैस *adj.* निर्जीव; प्राणहीन; कम शक्ति वाला; कमजोर।

lifelessness -नॅस *n.*निर्जीवता; प्राणहीनता; मरा हुआ।

life lessly -लैसली *adv.* निर्जीवता से; बेजानियत से।

life-like -लाइक *adj.* like a living person or the original. किसी जीवित मनुष्य के अनुरूप या असली से बिल्कुल मिलती जुलती।

life-line -लाइन *n.* हाथ में पड़ी जीवन रेखा।

life-long -लौंग *adj.* जीवन पर्यन्त जिन्दगी भर।

life-mortar -मोरटार *n.* विपत्ति में पड़े किसी जहाज को सहारा देने के काम आने वाला पत्थर।

life-peer -पीअर *n.* जीवन भर के लिये दिया हुआ एक अङ्गरेजी ओहदा व उपाधि।

life preserver *n.* प्रिजरवर एक यंत्र जो डूबने से बचाता है।

lifer लाइफर *n.* a person sentenced for life. एक ऐसा व्यक्ति जिसे जीवन भरके लिए कैद हुई हो।

life-rendering -रैंडरिंग *adj.* yielding up life. जीवन भर का कार्य।

life-rent -रैण्ट *n.* जीवन पर्यन्त प्रयोग करने का अधिकार।

life-renter -रैण्टर *n.* वह जिसे जीवन पर्यन्त किसी वस्तु के प्रयोग करने का अधिकार पूर्ण प्राप्त हो।

life-rentrix -रैन्ट्रिक्स *fem. n.* ऐसी स्त्री जिसे जीवनकाल में किसी वस्तु के प्रयोग का अधिकार प्राप्त हो।

life-rocket -रोकेट *n.* a rocket for carrying a line to a ship in distress. एक राकेट जो विपत्ति में पड़े जहाज तक सहायता ले जाने के काम आता है।

life-saving -सेविंग *adj.* जीवन भर की बचत।

life-school -स्कूल *n.* ऐसी पाठशाला जहां चित्रकार जीवित वस्तुओं से चित्रकारी करते हैं।

life-size -साइज *adj.* (also life-sized.) पूरे आकार का।

life-some -सम *adj.* free of gay; life. आनन्द भरा; मस्त; स्फूर्तिदायक।

life-table -टेबल *n.* जीवन मृत्यु के आंकड़े।

life-tenant -टैनेण्ट *n.* the holder of a life estate. जीवन भर के लिए किरायेदारी के हक वाला।

life-time -टाइम *n.* जीवन पर्यन्त।

life-weary -वीअरी *adj.* जिन्दगी से वेग आया हुआ।

life-work -वर्क *n.* work of a life time. जीवनभर का कार्य।

lift लिफ्ट *n.* किसी इमारत में लगा ऊपर उठाने व नीचे लाने वाला यन्त्र वायु आकाश; स्वर्ग; ऊपर उठाने का कार्य; एक प्रकार का यन्त्र जो जहाज को ऊंचा नीचा करता है; *v. t. & v. i.* to bring to a higher position; to elevate. ऊपर उठाना; उभारना; बढ़ाना; ले जाना; पकड़े रखना।

lift one's hand : कसम खाना।

lift the face : एक प्रकार की शल्य चिकित्सा जिसे मुंह को ठीक व नरम बनाने के लिये की जाती है।

liftable -टेबल *adj.* उठाये जाने योग्य; हलका।

lifter -टर *n.* उठाने वाला; वह जिससे उठाया जाता है।

lifting bridge -टिंग बिज *n.* a bridge whose roadway could be raised bodily. ऐसा पुल जिसके रास्ते ऊपर उठाये जा सकते हैं।

lig लिग *v. i.* (also ligg, liggen) a form of lie. लेटके के अर्थ में प्रयोग होने वाला शब्द।

ligament लिगामेण्ट *n.* a bond of union; anythtng that unites. ऐसी चीज जो जोड़ती है; एकता का भाव।

ligamental -मैण्टल *adj.* (also ligamentar and ligamentous) एकता से।

ligan लिगन *n.* a wreckage or good at the bottom of the sea. समुद्र तल में पड़े टूटे जहाज।

ligate लिगेट *v. t.* to tie up. बांधना।

ligation -शन *n.* act of binding; state of being bound. बांधने का कार्य; बंधे होने की स्थिति।

ligature -चर *n.* anything that binds. कोई ऐसी चीज जो बांधने के काम आती हो; पट्टी।

ligger लिगर *n.* a nether millstone; a plank bridge. तख्तों का पुल; चक्की का निचला पाट।

light लाइट *n.* the agency by which objects are rendered visible day; a gleam of shining for a bright illuminating object; power of vision; a hint, due; knowledge; heep towards understanding. वह शक्ति जिससे पदार्थ दृष्टिगोचर होता है; रोशनी; उजाला; दिन संकेत; किसी उज्ज्वल प्रकाशवान पदार्थ से निकलती हुई

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

किरण रश्मियां; ज्ञान में आना; *adj.* not dark bright. उज्ज्वल; अन्धकारहीन; *v. t. & v. i.* आग लगाना; प्रकाश करना; प्रकाशमान होना।

according to one's light : आत्म ज्ञान की पहुँच तक।

between the two lights : under cover of darkness. अन्धेरे के आड़ में।

between the light : under twilight. तारों की रोशनी में।

bring to light : रहस्य का उद्‌घाटन करना।

come to light : किसी चीज का पता लगजाना; मालूम हो जाना।

fined light : unchanging light. स्थिर रोशनी प्रकाश जैसे प्रकाश स्तूपों पर।

floating light : हलके जहाज के ऊपर लगी रोशनी।

inner light : आन्तरिक ज्योति; आत्मा का प्रकाश

in one's (the) light : सफलता के धोके के बीच

light of nature : intellectual perception or intuition. बौद्धिक ज्ञान।

light out : बिगुल के संकेत द्वारा पूर्ण अन्धकार करना।

lights up : अपनी सिगरट या पाइप का जलाना

see the light : to come into view. दृष्टि-गोचर होना।

stand in one's own light : to hinder one's own advantage. स्वत: अपनी सफलता में बाधक होना।

light *लाइट adj.* not heavy; easily digested; containing little alchohol lightly armed; unimportant; not dense or intense; gentle delicate; unheeding; gay; amusing; unchaste; worthless. जो भारी न हो; हलका; सरलता से हजम हो जाने वाला; कम मात्रा में अलकोहल लिये; हलके हथियारों युक्त; अनावश्यक; कम घिनका; नर्म; प्रसन्न; हंसोड़; अपवित्र; निकम्मा; *adv.* हलके तौर पर; *v. t.* जलाना; *v. i.* घोड़े से उतारना या अन्य सवारी से; आराम करना; फैसला करना।

make light of : to treat as of little importance. किसी को अनावश्यक समझना।

light armed *-आर्मड adj.* ऐसे हथियारों से युक्त जिससे चाल व तेजी कम न हो।

light-ball *-बोल n.* एक विस्फोटक गेंद जो लड़ाई के समय प्रकाश देने के काम में आती है।

light-dues *-ड्यूज n. pl.* प्रकाश गृहों की व्यवस्था के लिये जहाजों से लिया जाने वाला कर।

lighten *लाइटन v. t.* to make light; to illuminate. हलका करना; उजाला करना; *v. i.* to become light; lighter or brighter. हलका हो जाना; उज्वल हो जाना।

lightening *लाइटनिंग n.* चमकदार होना; हलका बनाना या होना।

lighter *लाइटर n.* वह जो आग लगाये; यांत्रिक प्रकार जिससे अग्नि प्रज्वलित की जाये; ऐसा छोटा जहाज जो एक बड़े जहाज से छोटे जहाज पर माल लाने ले जाने के काम आता है।

lighterage *-रेज n.* माल का एक जहाज से दूसरे जहाज तक लाने ले जाने का भाड़ा।

lighterman *-मॅन n.* वह मनुष्य जो माल को एक जहाज से दूसरे जहाज तक ले जाने का कार्य करता हो।

lighter-than air *-दैन एअर adj.* हवा से भी हलका।

light faced *-फेस्ड adj.* बारीक रेखांकित मुख।

light fingered *-फिन्गर्ड adj.* चंचल अंगुलियों वाला; प्राय: चोर भी।

light foot *-फुट adj.* तेज; फुर्तीला।

light footed *फुटड adj.* तेज चाल वाला; फुर्तीला।

lightful *-फुल adj.* प्रकाश मय; ज्योतिमय।

light-handed *-हैन्डड adj.* insufficiently manned; empty handed. खाली हाथों अपूर्णतया मुसज्जित।

light headed *-हैडिड adj.*thoughtless; unsteady. विचारहीन; चंचल।

light headedness *-नॅस n.* the state of being thoughtless; unsteady. चंचलता व विचारहीनता की स्थिति।

light hearted *-हार्टिड adj.* free from anxiety; cheerful. निश्चिन्त; प्रसन्न मन।

light heartedly *-हार्टिडली adv.* निश्चिन्ता से; प्रसन्नता से।

light heartedness *-हार्टिडनेस n.* प्रसन्नता की स्थिति।

light-heeled *-हील्ड adj.* swift of foot, loose; unchaste. तेज चाल वाला; गिरे चरित्र का।

light-horse *n.* हलके हथियारों युक्त घुड़सवार सेना।

light–horseman *-होर्समॅन n.* हलके हथियारों युक्त घुड़सवार सेना का सैनिक।

light-house *-हाउस n.* प्रकाश गृह जो वायुयान व जलयान का मार्ग प्रदर्शन करता है।

light-houseman *-हाउसमॅन n.* प्रकाश गृह का कर्मचारी।

light (house) keeper *-कीपर n.* प्रकाश गृह का का मालिक।

light infantry *-इनफन्ट्री n.* हलके हथियारों से युक्त पैदल सेना।

lighting *लाइटिग n. pr.p.* जलाता हुआ; जलता हुआ; जलाना; प्रकाश।

lighting up time *-अप टाइम adj.* वह समय जब प्रत्येक गाड़ी को बत्ती जला लेनी चाहिये।

lightish *लाइटिश adj.* of light nature. हलकी प्रकृति का; हलकी आकृति का।

lightlegged *-लेगड adj.* तेज पैरों वाला।

lightless *-लेस adj.* प्रकाशहीन।

light literature *-लिटरेचर n.* not serious literature. हलका मनोरंजन साहित्य।

lightly *-ली adv.* आसानी से; जल्दी से।

lightmill *-मिल n.* a radiometer. एक यन्त्र जो विद्युत प्रवाह को मापने के काम में आता है।

lightminded *-माइन्डिड adj.* unsteady, inconsiderate. अस्थिर; अविचारी।

lightmindedness *-नेस n.* the state of being insteady or inconsiderate. अस्थिरता

light music *-म्यूजिक n.* हलका गाना; ऐसा जिस में अधिक बुद्धि प्रयोग न हो।

lightness *-नेस n.* हलकापन।

lightning *-निंग n.* electric flash usually followed by thunder. बादलों की गरज में बिजली का चमकना।

lightning arrester *-अरेस्टर n.* एक यन्त्र जो बिजली के कल पुर्जों की सुरक्षा करता है बिजली की कड़कड़ाहट से।

lightning bug *-बग n.* जुगनू; एक ऐसा उड़ने वाला कीड़ा जिसके शरीर के आखिरी भाग से प्रकाश निकलता है।

lightning conductor *-कन्डक्टर n.* (also lightning rod) एक धातु का लट्ठा जो मकान आदि को बिजली गिरने से बचाता है।

lightning tube *-ट्यूब n.* प्रकाश वाली नली लम्बी कांच की बनी प्रकाश की नाली।

light o love *-ओलव n.* a prostitute. वश्या; रण्डी।

light organ *-ओरगन n.* कई बटनों वाला प्रकाश यन्त्र जिसे दबाते ही तागे की भांति भिन्न भिन्न प्रकाश निकलता है।

light proof *-प्रूफ adj.* light-tight. प्रकाश से सुरक्षित; जिस पर प्रकाश का प्रभाव न हो।

light railway *-रेलवे adj.* हलकी बनी रेल; कम चौड़ी पटरी पर चलने वाली छोटी रेल।

light ship *-शिप n.* ऐसा जहाज जो मार्ग प्रदर्शन के लिये प्रकाश गृह की भांति तेज रोशनी लिये हो।

light-some *-सम adj.* सरल; प्रसन्न; स्फूर्तिमान; आनन्दित।

light someness *-नेस n.* सरलता, प्रसन्न चित्तता

light spirited *-स्पिरिटिड adj.* प्रसन्न प्रकृति वाला मनुष्य।

light tight *-टाइट adj.* ऐसी वस्तु जिस पर प्रकाश का प्रभाव न हो।

light tower *-टावर n.* प्रकाश मस्तूल जो जहाजों का मार्ग प्रदर्शन करता है।

light weight *-वेट n.* a man or animal intermediate between heavy weight and feather weight; an unimportant man; anything of light weight like motor cycle; light weight boxer of 9st. 9Lb. पशु व मानव जो न बहुत भारी हो और न हलका; बीच के वजन का प्राय: १३५ पौंड वजन का; कोई भी हलकी वस्तु जैसे मोटर साइकिल

light winged *-विंग्ड adj.* हलके पङ्खे वाला।

light out *-आउट v. t.* (U. S. slang) to make of. लेकर भाग जाना।

light year *-इयर n.* the distance that light travels in a year. वह दूरी जो प्रकाश किरण एक वर्ष में पूरी करती है।

lignage*लाइनिज n.* same as lineage.

lign-aloes *लाइनॲलओज, लिगनलओज n.* aloes wood. एक प्रकार की लकड़ी।

ligneous *-निअस adj.* लकड़ी का; लकड़ी से बना

lignification *-फिकेशन n.* लकड़ी बनाने का कार्य

lignified *-फाइड pa. p. & pa. t.* लकड़ी से बना या बनाया हुआ।

lignin *लिगनिन n.* मिश्रित पदार्थ की बनी पौधों के खोखलें जमी वस्तु।

ligniperdous *-परडस adj.* लकड़ी को नष्ट करने वाली।

lignite *-नाइट n.* भूरा कोयला; वनस्पति आदि से कोयले में परिवर्तन की मध्य स्थिति।

lignitic *-टिक adj.* pertaining to the formation of coal for vegetation. लकड़ी आदि से कोयला बनने से सम्बन्धित।

lignivorous *-वोरस adj.* feeding on wood. लकड़ी पर पलने वाला।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

lignum -नम *n.* एक प्रकार की लकड़ी ।
lignumscrub -स्क्रब *n.* stunted trees. नीचे झुके पेड़ों की लकड़ी ।
lignumswamp -स्वैम्प *n.* छोटे छोटे पेड़ों से घिरा प्रदेश विशेषकर आस्ट्रेलिया में ।
lignumvitae -नमवाइटे *n.* the wood of Guaiacum. अमरीकी गर्म प्रदेश में पाया जाने वाले वृक्ष की लकड़ी जो दवाइयों में काम आती है
ligroin -रोइन *n.* प्रेट्रोल की एक प्रकार जो ८०°-१२०° डिग्री की गर्मी के बीच उबलने लगती है ।
ligula *लिग्यूला n.* जीभ की भांति बना भाग; कीड़ों के निचले होठों का भाग ।
ligular -लर *adj.* (also ligulate.) जीभ की भांति लटकता हुआ ।
ligule -ल *n.* घास या पौधों के ऊपर तराजू की भांति बने पत्ते ।
liguliflorae -री *n. pl.* छोटे छोटे फूलों का समूह जो एक बड़े फूल की आकृति लिये हो और जिसके भाग जीभ की भांति लटके हों ।
ligulifloral -लिफ्लोरल *adj.* ऐसा फूल की भांति जिसके छोटे छोटे भाग जीभ की भांति लटके हुए हों ।
liguorin -वोरिन्न *n.* एक विशेष सम्प्रदाय का पादरी; *adj.* पादरी से सम्बन्धित ।
ligure *लिग्यूर n.* एक अज्ञात बहुमूल्य नग ।
like *लाइक adj.* identical; similar; one of the samething. समान एक रूप; एक ही प्रकार की; (colloq.) झुकी हुई; प्रवृत्ति की; *n.* a liking a corpse. एक प्रकार की पसन्द; लाश; शव; मृत शरीर; *v.t.* to compare; liken; to please; to enjoy. बराबरी करना; समानता दिखाना, पसन्द बतानी; प्रसन्न करना; प्रसन्नता दिखाना; *v.i.* to be or seem like. किसी वस्तु के सदृश होना या दिखाई देना ।
feel like : to be disposed or inclined. किसी की ओर झुका या प्रवृत्त हुआ ।
good liking : a good taste; affection; inclination. अच्छा स्वाद; सद्प्रेम; सत्प्रवृत्ति ।
lad like : was likely; came near; was in danger. सम्भव था; बराबर था; कष्ट में था
look like : समान या बराबर दीखना ।
on liking : पसन्द आने पर ।
something like a : लगभग ऐसा जैसे कि ।
such like : उसी भांति ।
well liking : सुस्वाद; सद्वृत्ति ।
lik(e)able *लाइकेबल adj.* प्रेम किये जाने योग्य; अपनाने लायक ।
likelihood -लीहुड *n.* सम्भवता; होने वाली बात; एक रूपता; भविष्य की उज्वलता ।
likeliness -नेस *n.* liklihood. एकरूपता संभवतः
likely *लाइकली adj.* सम्भव होने वाली ।
likeminded -माइण्डिड *adj.* समदृष्टिकोण; सम विचारधारा ।
liken *लाइकन v. t.* समानता दिखानी या बराबरी का मिलान करना ।
likeness -नेस *n.* एकसमानता; एकरूपता ।.
liker *लाइकर n.* पसन्द करने वाला ।
like-wake -वेक *n.* (also like-walk) the watch held over the corpse. मृत शरीर की रखवाली ।
like wise -वाइज *adv.* उसी प्रकार से, उसी तरीके से ।
likin *लीकिन n.* a Chinese hansit duty. चीन देश में लागू एक कर ।
lilac *लिलॅक n.* जैतून की भांति का एक पेड़ जिसमें सफेद फूल आते हैं; *adj.* of purple colour. बैंगनी रंग का ।
lill *लिल n.* a finger hole in a wind instrument. वायु यन्त्र का एक पुर्जा; *v.t.* to loll the tongue. जीभ का घुमाना ।
lillibullero *लिलिबुलैरो n.* (also lillibulero) the famous ballad in memory of Irish Catholic. आइरलैण्ड के कैथोलिक सम्प्रदाय वालों के लिये गाया हुआ एक प्रसिद्ध गीत ।
Lilliput -पुट *n.* एक काल्पनिक देश जिसे स्विफ्ट-नामी लेखक ने अपनी कहानियों में वर्णन किया है और जहां के निवासी छोटे से होते हैं; *adj.* of dimunitive status. छोटी आकृति वाले ।
Lilliputian -पुश्यन *n.* लिलीपुट के निवासी ।
lilt *लिल्ट v. i.* किसी कार्य को फुर्ती व सफाई से करना; मस्त होकर उछलना; कूदना; गाना; *v. t.* इस प्रकार गाना; मस्ती से गाना ।
liliaceae -शिएई *n.* a family of monocotyledens differing from rushes chiefly in the large conspicuous flowers; a person or thing of great purity whiteness. एक प्रकार के पुष्प की जाति; कोई मानव या वस्तु जो बिलकुल शुद्ध हों ।
liliaceous -अस *adj.* (also lilied) adorned with lilies-resembling with lilies. कुमुदिनी के समान; श्वेत रंग की ।
lily *लिली n.* एक प्रकार का फूल; कुमुदिनी ।
lily livered *लीवर्ड adj.* कमजोर दिल; डरपोक ।
lily white -व्हाइट *adj.* कमल के समान श्वेत ।
lily of the Nile : कमल का फूल ।
lily of the valley : convallaria. एक प्रकार का फूल ।
lima *लिमा n.* (also limabean) in full. एक प्रकार की सेम जो फ्रेंचसेम से मिलती जुलती है ।
limation *लिमेशन n.* रगने; रेतने या चमकाने का कार्य ।
limawood *लिमावुड n.* एक प्रकार की लकड़ी जो ब्राजील में पाई जाती है ।
limaceae -शिएई *n.* slug family. एक प्रकार के कीड़े की जाति जो वनस्पति आदि को नष्ट करता है
limacel -शैल *n.* एक विशेष कीड़े का खोल ।
limaceous -श्यस *adj.* belonging to or pertaining to the slugs. एक विशेष कीड़ों से सम्बन्धित जो वनस्पति को नष्ट करते हैं ।
limaces -शिस *n. pl.* of limaceae.
limaciform -शिफोर्म *adj.* कीड़े की भांति ।
limacon -शन *n.* एक मुड़ी रेखा ।
limaxs *लिमैक्स n.* कीड़ों की एक जाति ।
limb *लिम्ब n.* a member or organ of the body; an arm; leg or wing; a main branch of a tree or anything; an edge or border as of the sun. शरीर का कोई भाग विशेषकर हाथ; पांव; पंख आदि; किसी वृक्ष की प्रमुख शाखा; किसी वस्तु की सीमा या किनारा जैसे सूर्य की बाहरी रेखा; *v. t.* हाथों से देना ।
limbate *लिम्बेट adj.* bordered. किनारे वाला ।
limbec *लिम्बेक n.* (also limbeck) अंग्रेजी शब्द अलैम्बिक के लिये प्रयुक्त किये जाने वाला शब्द; आसव बनाने वाला यन्त्र ।
limbed *लिम्बड adj.* अवयवों सहित ।
limber *लिम्बर n.* the shaft of a vehicle; the detachable fore part of a gun-carriage. गाड़ी का जुआ; मशीनगन गाड़ी का अगला भाग जो हटाया जा सकता है; *adj.* हिलने वाला; मुड़ने या खेंचा जा सकने वाला; *v. t.* कमानीदार बनाना; गाड़ी के अग्र भाग से जोड़ना
limber neck -नेक *n.* batulism in birds. पक्षियों में जहर का फैलना ।
limberness -नेस *n.* जहर से पीड़ित अवस्था; विष लगे की स्थिति ।
limbgirdle -गरडल *n.* a bony arch with which limb articulates. शरीर में बनी हड्डियों की कमान से जिसके सहारे अवयव हिलते हैं ।
limbless -लेस *adj.* अवयवों रहित; हाथ, पांव; पंख बिना ।
limb-meal -मील *adv.* limb-by-limb. एक के बाद दूसरा ।
limbo *लिम्बो n.* the borderland of Hell; any unsatisfactory place; a prison. नरकलोक की सीमा; कोई रद्दी जगह; जेल ।
limbous *लिम्बस adj.* overlapping. एक दूसरे पर चढ़ता हुआ; एक दूसरे को ढांकता हुआ ।
limburgite *लिम्बरगाइट n.* a volcanic rock. ज्वालामुखी शिला ।
limbus *लिम्बस n.* boarder. सीमा ।
lime *लाइम n.* any slimy or gluey material; the white caustic earth; lime stone or calcium carborate. चूना; सफेद रंग की एक प्रकार की भट्टी; *adj.* चूने का बना; *v. t.* चूने से पुताई करना; चिनाई; करना; *v. i.* शराब में चूना मिलाना ।
lime burner -बरनर *n.* वह जो चूने को फूंकता है
lime juice -जूश *n.* नींबू की अर्क ।
lime kiln -किल्न *n.* चूने की भट्टी ।
lime light -लाइट *n.* drummoned light; light produced by a blow pipe flame; the glare of publicity. गैस की तेज रोशनी; एक दम प्रसिद्धि प्राप्त करना ।
limen *लिमैन n.* the threshold of consciousness; the limit below which a stimulus is not perceived. जागृति की सीमा ।
limerick -रिक *n.* a nonsense verse in a five line stanza. मूर्खतापूर्ण पांच पदों की कविता ।
limes *लाइमस n.* सीमा या घेरा ।
limestone -स्टोन *n.* चूने का पत्थर; वह पत्थर जिस से चूना बनाया जाता है ।
lime tree -ट्री *n.* नींबू का पेड़ ।
limetwig -ट्विग *n.* a twig smeared in bird lime. सफेद चूने में डुबोई हुई टहनी; एक धोखा ।
limewash -वाश *n.* पुताई के लिए तैयार किया हुआ चूने का पानी ।
limewater -वाटर *n.* चूने का पानी; चूना मिलाया हुआ पानी ।
limewood -वुड *n.* नींबू की लकड़ी ।
limicolous -कोलस *adj.* living in mud. कीचड़ में रहने वाली ।
liminal -नल *adj.* threshold. सीमा पर; पास

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

में; नजदीक।

liminess *-नैस n.* state of containing Calcium Hydroxide in water. पानी में चूना मिली हुई स्थिति।

liming *इंग n.* application of lime; the act of soaking skin in lime water to remove hairs. खाल के चूने के पानी में बाल हटाने के लिए डुबोने का कार्य; चूने में डालने का कार्य।

limit *-ट n.* boundary; restriction,a value; position or figure; the unspeakable limit of endurability. सीमा; रोक; प्रतिबन्ध; एक पद; संख्या या मूल्य; सहिष्णुता की सीमा; *v.t.* to appoint; specify; confine within bounds, to restrict. नियुक्त करना; प्रतिबन्ध लगाना; विशेष प्रदेश तक सीमित कर देना *limited Company* : a company the liability of whose member is limited. एक ऐसी व्यवसायिक संस्था जिसके मालिकों की जुम्मेदारी सीमित हो।

limited Empress : एक ऐसी रेल गाड़ी जो एक सीमित संख्या के ही यात्रियों को ही लेजाती है *limited monarchy* : ऐसी राज्य व्यवस्था जहां राजा अन्य लोगों के साथ राज्याधिकार बर्तता है।

limitable *-टेबल adj.* that which can be restricted ; limited. वह जिसको सीमित किया जा सके; जिस पर प्रतिबन्ध लगाया जा सके

limitarian *-टेरियन n.* one who limits salvation to a part of mankind. वह जो मानव उद्धार संप्रदाय विशेष तक सीमित रखता है

limitary *-टेरी adj.* किसी सीमा में सीमित।

limitation *-टेशन n.* सीमा; असमर्थता।

limitative *-टेटिव adj.* सीमित करने वाली।

limited *-टिड n.* सीमित; प्रतिबन्धित।

limitedly *-टिडली adv.* प्रतिबन्धिता से।

limitedness *-टिडनैस n.* the state of being limited. सीमित होने की स्थिति।

limiter *-टर n.* वह जो प्रतिबन्ध लगाता है; सीमित करता है।

limiting *-टिंग n. & adj.* act of limiting. सीमित करने का कार्य।

limitless *-टलैस adj.* असीमित।

limitlessly *-ली adv.* बिना प्रतिबन्ध के; असीमितता से।

limitlessness *-नैस n.* असीमितता।

limitrophe *-ट्रोफ adj.* near the frontier. बाहरी सीमा के पास।

limma *लिमा n.* संगीत में आने वाली विश्रांती; ठहरना; रुकना।

limmer *लिमर n.* चोर; ठग।

limn *लिम v. t. & v. i.* to draw or paint specially in the water. चित्र बनाना या चित्रकारी करना विशेषकर पानी के रंगों से।

limnaea *-निआ n.* a genus of pond snails एक प्रकार के केंचुए।

limnaeid *-लिअॅड n.* केंचुआ।

limner *-नर n.* चित्रकार; मूर्तिकार।

limnetic *-नेटिक adj.* living in fresh water. ताजे पानी में रहने वाला।

limning *लिमनिङ्ग pr. p.* चित्रकारी करना।

limnology *-नोलाजी n.* the scientific study of lakes. झीलों का वैज्ञानिक अध्ययन।

limnophilous *-नोफिलस adj.* दलदल या तालाबों में रहने वाला।

limonite *लिमोनाइट n.* brown iron ore; a deposition bogs and lakes a decomposition product in rocks. भूरी लोहे का खनिज पदार्थ; झील तालाबोंमें जमा होजाने वाला पदार्थ; शिलाओं के नष्ट होने में बनने वाला चूर्ण

limonitic *-टिक adj.* relating to iron ore. लोहे की खान से सम्बन्धित।

limosis *-सिस n.* a morbidely revenous appetite. भयंकर भूख।

limous *लिमस adj.* muddy; slimmy. कीचड़ वाला; दलदल युक्त।

limousine *लिमूजन n.* a closed motor-car बन्द मोटर गाड़ी।

limp *लिम्प adj.* wanting stiffness. शिथिल; लटकता हुआ। *v. i.* रुकना; घसीटते हुए चलना *n.* लड़खड़ाती चाल।

limpet *-लिम्पेट n.* a gasteropod with conical shell; that clings to the rod; one not easily ousted. एक समुद्री कीड़ा सीपी की भांति का जो चट्टानों से चिपका रहता है वह जिसे आसानी से दूर न किया जा सके।

limpid *लिम्पिड adj.* clear, transparent. साफ; पारदर्शी।

limpidity *-डिटी n.* the state of being limpid. पारदर्शी होना।

limpidily *-डली adv.* सफाई से; पारदर्शिता से

limping *लिम्पिङ्ग adj.* लड़खड़ाना।

limpingly *-ली adv.* लड़खड़ाते हुए।

limpness *लिम्पनैस n.* मृदु; मुलायियत।

limulus *लिम्यूलस n.* बड़े आकार का बिच्छू।

limy *लिमी adj.* viscous. चिपचिपा।

lin *लिन v. i. & v. t.* to cease; to give over; to cease from. खत्म होना; छोड़ देना

linage *लाइनेज n.* aligning; measurement or payment by the line. नाप तोल के अनुपात से अदायगी।

linch *लिच n.* (also linchet; lynchet) a boundary line or unploughed strip of land. सीमा; हद या बिना जोता हुआ लंकड़ी का टुकड़ा।

linch pin *-पिन n.* a pin used to fix the wheel to the axle. पहिये को धुरी पर रोकने वाली कील।

Jincoln green *लिंगकन ग्रीन n.* एक प्रकार का हरा कपड़ा जो कभी लिंकोलन शहर में बनाया जाता था।

linctus *-टस n.* a kind of medicine. चाटने वाली एक दवाई।

linctuses *-टसिज n. pl.* बहुवचन चाटने वाली दवाइयां।

lincture *-चर n.* चाटना।

lind *लिंड n.* नीबू का पेड़।

lind worm *-वर्म n.* wingless dragon. एक पर हीन सर्प।

line *लाइन n.* a fine cord; a row; rail road; wire; a verse. एक बारीक; रस्सी; रेलवे लाइन; तार; कविता का एक पद; रेशमी व कपास का बारीक धागा; रेखा; अक्षरों, सिपाहियों जहाज आदि की पंक्ति; वंश; दिशा; इंच का बारहवां भाग। *v. t.* to mark out with lines; to pad stuff or face. रेखाओं का अङ्कित करना; गद्दी लगाना; भर देना; सामना करना; शक्तिशाली बनाना; सहायता देना; रेखाओं से ढक देना; पंक्ति में रखना। *v. i.* to take a place in a line. पंक्ति में स्थान होना।

a line on: some idea. किसी का कुछ अन्दाज या ज्ञान होना।

draw the line बीच विचार करना; सीमा बांध देना।

Fraunhofer's lines dark lines crossing the specturum. अन्धियारी रेखायें जो रङ्गों की सीमा को पार कर जाती हैं।

give line दिखावटी स्वतन्त्रता प्रदान करना।

hard lines दुर्भाग्य; दुर्घटना।

in line एक सीधी रेखा में; विचार सांमजस्य।

linear acclerater एक प्रकार का यन्त्र जिसमें विद्युत कणों की गति तीव्र करदी जाती है।

linear prespective दृष्टिकोण का वह भाग जो केवल आकृति, स्थिति और आकार को महत्व देता है।

line of battle शत्रुओं से भिड़ने के लिए पंक्तिबद्ध व्यवस्था।

line of beauty एक मोड़दार रेखा जो अङ्गरेजी अक्षर 'S' की भांति बनी हो।

on the line आंख की सीध में।

read between the line's गूढ़ार्थ लगाना।

lineage *लाइनिज n.* (also lynage, lignage linage) परम्परागत सम्बन्धित; रेखाओं की माप पंक्ति पंक्ति के हिसाब पैसा देने का कार्य।

lineal *-निअल adj.* रेखा या रेखाओं से सम्बन्धित; रेखाओं से बना हुआ; असली वंशज; परम्परागत।

lineality *-निअलिटी n.* शुद्ध वंसजता; रेखाओं से बना होना।

lineally *–लियली adv.* परम्परा या वंश क्रम से।

lineament *-निआमेन्ट n.* आकृति- मुख पर बने चिन्ह।

linear *-निअर adj.* रेखा का या रेखा से सम्बन्धित रेखाओं से बना या रेखाओं की आकृति का; बारीक लम्बी रेखा जिसके दोनों किनारे समानान्तर हों।

linearity *-निअरिटी n.* रेखाओं द्वारा बनाने का कार्य।

linearly *-निअरली adv.* रेखाओं।

lineate *-निएट adj.* रेखाङ्कित।

lineated *-निएटिड adj.* रेखाओं से बनाया हुआ

lineation *-निएशन n.* रेखाओं से चिन्ह देने का कार्य; रेखाओं को क्रम बद्ध करना।

lined *-न्ड adj.* रेखाओं वाला; लाइन खिंचा।

line engraver *लिननएग्रेवर n.* तांबे पीतल आदि के बर्तनों पर नाम खोदने वाला।

line engraving *लाइननएनग्रेविंग n.* तांबें पीतल आदि के बर्तनों में नाम खोदने का कार्य।

line fence *-फन्स n.* खेतों के चारों ओर लगी बाढ़

linefish *-फिश* एक रेखा या सीध में पकड़ी मछली

linefisher *-फिशर n.* जहाज या नाव में बैठ कर मछली पकड़ने वाला।

linefishing *-फिशिंग n.* किस्ती में मछली पकड़ना

line fisherman *-फिशरमॅन n.* मछेरे जो नाव में बैठकर मछली पकड़ते हैं।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

lineman *-मॅन n.* वह आदमी जो रेल की पटरी की देखभाल करता है; या जो तार व टेलीफून के तारों की देखभाल करता है।

linen *लिनिन n.* cloth made of flax. सन का बना वस्त्र।
wash one's dirty linen at home, in public : अपने घरेलू कलहकारी बातों का भण्डाफोड़ करना।

linendraper *-ड्रेपर n.* सन से बने कपड़ों का व्यापारी।

linen fold *-फोल्ड n.* सांचे में बनी सजावट की वस्तु जिसमें सन के कपड़े समानान्तर बने से मोड़ दिखाई दें।

line of battle ship *लाइन ऑफ बैटल शिप n.* एक लड़ाका जहाज; लड़ाई पर जाने के लिये तैयार जहाजी बेड़ा।

lineolate *लिनिओलेट n.* बारीक रेखाओं से अङ्कित

lineout *लाइन आउट n.* फुटबाल के खेल में खिलाड़ियों की एक लाइन।

liner *लाइनर n.* लाइन खेंचने वाला; रेखाचित्र बनाने वाला; मछली पकड़ने वाली किस्ती।

linescroll *लाइन्ज स्क्रोल n.* सन के बने कपड़े।

linesman *-मॅन n.* सिपाही; टैनिस के खेल में गेंद की जगह बताने वाला।

linesquall *लाइनस्क्वाल n.* हवा से उत्पन्न ध्वनि जो लम्बे रास्तों में पाई जाती हैं।

linestorm *लाइनस्टोर्म n.* भ्रुवों से उत्पन्न होने वाला तूफान।

line-up *-अप n.* लाइन में खड़े होना; लाइन बन्द होना।

ling *लिंग n.* एक प्रकार की मछली; छोटी झाड़ी; स्काटलैण्ड में अंग्रेजी शब्द 'लाइन के लिये' प्रयुक्त किये जाने वाला।

linga *लिंगा n.* (also lingam) शिव लिङ्ग।

lingel *लिंगल n.* (also lingle) जूता बनाने वाले चमार का मोम लगाया हुआ धागा।

linger *लिंगर v. i. & v. t.* विलम्ब करना; देर लगाना; देर तक ठहरना।

lingerer *-रर n.* देर लगाने वाला; विलम्बकारी; दीर्घ सूत्री।

lingrie *लिंगरी n.* सन के बने वस्त्र; स्त्रियों के नीचे पहनने वाले वस्त्र।

lingering *-रिंग n. & adj.* विलम्ब; चिरकाल; बहुत देर का।

lingeringly *-ली adv.* देर से; विलम्ब से; चिरकाल से।

Lingo *लिंगो n.* a language esp. one despised or not understood. ऐसी भाषा जो समझ न आ सके।

Lingoa geral *लिंग्वाझरअल n.* a trade jargon used in Brazil. एक व्यापारिक भाषा जो ब्राजील में बोली जाती है।

lingot *लिंगॅट n.* an ingot. लोहे; चांदी या सोने की सिल।

lingua *लिंग्वा n.* tongue; a tongue like substance. जीभ; जिह्वा या जीभ के समान।

linguafranca *-फ्रेन्का n.* any international jargon. अनेक भाषाओं की खिचड़ी।

lingual *लिंगुअल adj.* जीभ या भाषा सम्बन्धी; जीभ से उच्चारण किया जाने वाला शब्द।

lingually *-ॲली adv.* जीभ से।

linguiform *-इफार्म adj.* tongue formed. जीभ की भांति।

linguist *लिंग्वस्ट n.* pertaining to languages or knowledge of a number of languages. अनेक भाषाओं का ज्ञाता या भाषाओं से सम्बन्ध रखने वाला।

linguister *-स्टर n.* (also linkisterand) an interpreter lingster. दुभाषिया।

linguistic *-स्टिक adj.* pertaining to linguistics. बहुभाषा सम्बन्धी।

linguistical *-कल adj.* अनेक भाषाओं से सम्बन्धित।

linguistically *-कली adv.* in a linguistic manner. भाषा प्रवीणता से।

linguistics *-स्टिक्स n.* the study of languages in all their detail. भाषाओं का पूर्ण अध्ययन।

linguistry *लिंग्यूस्ट्री n.* the science of language. भाषा सम्बन्धी विज्ञान।

lingula *-ला n.* narrow shelled genus of brachiopods. एक प्रकार का पतला धागा।

lingular *-लर n.* pertaining to lingula. घोंघे से सम्बन्धित।

lingulate *-लेट* जीभ की भांति आकृति वाला।

lingulella-*लेला n.* characteristic fossil of the upper Cambrian. वैल्स प्रदेश में पृथ्वी में खोदकर निकाला गया पदार्थ।

linhay *लिनी n.* (also linny) a shed; open infront. एक छायादार मकान जो आगे से खुला हो।

liniment *-मैन्ट n.* a thin ointment. एक पतला मलहम।

linin *लाइनिन n.* a substance which forms the net work of a cell nucleus. ऐसा पदार्थ जो घोंघे के खोल बनाने में काम आता है।

lining *-लिंग n.* किसी पदार्थ का भीतरी आवरण; अस्तर।
every cloud has a silver lining : हर बुराई में कुछ न कुछ भलाई रहती है।

link *लिंक n.* one ring in a chain; connecting part; a torch; the river bend. जंजीर की एक कड़ी; जोड़ने वाला भाग; मशाल; नदी का मोड़। *v. t.* जोड़ना। *v. i.* जोड़ा जाना; हाथ में हाथ डाले जाना।
missing link any point or fact needed to complete a series of events; arguments, objects. एक ऐसी बात या तथ्य जिसके मिलने से या ज्ञात होने कोई बात का सिलसिला पूरा हो जाये।

linkage *लिंकेज n.* an act or mode of linking; the fact of being linked, a chemical bond; a tendency; of certain characters to be inherited together. जोड़ने का प्रकार या कार्य; जोड़ा हुआ होना; एक रासायनिक एकता पदार्थ विशेष की एक होने की प्रवृत्ति।

link boy *-बॉय n.* मसालची।

linkman *-मॅन n.* ऐसा मनुष्य जो अन्धेरी गलियों में रोशनी लिए जा रहा हो।

linkmotion *-मोशन n.* reversing gear of a steam engine. वाष्प यन्त्र की चाल पलटने का कार्य।

linkwork *-वर्क n.* a system of pieces moving as linkage. टुकड़ों को ऐसे घुमाना जिससे वह जुड़े हुए लगें।

linn *लिन* (also lin a water fall; a cascade pool; a deep ravine. एक जल प्रपात एक झरना; गहरा नाला।

linnaean *लिनीअन adj.* (also linnean pertaining to the Swedesh botanist or to his artificial system & classification. स्वीडन के वनस्पति शास्त्रज्ञ से सम्बन्धित या उसके बनाये काल्पनिक विभाग उपविभागों से सम्बन्धित

linnet *लिनिट n.* a common finch; feeding on flax seed. एक प्रकार की गाने वाली चिड़िया जो सन के बीज खाती है।
green linnet : the green flinch. हरे रंग की गाने वाली चिड़िया।

linoleic *लिनोलीक n.* (also linolenic; linolen) higly unsaturated fatty acids. बिना साफ किया; गाढ़ा तेजाब।

lino *लिनो n.* लिनोलिटाम शब्द का छोटा रूप।

linocut *-कट n.* अलसी के तेल में भिगाये या पोते हुए कपड़े पर काटकर डिजाइन बनाना; ऐसे सांचे से बने चित्र।

linoleum *-लिअम n.* अलसी के तेल में पोता हुआ फर्स पर बिछाने का टाट।

linotype *-टाइप* a machine for producing stereotyped lines. एजीकल जिससे एक समान अक्षरों की लाइनें बनती चली जाये।

linsang *लिनसॅङ्ग n.* a civet like animal of Borneo and Java also applied to kindered animals of Burma; Himalayas and West Africa. एक प्रकार का पशु जो जावा बारन्यू द्वीपों में पाया जाता है या बर्मा; हिमालया और अफ्रीका के विलुप्त जन्तुओं के प्रयोग में आता है।

linseed *-सीड n.* (also lintseed) lint or flax seed. अलसी का बीज।

linseed cake *-केक n.* अलसी की खल; चूरी जो तेल निकालने के बाद रह जाये।

linseed meal *-मील n.* खल का भोजन जो मुर्गियों व पशुओं को दिया जाता है।

linseed oil *n.* अलसी का तेल।

linsey *लिन्जी n.* a cloth made of linen and wool. ऊन व सन का बना कपड़ा।

linsey woolsely *-वूल्जी n.* a thin coarse stuff made of wool and linen. एक बारीक खुरदरा कपड़ा ऊन और सन के मिश्रण से बनाया हुआ; *adj.* of wool and linen. ऊन व सन का बना हुआ।

linstock *लिनस्टोक n.* (also lintstock) a staff to be hold a lighted match to fire cannons. तोप दागने वाला; मशालची।

lint *लिण्ट n.* flax, scraped linen or a cotton substitute for dressing wounds. सनी या कपास की पट्टी जो जख्म पर बांधने के काम आती है।

lintel *लिण्टल n.* a stone or wood over a door or window. छत या खिड़की चौखट के ऊपर की लकड़ी या पत्थर।

lintelled *-ल्ड adj.* लकड़ी ऊपर रक्खी हुई खिड़की या दरवाजा।

lintee *लिण्टी n.* एक प्रकार का गाने वाला पक्षी।

linter *लिण्टर n.* बिनौले और कपास अलग करने वाली मशीन।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

lintseed *-सीड n.* अलसी के बीज।

lintwhite *-व्हाइट adj.* एक पक्षी जो अलसी के बीज खाता है।

lion *लायन n.* a lage; fierce; loud roaring animal of the cat family; a man of unusual courage. जङ्गल में रहने वाला; बिल्ली की जाति का एक जानवर; शेर; शेर दिल आदमी।

lion's share the whole or greater part. सारा या आधे से अधिक भाग।

twist the lion's tail : to harass great Britain. बर्तानिया सरकार को कष्ट देना।

lioncel *-सैल n.* (also lioncelle and lionel) a small lion used as a bearing. एक छोटा शेर।

lioness *-नॅस n.* शेरनी।

lionet *लायोनट n.* a young lion. एक जवान शेर।

lionheart *-हार्ट n.* one with courage. मजबूत दिल वाला आदमी; बहादुर आदमी; सिंह पुरुष

lionhearted *-हार्टड adj.* शेरदिल; बहादुर।

lionhunter *-हण्टर n.* a lion hunter; one who runs after celeberites. शेर का शिकारी; प्रसिद्धि के पीछे भागने वाला; प्रसिद्धि चाहने वाला।

lionise *लायोनाइज v. t.* to treat as a lion or object of interest; to go around the sights of; to show the sights to. शेर की भांति समझना; विलक्षण पदार्थ समझना; ऐसे स्थान पर जाना या स्थान दिखाना।

lionism *-निज्म n.* lion like appearance in leprosy. कोढ़ में सिंह के समान भयानक आकृति का होना।

lionlike *-लाइक adj.* (also lionly) like a lion. सिंह के समान शूरवीर।

lion's provider *-प्रोवाइडर n.* the jackal; supposed to be in attandant to a lion. गीदड़; स्यार जिसे शेर की नौकरी में माना जाता है।

lip *लिप n.* any muscular flaps infront of the teeth; the edge or rim of an orifice, impudent talk; insolence. दांतों के आगे का मांसल भाग; होंठ; किनारा; निर्लज्ज वार्ता; *v. t.* to touch with lips; to kiss; to wash; overflow; or over run the edges. होंठों से छूना; चुम्मा लेना, धोना; बांध तोड़कर बहना; किनारे से बाहर निकल जाना; *v. i.* to manage the lips in playing a wind instrument to have water lapping over. फूंक से बजने वाले बाजों पर होंठों का जमाना; पानी में उछाल पैदा करना।

in lipsburie pinfold . (Shak.) between the teeth. दांतो के बीच में।

keep stiff upper lip : to show a face of resolution. दृढ़ निश्चय आकृति का दिखाना

make a lip : to pout in sullenness or derision. हठ में या हँसी ठट्ठे में होंठों का फुलाना गुस्सा होना; क्रोधित होना।

liparite *लिपेराइट n.* rhyolite. एक प्रकार का तेजाबी चट्टान।

lipase *लिपेस, लिपेज n.* an enzyme that breaks up fats. ऐसा खमीर जो चर्बी को अलग अलग करदे।

lipdeep *लिपडीप adj.* insincere; immersed to the lips. होंठों तक डूबा हुआ; बेईमान; झूठा

lipless *-लॅस adj.* बिना होंठों का।

lipochrome *लिपोक्रोम n.* a pigment of butter fat. मक्खन से बना रंग।

lipogram *-ग्राम n.* a writing inverse for which all words are omitted which contain a particular word. एक प्रकार का लेख विशेषकर पद्य में जिसमें से किसी एक विशेष अक्षर वाले शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाता।

lipogrammatic *-ग्रैटिक adj.* written in a manner where words containing a particular letter are omitted. ऐसे प्रकार से लिखा जिसमें किसी विशेष अक्षर वाले शब्द समूह का प्रयोग नहीं किया जाता।

lipogrammatism *-ग्रैटिज्म n.* the art of writing in the manner. किसी विशेष अक्षर वाले शब्दों का लेख में प्रयोग न करने का ढंग।

lipogrammatist *-ग्रैटिस्ट n.* one who writes in the manner. ऐसा लेखक जो किसी विशेष अक्षर वाले शब्दों का प्रयोग नहीं करता।

lipography *लिपोग्राफी n.* accidental ommission of a letter or letters in writing. लिखने में किसी अक्षर या अक्षरों का आकस्मिक छूट जाना।

lipoid *-इड adj.* fat like. चर्बी की तरह।

n. one of a class of substance resembling fat. चर्बी की भांति का एक द्रव्य।

lipoma *लिपोमा n.* a fatty tumour. एक मोटीसी गांठ या गिल्टी।

lipomata *-माटा n. pl.* of lipoma.

lipomatosis *-माटोसिस n.* the excessive growth of fat. चर्बी का अत्यधिक बढ़ जाना, बहुत मोटा हो जाना।

lipomatous *-माटस adj.* मोटा; अधिक चर्बी वाला

lipped *लिप्ड n. pa. p.* having a lip or lips. होंठ या होंठों वाला।

lippen *लिप्पेन v. i.* to trust; to rely; depend. विश्वास करना; भरोसा करना; किसी पर आधारित होना; *v. t.* to expect. आशा करना

lippening *-निंग adj.* unguarded. अरक्षित।

lipping *लिपिंग prep.* चाटना; बरबराना; चूमना; प्यार करना।

lippitude *-ट्यूड n.* soreness of the eyes. आंखों का दुखना; आंखें आना।

lippy *लिप्पी n.* saucy. लटकते हुए होंठों वाला; स्वादिष्ट।

liquate *लिक्वेट v. t.* to melt; to subject to liquation. पिघलना।

liquable *-वल adj.* anything that can be melted. ऐसी वस्तु जो पिघलाई जा सके।

liquation *-शन n.* पिघलाना; धातुओं का पिघलाना जिनका द्रव होने का तापमान अलग अलग हो

liquefacient *-फ़ेशिअण्ट adj.* द्रवित।

liquefaction *-फ़ैक्शन n.* पिघलाने का काम।

liquefiable *-फ़ाइवल adj.* पिघलाये जाने का कार्य

liquefied *-फ़ाइड pa. p.* पिघलाया हुआ।

liquefier *-फ़ाइर n.* पिघलाने वाला।

liquefy *-फ़ाई v. t.* पिघलाना।

liquefying *-फ़ाइङ्ग pr. p.* पिघलाने का काम।

liquesce *लिक्वैज v. i.* to become liquid. द्रवित होना; पिघलना; मिल जाना।

liquescence *-सॅन्स n.* पिघला हुआ पदार्थ।

liquescency *-सॅन्सी n.* पिघली हुई स्थिति; पिघलने की स्थिति।

liquescent *-सॅन्ट adj.* पिघला हुआ; द्रवित।

liqueur *लिक्यूर, लिकर n.* ऐसा मादक रसायन जिसमें मीठा और सुगन्धी डाली हो।

liqueurglass *लिकरग्लास n.* drinking glass. एक छोटा शराब पीने का पात्र।

liquid *लिक्विड adj.* पतला; पिघला हुआ; बहता हुआ; साफ; जिसे जब चाहो बेचकर रुपया इकट्ठा किया जा सके; *n.* द्रव पदार्थ।

liquidamber *-डैम्बर n.* एक प्रकार के वृक्ष की जाति।

liquidate *-डेट v. t.* बेबाकी करना; हिसाब साफ करना; ऋण चुकाना; कम करना; बेचना; खत्म करना; *v. i.* दिवालिया होना।

liquidation *-डेशन n.* किसी काम व्यापार या वस्तु के खत्म होने की स्थिति।

liquidater *-डेटर n.* वह जो खत्म करे; कम करे।

liquidise *लिक्विडाइज v. t.* to render liquid पिघलाना।

liquidity *-डिटी n.* पतलापन।

liquidly *-डली adv.* पानी की तरह से।

liquidness *-नेस n.* पानी की तरह; पतली; पिघली हुई।

liquor *लिकर n.* a liquid; a liquid secretion. पतला; सुरा; मदिरा; शराब, आसव *v. t.* शराब का मलना। *v. i.* शराब पीना।

in liquor : drunk. नशे में।

liquor laws: मादक वस्तुओं की बिक्री के नियम

liquorice *लिकरिस n.* एक पौधा जो औषधि में काम आता है।

Indian liquorice Abrus सेम की तरह का एक पौधा।

wild liquorice a kind of milk vetch. एक प्रकार की कासनी की जाति का पौधा जो दूध बढ़ाने के लिए चारे की तौर पर दिया जाता है

liquorish *लिकरिश adj.* another spelling of lickerish. शराब की तरह का।

lirk *लर्क n.* a fold; a wrinkle. एक झुर्री; मोड़।

Lisbon *लिजबन n.* a light coloured wine from Portugal. एक हलके रंग की पुर्तगाली शराब; पुर्तगाल देश की राजधानी का नाम।

lisle *लिल n.* long stapled hard twisted cotton yarn. लम्बे तन्तु वाला; घना बटा हुआ सूती धागा।

lisp *लिस्प v. i.* to articulate as a child; to speak imperfectly. बच्चे की भांति तुतलाना; अस्पष्ट बोलना। *v. t.* तुतला कर बोलना; *n.* तुतलाने की आदत का कार्य; बोलने की गलती जिससे बोली तुतला जाती है।

lisping *लिस्पिङ्ग n.* तुतला कर बोलना।

lispingly *-ली adv.* तुतलाते हुए।

lisper *लिस्पर n.* तोतला; तुतलाकर बोलने वाला।

lispound *लिस्पाउन्ड n.* a varying weight 12 to 34 pounds. १२ से ३४ पौंड तक का बट्टा।

lissencephalous *लिसॅन्जेसैफलस adj.* with

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

smooth cerebral hunisphere. जिसकी सिर की इड्डी एक सी हो।

lissom *लिस्सम adj.* (also **lissome**) lithsome; nimble; flexible. अस्थिर; चंचल; मुड़तुड़ जाने वाला।

lissom (e) ness *-नेस n.* the state of being lissom. चंचलता की स्थिति।

lissotrichous *लिस्सोट्रिचस adj.* smooth haired. नर्म बालों वाला; कोमल केशयुक्त।

list *-लिस्ट n.* the salvage of woven textile fabrics; a border; a strip; a boundary; a catalogue; roll; enumeration; the roll of; those liable for active service; a fillet; a division of parted hair. बुने हुए सूती कपड़े का भाग; किनारी; कन्नी; एक धारी; सूचीपत्र; सूची; संख्या लड़ाई में भाग लेने वाले सिपाहियों की फहरिस्त; बालों का भाग। *adj.* made of strips. ऊनी किनारों का बना हुआ। *v. t.* किनारी लगाना; अखाड़े में जाना; किनारी हटाना; प्रसन्न करना; प्रसन्न होना; इच्छा करना; पसन्द करना। *v. i.* to enlist. भर्ती होना, फौज में दाखिल होना। *enter the list* : to come forward for contest. युद्ध में या होड़ में प्रविष्ट होना। *active list* उन लोगों की सूची जो लड़ाई में भेजे जा सकते हैं।

listed *लिस्टिड adj. & pa. p.* of the word list. नाम दर्ज।

listel *लिस्टैल n.* a small rope. एक छोटी रस्सी।

listen *लिसन v. i.* to give ear. सुनना या कान लगाना।

listener *-नर n.* सुनने वाला; श्रोता; श्रोतागण।

listener in *-इन n.* सुनने वाला।

listening in *लिस्निंग इन n.* सुनने का कार्य।

listening post *-पोस्ट n.* ऐसी जगह जहां से शत्रुओं की बातचीत सुनी जा सके।

lister *लिस्टर n.* एक प्रकार का अमरीकी हल।

listerian *-रियन adj.* लिस्टर या उसके चीरफाड़ की रीति के सम्बन्ध में।

listerism *-रिज्म n.* अङ्गरेज सर्जन लिस्टर द्वारा चीरफाड़ का तरीका।

listerise *-राइज v. t.* लिस्टर के तरीके से इलाज करना।

listful *-फुल adj.* सतर्क; तैयार।

listless *-लैस adj.* having no desire or wish. जिस की कोई आकांक्षा या इच्छा न हो।

listlessly *-ली adv.* in an uninterested way. बिना लगाव की भांति।

listlessness *-नेस n.* निर्लिप्त।

lit *लिट pa.t. & pa. p.* of light. जलाया हुआ

litany *लिटेनी* a prayer of supplication. कीर्तन।
liser litany : common formula. आम सिद्धान्त।

mesuring rod -रॉड *n.* (also measuring tap) नापने का दण्ड या फीता ।

measuriug worm -वार्म *n.* एक प्रकार का टिड्डा

meat *मीट n.* the flesh of animals eaten as food; for food thought; मांस; सोचने की सामग्री ।
meat biscuits: मांस के बने बिस्कुट ।

meat eater -ईटर *n.* मांस-भक्षक ।

meat-fly -फ्लाई *n.* एक प्रकार की मांस में अण्डे देने वाली मक्खी ।

meath-meathe -मीद *n.* a kind of liquor एक प्रकार का पेय पदार्थ ।

meatiness *मीटीनॅस n.* मांसलता; मांसयुक्तता ।

meatless -लॅस *adj.* बिना मांस का ।

meat-man -मॅन *n.*हलाल किया हुआ मांस बेचने वाला; कसाई ।

meat- market - मार्केट मांस बेचने की दुकान ।

meat offering ऑफरिंग *n.* यहूदियों में पिसा हुआ आटा और फलों का चढ़ावा ।

meat-pie पाई *n.* मांस का समोसा ।

meat safe सेफ *n.* मांस सुरक्षित रखने का स्थान

meat salesman सेल्समॅन *n.* मांस का बड़ा व्यापारी ।

meatscreen स्क्रीन *n.* मॉस को पकाने के लिए नीचे रखने की लोहे की चादर ।

meat-tea -टी *n.* मांस के साथ पीने की तेज चाय

meat-tub -टब *n.* मांस के टुकड़े डालने की नांद ।

meatus *मीटस n.* a canal or passage. नहर या रास्ता ।

meaty *मीटी adj.* मांस से युक्त ।

meawes *मीज्ज n.*a way of escape through hedge झाड़ियों में से बच निकलने का रास्ता; *v.t.* to escape through hedge. झाड़ियों में से बच निकलना ।

meazel *मीजल n.* a leper. कोढ़ी ।

mebos *माबोस n.* salted dried apricots. नमक लगाकर सुखाई हुई खुबानी ।

mechanic *मकेनिक n.* a skilled worker; a handicraftsman. कारीगर; शिल्पकार; मिस्त्री ।
mechanical powers यन्त्र की प्रारम्भिक वस्तुएं पुली; लीवर इत्यादि ।
mechanical tissues वह रेशा जो पौधों को खड़े होने की शक्ति देता है ।
mechanics' institute ऐसी संस्था जिसमें यन्त्र विद्या सिखाई जाती है ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

mechanisation of the army: सेना का यंत्रीकरण।
mechanical drawing : परकार इत्यादि की सहायता से बना हुआ चित्र।
mechanical *-ल adj.* यन्त्र सम्बन्धी; यन्त्र द्वारा बनाया हुआ; शारीरिक बल से किया हुआ; शिल्प सम्बन्धी।
mechanically *मकेनिकली adv.* यन्त्र की तरह से
mechanician-*शियन n.* a machine maker; one skilled in the art of repairing machines. यन्त्र बनाने वाला यन्त्र की मरम्मत करने वाला।
mechanics *-क्स n.* मशीन बनाने की विद्या; यंत्र विज्ञान; गीत विज्ञान।
mechanise *-नाइज v. t.* to make mechanical. यन्त्र युक्त बनना।
mechanism *-निज्म n.* यन्त्र विज्ञान; सब तरह के यन्त्र; यन्त्र की बनावट।
mechanist *-निस्ट n.* यन्त्र बनाने या सुधारने वाला कारीगर।
mechanistic *मकेनिस्टक adj.* कारीगर से सम्बन्धित।
mechanistically *मकेनिस्टकली adv.* कारीगर के रूप में।
meconate *-नेट n.* a salt of acid obtained from poppy. पोस्त से बनाए गए तेजाब का क्षार।
meconic *-मेकानिक n.* an acid obtained from poppy. पोस्त से बनाया गया एक प्रकार का तेजाब।
meconin *-निन n.* अफीम में पाया जाने वाला एक रासायनिक पदार्थ।
meconium *-नियम n.* बच्चे के जन्मकाल के समय निकला हुआ स्त्री के अन्दर का मैल।
medaewart *मेडीवार्ट n.* a kind of tall fragrant plant. एक प्रकार का बड़ा सुगन्धित पौधा
medal *मॅडल n.* a coin struck in memory of an event or person; a reward of merit; ancient coin. तमगा; पदक; गुण का पुरस्कार; पुराना सिक्का।
medallic *मडैलिक adj.* पदक से सम्बन्धित।
medallion *-लियन n.* एक प्रकार का बड़ा पदक।
medallist *-स्ट n.* पदक प्राप्त व्यक्ति; पदक बनाने वाला।
meddle *मॅडल v. i.* to disturb; to interfere to act officiously. विक्षुब्ध करना; बाधा डालना; ढीठता से काम करना।
meddler *-र n.* विघ्न डालने वाला।
meddlesome *मॅडलसम adj.* हस्तक्षेप करने वाला
meddlesomeness *मॅडलसमनेस n.* विघ्न; हस्तक्षेप।
meddling *मॅडलिंग n.* दूसरे के कार्य में हस्तक्षेप करना।
media *मीडिया n.* (*pl.* medium) agency. साधन; हेतु।
mediacy *मेडीएसी n.* state of being in the middle. बीच में होने की स्थिति।
mediaeval *-ईवल adj.* (also medieval) relating to Middle Ages. मध्यकाल का; मध्यकालीन।
mediaevalism *-लिज्म n.* the spirit of Middle Ages. मध्यकाल की प्रचलित रीतियां।
mediaevalist *-लिस्ट n.* मध्यकालीन कला तथा इतिहास का वेत्ता।
mediaevally *-ली adv.* मध्यकालीन रीति से।
medial *मीडियल adj.* intermediate; occuring within the word; pertaining to an average. मध्य में का; मध्यवर्ती; शब्द के अन्दर ही; औसत का सामान्य।
medially *-यली adv.* औसत दरजे से; मध्य रूपमें
Mede *मीड n.* a member of Indo-German people fused with Persians. भारत और जर्मनी की मिलवां नस्ल जो फारस के रहने वालों में लिप्त हो गई।
median *मीडियन adj.* placed in the middle. माध्यिक; मध्य स्थिति; बीच में रखा हुआ; *n.* a straight line supposed to divide the body longitudinally into two equal parts. मध्य रेखा।
median *-यन adj.* pertaining to Medes and their language. भारत और जर्मनी के लोगों की मिश्रित जाति, मीड से सम्बन्धित।
medianly *-ली adv.* माध्यिक रूप में।
mediant *-यण्ट n.* an appelation given to the third above the key-note. सरगम में मध्यम सुरङ्ग।
mediastinal *-एस्टिनल adj.* pertaining to the space between right and left lung. दांए और बांए फेफड़े के बीच के स्थान से सम्बन्धित
mediastinum *-नम n.* दांए और बांए फेफड़े के बीच का स्थान।
mediate *-एट adj.* middle; intervening. मध्य; मध्यस्थ; *v. i* to intervene; to intercede; to act as a medium. मध्यस्थ होना; बीच में पड़ना; *v. t.* to affect by mediation. मध्यस्थ बनकर किसी झगड़े का फैसला करना।
mediately *मीडीएटली adv.* दूसरों के द्वारा; मध्यस्थ रूप में।
mediateness *-नेस n.* मध्यस्थ होने की स्थिति।
mediation *मीडिएशन n.* interposition. मध्यस्थता; बीच बचाव।
mediatisation *-एटाइजेशन n.* the act of mediating. छोटी रियासत का बड़ी रियासत में मिलाने का कार्य।
mediatise *-एटाइज v. t.* to cause to act through a subordinate agent; to annex a smaller state into a large neighbouring state. किसी दूसरे अभिकर्त्ता द्वारा काम करवाना; छोटी रियासत को पास की बड़ी रियासत में मिलाना।
mediative *-एटिव adj.* उपरोक्त कार्य से सम्बन्धित।
mediator *-एटर n.* मध्यस्थ; बीच बचाव करने वाला व्यक्ति।
mediatress *-एट्रेस n.* (also madiatrix) बीच बचाव करने वाली स्त्री।
medic *मेडिक adj.* medical. चिकित्सा सम्बन्धी *n.* a physician; a medical student. चिकित्सक; चिकित्सा सीखने वाला विद्यार्थी।
medical *-कल adj.* pertaining to medicine or the art of curing diseases; tending to cure. औषधि तथा चिकित्सा करने के ढंग से सम्बन्धित; रोग दूर करने वाला; अरोग्य कारी।
medical certificate : रोग प्रमाण-पत्र।
medical leave : रोगावकाश।
medical practitioner : चिकित्सक जीवी।
medical jurisprudence : वैद्यक या डाक्टरी का कानूनी विज्ञान।
medical science : चिकित्सा-शास्त्र; आयुर्वेद।
medically *-कली adv.* चिकित्सा विज्ञान के अनुसार।
medicament *मेडिकामॅन्ट n.* रोग हटाने वाली औषधि।
medicamental *-कमेन्टल* **medicamentary** *कामेन्टरी adj.* औषधि सम्बन्धी।
medicamentally *-कामेन्टली adv.* औषधि के रूप में।
medicaster *-कास्टर n.* ढोंगी वैद्य।
medicate *-केट v. t.* to treat with medicine. औषधि देना।
medicated *-केटेड adj.* औषधि युक्त।
medication *-केशन n.* औषधि प्रयोग।
medicative *मेडिकेटिव adj.* अरोग्यकर।
medicinable *-सिनल adj.* औषधि में प्रयोग की जाने वाली; अरोग्यकर; औषधि के समान; औषधि सम्बन्धी।
medicine *-सिन n.* any substance used as a remedy for disease; a drug; the science of prevention and cure of diseases. रोग दूर करने वाला पदार्थ; औषधि; दवा; चिकित्सा शास्त्र। *v. t.* to treat or cure by medicine. औषधि देकर इलाज या चिकित्सा करना।
medicine-ball *-बॉल n.* व्यायाम के लिए फेंका जाने वाला लोहे का गोला।
medicine-bottle *-बॉटल n.* दवा रखने की बोतल।
medicine-chest *-चेस्ट n.* औषधि रखने की आलमारी।
medicine-dropper *ड्रापर n.* दवाई डालने का साधन।
medicine-man *-मॅन n.* स्याना; जादूगरनी; नीम हकीम।
medick *मेडिक n.* lucerne. एक प्रकार का पौधा जिसे पशु चाव से खाते हैं।
medico *-को pref.* denoting doctor. 'डाक्टर' सूचक एक उपसर्ग। *n.* a doctor. चिकित्सक; डाक्टर।
medico-legal *-लीगल adj.* relating to the application of medicines to question of law. कानूनी मसलों में औषधि का सम्बन्ध।
medieval *-ईवल adj.* of middle Ages. मध्यकालीन।
medio *मीडिओ pref.* denoting the meaning of middle. 'मध्य' अर्थ वाला एक उपसर्ग
mediocre *-ओकर adj.* ordinary; of middle quality. मामूली; बीच के दर्जे का।
mediocrity *-ओक्रिटी n.* समान्यता; उदासीनता
Medise, Medism *मीडाइज; -डिज्म n.* जर्मनी और भारत की मिश्रित नस्ल से सम्बन्धित।
meditate *मेडीटेट v. t.* to dwell on anything in thought; to turn or revolve any subject in the mind. ध्यान लगाना; किसी विषय को मन ही मन चिन्तन करना; *v. i.* to intend; to think on. संकल्प करना; किसी विषय पर सोचना।
meditate the muse : कविता करना।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

meditated *-टेटड adj.* ध्यान लगाकर सोचा हुआ
meditation *-टेशन n.* ध्यान, चिन्तन; गहरी चिन्ता।
meditative *-टिव adj.* विचार मग्न, ध्यान-निमग्न; चिन्तनशील।
meditatively *-टिवली adv.* ध्यान से।
meditativeness *-नेस n.* विचारमग्नता; ध्यान-निमग्नता: चिन्तनशीलता।
meditator *-टेटर n.* ध्यान करने वाला।
mediterranean *-टरेनियन adj.* surrounded by or in the midst of land; situated in the middle of the earth; inland. चारों ओर से पृथ्वी से घिरा हुआ; पृथ्वी के बीच में; भूमध्य; आभ्यन्तरिक।
Mediterranean Sea *-सी n.* भूमध्यसागर।
medium *मीडियम n.* (*pl.* media and mediums) the middle; a middle course; a mean between two extremes; a state of moderation. an agency. मध्य; बीच का रास्ता; औसत; सामान्य; धैर्य; माध्यम; *adj.* intermediate; mean; average. मध्य का सामान्य, औसतन।
circulating medium मुद्रा; रुपये; नोट; इत्यादि
mediumistic *-स्टिक adj.* अध्यात्मिक माध्यम द्वारा।
medius *-यस n.* the middle finger. बीचवाली उंगली।
Medjidie *मजीडी n.* a Turkish order of knighthood. तुर्की की एक पदवी या खिताब।
medlar *मेडलर n.* a small tree with fruits like apple. सेव के पेड़ के समान एक वृक्ष।
medley *-ले n.* a confused mass; a kind of song made up of scraps of different songs. मिश्रण; खिचड़ी; कई पदों के टुकड़े का मिश्रण करके बनाया हुआ गीत।
Medoc *माडोक n.* an excellent French wine. फ्रांस की एक बढ़िया मदिरा।
medulla *मेड्यूला n.* marrow; pith; marrow of the spine. मज्जा गूदा; वृक्षादि का गूदा; रीढ़ की हड्डी के भीतर की मज्जा।
medullate *मेड्यूलेट adj.* (also medullated) मज्जा युक्त।
medulla-oblogata *-ओवलोगेटा n.* मस्तिष्क का वह भाग जो रीढ़ की हड्डी से मिलता है।
medullary ray *- रे n.* लकड़ी इत्यादि में से गुजर सकने वाले किरणों के समान जीवाणु।
medullary sheath *शीथ n.* पेड़ के गूदे के चारों ओर पतली झिल्ली।
medusa *-सा n.* सांप जैसे बालों वाली देवी।
medusan *मेडूसन adj.* relating to jelly fishes. एक प्रकार की झिल्लीदार मछलियों से सम्बन्धित।
medusiform *-सीफॉर्म adj.* झिल्ली वाली मछली के आकार का।
medisoid *मेडीसाइड adj.* सांप के बाल वाली देवी के समान।
meed *मीड n.* wages; reward. तनख्वा; मजदूरी; पारितोषिक।
meek *मीक adj.* mild of temper; submissive. विनम्र; विनीत; मृदु।
meeken *मीकन v. t. & v. i.* to render or become meek. विनीत करना; या होना।
meekly *मीकली adv.* नम्रता सहित।
meekness *-नेस n.* नम्रता; विनय।
meerkat *मीरकट n.* a monkey. एक प्रकार का बन्दर।
meerschaum *मेरशम n.* a fine light whitish clay. एक प्रकार की सफेद हल्की खड़िया।
meet *मीट v. t.* to come face to face; to find; to encounter; to receive. पाना; मुठभेड़ होना; ग्रहण करना; *v. i.* to come together; to gather; together; to have an encounter. एकत्र होना; मिलना; साक्षात होना; *adj.* fitting; qualified. उपयुक्त; गुणयुक्त; *n.* a meeting of huntsmen; an assembly for racing. शिकारियों की सभा; दौड़ के लिए एकत्रित हुए लोग।
meeting house : सभा-भवन विशेषत: विद्रोहियों का।
race meeting ; कथित घुड़दौड़ की घटना।
not easy to meet with : दुर्लभ।
give the meeting : द्वन्द्व युद्ध के लिए समय निश्चित करना।
meet half way : समझौता करना।
meet in with : साक्षात होना।
to meet the eye : शीघ्र दिखाई देने वाला; शीघ्र सत्यता का मालूम होना; देख पड़ना।
to meet with : भेंट होना।
well met एक प्राचीन अभिनन्दन करने का वाक्य
meeting *मीटिंग n.* an interview; an assembly; a crowd; session. भेंट; सभा; अधिवेशन।
meetly *मीटली adv.* fittingly. उपयुक्तता से।
meetness *-नेस n.* योग्यता।
mega *मेगा pref.* denoting bigness; in names of units; a million. बहुत बड़ा दिखाने तथा एक लाख संख्या के अर्थ वाला उपसर्ग
megacephalous *-सफेलस adj.* large headed. बड़े सिर वाला।
megacycles *-साइकलज n.* a million cycles. एक लाख साइकल्स या घेरे।
Megaera *मेजीरा n.* a Fury. राक्षस।
megafarad *-फेरड n.* विद्युत शक्ति की एक लम्बी इकाई।
magafag *-फ़ैग n.* धुन्ध के बारे में बताने वाला एक यन्त्र जिसमें कई लाउडस्पीकर कई तरफ लगे होते हैं।
magalith *-लिथ n.* a larg stone. एक बड़ा पत्थर।
megalithic *मेगेलीथिक adj.* बड़े पत्थर या चट्टान से सम्बन्धित।
megalomania *-लोमेनिया n.* mania for big things. बड़े कार्य करने के लिए पागलपन या धुन
megalomaniac *-मेनियाक adj.* उपरोक्त पागलपन या धुन से सम्बन्धित।
megaphone *-फ़ोन n.* a large speaking trumpet. एक बड़ा बोलने का यन्त्र; लाउडस्पीकर
megaron *-रन n.* प्राचीन यूनानी सभ्यता में एक यूनानी के घर का बड़ा कमरा।
megascope *-स्कोप n.* आकृति को बड़ा दिखाने का यन्त्र।
megilp *मेजिल्प n.* a vehicle used by oil painters consisting of linseed-oil and varnish. रङ्गसाजों तथा चित्रकारों द्वारा काम में लाया जाने वाला रंग जिसमें अलसी का तेल और वार्निश मिला होता है।
megrim *मेग्रिम n.* a kind of headache confined to one side of the head. आधासीसी का दर्द; अधिकपारी।
meinie; meiney *मीनी n.* a retinue. अरदली
meionite *मीएनाइट n.* a kind of mineral with less sodium. कम सोडियम वाला एक खनिज पदार्थ।
meiosis *माईओसिस n.* कोई अक्षर छोड़कर उच्चारण करना।
meistersinger *मीस्टर सिन्जर n.* चौदहवीं ईसवी में गाकर मांगने वाले जर्मनी के भिखारी।
meith *मीथ n.* a landmark; a boundary. सीमा; हद; सीमा चिन्ह।
Mejlis *मजलिस n.* the Persian parliament. फारस देश का संसद।
mekometer *मेकोमीटर n.* a form of range finder. दूरी या फासला नापने का एक प्रकार का साधन।
melanaemia *मेलइनीमिया n.* the presence of black particles in the blood. रक्त में काले रंग का पदार्थ होने की बीमारी; रक्त में धीरे धीरे विष फैलने का रोग।
melancholia *-नकोलिया n.* a kind of mental depression. उदासी।
melancholiac *-कोलिएक adj.* (also melancholic) उदासी से सम्बन्धित।
melancholious *-लियस adj.* विषादयुक्त; हताश
melancholy *-कली n.* dejection; depression of spirit. उदासी; हतोत्साह।
melange *मलैञ्ज n.* a mixture; a medley. मिश्रण; खिचड़ी।
melanic *मिलॅनिक adj.* of black or dark colour. काले रंग या चमड़ी का।
melanin *मिलॅनिन n.* a dark pigment in hair; skin etc. बाल तथा त्वचा का काला रंग
melanism *-निज्म n.* blackness of colour. त्वचा अथवा चमड़े का कालापन।
melanistic *-निस्टिक adj.* चमड़े के कालेपन से सम्बन्धित।
melanite *मिलेनाइट n.* a precious stone of dark colour. एक प्रकार का कीमती काली मणि
melano *-नो n.* a person or animal abnormally dark. अत्यधिक काला मनुष्य या जानवर।
Melanochori *-नोक्रॉय n.* a race with pale skin and black hair. पीले रंग का चमड़ा और काले बाल वाली मनुष्यों की नस्ल।
melanochroic-क्रॉइक, melanochroous *-क्रूस adj.* उपरोक्त नस्ल से सम्बन्धित।
melanophore *-फोर n.* बालों तथा त्वचा के काले रंग वाले जीवाणु।
melanosis *-सिस n.* शरीर की त्वचा का अत्याधिक काला होना।
melanuria *-न्यूरिया n.* मूत्र में काले रंग के जीवाणु आने का रोग।
melanuric *-रिक adj.* उपरोक्त रोग से सम्बन्धित
melaphyre *-फायर n.* एक प्रकार की काले रंग की चट्टान।
meld *मेल्ड v. t. & v. i.* to announce; to declare. घोषणा करना; प्रगट करना।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

melder *मेल्डर n* the quantity of meal ground at one time एक समय में जितना खाना चबाया जा सकता है उसकी मात्रा।

melee *मेले n* a confused fight affray लड़ाई; दंगा।

melia *मेलिया n.* a genus of nim tree नीम के पेड़ की एक श्रेणी।

meliaceous *-एशियस adj* pertaining to a genus of mahogany tree. महोगिनी के वृक्ष की श्रेणी से सम्बन्धित।

melic *-क adj* to be sung गाया जाने वाला

melilite *-लाइट n* a honey coloured yellow mineral with calcium ;aluminium and magnesium silicate एक प्रकार का शहद के समान पीले रंग का खनिज जिसमें चूना, रेत, मेगनेशिया और एलीमोनिया होता है।

melilot *-लॉट n* a plant with yellow fragrant flowers एक प्रकार का पीला फूल वाला सुगन्धित पौधा।

melinite *-नाइट n* a kind of explosive एक प्रकार का स्फोटक पदार्थ।

meliorate *-ओरेन्ट v. t & v. i* to make or grow better उन्नति करना अथवा बहतर बनाना, अच्छा होना।

melioration *n.* उन्नति, सुधार।

meliorative *-ओरेटिव adj* उन्नति सम्बन्धी, सुधारक।

meliorator-*ओरेटर n* उन्नति करने वाला सुधारक।

meliorism *-रिज्म n* प्रकृति का यह सिद्धान्त कि हर वस्तु इस तरह की बनी हुई है कि उसमें सुधार किया जा सकता है।

meliorist *-रिस्ट n* उपरोक्त सिद्धांत में विश्वास करने वाला।

meliority-*रिटी n* उन्नति करने अथवा सुधार करने का गुण।

meliphagous-*फेगस adj.* feeding upon honey पैदा करने वाला; मधु पर निर्वाह करने वाला।

mell *मेल n* a heavy wooden hammer. मुद्गरी, लकड़ी का हथौड़ा।

mellay *-मले n.* a melee लड़ाई, दंगा।

melliferous *-फरस adj* मधु पैदा करने वाला।

mellification *मेलीफिकेशन n.* मधु उत्पन्न करने का कार्य।

mellifluence *-फ्लुएन्स n.* a flow of sweetness. मधुरता; मधुर भाषण; मीठापन।

mellifluent-*फ्लुअन्ट adj.* (also mellifluous) मीठी; मधुरभाषी।

mellifluently-*ली adv.*(also mellifluously) मधुर रूप में; मधुरता से।

mellitic -*मेलीटिक adj.*pertaining to honey stone. मधु (शहद) के रंग के खनिज से सम्बन्धित।

mellitite -*टाइट n.* (also mellivorous) honey stone. मधु की तरह की पीले रंग की एक खनिज।

mellow *मेलो adj.*soft and ripe; matured genial, intoxicated मुलायम तथा पका हुआ; पका हुआ; मधुर; प्रफुल्ल; मतवाला .*v.t* to soften by ripeness;to mature पका कर कोमल करना, पकाना; *v. i.* to be matured, to become soft. पका हुआ होना; कोमल होना।

mellowly *-ली adv.* मधुरता से।

mellowness *मैलोनेस* कोमलता; परिपक्वता, मधुरता।

mellowy *-ई adj.* पका हुआ मधुर।

melocoton, melocotoon-*कॉटन* (also malakatoone, melicotton) a large kind of peach. एक प्रकार का बड़ा शतालू।

melodeon *-डिअन n.* a small reed organ. एक प्रकार का सुरीला बाजा यन्त्र।

melodic *मेलोडिक adj.* containing melody सुरीला।

melodics *-क्स n.* the branch of science dealing with the laws of music. संगीत-स्वर विज्ञान।

melodious *-अस adj.* सुरीली; मधुर।

melodiously *-ली adv.* मधुर स्वर में।

melodiousness *-नेस n.* सुरीलापन।

melodise *v. t.* to make melodious. सुरीला करना।

melodist *-डिस्ट n* a singer of melodies. सुरीला संगीत गाने वाला।

melody *मेलोडी n.* a tune; music, song, sweetness of sound लय, सुर, संगीत; सुरमाधुर्य।

melodrama *ड्रामा n.* a kind of romantic and sentimental drama रोंगटे खड़े करने वाला नाटक।

melomania *मेनिया n* craze for music, संगीत के लिए पागलपन, संगीत का शौक।

melomaniac *-आक adj* संगीत के लिए पागलपन से सम्बन्धित।

melomanic *मेलमेनिक adj* संगीत के लिए मतवाला।

melon *मेलन n* a kind of gourd. फूट; तरबूज।

musk melon : खरबूजा।

melt *मेल्ट v.t.&v.i* toreduce from solid to liquid by heat; to liquify; to fuse; to dissolve; to soften by a kindly influence; to blend, to become tender.गर्मी पहुँचाकर पिघलाना; द्रवीभूत करना; तरल करना; गलाना; विनम्रता से कोमल करना;मिश्रित करना; विनम्र होना।

to melt away पिघल कर लुप्त हो जाना।

to go to the melting pot बदल जाना।

meltable *-बल adj.* पिघलाने योग्य।

melting *मेल्टिंग adj. & n.* पिघलता हुआ; गलता हुआ।

meltingly *-ली adv.* पिघले हुए रूप में।

meltingness *-नेस n.* पिघलने का गुण।

melting point *-पॉइंट n.* किसी ठोस पदार्थ के पिघलने का तापमान।

melting pot *मेल्टिंगपॉट n.* पदार्थों को पिघलाने का पात्र।

meltith-*थ n.*a meal; a cows yield at one milking. भोजन; गाय का एक समय में निकला हुआ दूध।

melton *मेल्टन n.* a strong cloth for overcoats. ओवरकोट (बड़े कोट) का एक प्रकार का मजबूत कपड़ा।

member *मेम्बर n.*one of a society; a representative in a legislative body; a limb of an animal; a part of whole. सभासद, सदस्य; विधान सभा का सदस्य, अंग प्रत्यंग।

members of the committee of courses in agriculture कृषि विज्ञान पाठ्यक्रम समिति के सदस्य।

members of the committee of courses in Biology : जीव विज्ञान पाठ्यक्रम समिति का सदस्य।

membes of the committee of courses in logic : तर्क शास्त्र पाठ्यक्रम समिति के सदस्य

membered *मेम्बर्ड adj.* अङ्ग प्रत्यङ्ग युक्त।

membership *-शिप n.* सदस्यता।

membral *मेम्बल adj.* हाथ पैर आदि से सम्बन्धित।

membrane *मेम्ब्रेन n.* a thin tissue covering; the inner parts of the body.झिल्ली परदा।

membraneous *-नियस -शियस -नस adj* (also membranaceous, membanous). उपरोक्त झिल्ली सम्बन्धी।

memento *मिमेण्टो n.* (*pl* mementos or mementoes) a suggestion to awaken memory.याद दिलाने के लिए दिया गया सुझाव; स्मरण के लिए चिह्न।

memo *मेमो n* a memorandum स्मृति-पत्र।

memoir *मेमायर n.* a biographical sketch; proceedings of a society; an essay; a memorial account. संक्षिप्त जीवनी; समाज की कार्यवली, प्रबन्ध; वृतान्त।

memoirism *-रिज्म n* जीवनी लिखने की कला या कार्य।

memoirist *-रिस्ट n.* जीवनी लेखक।

memorabilia *-बीलिया n.* note-worthy points; things worth remembering. स्मरण रखने योग्य बातें।

memorable *-बल adj.* worthy of being remembered; very inportant. स्मरणीय; अति आवश्यक।

memorably *-बली adv.* स्मरणीय रूप में।

memorandum *-एडम n.* (*pl.* memorandums, memoranda) something to be remembered; a note to assist the memory; a brief note of any transaction; a summary of the state of questions. याद करने लायक विषय; स्मृति-पत्र; स्मारक लिपि; उपपत्र; राष्ट्रीय सम्बन्धी पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची।

memorative *apj.* स्मरण शक्ति सम्बन्धी; स्मरण शक्ति बढ़ाने में सहायता करने वाली।

memorial *मेमोरियल n.* that which preserves memory; a record; a written statement of facts; memory; a monument. *adj.* intended to preserve the memory of anything. स्मारक; स्मृति चिन्ह; अभिलेख; प्रार्थनापत्र, याददास्त; कीर्ति-स्तम्भ। स्मृति रक्षक।

Memorial Day अमरीका के स्वतन्त्रता संग्राम में शहीद हुए लोगों की स्मृति का दिवस।

memorialise *-लाइज v. t.* to commemorate निवेदन पत्र देना।

memorialist *-लिस्ट n.* प्रार्थना पत्र देने वाला

memoria, technica *-रिया-टेकनीका n.* स्मरण शक्ति बढ़ाने का विज्ञान।

memorise *-राइज v. t.* to get by heart; to commit to memory कंठस्थ करना।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

memoriter *-राइटर adv* by heart कंठस्थ; याद किया हुआ।

memory *मेमोरी n.* recollection, remembrance, the faculty in man to remember. धारणा; यादगार; स्मरण शक्ति।

Memphian *फ़ियन adj.* pertaining to the ancient capital of Egypt. मिश्र की प्राचीन राजधानी से सम्बन्धित।

mem-saheb *-साहेब n.* a word used by Indians for ladies who copy western manners. पश्चिमी संस्कृति की नकल करनेवाली महिलाओं के लिए उपयोग करने का एक भारतीय शब्द।

men *मॅन n.* plural of man. बहुत से मनुष्य।

menace *मिनेस v. t.* to threaten; to hold out threats; धमकाना; डराना। *n.* a threat. धमकी; त्रिभीषिका।

menacing *-सिंग adj.* धमकाने वाला।

menacingly *सिङ्गलि adv.* धमकाते हुए।

menage *मिनेज n.* household arrangement an arrangement for selling in instalment. गृहस्थी का प्रबन्ध; किश्तों पर माल बेचने का प्रबन्ध।

menagerie *मिनेजरी n.* a place for keeping wild animals. जंगली पशुओं को रखने का स्थान।

mend *मॅन्ड v. t.* to correct; to improve; to grow better; to regain health; to repair. सुधारना; उन्नति करना; स्वास्थ्य सुधारना मरम्मत करना।

to mend one's pace: शीघ्र उन्नति करना।

to mend one's ways: आदत सुधारना।

on the mend: उन्नतिशील।

mendacious *मेन्डेशियस adj.* lying असत्य बोलने वाला, झूठ बोलने वाला।

mendaciously *-ली adv.* असत्य रूप में।

mendacity *-सिटी n.* असत्यता; झूठ; मिथ्या भाषण।

mender *मेन्डर n.* a repairer सुधारने वाला।

mendicancy, mendicity *-कैन्सी; -सिटी ns.* beggary. भिक्षावृत्ति।

mendicant *केन्ट adj.* begging. मांगने वाला। *n.* a beggar भिक्षुक; भिखारी।

mending *मेन्डिंग n.* the act of repairing सुधारने का कार्य्य।

menhaden-*हेडन्n.* an oily fish एक प्रकार की मछली जिस का तेल निकाला जाता है।

menhir *हीर n.* an ancient monumental standing stone. एक प्राचीन समाधि का पत्थर का स्तम्भ।

menial *-नियल adj.* pertaining to work of humiliating nature; low; servile भृत्य सम्बन्धी तथा नीच कर्म सम्बन्धी; नीच; ओछा। *n.* a domestic servant दास; नौकर।

meningeal *मनइन्जियल adj.* pertaining to membranes enveloping brain and spinal chord. रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क के ऊपर की झिल्ली से सम्बन्धित।

meningitis *टिस n.* inflammation of the membranes covering the brain and spinal chord. मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के ऊपर की झिल्ली की सूजन की बीमारी।

meningocele *सील n.* उपरोक्त झिल्ली पर सिर के ऊपर की ओर फोड़ा हो जाने की बीमारी।

meninx *मेनइनक्स n.* (*pl.* meninges) रीढ़ की हड्डी और मस्तिष्क के ऊपर की झिल्ली।

meniscus *कस n. pl* (menisci) a crescent shaped figure दूज के चांद के आकार की बनी हुई आकृति।

menology *-लॉजी n.* a register of Saint's days especially of the Greek Church. युनानी गिरजाघरों में सन्तों के उत्सव मनाने के दिवसों की सूची या रजिस्टर।

menominee *-मिनी n.* a kind of white fish. एक प्रकार की श्वेत रंग की मछली।

menopause-*पाउज n.* the ending of menstruation. मासिकधर्म बिलकुल बन्द हो जाना।

mensal *मेन्सल adj.* (also mensual) monthly. मासिक, महावारी।

mense *मेन्स n.* ornament, credit आभूषण; सम्मान; *v.t.* to set off something. आभूषित करना।

menseful *-फुल adj.* respectable; gracious. प्रतिष्ठित; आदरणीय; दयालु; सुन्दर।

menseless *-लॅस adj.* uncivil, graceless. अशिष्ट; असभ्य; गुणहीन; दुश्चरित्र।

menses *-सिज़ n.* the monthly discharge from the uterus. स्त्रियों का मासिकधर्म; रजस्वला होना।

Menshevik *-विक n.* the member of Russian socialist party. रूस के समाजवादी दल का सदस्य।

menstruate-*ट्रुएट v.t.* the discharge menses. रजस्वला होना।

menstruation *-ट्रुएशन n.* ऋतुस्राव; आर्तव।

menstrul *-ट्रुल adj.* pertaining to menses. मासिकधर्म सम्बन्धी।

menstruous *-ट्रुअस adj.* मासिकधर्म सम्बन्धी।

menstruum *-ट्रुअम a.* (*pl.* menstrua) a dissolving fluid; a solvent. घुलाने वाला पदार्थ; द्रावक।

mensur *-र n.* a form of sport of student. एक प्रकार का विद्यार्थियों का खेल।

mensurable *-यूरेबल adj.* measurable. नापने योग्य।

mensural *-यूरल adj.* pertaining to measure. नाप सम्बन्धी।

mensuration *-यूरेशन n.* the art of mesuring the dimensions of anything. किसी पदार्थ की लम्बाई चौड़ाई इत्यादि नापने की कला।

mensuration (ment)-*मेन्टsuj.* denoting the sense of "result of". 'परिणाम' अर्थ का प्रत्यय; *v. i.* to mix, to unite. मिश्रण करना; मिलाना।

mental *-ल adj.* pertaining to intellect or mind ; intellectual ; without outward expression. मानसिक; बुद्धि सम्बन्धी; मन ही मन में।

mental age : वह आयु जिस में बालक की बुद्धि का विकास ठीक ठीक हुआ हो।

mental arithmetic : मानसाङ्क-गणित।

mentalist *-लिस्ट n.* मन में सोचने वाला।

mentality *-लिटी n.* मानसिक शक्ति।

menthol *-थोल n.* a white crystalline substance obtained from oil peppermint एक प्रकार का श्वेत कपूर।

mentholated *-लेटड adj.* कपूरयुक्त।

mention *मेन्शन n.* a brief note or remark in regard to something; a cursory speaking of anything. किसी बात की संक्षिप्त वर्णन अथवा उल्लेख; किसी बात की ओर किया गया इशारा। *v. t.* to notice briefly; to name. संक्षिप्त में वर्णन करना; नाम लेना।

honourabe mention : किसी विषय में श्रेष्ठ होने पर दिया गया परितोषिक जो दूसरे दर्जे का हो

not to mention : कुछ न कहना।

mentionable *मेन्शनेबल adj.* उल्लेखनीय; चर्चा करने योग्य।

mentionniere *मेन्टोनिअर n.* a piece of armour for the chin and throat ठोड़ी और गले की रक्षा के लिए बख्तरबन्द।

mentor *मेन्टर n.* a wise or faithful advisor. बुद्धिमान और सच्चा परामर्शदाता।

mentorial *-मेन्टोरियल adj.* उपरोक्त परामर्शदाता से सम्बन्धित।

mentum *मेण्टम n.* the chin; the central part of the stomach of insects. ठोड़ी; कीड़ों के पेट के बीच का भाग।

menu *मेनू n.* a list of dishes to be served at a dinner. भोजन की वस्तुओं की तालिका।

mepacrine *मेपेक्रीन n.* a bitter yellow powder used as a medicine for malaria मलेरिया बुखार के लिए प्रयोग किया जानेवाला एक पीले रंग का कड़वा चूर्ण।

mephitic *मेफ़िटिक adj.* offensive to smell; foul; noxious. दुर्गन्धी।

mephitis *मेफ़ाइटिस n.* सड़े गले पदार्थों से निकली हुई दुर्गन्ध, जहरीली गैस में सांस लेना।

mephitism *-टिज्म n.* जहरीली गैसों या दुर्गन्ध में सांस लेने से उत्पन्न रोग।

mercantile *मर्कैन्टाइल adj* commercial; trading. वाणिज्य सम्बन्धी; व्यापार करने वाला

mercantile-agency *-एजेन्सी n.* व्यापारियों की आर्थिक अवस्था मालूम करने का साधन।

mercantile-law *-लॉ n.* व्यापारियों के एक दूसरे से लेन देन से सम्बन्धित कानून।

mercantile-marine *-मेराइन n.* व्यापारिक पोत।

mercantile-system *-सिस्टम n.* देश से निर्यात बढ़ाने तथा आयात घटाकर मुद्रा बचाने का तरीका

mercantilism *-लिज्म n.* व्यापार करने का ढंग।

mercantilist *-लिस्ट n.* व्यापार करने में चतुर व्यक्ति।

mercaptan *मर्कैप्टन n.* a substance like alcohol with sulphur instead of oxygen. ओक्सीज की जगह गन्धक युक्त एक प्रकार का मद्यसार।

mercaptide *-प्टाइड n.* a compound in which metal takes the place of hydrogen atoms एक ऐसा मिश्रण जिसमें उदजन के अणुओं की जगह धातु के अणु बन जाते हैं।

mercat *-ट n.* a market. हाट; बाजार।

mercenarily *मर्सिनेरीली adv* in a mercenary manner भाड़े पर काम करने के रूप में।

mercenary *-नेरी adj.* hired, moved by the love of money भाड़े का, लोभी,

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

n. one who is hired; a hired soldier. भाड़े का टट्टू; भाड़े का सैनिक।

mercer *मर्सर n.* a dealer in costly textiles, a dealer in small wares. कीमती कपड़े का व्यापारी; बर्तन इत्यादि वस्तुओं का विक्रेता।

mercerisation *-राइजेशन n.* treating of the cloth so as to look like silk. कपड़े को इस तरह तैयार करना कि रेशम मालूम दे।

mercerise *मर्सेराइज v. t.* सूती कपड़े को रेशमी कपड़े के समान बनाना।

merceriser *-जर n* सूती कपड़े को रेशमी कपड़े की भांति बनाने वाला।

mercery *मर्सरी n.* बिक्री के कपड़े; वस्त्रादि का व्यापार।

merchandise *मर्चेन्डाइज n.* commodities dealt in by merchants; trade. व्यापार की वस्तुएं; वाणिज्य।

merchant *मर्चेन्ट n.* a trader; an importer or exporter of goods. व्यापारी; माल को आयत और निर्यात का व्यापार करने वाला सौदागार; व्यवसायी। *v. i.* to trade. व्यापार करना। *v. t.* to trade in. किसी वस्तु का क्रय विक्रय करना।

merchantable *-चल adj.* व्यवसाय के योग्य।

merchant-like *-लाइक adj.* व्यापारी सदृश्य।

merchant-man *-मैन n.* व्यापारी-पोत।

merchant-prince *-प्रिंस n.* बड़ा धनिक व्यवसायी।

merchantry *मर्चेन्ट्री n.* व्यवसायी लोग; व्यापारी का व्यवसाय।

merchant-service *मर्चेन्ट-सर्विस n.* व्यापारिक पोत।

merchantship *-शिप n.* व्यापारिक माल ले जाने वाला जलपोत।

merchant-tailor *-टेलर n.* वह दर्जी जो कपड़ा भी अपने पास से देता हो।

merchet *मर्चिट n.* a fine paid to a lord for the marriage of a daughter. दास द्वारा लड़की के विवाह करने पर मालिक को दिया जाने वाला हर्जाना।

merciable *मर्सीएबल adj.* merciful; disposd to pardon. दयालु; क्षमाशील।

merciful *-फुल adj.* दयालु; क्षमाशील; कोमल चित्त वाला।

mercifully *-फुली adv.* दयालु रूप में।

mercifulness *-फुलनेस n.* दयालुता।

merciless *-लेस adj.* without mercy. निर्दय कठोर; दुष्ट।

mercilessly *-लेसली adv.* निर्दयता से।

mercilessness *-लेसनेस n.* निर्दयता; कठोरता, दुष्टता।

mercury *मर्करी n.* the planet nearest the sun; the Roman God of commerce; a messenger; a newspaper, the quick silver. बुध ग्रह; रोमनों का प्राचीन व्यापार का देवता; दूत; चर; समाचार पत्र; पारा।

mercy-seat *मर्सी-सीट n.* ईश्वर का सिंहासन; क्षमाशीलता का स्थान।

Mercurial, mercurial *मर्क्यूरियल adj.* **mercuric** *मर्क्यूरिक.* **mercurous** *मर्क्यूरस* pertaining to Mercury the God of the planet; pertaining to persons born under the planet. active; containing mercury. रोमन लोगों के वाणिज्य देवता तथा बुध ग्रह से सम्बन्धित, बुध ग्रह में उत्पन्न व्यक्ति; चंचल; पारायुक्त।

mercurialise *-रियलाइज v.t.* to affect with mercury; to treat with mercury. पारा चढ़ाना; पारे से कोई नई वस्तु बनाना।

mercurialism *-रियलिज्म n.* पारा खा जाने पर उत्पन्न दशा।

mercurialist *-रियलिस्ट n.* पारे को औषधि के रूप में प्रयोग करने में विश्वास रखने वाला व्यक्ति

mercurially *-रियली adv.* पारे के रूप में।

mercy *मर्सी n.* tenderness of heart which disposes a person to overlook injuries; clemency, pity. क्षमाशीलता; क्षमा; दया।

at the mercy of : दया पर निर्भर।

for mercy : दया करो।

for mercy's sake : ईश्वर के लिए क्षमा करो।

sister's of mercy : रोगियों की देखभाल करने वाली पादरन।

mere *मीयर adj.* (also meer) nothing more; unmixed; pure; absolute. केवल; शुद्ध; बिना किसी मिलावट के; पूर्ण। *adv.* absolutely. निश्चय ही। *n.* a lake or pool; a boundary. झील या तालाब; सीमा; *v. t.* to mark off. सीमाबद्ध करना।

merely *-ली adv.* केवल; एकमात्र; बिल्कुल।

meretricious *मेरीट्रीशियस adj.* of showy nature. दिखावटी शोभा का।

meretriciously *-ली adv.* दिखावटी रूप में; मिथ्या शोभा से।

meretriciousness *-नैस n.* दिखावा; कपटपूर्ण शोभा; छलयुक्त प्रलोभन।

merganser *मर्गैन्सर n.* a species of birds like goose. बत्तखों के समान पक्षियों की एक श्रेणी।

merge *मर्ज v. t.* to dip; to cause to be swallowed up; to cause to amalgamate डुबोना; निगल जाना; मिलाना; सीमा के अन्तर्गत करना; *v. i.* to combine; to be lost or swallowed up. मिलाना; लीन होना

merger *मर्जर n.* एक में मिलाना; साकरण।

mericarp *मेरीकार्प n.* a separating one-seeded part. एक बीज वाले पौधों में बीज का वह भाग जहां से उसके दो भाग किए जा सकते हैं

meridian *-डियन adj.* pertaining to noon; raised to the highest point. मध्याह्निक सर्वोच्च। *n.* mid-day; noon;a great imaginary circle drawn through the poles and at right angles to the line of equator; the highest point as of success. मध्याह्न; दोपहर; मध्याह्न रेखा; चरम सीमा पराकाष्ठा।

prime (or first) meridian : ग्रीनविच में मध्याह्न रेखा का माप जिसके द्वारा दूसरे स्थानों की मध्याह्न रेखा के माप का हिसाब लगाया जाता है।

meridian-altitude *एल्टीट्यूड n.* क्षितिज और सूर्य इत्यादि की परिधि का एक खण्ड।

meridian-circle *-सर्कल n.*एक प्रकार का दूरबीन जो चारों तरफ घुमाई जा सकती है और जिससे मध्याह्न रेखा नापी जाती है।

meridian-passage *-पैसेज n.* दर्शक के दृष्टिकोण का सूर्य इत्यादि का और क्षितिज का रास्ता।

meridional *-ल apj.* मध्याह्न रेखा सम्बन्धी दक्षिण का।

meridionality *-लिटी n.* विशेषत: फ्रांस देश के दक्षिण के निवासी के गुण।

meridionally *-ली adv.* दक्षिण से; मध्याह्नरेखा के रूप में।

merimake *मेरीमेक n.* merrymaking. मनोविनोद।

meringue *मेरङ्ग n.* a cake made of white of the egg and sugar. चीनी और अण्डे की सफेदी का बना हुआ खाने का केक या टिकिया

merino *मेरीनो n.* a sheep of Spanish breed with fine wool;a fine knitting wool a fine woollen fabric. स्पेन की नसल की बढ़िया ऊन वाली भेड़; बुनने का बढ़िया ऊन, बढ़िया ऊनी कपड़ा।

merism *-इज्म n.* repetition of parts. एक से अङ्गों का होना।

meristem *मेरिस्टम n.* formative tissues of the plant . पौधों के बढ़ने वाले तन्तु।

merit *मेरिट n.* worth; value; that which one deserves; (in pl.) question at issue. योग्यता; मूल्य; श्रेष्ठता; (ब० व०) गुण दोष। *v. t. & v. i.* to earn; to deserve. उपार्जन करना; योग्य होना।

order of merit : योग्यता के अनुसार क्रम सूची

meritorious *मेरीटोरियस adj.* deserving to reward or praise. प्रशंसा योग्य; गुणवान्।

meritoriously *-यसली adv.* योग्यता।

meritoriousness *-नस n.* योग्यता से।

merk *मर्क n.* a Scottish coin worth 13 s. 4 d. १३ शिलिङ्ग ४ पैंस के बराबर के मूल्य का एक स्काटलैण्ड का सिक्का।

merle *मर्ल n.* black bird. कोयल, काला पक्षी;

merlin *मर्लिन n.*a species of small falcon छोटी चीलों की एक श्रेणी।

merling *मर्लिंग n.* a fish of white colour. श्वेत रंग की मछली।

merlon *मर्लन n.* a part of the wall to protect soldiers from fire. गोलियों की बौछार से बचने के लिए बनाई दीवार का एक भाग।

mermaid *मर्मेड n.* a maid with the lower part of fish. मत्स्य स्त्री; मत्स्योगना; कल्पित मत्स्य नारी।

mermaiden *-न n.* मत्स्यकुमारी।

meroblastic *मेरोब्लास्टिक adj.* involving cleavage in part of the ovum. अण्डे या बीज के एक भाग का फूटना।

meroblastically *-ली adv.* उपरोक्त रूप में।

merogenesis *मेराजेनेसिस n.* segmentation. भागों में विभक्त होना।

merogony *मेरोगेनी n.* production of an embryo from a fertilized fragment of an ovum. अण्डे के एक भाग से बच्चा निकलना

meroistic *-स्टिक adj.* of an ovary. अण्डाशय सम्बन्धी।

merrily *-ली adv.* jovially; with mirth. आनन्द से।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

merriment *-मेन्ट n.* mirth; joy; fun with laughter and joy. आनन्द; विनोद; क्रीड़ा।

merriness *-नेस n.* प्रसन्नता; आनन्द।

merry *मेरी adj.*(*comp.* merrier, *sup.* merriest) pleasant; cheerful; causing laughter; joy. आनन्दित; खुश; मग्न; हंसोड़; प्रफुल्लित; प्रमुदित।
to make merry : उत्सव मनाना।
merry dancers : प्रातःकाल; सुबह।
the merry monarch : इंगलैण्ड का राजा चार्ल्स द्वितीय।
merry England : मनोहर इंगलैण्ड।
merry go round: चक्कर दिलाने वाला हिंडोल चरखी।
to make merry over : हंसी उड़ाना।

merry andrew *मेरीएन्ड्रिव n.* हंसोड़; विदूषक।

merry-make *n. & v.t.* उत्सव मनाना।

merry making *-मेकिंग n.* उत्सव।

merry man *मैन n.* विदूषक; हंसोड़।

merry men *-मैन n. (pl.)* डाकू के साथी।

merry night *नाइट n.* गांव का उत्सव।

merry thought *-थॉट n.* मुर्गे की हड्डी से विवाह के लिए शुभ अशुभ निकालना।

mersion *मर्शन n.* dipping. डुबाना।

merulius *मरूलिअस n.* a genus of dry rot fungus. एक प्रकार की कुकुरमुत्ता की श्रेणी।

merycism *सिज्म n.* a disease symptom in a man. मनुष्य में रोग का लक्षण।

mesa *मासा n.* a hill shaped like a table मेज के आकार की चट्टान।

mesail *मसेल* (also mezail) *n.* a part of helmet covering the face. लोहे या धातु की टोपी का मुंह टंकने वाला भाग।

mesaraic *मसेरेइक adj.* pertaining to the middle part of the belly. पेट के मध्य भाग से सम्बन्धित।

mesaticephalic *एटीसेफ़िलिक adj.*(also mesaticephalous) दो गांठों वाली और चार गांठों वाले के बीच का (पौधा)।

mescal *मेस्कल n.* a kind of cactus chewed and drunk as an intoxicant. एक प्रकार के पौधों का रस या बीज जिसे नशे के लिए चूसा और पिया जाता है।

mesdames-*डेम्स pl.*of madam. श्रीमती; महाशय।

mese *मेसी n.*the middle string of lyre एक प्रकार के गिटार का बीच का तार।

meseems *-मस v.i.* seems to me. मुझे ऐसा जान पड़ता है।

mesel *मीजल* (also meazel) *n.*leper. कोढ़ी।

meseled *adj.* कोढ़ युक्त।

mesencephalic *मेसनसेफ़ेलिक adj.* pertaining to mid-brain. मस्तिष्क के मध्यभाग सम्बन्धित।

mesencephalon *लॉन n.* the mid-brain. मस्तिष्क का मध्य भाग।

mesenterial *-रियल*(also mesenteric) *adjs.* pertaining to intestinal canal. अंत्रपेशी सम्बन्धी; आंतों के पट्ठे का मध्य की आंतें।

mesentery *-री* आंतों का पुट्ठा।

mesh *मेश n.* a net; the opening between the cards of a net; network. जाल; जाल छेद; जाली का काम: *v. t.* to catch in a net जाल में पकड़ना; *v.i.* to become entangled फंस जाना।

meshing *-इंग. n.* जाल से पकड़ने का कार्य।

mesh-work *-वर्क n.* जाली का काम।

meshy *-ई adj.* जाल के आकार का।

mesial *मेज़िअल adj.* of the middle of a body. शारीर के मध्य का।

mesially *-ली adv.* शरीर के मध्य में।

mesmeric (al) *मेसमरिक (ल) adj.* pertaining to hypnotism. बनावटी निद्रा सम्बन्धी।

mesmerisation *-जेशन n.* the act of mesmerising मूर्छित करने का कार्य।

mesmerise *-राइज v. t.* to bring into a state of mesmeric sleep. बनावटी निद्रा से बेहोश करना।

mesmeriser *-राइजर n.* बनावटी निद्रा से बेहोश करने वाला।

mesmerism *-रिज्म n.* बनावटी निद्रा से मूर्छित करने की विधि।

mesmerist *-रिस्ट n.* मूर्छित करने वाला।

mesne *मीन adj.* intermediate. बीच का;मध्य का।
mesne process : मुकद्दमे की बीच की कारवाई

meso *मेसो pref.* giving the meaning of middle in composition. शब्द के आगे लगाने पर 'मध्य' का अर्थ देने वाला उपसर्ग।

mesoblast *-ब्लास्ट n.* the middle germinal layer. बीजक; बीच की परत जिस में पौधों को उगाया जाता है।

mesoblastic *-ब्लास्टक adj.* उपरोक्त परत से सम्बन्धित।

mesocarp *-कार्प n.* middle layer of the wall of a fruit derived from that of an ovary.बीज से उत्पन्न होने वाले फल की एक परत।

mesocephalic *-सेफ़लिक*, **mesocephalous** *-सेफ़लस adj.* दो और चार गांठों के बीच का (पौधा)।

mesoderm *-डर्म n.* mesoblast or the tissues derived from it. बीज या अण्डे के बीच की परत अथवा उसके तन्तु या रेशे।

mesogloea *-ग्लिआ n.* a jelly like middle layer in zoophytes. मूंगे के समान वानस्पतिक पदार्थों में बीच की झिल्लीदार सतह।

meson *मेसन n.* particle equal in charge of electron with a much greater mass. वह तन्तु जो आकार में बड़ा होने पर भी कम मात्रा की विद्युत शक्ति रखता हो।

mesophyel *-फ़िल n.* the spongy tissues within the leaf. पत्तों में स्पन्ज के समान रेशे

mesophyte *-फ़ाइट n.* वह पौधा जो पानी या हवा पर निर्भर रहने वाले पौधों के बीच की श्रेणी का हो।

mesothorax *-थोरेक्स n.* कीड़े के पेट के तीनों भागों में बीच का भाग।

mesozoa *-जोआ n.* वह जीव जो एक जीवाणु वाले जीवों और बहुत से जीवाणुओं वाले जीवों के उत्पन्न होने के बीच में उत्पन्न हुए।

mesprise, mesprize *-प्राइज n.* a scorn. गाली।

mesquite *-क n.* a kind of shrub with edible pods. एक प्रकार की झाड़ी जिसके डन्ठल खाए जाते हैं।

mess *मस n.* food for a person at one meal; mixed food;a state of dirt and disorder ; a muddle ; a number of persons taking food at a time at a table; a place where food is served on payment. एक व्यक्ति के लिए परोसा गया भोजन; मिश्रित आहार; गड़बड़ की स्थिति; एक मेज पर कई व्यक्तियों का आहार करना;भोजनालय *v.t.* to supply with a mess. भोजन देना; *v.i.* to take meals together. एक साथ भोजन करना।
mess up : गड़बड़झाला।
mess of pottage : बदले में कोई अधिक कीमती वस्तु लेना।
mess or mell : सम्बद्ध होना।

message *मैसेज n.* communication ; an official communication delivered by a messenger. समाचार; आदेश जिसे कोई हरकारा पहुँचाता है;*v.i.* to send a message. सन्देश भेजना; *v.t.* to send a message by telegraph or wireless. तार या बिना तार द्वारा सूचना भेजना।
message bearer : दूत; हरकारा।

message-boy *-ब्वाय n.* सन्देश ले जाने वाला लड़का।

messan *मेसन n.* a lap dog. एक प्रकार का छोटा कुत्ता।

messenger *-जर n.* the bearer of a message; a harbinger. हरकारा; चर; दूत ;सन्देशवाहक।
king's or queen's messenger : इंगलैण्ड में सरकारी डाक ले जाने वाला पदाधिकारी।

messenger-at-arms *मेसेन्जर-एट्आर्म्स n.* स्काटलैण्ड में सैशन कचहरी के समन भिजवाने वाला पदाधिकारी।

messenger-wire *-वायर n.* वह जो ऊपर के तार का भार सम्भालता है।

Messiah *मसीआ n.* the Jesus; a champion. ईसामसीह; मुक्तिदाता।

Messidor *-डोर n.* the tenth month of French Revolutionary calendar about 19th June to July 18th. उन्नीस जून से अट्ठारह जुलाई तक का फ्रांस के क्रान्तिकारियों का पञ्चांग जो उनका दसवां महीना होता था।

messieurs *मेस्यी n.* messrs, plural of monsieur. किसी व्यापारिक संस्था अथवा बहुत से लोगों के नाम के आगे लिखी जाने वाली पदवी; सभ्यगण।

messiness *मेसीनेस n.* गन्दगी; गड़बड़।

mess-mate *मेस-मेट n.* सह भोजी, साथ भोजन करने वाला।

mess-room *-रूम n.* वह कमरा जिसमें साथ खाना खाने वाले साथ रहते हों; साथ भोजन करने का कमरा।

mess-tin *-टिन n.* सैनिक की भोजन करने के बर्तन

messuage *मेस्विज n.* a dwelling house with out-houses attached to it; a mansion house and grounds. निवासगृह; गृह-वाटिका।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

messy *मेसी adj.* untidy. गन्दा; गड़बड़ी वाला
mestee *मेस्टी* **mustee** *मस्टी n.* an offspring of a white and negro. सफेद चमड़ी वाले और हबशियों की सन्तान।
mestizo *मस्टीजो n.* अमरीका के आदि निवासियों और स्पेन निवासियों का मिश्रित सन्तान।
met *मेट v. t. p. t.* of meet. मिला।
meta *मेटा*, **met** *मेट* **meth** *मेथ prep.* in sense of among with. 'बीच में; साथ' अर्थ का उपसर्ग।
meta-acid *-एसिड n.* तेजाबयुक्त पानी।
metabasis *मेटाबेसिस n.* a transition. एक वस्तु का दूसरी वस्तु में बदलना, परिवर्तन।
metabolic *-बोलिक adj.* pertaining to change of food into living tissues. भोजन का रेशे तथा मांस पेशियों में परिवर्तन होने से सम्बन्धित।
metabolise *-लाइज v. t.* भोजन को पचा कर रक्त और मांस पेशियों में परिवर्तित करना।
metabolism *लिज्म n.* शरीर में भोजन पच कर रक्त इत्यादि बनने का कार्य्य।
matacarpal *मेटाकार्पल adj.* relating to part of hand between wrist and fingers. कलाई से उंगलियों तक के भाग से सम्बन्धित।
metacarpus *-कार्पस n.* कलाई से उंगलियों तक का भाग हाथ की हथेली।
metacentre *n.* तैरने वाली वस्तु का वह केन्द्र जिसके कारण वह वस्तु तैरती है, और जो आकर्षण बिन्दु से ऊपर होना चहिऐ वरना वस्तु डूब जाएगी
metacentric *सेन्ट्रिक adj.* उपरोक्त केन्द्र से सम्बन्धित।
metachronism *-निज्म n.* the placing of an event after its real time. किसी घटना का बाद में निरूपण करना।
matachrosis *-सिस n.* the change of colour in animals पशुओं में रंग बदलने का कार्य्य।
metage *मीटिज n.* duty paid for a load of coal कोयले के बोझ पर दी गई चुंगी।
metagenesis *-नेसीस n.* उपरोक्त नसल में तबदीली होने का कार्य्य।
metagenetic *-जेनेटिक adj.* relating to the change of form of a species from the egg to the perfect state. किसी श्रेणी के जीवों का अण्डे से लेकर पूर्ण रुप में विकसित होने तक नसल में तबदीली से सम्बन्धित।
metagnathous *नेथस adj.* insects having biting jaws in the larvae; of उन कीड़ों से सम्बन्धित जिनके लार्वा के भी डंक होते हैं।
metagrobolise *बोलाइज* (also metagrabolise) *v. t.* to mystify; to puzzle out. गूढ़ बनाना; गुप्त करना; पहेली बनाना।
metairie *मेटरी n.* a piece of land for share in produce. फसल में हिस्सा बटाने के लिए दी गई थोड़ी भूमि।
metal *मेटल n.* the name given to certain elements which fuse when heated; a simple mineral; a broken stone spirit; courage *v. t.* to cover with metal; to macadamise with broken stones. ऐसे तत्वों का नाम जो गर्म करने पर उड़ जाते हैं जैसा तांबा पीतल इत्यादि; धातु; सड़क पर बिछाने का कंकड़; तेज; साहस। धातु से मंढ़ना; कंकड़ से सड़क की मरम्मत करना।
inferior metal : सस्ती धातुएं।
metalepsis *मेटालिप्सिस n.* the union of two or more figures of a different kind in one word. एक शब्द में कई भिन्न प्रकार की संस्था मिलाना।
metaleptic *-प्टिक adj.* उपरोक्त शब्द से सम्बन्धित।
metalled *-ल्ड adj.* सड़क पर कंकड़ कूटकर बिछाए हुए।
metallic *मेटैलिक adj.* धातु सम्बन्धी; धातु सा।
metallically *-ली adv.* धातु के रूप में।
metalliferous *मेटेलीफरस adj.* धातु के रूप का।
metalline *-लाइन adj.* धातु युक्त।
metalling *-लिंग n.* कङ्कड़; सड़क पर बिछाने की रोड़ी।
metallisation *-लाइजेशन n.* the act of forming into metal. धातु के रूप में बदलने का कार्य।
metallise *-लाइज v. t.* धातु रुप में बदलना।
metalist *-लिस्ट n.* धातु विज्ञः धातु का काम करने वाला।
metallographic *-फिक adj.* धातु विज्ञान से सम्बन्धित।
metallography *-फी n.* धातु विज्ञान।
metalloid *-लॉयड n.* a non metal; an element resembling metals. बिना धातु वाला पदार्थ; धातु के समान एक तत्व।
metalloidal *-डल adj.* धातु जैसे गुण वाले तत्व से सम्बन्धित।
metallurgic (al) *-कल* pertaining to metallurgy. कच्ची धातु को पक्की धातु बनाने की कला सम्बन्धित।
metallurgist *-जस्ट n.* धातु साफ करने के विज्ञान का वेत्ता।
metallurgy *-जी n.* the art of extracting metal from ores. धातु विज्ञान; धातु साफ करने की विद्या।
metally *-ली adj.* धातु युक्त।
metamorphic *-मॉर्फिक adj.* pertaining to change of form; changeable. परिवर्तनशील बदलने वाला।
metamorphism *-ज्म n.* the change under the influence of heat and chemical agents. नीचे की चट्टानों की गर्मी तथा रासायनिक असर से परिवर्तित हो जाना; परिवर्तन शीलता।
metamorphist *-स्ट n.* भू गर्भ में चट्टानों के परिवर्तन होने के विज्ञान का वेत्ता।
metamorphose *मेटोमोर्फोज v. t.* to change form; to transform. आकार बदलना; रूपान्तर करलेना।
metamorphosis *-सिस n.* (*pl.* metamorphoses) भेद; रूपान्तर।
metaphase *फेज n.* the middle stage of cell division during which the chromosomes from the equatorial plane. जीवाणु के विभाजित होने की वह अवस्था जब मादा जीवाणु दूसरे जीवाणु में बट जाते हैं।
metaphor *-फर n.* application of name etc to an inanimate object. रूपक लक्षण; अलङ्कार।
metaphoric *-फोरिक adj.* लाक्षणिक; अलङ्कार युक्त।
metaphorically *-ली adv.* लाक्षणिक रूप में।
metaphosist *-रिस्ट n.* अलंकारों को योग करनेवाला पण्डित।
metaphosphoric *मेटाफोसफोरिक adj.* pertaining to an acid containing a molecule less of water. ऐसे तेजाब से सम्बन्धी जिसमें एक अणु पानी का कम हो।
metaphrase *-फ्रेज n.* (also metaphrasis) changing prose into verse or vice versa; a word by word translation. गद्य का पद्य और पद्य का गद्य बनाना; अक्षरशः अनुवाद।
metaphrast *-फ्रास्ट n.* अक्षरशः अनुवादक; गद्य को पद्य और पद्य को गद्य का रूप देने वाला।
metaphysic(al) *-फिजिक(ल) adj.* pertaining to metaphysics. आत्मविद्या सम्बन्धी।
metaphysically *-ली adv.* अध्यात्मिक विद्या के अनुसार।
metaphysician *-शियन n.* one who is versed in metaphysics. अध्यात्म विद्या तथ तत्वज्ञान वेत्ता; तत्वज्ञानी।
metaphysics *-फिक्स n.* the science which investigates the first principles of nature and thought; (in sing.) general philosophy. आत्मविद्या; मनोविज्ञान: दर्शनशास्त्र।
metaplasia *-प्लासिया n.* tissue formation as of cartilage into bone. मांस पेशी बनन जैसे नर्म हड्डी का कठोर होना।
metapleasis *-प्लेसिस n.* the period of maturity in life-cycle. जीवनकाल में वह समय जब मनुष्य पूरी तरह विकसित हो जाता है।
metaplasm *-ज्म n.* the contents of cells other than protoplasm. जीवाणु में प्रोटोप्लाज्म (शक्ति प्रदान करने वाला पदार्थ) के अतिरिक्त दूसरे पदार्थ।
metapsychic(al) *-साइकिक(ल) adj.* pertaining to metapsychics. दर्शनशास्त्र का वह भाग जो आम लोगों की समझ से बाद हो उससे सम्बन्धित।
metapsychics *-किक्स n.* उपरोक्त दर्शनशास्त्र का भाग।
metasilicate *-सिलीकेट n.* a salt of metasilicic acid. तिजाब का क्षार जिसमें पानी का एक अणु कम हो।
metasilicic *-मेटेसिलिसिक adj.* ऐसा तेजाब जिसमें पानी का एक अणु कम हो।
metasomatic *-सोमेटिक n.* pertaining to metasomatism. धातुओं के गर्मी तथा रसायनिक प्रभाव से बदल जाने से सम्बन्धित।
metasomatism *-टिज्म n.* धातुओं में रसायनिक प्रभाव से परिवर्तन आ जाना।
metastable *-स्टेबल adj.* in condition like stability. स्थिरता के समान स्थिति में।
metastability *-बिलिटी n.* स्थिरता के समान होने का गुण।
metastasise *-साइज v. i.* to pass to another part of the body. शरीर के भाग से दूसरे भाग में ले जाना।
metastasis *-सिस n.* शरीर के एक भाग से दूसरे

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

भाग में रोग का स्थान परिवर्तन ।

metastatic *-टिक adj.* उपरोक्त रोग से सम्बन्धित

metatarsal *-टार्सल adj.* relating to metatarsus. पैर की उङ्गलियों की हड्डी से सम्बन्धित ।

metatarsus *-टार्सस n.* उपरोक्त पैर की पांचों उङ्गलियों की हड्डी ।

metathesis *-थेसिस n.* transformation of the sounds of letters into words. अक्षर-विपर्यास; शब्द में अक्षरों के उच्चारण की अदल-बदल ।

metathetic *-थेटिक adj.* अक्षर-विपर्यास सम्बन्धी

metathorax *-थोरैक्स n.* the third and last segment of an insect's thorax. कीड़े के पेट का तीसरा और अन्तिम भाग ।

metayage *माटेयाज n.* the system of paying the rent in the shape of crops instead of in money. किसानों द्वारा कर का अनाज के रूप में कर देने की व्यवस्था ।

metayer *माटेया n.* किसान के कर को नगद देने के बजाय उपज का एक निश्चित भाग देना ।

metazoa *मेटोज़ोआ n.* (*pl.*) many celled animals. कई जीवाणु वाले जानवर ।

mete *मीट v. t.* to measure. नापना ।

metewand *मीटवान्ड n.* नापने का गज ।

metempiric(al) *-एम्पीरिक adj.* beyond the scope of experience. अनुभव से परे का ।

metempiricism *मेटेम्पिरिसिज्म n.* अनुभव से परे का तत्व ज्ञान ।

metempsychosis *मेटएम्साइकोसिस n.* passing of the soul after death into some other body. मरने के बाद आत्मा को पुर्नजन्म लेना ।

meteor *मीटिअर n.* a falling star; fiery body or ball in the sky. उल्का; टूटता तारा ।

meteor crater : उल्का के गिरने पर बना ज्वाला मुखी का मुंह ।

meteoric iron : उल्का में पाया जाने वाला लोहा ।

meteoric showers : उल्का की बौछार ।

meteoric stones : आकाश से गिरे पत्थर ।

meteoric *मिटिओरिक adj.* उल्का से उत्पन्न; जलता हुआ; क्षणिक; उज्जवल ।

meteorist *-रिस्ट n.* उल्का विज्ञान वेत्ता ।

meteorite *-राइट n.* उल्का पत्थर; गिरा हुआ उल्का ।

meteoritic *-राइटिक adj.* उल्का पत्थर से सम्बन्धित ।

meteorogram *-रोग्राम n.* यन्त्र द्वारा उल्का पात का अभिलेख ।

meteorograph *-रोग्राफ n.* उल्का पात चित्रित करने का यन्त्र ।

meteorolite *-रोलाइट n.* उल्का पत्थर ।

meteorologic (al) *-रोलॉजिकल adj.* आकाश विज्ञान सम्बन्धी ।

meteorology *-रोलॉजी n.* the science that treats with the atmosphere and its phenomena. वायु विज्ञान; आकाश विज्ञान; अन्तरिक्ष विज्ञान ।

meteorous *-रस adj.* उल्का के समान ।

meter *मीटर n.* a measurer; an apparatus for measuring the quantity of water or electricity consumed. नापने का यन्त्र; बिजली तथा पानी की खपत मालूम करने का यन्त्र (मीटर) ।

meth *मेथ pref.* in sense of 'among with 'बीच में साथ' अर्थ का उपसर्ग ।

timidity *-डिटी n.* डरपोकपन; साहसहीनता।
timidly *-डली adv.* डरते हुए; साहसहीन होकर।
timidness *-डनैस n.* साहस हीनता; डरपोक पना
timing *टाइमिंग n.* fixing; choosing; ascertaining of time. समय का चुनना; निर्धारित करना या पता लगाने का काम।
timist *-मिस्ट n.* जेली; समय पर आने वाला व्यक्ति; समय का पाबन्द आदमी।
timocracy *-मोक्रेस n.* एक प्रकार का राज्यविधान जिसमें जायदाद का होना राज्याधिकारी होने के लिए आवश्यक है।
timocratic *-मोक्रेटिक adj.* (also timocratical) उपरोक्त राज्य से या राज्य व्यवस्था से सम्बन्धित।
timon *-मन n.* helm. चोटी; उच्च पद।
Timon *n.* मानव जाति से घृणा करने वाला।
timoneer *-मोनिअर n.* नायक; प्रमुख व्यक्ति।
Timonise *-मोनाइज v. i.* to play the misanthrope. मानव जाति से घृणा करने वाले का अभिनय करना।
Timonism *-मोनिज्म n.* the creed of manhaters. मानव जाति से घृणा करने वालों का मत; संप्रदाय।
Timonist *-मोनिस्ट n.* मानव जाति से घृणा करने वाला।
timorous *टिमोरस adj.* timid. साहसहीन; डरपोक; भीरू।
timorously *-रसली adv.* timidly. साहस हीनता से; भीरुता से।
timorousness *-नैस n.* साहस हीनता; भीरुता।
timoresome *adj.* easily frightened. थोड़े से ही घबरा जाने वाला; भीरू।
timothy *टिमोथी n.* एक प्रकार की घास जो जानवरों के चारे के लिए उपयोगी समझी जाये।
timpani *टिम्पानी n. pl.* of timpano. बाद्यढोल
timpanist *-निस्ट n.* ढोल का बजाने वाला।
timpano *-नो n.* ढोल।
timwhiskey *-व्हीस्की n.* a whisky. एक प्रकार की शराब।
tin *टिन n.* a silvery white; easily fusible; makeable metal. टीन; रुपया पैसा, टीन का बना डब्बा या बर्तन। ऊपर तक भरा टीन बर्तन। *adj.* made of tin or tin plate. टीन या टीन की चादर का बना; *v. t.* to coat or overlay with tin. टीन मढ़ना या टीन की परत चढ़ाना।
put the tin hat on समाप्त करना; पूरा करना
tin hat : a helmet. सिरस्त्राण।
tinamou *-मू n.* एक दक्षिणी अमरीका का कबूतर के जैसा पक्षी।
tincal *टिन्कल n.* crude borax. एक कच्चा खनिज पदार्थ।
tin-can *-कैन n.* टीन का बना डिब्बा।
tinchel *टिन्हल, टिन्कल n.* आदमियों का घेरा जो हिरनों के झुण्ड को चारों ओर से घेरते हैं।
tinct *टिन्ट n.* a tint; a tinge. हल्का रंग; *adj.* हल्का रंग दिया हुआ। *v. t.* रंगना; हल्का रंग देना।
tingtorial *टिन्गटोरिअल adj* रंगाई सम्बन्धी।
tincture *टिङ्कचर n.* a tinge or shade of colour; a colouring matter; a metal;

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

colour or fur; a quality or slight taste added to a thing; an alchoholic solution of a drug. रंग की छाया या हलका रंग; रंगाई का पदार्थ; कोई धातु; रंग या नर्म बालों वाली खाल; किसी वस्तु में जोड़ा कोई स्वाद या विशेषता; एक दवा; *v. i.* रंगना; हलका रंग देना

tind *टिण्ड; टाइण्ड n. t. & v.i.* (also teend) to kindle. जलाना; जागृत करना।

tindal *-ल n.* a petty officer of laskars. लश्कर का एक छोटा अधिकारी।

tinder *-र n.* dry inflammable matter. सूखा अग्नि पकड़ने वाला पदार्थ; चिनगारी उत्पन्न करने वाले पदार्थ।

tinder box *-बॉक्स n.* अग्नि उत्पन्न करने वाले पदार्थ रखने का सन्दूक।

tinderlike *-लाइक adj.* शीघ्र दाह्य वस्तु के समान

tindery *-री adj.* शीघ्र आग पकड़ने वाले।

tine *टाइन n.* a spike as of a fork; harrow or deer's horn. कांटे; कांटे वाले हल या हिरन के सींग जैसी कील।

tine *-न v. t.* (also tyne) to be lost; to be painful; to perish. खो जाना; दुखदायी होना; नष्ट होना; to shut; to enclose. बन्द करना।

tine *-न n.* a wild vetch or tare. एक प्रकार का जंगली पौधा।

tinē *टाइन adj.* tiny. बहुत छोटा।

tine *-इन v. t. & v. i.* to kindle. जलाना; जागृत करना।

tinea *-निआ n.* a ringworm. दाद; कपड़ों में लगने वाली जाति का कीड़ा।

tined *टाइन्ड adj.* कांटेदार; कीलों वाला।

tinfoil *-फोइल n.* बारीक टीन की परत।

tinful *-फुल n.* पूरा भरा बर्तन।

tinfuls *-फुल्स n. pl.* ऊपर तक भरे टीन के बर्तन

ting *टिङ्ग v. t. & v. i.* to ring. घण्टी बजाना; *n.* the sound of a small bell, छोटी घण्टी की आवाज।

ting a ling *-एलिंग n.* घण्टी की टन टन।

tinge *टिज v. t.* to tint or colour. रंगना; कुछ बदलाव लाना; *v. i.* to take on tinge. रंगा जाना; *n.* a slight colouring or modification. हलका रंग या बदलाव।

tingle *टिङ्गल v. i.* to feel or be the seat of a thrilling sensation; to vibrate; to ring. रोमांचित होना या रोमांच का अनुभव करना; तरङ्गित होना; बजना; *v. t.* to cause to tingle; to ring. रोमांच उत्पन्न करना; बजना; *n.* a tingling sensation. रोमांचकारी अनुभव।

tingle *टिंग्गल n.* a small tack or nail; a clip of lead. छोटी कील; जस्ते की बनी चटखनी।

tingler *-लर n.* a stinging blow. एक आवाज उत्पन्न करने वाली चोट।

tingling *-लिंग n. & adj.* रोमांचित होना; बजते रहना; बजता हुआ।

tinglish *-लिश adj.* thrilling. रोमांचकारी।

tingly *-ली adj.* tingling. बजते हुए।

tinguaite *टिंग्वाआइट n.* a fine grained rock. एक बारीक पिसी चट्टान।

tink *टिंक n.* एक साफ ऊंची क्षणिक टन टन की आवाज; *v. t.* and *v. i.* to sound in this manner. इस प्रकार की आवाज करना; टन टन करना।

tinker *-कर n.* a mender of kettles; pans; a slight; unskilful patch work. केतली; कड़ाइयों की मरम्मत करने वाला; छोटे अनभ्यस्त टांके आदि का काम; *v. t.* to repair especially ineffectually. अधूरी मरम्मत करना; *v. i.* मरम्मत करने, टांके लगाने वाले का काम करना।

tinkle *टिंकल v. i.* to make sharp small sounds; to jingle. तेज छोटी आवाज करना; टन टन का शब्द करना; लगातार बजाते रहना, *v. i.* to cause to tinkle. बजाना; टनटन करना; खाली बेकार आवाज करनी; *n.* टनटन की ध्वनि; आवाज।

tinkler *-लर n.* a small bell. एक छोटी घण्टी; घण्टी बजाने वाला; बंजारा या आवारा।

tinkling *-लिंग adj.* बजने वाला।

tinklingly *-ली adv.* बजते हुए।

tinkly *-कली adj* बजकर।

tinman *-मैन n.* टीन के बर्तनों का व्यापारी; खान से निकली टीन के कच्चे माल को साफ करने वाला; टीन का व्यापारी।

tinned *टिन्ड adj.* डब्बा बन्द; ऐसा माल जो डब्बे में बन्द हो।

tinner *टिनर n.* टीन की कान में काम करने वाला; टीन का काम करने वाला लुहार; टीन के डब्बे बनाने वाला।

tinning *-निंग n.* टीन का काम।

tinnitus *टिनिटस n.* a ringing in the ears. कान में होने वाली गूंज।

tinny *टिनी adj.* टीन की तरह का विशेष कर आवाज में।

tin opener *-ओपनर n.* टीन के बन्द डब्बे खोलने का चाकू।

tin plate *-प्लेट n.* टीन की परत।

tin pot *-पोट n.* टीन का बना बर्तन।

tinsel *-सल n.* a thin glittering metallic sheets;anything showy but not of little use; loss; बारीक चमकदार धातु की चादरें; कोई भी दिखावटी किन्तु बेकार वस्तु; नुकसान; *adj.* of or like tinsel चमकदार बारीक धातु की चादरों की बनी; दिखावटी चमकदार वस्तु; *v. t.* चमकदार; दिखावटी बनाना।

tinselly *-सैली adv.* उपरोक्त पदार्थ की तरह चमकदार, दिखावटी।

tinselry *-लरी n.* चमकदार वस्तु।

tinsel slippered *-स्लीपर्ड adj.* चमकार; चमकीली व निरर्थक।

tinsey *टिन्सी adj.* चमकदार व बेकार।

tinsmith *-स्मिथ n.* लुहार।

tinstreamer *-स्ट्रीमर n.* वह जो नदी की लाई मिट्टी से टीन निकलता हो।

tin steaming *टिनस्ट्रीमिंग n.* टीन निकलने का काम।

tint *टिन्ट n.* a slight tinge distinct form main colour; a hue mixed with white प्रमुख रंग से भिन्न हल्का; शेड;सफेद रंग में मिला रंग; नक्काशी के काम में रेखा खेंच कर बनाई एक विशेष छाया; *v. t.* to colour slightly हलका रंग देना; *v. i.* to take on a tint. हलका रंग लेना।

tint *टिन्ट pa. p.* lost. खोया हुआ।

tintack *-टिनटैक n.* a tackcoated with tin. टीन मढ़ी छोटी कील।

tintblock *-ब्लॉक n.* a block for printing a back ground. पार्श्व स्थल छापने का ठप्पा या ब्लाक।

tinter *-टर्n.*one who or that which tints वह जो रंगाई करता है।

tinterne *-टर्न n.* लोहे की टीन व जिल्द की परत लगी चादर।

tintiness *-नैस n.* हल्का रंगीला पन।

tinting *-टिङ्ग* हल्के रंग वाला।

tintinnabulent *-ट्यूलेन्ट adj.* (also tintinnabular; tintinnabulary. टनटन बजने वाला।

tintinnabulate *-टिनाब्यूलेट v.i.* बजाना; टनटन करना।

tintinnabulation *-टनाब्यूलेशन n.* टनटन करने का काम।

tintinnabulous *-लश adj.* बजता हुआ।

tintinnabulum *-ब्युलम n.* घंटी; घण्टी की टनटनाहट।

tintless *-लैस adj.* बिना रंग का; स्वच्छ।

tintometer *मीटर n.* a colorimeter. रंग की गहराई मापने वाला यन्त्र; रंगों की तुलना करने वाला यंत्र।

tint tool *टूल n.* समानान्तर रेखाओं से विशेष छाया उत्पन्न करने वाला यंत्र।

tintype *-टाइप n.* a ferrotype. लोहे व अन्य धातुओं का मिश्रण।

tin ware *-वेअर n.* टीन के बने बर्तन।

tiny *-नी adj.* अत्यन्त छोटा।

tip *टिप n.* a slender extremity, the furthest part. अन्तिम छोर; छोर के किनारे का भाग; *v. t.* to put a tip to; to be the tip from. किसी पर ढकना रखना; ढकना बनना; ढकना हटाना।

on the tip of one's tongue : कहे जाने के ही समय पर; जबान से निकलते निकलते।

tip *-प v. t.* to strike lightly; to hit glancingly; हल्के चोट से चोट करना; देख कर चोटकरना। *n.* a tap. चोट; थपथपाहट।

tip *-प v. t.* to give; hand; pass; convey, to give a tip to; to indicate. बताना; देना आगे करना; सन्देश कहना; भले की बात बताना; शंकेत करना; *v. i.* to give tips. सूचना देना।

tip one the wink : गुप्त शंकेत देना।

tip *पि v. t.* to cast down; to upset; to tilt; to shoot; to dump; फेंक देना; गड़बड़ करना; झुकना; गोली मारना; ढेर मारना; फेंकना; उछालना; *v. i.* to topple over; to tilt. एक दूसरे पर पड़ना; झुकना; छोई या ओसर डालना; *n.* a tilt; a place for tipping rubbish; coal etc. झुकाव; कूड़ा कर्कट व कोयला रखने की जगह।

tip off liqnor : खाली होने तक शराब के बर्तन को टेढ़ा करना।

tip the scale : डंडी मारना।

tip and run *-रन* एक प्रकार का क्रिकट का खेल जिसमें बल्ले वाज को हर समय जब कि गेंद को पीटता है दौड़ना पड़ना है

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

tip cart -*कार्ट n.* धक्के से खड़ी हो गई गाड़ी।
tip cat *कैट n.* एक गिल्ली या नुकीली लकड़ी की बेंत; एक खेल जिसमें बिल्ली को मार कर उछालते हैं; गिल्ली डंडा।
tip cheese -*चीच n.* गिल्ली डंडा।
tipper -*पर n.* गुप्त शङ्केत बताने या देने वाला; फेंकने वाला; गड़बड़ करने वाला। एक प्रकार की शराब।
tippet -*पिट n.* एक लम्बा कपड़े का टुकड़ा जैसे जैसे धोती; कई प्रकार से पहना जाने वाला लम्बा कपड़ा।
tipping *n.* टाप लगाने का काम; *adj.* बहुत ही अच्छा; *n.* हल्के से चोट मारना; मुंह से बजाते जाने वाले बाजों में हलके से जीभ से थपथपी देना विशेष स्वर निकालने के लिए। गुप्त संकेत देने का काम; लुढ़काना; टेढ़ा करना।
tipple -*ल v. t. & v. i.* to to drink constantly in small quantity. छोटी मात्रा में लगातार शराब पीते रहना; *n.* liquor tippled आहिस्ता आहिस्ता पी गई शराब।
tippler -*लर n.* आहिस्ता आहिस्ता शराब पीने वाला
tippling house -*हाउस n.* शराब बेचने वाले की दुकान।
tippy -*पी adj.* in the height of fashion; smart. चुस्त; फैसनेबल।
tipstaff -*राफ्ट n.* a staff tipped with metal. धातु के सिरे वाला डंडा; ऐसे डंडे ले जाने वाला अधिकारी।
tip staffs -*फ्स n. pl.* aso tip staves. उपरोक्त शब्द का बहुवचन।
tipsify *v. t.* -*फाइ v. t.* to furddle. नशे में मूर्ख बनना।
tipsily -*ली adv.* नशे नी अवस्था में।
tipsiness -*नेस n.* नशा।
tipster -*टर n.* वह व्यक्ति जिसका काम गुप्त संकेत देना हो।
tipsy -*सी adj.* partially intoxicated. अर्द्ध नशे की अवस्था में।
tipsycake -*केक n.* बादाम; पेस्ट्री व शराब से बना केक।
tipsy key -*की n.* घड़ियाल में चाबी देने की चाबी जो पीछे खेंचने में अलग हो जाती है।
tip tilted *टिल्टिड adj.* सिरे पर से खुला हुआ।
tip toe *टिप्टो n.* अंगूठे का अन्तिम छोर; अधिकतर अंगूठा; *adv.* अंगूठे के बल पर; *v.i.* आहिस्ता से चलना; अंगूठे के बल पर चलना।
tiptop -*टॉप n.* अन्तिम ऊंचाई; अच्छाई की हद *adj.* अत्यन्त अच्छा; अतीव सुन्दर।
tipulo -*प्यूला n.* लम्बे पैरों वाले कीड़े।
tip up -*अप adj.* इस तरह बना कि एक सिरा झुका हुआ हो।
tirade *टिरेड; टाइरेड, टीराड n.* a long vehement harangue, a string of invective. भाषण; तीव्र दोषारोपण करना।
tirailleur *टीराचर n.* a sharp-shooter. जल्दी जल्दी गोली चलाने वाला।
tire *टाइर n.* equipment; furniture; attire; headdress. सामान; कुर्सी मेज आदि; पोशाक; सिर का वस्त्र; *v. t.* to attire; to dress as the head. पोशाक पहनना; सिर पर वस्त्र पहनना
tire -*इर n.* a metal hoof to bind a wheel; a rubber band; tube round a wheel rim. धातु का घेरा पहिये के चारों तरफ पहनाया जाने वाला; टायर; *v.* टायर चढ़ाना; गाड़ी; बन्दूकों की कतार, गोली आदि की वर्षा; जहाज के एक ओर लगी सब बन्दूकें; फाड़ना या इकट्ठा करना; लालच के साथ खाना।
tire -*इर v. i.* to weary; to become fatigued; to bore; to bear out. थका होना; थक जाना; फट जाना; कष्टकारी होना; *v. t.* थकाना; फाड़ना, कष्ट देना।
tire down : to hunt to exhaustion. थक जाने तक शिकार खेलना।
tired *टाइर्ड adj.* टायर वाला; टायर चढ़ा; थका हुआ; थका मादा।
tiredness -*नेस n.* थकन।
tireless *टायरलेस* बिना टायर का।
tireless -*लैस adj.* untiring. न थकने वाला।
tirelessly -*ली adv.* न थकते हुए।
tirelessness -*नेस n.* न थकने की स्थिती; थकावट न होने की स्थिति।
tireling -*लिंग n.* a tired animal. थका हुआ जानवर।
tiresome -*सम adj.* थकने वाला।
tiresomely -*ली adv.* थककर; थकनपूर्वक।
tiresomeness -*नेस n.* थकनता; थका होना।
tirevaliant *वेलिएन्ट n.* a kind of fanciful head dress. एक प्रकार की सुन्दर सिरे की पोशाक।
tirewoman -*वूमन n.* a lady's mate. किसी स्त्री की दासी।
tiring *टाइरिंग n.* वस्त्र पहनाना; वस्त्र पहनाने का काम; सजावट का काम।
tiring glass -*ग्लास n.* बड़ा शीशा जिसके सामने खड़े होकर पोशाक पहनकर देखी जाये।
tiring house -*हाउस n.* वह कमरा थियेटर कम्पनी का जहां कपड़े बदलकर पहने जाते हैं।
tiring woman -*वूमॅन n.* कपड़े पहनाने वाली औरत।
tirl *टिर्ल v. t. & v. i.* to turn; to whirl; to rattle. मुड़ना; घूमना; खड़खड़ाना; *n.* a turstile or the like. एक गोल घूमने वाला द्वार जिससे एक समय में एक व्यक्ति जा सकता है।
tirl -*र्ल v. t.* to strip. खेंचना; छलिना; फाड़ना; नंगा करना।
tirlie wirlie -*रली विरली n.* a tivirl. एक चक्कर; घूम, *adj.* घूमता हुआ; चक्करदार।
tirling pin -*पिन n.* दरवाजे के ताले पर लगी पिन जिसे हिलाकर अन्दर जाने की आज्ञा मांगी जाती है।
tiro *टाइरो n.* a beginner; a novice. नौसिखिया; नया नया शुरू करने वाला।
tirocinium -*सिनिअम n.* early training; first experience. प्रारम्भिक शिक्षा; प्राथमिक अनुभव।
Tironian -*निअन adj.* सिसरों की संकेत लिपि से सम्बन्धित।
tirr *टिर v.t. & v.i.* to strip. माडना; छीलना; नंगा करना।
tirrit -*रिट n.* डर।
tirrivie -*रिवी n.* (also tirriviee. भावोद्रेक।
tis *टिज* a contraction of it is. ये है अर्थक शब्द का सूक्ष्म रूप।
tisane *टिजेन n.* a medicinal dection. एक औषधिक रासायन।
tisick -*सिक n.* cough. खांसी।
Tisiphone -*सीफोनी n.* one of the Furies; murder. क्रोध का प्रकार; वध।
Tisri -*जरी n.* सितम्बर अक्टूबर में आने वाला यहूदियों का वर्ष का पहला महिना।
tissue -*शू, -श्यू n.* any thing woven. कोई भी चीज बुनी हुई विशेष कर नर्म मोटा कपड़ा; झूठ; पागलपन की बातों भंडार; *v.t.* to weave or interveave with gold or silver threads. बुनना या सोने चांदी के तारों की तार कसी कसी का काम करना।
tissue paper -*पेपर n.* एक पतला पारदर्शी नर्म कागज।
tit -*ट n.* a tap. चोट; थपथपाहट।
tit for tat : जैसे को तैसा; थप्पड़ को थप्पड़।
a small or inferior horse. एक छोटा व रद्दी घोड़ा। a twitch; a tug. झटका; खूंट; खेंच। *v. t. & v. i.* to tug. खेंचना; झटका देना।
Titan -*टान n.* जीअस द्वारा पराजित बड़े देवता और देवियां; सूर्य देवता; शनि देव।
titan *n.* anything gigantic. वृहदाकार वस्तु; बड़ी बुद्धि वाला किन्तु आशाहीन व्यक्ति।
Titania -*निआ adj. & n.* परियों की रानी तथा ओबेरोन की स्त्री।
Titanian -*निअन adj.* (also titanic) सूर्य आदि देवताओं से सम्बन्धित।
Titanism -*निज्म n.* सूर्य आदि देवताओं में श्रद्धा रखने वाले; दैत्य आदि में विश्वास करने वाले।
Titanomachy -*नोमेची n.* the war of Titans against olympian gods. दैत्यों की देवों से लड़ाई।
titaniferous -*निफैरस adj.* containing titanium. टिटानियम धातु युक्त।
titanite -*नाइट n.* एक खाकी, हरा या पीला टिटानियम युक्त पदार्थ।
titanium -*निअम n.* एक धातु तत्व; टिटानियम।
Titannosaurus -*नोसोरस n.* of trivalent titanium. टिटानियम मिली धातु।
titbit -*बिट n.* (also tidbit; a choice delicacy or item. कोई मन पसन्द सुन्दर कोमल वस्तु।
titely *टाइटली adv.* promptly; at once. फौरन; उसी समय।
tithable *टिथेबल adj.* subject to tithe. दसवां भाग लिए जाने वाला।
tithe -*ध adj.* tenth part. दसवां भाग; *n.* कृषि आदि का आय का दसवां भाग जो गिरजा घर के लिए लिया जाता था। *v. t.* दसवां भाग लेना या देना।
tithebarn -*धबार्न n.* कृषि कार्य से दसवां भाग का अन्न जमा करने का खलिहान।
tithed -*धड adj.* दसवां भाग कर लिया हुआ।
tithe free -*फ्री adj.* जिस पर दसवां भाग का कर लागू न हो।
tith gatherer -*गैदरर n.* दसवां भाग का कर वसूल करने वाला।
tith paying -*पेइन्ग adj.* आमद पर पूजा निमित दसवां भाग देने वाला।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

tithe pig *-पिग n.* दसवें भाग में दिये सुअरों में से एक।
tithe proctor *-प्रोक्टर n.* दसवां भाग जमा करने वाला।
tither *-धर n.* जो दसवां भाग जमा करे।
tithing *-धिङ्ग n.* दसवां भाग का कर लगाना।
tithing man *-मैन n.* दसवां कर लगाने वालों का मुख्य व्यक्ति।
titi *टीटी n.* (also tee tee) एक छोटा अमरीका का बन्दर।
Titian *-शियन n.* टीटियन नामक चित्रकार द्वारा प्रयोगित लाल पीला रंग।
titilleate *-लेट v. t.* to tickle; to stimulate gently. हिलाना; धीरे धीरे चेतन करना; गुदगुदाना।
titillation *-लेशन n.* धीरे धीरे चेतन करने का कार्य।
titillator *-लेटर n.* धीरे धीरे चेतन करने वाला।
tit (t) ivate *-वेट v. t.* also tidivate) to smarten up; to dress. चुस्त बनाना; वस्त्र पहनाना।
tit (t) ivation *-वेशन n.* (also tidivation. चुस्त; चेतन बनाने का काम।
titlark *-लार्क n.* a pippit. एक पक्षी।
title *टाइटल n.* an inscription or descriptive placard; the name of a book, tale, picture; a title page; right to possession; evidence of right, a title deed. नाम लेख पत्र; पुस्तक, चित्र, कथा का नाम; मुख्य पृष्ठ; रखने का अधिकार; अधिकार का प्रमाण; अधिकार पत्र; पदवी; *v.t.* नाम जद करना; पदवी देना; अधिकारी बनाना।
titled *-टड adj.* नाम वाला; अधिकार वाला; पदाधिकारी।
titledeed *-डीड n.* अधिकार पत्र।
title leaf *-लीफ n.* पुस्तक का जिस पृष्ठ पर नाम हो।
titleless *-लैस adj.* नाम हीन; अधिकार हीन।
title page *-पेज n.* पुस्तक का वह पृष्ठ जिस पर पुस्तक का नाम लिखा रहता है।
title peom *-पोइम n.* वह कविता जिसके आधार पर पुस्तक का नाम दिया जाये।।
titler *-र n.* अधिकार पत्रों का लिखने वाला।
title role *-रोल n.* अभिनय का वह भाग जिसपर नाटक का नाम आश्रित होता है।
title sheet *-शीट n.* पुस्तक जैसी छपी हो उसका प्रथम पृष्ठ।
titling *-लिंग n.* नाम या पदवी देना।
titling *टिटलिंग n.* a small stockfish; hedge sparrow एक छोटी मछली; एक प्रकार की चिड़िया।
titmice *-साइस n. pl.* of titmouse टिटमाउस नामक शब्द का बहुवचन;एक प्रकार का पक्षी समूह
titmouse *-उस n.* a little active acrobatic bird. एक छोटा फुर्तीला कलाबाजी करने वाला पक्षी।
titrate *-टाइट्रेट v.t.* to subject to titration रासायनिक तत्व की शक्ति मापना।
titration *-शन n.* measurement of strength of a solution रासायनिक तत्व की शक्ति का माप का प्रकार।
titter *टिटर v. i.* to giggle; snicker; or laugh restrainedly, बेतुदा ढङ्ग से रुक रुक कर हसना।
tittle *-ल n.* a dot; stroke; accent or punctuation mark बिन्दी; लकीर; उच्चारण या विराम का चिह्न, *v. t. & v. i.* to whisper; to tattle काना फूसी करना; छोटी छोटी बातें करना।
tittlebat *-बैट n.* अंग्रेजी शब्द; stickleback का बच्चों का बोलने का प्रकार
tittle tattle *-टैटल n.* idle empty talk; बेकार की बातें; गप शप; *v. t.* to prate idly; मूर्खता पूर्ण बेकार की बातें करना।
tittle taltler *-र n.* one who 'prates idly' वह जो बेकार की मूर्खता पूर्ण बाते करता है।
tittle tatlling *n. -लिंग n.* the act of prating idly बेकार की गप शप करने का काम।
tittup *-प v.i.*(also titupy)to prance,skip-about gaily प्रसन्नता से इधर उधर कूदना; *n.* a light springy step; a canter हल्का उछाल भरा पद; कदम। प्रसन्न अस्थिर।
titubancy *-बेन्सी n.* staggering लड़खड़ाना।
titubant *-ट n.* one who staggers लड़खड़ाने वाला।
tituiar *-लर adj.* pertaining to title, in name or titile only, nominal पद से सम्बन्धित; नाम या केवल पद का; नाम मात्र; पदाधिकारी रहित पद, *n.* a titled person; 'one who enjoys the bare title of office without actual powers पद प्राप्त पुरुष; अधिकार रहित पद वाला व्यक्ति।
titularity *-लैरिटी n.* अधिकार रहित पदवीपन।
titularly *-लरली adv.* अधिकार रहित पद के रूप से; केवल नाम मात्र से।
titulary *-लैरी adj.* titular नाम मात्र का; नाम ही नाम का; अधिकार रहित पदाधिकारी; *n.* one who holds a title पद प्राप्त व्यक्ति।
titular of the teinds or tithes वह किसान जिन्हें स्काटलैण्ड के सुधार के बाद गिरजा घर की भूमि सौंपी गई थी।
tityretu *टाइटीरीटू n.* सत्रहवीं शताब्दी का एक गुण्डा किन्तु धनिक समुदाय का सदस्य।
tiw *टीव n.* प्राचीन इंग्लैण्ड में माने जाने वाला देवता।
tizzy *टिज्जी n.* a six pence एक छः पेन्स का अंग्रेजी सिक्का, एक मुद्रा।
tmesis *टमीसिस n.* the separation of a compound word by a word or words, संधि युक्त शब्द से एक या अनेक शब्द निकालना।
to *टू, टु, ट prep.* in the direction of; towards;before;as for as;in accordance with; in order to; regarding; expressive of ratio; comparision expressing opposition; besides; near; at. *adv.* in one direction; forward; ओर; तरफ को; पहले; तक; अनुसार; लिए; बारे में; अनुपात में विपक्ष में; इस के अतिरिक्त; पास; पर। एक ओर को।
to and fro. आगे पीछे;एक से दूसरी जगह।
as to. विषय में।
hand to hand. हाथों हाथ।
face to face. सम्मुख।
ten to one. प्रायः।
to a man. एक एक आदमी तक; निःशेष।
to my mind. मेरे मन में।
to no purpose. व्यर्थ, निष्फल।
took her to wife. उस से विवाह किया।
to the face. सामने, सम्मुख।
up to. पर्यन्त; तक।
toad *टोड n.* a small animal, like a frog with rough skin a disgustiug contemptible person. एक प्रकार का मेंढक;भेक, घृणा स्पद मूर्ख व्यक्ति।
toad in the hole. अण्डे;बेसन इत्यादि में बनाया हुआ मांस।
toad-eater *ईटर n.* चापलूस; खुशामदी।
toad-eating *ईटिंग n. & adj.* चापलूसी करने वाला; खुशामद करना।
toadlet *लेट n.* छोटा मेंढक।
toad-fish *फिश n.* मेंढक के आकार की एक प्रकार की मछली।
toadflax-*लॅक्स* एक प्रकार का लम्बी और रेशे युक्त पत्तियों वाला पौधा।
toad-rush *-रश n.* एक छोटा और एक फूल वाला घास जैसा एक प्रकार का पौधा।
toad-spotted *-टेड adj.* धब्बेदार।
toad-stone स्टोन *n.* जहर मोहरा।
toad-stool *-ल* कुकुर-मुत्ता।
toady *-डी adj.* चापलूसी करने वाला।
todyish *-डिश adj.* चापलूसी युक्त।
toadyism *डिज्म n.* चापलूसी; खुशामद।
toast *-स्ट v.t. & v.i.* to make or become brown and crisp by heating; to make or become warm; to warm by rays; to drink to; to drink toasts *n.*a sliced bread made brown and crisp by being heating on the outside, the act of drinking or of asking a group of friends to drink in honour of a person or idea. आग में सेकना; भूनना; किरणों से सेकना; किसी आरोग्य के उपलक्ष्य में मदिरा पीना; किसी का मान बढ़ाने के लिए मदिरा पीना। एक तरफ से सेकने के कारण भूरी पड़ी हुई रोटी काटुकड़ा;किसी व्यक्ति विशेष अथवा किसी विचार या सिद्धान्त के मान में एक या कई लोगों का एक साथ मदिरा पीना; सेकी हुई रोटी।
on toast. डबलरोटी के सिके हुए टुकड़े पर रख कर दी हुई वस्तु; किसी की दया पर।
toasted *-ड adj.* सिका हुआ; भुना हुआ।
toaster *-स्टर n.* भूनने वाला; सेकने वाला।
toasting *-ग n.* भूनने या सेंकने का कार्य।
toasting-fork *-फोर्क* **toasting iron** *आयरन ns.* भूनने या सेंकने का चिमटा या सिकचा।
toast-master-*र n.*किसीव्यक्ति विशेष के सम्मान में दिए गए भोज में भोजन शुरु करने से पहले आरोग्य सूचक मदिरा पान की घोषणा करने वाला
toast-rack-*रैक n.* सिकी हुई डबल रोटी के टुकड़ों का रखने की खानेदार अलमारी।
toaze *-ज v. t.* (Shak) to tease out; to draw out. चिढ़ाना; निकालना।
tobaccanalian *लियन n.* a smoker. धूम्रपान करने वाला।
tobacco *-को n.*an American plant whose leaves are used for smoking; chewing or snuffing. अमेरीका का एक पौधा जिस की पतियों को हुक्के, सिगरट बीड़ी में पीया जाता है; चूसा जाता है और सूंघने के काम में लाया जाता

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

है तम्बाखू का पौधा; तम्बाखू।

tobacco-heart *हार्ट n.* अधिकधूम्रपान के कारण उत्पन्न एक प्रकार का हृदय का रोग ।

tobacconist *-निस्ट n.* तम्बाखू को साफ कर के बेचने वाला व्यापारी; धूम्रपान करने वाला।

tobacco-pipe *-पाइप n.* तम्बाखू पीने का हुक्का या नली ।

tobacco-plant *प्लान्ट n.* तम्बाखू का पौधा ।

tobacco-pouch-*पाउच n.* तम्बाखू रखने का बटुवा

tobacco-stopper *-पर n.* तम्बाखू को तम्बाखू पीने की नली के अन्दर ठूंस ठूंस कर भरने का एक साधन ।

to be *-बी n.& adj.*future. भविष्य; भविष्य का

tobine *-बाइन n.* twilled silk used in dress बटे हुए सूत का रेशमी कपड़ा।

Tobit-*बिट n.* an old Testament book containing the story of Tobit. ईसाइयों का एक धार्मिक पुराण जिस में टोबिट की कहानी दी गई है।

toboggan *-बोगन n.* a flat sledge turned up in front. एक प्रकार की चौरस और सामने से उठी हुई बर्फ पर चलने वाली गाड़ी। *v. i.* to slide;to travel on a toboggan. फिसलना, घिसकना; उपरोक्त बर्फ पर घिसकने वाली गाड़ी पर बैठ कर यात्रा करना।

tobogganer *-नेर n.* उपरोक्त गाड़ी में बैठ कर यात्रा करने वाला।

tobogganing *-निंग n.* and *adj.* उपरोक्त गाड़ी का व्यवसाय करना।

to-break *-ब्रेक v. t.* to break in pieces. टुकड़ों में तोड़ना।

to-bruise *ब्रूज v.t.* to break up; to bruise severly.टुकड़े करना; चूर करना, जोर से आघात करना।

toby *-बी n.* a man shaped bear jug;the man wearing three cornered hat; the road: the robbery on the road. एक तिकोनी टोपी पहने मनुष्य के आकार का;बीयर पीने का एक पात्र; सड़क; सड़क या रास्ते में रोक कर के ठगना या लूटना।

high toby: बड़े रास्ते या सड़क पर लूटना।

low toby: पग डण्डी इत्यादि पर लूटना।

tobyman *-मैन n.* लुटेरा।

toccata *काटा n.* in music,a sort of overture संगीत में, लय की बारीकियों दिखलाने का कार्य।

toccatella-*टेला* **toccatina**-*ना n.* लैय में छोटी बारीकियां।

toc ema-*एमा n.* a trench mortar. बारूद की सुरंग।

Toc H *-आच n.*a society for perpetuating the spirit of comradeship of the war of 1914-18. के विश्वयुद्ध में जो साथी देशों में सन्१९१४-१८मित्रभाव या उसको सदा बनाए रखने वाली एक संस्था।

Tocharian, Tokharian *-रियन* **Tocharish, Tokharish** *-रिश n.* an extinct Indo Germanic language akin to Latin, discovered in the 20 th century in Chinese Turkestan. एक लुप्त भरतीय और जर्मन भाषा मिश्रत भाषा जो बीसवीं सदी में चीनी तुर्किस्तान में खोजी गई थी।

tocher *-हर्र n.* a dowry; *v.t.* to dower दहेज। दहेज देना।

tocher good *-गुड n.* property given as dowery. दहेज में दी गई सम्पत्ति।

toco *टोको n.* punishment. दण्ड, सजा।

tocology; tokology *-लेजी n.* mid-wifery. दाई का काम।

tocopherol *-फेरल n.* the defficiency of vitamin E which causes sterlity. एक प्रकार का विटामिन ई जिसकी कमी के कारण बांझपन हो जाता है।

tocsin *-क्सिन n.* an alarm bell. जगाने की घण्टी।

tod *टॉड n.* a fox; a shy person; an old wool weight of about 28 lb.: a kind of bush. एक प्रकार की लोमड़ी; मूर्ख व्यक्ति; ऊन तौलने का एक पुराना बट्टा जो २८ पौण्ड के बराबर होता था; एक प्रकार की झाड़ी।

today; to-day *टूडे; टुडे n.* this day. आज; आज के दिन; *adv.* now a days. आजकल।

toddle *टॉडल v. i.* to walk feeble steps, to go. बच्चों की तरह लड़खड़ाते हुए चलना; चले जाना; *n.* a toddling walk; an aimless stroll. लड़खड़ाती चाल; बिना उद्देश्य के इधर उधर घूमना।

toddler *-लर n.* लड़खड़ा कर चलने वाला, बच्चा

toddling *-लिंग adj.* लड़खड़ा कर चलने वाला।

toddy *टॉडी n.* fermented palm juice; a mixture of spirits; sugar and hot water. ताड़ी; गर्म पानी और चीनी मिली हुई मदिरा।

toddy cat *-कैट n.* एक प्रकार की बिल्ली; ताड़ या नारियल के पेड़ से बना हुआ इत्र या सुगन्धि

toddy palm *-पाम n.*नारियल का पेड़; ताड़ का पेड़

toddy stick *n.* ताड़ी को मिलाने की एक लकड़ी।

to do *टू डू n.* stir; commotion. कम्पन; हलचल।

tody *टोडी n.* a small West Indian insectivorous bird. एक प्रकार का पश्चिमी भारत का कीड़े मकोड़े खाने वाला पक्षी।

toe *टो n.* one of the five members at the point of the foot; the front of a hoof; the part of the shoe cover the toes. पैर की उंगलियां. घोड़े के खुर का अगला भाग; जूते का वह भाग जिससे पैर की उंगलियां ढकी रहती हैं; *v.t.* to touch with the toes; to kick. पैर की उंगलियों से छूना; पैर की उंगलियों से ठोकर लगाना।

toe the line : दौड़ इत्यादि में रेखा पर ही पहले खड़ा होना।

from the top to toe : सिर से पैर तक।

to tread on one's toes : किसी के मन को दुःखी करना।

toe cap *-कैप n.* जूते के पंजे वाले भाग को ढकने के लिए लगाया गया खोल।

toeclip *-क्लिप n.* साईकिल में पंजा रखने के लिए बनाया गया एक साधन।

toed *-ड adj.* पैर की उंगलियों वाला।

toeless *-लेस adj.* बिना पैर की उंगलियों वाला।

toe nail *-नेल n.* पैर की उंगली का नख (नाखून)

to fall *टु फॉल n.* the beginning; incidence. आरम्भ; हादसा।

toff *टॉफ n.* a person of rich or showy classes. धनवानों अथवा दिखावा करने वाले लोगों की श्रेणी का व्यक्ति।

toffee; toffy *-फी n.* a hard baked sweatmeat of sugar and butter. टाफी; चीनी और मक्खन से बनाई हुई मिठाई की टिकिया; एक प्रकार की मिठाई।

toffee apple *-एप्पल n.* एक लकड़ी पर सेब पर चढ़ी हुई चीनी की मिठाई।

tofore *टुफोर adv.* (Shak.) *prep. & conj.* before. पहिले।

toft *टोफ्ट n.* a homestead. रहने का स्थान।

tog *टॉग n.* (generally in *pl.*) a garment. पहनने का एक वस्त्र।

toga *-गा n.* an outer garment of a Roman citizen. लबादा; चोगा; रोम देश के लोगों के पहनने की एक पोशाक।

togapractexta (*L.*) *n.* an toga of deep broder of purple. गुलाबी रंग की धारी वाला लबादा।

togated *-टेड* (also togad, togaed, toged) *adj.* चोगा या लबादा पहने हुए।

together *-दर adv.* in a company with; at the same time; in union with; simultaneously. एक ही साथ;एक ही समय में; मिल कर; एक ही साथ तथा समय में।

toggle-*गेल n.* a pin inserted through the eye of the rope to keep prevent it slipping through the hole; an appliance to keep the force at right angles to its direction. रस्से के फन्दे में लगी हुई खूंटी जिससे रस्सा मजबूती से बंधारहे बोझ को समकोण लटकाने या बांधने का एक साधन; *v.t.* to hold with a toggle; to fix fast.उपरोक्त रीति से रस्सी के फन्दे में खूंटी लगाना; कस कर बांधना।

toggle iron-*आयरन n.* लकड़ी या लोहे की खूंटी जो रस्से के बांधने के काम आती है।

toggle joint *-जाइन्ट n.* समकोण पर लगा हुआ जोड़।

togue *-ग n.* a larged sized salmonid of America. उत्तरी अमेरिका का एक प्रकार का कछुवा।

toho *-हो interj.*a call to pointers to stop शिकार ढूंढने वाले शिकारी कुत्तों को रोकने के लिए बोला जाना; एक शब्द; रुको।

tohu bohu *-बोहू n.* choas. गड़बड़ी; गोलमाल अंधेर; अव्यवस्था।

toil *-यल v. t. & v. i.* to struggle hard; to work hard; to labour; to move with difficulty,to subject to toil. कठिन परिश्रम करना; कड़ी मेहनत करना; परिश्रम से चल पाना; कठिन परिश्रम करवाना। *n.* a net; a share; hard labour जाल; फन्दा, कठिन परिश्रम करवाना।

in the toils of : शिकञ्जे में, बस में।

in the toils : कठिनता; मुसीबत में पड़ने पर बेबसी।

toiled *-यल्ड adj.* कठिन परिश्रम करते हुए।

toiler *-लर n.* कठिन परिश्रम करने वाला।

toilet *-लेट n.*the mode of dressing;washing or arranging of hair; a style of

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

dressing; a woman's dress a bath room or laterine; articles used in dressing; costume. बालों को धोने तथा सजाने या बहाने का तरीका; स्त्रियों की पोशाक पहनने का तरीका या ढंग, स्नान गृह या टट्टी; शृङ्गार करने की सामग्री।

toilet cover *-कवर n.* (also toilet cloth) शृंगार मेज पर बिछाने का कपड़ा।

toileted *-टेड adj.* शृङ्गार किये हुए; वस्त्रों को पहने हुए।

toilet glass *-ग्लास n.* शृङ्गार मेज पर लगा हुआ शीशा।

toilet service *-सर्विस n.* (also toilet set) शृङ्गार करने में काम आने वाले बर्तन इत्यादि।

toilet paper *-पेपर n.* अंग्रेजों तथा यूरप और अमरीका देशों में पानी की जगह टट्टी में काम आने वाला चिकना कागज।

toilet soap *-सोप n.* नहाने का साबुन।

toilet table *-टेबल n.* शृङ्गार करने की मेज जिस पर शीशा लगा होता है।

toilette *-लेट n.* शृङ्गार।

toilful *-फुल adj.* परिश्रमी; कठिन परिश्रम करने वाला।

toilinet *-नेट n.* (also toilinette) a kind of woollen cloth used for waist coats. एक प्रकार का ऊनी कपड़ा जिसकी बासकट बनाई जाती है।

toiling *टायरलिंग n.* कठिन परिश्रम करने का कार्य

toilless *-लैस adj.* बिना कठिन परिश्रम का।

toilsome *टायलसम adj.* कठिन परिश्रम वाला; परिश्रमी।

toil somely *-ली adv.* कठिन परिश्रम से।

toilsomeness *-नेस n.* कठिन परिश्रम।

toil-worn *adj.* परिश्रम से थका हुआ।

toise *टॉयज n.* an old French lineal measure. एक फ्रान्स का प्राचीन लम्बाई मापने का माप।

toisech *टोशेह n.* an ancient Celtic noble. प्राचीन सेल्टिक भाषा में एक राज दरबारी।

to kalon *टू केलन (Fr.) n.* the beautiful सुन्दरी; अप्सरा; अति सुन्दर।

Tokay *-के n.* a heavy and sweatish wine with an aromatic flavour produced at Tokay in Hungry. एक प्रकार की तेज और सुगन्धित मदिरा जिसे हंगरी देश के टोके स्थान पर बनाया जाता है।

token *-कन n.* a symbole; a sign; an indication; an evidence; an authenticated sign, word or subject; a momento; a keepsake. प्रतीक; चिन्ह; निशान; गवाही; प्रमाणित चिन्ह; शब्द या वस्तु; यादगार; स्मारक। *adj.* serving as a symbol, being a mere show. चिन्ह दिखाने वाला; केवल दिखावटी। *v. t.* to betoken. चिह्नित करना; यादगार बनाना।

by the same token यों ही।

the Lords token : प्लेग बीमारी होने के स्थान

a token payment : कर्ज का एक अंश देना जिससे यह साबित होता है कि देनदार पूरी रकम नहीं दे सकता पर वह इस बात को मानता है कि उसे कर्जा पूरा चुकाना है।

more by token : इसके अतिरिक्त।

a token vote : सरकार को थोड़ी रकम (विशेषत: एक रुपया) की संसद द्वारा मंजूरी जिससे सरकार कितना ही रुपया खर्च करने के बाद संसद के सामने हिसाब किताब रख सकती है।

token cut : प्रतीक कटौती।

tokened *-कन्ड adj.* चिह्न युक्त।

token-money *-मनी n.* सस्ते धातुओं की पहले की बनी मुद्रा जो पहले व्यापारियों द्वारा मुद्रा की जगह काम में लाई जाती है।

toko, tokology *-को, -कोलोजी n.* mid-wifery. दाई के काम का विज्ञाता।

tola *-ला n.* an Indian unit of weight. एक तोला।

tolbooth *-लबूथ n.* an office where tolls are collected. चुंगी इकट्ठा करने की चौकी।

told *-लड verb. pa. t. & pa. p.* of tell.

tole, toll *-ल v. t.* (U.S.) to lure. लालच देना।

Tolado *-लेडो n.* a sword blade made in Toledo in Spain. स्पेन देश के टोलेडो स्थान पर बनाई गई तलवार की तेज धार।

tolerable *टॉलरेबल adj.* bearable; endurable; moderately. सहने योग्य; सहनीय; काम चलाऊ।

tolerableness *-रेबलनैस n.* good. सहन शक्ति; कामचलाऊपन।

tolerably *-रेबली adv.* सामान्य रूप से।

tolerance *-रेन्स n.* the power of tolerating. सहन शक्ति; सहिष्णुता।

tolerant *-रेन्ट adj.* सहनशील; क्षमाशील।

tolerantly *-रेन्टेली adv.* सहनशीलता से; क्षमाशीलता से।

tolerate *-रेट v. t.* to bear; to allow; to allow to exist. सहन करना; होने देना; रुकावट न डालना।

toleration *-रेशन n.* सहनशीलता, धार्मिक विषयों में व्यक्तिगत स्वतन्त्रता।

tolerationist *-रेशनिस्ट n.* धार्मिक विषयों में व्यक्तिगत स्वतन्त्रता का हामी।

tolerator *-रेटर n.* दूसरे धर्मों को मानने वालों की व्यक्तिगत स्वतन्त्रता को मानने वाला; सहन करने वाला।

toll *-ल n.* a tax or duty paid for the right to use a road; to cross a bridge or to sell goods in the market; the sound of a bell; a portion of grain kept by the miller in payment for grinding; a tribute to death राह या पुल पार करने का कर या महसूल; बाजार में सामान बेचने का कर; घण्टे का शब्द; अनाज पीसने की चक्की वाले द्वारा पिसाई के पैसे लेने के बजाय पिसा अनाज की कटौती; किसी के मरने पर उसकी की गई प्रशंसा (विशेष कर अखबार वालों द्वारा)। *v. t.* to collect as a toll; to sound a bell repeatedly; to bar; to take away the right of. कर या महसूल वसूल करना; एक ही प्रकार से घन्टा बजाना; बन्दिश लगाना; अधिकार छीन लेना।

tollable *-लबल adj.* चुंगी या कर लगाने योग्य।

tollage *-ज n.* चुंगी या कर की अदायगी; कर या चुंगी की रकम।

toll bait *-बेट n.* मछली को पकड़ने के लिए फेंका हुआ चुग्गा।

toll bar *-बार n.* सड़क पर गाड़ियों इत्यादि को चुंगी वसूल करने के लिए रोकने का फाटक।

toll booth *बूथ n.* पुल या सड़क पर चुंगी वसूल करने की चौकी।

toll bridge *-ब्रिज n.* पुल पार करने के लिए चुंगी देने का स्थान।

toll call *-कॉल n.* थोड़ी दूर पर स्थित दूसरे शहर में टेलीफोन से बातचीत करना।

toll dish *-डिश n.* आटा पीसने की चक्की पर कटौती काटने का एक निश्चित तौल का बर्तन।

toller *-लर n.* चुङ्गी लेने वाला।

toll gate *-गेट n.* वह फाटक जिस पर चुङ्गी वसूल की जाती है।

toll free *-फ्री adj. & adv.* बिना चुङ्गी का।

toll house *-हाउस n.* चुङ्गीघर।

tolling *-लिंग n.* चुङ्गी वसूल करने का कार्य; चुग्गा डालकर मछली को पकड़ने का तरीका।

tollman *-मैन n.* चुङ्गी वसूल करने वाला मुंशी।

tol-lol *-लोल adj.* pretty good. अति सुन्दर

tol-lolish *-लोलिश adj.* सहने योग्य; काम चलाऊ

tolsel *-त्सल; tolsey -त्सी; tolzey -त्सी n.* प्रान्तीय चुङ्गीघर।

tolt *-ल्ट n.* an old English writ removing a court-baron, cause to a county court. अंग्रेजों की अदालतों में एक प्राचीन निषेध आज्ञा जिसके द्वारा मुकद्दमा सरकारी वकील का विरोध करते हुए भी छोटी अदालत में बदल दिया जाता था।

tolter *-र v.i.* to flounder about. इधर उधर ठोकर खाना।

tolu *-लू n.* a kind of resin. एक प्रकार की राल।

toluene *-ईन n. n.* एक प्रकार का शीघ्र उड़ने वाला रसायनिक तरल पदार्थ।

Tom *टॉम n.* a shortened form of Thomas; a male animal, a beg bell. थोमास नाम का लघु रूप; नर पशु; एक बड़ा घण्टा।

long Tom : एक प्रकार की लम्बी बन्दूक।

old Tom : मदिरा।

Tom and Tib; Tom Dick and Harry : कोई भी; जन साधारण।

Tom o' Bedlam : प्राचीन समय का पागल भिखारी जिसको भिक्षा मांगने का अधिकार इंगलैण्ड के राजा द्वारा दिया गया था।

Tom Tiddler's ground : वह स्थान जहां धन वैसे ही पड़ा रहता है; झगड़े की भूमि; वह स्थान जो लड़ने वाले दोनों पक्षों में से किसी का न हो।

tomahawk *-हॉक n.* a kind of North American war-axe. एक प्रकार का उत्तरी अमेरिका की कुल्हाड़ी या गंडासा।

tomalley *-मैली n.* an American lobster's fat. एक प्रकार के अमेरिका में पाए जाने वाले केकड़े की चर्बी।

toman *-मान n.* a former Persian gold-coin worth 10,000 dinars. प्राचीन फारस फारस देश का एक सोने का सिक्का जो दस हजार दीनार के बराबर होता था।

Tom and Jerry *टॉम एण्ड जेरी n.* मसाला मिले उबले अण्डे और मदिरा।

tomato *टोमेटो n.* a plant bearing juicy

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

friut which of yellow or red colour; its fruit. टिमाटर का पौधा; टिमाटर।

tomb *टोम्ब n.* a grave;a sepulchral monument; *v. t.* to bury, to entomb; कब्र; समाधि; चैत्य; मकबरा। कब्र में गाड़ना; मकबरा बनाना।
the tomb. मृत्यु।

tombac, tombak *-बेक n.* an alloy of copper and zinc. ताँबे और जस्त की एक मिश्रित धातु।

tombed *बक्ड adj.* मकबरे में समाधिस्थ; कब्र में गड़ा हुआ।

tombic *-बिक adj.* मकबरे से सम्बन्धित।

tombless *लॅस adj.* बिना कब्र का।

tomboc *-बोक n.* a Javanese long handled weapon.जावा देश का एक लम्बी मूठ का हथियार

tomboila *बोला n.* a king of lottery. एक प्रकार का जुआ जिस में सब लोग दाँव लगाते हैं और जिसका नम्बर आता है उसे इनाम मिलता है

tomboy *बाय n.* a very noisy and active girl behaving like a boy. लड़कों की तरह शरारत करने वाली लड़की।

tombstone *-स्टोन n.* समाधि; मकबरे अथवा कब्र पर लगा हुआ पत्थर।

tomcat *-कॅट n.* a a full grown male cat. बुड्ढा नर बिल्ला।

tome *टोम n.* a big book; a big volume. बड़ा ग्रन्थ।

tomelet *-लट n.* एक छोटा ग्रन्थ।

tomentum *-टन n.* a matted cottony soft downy covering esp. in plants पौधों में रोवेंदार चटाई के समान नर्म रेशे।

tomfool-fool *n.*a great fool;a buffoon *v.t.* and *v.i.* to play the fool.महा मूर्ख,बिदूषक मूर्ख बनाना; हँसाना।

tomfoolery-fūlrī*n.*महा मूर्खता; विदूषक का काम

tomfoolish-*lish adj.*महा मूर्ख;बिदूषक के समान

tomial *मियल adj.* पक्षियों के चोंच से काटने के के किनारों से सम्बन्धित।

tomium *-मियम n.* पक्षियों के चोंच से काटने के तेज किनारे।

tommy *-टॉमी n.* a bread; food; a kind of wrench; a baker's-shop; a private soldier in the British army;an English man whose parent's name is unknown and in childhood was placed in a truck which took him to the nursery. रोटी; एक प्रकार का कल घुमाने का यन्त्र; नानबाई की दुकान; बरतानिया की फौज का सिपाही; वह अंग्रेज जिस को मां बाप का नाम न मालुम हो और बचपन में गुप्त रूप से एक गाड़ी में रख कर शिशु गृह पहुंचा दिया गया हो।
soft tommy: नर्म रोटी।

tommy-bar-*bār n.*बन्दूक को साफ करने का डण्डा

tommy-gun *-गन n.* एक प्रकार की अपने आप चलने वाली मशीन-गन।

tommy-rot *-रॉट n.* मूर्खता की बात।

tommy-shop *-शॉप n.* नानबाई की दुकान।

Tom-noddy *-नाडी n.* a fool. मूर्ख व्यक्ति।

tomorrow, tomorrow *-मॉरो n.* the day after to day. *adv.* on the day after to day. कल कल का दिन; आगामी दिन। कल के दिन को।
to-morrow week: आज से आंठवें दिन।
day after tomorrow: परसों।

tompion *n.*(also tompon)an inking pad a kind of watch; the stopper of the gun स्याही लगाने का तख्ता, एक प्रकार की घड़ी, बन्दूक का डण्डा।

tomtit *टॉमटिट n.* the blue or other kind of a small bird एक प्रकार का नीले या दूसरे रङ्ग का छोटा पक्षी।

tom tom *टम टम n.* (also tam tam) an Indian drum एक प्रकार का भारतीय नगाड़ा; *v. t.* to beat such a drum उपरोक्त नगाड़ा बजाना।

tom trot *-ट्रॉट n.* a kind of toffee एक प्रकार की मिठाई।

ton *टन n.* a measure in capacity weighing 20cwt.; a fashion; people of fashion एक २८ मन अथवा २० हंड्रेड वेट तौल का तौल; फेशन; फेशन अथवा बनावटी शृङ्गार करने वाले लोग।

tonal *टोनल adj.* लय का; स्वर का।

tonalite *-नेलाइट n.* a kind of powerful explosive एक प्रकार का भड़कने वाला पदार्थ।

tonality *-लिटी n.* लय और स्वरों का आपसी सम्बन्ध।

to name *टू नेम n.*a nickname, an additional name उपनाम; अतिरिक्त नाम।

tonant *टोनेन्ट adj.* thundering गरजने वाला

tone *-न n.* sound; voice; style; a note of a word, spirit; morale; a shade of colour; normal healthy condition of body and mind; in music; one of the larger intervals between the notes of the scales आवाज; शब्द; स्वर तरीका, ध्वनि; भावना; मानसिक या नैतिक अवस्था; चित्र में अन्धकार तथा प्रकाश का चित्रण; स्वास्थ्य; सङ्गीत में लय अर्थात दो स्वरों के बीच में लय लेने का समय; *v. t. & v. i.* to give a particular tone to, to be in harmony with स्वर बदलकर बोलना; सुर मिलाना; पुष्ट करना।
to tone down : रङ्ग हलका करना।
long tone : तान।
to tone up : स्वर बढ़ाना।

toned *-न्ड adj.* सुर वाला; तान युक्त।

tone deaf *-डेफ n.* सुर अथवा तान को न समझ सकने वाला।

toneless *-लॅस adj.* बिना सुर या तान का, बेसुरा।

tonelessly *-लसली adv.* बेसुरे रूप में।

tonelessness *-नेस n.* बेसुरापन।

tone picture *-पिक्टूयर n.* सङ्गीत के स्वरों के संकेतों द्वारा वर्णित पुस्तक।

tone poem *-पोयम n.* सङ्गीत में पदों का ध्यान न रखकर केवल लय में गाने वाली कविता।

tong *-ग n.* a Chinese secret society. चीन देश की एक गुप्त सभा।

tonga *-गा n.*a two wheeled horse drawn vehicle. तांगा।

tonga bean *-बीन n.* a scented seed used for flavouring snuff नसवार को सुगन्धित बनाने का एक प्रकार का बीज।

tongs *-गस n. pl.* domestic instrument consisting of two legs joined by a pivot. चिमटा; संडासी।

tongue *-ग n.* a movable organ in the mouth used for tasting and talking; a language; a way of speeking; the tongue of an animal as a food; anything resembling a tongue; discourse a vote; the catch of buckle;the pointer of a balance; any narrow projection. जीभ; जिह्वा; बोलने की शक्ति; भाषा; बोली; किसी पशु की जबान कासांस; जबान के आकार की कोई दूसरी वस्तु, बात-चीत; धार्मिक व्याख्यान या उपदेश; सत,बक्सुए का सुआ;तराजू की डंडी, कोई पतली आगे झुकी हुई वस्तु।
v. t. & v. t. to utter; to pronounce; to assail with words; to talk; to give tongue to stick out. बोलना; उच्चारण करना; जबान चलाना; बातचीत करना; जबान दिखाना; गाली देना; जबान निकाल कर मुंह चिढ़ाना।

tongued *टंग्ड adj.* जबान युक्त।

tongue-doubtie *-डाउटी adj.* रुक रुक कर बोलने वाला; हलकाने वाला।

tongue-less *-लॅस adj.* बिना जबान का जिसका कभी भी जिक्र न आया हो।

tonguelet *-लॅट n.* छोटी जबान या जिह्वा।

tonguester *-स्टर n.* तुतला कर बोलने वाला।

tongue-tacked *-टॅक्ड adj.* न बोलने योग्य; स्वतन्त्रता से बोलने में असमर्थ।

tongue-twister *-ट्वीस्टर n.* शब्दों को बिना गलती करे उच्चारण करने की एक रीति।

tongue-work *-वर्क n.* शोरगुल; चख चख।

tonging *-गिङ्ग n.* संगीत में बंसरी इत्यादि वाद्य यन्त्रों की लय में थरथराहट उत्पन्न करना।

tonic *टोनिक adj.* relating to tones; giving vigour to the body and mind. सुर या लय सम्बन्धी; शरीर या मन को शक्ति प्रदान करने वाली। *n.* a medicine which tones up body and mind. एक बल-वर्धक औषधि
hold one's tongue : चुप रहना।
to give tongue : चीखना चिल्लाना।
have lost one's tongue : बोलने में शर्माना
mother tongue : मातृ भाषा।
to have one's tongue in one'c cheek : ताना देना।
to find one's tongue : शर्म छोड़ कर बोलना शुरू करना।

tonicity *-सिटी n.* सुर में होने का गुण; पट्ठों की स्वस्थ अवस्था; पट्ठों या मांस पेशियों का लचीलापन

tonight; to-night *टुनाइट n.* this night. आज की रात; *adv.* on this night. आज रात को।

tonish *-निश adj.* having a fashion. फैसन युक्त।

tonishly *-ली adv.* फैसन परस्ती से।

tonishness *-नेस n.* फैसन परस्ती।

tonite *-नाइट n.* a blasting explosive. एक प्रकार का विस्फोटक पदार्थ।

tonka-bean *-बीन n.* नसवार को सुगन्धित करने का एक प्रकार के पौधे का बीज।

tonnage *टनेज n.* the carrying capacity of a ship in tons; import duty on ships; tax on one ton of wine. जलपोत की माल लादने की टनों में शक्ति; प्रत्येक टन ऐसे जहाज पर

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

लदे माल पर कर; एक टन मशिरों पर कर।

tonneau *टोनो n.* the rear part of a motor-car body. मोटर गाड़ी का पिछला भाग।

tonsil *टॉन्सल* . either of the two glands at the root of the tongue. गले के दोनों ओर की गिल्टियां जो जबान की जड़ के दोनों तरफ होती हैं।

tonsillar *-लर adj.* उपरोक्त गिल्टियों से सम्बन्धित

tonsillectomy *लेक्टॉमी n.* चीरफाड़ कर के गले की गिल्टियों को निकालना।

tonsillitic *-लीटिक adj.* गले की गिल्टियों की सूजन से सम्बन्धित।

tonsillitis *-लाइटिस n.* गले की गिल्टियों की सूजन।

tonsillotomy *लॉटॉमी n.* गले की गिल्टी पूरी या उसका कुछ भाग निकालने का कार्य।

tonsore *टॉन्सोर n.* a barber. नाई; बाल काटने वाला।

tonsorial *-रियल adj.* नाई सम्बन्धी; बाल काटने के कार्य से सम्बन्धित।

tonsure *टोनशर n.* the act of or mode of shearing the hair or shaving the head; the rite of shaving or cutting a part of the hair of the head at the time of entering priesthood. बाल काटने या सिर मूड़ने का कार्य या तरीका; पादरी के पद पर आरूढ़ होने से पहले सिर के बाल उतारने की एक रस्म; मुड़ा हुआ भाग; मुण्डन संस्कार।

tonsure ceremony : मुण्डन संस्कार।

tonsured *-शर्ड adj.* बाल कटा हुआ; गंजा।

tontine *-टीन n.* a scheme for life annuity which increases as the subscriber dies वार्षिक चन्दा देकर बीमा करने की एक योजना जो चन्दा देने वालों की मृत्यु के बाद बढ़ता रहता है।

tontiner *टॉनटिनर n.* उपरोक्त योजना को बनाने वाला।

tonus *-स n.* tone; tonic sparm. सुर; बलवर्धक।

tony *-टोनी adj.* fashionable. फैशन करने वाला शृङ्गार करने वाला; *n.* a simpleton; a fool सीधा साधा व्यक्ति मूर्ख आदमी।

too *टू adv.* in addition; also like wise; extremely. आवश्यकता से अधिक भी वैसा ही; ठीक।

too too, too-too *टू-टू adv.* आवश्यकता से अधिक; अत्याधिक।

tooart *-आर्ट n.* a stong timbered eucalyptus tree. मजबूत लकड़ी वाला; इलायची का पेड़।

took *टुक pa. t.* of take.

tool *-ल n.* a working instrument used by hands; a puppet; a person who does dishonest work on behalf of others. औजार; यन्त्र; उपकरण; विशेषकर हाथ से काम करने के; दूसरे के आधीन यन्त्रवत बेईमानी से काम करने वाला; *v. t.* & *v. i.* to work with a tool. औजारों से काम करना।

tool house *-हाउस n.* औजार; यन्त्र इत्यादि रखने का स्थान।

tooling *-लिङ्ग n.* औजारों द्वारा किया गया कलात्मक कार्य।

tool-shed *-शेड n.* औजार रखने का कमरा।

toom *-म adj.* empty. खाली; *n.* rubbish dump. कूड़ा कर्कट का ढेर, *v. t.* to empty खाली करना।

toon *-न n.* cedar wood; a large tree with red wood. तुन का पेड़; तुन।

toot *-ट v. t.* to peer; to peep about; to be prominent. झांकना; इधर उधर ताकना; झांकना; प्रसिद्ध होना। *n.* a look out place. चारों तरफ देख सकने लायक स्थान।

toot, tout *-ट v. i.* to make short sounds तेज शब्द करना; *v. t.* to blow as a horn. बिगुल बजाना; भोंपू बजाना; *n.* a blast of a horn. बिगुल या भोंपू की आवाज।

tooter *-टर n.* बिगुल बजाने वाला; ऊंचे स्थान पर खड़ा होकर इधर उधर ताकने वाला।

tooth *-थ n.* (*pl.* teeth.) one of the small bones in the jaw used for biting and chewing in animals or human beings a hard projection as on comb or saw taste दांत; दन्त; कांटा, दांता; स्वाद; *v. t.* to cut into teeth; to furnish with teeth दांत लगाना; दांतेदार बनाना।

a colt's tooth : युवावस्था की अय्याशियों में लीन रहना।

armed to the teeth ऊपर से नीचे तक अस्त्रों से सुसज्जित।

a sweat tooth : मीठी वस्तुओं का चस्का या स्वाद।

by the skin of one's teeth बाल बाल बचजाना।

to cost, throw in one's teeth : किसी को चिढ़ाना या ताना मारना।

in one's teeth : आमने सामने।

inspite of one's teeth, inthe teeth of खुले विरोध करते हुए।

long in the tooth बड़प्पन से; उस घोड़े के समान जिसके दांत गिर रहे हों।

set one's teeth on edge किसी को इतना क्रोध दिलाना कि वह दांत पीसने लगे।

tooth and nail : सारी शक्ति लगाकर।

to show the teeth : डराना।

toothache *-थेक n.* दांत का दर्द; दांत की चीस।

toothache-tree *टूथेक-ट्री n.* दांतेदार पत्तों वाला एक पौधा।

tooth-brush *टूथ-ब्रुश n.* दातुन; दांत साफ करने का ब्रुश।

tooth-drawer *-ड्रॉयर n.* दांत निकालने वाला।

tooth-drawing *-ड्रॉइङ्ग n.* दांत निकालने का काम।

toothed *टूथ्ड adj.* दांतेदार।

toothful *-फुल adj.* स्वादिष्ट।

toothless *-लेस adj.* बिना दांत का।

tooth-ornament *-ऑर्नमेण्ट n.* सोने या चांदी का खोल चढ़ा दांत।

tooth-paste *-पेस्ट n.* एक प्रकार का लेसदार दन्त मञ्जन।

tooth-powder *-पाउडर n.* दांत-मंजन।

tooth-pick *-पिक n.* दांत खोदनी।

tooth-picker *-पिकर n.* दांत की सफाई करने वाला; दांत खुरेदने का एक साधन।

tooth-shell *-शेल n.* दांतों के ऊपर चमकने वाली वस्तु।

toothsome *-सम adj.* स्वादिष्ट; जायकेदार।

toothsomeness *-नेस n.* स्वादिष्टता।

toothwash *-वाश n.* दांत साफ करने की एक तरल औषधि।

toothwort *-वॉर्ट n.* एक प्रकार का दांतेदार पत्तों वाला पौधा।

toothy *-थी adj.* दांतेदार।

tootle *-टल n.* to make feeble sound as on flute. बांसुरी की तरह का शब्द निकालना।

top *टॉप n.* the highest part or place; the upper end or surface, a child's top; the highest place or rank; a topsail; a crest or tuft; a bundle of wool for weaving; a grooved cone held back for between the strands in rope making; a kind of gastropod with a cone-shell. सबसे ऊंचा भाग या स्थान; ऊपरी सिरा या तल; बच्चों के खेलने का लट्टू; उच्चतम चोटी या पद; सबसे ऊंचे पर लगने वाली पाल; ऊपरी परत या खाल; बुनने के लिए बनाई हुई ऊन की गिट्टी; रस्सी बनाने में रस्सी की दो बटों के बीच में लगाने का मुखवाला तिकोना लकड़ी का टुकड़ा; एक प्रकार का घोंघा या शङ्ख; *v. t.* to cover on the top; to tip; to surpass; to surmount; to cover; to take off the top of. सबसे ऊपर का सिरा या चोटी टकना; उल्टा कर देना; आगे बढ़ जाना; ढकना; सिरा या डाल काट डालना; *v.i* to finish up; to round off. समाप्त करना; बिलकुल बन्द कर देना; *adj.* highest. उच्चतम।

at the top of one's voice चिल्लाकर; गंरज कर।

from top to toe : सिर से पैर तक।

top-dog : जीतने वाला व्यक्ति।

on top : सबसे ऊपर।

top one's part : अभिनय करने में दूसरों से आगे बढ़ जाना।

sleep like a top : मुख की नींद सोना।

toparch *टोपार्क n.* the ruler of a district. जिला अधिकारिक।

toparchy *-पार्की n.* जिला अधिकारिक का अधिकार-क्षेत्र।

topaz *-पाज n.* a kind of precious stone पुखराज; पुष्पराग।

top-boot *-बूट n.* घुटने तक का जूता।

top-booted *-बूटेड adj.* घुटने तक का जूता पहने हुए।

top-coat *टॉप-कोट n.* ऊपर से पहनने का बड़ा कोट; ओवरकोट।

top-drain *-ड्रेन n.* भूमि के ऊपरी तल की सिंचाई

top-dressing *-ड्रेसिंग n.* ऊपर पड़ी खाद को भूमि रमाना।

tope *टोप n.* a Budhist stupa for relics; a kind of shark-fish. बौध स्तूप जिस पर उस काल के उपदेश लिखे होते हैं; एक प्रकार की शार्क मछली। *v. t.* to drink hard. बहुत अधिक पीना।

topek *-पेक n.* an Eskimo skin tent. एस्कीमो का खाल का बना खेमा।

toper *-पर n.* अत्यधिक पीने वाला; शराबी; मतवाला।

topfull *टॉपफुल adj.* किनारे तक भरा हुआ।

top gallant *-गॅलेन्ट adj.* बहुत ऊंचा; उच्चतम;

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

अत्युत्तम।

top-hamper -हैम्पर *n.* जलपोत की छत पर अत्याधिक वजन होना।

top-hat -हॅट *n.* एक रेशमी टोपी (हैट)।

top-heavy -हेवी *adj.* ऊपरी भाग बोझल वाला

Tophet -फ़ेट *n.* an ancient place of human sacrifice near Jerusalem; a hell. यरुशलम में आदमी की बलि देने का एक प्राचीन स्थान; नरक।

tophole -होल *n.* ऊपरी छिद्र।

tophus -फ़स *n.* a gouty deposit. भुरभुरे पत्थर की खान।

topi, topee टोपी *n.* a cap. टोपी; धूप की टोपी

topiwallah -वाला *n.* भारत वर्ष आया हुआ अंग्रेज।

topiarian -एरियन *adj.* झाड़ियों को सुन्दर बनाने की कला से संबन्धित।

topiary -एरी *n.* art of clepping or cutting shrubs in fanciful shapes. झाड़ियों को सुन्दर आकृतियों में काटने की कला।

topic टॉपिक *n.* the subject of discourse; आलोचना का विषय; प्रसंग; विषय।

topical -कल *adj.* किसी स्थान या विषय सम्बन्धी

topically -कली *adv.* स्थानीयता।

top-knot टॉप-नॉट *n.* सिर का जूड़ा या सिर पर बन्धे फीतों की सुन्दर गांठ।

topless -लेस *adj.* बिना चोटी का।

toplofty -लोफ्टी *adj.* आडम्बरी।

topman -मॅन *n.* शिखर पर अथवा उच्चतम पद पर नियुक्त पुरुष।

top-mast -मास्ट *n.* सबसे ऊपर का मस्तूल।

top-most -मोस्ट *adj.* उच्चतम; सबसे ऊपर का।

top-notch -नॉच *adj.* सबसे ऊपर आने वाला।

topographer टोपोग्राफ़र *n.* a map-maker. नक्शा बनाने वाला।

value *n.* worth; the rate at which a commodity exchangeable for others; market price; assumed valuation or regard; import, the quality of round; excellence; utility. योग्यता; मूल्य; बाजार भाव; निर्धारित मूल्य या श्रद्धा; विशुद्ध अर्थ; अवाज की विशुद्धता; उत्कर्ष; गुण; गरिमा; महत्व; *v. t.* to appraise; to esteem; to regard कीमत ठहराना; अनुमान लगाना; भक्ति या श्रद्धा दृष्टि से देखना।

good value : पूरी कीमत देने योग्य।

valuable consideration : कानून में रुपये और सम्पत्ति की कीमत का विचार विनमय।

value in exchange : बाजार भाव।

value received : व्यापार में बीजक के मिलने पर कीमत जांचने के लिए कहा जाने वाला एक वाक्य।

to value highly : बहुमान या आदर करना।

valued *वेल्यूड adj.* कीमत निर्धारित किया हुआ;

valueless *-लेस adj.* कम मूल्य का।

valuer *-अर n.* आदर या मान करने वाला; कीमत निर्धारित करने वाला; अधिक मूल्य लगाने वाला;

valval *वाल्वल*; **valvar** *वाल्वर*; **valvate** *वाल्वेट adj.* having a valve meeting at the edge without overlapping. केवल एक ओर खुलने वाला ढक्कन या फाटक वाला; बिना एक दूसरे पर चढ़े किनारों पर मिलने वाला।

valve *वाल्व n.* a leaf of a folding door; an apparatus or lid that opens only on one side; a bulb in a wire-set. मुड़ने वाले दरवाजे या फाटक का एक पल; केवल एक एक ओर खुलने वाला ढक्कन या यन्त्र; रेडियो की बत्ती।

valved *वाल्व्ड adj.* एक ओर खुलने वाले डट्टे युक्त

valveless *-लैस adj.* बिना उपरोक्त डट्टे या ढक्कन के।

valvelet *-लेट*; **valvula** *वाल्व्यूला*; **valvule** *-व्यूल n.* एक छोटा एक ओर खुलने वाला ढक्कन या डट्टा; छोटा वाल्व।

valvular *-लर adj.* छोटे वाल्व युक्त।

valvulitis *वाल्व्युलिटिस n.* हृदय के अन्दर से बाहर आने वाले रक्त के द्वार पर लगे ढक्कन की सूजन

vambrace *वैम्ब्रेस n.* हाथ पर कोनी तक लगने का जरावख्तर या कवच।

vambraced *-स्ड adj.* उपरोक्त जरावख्तर युक्त

vamose *वेमोस*; **vamoose** *वेमूस v. t. & v. i.* to leave; to make off. छोड़ना; चला जाना; भगा देना।

vamp *वैम्प n.* the piece of leather forming the upper front part of a boot; something added to an old thing to give new appearance. a flirt. जूते के ऊपर ठोकर की ओर लगा हुआ चमड़े का टुकड़ा; पुरानी वस्तु को नया बनाने के लिए लगाई कोई वस्तु; अभिसारिका गाकर मन लुभाने वाली स्त्री; वीराङ्गना; *v. t.* to repair with a vamp; to patch; to mend, to attract a man in order to get money. नया चमड़ा लगाकर नया मरम्मत करना; पैबन्द या चिप्पी लगाना; बनाना; मरम्मत करना; पैसे ऐंठने के लिए आदमी को आकर्षित करना।

vamper *वैम्पर n.* मरम्मत करने वाला।

vamping *वैम्पिङ्ग n. & adj.* जूते इत्यादि मरम्मत करने का कार्य।

vampire *वैम्पायर n.* a blood-sucking ghost; any ruthless evil disposed person who extorts money from other; blood sucker; a blood-sucking bat. एक प्रकार का कल्पित भूत जो रात्रि को सोये हुए मनुष्यों का रक्त चूसता है; कोई क्रूर व्यक्ति जो बेईमानी और जबरदस्ती से दूसरे व्यक्तियों से रुपया ऐंठता हो; खून चूसने वाला; एक प्रकार का खून चूसने वाला चमगादड़; *v. t.* to pray upon like a vampire. उपरोक्त भूत की तरह दांव लगाकर शिकार करना।

vampire-bat *-बैट n.* एक प्रकार का जानवरों का रक्त पीने वाला अफ्रीका का चमगादड़।

vampirise *-राइज़ v. t.* to suck the blood of. रक्त चूसना।

vampirism *वैम्पायरिज्म n.* कल्पित रक्त चूसन वाले भूत में विश्वास; दूसरों का रक्त चूसना।

vampish *वैम्पिश adj.* उपरोक्त भूत या रक्त चूसने वाले के समान।

vamplate *वैम्प्लेट n.* a guard for the hand on the lance. हाथ के बचाव के लिए भाले पर लगा हुआ कवच।

vamps *वैम्प्स n.* a kind of hose. एक प्रकार का मोजा।

van *वैन n.* a large covered wagon; a closed railway carriage for carrying luggage; an advance guard; as of an army; the leaders of a movement; a fan or winnowing machine. ढकी हुई बड़ी गाड़ी; माल ले जाने की बन्द रेलगाड़ी का डिब्बा; सेना का अग्रभाग; किसी कार्यवाहक दल के नेता लोग; पंखा; अनाज के छिलके और कूड़ा करकट हटाने के काम आने वाला पंखा या कोई यन्त्र।

van *वैन n.* टैनिस के खेल में पोइन्ट जीतने पर सर्विस करने का अधिकार मिल जाने का द्योतक शब्द 'एडवान्टेज' का लघु रूप।

vanade *वैनेड n.* a salt having high valancy of vanadium. अधिक मात्रा में वेनेडियम तत्व युक्त एक क्षार।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

vanadic *-डिक adj.* अधिक मात्रा में वेनेडियम तत्व युक्त ।
vanadinite *-डिनाइट n.* एक जस्ता और क्लोराइड युक्त खनिज ।
vanadium *-डियम n.* एक प्रकार का चांदी के समान श्वेत खनिज धातु तत्व सं० २३ ।
Vandal *वैन्डल n.* सन् ४५५ में उत्तरी पश्चिमी जर्मनी से चलकर गाल, स्पेन, उत्तरी अफ्रीका होते हुए रोम पर आक्रमण करके तहस नहस करने वाले लोगों में से एक; सुन्दरता को नष्ट करने वाला ।
Vandalic *वन्डेलिक adj.* उपरोक्त जाति के लोगों से सम्बन्धित ।
Vandalism *-लिज्म n.* सुन्दरता को नष्ट करने तथा तहस नहस करने की नीति ।
Vandyke *वैंडाइक n.* सन् १५९९ से १६४१ तक के काल के महान चित्रकार एन्थनी वान डाइक की कलाकृति; उनकी कला कृतियों के समान गले का गुलुबन्द नोकीला सिरा; छोटी नोकीली मूछ या ढाढ़ी । *v. t.* to zig zag. टेढ़ा मेढ़ा काटना या बनाना ।
vandyked *-इक्ड adj.* उपरोक्त नमूने का बना हुआ ।
vane *वेन n.* a flag; a weather cock serving to show the direction of the wind; a blade of a windmill; an observing or surveying instrument. झण्डा वायु की दिशा दिखाने वाला हवाई चक्की पर लगा घूमने वाला मुर्गा; हवाई चक्की का पंखा, देखने का तथा मालूम करने का एक यन्त्र; वायुगति प्रदर्शक यन्त्र ।
vaned *-ड adj.* झण्डा लगा हुआ ।
vaneless *-लेस adj.* बिना झण्डे का ।
vanessa *-नेसा n.* एक प्रकार की तितलियों की श्रेणी ।
vang *वैंग n.* one of the two guy ropes from the end of a gaff to the deck, used to the gaff. जलपोत के अगले बादबान को फैलाने के लिए लगी दो रस्सियों में से एक रस्सी जो जलपोत की छत पर कसकर बांधने के काम आती है ।
vanguard *वैनगार्ड n.* the advance guard of an army; one who is foremost; the forefront. सेना का अगला दल; सेना मुख; सबसे अगला व्यक्ति; अग्र भाग ।
vanilla *वेनीला n.* एक प्रकार का लता से निकाला हुआ मसाला ।
vanillin *-नीलिन n.* एक प्रकार का सुगन्धित मिश्रण जिसमें कारबन, उदजन गैस और ओज गैस ८: ८, ३ की औसत में मिश्रित होते हैं ।
vanish *-निश v. i.* to disappear from sight; to depart; to pass out of existence; to become equal to zero. अन्तर्हित होना; गायब हो जाना; चला जाना; लुप्त हो जाना; विलीन हो जाना । *n.* the terminal part of a vowel element; a vanishing स्वर के अन्त के उच्चारण का अन्तिम भाग; लुप्त हो जाने का कार्य ।
vanisher *-निशर n.* लुप्त हो जाने वाला; अन्तर्ध्यान हो जाना ।
vanishing *-निशिन n. & adj.* लुप्त होता हुआ; लुप्त होने वाला ।
vanishingly *-ली adv.* लुप्त होने के रूप में ।
vanishing-point *-पॉइन्ट n.* किसी वस्तु की दृष्टि से ओझल हो जाने का स्थान ।
vanishment *-मेन्ट n.* लुप्तता ।
vanity *-निटी n.* the condition of being vain; that which is unsubstantial; self conceit. निरर्थकता, निःसारता, झूठा अभिमान या घमण्ड ।
vanity fair : असार संसार ।
vanity-bag *वैंग n.* मुह पर लगाने का पाउडर इत्यादि शृंगार सामग्री रखने का डिब्बा ।
vanner *वनर n.* a horse suitable for van. गाड़ी में जोतने योग्य घोड़ा ।
vanquish *-विंश v. t.* to subdue in battle; to conquer; to suppress or over come a feelling or emotion; to defeat as in argument. लड़ाई में जीतना; तर्क में हराना
vanquishable *-शेबल adj.* हराने योग्य ।
vanquisher *-शर* हराने वाला; या जीतने वाला व्यक्ति ।
vanquishment *-मेन्ट n.* जीत ।
vant *वैन्ट n.* an advantage लाभ; सुविधा ।
vantage *-टेज n.* सुविधा; लाभ; टैनिस के खेल में बराबर होने के बाद जीता हुआ एक पॉइन्ट; अवसर वृद्धि ।
vantange-ground *-ग्राउन्ड* **vantage-point** *n.* श्रेष्ठ पद, अग्रभूमि; उत्कर्ष ।
vantageless *-लेस adj.* असुविधाजनक ।
vantbrace-*ब्रस n.*an armour for the forearm. कोहनी तक का हाथ का कवच ।
vanward *adj & adv.* pertaining to or situated in the front. अग्रभाग में स्थित अथवा अग्रभाग से संबन्धित ।
vapid *विड adj.* dull; insipid; flat. निस्तेज; रसहीन; फीका; सादा; चौरस ।
vapidity *-डिटी n.* निस्तेजत्व; रसहीनता;फीकापन
vapidly *डली adj.* रसहीनता से ।
vapor *-पर n.* वाष्प बिन्दू ।
vaporable *वल adj.* capable of being turned into vapour.वाष्प में परिणत होने योग्य
vaporific *वेपोरिफिक adj.* converted into vapour. वाष्प में परिणत होने वाला ।
vaporiform *-फॉर्म adj.* वाष्प की अवस्था में रहने वाला ।
vaporimeter *-रीमीटर n.* वाष्प की मात्रा या दबाव मालूम करने का एक यन्त्र ।
vaporisable *-राइजेबल adj.* वाष्प में परिणित करने योग्य ।
vaporisation *-शन n.* वाष्प में परिणत होने की अवस्था का कार्य ।
vaporise *-राइज v. t.* to convert into vapour. वाष्प में बदलना ।
vaporiser *-जर n.* वाष्प में बदलने वाला; हवा के दबाव से तरल पदार्थ को छोटी छोटी बूंदों में बदने का एक यन्त्र ।
vaporosity *-रोसिटी n.* वाष्प के रूप में होने की अवस्था ।
vaporous *-रस adj.* वाष्प के समान; वाष्पमय; वाष्प की प्रकृति का; निःसार; आसार ।
vaporously *-ली adv.* वाष्प के रूप में ।
vaporousness *-नेस n.* वाष्पपूर्णता ।
vapour *वेपर n.*moisture in the air, moisture that can be seen floating in the air in the form of mist, the gaseous form to which certain substances may be reduced, that which is fleeting and unsubstantial; van boasting; idle talk; depression of spirits. वाष्प; आर्द्र पदार्थों की गैस में होने की अवस्था; कोहरा; निरर्थक कल्पना; चरड़ूखाने की गप; व्यर्थ की डींग; दिमाग की कमजोरी; निस्तेजता; *v. t. & v.i.* to evaporate. to boast; to depress mentally. वाष्प हो जाना, शेखी बघारना; दिमागी दुर्बलता अनुभव करना ।
vapour-bath *वेपर-बाथ n.* वाष्प-स्नान ।
vapoured *वेपेर्ड adj.* वाष्प युक्त ।
vapourer *-पर n.* डींग हांकने वाला ।
vapouring *-रिङ्ग n. & adj.* मिथ्या अभिमान ।
vapouringly *-ली adv.* मिथ्या अभिमान से ।
vapourish *-रिश adj.* वाष्प युक्त ।
vapoury *-री adj.* जिसमें वाष्प हो ।
vapulate *वेप्यूलेट v. i.* tope flogged.कोड़ों से पीटा जाना ।
vapulation *-शन n.* कोड़ों की मार ।
vaquero *वाकेरो n.* a hardsman. ग्वाला ।
vara *वेरा n.* a Spainist-American linear measure. स्पेन अधिकृत अमरीका का एक लम्बाई नापने का नाप ।
varan *वेरन n.* a monitor lizard. एक प्रकार की बड़ी छिपकली; गिरगट ।
Varangian *वेरैन्जियन n.*स्केन्डेनेविया के निवासी जो प्राचीनकाल में जाकर बस गए थे और वहां राज्य करते थे ।
varanus *-नस n.* a genus of lizards. एक प्रकार की छिपकली की श्रेणी ।
vardy *वार्डी n.* a verdict. निर्णय; न्याय विचार
vare *वेयर n.* a wand of authority. न्यायाधीश का दण्ड ।
varec; varech *वेरक n.* a vengenance. बदला दण्ड ।
vareuse *वारेज n.* a kind of loose-jacket. एक प्रकार की ढीली जाकट ।
vargueno *वारगेन्यो n.* a cabinet or desk. अलमारी; डेस्क ।
variability *वेरीएबिलिटी n.* the state of beingchangeable. परिवर्तनशीलता; अस्थिरता ।
variable *-एबल adj.* alterable, fickle; unsteady; mutable; wavering. परिवर्तनशील; अस्थिर; चंचल; अनिरूपित; आगा पीछा करने वाला; *n.* a quantity subject to continual increase or decrease in mathematics; a shifting wind. गणित शास्त्र में कम या अधिक होने वाली संख्या या मात्रा इधर उधर बहने वाली वायु ।
variable gear : एक प्रकार का यन्त्र जिसके द्वारा मोटर के इंजन गाड़ी की शक्ति कम या अधिक की जा सकती है ।
variableness *-नैस n* परिवर्तनशीलता; अस्थिरता
variably *-ली adv.* अस्थिरता से ।
variae lectiones *वेरीएलेक्शोन्स (L.) n.* various readings. पाठान्तर ।
variance *वेरीएन्स n.* alteratien; disagreement; dispute, discrepancy; amount of change. परिवर्तन; विभेद; झगड़ा; विभिन्नता; फर्क; कमी-वेशी ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

at varience : मतभेद से।

variant *-एन्ट n.* a different form of the same thing; a different reading. एक वस्तु का विभिन्न रूप; विभिन्न रूप से पढ़ना; *adj.* changeable; diversified different. परिवर्तनशील, बदला हुआ; विभिन्न।

variate *-एट v. t. & v. i.* to change; to vary. विभिन्न करना; परिवर्तन करना; *n.* one of the observed value of quantity. गणित शास्त्र में मात्रा की फर्ज की हुई कीमत।

variation *-एशन n.* भेद; परिवर्तन; रूपान्तर; अन्तर।

variational *वेरीएशनल adj.* विभिन्नता से सम्बन्धित।

variationist *-एशनिस्ट n.* विभिन्नता पर अधिक ध्यान देने वाला।

variative *-एटिव adj.* विभेद युक्त।

varicella *-सेला n.* chicken-pox. खसरा।

varicellar *-सेलर adj.* खसरा सम्बन्धी; खसरे के समान।

varicelloid *-सेलाइड adj.* खसरे से मिलता झुलता।

varicellous *-सेलस adj.* खसरा सम्बन्धी।

varices *-सीज n. pl.* (*sing.* varix) अधिक बढ़ी या फूली हुई दुखने वाली नाड़ियां।

varicocele *-कोसील n.* वीर्य ले जाने वाली नाड़ियों की सूजन से बना फोड़ा।

varicose *-कोज adj.* दुखने वाली फूली हुई नाड़ियों से सम्बन्धित; अधिक बड़ी और नाड़ी की तरह फूली हुई।

varicosity *-कॉसिटी n.* नाड़ी की सूजन।

varicoloured *-कलर्ड adj.* विभिन्न रंग वाला; रंग बिरंगा।

varied *-ड adj.* modified; changed. विपरीत बदला हुआ।

variedly *-डली adv.* भिन्न प्रकार से।

variegate *-अगेट v. t.* to diversify with different colours; to enliven with change. रंग बिरंगा करना, अदल बदल करके सुखमय बनाना। *adj.* having different forms or colours. रंग बिरंगा किया हुआ।

variegated *-अगेटेड adj.* विभिन्न रङ्ग का।

variegation *-अगेशन n.* रङ्ग विरङ्गापन।

variegator *-अगेटर n.* रंग बिरंगा करने वाला।

varier *-यर n.* one who varies. पृथक करने वाला।

varietal *वेरायटल adj.* of the nature of a distinct variety. विभिन्न प्रकार का।

varitally *-यटली adv.* विभिन्न रूप में।

variety *-यटी n.* (*pl.* varieties) diversity; an assortment of unlike objects; the possession of different characteristics by one individual; a kind differing in minor characters; multiformity. विभिन्नता; वैलक्षण्य; विभेद; विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का संग्रह; एक ही व्यक्ति में विभिन्न गुण या आदतें होना; एक श्रेणी जिसमें थोड़ी बहुत विभिन्नता हो; बहुविधित्व।

variform *वेरीफॉर्म adj.* of many forms. विभिन्न आकार का।

variformed *-फॉर्म्ड adj.* विभिन्न आकार का बना हुआ।

variola *-ओला n.* small-pox; sheep pox. चेचक; माता; शीतला; भेड़ों के निकलने वाली चेचक।

variolar *-ओलर adj.* चेचक-सम्बन्धी।

variolate *-ओलेट v. t.* चेचक का टीका लगाना।

variole *-ओल n.* चेचक के आकार का निशान।

variolite *-ओलाइट n.* a fine-grained rock with spherules of radiating felspar. एक प्रकार का खनिज पत्थर जिसमें सफेद गोल गोल चमकदार सफेद चित्ते होते हैं।

variolitic *-ओलाइटिक adj.* उपरोक्त पत्थर युक्त।

varioloid *-ओलॉइड adj.* चेचक के समान। *n.* modified small pox occuring in the vaccinated चेचक का टीका लगाए गए व्यक्ति में होने वाली बदले हुए प्रकार की चेचक।

variolous *-ओलस adj.* चेचक-सम्बन्धी।

variometer *वेरिओमीटर n.* विभिन्न समय में चुम्बक शक्ति मापने का एक यन्त्र।

variorum *-ओरम adj.* having notes or comments from different critics or editors. विभिन्न समालोचकों अथवा सम्पादकों द्वारा की गई टीका युक्त; *n.* a text having complete work of a classical author containing varient versions of the text of a book. साहित्य का ग्रन्थ जिसमें किसी साहित्यिक लेखक की पुस्तक की विभिन्न समालोचनाएं तथा उसने अनेक रूप दिए हुए होते हैं।

various *-वस adj.* different; changeable; uncertain; manifold; variegated. विभिन्न परिवर्तनीय; अनेक; कुछ; अनिश्चित, बहुत सा; अनेक रंगों का।

variously *-ली adv.* भिन्न प्रकार से।

variousness *-नैस n.* विभिन्नता; परिवर्तनीयता।

variscite *वेरीसाइट n.* a greenish mineral. एक प्रकार का कुछ हरे रंग का खनिज।

varix *वेरिक्स n.* (*pl.* varices) an abnormal dilated and lengthened vein. उभरी हुई; सूजी तथा लम्बी हुई नाड़ी।

varlet *वार्लेट n.* सेवक; नगरपालिका का पदाधिकारी; गुण्डा।

varletess *-टॅस n.* (*fem.*) सेविका; नौकरानी; वेश्या।

varletry *-ट्री n.* the crowd. भीड़; जनसमूह।

varletto *-टो n.* (Shak.) a varlet. सेवक; अनुचर।

varmint; varment *वारमिन्ट n.* a troublesome person or animal. दुःखदायी व्यक्ति या पशु।

varnish *वार्निश n.* a solution of certain gums or resing in linseed oil, used to produce a shining transparent coat on a surface; any product resembling varnish; outward show; a gloss. कई प्रकार के गोंद अथवा सरेशों से बनाया हुआ वार्निश; पालिश; वार्निश से मिलता झुलता कोई दूसरा पदार्थ; बाहरी ठाठ-बाट; चमक दमक, *v. t.* to cover with varnish; to gloss over; to give a fair appearance to. वार्निश करना; चमकाना; संवारना।

varnisher *-शर n.* वार्निश करने वाला।

varnishing *-शिङ्ग n. n.* वार्निश या पोलिश करने की कला या कार्य।

varnishing-day *-डे n.* चित्रकला प्रदर्शनी के खुलने से पहिला दिन जब चित्रों को चमकाया जाता है।

varnishing-tree *-ट्री n.* एक प्रकार का वृक्ष जिसके गोंद से वार्निश बनाया जाता है।

varsal *वर्सल adj.* universal, whole; unlimited. विश्व-सम्बन्धी; सम्पूर्ण; अनन्त।

varsity *वर्सिटी n.* university. विश्वविद्यालय।

varsovienne *वार्सोवियन n.* एक प्रकार का पौलैण्ड देश के नृत्य के समान नृत्य; उपरोक्त नृत्य का सङ्गीत

vartabed *वार्टेबेड n.* अर्मेनियां के पादरियों का एक पन्थ।

Varuna *वरुण n.* the ancient Vedic Hindu God of the heavens. वरुण देवता।

varus *वेरस n.* a malformation in which the foot is turned inward पैर का अन्दर की तरफ मुड़े होने की खराबी।

varve *वार्व n.* a seasonal layer of clay deposited in still water. थमे हुए पानी में एक मौसम में पड़ जाने वाली मट्टी की तह।

varvels *-वल्स n.* (*pl.*) the rings of the legs of a hawk. बाज के पंजों पर के छल्ले।

vary *वेरी v. t. & v. i.* (*pa. t.* varied *pr. p.* varying) to change; to be modified; to diversify; to change the aspect of; to disagree; to variegate. बदलना; बदला हुआ होना; चित्र विचित्र करना; रूप बदलना; अनुकूल न होना; रंग बिरंगा करना।

vas *वेस n.* (*pl.* vasa) a vessel or duct carrying liquid. तरल पदार्थ ले जाने वाली नली; धमनी या नाड़ी।

vasal *-ल adj.* उपरोक्त नली या नाली सम्बन्धी

vascula *-क्यूला n.* (*pl.* vasculum) वनस्पति शास्त्र के वेत्ता का जड़ी बूटी इकट्ठी करने का थैला

vascular *-लर adj.* नसदार; नसों से युक्त; रग दार।

vascularise *-लेराइज v. t.* नसदार बनाना।

vascularity *-लैरिटी n.* नसदार होना।

vascularly *-लरली adv.* नसदार रूप में।

vasculiform *-लीफार्म adj.* नस के आकार का।

vasculum *-लम n.* (*pl.*) a pouch. बटुआ, थैला।

vas deferens *-डेफेरेन्स n.* (*pl.* vasa. deferentia) वीर्य ले जाने वाली नाड़ी।

vase *वास, वाज n.* an ornamental vessel. कुम्भ, कलश; अलंकृत पानी का बर्तन।

vasectomy *वेसेक्टामी n.* वीर्य ले जाने की नाड़ी के एक भाग को हटाने का कार्य।

vaseline *-सलीन n.* a trade name for products of a certain firm consisting in large part petroleum jelly and other preparations. किसी दुकान की बनाए हुए एक पेट्रोल के सफेद चिकने पदार्थ से वस्तु का व्यापारिक सांकेतिक नाम; उपरोक्त पदार्थ से बनी घी की तरह चिकनी अन्य द्रव्य।

vasiform *-सीफार्म adj.* नली या नाड़ी के आकार का।

vasomotor *-सोमोटर adj.* रक्त नाड़ियों को नियमित करने वाला।

vassal *-सल n.* one who held land of a superior lord by a feudal tenure; a feudal tenant; a dependent; a servant a slave. रय्यत; आसामी; प्रजा, नौकर; अनुचर; गुलाम। *adj.* of a vassal; subordi-

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

nate, servile. रय्यत का; आधीन, दास के समान; *v. t.* to subject. गुलाम बनाना; आधीन करना।

vassalage *-सलॅज n.* दासत्व; पराधीनता।

vassaless *-लेस n. (fem.)* दासी; नौकरानी; लौंडी।

vassalry *-सलरी n.* दास समूह; प्रजा; रय्यत।

vassal-state *-स्टेट n.* आधीनस्थ-राज्य।

vast *वास्ट adj.* of great extent; huge; spacious; very great in quantity or number; great in importance; wide and vast. बहुत बड़ा;विशाल; बड़े विस्तार वाला, बहुत मात्रा या संख्या में; बहुत आवश्यक; बृहत। *n.* immensity; a vast amount; a huge quantity. विशालता; बहुत बड़ी रकम; बहुत अधिक मात्रा।

vastidity *-स्टीडिटी n.* विशालता।

vastitude *-स्टीटूड* **vastity** *-स्टीटी n.* विशालता; बड़प्पन।

vastly *-स्टली adv.* विशाल रूप में।

vastness *-स्टनेस n.* विशालता।

vasty *-स्टी adj.* विस्तृत; विशाल।

vat *वैट n.* a vast cistern for containing liquors; a measure. नांद बड़ा पीपा; तरल पदार्थ भरने का पीपा; एक माप; *v. t.* to put in a vat नांद या पीपे में रखना।

vatful *वैटफुल n.* (*pl.* vatfuls) नांद या पीपे में जितना आता हो उतनी मात्रा।

vatic *-टिक ndj.* prophetic; inspired., proceeding from a prophet. अवतार या पैगम्बर सम्बन्धी; पैगम्बर द्वारा कही गई; ईश्वर द्वारा प्रेरित।

Vatican *-टीकन n.* रोम में पोप के रहने का महल; रोम के पोप की सरकार।

Vatican City : वेटीकन पहाड़ी पर पोप के आधीन स्वतन्त्र नगर।

Vatican Council : वेटीकन नगर का धार्मिक राज्य चलाने वाली सभा।

Vaticanism *-टीकेनिज्म n.* पोप को दी हुई धार्मिक सत्ता जो ईसाइयों के धार्मिक उपदेशों तथा सिद्धान्तों में दी गई है।

Vaticanist *टीकेनिस्ट n.* उपरोक्त सत्ता में विश्वास करने वाला।

vaticide *-टीसाइड n.* पैगम्बर या देवदूत की हत्या करने वाला।

vaticinal *-टीसिनल ndj.* भविष्य वाणी युक्त।

vaticinate *-टिसिनेट v. t.* भविष्यवाणी करना।

vaticination *-टिसिनेशन n.* भविष्य वाणी।

vaticinator *-टिसिनेटर n.* पैगम्बर; अवतार; देवदूत; भविष्य वक्ता।

vau *वॉव n.* यूनानी भाषा का एक अक्षर डिगेमा जिससे ६ अंक को चिन्हित करने के काम में लाया जाता है।

vaudevilla *वोडेविल n.* एक प्रकार का मिला झुला मनोरञ्जक नाटक या अभिनय प्रदर्शन; एक प्रकार का मजाकिया ड्रामा जिसमें नृत्य और संगीत भी होता है।

vaudevillist *वोडेविलिस्ट n.* उपरोक्त नाटककार।

Vaudois *वोड्वा n. (Fr.)* स्विजरलैण्ड के केन्टन-वॉड स्थान का निवासी।

vaudoo, vaudoux *वूडू n.* नीग्रो जादूगरनी; आदमी की हत्या करके बलिदान करने तथा सर्प-पूजा में अफ्रीका निवासियों का विश्वास।

vault *वॉल्ट, वाउट n.* an arch; a roof; a burial chamber under the floor of a church; a strong room in a bank; to natural cave with an arched roof; a jump in a single movement with the help of hands. धनुषाकार छत; महरावदार छत वाला तहखाना;गिरजे के अन्दर दफनाने का स्थान; बैंक में जेवर या खजाना; रखने का मजबूत बना कमरा; मेहरावदार छत वाली खोह; हाथों के बल एक दम लगाई हुई छलांग। *v. t.* & *v. i.* to jump over with the help of the hands; to roof with an arch; to arch. एक दम कूद जाना; हाथों के बल कूदना या छलांग लगाना; मेहराबदार छत बनाना; धनुषाकार करना।

vaultage *वॉल्टेज n.* धनुषाकार; तहखाना; मेहराबदार गुफा।

vaulted *वॉल्टेड ndj.* मेहराबदार।

vaulter *वॉल्टर n.* एक दम हाथों के बल छलांग मारने वाला।

vaulting *वॉल्टिंग n.* & *adj.* छत का मेहरावदार काम; हाथों के बल छलांग लगाने का कार्य।

vaulting horse *-हॉर्स n.* एक लकड़ी का घोड़ा जिससे व्यायाम किया जाता है।

vaulting house *-हाउस n.* a brothel चकला; वेश्यालय।

vauly *वॉल्टी ndj.* मेहरावदार।

vaunce *वाउन्स v. t.* & *v. i.* to advance slowly. धीरे-धीरे आगे बढ़ना।

vaunt *वाउन्ट v. t.* & *v. i.* to boast; to behave boastfully to make vainglorious display. शेखी बघारना; तारीफ करना; डींग हांकना; झूठा दिखावा करना। *n.* a boast; a vain display; (Shak.) the first part. शेखी; डींग; झूठा दिखाव; पहला भाग।

vaunt-courier *-कोरियर n.* one sent in advance अगुआ; पहले से आगे भेजा हुआ व्यक्ति।

vaunter *वाउन्टर n.* डींग हांकने वाला; शेखीखोर

vauntery *-टरी n.* डींगें हांकने की आदत।

vauntful *-फुल adj.* वृथा अभिमानी।

vaunting *-टिंग n.* & *adj.* वृथा अभिमान करना; शेखी मारना।

vauntingly *-गली adv.* वृथा अभिमान करते हुए

vaut, vaute, vawte *वाउट n.* a vault मेहराबदार छत।

vavasour *वेवेसूर* (also valvassor *n.* a slave having slaves but subordinate to his lord. वह दास जिस के पास दास पर स्वयं अपने मालिक के आधीन हो।

vavasory *-सरी n.* उपरोक्त दास का पद या उपरोक्त व्यवस्था।

vaward *वाउवर्ड n.* fore front अग्रभाग। *adj* front अग्र; आगे का।

v-bomb *-बॉम n.* a self propelled bomb employed by the Germans in 1944-45 सन् १९४४-४५ में जर्मनी द्वारा प्रयोग किया स्वयं चलने वाला बम।

Veadar *वीएडार n.* यहूदियों के धार्मिक वर्ष का एक महीना।

veal *-वील n.* a calf's flesh as food; a calf बछड़े का खाने योग्य मांस; बछड़ा। *adj.* बछड़े के मांस का।

vealy *वीली adj.* बछड़े के समान; अधकचरा; बुद्धिविहीन।

veale *वील n.* a veil. आवरण; घूंघट; पर्दा।

vection *वेक्शन n.* the act of carrying. ले जाने की क्रिया।

vector *वेक्टर n.* in mathematics; a directed quantity; a carrier of disease or infection गणित शास्त्रों में दी हुई संख्या; रोग या कीटाणु ले जाने का साधन।

vectoral *-क्टोरल adj.* उपरोक्त साधन से सम्बन्धित

Veda *वेडा n.* the general name for the body of ancient Sanskrit hymns, with accompanying comments; believed by the Hindus to have been revealed by Brahma on which the Brahmanic system is based. वेद; प्राचीन संस्कृत श्लोकों का टीका सहित ग्रन्थ जिसे ब्रह्मा की वाणी कहा जाता है और जिस पर हिन्दुओं का जाति भेद इत्यादि आधारित है।

Vedanta *-डान्ता n.* a system of philosophy among the Hindu founded on Vedas वेदों पर आधारित हिन्दू धर्म का दर्शन शास्त्र; वेदान्त।

vedette, videtta *वीडेट n.* a mounted sentry stationed to watch an enemy. घुड़ सवार सैनिक जो शत्रु की देखरेख रखने के लिए तैनात किया जाता है।

Vedic *वैदिक adj.* वेद सम्बन्धी; वैदिक।

vee *वी n.* the twenty second letter of the English alphabet 'V' अंग्रेजी भाषा की वर्णमाला का बाइसवां अक्षर 'V'।

veer *वीयर v.i.* & *v.t.* to change the direction; to direct to a different course. to pay out. दिशा बदलना;मोड़ना हिसाब चुकाना

to veer and haul: बारी बारी से ढ़ीला करना और तानना।

to veer away: ढ़ीला करना।

veering *-रिंग n.* & *adj.* बदलने का, अदल बदल

veeringly *-ली adv.* बदलते हुए।

veery *वीयरी n.* उत्तरी अमरीका का एक गाने वाला पक्षी।

Vega *वीगा n.* भूमि से सब से पास का तारा;नीची उपजाऊ भूमि तम्बाखू का खेत।

vegetable *वेजिटेबल n.* the edible part of any plant; a plant; any kind of plant life. शाक; तरकारी; पौधा; वनस्पति; *adj.* of the nature of plant. वनस्पति सम्बन्धी।

vegetable-ivory *-आइवरी n.* एक प्रकार के ताड़ के वृक्ष का बीज।

vegetable kingdom *-किंगडम n.* वनस्पति वर्ग

vegetable marrow *-मेरो n.* एक प्रकार का खीरे जैसी वनस्पति या शाक।

vegetable mould *-मोल्ड n.* सड़ी हुई वनस्पतियां युक्त टीला।

vegetable parchment *-पार्चमेन्ट n.* गन्धक के तेजाब में भिगोया हुआ कागज।

vegetable sheep *-शीप n.* एक प्रकार की आस्ट्रेलिया देश में पाई जाने वाली भेड़ के आकार की झाड़ी।

vegetably *-टेबली adv.* वनस्पति के रूप में।

vegetal *-टल adj.* of a level of life below sansitive, pertaining to plants or vege

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

tables. जड़ सम्बन्धी; वनस्पति सम्बन्धी।

vegetality *-टेलिटी n.* वनस्पति जीवन।

vegetant *-टेन्ट adj.* भूमि पर उगने वाला; उगाने की शक्ति रखने वाला।

vegetarian *-टेरियन n.* one who lives wholly on vegetable food. केवल शाक इत्यादि खाने वाला; शाकहारी; निरामिष; मांस इत्यादि न खाने वाला।

vegetarianism *-निज्म n.* निरमिष भोजन खाने का सिद्धान्त।

vegetate *-टेट v. i.* to grow as a plant; to live in a monotonous way; to increase in size as if by vegetable growth. पौधे की तरह उगना, एक ही प्रकार से रहना; पौधों की तरह आकार का बढ़ना।

vegetating *-टिङ्ग n. & adj.* पौधों की तरह उगने वाला।

vegetation *-टेशन n.* पौधों की तरह वृद्धि; शाकादि; उद्भिद्।

vegetative *-टिव adj.* producing growth like plants; having merely a physical existence; concerned with growth and nutrition. वनस्पति या पौधों की भांति उगने वाला या बढ़ने वाला; केवल शरीर वाला; उगने या बढ़ने से सम्बन्धित।

vegetative nervous system *-नर्वससिस्टम n.* शरीर में स्वयं घटने वाली क्रिया जैसे दिल का धड़कना; ग्रन्थियों में से रस रिसना।

vegetative organs *-ऑर्गंस n.* पौधे के डाल पत्ते इत्यादि।

vegetative reproduction *-रिप्रोडक्शन n.* पौधे के अंग को काट कर या उसके निकले हुए बीज से उत्पत्ति।

vehemence *वीहेमेन्स*; **vehemency** *-मेन्सी n.* great force; violence; great ardour; eagerness; impetuosity. वेग; प्रचण्डता; उत्कट आवेग; उत्साह; उग्रता।

vehement *-मेन्ट adj.* प्रचण्ड; तीव्र; उत्साहित; उग्र

vehemently *-ली adv.* उग्रता से; प्रचण्डता से।

vehicle *वीहिक्ल*; *-इक्ल n.* that on which something is carried; a conveyance moving on wheels; a medium in which a medicine is taken; anything by means of which power; thought; which is transmitted or communicated; a device used to transmit an effect. किसी वस्तु को ले जाने का साधन: गाड़ी; सवारी; यान; वाहन; रथ; औषध का अनुपान, विचार; शक्ति इत्यादि का आदान प्रदान करने का साधन; कोई असर डालने वाला साधन।

vehicular *वीइक्युलर adj.* रथ या वाहन सम्बन्धी

vehm, fehm *-फेम*; **vehmgericht**; **fehmgericht** *फेमगहरिख्ट n.* मध्ययुग के जर्मन का एक न्यायाधिकरण जिसको जनता के सामने या गुप्त रूप से फौजदारी मुकदमे सुनने का अधिकार था और उसके अन्तर्गत पदाधिकारी अपराधी को उसी जगह या जहां भी वह मिले दण्ड दे सकते थे

vehmic, vehmique, fehmic *फेहमिक adj.* उपरोक्त न्यायधिकरण से सम्बन्धित।

veil *वेल n.* a curtain; a thin and light fabric worn over the face; a disguise; a pretext; a membrane; the life of a nun; vows made by a nun. पर्दा; एक हल्के कपड़े का बना मुंह ढकने प्राय: स्त्रियों का कपड़ा; घूंघट; आवरण; छद्मवेष; बहाना; भिक्षुणी; सन्यासिनी का जीवन; सन्यासिनी द्वारा उठाई गई शपथ। *v. t.* to cover with a veil; to conceal; to disguise. घूंघट काढ़ना; ढकना; छिपाना; भेष बदलना।

to take the veil : सन्यासिनी बनना।

eucharistic or sacramental veil : पवित्र पूजा में काम आने वाले पात्रों पर ढकने का पर्दा या कपड़ा।

to throw the veil of : स्वरूप प्रकट होना।

veiled *-ल्ड adj.* घूंघट युक्त; छिपा हुआ।

veiling *-लिंग n.* पर्दा; पर्दा बनाने का कपड़ा; छिपने का कार्य।

veilless *-ललेस adj.* बिना घूंघट का।

veilleuse *-यज n.* a shaded night camp. रात को जलाने का साएदार लैम्प।

veily *-ली adj.* घूंघट या पर्दे के समान।

vein *वेन n.* one of the vessels that convey the blood back to the heart; one of the radiating supports forming the framework of a leaf or insects wing; a seam of different minerals running through a rock; a long irregular coloured streak as in wood and marble. a specific tendency, humour; mood; a cavity; a natural channel through which water trickles. बड़ी नाड़ी या शिरा जो हृदय तक रक्त पहुँचाती है; पत्तों या कीड़ों के पंखों पर बनी रेखा; चट्टानों पर खनिजों की बनी रेखा; संगमरमर तथा लकड़ी पर बनी रंगीन रेशे; प्रवाह; मन की गति; मनोभाव; मौज; खोखला स्थान; प्राकृतिक नहर या नाला जिसमें पानी बहता है।

veined *वेंड adj.* नाड़ीमय; नाड़ियों से पूर्ण।

veining *-निङ्ग n. & adj.* नाड़ियों का जाल; रंगीन रेशे वाली सतह।

veinless *-लेस adj.* बिना नाड़ी या नसों का।

veinlet *-लेट n.* एक छोटी नाड़ी या नस।

veinous *-नस adj.* नाड़ी या नस सम्बन्धी।

veinstone *-वेनस्टोन* **veinstuff** *-स्टफ n.* रंगीन रेशों वाला पत्थर या वस्तु।

velamen *वेलामन n. (pl.* velamina) भूमि से बाहर निकली छोटे छोटे छिद्र वाली जड़।

velar *-लर adj.* of the velum; produced by the back of the tongue. झिल्ली का; मूर्धा से निकाला हुआ (उच्चारण)।

velarium *वेलेरियम n.* छोटी मछलियों की एक झिल्ली; छत पर तनी हुई चांदनी।

velarize *v. t.* मूर्धा से उच्चारण करना जैसे डब्ल्यू।

velate *-ट adj.* आवरण युक्त; झल्ली युक्त।

velation *-शन n.* पर्दे से अच्छादित करने का कार्य्य।

velatura *-टूरा n.* a method of glazing the painting by rubbing with the hand. हाथ से रगड़ कर तस्वीर इत्यादि चमकाने का तरीका।

veld *वेल्ड* **veldt** *वेल्ट n.* घास युक्त बिना पेड़ों का मैदान।

veldschoen *वेलस्कून n.* कच्चे चमड़े का बना जूता

vele *वेल n.* a veil. पर्दा; आवरण।

veleta *-लेटा n.* a slow dance; its tune एक प्रकार का मन्द गति का नृत्य; इसकी धुन।

veliger *-लीजर n.* a veil. पर्दा; आवरण।

velitation *-लीटेशन n.* a wordy controversy; a skirmish. तू तू मैं मैं; वाद-विवाद; झगड़ा।

velleity *वेलीइटी n.* a very low degree of desire; a mere wish. बहुत छोटी इच्छा; केवल इच्छा; इच्छा मात्र।

vellenage *-नेज n.* serfdom. दासत्व।

vellet *वेलट् n.* a velvet. मखमल।

vellicate *-केट v. t.* to cause to contract or twitch; to stimulate. सिकोड़ना; ऐंठना; उकसाना; उत्तेजित करना।

vellication *n.* the twitching of the muscle fibres. मांसपेशियों के तन्तुओं की ऐंठन।

vellicative *-केटिव adj.* ऐंठन की शक्ति वाला।

vellon *-लोन* billion. दस खरब।

vellozia *-जिआ n.* एक प्रकार के कुमुदनी जैसे पौधों की श्रेणी।

vellum *वेलम n.* छापने तथा किताब पर जिल्द चढ़ाने का बछड़े की खाल का बना कीमती चमड़ा।

velloce *वेलोशे adj. & adv.* with great rapidity. अति शीघ्रता से।

velocipede *-पीड n.* साइकिल का पुराना रूप; जल्दी चलने वाला व्यक्ति। *v. t.* पुराने रूप की साइकिल पर चढ़ना।

velocipedean *-वेलोसीपीडियन adj. & n.* शीघ्र चलने वाला।

velocipeder *-पीडर n.* उपरोक्त साइकल पर सवारी करने वाला; तेज चलने वाला।

velocipedestrian *-पेडस्ट्रियन n.* पैदल तेज गति से चलने वाला।

velocity *-सिटी n.* the state of moving swiftly; rapid motion; speed; the rate of change of position. वेग; शीघ्रता; तेजी; गति की तीव्रता; रफ्तार; चाल की रफ्तार।

velours *-लूर n. (sing. & pl.)* a polishing-pad for silk hats. रेशम के टोपों को चमकाने की रुई भरी गद्दी।

veloutine *-लूटीन n.* a velvety corded wool fabric. एक प्रकार की ऊनी मखमल।

velt-mareschel *वेल्ट-मार्शल n.(Ger.)* a field-marshal. फील्डमार्शल; स्थल सेना के प्रधान सेनापति की एक उपाधि।

vellum *n.* a thin membraneous covering or partition in certain fishes. कुछ मछलियों में पतली झिल्ली या परदा।

velure *-ल्योर n.* (Shak.) velvet. मखमल।

velveret *वेल्वेरेट n.* a cotton with a silk pile. एक प्रकार का सूती कपड़ा जिस पर रेशमी मखमल जैसे बाल होते है।

velvet *वेल्वट n.* a rich silk stuff covered on the outside with a close, fine, soft nap; anything very soft. मखमल; मखमल की तरह नरम या कोमल कोई दूसरी वस्तु। *adj.* made of velvet; soft like velvet. मखमल का बना हुआ; मखमल के समान नरम।

on velvet : सुविधाजनक स्थिति में।

the velvet glove छिपी हुई शक्ति वाली शराफत।

pile velvet मखमल के कपड़े पर एकसार खड़

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

तरफ लगा रेशमी रूआं।
cut velvet : जगह जगह उभरे रूंए से फूलपत्ती बना मखमल का कपड़ा।
chiffon velvet : टेढ़ी धारी पड़ी हुई मखमल।
velvet-carpet *-कार्पेट n.* मखमल का गलीचा।
velvet-duck *-डक*, **velvet-scoter** *-स्कोटर ns.* सफेद रङ्ग के चिकत्ते वाली सफेद बत्तख।
velveteen *-टीन n.* cotton velvet. सूती मखमल; नकली मखमल।
velvet-fidler *-फिडलर*(also velvet-crab)*ns.* मखमली खाल वाला तैरने वाला केकड़ा।
velvet-guards *-गार्ड्स n.* मखमल की पोशाक पहनने वाले सरकारी नोकर।
velvetiness *वल्वेटीनेस n.* मखमल की तरह की कोमलता।
velveting *वेल्वटिंग n.* velvet material. मखमल बनाने का सामान।
velvet-leaf *वेल्वट-लीफ n.* एक प्रकार का जंगली पौधा जिसकी पत्ती रोएदार होती है।
velvet-paper *-पेपर n.* दीवार पर लगाने का चिकना कागज़।
velvet-pile *-पाइल n.* मखमल पर बने महीन रोंए के गुच्छे।
velvety *-टी adj.* मखमल के समान चिकना तथा नरम।
vena *वीना n.* (*pl.* vanas a vein.) नाड़ी; नस
vena-cava *-केवा n.* any of the two big veins of the heart. दिल की खून बाहर ले जाने वाली तथा अन्दर लाने वाली बड़ी नाड़ियों में से एक।
venal *वीनल adj.* veneous, for sale; bought over; mercenary. नसयुक्त; बिकाऊ; खरीदा हुआ; वैतनिक; लाभ या धन का।
venality *वीनेलिटी n.* धन लेकर बिक्री।
venally *वीनेली adv.* क्रय-विक्रय के रूप में।
venatical *-टिक adj.* pertaining to hunting शिकार सम्बन्धी।
venatically *-टिकली adv.* शिकार के रूप में।
venation *-शन n.* a hunt; hunting. शिकार; शिकार खेलना।
venatorial *-टोरियल adj.* शिकार सम्बन्धी।
vend *वेन्ड v. i.* and *v. t.* to dispose of; to sell; to find a purchaser; to publish abroad. बेचना; विक्रय करना; ग्राहक ढूंढना; दूसरे देशों में प्रकाशित करना। *n.* a sale. बिक्री
vendace *वेन्डेस n.* a white fish. एक प्रकार की श्वेत रङ्ग की मछली।
Vendean *वेन्डियन n.* an inhabitant of Vendee in France. फ्रान्स में स्थित वेन्डी प्रदेश का निवासी।
vendee *वेन्डी n.* a buyer. खरीदने वाला; ग्राहक
Vendemiaire *वेन्डेमेयर n.* (*Fr.*) the first month of the French revolution. फ्रांस की क्रान्ति के वर्ष का पहला महीना।
ender, vendor *वेन्डर n.* a seller. बेचने वाला दुकानदार।
endetta *वेन्डेटा n.* a blood feud,in which the relatives of the killed or injured person take revenge. खून के बदले खून करने का बदला; एक वंश या जाति के व्यक्ति के मरने या घायल करने पर उसके सम्बन्धियों द्वारा बदला लेना।
vendibility *वेन्डोबिलिटी n.* क्रय-विक्रय करने की योग्यता।
vendible *-बल adj.* that can be sold. बेचने योग्य।
vendibleness *-बलनेस n.* बेचने की योग्यता।
vendibly *-बली adv.* बेचते हुए।
vendue *वेन्ड्यू n.* a public auction sale. नीलाम।
veneer *वेनीयर n.* a thin layer; any of the thin layers glued together to strengthen ply-wood;mere out side show.पतली परत; गोंद से चिपका कर पतली लकड़ी की तख्ती पर लगाई गई परत; बाहरी आडम्बर। *v. t.* and *v. i.* to overlay for decoration; to glue together; to conceal with a polish. सजाने के लिये दूसरी परत लगाना; परत को चिपकाना; पालिश करके नुक्स छिपाना।
veneerer *वेनीयरर n.* उपरोक्त गोंद से चिपकाने वाला।
veneering *रिंग n.* सुन्दर बनाने के लिए परत चिपकाने कार्य।
veneer moth *-मॉथ n.* एक प्रकार का मच्छर।
venefic-al *फिक (ल)* (also veneficious.) *adj.* विषैला।
venerable *वेनरल adj.* worthy of reverence because of sacred association; aged honourable. आदर या श्रद्धा के योग्य; धार्मिक या पवित्र होने के कारण आदरणीय; वयोवृद्ध; सम्माननीय।
venerableness *नेस n.* श्रद्धा; भक्ति; धार्मिकता।
venerably *-ब्ली adv.* पूज्य रीति से।
venerate *-रेट v. t.* to honour; to regard with reverence;to worship. सम्मान करना; श्रद्धा की दृष्टि से देखना; पूजा करना।
veneration *-शन n.* reverence. श्रद्धा; भक्ति।
venerator *-रेटर n.* श्रद्धा या भक्ति करने वाला; आदर करने वाला।
venereal *-रियल adj.* pertaining to sexual desire or intercourse; affected with venereal diseases.स्त्री संसर्ग अथवा मैथुन सम्बन्धी; गुप्त अंगो के रोगों से पीड़ित।
venerean *रियन adj.* pertaining to Venus or sexual desire. रति सम्बन्धी; विषयभोग सम्बन्धी।
venereous *रियस adj.* lustful; venereal. कामी; लोलुप।
venerer *-वेनरर n.* a hunter. शिकारी; शिकार खेलने वाला।
venery *-नरी n.* a hunter; sexual-intercourse. शिकारी; विषय-भोग।
venesection *वेशन n.* the opening of a vein. खून की नाड़ी का फटना; रक्त निकना।
Venetian *शियन adj.* of Venice वेनिस नगर का *n.* an in inhabitant of Venice वेनिस नगर निवासी।
Venetian blind *ब्लान्ड n* खिड़की में रोशनी या हवा को रोकने के सीधे लगे तख्ते।
Venetianed *-यन्ड adj.* उपरोक्त तख्तों युक्त।
Venetian red *-रेड n.* लोहे से बना लाल रङ्ग।
venewe, veney *-वेनी n.* a venue. एक छोटा रास्ता।
venge *-वेन्ज v. t.* (shak) to बदला लेना।
vengeable *-वल adj.* बदला लेने योग्य।
vengeably *-वली adv.* बदले के रूप में।
vengeance *-एन्स n.* revenge; the return evil for evil; harm; बदला; प्रतिहिंसा; खून के बदले खून बुराई के बदले बुराई; नुकसान; हानि
what a vengeance: कितनी बड़ी बड़ी बदमाशी
with a vengeance: उत्तेजना से; क्रोध से; कसम खाकर; श्राप से।
to take vengeance upon: बदला लेना।
vengeful *-फुल adj.* बदला लेने वाला;प्रतिहिंसक।
vengefully *-फुली adv.* बदला लेते हुए।
vengefulness *-नेस n.* बदले की भावना।
vengement *-मेन्ट n.* बदला।
venger *वेन्जर n.* बदला लेने वाला।
venial *वीनियल adj.* excusable; pardonable; permissible. क्षमा करने योग्य; अनुमति देने योग्य;
veniality *-वेलिटी n.* अनुमति देने की योग्यता; क्षमा करने की योग्यता।
venially *-येली adv.* क्षमा योग्य रूप में।
venial sin *यल-सिन n.* क्षमा करने योग्य अपराध या पाप।
Venice glass *वेनिस-ग्लास n.* वेनिस नगर का बना गिलास जिसमें विष डालने पर तरेड़ आ जाती थी।
Venice gold *-गोल्ड n.* वेनिस नगर का बना हुआ गोटा।
Venice treacle *-ट्रिएकल n.* सब प्रकार के विषों की एक अचूक औषध।
Venice turpentine *-टर्पेन्टाइन n.* वेनिस नगर का तारपीन का तेल।
venison *वेनीजन n.* a beast of chase: especially deer; deer's flesh. पीछा करके शिकार करने वाला जीव; हरिण; हरिण का मांस।
venite *विनाइटी n.* the 95th Psalm. प्रार्थना का ९५वां भाग।
vennel *वेनल n.* lane. एक छोटी गली।
venom *-नम n.* the snake poison; poison; something harmful; malicious. सर्प का विष; जहर; हानिकारक पदार्थ; ईर्षालु।
venomed *-नम्ड adj.* विषयुक्त; विषैला।
venomous *-नस adj.* विषैला विष से सम्बन्धी; जहरीला; घृणायुक्त।
venomously *-ली adv.* विषैले रूप में।
venose *वीनोज adj.* veined. नस या नाड़ी युक्त; नाड़ी के आकार का।
venosity *-सिटी n.* नाड़ी होने की व्यवस्था।
venous *-नस adj.* नाड़ी से सम्बन्धित. नाड़ी का
ven'son *वेन्सन n.* the flesh of deer. हरिण का मांस।
vent *वेन्ट n.* an apperture; an air hole; an opening; an outlet; an animal's anus; a chimney; a volcanic orific; escape; publication; sale; utterance; a slit in coat. छेक; छिद्र; सूराख; दरवाजा; जानवरों का मल त्याग करने का छिद्र; धूंवां निकालने की चिमनी; ज्वालामुखी का आग निकलने का छिद्र; निर्गमन; प्रकाशन, बिक्री; बोला गया शब्द; कोट में बना छिद्र. *v. t* to give opening to; allow to escape; to publish

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

to utter; to discharge smoke as chimney. छिद्र बनाना; बाहर निकलने देना; प्रकाशित करना; कहना; बोलना; निःसरण करना; धूवें की चिमनी में से धुवां निकालना।
to give vent to : स्पष्ट रूप से व्यक्त करना।
to take vent : फूटना; खुलना।

ventage *-एंटेज n.* हर प्रकार के छिद्र।

ventana *-न्टाना n.* a window. खिड़की।

ventayle, ventaile *वेन्टेल n.* the moveable front of a helmet. धातु की टोपी का ऊपर नीचे करने का अगला भाग।

venter *वेन्टर n.* one who utters or publishes; the belly; a womb; mother; a swelling; a shallow concave surface of a bone. बोलने वाला अथवा प्रकाशित करने वाला; प्रकाशक; पेट; कोख; माता; सूजन; हड्डी का कम गहरा तल।

venti-duct *वेन्टी-डक्ट n.* a ventilating passage. हवा; आने जाने के लिए बना छिद्र या रोशनदान; वायुमार्ग।

ventige *-ज n.* बांसुरी से सूर निकालने के छोटे छिद्र; कोई छोटा छिद्र।

ventil *-ल n.* a valve for giving sounds in the wind instrument. बांसुरी इत्यादि वाद्ययन्त्रों में सुर निकालने का छिद्र।

ventilable *-लेबल adj.* that can be ventilated जिसमें से हवा आ जा सकती हो।

ventilate *-लेट v. t.* to expose to the free passage of air; to air; to winnow; to make public; to expose to discussion and examination. हवा के आने जाने के लिए खोलना; हवा देना; सूप से हवा करना; सार्वजनिक घोषणा करना; खुले आम करना; वाद-विवाद तथा निरीक्षण के लिए खोल कर रखना।

ventilation *-लेशन n.* वायु के आगमन के लिए बना रास्ता या खिड़की; हवा देने की क्रिया; वाद-विवाद और निरीक्षण के लिए सामने रखना।

ventilator *-टर n.* रोशनदान; दूषित वायु को निकाल कर स्वच्छ वायु अन्दर लाने का साधन।

venting *-ग n.* बाहर निकालने का कार्य।

ventose *वेन्टोस adj.* windy, puffed with conceit; the sixth month of French Revolutionary calender. हवादार; झूठे घमण्ड से फूला हुआ, फ्रांस की क्रान्ति के वर्ष का छठा महीना।

ventosity *-सिटी n.* वृथा अभिमान; हवापन।

vent-peg *-पेग n.* ढोल में से तरल पदार्थ निकालने के छेद का डट्टा।

vent-pipe *-पाइप n.* गन्दी हवा या भाप निकालने का नल।

ventral *वेन्ट्रल adj.* pertaining to the belly. उदर सम्बन्धी; पेट का।

ventrally *-ली adv.* उदर के रूप में।

ventrical *-कल n.* a cavity in the brain; a chamber of the heart. मस्तिष्क के अंदर का खोखला गड्ढा; दिल के अन्दर का कोष।

ventricose, ventricous *-कोस, -कस adj.* एक तरफ से फूला हुआ; बड़े पेट वाला।

ventricular *-क्यूलर adj.* पेट का; दिल के कोष के समान।

ventre *वेन्टर n.* venture. खतरे का काम।

ventriloquial, ventriloquous *-लोक्वीयल, -क्वस adjs.* pertaining to the art of ventriloquism. दूसरे की या दूर की आवाज मालूम दे इस प्रकार बोलने से सम्बन्धित।

ventriloquism *-ज्म n.* (also ventriloquy) the art of speaking in such a way that as to give the illusion that the sound is coming from some other source. इस तरह से बनाकर आवाज निकालने की कला कि सुनने वाले को किसी दूसरे की आवाज मालूम हो।

ventriloquize *-क्वाइज v.t.* to practise ventriloquism. आवाज निकालने की उपरोक्त कला का अभ्यास करना।

ventriloquist *-क्विस्ट n.* उपरोक्त प्रकार से आवाज निकालने में प्रवीण।

ventriloquistic *-स्टिक adj.* उपरोक्त प्रकार से आवाज निकालने वाले से सम्बन्धित।

ventripotence *-टेन्स n.* the ability to eat in a great quantity. अधिक मात्रा में भोजन करने की शक्ति या योग्यता।

ventripotent *-टेन्ट adj.* able to eat in a large quantity. अधिक मात्रा में भोजन करने वाला।

venture *वेन्टचर n.* a risk; a business speculation; that which is ventured as property; that which is unforseen; chance; fortune. खतरा; संकट; सट्टे का व्यापार सट्टे पर लगाई गई वस्तु जैसे सम्पत्ति; वह जिसका कुछ पता न हो; मौका; अवसर; भाग्य। *v. t. & v. i.* to risk; to stake; to undertake a thing involving danger or risk; to expose to the risk of denial; to place on a chance as in business enterprise; to trust; to rely on. खतरा मोल लेना; दाव लगाना; खतरे वाला काम हाथ में लेना; इन्कार होने का खतरा मोल लेना; (विशेषत: कानून में); दांव पर लगा देना; जैसे किसी व्यापार के काम में; भरोसा करना; यकीन करना।
at a venture : बिना किसी ध्येय के।

venture *-र n.* दावे पर लगने वाला; खतरा मोल लेने वाला।

venturesome *-सम adj.* साहसिक; वीर।

venturesomeness *-समनस n.* साहस; वीरता।

venturing *-रिंग n.* the act of taking risk. साहसिक कार्य।

venturingly *-रिंगली adv.* साहस से।

venturous *-रस adj.* वीर; साहसी; निर्भय।

venturously *-रली adv.* वीरता से; निर्भयता; से

venturousness *-रसनस n.* साहसिकता; निर्भयता; वीरता।

venue *वेन्यू n.* the place or neighbourhood where a crime has been committed; a place in the neighbourhood; the district from which a jury comes to try a question of fact; a meeting place for a sport. घटना स्थल या उसके पास का स्थान जहां कोई अपराध किया गया हो; पड़ौस का स्थान; वह जिला जहां का जूरी मामले की जांच पड़ताल करने आता है; किसी खेल के लिये खिलाड़ियों के जमा होने का स्थान।
change of venue जांच पड़ताल की जगह का तबादला।
to lay the venue जांच पड़ताल के स्थान को निश्चित करना।

venule *-ल n.* a branch of vein in an insects wing. कीड़े के परों में छोटी छोटी नाड़ियों का एक भाग।

Venus *वीनस n.* the goddess of love; an alluring grace; the most brilliant star second to sun only; copper. रतिदेवी; प्रेम की देवी; आकर्षक सुन्दरता; शुक्रतारा; भृगु; तांबा
mount of Venus : अंगूठे और उंगलियों के बीच का मुड़ा हुआ स्थान।

Venus's comb *वीनसेस कोम्ब n.* एक प्रकार का पौधा: जिसके फल कंघे के दांतों के समान लगे हुए होते हैं।

Venus's flower basket *फ्लावर-बास्केट n.* एक आकार का सुन्दर शीशे का बना स्पंज।

venus's fly trap *फ्लाई-ट्रेप n.* एक प्रकार का कीड़ों को फूलों में बन्द करके रस चूसने वाला पौधा

venus's girdle *-गर्डल* कन्ध के समान सिलवट वाली सुन्दर मछलियां।

venus-shell *वीनस-शेल n.* घोंघा।

veracious *वेरेशियस adj.* truthful. सच्चा; सत्यवादी; यथार्थ; सत्य।

veraciously *वेरेशिअसली adv.* सच्चाई से।

veranda, verandah *वेरन्डा n.* a roofed gallery along the front side of a house. बरान्डा, घर के सामने छत वाला छोटा गलिहारा।

veranded, verandahed *वरान्डाहड adj.* उपरोक्त बरांडे वाला।

veratrin (e) *वेरेट्रिन n.* as alkaloid mixture prepared from the rose-plant. गुलाब से तैयार किया हुआ एक प्रकार का क्षार युक्त मिश्रण।

veratrum *वेराट्रम n.* the white rose genus श्वेत रंग के फूल वाले गुलाब के पौधों की श्रेणी।

verb *वर्ब n.* a word which asserts or predicates something; that part of speech which expresses existence. क्रिया; वह शब्द जो वाक्य में अस्तित्व दिखाए; धातु।

verba generalia *वर्बा जनेरेलिया n. (L.)* general word. आम शब्द।

verbal *वर्बल adj.* derived directly from the verb; oral; word for word; consisting of words; concerned with words. क्रिया अथवा धातु से उत्पन्न; मौखिक; आक्षरिक शब्द युक्त; शब्दों से सम्बन्धित।

verbal inspiration *-इन्सपीरेशन n.* बाइबिल या अन्य पवित्र पुस्तकों का आक्षरिक रूप से बोल कर लिखवाना।

verbalisation *वर्बेलाइजेशन n.* the act or method of converting into a verb. क्रिया बनाने का तरीका या कार्य।

verbalise *-लाइज v. t.* to convert into verb; to use many words. क्रिया बनाना; अधिक शब्द काम में लाना।

verbalism *-लिज्म n.* मौखिक बात; मुंह जबानी कही गई बात।

verbalist *-लिस्ट n.* साहित्यकार; शब्द या क्रिया बनाने में प्रवीण।

verbality *-लिटी n.* केवल मौखिक होने का गुण; केवल शब्द।

verbally *-ली adv.* मौखिक, जबानी।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

verbal-note *-नोट n.* कूट नीति में राजदूतों को किसी विषय की याद दिलाने का बिना हस्ताक्षर किया हुआ स्मरण-पत्र।

verbarian *-रियन n.* शब्द बनाने वाला।

verbatim *-टिम adv. & adj.* literally; word for word. अक्षरशः; शब्द प्रति शब्द।

verbascum *-स्कम n.* a genus of plant with yellow flowers. पीले फूल वाले पौधों की श्रेणी।

verbena *वर्बीना n.* a genus of a medicinal plant believed to have power of magic-cure. एक प्रकार की औषधि में प्रयोग होने वाले तथा शीघ्र रोग दूर करने वाले पौधे की श्रेणी।

verbenaceous *-नेशियस adj.* उपरोक्त पौधों से सम्बन्धित।

verbena-oil *-आयल n.* उपरोक्त पौधे से निकाला हुआ तेल।

verberate *वर्बरेट v. t.* to beat. मारना; पीटना

verberation *-रेशन n.* मार पीट; लड़ाई झगड़ा, मार।

verbiage *वर्बियेज n.* superfluity of words. अनेक शब्दों का निरर्थक प्रयोग।

verbigerate *-जरेट v. t.* to use superfluous words, निरर्थक शब्दों का प्रयोग करना।

verbigration *-जरेशन n.* निरर्थक शब्दों का बार बार प्रयोग करने की आदत।

verbless *वर्बलस adj.* बिना धातु या क्रिया का।

verbose *वर्बोस adj.* अनावश्यक शब्दों युक्त; शब्दों से भरा हुआ।

verbosely *-ली adv.* शब्दों का वृथा उपयोग करते हुए।

verboseness *-नेस* **verbosity** *वर्बोसिटी n.* शब्द बाहुल्य।

verdancy *वर्डेन्सी n.* freshness, ignorance of the world; greenness. ताजगी; लोकाचार न जानने की स्थिति; हरापन।

verdant *-न्ट adj.* हरा; सब्ज; ताजा, लोकचार; न जानने वाला; दुनियां की चालों से अनिभिज्ञ।

verdently *-न्टली adv.* हरेपन से; ताजगी से।

verd-antique *वर्ड एन्टीक*(also verde-antico) *-को n.* एक प्रकार के हरे रङ्ग का खनिज serpentine containing calcite etc. पत्थर।

vederer,verderor *वर्डरर n.* वन विभाग का

verdet *-डेट n.* copper acetate तांबे युक्त एक क्षार।

verdict *-र्डिक्ट n.* the finding of a jury on a trial the opinion pronounced. पञ्चायत का फैसला; प्रकाशित पत्र।

open verdict: यह फैसला कि अपराध किया है पर उस में अनुराध किस ने किया है इस का जिक्र न हो।

special verdict: वह निर्णय जिस में विशेष सत्यता मालुम करके उसको दर्ज कर किया जाता है

verdigris *-ग्रीस n.* the basic cupric sulphate. *v.t.* to coat with verdigris नीला थोथा के समान तांबे का मुरचा। नीला थोथा या तांबे का मुरचा पोतना

verditter *n.* the blue or green pigment hydrated cupric carbonate. एक प्रकार का हरा या नीला रङ्ग बनाने का पदार्थ

verdoy *डॉय adj.* decorated with leaves flowers or vegetables as a pamphalet फूल पत्ते अथवा शाक से सजाया हुआ जैसेधार्मिक छोटी पुस्तक।

verdure *-यर n* the fresh greenness of growing vegetation; a tapastry representing trees and other vegetation. उगने वाले पौधों का ताजापन: हरियाली; पर्दा का कपड़ा जिस पर पौधे इत्यादि बने होते हैं।

verdurous *-यूरस adj.* हरा; ताजा।

verecund *-कन्ड adj.* modest;bashful; shy; coy सुशील; लज्जाशील; शर्मीला।

verge *वर्ज n.* the extrame edge of something; brink; margin; a stick or rod; a wand as a symbol of authority; circlet; ring; space enclosed, a column shaft; a boundry, the horizon; extent of jurisdiction; the edge of a roof projecting beyond the gable, penis. किसी वस्तु का आखिरी किनारा, किनारा; सीमा; छड़ी प्रभुत्व या अधिकार सूचक दण्ड या घड़ी; छोटा घेरा; अंगूठी, छल्ला; घेरी हुई जगह थम्ब का लम्बा भाग; सीमा; क्षितिज, अधिकार क्षेत्र; छत का आगे निकला हुआ भाग; लिंग; घास लगी हुई सीमा। *v. t.* and *v. i.* to border; to be on the edge; to incline, to merge. किनारे पर लगाना; किनारे पर होना; झुकना; मिलना।

on the verge of . किनारे पर।

verge board *-बोर्ड n.* छत के साथ साथ आगे निकला हुआ भाग जिससे वर्षा से बचा जा सके।

vergee *वर्जी n.* the 4 / 9 th of an acre. एक एकड़ का ४/९ भाग।

vergency *-सी n.* नीचे की ओर झुकाव की स्थिति

verger *वर्जर n.* गिर्जाघर का एक अनुचर; पादरी के आगे डण्डा लेकर चलने वाला।

vergership *-शिप n.* उपरोक्त अनुचर का पद।

Vergilian *-लियन adj.* and *n.* a native of virginia. वर्जीनिया का; निवासी; वर्जीनिया का।

veridical *-डिकल adj.* truthful, telling the truth; accurate. सच्चा; सत्य सत्य बोलने वाला; यथार्थ।

veridicality *-डिकैलिटी n.* सत्यता; सच्चाई; यथार्थता।

veridically *-डिकली adv.*सत्य रूप में; सच्चाई से

veridicious *-डियस adj.* सच्चा; सत्य; यथार्थ।

verier *वेरियर adj. comp.* of very. अधिकतर

veriest *-स्ट adj.* sup. of very. अत्याधिक; अधिकतम।

verifiability *वेरीफाइएबिलिटी n.* the ability to confirm. प्रमाणित करने की योग्यता।

verifiable *-वल adj.* प्रमाणित करने योग्य।

verification *-फिकेशन n.* the act of verifying; in law; an oath appended to an application as to the truth of the fact stated therein.प्रमाणित करने का कार्य; कानून में; प्रार्थना-पत्र में लिखी हुई बात को शपथ द्वारा सत्य प्रमाणित करना।

verificatory *-टरी adj,* प्रमाणित किया हुआ।

verifier *वेरीफायर n.* प्रमाणित या साबित करने वाला।

verify *-फाई v.t.* to prove to be accurate; to confirm; to fulfill as a promise; to affirm under oath; to authenticate. सत्यता; प्रमाणित करना; समर्पित करना; वायदा पूरा करना; शपथ खाकर पुष्टि करना, यथार्थता प्रमाणित करना।

verily *वेरीली adv* certainly; in truth; really confidently. निश्चय ही; सचमुच; वस्तुतः; निःसन्देह।

verisimilar *-सिमिलर adj.* appearing to be truth; likely, probable. सत्य दिखाई देने वाला; सम्भव; शायद।

verisimilarly *-ली adv.* सम्भवतः।

verisimility *-लिटी*; **verisimilitude** *-लिट्यूड n.* सम्भावना; सत्य का आभास।

verisimilous *-सिमिलस adj.* सत्य के समान।

veritable *-टेबल adj.* genuine; true; real. यथार्थ; सत्य; ठीक ठीक; वास्तविक।

veritably *-ली adv.* यथार्थ रूप में।

verity *वेरिटी n.* the quality of being true or correct; fact; truth; a true statement. वास्तविकता; सत्यता; यथार्थता; सच्चा वयान।

of a verity : विश्वास पूर्वक।

verjuice *वर्जूस n.* the sour juice of unripe or green fruits; sourness of disposition, acidity. कच्चे फलों का खट्टा रस; व्यवहार में कटुता; खट्टापन।

verjuiced *-स्ड adj.* खट्टा किया हुआ।

vermeil *वर्मिल* **vermil,** **vermille** *वर्मिले n.* a silver or bronze gift; a transparent water varnish; an orange red colour; vermilion or its colour. चांदी अथवा कांसे की भेंट, पारदर्शक पानी मिलाकर करने की वार्निश; नारङ्गी; लाल रङ्ग; सिन्दूरिया रङ्ग; सिन्दूर; *adj.* of a bright red colour. सिन्दूर के रङ्ग का।

vermes *वर्मीज n. (pl.)* worms. छोटे छोटे कीड़े

vermian *-यन adj.* कीड़ों युक्त, कीड़े लगा हुआ; कीड़ों से सम्बन्धित।

vermicelli *-सेली n.* a food paste made into slender worm like cords. सेवई।

vermicibal *-साइडल adj.* destructive of intestinal worms. आंतों के कीड़ों को मारने वाला।

vermicide *साइड n.* आंतों के कीड़े अथवा दूसरे कीड़े मारने की औषधि या पदार्थ।

vermicular *-क्युलर adj.* pertaining to a worm; having the shape of a worm; like the tracks of worm. कीड़े सम्बन्धी; कीड़े के आकार का कीड़े के चलने के चिन्हों के आकार का।

vermicularly *-ली adv.*कीड़ों के आकार के रूपमें

vermiculate *-लेट v. i. & v. t.* to dorn with tracery similar to the tracts of worms; to become worm eaten; to infest with worms. दीवार या थम्ब इत्यादि को कीड़ों के चलने के निशानों जैसा सजाना; कीड़ों द्वारा खाया हुआ होना; कीड़े भरे हुए होना; *adj.* worm-eaten; insinuating, worm-like. कीड़ों द्वारा खाया या सड़ा हुआ; कीड़े की भांति धीरे धीरे खुशामद से प्रवेश करने वाला; कीड़े के समान।

vermiculation *-क्युलेशन n.* कीड़े की तरह रेंगने की चाल; कीड़े के रेंगने के चिन्हों के समान आभूषित की गई वस्तु; कीड़े के रेंगने के भूमि पर

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

चिन्ह; पक्षियों के परों पर सुन्दर रङ्ग ।

vermicule *-क्यूल n.* एक छोटा कीड़ा ।

vermiculite *-लाइट n.* a laminated hydrous silicate extracted along with mica. अबरक के साथ खान से निकलने वाला एक प्रकार का चमकीला रेत ।

vermiculous *-क्युलस adj.* wormy. कीड़े के समान; कीड़े युक्त ।

vermiform *-फार्म adj.* कीड़े के आकार का ।

vermiform appendix *-अपेण्डिक्स n.* छोटी और बड़ी आंतों के बीच की एक लम्बी बन्द गांठ;

vermifugal *-फ्युगल adj.* expelling worms. कीड़े निकालने वाला ।

vermifuge *-फ्यूज n.* a drug that expels worms. पेट के कीड़े निकालने की औषधि ।

vermilion *-लियन n.* a brilliant durable red pigment consisting of mercuric sulphide; the bright-red colour. सिन्दूर; सिन्दूरी रङ्ग; कोई चमकदार लाल रङ्ग, *adj.* of bright red colour. चमकदार लाल रङ्ग का; सिन्दूरी रंग का; *v.t.* to colour vermilion. सिन्दूरी रंग का रंगना ।

vermin *वर्मिन n.* noxious small parasitic insects animals as fleas; worms; rats; a repulsive human being or such persons collectively. हानि पहुचाने वाले छोटे कीड़े या जानवर जैसे मक्खी; गेहूं इत्यादि में लगने वाले कीड़े घूहे; कोई घृणास्पद या नुकसान पहुंचाने वाला व्यक्ति या ऐसे लोग ।

verminate *-नेट v.t.* to breed vermin. कीड़े मकोड़े पैदा करना ।

vermination *-नेशन n.* कीड़े मकोड़े पैदा करने का कार्य ।

vermined *वर्मिन्ड adj.* कीड़ा लगा हुआ ।

vermin-killer *-किलर n.* कीड़े मारने वाला ।

verminous *-नस,* **verminy** *वर्मिनी adj.* कीड़े के आकार का; कीड़ा लगा हुआ ।

verminorous *-नोरस adj.* कीड़े खाने वाला ।

vermouth *वर्मूथ n.*a liquor made of white wine flavoured with aromatic herbs. सुगन्धित मसाले मिली हुई श्वेत मदिरा ।

vernacular *वर्नाक्युलर adj.* originating or belonging to one's native land used for language, local, written or spoken language as opposed to literary language. स्वदेशी; अपने देश की (भाषा); स्थानीय; आम लिखने की या बोलने की (साहित्यक भाषा के विपरीत); *n.* one's mother tongue, the language of a specific locality; an idiomatic word or phrase; a native dialect. मातृभाषा; स्थानीय भाषा; मुहावरे का वाक्य या शब्द; स्वदेशीय बोलने का ढंग; प्राकृत भाषा ।

vernacularisation *-लेराइजेशन n.* मातृ-भाषा में अनुवाद करने का कार्य ।

vernacularise *-राइज v. t.* to make vernacular. मातृभाषा में अनुवाद करना ।

vernacularism *-रिज्म n.* मातृभाषा का मुहावरा; मातृभाषा का प्रयोग ।

vernacularist *-रिस्ट n.* मातृभाषा का प्रयोग करने वाला ।

vernacularity *-रिटी n.*मातृभाषा होने की अवस्था

vernacularly *-लरली adv.* मातृभाषा में ।

vernaculate *-लेट v. t.* to term in vernacular. मातृभाषा में नाम रखना ।

vernal *वर्नल adj.*belonging to or happening in the spring; pertaining to youth. वसन्त कालीन; वसन्त सम्बन्धी; युवाकाल या यौवन सम्बन्धी ।

vernal equinox *-इक्वीनॉक्स n.* वसन्त ऋतु का वह काल जब दिन और रात बराबर होते हैं ।

vernalisation *-लाइजेशन n.* पौधों के बीजों को भिगोकर जल्दी उगने लायक बनाने का कार्य ।

vernalise *वर्नेलाइज v.t.* to accelerate plant growth by subjecting the seeds to artificial treatment as by moistening at a low temprature. पौधे के बीजों को कम तापमान में पानी भिगोकर जल्दी उगने योग्य बनाना ।

vernality *-लिटी n.* ताजगी, वसन्त के समान गुण

vernally *वर्नेली adv.* वसन्त के रूप में ।

vernant *-न्ट adj.* वसन्त की भान्ति हराभरा ।

vernicle *वर्निकल n.* a medal or badge worn by the pilgrims who had been to Rome. रोम की तीर्थ यात्रा करने वाले यात्रियों द्वारा पहनने का बिल्ला या धार्मिक चिन्ह ।

vernier *-यर n.* a small movable auxiliary scale for obtaining fractional parts of the subdivisions of a fixed scale. मापने के फुटे पर लगा एक ऊपर नीचे करने वाला फुटा जिसके द्वारा इंच इत्यादि के टुकड़ों का हिसाब लगाया जाता है ।

veronal *वरोनल n.* a trade name for barbital, a sedative and hypnotic drug. एक प्रकार की वशीभूत करने वाली और दस्तावर औषधि का व्यापार का नाम ।

veronica *-निक n.* a cloth or handkerchief having on it presentation of Christ's face;in bull fighting,a manoeuver in which the torero faces the bull and holds the cape directly in front of himself. ईसू के मुख की तस्वीर वाला पवित्र कपड़ा या रूमाल; सांड के साथ लड़ाई करने में लड़ने वाले का सांड के आगे कपड़ा हाथ में पकड़कर तानने की स्थिति ।

verrel *वरेल n.* a metal ring or cap on a stick. घड़ी या लकड़ी के सिरे पर लगा धातु का छल्ला या टोपी ।

verrey, verry *वेरी adj.* charged with vair गिलहरी की खाल के बालों से युक्त ।

verruca *वेरुका n.* (*pl.* verrucae) a small protuberance on the skin. त्वचा पर पड़ा छोटा दाना या गांठ ।

verruciform *-सीफार्म adj.* उपरोक्त दाने या गांठ के आकार का ।

verrucose *-कोस adj.* उपरोक्त दाने युक्त; छोटी गांठ वाला ।

verruga *-गा n.* a fever with warty tumours in Peru. पेरू में होने वाला ज्वर जिसमें त्वचा पर छोटे छोटे दाने पड़ जाते हैं ।

vers *वर n.* (*Fr.*) verse. पद्य ।

versability *वर्सेबिलिटी n.* aptness to be turned around. घुमाए जाने की योग्यता ।

versal *वर्सल adj.* whole; individual; single. तमाम; व्यक्तिगत; केवल एक ।

versant *वर्सेन्ट adj.* conversant; versed, concerned; familiar. प्रवीण; दक्ष, सम्बन्धित परिचित । *n.* the general slope of surface of a country. किसी देश की भूमि का ढलान ।

versatile *-टाइल adj.* changeable; unsteady; unstable; skilful. परिवर्तनीय; बदलने योग्य; चञ्चल; अस्थिर; चतुर; दक्ष ।

versatilely *-टाइलली adv.* चंचलता से; अस्थिरता से ।

versatileness *-टाइलनेस* **versatility** *-टिलिटी ns.* अन्य विषयों को विचारने की शक्ति; चपलता ।

verse *वर्स n.* a line made up of a number of feet; a metrical line; a stanza; a poetry; one of the divisions of the chapter of the Bible. कविता की पंक्ति; चरण; श्लोक; कविता; बाइबिल में किसी अध्याय का अंश । *v. t.* to versify कविता बनाना ।

blank verse : बिना अनुप्रास का पद्य; श्लोक ।

versed *-र्ड adj.* चतुर; दक्ष; पण्डित; अभ्यस्त ।

verselet *-लेट n.* छोटी कविता ।

verse-man *-मैन n.* कविता बनाने वाला ।

verse-monger *-मांगर n.* तुकबन्दी करने वाला ।

verser *-र n.* कविता लिखने वाला ।

verse-smith *-स्मिथ n.* कविता की नकल करने वाला ।

verset *-ट n.* एक छोटी कविता ।

versicle *वर्सिकल n.* एक बहुत छोटी कविता ।

versicoloured *-कलर्ड adj.* changeably coloured. रंग कर बदला हुआ दिखाई देने वाला ।

versicular *वर्सिक्युलर adj.* कविता में; पद्य में ।

versification *-फिकेशन n.*कविता बनाना, कविता में बनाना ।

versificator *-फिकेटर,* **versifier** *-फायर ns.* कविता बनाने वाला ।

versiform *-फार्म adj.* vanging in form. आकार में बदला हुआ ।

versify *-फाई v. t.* to make into verse. कविता बनाना ।

versifying *-फाइङ्ग n.* कविता बनाने का कार्य ।

version *-वर्शन n.*translation; description; rendering. अनुवाद; वर्णन; अनुवाद करना ।

versional *-ल adj.* अनुवाद से सम्बन्धित ।

versioner *-र n.* अनुवाद करने वाला; वर्णन करने वाला ।

versionist *-निस्ट n.* अनुवाद या वर्णन करने में प्रवीण ।

verso *वर्सो n.* a left hand page; the reverse of a coin. पुस्तक का बांया पृष्ठ; सिक्के का उल्टा भाग ।

verst *n.* a Russian measure about ⅔ of English mile. रूस देश का एक माप जो अङ्गरेजी मील के माप का लगभग ⅔ भाग होता है ।

versus *prep.* (*abbr.* Vs.) against. विपरीत; विरुद्ध ।

versute *adj.* crafty; wily. कपटी; चालबाज; धूर्त ।

vert *वर्ट n.* in forest law, anything that grows and bears green leaves within a forest; the right to cut green wood in a forest; the tincture green colour. वन विभाग के कानून में जङ्गल की कोई भी वस्तु

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

जो उगती हो और जिसके हरे पत्ते हों; जङ्गल में लकड़ी काटने का अधिकार; एक प्रकार का गहरा हरा रङ्ग ।

vertebra *-ब्रा n.* (*pl.* vertebrae) a joint of a back-bone. रीढ़ की हड्डी का जोड़ ।

vertebral *-ब्रल adj.* रीढ़ की हड्डी अथवा मेरुदंड सम्बन्धी ।

vertebrata *-ब्रेटा n.* the backbone animals. रीढ़ की हड्डी वाले जानवर ।

vertebrate *-ब्रेट adj.* रीढ़ की हड्डी वाला; रीढ़ की हड्डी वाला जानवर ।

vertebrated *-ब्रेटेड adj.* रीढ़ की हड्डी का ।

vertebration *-ब्रेशन n.* रीढ़ की हड्डी का ढांचा; कमर ।

vertex *n.* (*pl.* vertices) the top; summit; the point of a triangle opposite the base; zenith. चोटी; पराकाष्ठा; शिखर; त्रिकोण का शीर्ष; शिरोबिन्दु ।

vertical *वर्टिकल adj.* शीर्षबिन्दु सम्बन्धी; लम्बमान; ठीक सिर के ऊपर; ९० अंश का कोण बनाता हुआ ।

vertical-angle *n.* शीर्ष-कोण ।

vertical-circle *n.* क्षितिज से आकाश तक का चक्कर या घेरा ।

verticalness *-नेस n.* खड़ापन ।

verticity *-सिटी n.* revolution. भवर; चक्कर ।

verticil *-सिल n.* a set of organ or leaves disposed in a circle around an axis. किसी तने के चारों तरफ घेरे में लगे तत्ते या अंग

verticillaster *n.* a flower cluster with flowers in a whorl. फूलों का गुच्छा जो गोलाई या घेरे में लगा दिखाई दे ।

vertiginous *-जिनस adj.* turning round; whirling. घूमता हुआ; चक्कर खाता हुआ ।

vertiginously *adv.* चक्कर खाते हुए ।

vertiginousness *-जिनसनेस n.* चक्कर; भंवर; घुमेर ।

vertigo *वर्टिगो n.* dizziness; giddiness. चक्कर आने का रोग, जी मिचलाना ।

vertu *वर्टू n.* a virtue. गुण; कला की विशेषता

virtuous *-अस adj.* possessing power or virtue. गुणवान; शक्तिवान; कलायुक्त ।

vervain *वरवेन n.* a wild herb belived to have magical and medicinal power. एक प्रकार की बूटी जिसमें कहा जाता है कि अद्भुत रोग निर्वाण करने की शक्ति होती है ।

verve *वर्व n.* spirit, gusto; animation; imagination which animates an artist or a poet. उल्लास; जोश; क्षमता; बल; कल्पना; कलाकार अथवा कवि की कल्पना का उद्दीपन ।

vervel *-वल*; **vervel** *वार्वल n.* a ring for the hawk's legs. बाज के पैर में पहनाने का छल्ला

vervet *वर्वेट n.* a kind of South African monkey. एक प्रकार का दक्षिणी अफ्रीका का बन्दर ।

very *वेरी adj.* (*comp.* verier *sup.* veriest) ture, reel, veritable; actual. सच्चा; वास्तविक; नहीं; ठीक ।

in very deed : निश्चय ही; वास्तविक रूप में ।

very light *-लाइट n.* पिस्तौल (तमंचे) से संकेत के लिए रंग बिरंगी गोली छुड़ाने का कार्य ।

visica *विसिका n.* a bladder: urinary bladder. भरा या पोला फफोला; मूत्राशय ।

visical *-कल adj.* मूत्राशय सम्बन्धी ।

visicant *-कैन्ट adj.* blistering. फफोले पड़ा हुआ; *n.* anything that causes blisters. फफोले डालने वाली कोई वस्तु ।

visicate *-केट v. t. & v. i.* to blister. फफोले डालना या पड़ना ।

visication *-शन n.* फफोले पड़ना ।

visicatory *-टरी adj.* फफोले डालने वाला ।

visicle *-कल n.* a small globule; a small bladder. छोटा दाना; छोटा फफोला ।

visicular *-क्युलर*; **visiculate(d)** *-लेट(ड) adj.* फोटे फफोले के आकार का ।

vespa *वेस्पा n.* the common wasp genus. बर या ततइये की एक श्रेणी ।

vesper *-स्पर n.* evening; evening service. the evening star. शाम; सन्ध्याकाल; सन्ध्याकाल की पूजा या प्रार्थना; शाम को निकलने वाला तारा ।

vesperal *-रल adj.* सन्ध्या सम्बन्धी ।

vesper-bell *-बेल n.* शाम की प्रार्थना के समय बजने वाली घण्टी ।

vespertinal *-टिनल*; **vespertine** *-टाइन adj.* सन्ध्याकाल में होने वाला तथा सन्ध्या सम्बन्धी ।

vespiary *-पीयेरी n.* a net of the wasp. बर या भिड़ों का छत्ता ।

vespine *-पाइन adj.* बर या भिड़ सम्बन्धी ।

vespoid *-पोइड adj.* बर या भिड़ों के समान ।

vessel *-सल n.* a utensil for holding something; a tube or vein in which blood is circulated; a ship; a boat; a a water tube for carrying fluid in water plants. बर्तन; पात्र; शिरा; नस; नाड़ी; जलपोत; नाव; पानी में उगने वाले पौधों की तरल पदार्थ ले जाने की नली ।

the weaker vessel : स्त्री ।

vest *वेस्ट n.* garment; a robe, a waistcoat; a garb; an underspirt. वस्त्र; पोशाक; लबादा; अंगरखा, सलूका, मिर्जई, बन्डी, वेश; बनियान; चोली; *v. t. & v. i.* to cloth; to robe; to invest; to secure right of possession; to take effect as a right. वस्त्र पहनना; चोगा पहनना, समर्पित करना; कानून अधिकार रख छोड़ना; होना जैसे अधिकार का ।

Vesta *वेस्टा n.* the Roman goddess of house hold; a minor planet. प्राचीन रोम की परिवार पर शासन करने वाली कुवारी गृह देवी; एक छोटा तारा ।

vestal *-वेस्टल adj.* गृह देवी सम्बन्धी; निर्मल; पवित्र ।

vested *-टेड adj.* clad; dressed; fixed; denoting a present absolute right. सुसज्जित; वस्त पहनने हुए; स्थिर; अधिकार प्राप्त क्षमता प्राप्त ।

vested interest's : सम्पृक्त स्वार्थ वाले ।

vested right : निहित अधिकार ।

vestiary *वेस्टियरी n.* a cloak-room; a robing room. वस्त्र रखने का कमरा; वस्त्र पहनने का कमरा ।

vestibule *-ब्यूल n.* an entrance hall; a fore-court a small bony cavity. ड्योढ़ी; बहिर्द्वार; प्रवेश द्वार के पास का दालान; कान का छोटा छिद्र ।

vestibular *-ब्यूलर adj.* कान के छोटे छिद्र से सम्बन्धित ।

vestibullum *-ब्यूलम n.* कान का छोटा छिद्र ।

vestige *-ज n.* a footprint, tract; the remains of something which was once beautiful. पद चिन्ह; खोज; पता; ध्वसावशेष ।

vestigial *-जियल adj.* पदचिन्ह के सदृश ।

vestiment *-मेन्ट n.* a garb; garment. वस्त्र; कपड़ा, जामा ।

vestimental *-मेन्टल adj.* वस्त्र सम्बन्धी ।

vestimentary *-मेन्टरी adj.* वस्त्र युक्त ।

vesting *-ग n.* the act of clothing; securing legally. वस्त्र पहनने का का कार्य कानूनन अधिकार ।

vest pocket *-पाकेट n.* waistcoat pocket. मिर्जई या बन्डी की जेब ।

vestry *वेस्ट्री n.* (*pl.* vestries) a room where vestments are kept; a room for sacred vessels attached to a church; a body administrating the affairs of the parish; a meeting place of the parisheners. कपड़े इत्यादि रखने का स्थान; गिरजेघर में पवित्र पात्रों तथा कपड़ों को रखने का वस्त्रालय या मण्डप; एक गिरजे के अधिकार क्षेत्र का प्रबन्ध करने वाली सभा; उपरोक्त सभा का बैठक करने का कमरा ।

common vestry : चन्दा देने वालों की आम सभा ।

select vestry : चन्दा देने वालों के प्रतिनिधियों की कार्य कारिणी सभा ।

vestral *वेस्ट्रल adj.* उपरोक्त पवित्र वस्त्रागार से सम्बन्धित ।

vestry clerk *-क्लार्क n.* उपरोक्त सभा के चन्दे का हिसाब किताब रखने वाला लिपिक ।

vestry-man *-मैन n.* उपरोक्त सभा का सदस्य ।

vestry-room *-रूम n.* उपरोक्त सभा करने का कमरा ।

vestural *वेस्टयरल* **vestured** *वेस्टर्ड adj.* pertaining to garment. वस्त्र सम्बन्धी ।

vesture *-र n.* dress; garment; clothing covering. पोशाक; वस्त्र, कपड़े; आवरण ।

vesturer *-रर n.* वस्त्र भण्डार रखने वाला ।

Vesuvian *वेस्यूवियन adj.* of the type of volcano Vesuvis. इटली के वेसूवियस नाम के ज्वाला मुखी पर्वत से सम्बन्धित । *n.* a kind of highly inflammable match. एक तरह की दियासलाई ।

Vesuvinite *-नाइनाइट n.* उपरोक्त ज्वाला मुखी पर्वत से निकाला हुआ लावा जो वहां की चट्टानों में पाया जाता है ।

vet *वेट n.* a veterinary surgeon. पशु-चिकित्सक । *v. t.* to treat medically; to put into condition. चिकित्सा करना; ठीक हालत में करना ।

vetch *वेच n.* a genus of sweet pea. मूंग, मोठ इत्यादि अन्न की एक श्रेणी ।

vetchling *वेचलिंग n.* मूंग मोठ इत्यादि दालों का एक विभाजन ।

veteran *-टरन n.* one who has seen long service; experienced soildier; an-ex-serviceman *adj.* long experienced. अनुभवी योद्धा; कर्म प्रवीण; अवकाश प्राप्त सैनिक

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जिसे दुवारा सेना में भर्ती किया गया हो। लम्बे समय का अनुभव प्राप्त।

veterinarian *-रियन n.* one skilled in the treatment of the diseases of domestic animals. पालतु पशुओं की चिकित्सा में प्रवीण पशु चिकित्सक।

veterinary *-नेरी adj.* concerned with the disease of animals. पशु चिकित्सा सम्बन्धी

vetiver *-टीवर n.* the root of African millet.अफ्रीका देश में होने वाले ज्वार बाजरे की जड़

veto *विटो n.* (*pl.* vetos) any authoritative prohibition; a power or right of rejecting; excercise of power rejecting. *v. t.* to withhold assent to; to check; to prohibit. अधिकारयुक्त निषेध; निवारण; रोक; रद्द करने का अधिकार; नामंजूर करने के अधिकार का प्रयोग। मसौदे को ना मंजूर करना; रोकना; निषेध करना।

local veto: स्थानीय जिले में मदिरानिषेध करने का अधिकारी को अधिकार।

vettura *-यूरा n.*a carriage;a car. गाड़ी;बग्घी; मोटर गाड़ी।

vetturino *रीनो n.* (*pl.* vetturini) गाड़ी का मालिक या चलाने वाला।

vex *वेक्स v.t. & v. i.* to annoy;to distress to tease;to trouble,to fret, to harrass *n.* a grief. तंग करना; तकलीफ देना; चिढ़ाना; दुख पहुंचाना; सताना; नाराज होना; विक्षुब्ध करना। दुःख; खेद; पश्चाताप।

vexations suit: तंग करने के लिए किया गया मुकदमा।

vexed question: वाद विवाद का प्रश्न।

vexation *-शन n.* दुःख, क्लेश; उद्विग्नता;घबड़ाहट; सन्ताप।

vexatious *-टीयस adj.* संताप देने वाला; उद्वेग कर।

vexatiously *-स्ली adv.* उद्वेग सहित।

vexatiousness *-सनस n.* उद्विग्नता।

vexatory *-सेटरी adj.* घबड़ाहट पैदा करने वाला

vexed *वेक्स्ड adj.* घबड़ाया हुआ; विक्षुब्द।

vexedly *वेक्सडली adv.* घबड़ाहट से।

vexedness *-नैस n.* घबड़ाहट; विक्षुब्दता।

vexer *वेक्सर n.* दुःख या सन्ताप देने वाला।

vexillary *-लरी n.* a standard bearer, a veteran serving under a special company of Roman veterans under a special standard. झण्डा हाथ में लेने वाला सैनिक; प्राचीन साथ में; एक अनुभवी सैनिक जो रोम के अनुभवी दल का सदस्य होता था और उस दल का एक विशेष झण्डा होता है।

vexillation *-लेशन n.* सैन्य दल जिस की पताका एक ही हो।

vexillum *-लम n.* a Roman standard रोम देश की पताका। *n.* a way. रास्ता।

via *वाया prep. adv. interj.* by way of रास्ता हो कर। of dismissal as come; be off. हटो; भाग जाओ; आदि घृणा सूचक अव्यय।

viability *वाइएबिलिटी n.* the state of being viable. जीवन-योग्यता।

viable *-एबल adj.* capable of surviving. जीने योग्य।

viaduct *-डक्ट n.* a long bridge over a valley. घाटी इत्यादि पर बना लम्बा पुल।

vial *वायल n.* a phial; a small glass-bottle. शीशी; एक छोटी कांच की शीशी।

to pour out vials of wrath : पाप की सजा देना; बदला लेना।

vialled *-ल्ड adj.* शीशी में भरा हुआ।

viameter *-मिटर n.* a instrument attached to the wheel for measuring distance. फासला नापने के लिए पहिए से लगा एक यन्त्र।

viand *-एण्ड n.* food; an article of food. भोजन; भोजन पदार्थ।

viaticals *-टिकल्स n.*(*pl.*) baggage. असबाब; सामान।

viaticum *-कम n.* money or provision for journey. यात्रा के लिए आवश्यक धन; खाद्य सामग्री इत्यादि।

viator *-एटर n.* a traveller. यात्री; यात्रा करने करने वाला।

viatorial *-टोरियल adj.* यात्री सम्बन्धी।

vibex *-बेक्स n.* (*pl.* vabices) a streak due to extravasation of blood. खून का अन्दर ही जमा होने के कारण पड़ा नील।

vibraculum *-ब्रेक्युलम*; **vibracularium** *-ब्रयूलेरियम n.* (*pl.* vibracula) a long bristle found in an animal with cup-shaped body. प्याले के आकार के छोटे जीवों में पाया जाने वाला एक छोटा कांटा।

vibrancy *-ब्रेन्सी n.* the act of vibrating. थर्राहट।

vibrant *-ब्रेन्ट adj.* कांपने वाला; थर्राने वाला।

vibrate *-ब्रेट v. t. & v. i.* to shake to tremble; to oscillate; to move to and fro; to resound; to ring; to cause to tremble. कांपना; थर्राना, झूलना, डोलना; आगे पीछे हिलना; गूंज होना; बजना; हिलाना।

vibratile *-टाइल adj.* कांपने या थर्राने योग्य।

vibratility *-टिलिटी n.* थर्राने की योग्यता।

vibration *-शन n.* थर्राहट; कंपकंपी, लहराव; घड़ी के लंगर जैसी चाल।

vibrational *-नल adj.* कंपकपाहट या थर्राहट से सम्बन्धित।

vibrationless *-लेस adj.* बिना कंपकपाहट या थर्राहट का।

vibratiuncle *-शीअकल n.* a small vibration. थोड़ी थर्राहट या कंपकंपी।

vibrative *-ब्रिव adj.* थर्राहट उत्पन्न करने वाला

vibrato *-ब्रो n.*a throbbing effect in singing. गाते समय गायन में की गई थर्राहट।

vibrator *-टर n.* थर्राहट उत्पन्न करने वाले यन्त्रों के पुर्जे; घड़ी का हिलने वाला लंगर।

vibratory *-टरी n.* थर्राहट उत्पन्न करने वाले से सम्बन्धित।

vibrio *विब्रियो n.* a bacterium with a slight curve as that of cholera. कुछ मुड़े हुए आकार के कीटाणु जैसे हैजे के कीटाणु।

vibrissa *विब्रीसा n.* (*pl.* vibrissae) a pointed bristle as a cat's whisker. नोकीला बाल; जैसे बिल्ली के मुंह पर उगने वाले बाल।

viburnum *वाइबर्नम n.* a genus of roses. एक प्रकार के गुलाब के पौधों की श्रेणी।

vicar *विकेर n.* one who is authorised to perform religious functions instead another;an agent; a deputy; the priest of a parish; a bishop's deputy. धार्मिक कार्य करवाने वाला पादरी का प्रतिनिधि; प्रतिनिधि सहायक; गांव का पादरी; बड़े पादरी (बिशप) सहायक।

vicarious sacrifice : ईसू ने जो बलिदान किया और यातनाएं सही वह मनुष्य मात्र के पापों के अपराध को ईश्वर से क्षमा करवाने के लिये की ऐसा कट्टर पन्थी इसाईयों का मत।

Vicar of Brey : जो अवसर अनुसार अपने को बदल लेता हो।

Vicar of Christ : ईसू का प्रतिनिधि पृथ्वी पर पोप।

vicarage *विकरेज n.*गांव के पादरी का पद अथवा उसके रहने का स्थान।

vicar-apostolic *-अपोस्टोलिक n.* बिशप के बीमार पड़ जाने पर उसके स्थान पर काम करने वाला प्रतिनिधि।

vicarate *-रेट n.* पादरी के प्रतिनिधि अथवा गांव के पादरी का पद या अधिकार क्षेत्र।

vicar-choral *-कोरेल n.* गिर्जाघरों में प्रार्थना गाने वाला अनाड़ी व्यक्ति।

vicaress *विकेरस n.* विकेर अथवा पादरी के प्रतिनिधि की पत्नी।

vicar-forane *-फोरेन n.* गांव का छोटा पादरी।

vicar-general *-जनरल n.* बिशप के सहायक का काम काज देखने वाला।

vicarial *विकेरियल adj.* पादरी के प्रतिनिधि अथवा सहायक से सम्बन्धित।

vicariate *-एट n.* विकेर का अधिकार क्षेत्र अथवा उसका पद।

vicarious *-यस adj.* acting in place of an other; substituted. दूसरे की जगह पर काम करने वाला; स्थानापन्न।

vicariously *-यसली adv.* स्थानापन्न रूप में।

vicariousness *यसनेस n.* स्थानापन्नता।

vicarship *-शिप n.* विकेर का पद।

vicary *-री adj.* विकेर सम्बन्धी।

vice *वाइस n.* a screw; a winding stair; a tool for gripping an object; a grip; a fault; immorality; an immoral habbit; a buffoon; a place. पेंच; घुमावदार जीना; किसी पदार्थ को पकड़ने का साधन या सिंडसी; पकड़; कसूर; अपराध; पाप; व्यभिचार; विदूषक; स्थान। *prep.* in place of; in succession to. स्थान में दूसरे की जगह में; बदले में। *pref.* in the sense of 'in place of'. 'दूसरे स्थान में' अर्थ का उपसर्ग। *v. t.* to grip, to force; to jam as with a vice. कस कर पकड़ना; जोर लगाना; स्थिर करना जैसे सिंडसी से।

vice versa - ठीक उल्टा।

vice-admiral *-एडमिरल n.* नौ सेना का दूसरा उच्च अफसर।

vice-admirality *-रैलिटी n.* उपरोक्त अफसर या पदाधिकारी का पद।

vice-chairman *-चेयरमैन n.* उप सभापति।

vice-chairmanship *-चेयरमैनशिप n.* उप सभापतित्व।

vice-chancellor *-चान्सलर n.* उप कुलपति।

vice-consul *-कॉन्सल n.* विदेशी उप राजदूत।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

vice-consulate *-कॉन्सयूलेट n.* विदेशी उप राजदूत का निवास स्थान।
vice-consulship *-कॉन्सलशिप n.* उपरोक्त उप-राजदूत का पद।
vice county *-काउन्टी n.* जिले का वह भाग जो बाग लगाने के लिए अलग सुरक्षित रखा गया हो।
vice dean *-डीन n.* उप-शाखा अध्यक्ष।
vicegerency *-जरेन्सी n.* नायब मुख्तार का पद।
vicegerent *जरेन्ट n.* नायब मुख्तार।
vice governor *-गवर्नर n.* उप राज्य पाल।
vice king *n.* राजा के स्थान पर काम करने वाला
vice marshal *-मार्शल n.* वायु सेना का दूसरा उच्च पदाधिकारी।
vicenary *-नेरी adj.* based on the number twenty. बीस की संख्या पर आधारित।
vicennial *सेन्यल adj.* lasting or coming at the end of twenty year. बीस साल के अन्त में होने वाला; बीस साल तक संघटित होने वाला।
vice presidency *प्रेज़ीडेन्सी n.* उप सभा पति का पद
vice president *-प्रेज़ीडेन्ट n.* उप सभा पति; उप राष्ट्र-पति; उप-प्रधान।
vice presidential *-यल adj.* उप प्रधान सम्बन्धी
vice principal *सिपल n.* उप प्रधान शिक्षक।
vice queen *-क्वीन n.* रानी के स्थान में काम करने वाली।
viceregal *-रीगल adj.* राज्य पाल या राज्य प्रतिनिधि सम्बन्धी।
viceregent *-रीजेन्ट n.* उपताजप्रतिनिधि।
vicereine *n. (fem)* वायसराय की पत्नी।
viceroy *-रॉय n.* राज्य पाल; उपनिवेश प्रतिनिधि
viceroyalty *-रेल्टी* (also viceroyship) *-शिप n.* उपनिवेश प्रतिनिधि पद।
vicinage *-सिनेज n.* neighbourhood proximity. पड़ौस; निकटता; सामीप्य।
vicinal *-सिनल adj.* पड़ौस-सम्बन्धी; पड़ौस का।
vicinity *-सिटी n.* neighbourhood. पड़ौस।
in the the vicinity of: के पड़ौस या नजदीक में।
viciosity *-सिटी n.* the state of being vicious अपराधी होने की अवस्था।
vicious *विशियस adj.* immoral; wicked; sinful; faulty; degraded; अधर्मी; बदमाश; पापी; दोषी; नीच; पतित।
vicious circle: किसी बुरे ध्येय को लेकर केवल अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए बनाया गया मोह
vicious intromission: मृत व्यक्ति की सम्पत्ति को हड़प करने के लिए चक्कर डालना।
viciously *-सली adv.* अधर्म से।
viciousness *-नॅस* दुष्टता; नीचता; बदमाशी।
vicissitude *-यूड n.* alteration; mutation; change of fortune; revolution. अदल बदल; परिवर्तन; तबदीली; रूपान्तर; भाग्य का उलटफेर; विप्लव; घुमाव फेर।
vicissitudinous *-डीनस* also vicissitudinary *-नरी adj.* बदलने वाला; क्रम से बदलता हुआ।
victim *विक्टिम n.* one who sustains injury; an offering; a living being offered as a sacrifice; a sufferer; one subject to death. शिकार; कुर्बानी; बलि; जीवित जीव जिस की बलि दी जाय; पीड़ित व्यक्ति जिस की हत्या की गई हो।
fall a victim to: शिकार होना।
victimisation *-जेशन n.* विनिष्ट; ठगी; शिकार बनाने का कार्य।
victimise *-माइज v. t.* विनिष्ट करना; ठगना; शिकार बनाना; मूंड़ना; उल्लू बनाना।
victimiser *-माइजर n.* शिकार बनाने वाला व्यक्ति
victor *विक्टर n.* (also victoress; victress; victrix) one who wins in a contest. जो किसी मैच या खेल (दंगल) आदि में जीते; विजेता।
Victoria *विक्टोरिया n.* water-lilies of Brazilian genus; a four- wheeled carriage with folding hood; a plum of red colour. जल कुमुदनी; चार पहियों वाली गाड़ी जिसकी छत्तरी मुड़ने वाली होती है; लाल रङ्ग का एक प्रकार का बेर।
Victoria Cross महारानी विक्टोरिया (१८५६) द्वारा प्रतिपादित एक कांसे का तमगा जो युद्ध में विशेष बहादुरी अथवा रण कौशल दिखाने पर उपहार स्वरूप दिया जाता है।
Victoria Day : महारानी विक्टोरिया के जन्म दिवस के अवसर पर (२४ मई) इंगलैण्ड में मनाई जाने वाली छुट्टी।
Victorian *adj.* महारानी विक्टोरिया (१८३७-१९०१) के राजत्व काल की विशेषताओं के अनुकूल तद्रूप तथा सामयिक घटनाओं जैसा; आचार में रूढ़िगत; आस्ट्रेलिया में इस नामक प्रदेश का; (संज्ञा) विक्टोरिया के समय का; उस काल की विचार धारा वाला व्यक्ति; विक्टोरिया प्रदेश का निवासी।
victorianism *n.* विक्टोरिया के काल की संस्कृति; वैभव; विचारधारा; जीवन आदि का वाद।
victorine *-रीन n.* a kind of peach fruit. एक प्रकार का नाशपाती के अनुरूप फल।
victorious *-रियस adj.* (also victor) winning in contest. मैच आदि खेलों में जीत।
victoriously *-ली adj.* मैच और दूसरे खेलों में जीत रूप से।
victoriousness *-नैस n.* इस प्रकार के खेलों में होने वाली जीत अथवा विजय।
victory *विक्ट्री n.* success got against an opponent or an enemy. विजय; जीत; शत्रु पर प्रहार कर प्राप्त होने वाली जीत।
Victory *n.* the Goddess of Greece; named as Nike. यूनान देश की नाइक नामक देवी।
victual *विटल n.* (*pr. p.* victualling; *pa.t. & pa. p.* victualled) food for human beings. मानवोचित खाद्य पदार्थ, भोजन; *v. t.* to feed. भोजन करना; खिलाना; खाद्यान्न भण्डार जमा करना।
licensed victualler : ऐसा भटियारा; (innkeeper) जिसे मद्य; मदिरा आदि बेचने के लिए सरकारी आज्ञा प्राप्त हो।
victuallage *n.* provisions. खाद्यान्न; खाने के योग्य खाद्य पदार्थ; भोजन आदि।
victualling-bill *-बिल n.* विदेश जाने वाले जल-पोत के कप्तान के लिए निशेधात्मक पत्र जिसके अनुसार वह कुछ वस्तुएं अपने साथ नहीं ले जा सकता।
victualling-office *-ऑफिस n.* नौधिकारियों को खाद्यान्न की पूर्ति करने वाला दफ्तर।
victualling-yard *-यार्ड n.* नौधिकारियों के मनोरंजन के लिए स्थापित भण्डार जो उन्हें सामान बेचे
vicuna *विकून्या n.* एक प्रकार का जंगली पशु (llama) या उसकी ऊन से तैयार वस्त्र।
vidame *वीडाम n.* फ्रांसीसी सामान्तवादी न्याय-शास्त्र के अनुसार उप-विशप (deputy bishop) जो न्याय आदि करता है; एक छोटा सामन्त।
vide *वाइडी (L.)* see. देखो; vide infra; supra. नीचे देखें; ऊपर देखें।
video *विडिओ adj.* टेलीवीजन यन्त्र में होने वाली एक विद्युत गति (video frequency)।
video frequency : टेलीवीजन की एक विद्युत गति।
video signal : इस प्रकार का एक संकेत।
video tube : टेलीवीजन नलिका (ट्यूब)।
vidette another but faulty form of the word vedette. घुड़ सवार सन्तरी जो प्रहरी के रूप में कहीं नियुक्त हो।
vidimus *-मुस n.* an attested copy. परीक्षा करके मान्य की हुई प्रतिलिपि; लेखा परीक्षा; (*L.* videre; to see. देखना)।
viduage *n.* widowhood. रंडापा; वैधव्य; विधवाएं; रांड स्त्रिएं।
vidual *adj.* विधवा स्त्री सम्बन्धी।
viduity *n.* widowhood. वैधव्य।
viduous *विड्युअस adj.* empty. खाली, (*L.* vid.ua=विधवा)।
vie *वाई v. i.* (*pr. p.* vying; *pa. t. & pa. p.* vied) to emulate. स्पर्द्धा करना, प्रतिस्पर्द्धा की भावना प्रदर्शित करना; दांव लगाना; (संज्ञा) जूआ; ललकार; दांव।
vielle *वीइल n.* एक प्रकार की फ्रांस देश की बांसुरी
Viennese *वीइनीज adj.* of the word Vienna; an inhabitant of Vienna. वियाना (वीना) देश का वासी या वहां के निवासी।
view *व्यू n.* act of looking; field of sight; a prospect, whole extent seen; inspection; aspect; appearance; that which comes to the view or is seen; general survey; a picture of a scene; opinion; mode of thinking; expectation; purpose; intention. *v. t.* to consider; to look at; to examine. देखने का कार्य; दृश्य; आलोकन; दृष्टिगोचर होने वाला; समस्त भू-भाग या दृश्य; ओर; रुख; स्वभाव; दिखाई देने वाला; आकृति; विहंगम दृश्य; किसी दृश्य का चित्र; विचारने की पद्धति; कार्य; मर्जी; अभिप्राय। (क्रिया) विचारना; देखना; परीक्षा करना।
point of view : दृष्टिकोण।
of narrow view : संकुचित दृष्टिकोण का।
of liberal views : उदार दृष्टिकोण वाला।
dissolving views : चित्र पट पर दिखाये जाने वाले भांति भांति के चित्र जो क्षण क्षण में परिवर्तित होते रहते हैं।
in view : in mind; as an aim. दृष्टि में; विचार में; लक्ष्य रूप में अथवा सम्भावनात्मक रूप से।
in view of : इस कारण से।
on view : जो सर्वसाधारण के लिए खुला हो।
view away : आवरण को वेधकर देखते हुए।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

with a view to : इस विचार, इच्छा अथवा मंशा से; मन में रखते हुए।
viewer *-अर n.* one who views. जो देखता हो; परीक्षक; परीक्षा के लिए नियुक्त; जो पश्चात् रिपोर्ट पेश करे; कोयले की खान का अधिकारी।
view-finder *-फाइंडर n.* फोटो कैमरे के साथ लगा एक पुर्जा जिसकी सहायता से सारे विहङ्गम दृश्य को देखा जाता है।
view-halloo *n.* लोमड़ी के आवरण तोड़ने के समय की गई शिकारी की आवाज।
viewiness *n.* character or quality of being viewy पक्षपात या इकतरफा दृष्टि कोण के गुणों से युक्त।
viewing *n.* examination. अन्वेषण; परीक्षा; पर्यवेक्षण।
viewless *adj.* invisible. अदृश्य; जो दृष्टि-गोचर न हो।
viewlessly *adv.* अदृश्य रूप से।
viewly *adv.* sighly; pleasing to look at दृष्टि से; जिसे देखने से सुख प्राप्त हो।
viewpoint *n.* point of view;standpoint. दृष्टि कोण; ऐसा स्थान जहां से सुखद दृष्टि दीख पड़े।
viewy *adj.* attaching undue importance to certain things. किसी बात का पक्षपात।
vifda *विफडा n.* बिना नमक लगा कर लटकाया हुआ मांस।
vigesimal *वाईजेसीमल adj.* given on the number of twenty. २० के अङ्क पर आधारित
vigesimo-quarto *-क्वार्टो adj.* twenty-four-mo, २४ के आंकड़ों से अधिक की संख्या।
vigia *विजीआ n.* किसी मानचित्र (chart) आदि पर खतरे की सूचना।
vigil *विजिल n.* wakefulness; a watch especially at night. जागरुकता; रात्रि का उपवास; उपासना से प्रथम रात्रि।
vigilance *n.* watchfulness or wakefulness. सावधानी अथवा जागरण।
vigilance committee : अप्राधिकृत बाडी (body) जो अव्यवस्थित अथवा अक्षम प्राधिकार के काल में राज्यतन्त्र को चलाए और दण्ड और पकड़ धकड़ का कार्य करे।
vigilant *adj.* watchful. जागरुक; सावधान।
vigilante *n.* अप्राधिकृत बॉडी (vigilance body) का सदस्य।
vigilantly *adv.* with vigilance. चौकसी अथवा सावधानी से।
vigneron *n.* one who grows vine. अंगूरों की बेलों को उगाने वाला माली।
vignettee *वीन्येट n.* a character sketch or a word picture; a small ornamental on the title page of a book. चरित्र चित्रण अथवा शब्द-चित्र; पुस्तक के मुख्य पृष्ठ पर की अलंकृत छाप।
vignetter *n.* (also vignettist) *n.* इस प्रकार की छाप अथवा चरित्र चित्रण करने वाला।
vigorous *विगोरस adj.* energetic. शक्तिशाली; ओज पूर्ण; ताकतवर; पुष्टता।
vigorously *adv.* with energy. शक्ति अथवा बल से।
vigorousness *n.* उत्साह पुष्टता।
vigour *विगर n.* physical and intellectual power; energy; forcefulness; vital power. शक्ति (शारीरिक अथवा मानसिक) ओज ताकत; बल; पुष्टता।
vihara *वीहार n.* a Buddhist monastery; a Jain precinct. बौद्ध अथवा जैन विहार।
viking *विकिंग n.* the chief of pirates. जलदस्यु; उनका सरदार।
vilayet *विलायत n.* तुर्कीस्तान देश का एक प्रान्त।
vild *वाइल्ड adj.* another word for vile. नीच; अधम।
vile *वाइल adj.* mean; base; paltry; foul. नीच; अधम; दुष्ट।
vilely *adv.* नीचता से।
vileness *n.* (also vilification) दुष्टता; नीचता।
vilifier *n.* one who speaks ill. निन्दा करने वाला।
vilify *विलीफाई v. t.* (*pr. p.* vilifying; *pa. t. & pa. p.* vilified) to demame. मान हानि करना; नीच ठहराना।
vilipend *v. t.* to vilify; to dispise. घृणा करना; मान हानि करना।
vill *विल n.* a village; a territorial unit of a feudal lord, a township; a manner; a place of habitation; (Italian, ville a country house) ग्राम; सामन्त स्वामि की एक अप्रादेशिक इकाई;नगर; बस्ती; छोटी बस्ती रहने का स्थान जैसे गांव आदि; गाम गृह।
villa *n.* a middle-class dwelling house of superior quality; o country house मध्य वर्गीय आवास गृह; ग्राम गृह।
villadom *n.* villas in great number. कई गांवों की एक सामुहिक इकाई।
village *विलेज n.* a collection of houses smaller than a town. ग्राम, गांव।
village cart : गांव में माल ढोने के बैल अथवा भैंसा गाड़ी।
villager *n.* an inhabitant of a village. देहाती; ग्राम का निवासी; गांव वाला।
villagery *n.* (also villagree) villages collectively. ग्राम समूह।
villain *विलेन n.* a villein; in a story or play a wicked and evil character and enemy of the hero and heroine. खल नायक; (विशेष) नीच; दुष्ट।
villainage *n.* (also villanage and villainess) दुष्टता; नीचता।
villainous *adj.* (also villanous) vile; mischievous. दुष्ट; नीच; उपद्रवी; अधम।
villainously *adv.* (also villanously)दुष्टता से।
villainy *n.* (also villany) extreme wickedness. हद दर्जे की दुष्टता; जघन्य पाप।
villan *n.* खलनायक।
villanelle *विलेनल n.* एक प्रकार की तुकान्त (अंग्रेजी) कविता जिस में पहली पंक्ति; छटी; बारहवीं और अठारहवीं पंक्तियों में आवृत्ति होती है तथा तीसरी पंक्ति की क्रमशः नवीं; पन्द्रहवीं और अन्तिम आवृत्ति होती है।
Villanovan *-नोवन ndj.* बोलगाना (Bolgana) देश के विलनोवा (Villanova) प्रदेशमें लोह युग (Iron Age) की संस्कृति से सम्बन्धित।
villar *विलर adj.*of a vill.ग्राम सम्बन्धी;देहाती; गांव का।
villeggiatura *-जीटूरा n.* ग्राम निवास; निवृत्ति के रूप में; ग्राम में; छुट्टी व्यतीत होना।
villein *विलइन n.* a kind of free villager partial slave. स्वतंत्र ग्रामीय अथवा अनुचर जो मालिक को छोड़ और हर रूप में स्वतन्त्र हो।
villeinage *n.* ऐसे ग्रामीण का पट्टा अधिकार अथवा प्रतिष्ठा।
villiago *विलयागो n.* (also viliaco) a coward. डरपोक; साहस हीन व्यक्ति।
villication *-केशन* (also vellication) स्कॉट (Scott) द्वारा प्रयुक्त शब्द का रूप।
villiform *फॉर्म adj.*बाल या केश के आकार प्रकार का।
villose *adj.* (also villous) बालों से सदा हुआ अथवा बना हुआ।
villosity *n.* बाल जैसा पतला और सूक्ष्म पन।
villus *विलस* (*n. pl.* villi) a long and soft hair. लम्बा और पतला बाल या रोंवा।
vim *विम n.*vigour; energy. शक्ति;ताकत;बल; कूवत।
vimineous *विमिनस adj.* लम्बे मजबूत रेशे वाला।
vina *वीना n.*वीणा एक प्रकार का बाद्य यन्त्र; विणा पाणि; सरस्वती का दूसरा नाम है।
vinaceous *adj.* vine coloured. अंगूर की बेल के रङ्ग का।
vinaigrette *विनेग्रेट n.* एक डिब्बी अथवा शीशी जिस में सिरका (vinegar) रक्खा जा सके।
vinasse *विनास* पोटाश लवण का स्रोत: शराब बनाते समय बचा हुआ फालतू अंश।
Vinca *विङ्का n.* एक विशेष प्रकार का पौधा; (periwinkle)।
Vincentian *विनसेन्शियन adj.* सन्त विन्सैंट डी पॉल (१५७६-१६६०) से सम्बन्धित या उसके द्वारा स्थापित हुई पूर्त संस्थाओं से सम्बन्धित।
vincible *-सिब्ल adj.* that may be overcome. जिस पर काबू पाया जा सके।
vincibility *n.* काबू पाने (overcome) की शक्ति या योग्यता।
vinculum *विङ्क्युल्यम n.* (*n. pl.* vincula) गणित के अंकों में ऊपर की ओर खींची हुई रेखा जिससे इन्हें आपस में मिलने का अभिप्राय होता है; इस प्रकार की रेखा।
vindemial *विनडीमियल adj.* अंगूरों सम्बन्धी।
vindemiate *-एट v. i* अंगूर तथा दूसरे फलों को एकत्रित करना।
vindicability *n.* अपना पक्ष पोषण अथवा समर्थन करने की क्षमता।
vindicable *adj.* able be supported. समर्थन प्राप्त करने योग्य।
vindicate *विन्डीकेट v. t.* to defend; to justify; to maintain, to clear from criticism; to lay claim to, to avenge. रक्षा अथवा प्रतिरक्षा करना; प्रमाणित करना; पालन करना; समालोचना या समीक्षा से मुक्त करना; दावा करना; स्थिर करना; प्रतिशोध लेना;
vindication *n.* justification. प्रमाणीकरण; रक्षा; पुष्टि; दोष-मुक्ति।
vindicative *adj.* tending to justify. प्रमाणित अथवा समर्थन करने योग्य।
vindicativeness *n.* vindictiveness. प्रति-

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

शोध लेने की भावना।
vindicator *n.* one who defends. रक्षक, समर्थक; रक्षा करने वाला।
vindicatress *fem.* of the above. प्रतिशोध लेने वाली; रक्षा करने वाली।
vindicatorily *adv.* दण्ड अथवा प्रतिशोध रूपसे
vindicatory *adj.* inflicting punishment; punitive; avenging. दण्ड योग्य; सजा देने योग्य; प्रतिशोध की भावनामय।
vindictive *adj.* punitive; revengeful. दण्डपूर्ण; प्रतिशोध की भावना प्रधान।
vindictively *adv.* प्रतिशोध रूप से अथवा दण्ड रूप से।
vindictiveness प्रतिशोध अथवा दण्ड भाव।
vine *-वाइन n.* a plant (vitis vinifera) that climbs like a creeper and produces grapes. अंगूर की बेल या लता।
dwell under one's vine and fig tree : to live at ease on one's own land. अपनी जमीन खेती के सहारे आराम से रहना।
vine branch *-ब्रञ्च n.* a branch of a vine. अंगूर की लता की शाखा।
vine-clade *-क्लेड adj.* covered with wines. लता मण्डप से ढका अथवा छाया हुआ।
vine-disease *-डिजीज n.* a plant disease affecting the vine. इस प्रकार की लता को हानि पहुँचाने वाला रोग।
vine-dresser *-ड्रेसर n.* one who trims vines. अंगूर की बेल छाँटने वाला।
vine-fretter *-फ्रैटर n.* एक प्रकार का हानिकारक कीट (phylloxera or greenfly) जो अंगूर की बेल में रहता है।
vine-gall *-गॉल n.* एक प्रकार की कीटाणु द्वारा बनाया गया घोंघा (अंगूर की बेल पर)।
vinegar *विनेगर n.* an acid liquor for used as a condiment. सिरका; *v. t.* to apply vinegar to. सिरका लगाना।
vinegar-ell *-ईल n.* एक प्रकार का सूत सा पतला कीड़ा (threadworm) जो सिरके में पाया जाता है।
vinegarette *n.* सिरके में का कीटाणु।
vinegarish *adj.* sourigh. खटास लिए हुए।
vinegar-plant *-प्लान्ट n.* खटास पैदा करने वाला यन्त्र जिससे सिरका तैयार होता है।
vinegary *adj.* soul. सिरके जैसा, खट्टा; तीव्र या तीखे स्वाद का।
vine-leaf *-लीफ n.* the leaf of a vine. अंगूर की बेल का पत्ता।
vine-mildew *-मिलड्यु n.* इस पौधे में होने वाला एक प्रकार का रोग।
vine-prop *-प्रॉप n.* a support for the vine. टट्टी या खरपची आदि की आड़।
viner *n.* g vine-grower. अंगूर की बेल उगाने वाला।
vine-rod *रॉड n.* रोम देश का एक बिल्ला (badge)
vinery *n.* a heated room for rearing vines. एक उष्ण कोष्ठ जिसमें अंगूर की बेल को गर्मी पहुंचाई जा सके।
vine-stock *-स्टॉक n.* वह स्कंध (stock) जिस पर दूसरे किस्म की बेल की कलम चढाई जाय (grafted)।
vineyard *-यार्ड n.* a plantation of vines. अंगूरों की खेती; अंगूरों का बगीचा।
vinew *विन्यू v. i. & v. i.* to make mouldy or become mouldy; *n.* mouldiness. सांचे का बनाना या बनना; (संज्ञा) ढलाव।
vineyed *adj.* musty. सड़ा; दुर्गन्धपूर्ण।
vingt-et-un *n.* (also vingt-un) ताश का एक प्रकार का खेल।
viniculture *n.* the cultivation of the vine अंगूरों की खेती।
viniculturist *n.* one who does so. अंगूरों की खेती करने वाला।
vinolent *adj.* addicted to drinking (wine) जो नशा करने अथवा शराब का आदी हो।
vinordinaire *n.* cheap claret. सस्ती; देशी या ठर्रा शराब।
vinosity *n.* अंगूरों की शराब के गुण युक्त।
vinous *adj.* like wine. शराब जैसा; शराब के रंग का; शराब सम्बन्धी; शराब सूचक।
vint *विन्ट n.* ब्रिज की भांति का ताश का एक रूसी खेल। अंग्रेजी के 'vintage' शब्द का दूसरा रूप
vintage *विनटिज n.* gathering of grapes for wine making. शराब बनाने के लिए अंगूरों का चयन; ऋतु का कुल उत्पादन अंगूरों अथवा शराब का; अंगूर चयन करने का समय; (क्रिया) अंगूर जमा करना; शराब बनाना।
vintager *n.* अंगूरों की ऋतु में काम करने वाला मजदूर।
vintaging *n.* शराब बनाने का कार्य अथवा अंगूर चयन करने का कार्य।
vintner *विन्टनर n.* a wine seller. मधु विक्रेता; शराब बेचने वाले; कलाल।
vintry *विन्ट्री n.* शराब की दुकान; शराब एकत्रित करने का ठैका।
viny *विनी adj.* लता के सदृश बल खाया हुआ; अथवा अंगूरों की बेलों सहित।
vinyl *वाईनिल n.* an organic radical CH. एक प्रकार का रासायनिक तत्व।
viol *वइल n.* एक प्रकार का संगीत में काम आने वाला बाजा (a double bass of the violin class)।
viola *विओला n.* एक प्रकार का बाजा (a tenor fiddle) एक प्रकार का बनफशे (violet) का पौधा
viola da braccio : a tenor viol. एक वाद्य यन्त्र।
viola da gamba : viol used by leg. पैर का बाजा।
viola d'amore : एक प्रकार का तार का बाजा।
viola da spalla : tenor viol. बाजे का बड़ा रूप।
violable *adj.* that may be violated. जिसे भंग किया जा सके।
violably *adv.* भंग करने के रूप से।
violate *वाइयोलेट v. t.* to ravish; to profane; to brake; to abuse; to do violence. भ्रष्ट करना; अपवित्र करना; तोड़ना; गाली देना; हिंसात्मक कार्य करना।
violation *n.* infringement. खण्डन; भंग, उलंघन।
violative *adj.* tending to violate. उलंघन अथवा खण्डन करने योग्य।
violator *n.* भंग करने वाला अथवा खण्डन करने वाला।
violence *n.* profanation; injury; rape the quality of being violent. अपवित्रता, चोट; बलात्कार; हिंसा; साहस; अपराध।
violent *वाइयोलेण्ट adj.* courageous; wheament; wrested; fierce. तीव्र; खपत, प्रबल हिंसक; साहसी; तीखा; अपवित्र; कार्य में अधिक
violently *adv.* बलात्कार से; प्रचण्डता से।
violer *n.* a fiddle player. वीणा वादन करने वाला।
violet *वाइयलिट n.* a flower or plant of the viola genus. बायला जाति का पौधा अथवा पुष्प।
violin *-लिन n.* a musical instrument of four strings; a fiddle. सारङ्गी; बेला; चिकारा
viper *वाइपर n.* a venomous British snake; the adder. एक प्रकार का (विलायती) जहरीला सांप इस प्रकार का और कोई भी सांप।
viper's bugloss : एक प्रकार का नीले फूलों वाला पौधा जो कभी सांप के काटने पर औषध रूप में प्रयुक्त होता था।
viper's grass : एक प्रकार की घास (black salsify)।
viperiform *adj.* इस प्रकार के नीले फूलों वाले पौधे के समान।
viperine *adj.* इस प्रकार के जहरीले सांप से सम्बन्धित।
viperish *adj.* venomous. जहरीला; जहरीले सांप जैसा।
viperous *adj.* वाइपर सांप के गुणों का; जहरीला दुःसाध्य।
viperously *adv.* जहरीले रूप से।
viraginian *विरैजीनियन adj.* (also viraginous; viragoish) मर्दमार औरत के समान।
virago *विरैगो; विरागो n.* an amazon. मर्दमार औरत।
viranda *विरांडा n.* (also virando) veranda (h) शब्द का दूसरा रूप।
virelay *विरेले n.* एक फ्रांसीसी कविता (गीतिका) जिसमें दोनों पंक्तियां तुकान्त होती हैं और उत्तर पंक्तियों से सम्बन्धित होती है।
virement *वीरमान n.* अधिकाई (surplus) का प्राधिकृत हस्तांतरण जिससे घाटे की मद में सन्तुलन हो सके।
virent *वाइरैन्ट adj.* virgent; green fresh. ताजा; हरा।
virescence *n.* हरित वर्ण का; ताजा।
virescent *adj.* abnormally green. अत्यधिक हरित वर्ण का।
vireo *विरिओ n.* एक प्रकार का अमरीकी गायक पक्षी (greenlets)।
viretot *-टौट n.* dash. पीछे दौड़ना; भागना; पीछा करना।
virgate *-गेट adj.* twiggy. टहनीदार; शाखाओं वाला।
Virgilian *वरजीलियन adj.* (also Vergilian) रोम के कवि वर्जिल (virgil) के चरण चिन्हों पर
virgin *वर्जिन n.* a maiden; who has had no sexual intercourse. *adj.* pure; chaste; untouched; maidenly; undefiled. कुमारी; अविवाहित; कन्या; ऐसी स्त्री जिसका लैंगिक सम्बन्ध न हुआ हो; विशेषण) पवित्र; शुद्ध; अछूता; कौमार्य।
the blessed Virgin : Mary the mother

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

of Christ. ईसा मसीह की माता।
virgin birth or generation : स्वयं उत्पत्ति।
virgin gold : कच्चा सोना।
virgin knot : विवाह के गठ जोड़े में बांधे जाने वाली ग्रन्थि (रोम और यूनानी प्रचलन के अनुसार)
virginal *adj.* एक प्रकार का बाजा (spinet); in a state of virginity. कुमारी की अवस्था; कुमारी के योग्य अथवा उचित कुमारी की तरह।
virginally *adv.* like a maiden. कुमारी रूपसे
virginborn : born of a virgin. जिसका जन्म कुमारी कन्या से हुआ हो।
virginhood : maidenhood. कुमारीपन।
virginia *वर्जीनिया n.* a kind of tobacco grown in America. एक प्रकार का अमरीकी तम्बाकू।
virginity *n.* state of being a virgin. कुमारी की स्थिति।
virginly *adj.* शुद्ध; पवित्र; *adv.* chastely. पवित्र रूप से।
virgin's-bower *-बावर n.* पर्यटन करने वाले व्यक्तियों का अन्तःकरण का आनन्द।
virgule *वरगूल n.* अंग्रेजी भाषा में प्रयुक्त होने वाले कॉमे (comma) का एक प्राचीन रूप।
viricide *वाईरीसाइड n.* a substance that eliminates a virus कीटाणु नाशक औषधि।
virid *विरिड adj.* green. हरा।
viridescence *n.* हरापन।
viridescent *adj.* हरा होने वाला; greenish. कुछ सब्ज।
viridian *n.* रासायनिक; हरा रङ्ग।
viridite *n.* पहाड़ों की चट्टानों पर पाया जाने वाला एक प्रकार का हरा रंग।
viridity *n.* greenness. हरापन।
virile *विराइल adj.* pertaining to the male sex; manly. पुरुष यौन सम्बन्धी; पौरुषत्व; पुंसत्व; पौरुषेय।
virilence *n.* स्त्री में पौरुषेय गुणों का उत्पन्न होना और उनका विकास होना।
virilescent *adj.* पुंसत्व सम्बन्धी।
virilism *n.* स्त्री में पुंसत्व के चिन्ह पाए जाना।
virility *n.* manhood. पौरुषत्व।
virl *विर्ल n.* अङ्गरेजी के 'ferrule' शब्द के समान।
virose *वाईरोज adj.* poisonous. जहरीला; विषैला।
virtu *वर्टू n.* ललित कला के प्रति प्रेम; कला की वस्तुएं।
virtual *adj.* in effect though not in fact. वास्तविक।
virtualism *n.* भगवान ईसा के सर्वव्यापक होने का सिद्धान्त।
virtualist *n.* जो भगवान ईसा के इस सिद्धान्त में आस्था रखता हो।
virtuality *n.* essential. परमावश्यक; यथार्थता
virtually *adv.* वस्तुतः; वास्तव में।
virtucose *adj.* (also virtuosic) शिल्प प्रेमी के गुण प्रदर्शित करते हुए।
virtue *वर्चू n.* moral excellence; chastity a good quality; sexual purity; virginity. सदाचार; नैतिक कार्य; कौमार्य; गुण; मौन पवित्रता; कुमारीपन; सामर्थ्य।
by in virtue of : because of. के कारण से; *make a virtue of necessity* : कर्त्तव्य के पालन के रूप में कोई काम करना।
seven principal virtues : (1) faith (2) hopes (3) charity (4) justice (5) prudence (6) temperance and (7) fortitude the first three theological, the last four moral. (१) श्रद्धा (२) आशा (३) दान (४) न्याय (५) विवेक (६) निग्रह (७) धैर्य; इनमें से पहली तीन आचार सम्बन्धी और शेष चार नैतिक गुण हैं।
the cardinal virtues : justice, prudence, temperance fortitude etc on which the human nature rests. न्याय, विवेक, निग्रह तथा धैर्य जिसपर समस्त मानव स्वभाव आधारित है।
virtueless *adj.* बिना गुण का; प्रभाव हीन।
virtuosity *n.* शिल्पी का असाधारण गुण; कला वस्तुओं के प्रति विशेष।
virtuoso *विरचूओसो n.* (*n. pl.* virtuosos; virtuosi; *fem.* virtuosa; virtuose) on skilled in the works of art. कला प्रेमी; कला पारखी; असाधारण गुणों वाला संगीतज्ञ।
virtuosoship *n.* कला प्रेम की भावना; शिल्पी का व्यवसाय।
virtuous *वर्चुअस adj.* blameless. निर्दोष; धर्मपरायण; सदाचारी।
virtuously *adv.* निर्दोष रूप से; धर्म से।
virtuousness *n.* निर्दोषता; सदाचरण; धर्मपरायणता।
virulence *विरुलैन्स adj.* (also virulency) extreme malignity. स्वभाव की तीव्रता।
virulent *विरूलैन्ट adj.* उग्र; प्रचण्ड।
virulently *adv.* प्रचण्डता से।
virus *वाइरस n.* poisonous matter. विषैला तत्व।
virus disease : इस कीटाणु के बिकार से होने वाले रोग।
visa *वीजा n.* (also vise *pa. t.* & *pa. p.* visaed; viseed) दृष्टांक।
visage *विजिज n.* the face. चेहरा; मुख।
visaged *adj.* छवि या सौन्दर्य युक्त।
vis-a-vis *वीजा-वी adv.* face to face. आमने सामने।
viscacha *विसकाचा n.* एक प्रकारका चूहे के आकार का दक्षिणी अमरीकी पशु।
viscid *विसिड adj.* adhesive. श्लेषमा युक्त पदार्थ; चिपचिपा पदार्थ।
viscidity *n.* (also viscin) श्लेषयुक्त पदार्थ।
viscose *विसकोस n.* एक प्रकार का रासायनिक पदार्थ (sodium salt)
viscount *वाईकौन्ट n.* (*fem.* viscountess) काउन्ट (count) का छोटा भाई अथवा पुत्र, शैरिफ (sheriff) पद का पदाधिकारी (इंग्लैण्ड में)
viscounty *n.* विस्काउन्ट का क्षेत्राधिकार जिस पर वह शासन करता है।
viscous *विसकैस adj.* sticky; viscid; श्लेषयुक्त; चिपचिपा।
viscous flow : एक प्रकार का तरल पदार्थ जिस की चाल की एक विशिष्ट गति होती है।
Viscum *विस्कम n.* एक विशेष प्रकार का वृक्ष (parasitic plant)
viscus *विसकस n.* (*pl.* viseera) an entrail. अंतड़ी।

vise *वाइज v. t.* to advise. सलाह देना; देखना *v. i.* विचार करना; अमरीका में 'vice' शब्द का दूसरा रूप।
Vishnu *विष्णु n.* विष्णु भगवान।
visible *विजिबल adj.* open; clear; that may be seen, *n.* a visible thing. स्पष्ट; साफ; दृष्टव्य; दृष्टिगोचर; प्रत्यक्ष; (संज्ञा) प्रत्यक्ष वस्तु।
Visible Church : नैतिकता और सदाचार के नियम पालन करने वाले ईसाई लोगों की गोष्ठी।
visible export: व्यापारियों द्वारा विदेशों में बेचा गया माल।
visible imports : व्यापारियों द्वारा विदेशों से लाया गया माल।
visible horizon : क्षितिज।
visible means : ऐसे स्रोत्र जिन का पता साफ तौर पर लगता हो।
visible speech : हृदय पर प्रभाव डालने वाला भाषण।
visibleness *n.* नेत्र-विषयता।
visibility *n.* state of being visible. दृष्टि गोचर होने का गुण या स्थिति।
visie *विजी n.* a close look. पास की दृष्टि; पास से; गौर से।
Visigoth *-गॉथ n.* the Western Goths. पूर्वी गॉथ्स के विपरीत पश्चमीय गॉथ्स।
visigothic *adj.* इस प्रकार के गॉथ्स से सम्बन्धित।
visile *-इल adj.* pertaining to sight. दृष्टि सम्बन्धी।
visiogenic *-योजिनिक adj.* टैलीवीजन ने प्रसारण के योग्य या लायक।
vision *विजन n.* glance; a look; anything seen; the act of seeing; an apparation; foresight; imaginative perception. नजर दृष्टि; देखी गई वस्तु; देखने का कार्य; आकृति; दूर दृष्टि; काल्पनिक मानचित्र; छाया; अभास; दृष्टि; कल्पना।
beatific vision : स्वर्ग के सौन्दर्य और विलक्षण ज्योति के दर्शन।
visional *adj.* pertaining to sight. दृष्टि सम्बन्धी।
visionally *adv.* दृष्टि रूप से।
visionariness *n.* दृष्टि गोचरता।
visionary *adj.* unreal; imaginary; *n.* one who sees visions. यथार्थरहित; काल्पनिक; (संज्ञा) स्वप्न दृष्टा; काल्पनिक विचार और स्वप्न में विचरने वाला।
visioned *adj.* seen in vision. स्वप्न में देखा हुआ।
visioner *n.* (also visioning) a visionary. स्वप्न दृष्टता।
visionist *n* one who claims to be a visionary. छाया (प्रेत) आदि में आस्था रखने वाला
visionless *adj.* दृष्टिहीन।
visit *विजिट n.* the act of going to see or meat another person; *v.t.* to play a call upon; to go to sight-seeing; to examine officially. भेंट; साक्षात्कार; दर्शन क्रिया; जाकर मिलना; सैर के लिए जाना; प्राधिकृत रूप से निरीक्षण करना; भेंट करने जाना; क्षति पहुचाने के विचार से किसी के पास जाना; पर्यतक पक्षियों की भांति कहीं ठहरना।
visitation of the sick : आंग्लचर्च का आ-

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

फिस जिस के अनुसार रोगी के अध्यात्मिक हित के लिए उस के पास जाया जाता है।

visitor general : स्पेन देश के राजा का निजि प्रतिनिधि।

visitor's book : विजितसे की पुस्तक जिसमें वे अपने हस्ताक्षर करते हैं तथा अपने विचार लिखते हैं

visitable *adj.* जो पर्यतकों को आकर्षित करने वाला हो।

visitant *-टैन्ट adj.* संत फ्रांसिस डी सेल्स द्वारा १६१० में चलाया गया मत।

visitation *विजीटेशन n.* the act of visiting; a long visit; भेंट; देखभाल; अधिक देर तक चलने वाली भेंट।

visitational *adj.* (also visitative) भेंट सम्बन्धी; मिलने जुलने सम्बन्धी।

visitator *n.* the official visitor. सरकारी अभ्यागत।

visitatorial *टोरियल adj.* (also visitorial) अभ्यागत सम्बन्धी।

